# पंजाब पुलिस उत्तम फ़ोर्स : उसने शानदार काम किया है : रिबैरियो

**प्रथम श्रेणी के जिन 38 उग्रवादियों को मनोनीत किया गया था, उनमें से 5 गिरफ़्तार किए गए हैं और 7 मारे जा चुके हैं, शेष की ज़ोरों से तलाश जारी है : पुलिस ने किसी निर्दोष व्यक्ति को नहीं मारा : दूसरे दर्जे के 433 उग्रवादियों में से 115 गिरफ़्तार और 10 मारे जा चुके हैं : मुक्तसर हत्याकांड वालों की पूरी पहचान हो गई है : रणजोध उसमें नहीं था, वह तो कोहाड़ के नाम पर रुपये ऐंठ रहा था ।**

जालंधर, 10 अगस्त (क): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ़. रिबैरियो ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में जालंधर पुलिस द्वारा परसों रात एक दुर्दांत उग्रवादी मनबीर सिंह चहेड़ू आदि के गिरफ्तार किए जाने को एक गर्वपूर्ण उपलब्धि करार देते हुए दावा किया कि पंजाब पुलिस एक उत्तम फ़ोर्स है और उसने गत कुछ समय में शानदार काम किया है, यद्यपि उग्रवादियों की धर-पकड़ का काफ़ी काम पड़ा है ।

श्री रिबैरियो ने यह भी कहा कि उनके कार्य में किसी प्रकार का राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं हो रहा । उनके जिम्मे लगे कार्य के सिलसिले में उनका संबंध मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला तथा गृह राज्यमंत्री कै. कंवलजीत सिंह से आता है और वह दोनों राजनीतिक हस्तक्षेप के कट्टर विरोधी हैं ।

श्री रिबैरियो ने बताया कि जिन 38 दुर्दांत प्रथम श्रेणी के उग्रवादी गिरोह नेताओं को नामज़द किया गया था, उनमें से पांच गिरफ्तार किए जा चुके हैं और सात मारे जा चुके हैं, जबकि अन्यों की ज़ोर से तलाश जारी है ।

उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, पुलिस ने किसी निर्दोष व्यक्ति को नहीं मारा । निर्दोष व्यक्तियों को तो यह दहशत-पसंद मारते हैं, जिनके पास से यह अवैध हथियार बरामद हुए हैं । उन्होंने कहा कि यह ठीक है कि जब कभी टकराव की स्थिति होती है और पुलिस को कोई कार्यवाही करनी पड़ती है तो कोई निर्दोष व्यक्ति भी मारा जाता है, किन्तु वह उसे स्वयं दुखदायी बात समझते हैं ।

श्री रिबैरियो ने बताया कि दूसरे दर्जे के कोई 433 उग्रवादी नेता नामज़द किए हुए हैं, जिनमें से 115 गिरफ्तार और दस मारे जा चुके हैं । इस प्रकार एक-चौथाई काम मुकम्मल हुआ है और तीन-चौथाई काम बाकी है । उन्होंने कहा कि मनबीर गिरोह के अब तक 38 सदस्य गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि एक दर्जन के लगभग पकड़े जाने बाकी हैं ।

मुक्तसर बस हत्याकांड के बारे में उन्होंने कहा कि उनकी पूरी तरह पहचान हो चुकी है किन्तु अभी सभी गिरफ्तार किए जाने हैं । उन्होंने बताया कि उग्रवादी रणजोध सिंह इस हत्याकांड में शामिल नहीं था । वह तो तरसेम सिंह कोहाड़ के नाम पर किसी से रुपए बटोरते हुए पकड़ा गया ।

श्री रिबैरियो ने कहा कि गुरदासपुर व अमृतसर आदि जिलों से एक वर्ग के लोगों के पलायन की रोक-थाम के लिए भारी सुरक्षा बल जुटाए गए हैं, किन्तु पलायन का संबंध डर के मनोविज्ञान से है, जो उग्रवादियों की खूंखार कार्यवाहियों से पैदा हुआ है । वह डर हमारे केवल कहने से दूर न होगा । हमें वैसा वातावरण बनाना है, जिससे उनका डर दूर हो और सुरक्षा की भावना लौटे । तभी पलायन मूलतः रुकेगा ।

उन्होंने बताया कि मनबीर को पकड़ने वाली पुलिस टीम के एक अधिकारी को पदोन्नत किया गया है किन्तु उन्होंने उसका नाम नहीं बताया क्योंकि उससे उनके जीवन को खतरा हो सकता है ।

श्री रिबैरियो ने बताया कि परसों यहां मेजर बलदेव सिंह घुम्मन के घर से मनबीर सिंह स्वयं मेजर तथा चरणजीत सिंह की गिरफ्तारी के बाद लुधियाना में मेजर घुम्मन के सांढू लै. कर्नल एस.एस. काहलों के यहां भी छापा मार कर तीन रिवाल्वर, 1032 कारामद कारतूस व 70 खाली खोल मिले । किन्तु पुलिस दल के जालंधर से पहुंचने तक कर्नल काहलों अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ वहां से जा चुके थे और अभी तक उनका पता नहीं लगा ।

एक अन्य सूत्र से पता चला है कि कर्नल काहलों के यहां से दो रिवाल्वर, एक पिस्तौल के अतिरिक्त एक हैंडग्रेनेड भी बरामद हुआ, जिसे अक्षम बना कर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

काहलों तथाकथित खालिस्तान के स्वयंभू प्रतिरक्षा मंत्री बलदेव सिंह घुम्मन का रिश्तेदार है । उसके निवास को उग्रवादियों द्वारा मुख्यालय के रूप में प्रयुक्त किया जाता था । वहां से बरामद दस्तावेज़ों और डायरी से पता चलता है कि वहां उग्रवादियों की बैठकें होती थीं, और योजनाएं बनती थीं । घटनाओं के बाद उग्रवादी वहां शरण भी लिया करते थे । काहलों अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ फ़रार है और उसे पकड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं ।

पता चला है कि पुलिस को एक डायरी मिली है, जिस पर बलबीर सिंह का नाम लिखा है । इसमें महत्वपूर्ण सूचनाएं और सुराग दर्ज हैं । कहा जाता है कि गत आठ मार्च को लुधियाना के दरेसी ग्राउंड में 13 व्यक्तियों की हत्या के लिए हथियार भी यहीं से दिए गए थे । बताया जाता है कि काहलों के पास अभी भी एक स्टेनगन और कारतूस हैं । कई पुलिस पार्टियां उनकी खोज में निकल गई हैं ।

'प्रै.ट्र.' के अनुसार लैफ्टिनैंट कर्नल काहलों के निवास से 50 रिवाल्वर, 7 ग्रेनेड, पाकिस्तान में निर्मित 555 मार्क के कारतूसों की 32 पेटियां बरामद की गई हैं । बताया जाता है मनबीर और घुम्मन की गिरफ्तारी का समाचार सुनते ही काहलों सपरिवार फ़रार हो गया । काहलों सिख छात्र संघ के प्रधान हरिंदर सिंह काहलों का भी 'अंकल' और एक भू.पू. मंत्री और बागी अकाली नेता का निकट रिश्तेदार है ।

'यू.न्यू.' के अनुसार सुविज्ञ सूत्रों का कहना है कि कर्नल काहलों कल सपरिवार जालंधर में मेजर घुम्मन के घर पर था ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दुर्दांत उग्रवादी और संत लौंगोवाल का कथित हत्यारा जरनैल सिंह हलवाड़ा, गुरबचन सिंह मानोचाहल और धन्ना सिंह आम तौर पर यहां आया-जाया करते थे । मानोचाहल और धन्ना सिंह 'पंथक कमेटी' के सदस्य हैं, जिन्होंने 'खालिस्तान की घोषणा की थी ।

काहलों के नौकर देश, जो उत्तर प्रदेश निवासी है, को हिरासत में ले लिया गया है ।

## उग्रवादी द्वारा आत्मसमर्पण

**फतेहगढ़ चूड़ियां (सुभाष):** गत दिनों डेरा बाबा नानक में गांव ठेठरके के कथित उग्रवादी अवतार सिंह ने बी.एस.एफ. के आगे आत्मसमर्पण किया था —उसने स्वीकार किया है कि वह लगभग दो-वर्ष पाकिस्तान में ट्रेनिंग लेकर आया है । एक अन्य सूचना के अनुसार अवतार सिंह की ज़मानत मंज़ूर हो गई है ।

## 50 हिरासत में

**श्रीनगर (वार्ता):** स्वतंत्रता दिवस को 'काला दिवस' के रूप में मनाने के लिए उकसाने वाले पोस्टरों के सिलसिले में पुलिस ने कश्मीर घाटी के विभिन्न क्षेत्रों से 50 असामाजिक तत्वों को एहतियात के तौर पर हिरासत में लिया है । अधिकारियों के अनुसार यह पग पिछले वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर हुई घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए उठाया गया है, जब काले झंडे लहराए गए थे ।

## रणजोध को किसान ने पकड़वाया

पिछली जुलाई को आतंकवादियों द्वारा मुक्तसर में एक बस के चौदह निर्दोष यात्रियों की हत्या के आरोप में गुरदासपुर पुलिस ने कल रणजोध सिंह को गिरफ्तार कर लिया था । इस हत्याकांड का यह प्रमुख अपराधी बताया जाता है । रणजोध ने आतंकवादी गतिविधियों के लिये एक किसान से जबरन रुपये छीन लिये थे । उसकी शिकायत और

## गिरफ्तार

इस दौरान वल्टोहा पुलिस ने एक सरबपाल सिंह नामक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक 303 की देसी पिस्तौल तथा चुराए हुए 3500 रुपए बरामद किए हैं । यह व्यक्ति वल्टोहा क्षेत्र के गांव जोधपुर में हुई एक डकैती के संबंध में वांछित था ।

## रिक्शा चालक पर बम फैंका

**राजपुरा (मासूम):** कल रात एक रिक्शा में सवार एक यात्री से चाकू की नोक पर एक कथित आतंकवादी ने 60 रु. छीन लिए जब रिक्शा चालक ने अन्य साथियों को घटना के बारे में बताया तो सभी इकट्ठे होकर घटनास्थल की ओर गए । उन्हें देख उग्रवादी ने उन पर बम फैंका और भाग निकला । बम फटने से एक रिक्शा चालक घायल हो गया । पुलिस के पास रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

## सुखबीर खालसा गिरफ्तार

**नई दिल्ली (प्रै.):** कुख्यात आतंकवादी और आल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फैडरेशन की प्रिजीडियम के सदस्य सुखबीर सिंह खालसा को कल गुरुद्वारा बंगला साहब के निकट कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने और सिखों को दंगों का बदला लेने के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । वह 30 जुलाई को गुरु हरकिशन देव के जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुद्वारा बंगला साहब में भड़काऊ भाषण देने के बाद से फरार था । उसे उग्रवाद निरोधक कानून की धारा 3 और 4, पंजाब सुरक्षा अधिनियम की धारा 9 और भारतीय दंड विधान संहिता की धारा 124 (ए), 153 और 505 के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है ।

मई माह में दिल्ली के रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किए गए अमृतसर निवासी गुरदर्शन सिंह ने बताया था कि राजधानी में कई आपराधिक मामलों में संलिप्त खालसा अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल, पालिका बाजार, टाऊन हाल और अन्य महत्वपूर्ण भवनों को उड़ाना चाहता था ।

पुलिस के अनुसार खालसा कुख्यात अपराधी विरसा सिंह के गिरोह का आदमी है । दिल्ली में जब पुलिस ने पिछले दिनों एक अन्य उग्रवादी को पकड़ा तो उसने यह कबूल किया था कि खालसा तीस हजारी अदालत को बम से उड़ाना चाहता है । तभी से पुलिस उस पर निगाह रखे हुए थी ।

इससे पूर्व 1983 में दिल्ली में पालिका बाजार, अंतर्राज्यीय बस अड्डा और रेलवे स्टेशन में हुए बम विस्फोट में भी खालसा का हाथ बताया जाता है । खालसा को 1984 में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया था ।

पुलिस सूत्रों ने कहा कि खालसा इंका सांसद जगदीश टाईटलर के घर पर बम फैंकने की घटना में भी संलिप्त था । वह दिल्ली से उग्रवादियों की गतिविधियों में तालमेल रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा था । मैट्रोपालिटन मैजिस्ट्रेट श्रीमती दीपा शर्मा ने उसका 20 अगस्त तक पुलिस रिमांड दे दिया ।

## रिवाल्वर, 5 कारतूस छीन लिए

जालंधर से 'क' के अनुसार आज बंगा पुलिस थाने के गांव जैल मजारा में दो उग्रवादी एक व्यक्ति सरवन का लायसैंस शुदा रिवाल्वर और 5 कारतूस लेकर फरार हो गए । जाते हुए उन्होंने किसी का स्कूटर छीन लिया और उस पर भाग निकलने में सफल हो गए । दोनों अभियुक्तों ने खाकी पगड़ियां पहन रखी थीं और भागते समय एक की पगड़ी भी रास्ते में गिर गई ।

## जनरल वैद्य की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

टर साइकलों पर सवार हत्यारे मारुति कार के गल में आए और जनरल वैद्य पर गोलियों की छार शुरू कर दी । सुरक्षा गार्ड कुछ न कर सका ौर हत्यारे मोटरसाइकलों पर भाग गए । ड-सुज़ुकी मोटर साइकल का नम्बर 8424 ताया गया है ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर लाल रंग ी टी-शर्ट तथा काली जैकेट पहने थे । एक हत्यारे े पास हैंडबैग में कोई चीज़ थी । वारदात के बाद मलावर बंद बगीचा क्षेत्र की ओर भाग गए ।

जनरल वैद्य सम्भवतः बाजार से गोरे गांव पार्क स्थित अपने घर लौट रहे थे । कार में डबलरोटी, ब्ज़ियों की टोकरी और एक छाता देखा गया ।

जनरल वैद्य पर जब गोली चलाई गई,तब कार ी खिड़की खुली थी । कमान के प्रवक्ता ने बताया के जनरल वैद्य कार स्वयं चला रहे थे । दो व्यक्तियों ने जो मोटर साइकल पर सवार थे, उनकी कार का पीछा किया और उन्होंने क्लीन गार्डन रोड के 18 नम्बर के बंगले के निकट नज़दीक से उन पर गोलियां चलाईं ।

एक टू-व्हीलर मैकेनिक शेख जब्बार ने बताया कि उसने एक लाल रंग के मोटर साइकल को द्रुतगति से जाते हुए देखा । उस समय वह सर्कट हाऊस के दाहिनी और ओवर ब्रिज पर था । मैकेनिक को कुछ ही मिनट पर घटनास्थल पर पहुंचने पर वास्तविकता का पता चला और मोटरसाइकल और स्कूटर द्वारा भागने वालों के इस घटना से सम्बद्ध होने का अहसास हुआ । उसने बताया कि मोटर साइकल और स्कूटर पर 2-2 व्यक्ति सवार थे और वह मराठी में चिल्लाकर रास्ता मांग रहे थे ।

मैकेनिक एक पुलिस सबइंस्पैक्टर की दो पहिए वाली गाड़ी की मुरम्मत के बाद उसकी जांच-पड़ताल कर रहा था । घटना को देखने के बाद वह उस क्षेत्र की मंगलदास पुलिस चौकी को हत्या की सूचना देने गया ।

जिस स्थान पर जनरल वैद्य को गोली मारी गई, वहां पुणे छावनी का इलाका समाप्त होता है और नगरपालिका क्षेत्र शुरू होता है ।

अभिमन्यु मार्ग की तरफ रिहायशी क्वार्टर हैं, जिनमें महाराष्ट्र सरकार के अधिकारी रहते हैं । दूसरी तरफ राजेंद्र सिंह जी रोड पर सेना के नए अधिकारियों के मकान हैं । इस स्थान से कार से दो मिनट में दक्षिणी कमान के मुख्यालय पहुंचा जा सकता है । एक निकटवर्ती कालोनी के निवासी ने बताया कि पहले गोली चलने की आवाज़ सुनी और कुछ लोगों को एक कार की तरफ बढ़ते और जनरल को कमान अस्पताल ले जाते देखा ।

पुलिस आयुक्त श्री बी. मिश्र ने बाद में संवाददाताओं को बताया कि जनरल वैद्य ने गोली लगने के बाद सहायता के लिए आवाज़ लगाई । सेना का एक टैम्पो जो पास ही था, कुछ ही मिनट में वहां पहुंच गया, जिससे जनरल वैद्य को अस्पताल ले जाया गया । उस समय उनके शरीर से काफ़ी खून निकल रहा था । जनरल वैद्य ने कार की खिड़की और दरवाज़े को सम्भवतः इसलिए बंद कर दिया कि सबूत नष्ट न हो जाए । पुलिस ने 15 मिनट के अंदर आवाजाई के सारे मार्गों को बंद कर दिया और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है ।

पुणे के पुलिस आयुक्त भास्कर मिश्र ने पिछले शुक्रवार को ही इस बात की पुष्टि की थी कि भूतपूर्व थल सेनाध्यक्ष को जान से मारने की धमकी वाले पत्र मिल रहे हैं । भूतपूर्व थल सेनाध्यक्ष का नाम आतंकवादियों की हिट लिस्ट में होने के कारण उनकी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई थी ।

आयुक्त ने बताया कि हत्यारे क्लीन शेव थे और सभी की आयु 20 वर्ष के आसपास थी । बंद गार्डन पुलिस स्टेशन में धारा 302, 34 तथा शस्त्र कानून के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है ।

जनरल वैद्य आमतौर पर अपने पास एक हथियार रखते थे लेकिन आज जब वह शापिंग के लिए गए तो निहत्थे थे ।

जनरल वैद्य का शव आज रात कमान अस्पताल से पोस्टमार्टम के लिए सैसून अस्पताल लाया गया ।

पुणे के पुलिस आयुक्त ने आज रात कहा कि धमकी भरे खत मिलने के बाद जनरल वैद्य के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था की असफलता को वह स्वीकार करते हैं ।

उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि जनरल वैद्य को दो महीने पहले आखिरी धमकी भरा पत्र मिला था । इसमें धमकी पर अमल करने की कोई समय अवधि नहीं दी गई थी । इसके पूर्व श्री वैद्य को जो भी पत्र मिले उनमें एक निश्चित समय दिया होता था । परन्तु अवधि समाप्त होने पर भी कुछ हुआ नहीं ।

श्री मिसर ने सुरक्षा व्यवस्था की असफलता की विभागीय जांच का आदेश दिया है । उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस और सेना के गुप्तचरों में हर स्तर पर तालमेल था ।

पुलिस ने अवरोधक खड़े करके हत्यारों को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए हैं ।

जनरल वैद्य शोक संतप्त परिवार में पत्नी और दो पुत्रियां छोड़ गए ।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शंकरराव चवन भूतपूर्व थलसेनाध्यक्ष अरुण वैद्य की हत्या का समाचार मिलते ही औरंगाबाद की यात्रा को बीच में स्थगित करके पुणे रवाना हो गए । आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि प्रशासनिक अधिकारी और कुछ मंत्री दोपहर पुणे रवाना हो गए ।

### सतर्कता के आदेश

केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से सभी राज्य सरकारों को पूरी तरह सतर्क रहने तथा कानून और व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी नज़र रखने के लिए कहा गया है । सभी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों और मुख्य इमारतों पर सुरक्षा प्रबन्ध कड़े कर दिए गए हैं । राजधानी में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है तथा महत्वपूर्ण व्यक्तियों के निवास-स्थानों और महत्वपूर्ण इमारतों के आसपास निगरान कड़ी कर दी गई है ।

गृह मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि गृहमंत्री बूटा सिंह ने आज महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एस.बी. चवन से फोन पर बात कर उनसे कानून व व्यवस्था बनाए रखने तथा हत्यारों को गिरफ्तार करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने को कहा है ।

### मंत्रिमंडल की बैठक

दिल्ली (चावला): केंद्रीय मंत्रिमंडल की राजनीतिक समिति की आज नई दिल्ली में दो बैठकें हुईं जिसमें जनरल वैद्य की हत्या की स्थिति पर विचार किया गया । इन दोनों बैठकों की अध्यक्षता श्री नरसिम्हा राव ने की ।

### प्रधानमंत्री सूचित

प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जो कि स्वदेश लौटते समय पराग जाने के लिए उड़ान कर रहे थे को विमान में एयर इंडिया के माध्यम से सूचित किया गया ।

गृहमंत्रालय के तीन अधिकारियों ने भी स्थि



Punjabi Sanatani

उग्रवादियों ने रविवार को इस मारुति कार में बैठे जनरल ए.एस. वैद्य की गोली मार कर हत्या की थी । गोलियां लगने से अनियंत्रित कार बाद में एक साइकिल पर चढ़ गई । (छाया : पाना)

मकान की निचली मंज़िल में क्वार्टर तथा ऊपर की मंज़िल पर परिवार के अन्य लोग रहते थे ।

## रिबैरियो

(पृष्ठ 3 का शेष)

रखा हुआ था ।

इस बीच जालंधर पुलिस द्वारा जालंधर नगर तथा ज़िला के अन्य स्थानों पर मनबीर गिरोह के कुछ सदस्यों, सहायकों व पनाह देने वालों की तलाश के लिए छापे जारी हैं ।

सुविज्ञ सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने स्थानीय माडल टाऊन के निकट की हाऊसिंग कालोनी के ब्लाक ए. के 759 नंबर मकान के एक निवासी मोहर सिंह को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है । मोहर सिंह बाज़ार शेखां में सुरमे बेचने के काम करता है ।

इन सूत्रों के अनुसार पुलिस एक ऐसी युवा लड़की की भी तलाश में है, जो इस गिरोह की सक्रिय सहायक है और कुछ सूचनाओं के आधार पर वह उसकी तलाश में आसपास के गांवों में गई है ।

यह भी ज्ञात हुआ है कि मोहर सिंह का दामाद कुछ समय पूर्व यहां शक्ति नगर बमकांड में घायल हुआ था और उसकी टांग भी कट गई थी ।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि गत रात पौने आठ बजे कांग्रेस (इ) नेता श्री बी.के. खुल्लर जिन पर गत प्रथम जुलाई को मनबीर गिरोह के बलबीर सिंह व अजीतपाल सिंह आदि ने गोलियां चला कर हत्या करने की कोशिश की थी, को एक फोन आया था कि वह दस बजे आएंगे और वह अब तैयार रहें । श्री खुल्लर के अनुसार धमकी देने वाली आवाज़ किसी लड़की की लगती थी ।

पुलिस ने गत रात माडल टाऊन में एक मिठाई विक्रेता के घर पर भी छापा मारा किन्तु वह उसे मिला नहीं । उसकी तलाश जारी है । पुलिस उग्रवादी चरणजीत सिंह जो मनबीर के साथ पकड़ा गया था, के पिता मेहमा सिंह को उसके गांव हरयाना कलां (होशियारपुर) से पूछताछ के लिए लाई गई है ।

इसी बीच जानकारी मिली है कि मेजर घुम्मन 1983 के शुरू में समय पूर्व अवकाश प्राप्त कर यहां आकर रहने लगा । वह इस समय अपनी पत्नी श्रीमती जसविंदर कौर जो कि एक अकाली मंत्री की चचेरी बहन बताई गई है तथा एक लड़के (12) व एक लड़की (6) के साथ अपनी उस कोठी में रह रहे हैं, जहां से मनबीर को गिरफ्तार किया गया है ।

गए थे ।

## रणजोध को किसान ने पकड़वाया

पिछली जुलाई को आतंकवादियों द्वारा मुक्तसर में एक बस के चौदह निर्दोष यात्रियों की हत्या के आरोप में गुरदासपुर पुलिस ने कल रणजोध सिंह को गिरफ्तार कर लिया था । इस हत्याकांड का यह प्रमुख अपराधी बताया जाता है । रणजोध ने आतंकवादी गतिविधियों के लिये एक किसान से जबरन रुपये छीन लिये थे । उसकी शिकायत और सूचना पर पुलिस ने आतंकवादी को पकड़ा । पूछताछ के दौरान उसने मुक्तसर हत्याकांड में शामिल होना मंज़ूर किया है। रणजोध सिंह को गुरदासपुर जिले में गोलीकांड की छह घटनाओं के लिये जिम्मेदार गिरोह के खूंखार सरगना तरसेम सिंह का दाहिना हाथ कहा जाता है ।

## कई उग्रवादी बंदी

**अमृतसर (अ., क., भा.):** जिला पुलिस चीफ़ श्री इज़हार आलम ने बताया कि पुलिस ने 6 दुर्दांत उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किये हैं । श्री आलम ने बताया कि 5 उग्रवादी एक ही गिरोह के सदस्य हैं, जो कि सखीरा गिरोह का ही एक हिस्सा थे । गिरफ्तार उग्रवादियों में गिरोह का सरगना रेशम सिंह भी शामिल है, जो फिरोज़पुर जिला के गांव वरहान का रहने वाला है । अन्य गिरफ्तार उग्रवादियों में रणजीत सिंह उर्फ़ राणा (खेमकरण), जगमोहन सिंह (कन्नोवाल, जिला गुरदासपुर), इंद्रपाल सिंह (झब्बाल) तथा सुरजीत सिंह हाल ही में पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर लौटे थे । वह संत भिंडरांवाला के अनुयायी और घोषित अपराधी हैं ।

आतंकवादियों के पास दो विदेशी रिवाल्वर, एक बारह बोर की बंदूक, एक बारह बोर की देसी पिस्तौल और कुल 19 कारतूस मिले । गिरोह के सदस्यों ने दो व्यक्तियों की हत्या, 13 डकैतियों और दो जानलेवा हमले के जुर्म कबूल किये हैं । पिछली जनवरी को खेमकरण में एक पत्रकार के बेटे और तेल मिल के सेल्समैन की हत्या में इनका हाथ था ।

छठा आतंकवादी खालसा संगठन का प्रमुख विरसा सिंह है, जिसका मुख्यालय हाल के आप्रेशन में तहस-नहस हो गया था । पुलिस प्रमुख ने बताया कि विरसा सिंह को हरिके थानांतर्गत धुन गांव में पकड़ा गया । उसके कब्ज़े से 38 बोर की एक विदेशी रिवाल्वर बरामद हुई ।

श्री आलम ने बताया कि पूछताछ में विरसा सिंह ने यह भी जानकारी दी कि मंड क्षेत्र में सुरक्षा जवानों और पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान उसका गिरोह भागने में कैसे सफल हुआ था । उसने अपने गिरोह के सदस्यों और गुप्त ठिकानों के भी सुराग दिये हैं । बताया जाता है कि इसी बीच दस और संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है । उनसे पूछताछ चल रही है । हिरासत में लिये गये लोगों में जौरा गांव का गुरनाम सिंह भी शामिल है । वह कांग्रेस (इ) नेता एच.एस. हीरो के फ़ार्म में काम कर रहा था । श्री हीरो के बेटे को हाल में आतंकवादियों को शरण देने के आरोप में गिरफ़्तार किया गया था ।

### 85 हजार रु. की लूट

बाबा बकाला से 'गुरदित्ता' के अनुसार यहां से 15 किलो मीटर दूर गांव मूछल में पांच सशस्त्र व्यक्तियों ने एक व्यक्ति चनन सिंह के घर डाका मारा तथा पिस्तौल की नोक पर 85000 रुपए के लगभग का सामान जिसमें 35½ तोला सोना, 5000 रुपए नगद तथा कुछ कीमती कपड़े आदि शामिल हैं, लूट लिए । इस संबंध में जंडियाला गुरु


T JALANDHAR

r, Exporter, recognised by the Govt. of

candidate must possess minimum one
ation.

The applicant should have worked in
oncern for minimum 5 years and be
requirements.


: Applicant must have worked in similar

. and have minimum 5 years experience

mmediately giving complete bio-data.
ted to :

Kesari, Jalandhar.







जिला अमृतसर के थाना मजीठा के गांव बूआ नांगली के कम्युनिस्ट पार्टी के वर्करों (1) गुरां देवी, (2) बाबू राम का शव, जिनकी सोमवार की रात को 2 उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी, (3) परिवार की स्त्रियां विलाप करते हुए । (छाया : भंडारी)

## तरसेम कोहार गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

अमृतसर (अशोक सैनी): कुछ अर्से की खामोशी के बाद जिला अमृतसर में उग्रवादियों ने फिर से अपना तांडव आरम्भ कर दिया जबकि गत रात जिला अमृतसर के गावं बूआ नांगली थाना मजीठा में दो आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर घर के तीन सदस्यों की हत्या कर दी जिनमें एक महिला भी शमिल है ।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गत रात 9 बजे के करीब दो आतंकवादी, जो आग्नेय हथियारों से लैस थे, गांव बूआ नांगली थाना मजीठा में एक व्यक्ति बाबू राम के घर में घुसे और घर में घुसते ही उन दोनों ने घर के लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलाना शुरू कर दीं जिससे घर का मुखिया बाबू राम तथा उसका भाई परस्वार्थ राम मारे गये । उनको बचाने के लिये जब बाबू राम की पत्नी गुरांदेवी आगे आई तो आतंकवादियों ने उस पर भी फायर किये जिससे वह भी घटनास्थल पर ही दम तोड़ गई । इस हत्या के बाद आतंकवादी फरार होने में सफल हो गये । पुलिस सूत्रों का कहना है कि परस्वार्थ राम की मृत्यु मौका पर हुई जबकि बाबू राम व उसकी पत्नी गुरांदेवी की मृत्यु अस्पताल में हुई । अस्पताल सूत्रों ने बताया कि अमृतसर अस्पताल में कोई घायल नहीं लाया गया और न ही किसी घायल की अस्पताल में मृत्यु हुई ।

गुरांदेवी भी एक प्रमुख सी.पी.आई. नेता थीं तथा पार्टी के विभिन्न सत्याग्रहों में तीन बार जेल गईं ।

### 8 आतंकवादी पकड़े

अमृतसर में पुलिस ने जिला के विभिन्न स्थानों से 8 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया तथा उनसे बड़ी मात्रा में हथियार व गोली सिक्का पकड़ा । यह जानकारी अमृतसर के एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने दी ।

श्री अरोड़ा ने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादी जिला में हत्या, डकैती व लूट की 13 वारदातों में वांछित थे । उनके नाम खजान सिंह व परमजीत सिंह गांव सत्तीवाला, जसविन्दर सिंह, पखविंदर सिंह व बलदेव सिंह गांव मुच्छल, सुखदेव सिंह, बख्शीश सिंह व कश्मीर सिंह हैं । उनसे पकड़े गये हथियारों में एक कार्बाइन, एक .22 बोर राइफल, एक .303 राइफल, एक दोनाली बंदूक 12 बोर, एक 32 बोर का आयातित रिवाल्वर तथा कुछ सौ कारतूस शामिल हैं । श्री अरोड़ा ने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादियों से पूछताछ की जा रही है तथा कुछ सनसनीपूर्ण रहस्योद्‌घाटन संभावित हैं ।

### चार घुसपैठिए मारे गए

सीमा सुरक्षा बल ने अमृतसर क्षेत्र के खेमकरण बैरियर पर आज सुबह चार घुसपैठियों को मार गिराया । ये लोग पाकिस्तान से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे ।

यह मुठभेड़ उस समय हुई जब पांच व्यक्तियों

Punjabi Sanatani

## तरसेम कोहार गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

अमृतसर (अशोक सोनी): कुछ अर्से की खामोशी के बाद जिला अमृतसर में उग्रवादियों ने फिर से अपना तांडव आरम्भ कर दिया जबकि गत रात जिला अमृतसर के गावं बुआ नांगली थाना मजीठा में दो आतंकवादियों ने एक घर में घुस कर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर घर के तीन सदस्यों की हत्या कर दी जिनमें एक महिला भी शामिल है ।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गत रात 9 बजे के करीब दो आतंकवादी, जो आग्नेय हथियारों से लैस थे, गांव बुआ नांगली थाना मजीठा में एक व्यक्ति बाबू राम के घर में घुसे और घर में घुसते ही उन दोनों ने घर के लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलाना शुरू कर दीं जिससे घर का मुखिया बाबू राम तथा उसका भाई परस्वार्थ राम मारे गये । उनको बचाने के लिये जब बाबू राम की पत्नी गुरांदेवी आगे आई तो आतंकवादियों ने उस पर भी फायर किये जिससे वह भी घटनास्थल पर ही दम तोड़ गई । इस हत्या के बाद आतंकवादी फरार होने में सफल हो गये । पुलिस सूत्रों का कहना है कि परस्वार्थ राम की मृत्यु मौका पर हुई जबकि बाबू राम व उसकी पत्नी गुरांदेवी की मृत्यु अस्पताल में हुई । अस्पताल सूत्रों ने बताया कि अमृतसर अस्पताल में कोई घायल नहीं लाया गया और न ही किसी घायल की अस्पताल में मृत्यु हुई ।

प्रै.ट्र. के अनुसार तीन सशस्त्र आतंकवादी बाबू राम की दुकान पर आए तथा कुछ सौदा मांगा । जब परस्वार्थ राम सामान लेने अंदर गया तो हमलावर भी अंदर चले गये तथा उसे नजदीक से गोलियां मारीं जिससे घटनास्थल पर ही वह दम तोड़ गया । उन्होंने दुकान के बाहर बैठे बाबू राम तथा उसकी पत्नी पर भी गोलियां चलाईं । हमलावर पिस्तौलों तथा रिवाल्वरों से लैस थे ।

पुलिस ने क्षेत्र की 'नाकाबंदी' कर ली लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकी ।

**श्री परस्वार्थ राम (65) प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस की काबुल के लिये एतिहासिक फरारी के समय उनकी मदद की थी । उनके भाई बाबू राम की आयु 75 वर्ष तथा बाबू राम की पत्नी गुरां देवी की आयु 70 वर्ष थी । यह तीनों भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख कार्यकर्त्ता थे तथा गांव में किरयाना की दुकान चला रहे थे ।**

श्री परस्वार्थ राम मूलरूप से लाहौर में गांव कोहड़ियां से संबंध रखते थे । उन्होंने 10 वर्ष जेलों में बिताए । नेता जी के अलावा उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के कई प्रमुख नेताओं को शरण दी तथा वह शहीद भगत सिंह के भी निकट साथी थे । श्रीमती गुरांदेवी भी एक प्रमुख सी.पी.आई. नेता थीं तथा पार्टी के विभिन्न सत्याग्रहों में तीन बार जेल गईं ।

### 8 आतंकवादी पकड़े

अमृतसर में पुलिस ने जिला के विभिन्न स्थानों से 8 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया तथा उनसे बड़ी मात्रा में हथियार व गोली सिक्का पकड़ा । यह जानकारी अमृतसर के एस.पी. श्री सुरेश अरोड़ा ने दी ।

श्री अरोड़ा ने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादी जिला में हत्या, डकैती व लूट की 13 वारदातों में वांछित थे । उनके नाम खजान सिंह व परमजीत सिंह गांव सत्तीवाला, जसविन्दर सिंह, पुखविंदर सिंह व बलदेव सिंह गांव मच्छल, सुखदेव सिंह, बख्शीश सिंह व कश्मीर सिंह हैं । उनसे पकड़े गये हथियारों में एक कार्बाइन, एक .22 बोर राइफल, एक .303 राइफल, एक दोनाली बंदूक 12 बोर, एक 32 बोर का आयातित रिवाल्वर तथा कुछ सौ कारतूस शामिल हैं । श्री अरोड़ा ने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादियों से पूछताछ की जा रही है तथा कुछ सनसनीपूर्ण रहस्योद्घाटन संभावित हैं ।

### चार घुसपैठिए मारे गए

सीमा सुरक्षा बल ने अमृतसर क्षेत्र के खेमकरण बैरियर पर आज सुबह चार घुसपैठियों को मार गिराया । ये लोग पाकिस्तान से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे ।

यह मुठभेड़ उस समय हुई जब पांच व्यक्तियों को सीमा में घुसते देख सुरक्षा बल के जवानों ने उनको चुनौती दी । इसके जवाब में घुसपैठियों ने गोली चला दी । सुरक्षा बल के जवानों ने आत्मरक्षा में गोली चला कर तीन व्यक्तियों को मार डाला । दो व्यक्ति पाकिस्तानी सीमा की ओर भागे जिसमें एक को और मार गिराया गया । दूसरा बच कर पाकिस्तान निकल भागने में सफल रहा । खबर के अनुसार सभी मृतक दाढ़ी रखे हुए थे और 25 से 35 वर्ष के बीच आयु के थे । इनके पास से कुछ कपड़े और पाक मुद्रा भी बरामद हुई । समझा जाता है कि ये पाकिस्तानी नागरिक थे ।

सीमा सुरक्षा बल ने आज दीमापुर में छह भूमिगत नगा विद्रोहियों को गिरफ्तार किया है । इनमें दो लड़कियां भी हैं । इनके पास से चीन तथा बर्मा के बने अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किए गए ।

तरनतारन से 'पा' के अनुसार पुलिस ने गत रात्रि चार उग्रवादियों अमर सिंह, सुच्चा सिंह, काला, अजीत सिंह को गिरफ्तार करके दो रिवाल्वर, दो पिस्तौलें व कारतूस बरामद किए । सी.आर.पी. ने छापे मार कर कई और उग्रवादियों को पकड़ा है ।

### स्कूटर छीन लिया

जालंधर (भाषा): जालंधर जिले में गोराया पुलिस थाना अंतर्गत रुड़का गांव के हरमेश लाल से आज सुबह दो कथित आतंकवादियों ने स्कूटर छीन लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार श्री लाल अपने स्कूटर पर रुड़का से जंडियाला जा रहे थे । जंडियाला-बंडाला रोड पर आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उनसे स्कूटर छीन लिया और भाग गये । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

### खालिस्तानी नारे

जिला जालंधर के गांव जंडियाला में गवर्नमैंट कालेज की दीवार पर कुछ खालिस्तान समर्थक नारे लिखे पाए गए । पुलिस ने बताया कि नारे लिखने वालों ने 15 अगस्त को कालेज की इमारत पर

## बार्डर रोड्ज़ टास्क फोर्स

कमांडर, 49, बी.आर.टी.एफ. जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स मार्फत 56 ए.पी.ओ. द्वारा महाराष्ट्र में नासिक प्वाएंट रोड से चमारलेनी आर.सी.पी.ओ. एडम. कम्पलैक्स तक सम्पर्क सड़क पर (सड़क की लम्बाई 1.780 कि.मी.)और नासिक

पुलिस थाना अंतर्गत रुड़का गांव के हरमेश लाल से आज सुबह दो कथित आतंकवादियों ने स्कूटर छीन लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार श्री लाल अपने स्कूटर पर रुड़का से जंडियाला जा रहे थे । जंडियाला-बंडाला रोड पर आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर उनसे स्कूटर छीन लिया और भाग गये । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

**खालिस्तानी नारे**

जिला जालंधर के गांव जंडियाला में गवर्नमैंट कालेज की दीवार पर कुछ खालिस्तान समर्थक नारे लिखे पाए गए । पुलिस ने बताया कि नारे लिखने वाले ने 15 अगस्त को कालेज की इमारत पर खालिस्तानी झंडा लहराने की धमकी दी है ।

**5 उग्रवादी गिरफ्तार**

न.न.ए. की सूचना है कि जंडियाला गुरु थाने के गांव सत्तू मुच्छल से 5 आतंकवादी गिरफ्तार किए गए हैं । बाबा बकाला में डी.एस.पी. ने बताया कि यह छापा जंडियाला गुरु के एच.एच.ओ. के नेतृत्व में मारा गया । उनसे एक कार्बाइन और भारी मात्रा में कारतूस मिले हैं । पूछताछ के दौरान गिरफ्तार उग्रवादियों खजान सिंह, परमजीत सिंह, सुरेन्द्र सिंह उर्फ गोगी, लाजविंद्र सिंह उर्फ लाडी और जसविंद्र सिंह ने स्वीकार किया कि थाना ब्यास, वैरोवाल और हरगोबिन्दपुर में पड़ी डकैतियों और अन्य घटनाओं में उनका हाथ है । थाना जंडियाला गुरु के क्षेत्र में अब तक 18 उग्रवादी गिरफ्तार हुए हैं ।

**फगवाड़ा में छापे**

फगवाड़ा (प्रै.): फगवाड़ा पुलिस ने फगवाड़ा में और इसके इर्द-गिर्द तथा खलवाड़ा गेट में एक मकान पर इस आशा में छापे मारे कि शायद वहां दुर्दांत उग्रवादी मनबीर सिंह के कुछ अड्डे हों । तथाकथित खालिस्तानी कमांडो फोर्स के स्वयंभू जनरल हरि सिंह उर्फ मनबीर सिंह को 7 अगस्त को बटा मंडी में एक मकान से 4 अन्य के साथ गिरफ्तार किया गया था ।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक पुलिस पार्टी ने मनबीर सिंह से फगवाड़ा व इसके इर्द-गिर्द उसके अड्डों के बारे में पूछताछ की है । सूत्रों ने यह नहीं बताया कि उसने क्या रहस्योद्घाटन किये हैं तथापि पुलिस को खलवाड़ा गेट के मकान से कोई आपत्तिजनक चीज नहीं मिली ।

कपूरथला से शर्मा की सूचना के अनुसार जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री पी.सी. डोगरा और कपूरथला के एस.एस.पी. ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सुखदेव सिंह उर्फ सुखा उर्फ बब्बर, जिसे जगदीश कौर और तरसेम सिंह कोहार के साथ गिरफ्तार किया गया है, पर 20 हजार रुपए के ईनाम निश्चित करने की सिफारिश की गई थी । उन्होंने बताया कि कोहार ही उग्रवादियों के लिए हिटलिस्ट तैयार किया करता था ।

**धर्मस्थल पर छापा**

लुधियाना (मुसाफिर): आज लगभग साढ़े 6 बजे शाम पुलिस उग्रवादियों की तलाश में एक धर्मस्थल में दाखिल हो गई । इसके साथ लगने वाले सभी क्षेत्रों की नाकाबंदी कर ली गई । पुलिस ने वहां के सभी कमरों की तलाशी ली ।

**भट्ठा मालिक घायल**

बटाला (कोछड़): आज प्रातः 9.30 यहां से

# छहरटा के पास एक युवक की हत्या, मंड क्षेत्र में उग्रवादी पुनः सक्रिय

अमृतसर, 17 अगस्त (कमलेश, प्रै.): विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार मंड क्षेत्र में उग्रवादी पुनः सक्रिय हो गए हैं और मंड आप्रेशन के दौरान भाग निकलने वाले उग्रवादी जो पुनः अपने स्थान पर पहुंच गए हैं, अपने अन्य साथियों से सम्पर्क बना रहे हैं । जबकि बटाला से प्राप्त समाचार के अनुसार हमढानियां मुहल्ला में हुई हिंसा के संबंध में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया । गत रात बड़ा बाजार में स्थित एक धर्म स्थान को कुछ शरारती लोगों ने आग लगाने का प्रयास किया । कपूरथला के कस्सोचाहल गांव में कल रात हुए विस्फोट के संबंध में स्वर्ण सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया । लुधियाना में संयुक्त अकाली दल की कार्यकारिणी के सदस्य तेजवंत सिंह को हिरासत में ले लिया गया ।

उग्रवादियों की तलाश में कम से कम 30 जगहों पर छापे मारे गए ।

आज रात्रि छहर्टा के पास तीन उग्रवादियों ने एक युवक की हत्या कर दी व तीन को घायल कर दिया ।

पंजाब में सुरक्षा बलों ने आज एक दुर्दांत उग्रवादी सहित कुल आठ उग्रवादी गिरफ्तार किए, जिनमें से 6 जिला अमृतसर से हैं ।

अमृतसर की सब डिवीजन अजनाला के एक घर से गत रात पिस्तौल की नोक पर नकदी व जेवर लूटने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया । होशियारपुर पुलिस ने एक संदिग्ध उग्रवादी को गिरफ्तार किया है ।

**एक की हत्या**

अमृतसर से अशोक के अनुसार आज रात्रि 9.30 बजे के लगभग तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने छहर्टा के निकट मौजा बासरके टैलीविजन टावर के पास एक निर्जन स्थान पर चार युवकों को गोली मार दी जिससे एक युवक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि तीन को स्थानीय अस्पताल में गम्भीर अवस्था में भरती कराया गया ।

बताया जाता है कि यह चारों युवक लक्खा सिंह (22), मुखत्यार सिंह (18), बलदेव सिंह (27) व एक अन्य साइकिलों पर ड्यूटी खत्म करके छहर्टा से अपने ग्राम जा रहे थे जब रास्ते में तीन पैदल सशस्त्र उग्रवादियों ने उन्हें रोक लिया और पिस्तौल की नोक पर मौजा बासरके के एक वीरान जगह पर ले गए । उग्रवादियों ने उनसे कहा कि तुमने दाढ़ी, केस खोल कर क्यों नहीं रखे हैं । इसके बाद उन्होंने उन्हें गोलियां मार दीं और फरार हो गए । गोलियां लगने से उनमें से एक की वहीं मृत्यु हो गई । लक्खा सिंह के हाथ में मुखत्यार सिंह के कंधे और छाती में, बलदेव सिंह की पीठ और गर्दन में गोलियां लगीं ।

विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि गत माह मंड आप्रेशन के दौरान बच कर भागने वाले अधिकांश उग्रवादी तथा कथित खालिस्तान हैडक्वार्टर के इंचार्ज अवतार सिंह ब्रह्मा के साथ पुनः मंड के निकटवर्ती गांव पखपुर धन्ना विगिग चब्बा कर्मुवाल आदि पहुंच चुके हैं । पिछले सप्ताह आध दर्जन अपने उग्रवादी साथियों सहित अवतार सिंह ब्रह्मा चोहला साहब में देखा गया ।

बताया गया है कि मंड के खालिस्तानी मुख्यालय में कुल 80 उग्रवादी थे, जिन में बहुसंख्या पक्खुपुर गांव की थी और अन्य गांव धुन्ना खारा विगिग, ब्रह्मपुरा चब्बा और चोहला साहब के रहने वाले थे । उनको संरक्षण बुड्ढा दल का एक निहंग देता रहा है । गत दिनों जब सी.आर.पी.एफ. पुलिस के साथ इसको पकड़ने गई तो यह आरोप लगाया जाता है कि मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला का फोन आ गया कि उन्हें मत छूओ जिससे इस निहंग मखी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

# लुधियाना में उग्रवादियों की फायरिंग से एक मरा, कई घायल, मुठभेड़

चंडीगढ़, 18 अगस्त (यू. प्रै.): उग्रवादियों ने आज सायं लुधियाना शहर के एक पार्क में बैठे लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग करके चार लोगों को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। जिनमें से एक भान सिंह शर्मा की रात्रि एक बजे अस्पताल में मृत्यु हो गई। उग्रवादियों को सुरक्षा बलों व पुलिस ने घेर लिया और काफी देर तक मुठभेड़ जारी रही। पुलिस ने पंजाब में विभिन्न स्थानों पर छापे मारकर 17 उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए जिनमें आप्रेशन ब्ल्यू स्टार के बाद रिहा किए गए 2 युवक भी शामिल हैं। कल रात अमृतसर के छहर्टा क्षेत्र में उग्रवादियों ने एक श्रमिक सुरजीत सिंह की हत्या कर दी।

**6 घुसपैठिए मरे**

सीमा पर बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में 6 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए। आज खेमकरण सैक्टर में बेप गज्जल क्षेत्र में एक घुसपैठिया कल व परसों इसी क्षेत्र में हुई दो मुठभेड़ों में चार और घुसपैठिए मारे गए जबकि एक घुस पैठिया अनूपगढ़ के बिन्जौर क्षेत्र में मारा गया।

**लुधियाना में फायरिंग**

मुसाफिर, धीमान, जोशी केअनुसार उग्रवादियों ने लुधियाना जिले में सात लोगों को गोलियां मार कर

गुरु नानकपुरा के पार्क में बैठे लोगों पर दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की जिससे 4 लोग घायल हो गये जिनमें से दो की हालत गम्भीर बताई जाती है। घायलों को सी.एम.सी. अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यू. न्यू. के अनुसार उग्रवादियों की संख्या तीन थी। फायरिंग के बाद उग्रवादी बड़ेवाल ग्राम की ओर फरार हो गए पर सुरक्षा बलों और पुलिस ने उन्हें घेर लिया तथा वहां जम कर मुठभेड़ हुई जो देर रात तक जारी रही।

प्रै.,ट्र. के अनुसार 2 स्कूटर सवार उग्रवादी सिविल लाइन्स क्षेत्र के गुरु नानकपुरा के पार्क में आए और वहां ताश खेल रहे कुछ लोगों पर रेलिंग ग्रिल्स से गोलियां चला दी। एक उग्रवादी के पास स्टेनगन थी। घायलों के नाम ओम प्रकाश, मान सिंह, जसवंत व शिव नाथ बताए गए हैं।

यह वारदात गुरु नानकपुरे में कैलाश सिनेमा के पास हुई दो उग्रवादियों ने स्टेनगनों से फायरिंग की। एक उग्रवादी ने स्कूटर स्टार्ट रखा। तीनों उग्रवादियों ने अपने चेहरे पगड़ियों से ढंके हुए थे।



घायल मान सिंह रिटायर्ड सैनिक है।

पता चला है कि उस समय पार्क में बैठे लोगों की संख्या एक दर्जन के लगभग थी। घटना स्थल से दस कदम की दूरी पर ही पुलिस डिवीजन नंबर एक की चौकी है। जब मोहल्ले के लोग घटना की सूचना देने चौकी में गए तो चौकी में कोई पुलिस कर्मचारी नहीं था। तीनों उग्रवादी दीप नगर से शमशान घाट की ओर फरार हुए क्योंकि उधर अंधेरा था। बाद में पुलिस ने उनका पीछा किया तथा अरयाली कलां के पास बाड़ेवाल में पुलिस ने उग्रवादियों को घेर लिया।

**चौकी पर प्रदर्शन**

भीड़ ने चौकी के बाहर पुलिस की लापरवाही के विरुद्ध प्रदर्शन किया और पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाए।

**ठेका लूटा**

तीन पैदल सशस्त्र उग्रवादियों ने गयासपुर क्षेत्र के देशी शराब के ठेके से 1100 रु. लूट लिए। भागते समय ठेका मालिक के दो रिश्तेदारों और ए.एस.आई. बख्शीश सिंह ने उनका दो किलो मीटर तक पीछा किया व एक को पकड़ लिया पर दो अन्य फायरिंग करते हुए फरार हो गए। गिरफ्तार

(शेष पृष्ठ 8 पर)

## लुधियाना में फार्यरिंग

(पृष्ठ 3 का शेष)

व्यक्ति के पास से एक देसी पिस्तौल मिला है उसने बताया कि वह व उसके दोनों साथी कल रात्रि ट्रेन से अमृतसर से आए थे । दोनों फरार उग्रवादियों की तलाश जारी है ।

निर्मल सिह एंड संस नामक शराब का यह ठेका फोकल प्वाइंट के पास था । कर्मचारी हाकम सिह के रिश्तेदारों ने पीछा करके उग्रवादी जंग सिह को पकड़ लिया । जंग सिह ने फरार होने वाले दोनों के नाम बता दिए हैं । तीनों ही अमृतसर जिले के रहने वाले हैं ।

गिरफ्तारी से पूर्व जंग सिह शेरपुर में अपने देसी पिस्तौल के साथ अंधाधुंध फायरिंग कर रहा था जिससे एक व्यक्ति जय नारायण भी घायल हो गया । उसने एक वृक्ष के पीछे छिप कर जान बचाई । जयनारायण के अनुसार जंग सिह की गोली एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ ।

### एक और घायल

ठेका लूट कर फरार हो रहे उग्रवादियों ने रास्ते में उत्तर प्रदेश से आए एक श्रमिक को गोली मार कर घायल कर दिया । वह श्रमिक कारखाने से घर जा रहा था ।

### एस.एस.पी. का बयान

एस.एस.पी. श्री आर. एस. गिल ने मध्य रात्रि के बाद पत्रकार सम्मेलन में बताया कि उग्रवादी नीले स्कूटर पर आए थे । दो ने पार्क के अंदर जाकर स्टेनगन से फायरिंग की जिससे ओम प्रकाश को दो जख्म आए, मान सिह शर्मा को चार जख्म, जसवंत को दो जख्म, शिवनाथ को एक जख्म आया । शर्मा की हालत गम्भीर है । उपायुक्त के निर्देश पर पुलिस ने उग्रवादियों का 7 किलो मीटर तक पीछा किया और बाड़ेवाल के निकट सिलेटी रंग के कुरते वाले एक व्यक्ति को घेरा जो स्कूटर पर जा रहा था । वह स्कूटर छोड़ कर सरकंडों में घुस कर फरार हो गया । वहां स्कूटर से मिले कागजातों के आधार पर छापे मारे गए ।

एस.एस.पी. ने बताया कि फोकल प्वाइंट से गिरफ्तार उग्रवादी जंग सिह ने 15 गोलियां चलाई । पृथ्वी पाल सिह महंत बचन दास, हरजिंदर सिह ने जफ्फा डालकर उसे पकड़ा । उग्रवादियों को शरण देने वालों के यहां छापे मारे जा रहे हैं ।

### दस गिरफ्तार

यू.न्यू. के अनुसार पुलिस ने दस आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, जिनमें चार कट्टर आतंकवादी भी शामिल हैं । अमृतसर पुलिस ने गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम रेशम सिह, यशपाल सिह हबनकलां गांव, कश्मीरा सिह और सुखदेव सिह (दोनों जंडियाला गुरु), बलदेव सिह तथा धनजीत सिह बताए हैं । अन्य चार गिरफ्तार आतंकवादियों के नाम नहीं बताए गए क्योंकि पुलिस अभी भी उनके साथियों की तलाश कर रही है ।

बाघापुराना थानांतर्गत गांव स्मालसर के निकट स्कूटर पर जा रहे 3 आतंकवादियों सुखविन्दर सिह, सुखदेव सिह, जनरैल सिह को पुलिस ने पकड़ लिया । सुखविन्दर और सुखदेव आप्रेशन ब्लू स्टार के दौरान भी पकडे गए थे ।

### एक मरा, 3 घायल

**अमृतसर (भाषा):** अमृतसर के बाहरी औद्योगिक क्षेत्र छहर्टा में कल रात तीन संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा गोली चलाए जाने से एक श्रमिक की मृत्यु हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए । मृतक का नाम सुरजीत सिह (25 वर्ष) है, जबकि घायल व्यक्तियों में बलदेव सिह (27 वर्ष), मुखत्यार सिह (18 वर्ष) तथा लखा सिह (22 वर्ष) शामिल हैं ।

पुलिस के अनुसार चारों श्रमिक छहर्टा स्थित कारखाने में काम पर जा रहे थे । आतंकवादियों ने उन्हें घेर लिया तथा रुकने को कहा । सुरजीत सिह



छहर्टा के निकट उग्रवादियों की गोलियों से घायल होने वाले (ऊपर) मुख्त्यार सिह, (मध्य) बलदेव सिह, (नीचे) लक्खा सिह । (छाया : भंडारी)

द्वारा चेतावनी की उपेक्षा करने पर उन्होंने गोली चला दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर मृत्यु हो गई । आतंकवादियों ने अन्य भागते हुए लोगों पर गोली चलाई जिससे वे घायल हो गए । तीनों घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है । उनकी स्थिति गम्भीर लेकिन खतरे से बाहर बताई जाती है ।

'अ. सो.' के अनुसार घायलों ने बताया कि उग्रवादियों ने 2 साइकिल सवारों को रोका लेकिन सिख देख कर उन्हें जाने दिया गया । इसी तरह एक टांगे को भी रोका गया लेकिन उन्हें भी छोड़ दिया गया । यह "नाटक" 15-20 मिनट जारी रहा यद्यपि मृतक और 2 घायल मजहबी सिख तथा घायल बलदेव सिह जाट सिख थे, फिर भी उन पर यह कह कर गोलियां चला दीं कि वह ब्राह्मण हैं ।

### दो दर्जन जगहों पर छापे

अमृतसर से प्रै.ट्र. की सूचना है कि पुलिस व सुरक्षा बलों ने वांछित आतंकवादियों की तलाश में कल रात शहर के बाहरी क्षेत्रों में लगभग दो दर्जन स्थानों पर छापे मारे । इससे पहले भी शहर में तथा इर्द-गिर्द इसी प्रकार के तीस छापे मारे गए थे । एस.पी. सिटी श्री एच.एस. काहलों ने बताया कि कल


## क्लासीफ़ाइड विज्ञापन

### किराए के लिए

**अम्बाला छावनी में कपड़े के शोरूम के लिए मेन** मार्कीट में दुकान, फ़र्नीचर सहित किराए के लिए उपलब्ध है । मिलें : डा. नरेंद्र जैन, सामने पंजाब नैशनल बैंक, निकलसन रोड, अम्बाला कैंट, फोन-22988.

### ड्राइविंग सीखें

**ड्राइविंग हैवी** ट्रक, टैलीविजन/Colour TV/रेडियो, इलैक्ट्रीशियन/वायरमैन, रैफ्रीजिरेशन, RCC बार-बैंडर, प्लम्बर, वैल्डिंग, मोटर मैकेनिक कोर्स, दाखले हेतु मिलें : प्रिंसीपल, टी.आई.टी., 232, डिफ़ैंस कालोनी, जालंधर । निकट मेन गेट, अंदर बस स्टैंड, लुधियाना ।

### बिकाऊ

**Complete running** Unit 25 Horse Power connection water tap plot 80x50 Yards, Industrial Area, Damtal, Himachal Pradesh. Contact Jay-Kay Enterprises.

### हकलाना

**हकलाना, तुतलाना,** दुनिया का सर्वश्रेष्ठ इलाज करवाएं । नकलचियों से सावधान, पब्लिक स्पीकिंग इंस्टीच्यूट, मनीमाजरा, चंडीगढ़ ।

(32 JD)

### ब्यूटी कल्चर

**Join Beauty,** Mehandi, Interior decoration Short Courses. Contact : Punam Mahajan, 1064, Mohalla Sudan, Ludhiana. Phone : 20014, 36577.

### जमीन-जायदाद

**जमीन-जायदाद,** फैक्टरी खरीदने, बेचने हेतु सम्पर्क करें : पृथ्वी सिह सैनी एंड संज, प्रापर्टी डीलर, मोती बाजार, हिसार ।

### नाम परिवर्तन

**I,S.** Parkash Singh S/o S. Boota Singh Vill. Bajra PO. Jodhewal Basti, Ludhiana,

# चंडीगढ़ बस अड्डे के निकट पुलिस पर फ़ायरिंग : 1 घायल

**अमृतसर में फ़ैक्टरी पर छापा : भारी परिमाण में हथियार बरामद : गढ़शंकर के निकट पुलिस व उग्रवादियों में फ़ायरिंग : कृष्ण नगर हत्याकांड में वांछित उग्रवादी गिरफ़्तार : पाक से प्रशिक्षण लेकर लौटा था।**

चंडीगढ़, 1 अगस्त (यू.,प्रै.): अमृतसर पुलिस ने सुलतानविंड क्षेत्र में एक कारखाने पर छापा मारकर भारी परिमाण में गोला-बारूद व हथियार बरामद किए । सी.आर.पी.एफ. के एक जवान ने दरबार साहब परिसर के बाहर अपने अधिकारी पर गोली चला कर उसे सख्त घायल कर दिया ।

अकाली नेता अमर सिंह की हत्या के केस में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया ।

कल शाम मुकेरियां के निकट एक संदिग्ध उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया । एक अज्ञात व्यक्ति ने सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी होशियारपुर पर तेज़ाब फैंक दिया ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरियो ने कहा है कि सीमा सुरक्षा बल द्वारा बुधवार की रात को जिला गुरदासपुर में पकड़े गए आतंकवादियों में हरजिंदर सिंह उर्फ़ जिंदा शामिल नहीं है, जिसकी पुलिस को ललित माकन की हत्या के सिलसिले में तलाश है ।

चंडीगढ़ में 3 कुख्यात उग्रवादियों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति को घायल कर दिया । उनमें से दो उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए गए । गुरदासपुर में खालिस्तान लिबरेशन आर्मी का 'जनरल' तरसेम सिंह कुहार सुरक्षा बलों को चकमा देकर फरार हो गया । अमृतसर पुलिस ने बब्बर खालसा के सदस्य गुरनाम सिंह को गिरफ्तार कर कई हत्याओं का पता लगाने का दावा किया है । होशियारपुर जिले में गिरफ्तार गुरदेव सिंह नामक उग्रवादी भी कई हत्याकांडों में वांछित है । अमृतसर पुलिस ने 7.50 लाख की डकैती में वांछित उग्रवादी इंद्रपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

आज शाम चंडीगढ़ के इंटरस्टेट बस टर्मिनल के निकट तीन अज्ञात व्यक्तियों ने पुलिस की एक गश्ती पार्टी पर फ़ायरिंग की,जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया । पुलिस ने उनमें से दो को पकड़ लिया जबकि तीसरा भाग जाने में सफल हो गया । घायल का नाम जंग सिंह बताया गया है, जो कि एक राहगीर है । पुलिस आगे जांच कर रही है ।

संघी के अनुसार फ़ायरिंग करने के आरोप में पकडे गये दोनों युवक पगड़ीधारी थे । गोली से घायल होने वाले व्यक्ति की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । पुलिस पकड़े गये युवकों से पूछताछ कर रही है ।

**तीनों कुख्यात उग्रवादी**

चंडीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आर.के. नियोगी ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ उग्रवादी बस अड्डे के सामने एक प्रतिष्ठान लूट रहे हैं । पुलिस के पहुंचने पर उग्रवादियों ने गोली चलाई जो जंग सिंह को लगी । पुलिस ने जवाबी गोली चलाकर उग्रवादियों की उस मोटरसाइकल का टायर फाड़ दिया जिस पर बैठकर दो उग्रवादी फरार हो रहे थे । उन दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया पर मोपेड सवार तीसरा उग्रवादी फरार हो गया । गिरफ्तार युवकों से एक रिवाल्वर मिला है । उन्होंने बताया कि जो उग्रवादी फरार हुआ उसी ने गोली चलाई थी । गिरफ्तार उग्रवादी पंजाब पुलिस को कई मामलों में वांछित हैं । ये तीनों उग्रवादी चंडीगढ़ में बैंक लटने के इरादे से आए थे ।

श्री नियोगी ने बताया कि धर्मवीर सिंह नामक उग्रवादी आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन की प्रिसीडियम का सदस्य है और दूसरा हरेन्द्र सिंह पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड मोहाली का कर्मचारी है । पुलिस ने उन्हें पूर्व जानकारी के आधार पर बस अड्डे के पास घेरा था ।

मुक्तसर में आज कर्फ़्यू में छः घंटे की ढील दी गई ।

**पुलिस व उग्रवादियों में फ़ायरिंग**

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से 40 किलोमीटर दूर मोहनवाल के निकट पुलिस तथा उग्रवादियों में फ़ायरिंग होने की सूचना मिली है । एक उग्रवादी गुरदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

बताया जाता है कि यह व्यक्ति होशियारपुर के निकट गांव संघपुर में चार निहंगों की हत्या में वांछित है । प्राप्त सूचनाओं के अनुसार होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री जैन तथा एस.पी. श्री मान पुलिस फ़ोर्स के साथ खोजेवाल गांव जा रहे थे,जहां मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने कल आना था । रास्ते में गढ़शंकर के निकट एक मारुति कार जिसका

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanatani

## संदिग्ध गिरफ्तार

कल नाकबंदी के दौरान सी.आई.ए. स्टाफ बटाला ने एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया । उसका नाम गुरदेव सिंह बताया गया जोकि शरीफपुरा (अमृतसर) का निवासी है । उससे एक 12 बोर का पिस्तौल तथा दो कारतूस पकड़े गए ।

## 5 उग्रवादी पकड़े

होशियारपुर (अश्विनी, प्र.): होशियारपुर सी.आई.ए. स्टाफ ने पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । उनके नाम हैं : हरेंद्र सिंह उर्फ टोपू, उसमान शहीद, चरंजीत सिंह भाना, मक्खन सिंह सूसां,चिरंजीत सिंह खानपुर और रवींद्र सिंह सूसां । गिरफ्तार किए गए उग्रवादी बसों को जलाने, स्कूटर छीनने और डकैती की वारदातों में पुलिस को वांछित थे ।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान साल के दौरान जिला में 44 केस हुए उनमें से 39 केस हल कर लिए गए हैं । शेष के पांच केसों में 26 व्यक्ति वांछित थे । उनमें से आठ पहले ही हिरासत में लिए जा चुके हैं । जबकि शेष पांच अब गिरफ्तार किए गए हैं । शेष 12 फरार उग्रवादियों की तलाश जारी है । ये बी. टाईप के उग्रवादी बताए जाते हैं । इनमें से नौ जिला गुरदासपुर के हैं जबकि शेष तीन का संबंध दूसरे जिलों से है । पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद मक्खन सिंह के कब्जे से एक पिस्तौल और तीन कारामद कारतूस बरामद किए हैं । अभियुक्तों से पूछताछ जारी है, इसके बाद मालूम हो सकेगा कि कौन-कौन सी वारदातों में किस-किस ने भाग लिया है ।

इसी मध्य यह भी मालूम हुआ है कि गिरफ्तार उग्रवादी मक्खन सिंह ने अपने कुछ साथियों के साथ जालंधर के निकटवर्ती गांव मतौली में डाका मारा था और एक स्त्री सुरेंद्र कौर से पिस्तौल की नोक पर दो हजार रुपए छीन लिए थे ।

## बहादुर मुहर्रिर जेल भेजा गया


खन्ना (पर्ण): नगरपालिका खन्ना के मुहर्रिर श्री पन्ना लाल, जिन्होंने 15 अगस्त की रात को चुंगी लूटने आए एक व्यक्ति परमजीत सिंह को मार दिया था और खन्ना पुलिस ने मुहर्रिर के विरुद्ध धारा 304 का केस (इत्तफाकिया हत्या) दर्ज कर दिया था, को आज जुडीशियल मैजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया । जुडीशियल मैजिस्ट्रेट ने श्री पन्ना लाल को एक सितंबर तक जुडीशियल हवालात में भेजने का आदेश दिया ।

दूसरी ओर सिटीजन कौंसिल खन्ना की एक बैठक का. लाल चंद भारद्वाज की अध्यक्षता में हुई, जिसमें निर्णय किया गया कि कौंसिल का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधीश व एस.एस.पी. को मिलेगा और उन्हें इस घटना के संबंध में वास्तविकता से अवगत कराएगा कि पुलिस ने डकैती का केस दर्ज नहीं किया अपितु पन्ना लाल को ही पकड़ लिया । कौंसिल यह भी बताएगी कि पिछले दिनों दो बार गोबिंदगढ़ नाके की चुंगी लूटी गई लेकिन पुलिस ने कोई रिपोर्ट दर्ज न की । कौंसिल का प्रतिनिधिमंडल उच्चाधिकारियों से मांग करेगा कि मुहर्रिर के विरुद्ध बनाया गया केस वापस लिया जाए और जो व्यक्ति चुंगी लूटने आए थे, उन पर डकैती का केस बना कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए ।




लुधियाना के गुरु नानकपुरा म्युनिसिपल पार्क में सोमवार रात को उग्रवादियों द्वारा गोली कांड में मारा गया (1) भान सिह शर्मा तथा घायल हुए (2) जसवंत राय, (3) शिव नाथ, (4) ओम प्रकाश, (5) पार्क का वह स्थान, जहां उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की ।

(छाया : जगमोहन कम्बोज)




मंगलवार को चंडीगढ़ के सैक्टर 37 स्थित न्यू बैंक आफ इंडिया की शाखा से (ऊपर) उग्रवादियों ने 1.35 लाख रु. लूटे । चंडीगढ़ के प्रशासक के सलाहकार श्री के. बनर्जी, आई.जी. पुलिस आर.के. ओहरी, गृह सचिव पी.के. वर्मा, एस.एस.पी. आर.के. नियोगी घटनास्थल का दौरा करते हुए ।

(छाया : पुरी)

Punjabi Sanatam

# चंडीगढ़ में एक बैंक व दुकान से उग्रवादी 1.50 लाख रुपए लूट कर ले गए

## लुधियाना में दूध विक्रेता से 1.89 लाख लूटे, फगवाड़ा के पास शराब ठेके कर्मी को गोली मारी

## हल्द्वानी के पास दो सिपाहियों की हत्या कर राइफलें छीन लीं

## मुक्तसर कांड के अभियुक्तों सहित कई उग्रवादी राजस्थान में गिरफ्तार

चंडीगढ़, 19 अगस्त (यू., प्रै.): कुछ दिन तक शिथिल रहने के बाद पंजाब में आतंकवादियों ने अपनी गतिविधियां फिर तेज़ कर दीं तथा चंडीगढ़ में दिन-दहाड़े एक बैंक से 1.35 लाख रुपये लूट लिये ।

कल सायं लुधियाना में फ़ायरिंग से घायल होने वाले एक व्यक्ति की रात को अस्पताल में मृत्यु हो गई । आज लुधियाना में एक शराब का ठेका लूट लिया गया । गत रात्रि मल्लांपुर में एक दूध विक्रेता से 1.89 लाख रुपये छीन लिये गये ।

फगवाड़ा के निकट कल रात एक शराब की दुकान के कर्मचारी को गोली मार कर घायल कर दिया गया ।

बटाला में कुछ अज्ञात लोगों ने महर्षि बाल्मीकि की प्रतिमा पर कालिख पोत दी ।

अमृतसर और होशियारपुर में 5-5 उग्रवादी गिरफ्तार किये गये ।

जिला अमृतसर में गत 24 घंटों के दौरान दो घटनाओं में 35,000 रुपए मूल्य के स्वर्ण आभूषण लूट लिए गए ।

राजस्थान पुलिस ने मुक्तसर हत्याकांड में बलबीर सिंह सहित कई उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए हैं ।

उग्रवादियों के ठिकानों पर छापे मारे जाने पर जवाबी कार्रवाई करके उग्रवादियों ने हल्दवानी के जसपुर थाने के दो सिपाहियों की हत्या कर दी व उनकी राइफलें लेकर फरार हो गए ।

बी.एस.एफ. ने सीमा पर पांच पाक घुसपैठिए मार गिराए ।

'राकेश संघी' के अनुसार आज दिन-दहाड़े चंडीगढ़ के सैक्टर-37 में स्थित न्यू बैंक आफ़ इंडिया की शाखा से चार सशस्त्र युवकों ने लगभग 1.35 लाख रुपये लूट लिये तथा फरार हो गये ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार नवयुवक, जिनके पास पिस्तौल व स्टेनगन थी, सफ़ेद रंग की फ़ीएट कार में बैठ कर उक्त बैंक की शाखा में आए । इन युवकों में तीन पगड़ीधारी थे तथा इनकी आयु 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जाती है । वहां पहुंच कर इन नवयुवकों ने गेट पर खड़े गनमैन को पिस्तौल दिखा कर उसके हाथ खड़े करा लिये और बैंक में घुस कर वहां काम कर रहे सभी कर्मचारियों को अपनी सीटों पर बैठ जाने के लिये कहा । तीन नवयुवक तो बैंक कर्मचारियों पर निगाह रखते रहे जबकि चौथा युवक बैंक की कैशियर श्रीमती वीर कौर के पास चला गया और उसे स्ट्रांग रूम की चाबियां उठा लेने को कहा । वीर कौर ने इस काम में थोड़ी आना-कानी की तो उक्त युवकों ने कहा—हमारी किसी से शत्रुता नहीं, हमें तो पैसा चाहिए, अतः अपनी जान न गंवाओ । इस पर उक्त युवक लेडी कैशियर को लेकर स्ट्रांग रूम में चला गया और उसे वहां पड़े कैश को साथ ही लाए गए एक चमड़े के बैग में डालने को कहा । डर के मारे श्रीमती वीर कौर ने कैश को बैग में डालना शुरू कर दिया । रुपये बैग में डलवाने के बाद युवक लुटेरे भागते-भागते बाहर से दरवाजे को बंद कर गये और धमकी दी कि यदि किसी ने बाहर निकलने की कोशिश की तो उसे गोली से उड़ा दिया जाएगा ।

सूचना मिलने पर पुलिस मौका पर पहुंची तथा लुटेरों का पता लगाने के लिये खोजी कुत्तों की मदद ली गई, परन्तु इसमें कोई सफलता नहीं मिली । लुटेरों की उंगलियों के निशान लेने की भी पुलिस ने कोशिश की परन्तु यह लुटेरे इतने होशियार थे कि उन्होंने बैंक की किसी भी चीज़ को हाथ नहीं लगाया ।

बैंक की इस ब्रांच के मैनेजर श्री आर.पी. गुप्ता समेत एक कर्मचारी आज छुट्टी पर था जबकि घटना के समय 8 कर्मचारी बैंक में काम कर रहे थे ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

## ...की आशंका, पुलिस ...बीर ने सुराग दिये

अभियुक्तों के आवास पर ठहरेगा । आपरेशन ब्ल्यू स्टार के बाद भी मनबीर सिंह चहेड़ ओंकार सिंह के पास छिपा था । मनबीर सिंह के चचेरे भाई कुख्यात उग्रवादी धन्ना सिंह ने भी ओंकार सिंह के पास शरण

Punjabi Sahitani

# अमृतसर, होशियारपुर, जालन्धर में 19 उग्रवादी गिरफ्तार, 3 हैड कांस्टेबल बंदी : भटिंडा में एक शव मिला

चंडीगढ़, 20 अगस्त (यू.प्रै.) : पुलिस ने अमृतसर, होशियारपुर व जालन्धर में 19 कुख्यात उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए । भटिंडा में एक व्यक्ति का शव मिला है । जालन्धर में 3 हैड कांस्टेबल गिरफ्तार किए गए ।

पुलिस ने जालन्धर में 6, होशियारपुर में 8, अमृतसर में 5 उग्रवादी गिरफ्तार किए । होशियारपुर में बी श्रेणी के 21 में से जो 8 उग्रवादी पकड़े गए हैं वे कई वारदातों में वांछित थे । उनसे भारी परिमाण में शस्त्र मिले हैं । एक उग्रवादी पहले ही मुठभेड़ में मारा जा चुका है । शेष 13 अभी फरार हैं ।

जालंधर में आज 3 उग्रवादी गिरफ्तार कर लिये गये, उनके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर 3 और उग्रवादी बाद में गिरफ्तार किये गये ।

भटिंडा में आज एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला । उसकी हत्या तेज़धार के हथियार घोंप कर की गई थी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

**जालंधर (क):** जालंधर की सी.आई.ए. पुलिस के इन्स्पैक्टर श्री सुरजीत सिंह, थाना सदर के एस.एच.ओ. श्री स्वर्ण सिंह तथा थाना माडल टाऊन के एस.एच.ओ. श्री चरण सिंह ने संयुक्त रूप से भारी फ़ोर्स के साथ छापा मार कर गत सायं तीन कथित उग्रवादी गिरफ़्तार कर लिये और उनसे काफ़ी शस्त्रास्त्र भी पकड़े ।

गिरफ्तार उग्रवादी कश्मीर सिंह सुपुत्र दलीप सिंह, जिला अमृतसर से एक 38 बोर की राइफल, 8 कारतूस तथा एक हैंड ग्रेनेड, अमरजीत सिंह सुपुत्र कुलवंत सिंह थाना सदर, जालंधर से एक 32 बोर का रिवाल्वर तथा 11 कारतूस और परमजीत सिंह सुपुत्र काबुल सिंह, प्रीतनगर लाडोवाली रोड से एक 32 बोर का रिवाल्वर व 10 कारतूस बरामद हुए ।

बताया गया कि यह तीनों स्थानीय माडल टाऊन के श्मशान घाट के निकट से काबू किये गये । एक पुलिस सूत्र ने कहा कि इनका मनबीर गिरोह से संबंध लगता है और शायद किसी वारदात की तैयारी कर रहे थे ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बी.एस. संधु ने आज संवाददाताओं को बताया कि गत सायं गिरफ्तार तीन उग्रवादियों कश्मीर सिंह आदि के बताने पर थाना भोगपुर व थाना गोराया क्षेत्रों से उनके तीन अन्य साथी प्रितपाल (बहराम), चरणजीत सिंह निवासी थाना हरयाना जिला होशियारपुर तथा पलविन्दर सिंह निवासी दोसांझ कलां भी गिरफ्तार कर लिये गये हैं ।

श्री संधु के अनुसार प्रितपाल से एक 303 बोर का पिस्तौल व कारतूस, चरणजीत सिंह से एक 12 बोर का पिस्तौल व 3 कारतूस तथा पलविन्दर से एक 32 बोर का रिवाल्वर व 6 कारतूस मिले । कश्मीर सिंह से जो दस्ती बम मिला वह एच.ई.-36 है । एक उग्रवादी अमरजीत सिंह धनाल खुर्द का निवासी है । चरणजीत सिंह ने होशियारपुर से स्कूटर छीना था

(शेष पृष्ठ 6 पर)



जालन्धर पुलिस द्वारा उग्रवादी मनबीर सिंह चहेड़ू के गिरोह से बरामद किये गये 6 रिवाल्वर, एच.ई.-36 हथगोला तथा विभिन्न बोरों के कारतूस । (छाया : कपूर)

# पंजाब समझ

लौंगोवाल, 20 अगस्त (प्रै.भा.यू.): उपराष्ट्रपति आर. वैंकटरमन ने आज यहां कहा कि पंजाब समझौता हर हालत में लागू होकर रहेगा क्योंकि देश और पंजाब का भविष्य इससे जुड़ा हुआ है ।

श्री वैंकटरमन संत हरचंद सिंह लौंगोवाल की पहली बरसी पर उनके गांव लौंगोवाल में एक विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे । ऐतिहासिक पंजाब समझौते के कुछ ही दिन बाद संत लौंगोवाल की संगरूर जिले के शेरपुर गांव में आज के ही दिन गोली मार कर हत्या कर दी गई थी ।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि संत लौंगोवाल में संकटों को सहने व उनका मुकाबला करने की क्षमता थी । इसी दृढ़ता व साहस के बल पर ही उन्होंने

Punjabi Saratani

दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 21 अगस्त, 1986 (6)

## उग्रवादी मरा

(पृष्ठ 3 का शेष)

और 31 जुलाई को गांव डोमेली में करनैल सिंह के घर डाका डाल कर गहने लूटे थे । पर्लविंदर ने 10 अगस्त को सी.आई.डी. वाला बन कर थाना बंगा के गांव गहल मजारा के दर्पण सिंह का रिवाल्वर छीन था ।

"यू. न्यू." के अनुसार अब तक मनबीर गिरोह के 44 सदस्य गिरफ्तार किए जा चुके हैं और उनसे 56 हथियार पकड़े जा चुके हैं । गिरोह के 9 फरार सदस्यों की भी पहचान कर ली गई है । गिरफ्तार उग्रवादी बलविन्दर और उसके साथी से डुम्बली गांव के करनैल सिंह के घर से लूटे जेवर भी बरामद कर लिए हैं ।

प्रवक्ता ने कहा कि गिरोह के नौ अन्य फरार सदस्यों की शिनाख्त कर ली गई है। उसने कहा कि बरामद हथियारों में वह आयातित रिवाल्वर भी है जो बलविंदर सिंह और उसके एक साथी ने घेलमाजरा के स्वर्णसिंह नामक व्यक्ति से दस अगस्त को छीनी थी ।

प्रवक्ता ने कहा कि मनबीर सिंह और खालिस्तान के स्वयंभू रक्षामंत्री मेजर (सेवानिवृत) बलदेव सिंह को पूछताछ के लिए अमृतसर ले जाया गया है ।

### तीन हैडकांस्टेबल गिरफ्तार

इस बीच स्थानीय माडल टाऊन पुलिस थाने से एक रायफल गायब होने के सिलसिले में तीन हैड कांस्टेबलों को गिरफ्तार किया गया है ।

प्रवक्ता के अनुसार नए थानेदार द्वारा चार्ज लेने के समय रायफल गायब होने का मामला प्रकाश में आया । उसने स्वीकार किया कि जांचकर्ता इस मामले में उत्तरदायित्व तय नहीं कर पाए हैं ।

### न्यायिक रिमांड

(न.न.ए.) के अनुसार पुलिस ने मनबीर सिंह के तीन साथियों त्रिलोचन सिंह, दयाल सिंह और चरणजीत का पुलिस रिमांड खत्म होने पर अदालत में पेश किया, अदालत ने उनका 31 अगस्त तक ज्युडीशियल रिमांड देकर उन्हें जेल भेज दिया ।

### 4 आतंकवादी गिरफ्तार

अमृतसर (प्रै.) : पुलिस ने आज जिला में 4 और आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया । एस.पी. सिटी श्री काहलों ने इनके नाम कुलबीर सिंह, काला, रेशम सिंह तथा जसबीर सिंह बताए । कुलबीर सिंह और काला एक पशु चिकित्सक अनिल कुमार की हत्या में वांछित थे ।

जसबीर सिंह जोकि फिरोजपुर का निवासी है, को गांव जौड़ा के गुरनाम सिंह से की गई पूछताछ के आधार पर गिरफ्तार किया गया जिन्होंने जनवरी में तरनतारन में एक चाय की दुकान पर एक समुदाय के दो व्यक्तियों की हत्या में संलिप्त होना स्वीकार किया था ।

श्री काहलों ने बताया कि रेशम सिंह ने कुछ माह पूर्व ढाब बस्ती राम में एक पुलिस सब इंस्पैक्टर हीरा लाल की हत्या की थी ।

### वकीलों की हड़ताल

इसी मध्य पट्टी कस्बे में आज वकीलों ने सोमवार को एक वकील श्री गौड़ सिंह पर घातक हमले के प्रयास के विरुद्ध हड़ताल की । हमलावर का नाम शिगारा सिंह बताया गया । श्री गौड़ सिंह के शरीर पर चाकू से कई घाव लगे हैं । शिगारा सिंह को मौका पर ही गिरफ्तार कर लिया गया । श्री काहलों ने बताया कि एफ.आई.आर. के अनुसार शिगारा सिंह ने वकील पर इसलिए हमला किया कि वह उसे शराब पीने तथा लोगों को गालियां निकालने से रोकता था ।

### रिवाल्वर मिला

गत मास बाबा आमटे की आतंकवाद से प्रभावित क्षेत्रों की यात्रा के दौरान उनकी सुरक्षा के लिए तैनात पंजाब पुलिस के कांस्टेबल स्वर्ण सिंह का 455 बोर का रिवाल्वर आज उतने ही रहस्यपूर्ण ढंग से मिल गया जितने रहस्यपूर्ण ढंग से यह 25 दिन पहले गुम हो गया था । यह रिवाल्वर पुलिस लाइन्ज में एक नाले में पड़ा मिला ।

### कांस्टेबल गिरफ्तार, रिहा

इसी बीच पुलिस ने गत रात अचानक गोली चलने की घटना में एक माली की लड़की की मृत्यु होने के सिलसिले में पुलिस कांस्टेबल अर्जुन सिंह को गिरफ्तार कर लिया । बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया ।

### थाने का घेराव

वि.प्र. के अनुसार श्री काहलों ने बताया कि गांव गुरु की बडाली के मजहबी सिख मख्तार सिंह को थाना छहर्टा में किसी केस की जांच के लिए बुलाया गया था तथा उसे गांव के नम्बरदार सोहन सिंह व प्यारा सिंह अपने साथ लेकर आए थे । अगले दिन प्रात: जब मख्तार सिंह की पत्नी उसे चाय पिलाने आई तो उसे बुखार था अतः उसकी पत्नी उसे अस्पताल में दिखाने के लिए साथ ले गई । उसने उसे छहर्टा के डाक्टर स्वर्ण सिंह को दिखाया जिन्होंने उसकी पत्नी को सलाह दी कि बुखार बहुत ज्यादा है अतः उसे अस्पताल में दाखिल करा दिया जाए


## ट्रांसपोर्ट कांट्रैक्टर्स

आपका भारी से भारी माल जैसे मशीनरी, कन्टेनर्स, ब्वायलर्स, टैंक्स, क्रेन्स, बुलडोज़र, गर्डर, चैनल्स आदि को समस्त महाराष्ट्र, गुजरात तथा उत्तर भारत के किसी भी स्टेशन से समस्त भारत के किसी भी स्टेशन तक हमारे हैवी ट्रेलर्स, ट्राले तथा ओपन ट्रकों द्वारा सुरक्षापूर्वक तथा किफायती भाड़े पर ले जाने के लिये कृपया हमसे निम्न पते पर सम्पर्क करें :

## जे.पी. रोडलाइन्स

39, मेहता चैम्बर्स,
127 ए, कल्याण स्ट्रीट,
बम्बई-400 009.
फोन : 8512018

खन्ना मार्केट,
तीस हजारी
दिल्ली-110 054.
फोन : 237129-2519607.


Punjabi Sanatani

यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक श्री स्वर्ण सिंह ने बताया कि इनमें से तीन उग्रवादी उस समय स्कूटर पर पकड़े गए जब वह गांव सधरांवाली के एक व्यक्ति बलबीर सिंह के घर डाका डालने जा रहे थे ।

इन तीनों उग्रवादियों हरजाप सिंह उर्फ भोला, निवासी पंडोरी निजरां, कुलवन्त सिंह निवासी जगरावां तथा बलबीर सिंह उर्फ बिल्ला निवासी मानक राय को गांव सगरावाली से पकड़ा और उनसे एक 12 बोर की दोनाली बन्दूक, एक 12 बोर पिस्तौल तथा एक 303 पिस्तौल और कुल 25 कारतूस बरामद किए । यह तीनों आधी दर्जन से अधिक लूटमार की वारदातें कर चुके थे और दो स्कूटर छीने थे, जो बरामद किए गए हैं ।

श्री स्वर्ण सिंह के अनुसार चौथा उग्रवादी दलबीर सिंह उर्फ धीरा निवासी माड साहिब गत दिन गिरफ्तार किया गया, उससे एक 32 बोर का रिवाल्वर तथा 7 कारतूस बरामद किए गए ।

## उग्रवादी गिरफ्तार

फिल्लौर (भाखड़ी): स्थानीय थानाध्यक्ष श्री एन.एस. गिल ने बताया कि कल रात पुलिस गश्त के दौरान सी.आई.ए. इंचार्ज स. बलदेव सिंह गोराया ने पुलिस पार्टी के साथ गांव गन्ना पिंड के निकट एक व्यक्ति दलबीर सिंह उर्फ भीरा का पीछा करके गिरफ्तार कर लिया गया । श्री गिल ने बताया कि उक्त व्यक्ति के पास भरा हुआ अवैध 32 बोर का 5 गोली वाला पिस्तौल था व भीरे को पुलिस ने चारों ओर से घेर लिया । जब भीरे ने पुलिस पर वार करने का प्रयत्न किया तो बलदेव सिंह ने भीरे को कहा कि वह चारों ओर से घिर चुका है बेहतर है कि वह अपने आपको पुलिस के हवाले कर दे । अंत में भरसक प्रयत्नों के पश्चात् भीरे ने आत्म-समर्पण कर ही दिया । पूछताछ के दौरान मालूम हुआ है कि भीरा कहीं वारदात करने जा रहा था, लेकिन किसी ने पुलिस को सूचित कर दिया ।

## उग्रवादी नकली पुलिस वर्दी में

स्थानीय थानाध्यक्ष फिल्लौर तहसील के सभी गांवों में ढिंडोरा पिटवाया है कि कोई भी अपना असला किसी नकली इंस्पैक्टर को न दिखाए क्योंकि पुलिस को सूचना मिली है कि कुछ उग्रवादी नकली पुलिस वर्दी पहन कर लोगों के घरों में दाखिल हो कर उनसे असले के लाइसैंस चैक करवाने को कहते हैं ।

हिरासत में लिया था, उसे रात को छोड़ दिया गया । निर्मल सिंह के बारे में जांच जारी है ।

## 4 खतरनाक उग्रवादी पकड़े

कपूरथला (शर्मा): जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. श्री पूर्ण चंद डोगरा और सुपरिंटैंडैंट पुलिस श्री के. एल. लेखी ने बताया कि स्थानीय कोतवाली पुलिस व मुखबरी के आधार पर नाकाबंदी करके चार खतरनाक उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 4 देसी पिस्तौल बरामद किए । इन उग्रवादियों ने चार वारदातों में हाथ होने की बात स्वीकार की है । इन अधिकारियों के अनुसार कोतवाली पुलिस को खबर मिली थी कि कुछ खतरनाक उग्रवादी किसी वारदात के लिए जा रहे हैं । पुलिस ने कांजली पुल के निकट नाकाबंदी करके संदिग्ध हालात में जा रहे तीन उग्रवादियों थाना सुलतानपुर लोधी के मौज़ा नत्थूपुर के बाल सिंह, मौज़ा हरनामपुर के सोहन सिंह और थाना कोतवाली के मौज़ा फत्तूढींगा के गुरमेज सिंह को गिरफ्तार करके उनसे दो पिस्तौल 12 बोर, एक पिस्तौल 303 तथा कारतूस बरामद किए । पूछताछ के दौरान इन उग्रवादियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने दो अन्य साथियों सुबेग सिंह तथा त्रिलोचन सिंह के साथ मौज़ा बोढ़ेवाल थाना सुलतानपुर लोधी के श्री गुलाब राम से पिस्तौल की नोक पर 12.6.86 को पचास हजार रुपए मांगे थे और दो हजार रुपए लेकर वापस चले गए थे । पन्द्रह दिन के बाद रात को दीवार फांद कर श्री गुलाब राय के घर शेष रकम लेने गए तो घरवालों के शोर मचाने पर वे फायर करते हुए भाग गए थे । 19.7.86 को मौज़ा सुर्खपुर में एक ईंटों के भट्ठे के मुंशी से 500 रुपए छीने तथा एक युवक जसवंत सिंह को गोली मार कर घायल करके उसका स्कूटर छीन ले जाने की कोशिश की । इन उग्रवादियों की सूचना पर पुलिस ने सुबेग सिंह को उसके गांव में जाकर एक देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार कर लिया ।

**श्री डोगरा ने दावा किया कि खतरनाक उग्रवादी मनबीर सिंह चहेड़ और तरसेम सिंह कोहाड़ के अतिरिक्त उनके गिरोहों के काफी सदस्यों को गिरफ्तार करने व बड़ी मात्रा में हथियार बरामद करने के बाद पुलिस उन पर हावी है तथा पुलिस पार्टियां, उनके ठिकानों की खोज काफी सक्रियता से कर रही हैं ।**

होशियारपुर (प्रद्युम्न): होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री सुभाष जैन ने कस्बा कोट फतूही की पुलिस चौकी का सारा स्टाफ़ लाईन हाज़िर कर दिया हैं । चौकी के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को लाईन हाज़िर करके उनकी जगह नया स्टाफ भेज दिया गया है । इस संबंध में यह बात उल्लेखनीय है कि गत सप्ताह 2 सशस्त्र उग्रवादियों ने फ़ायरिंग करके पंजाब नैशनल बैंक कोट फतूही शाखा के एक गनमैन सुरेन्द्र कुमार की हत्या कर दी थी, जबकि बैंक के एक चपड़ासी मल्कीयत सिंह को घायल कर दिया था । इस घटना में पुलिस चौकी के कर्मचारियों की लापरवाही की शिकायत पर एस.एस.पी. ने छापा मारा, स्टाफ लाईन हाजिर कर दिया । कस्बे के लोगों का कहना है कि बैंक पर उग्रवादियों के हमले के दौरान पुलिस चौकी का स्टाफ दर्शक बना रहा और देर से घटनास्थल पर पहुंचा ।

## धमकी भरे पोस्टर

धूरी (सिंगला): यहां से 13 किलो मीटर दूर मालेरकोटला में कुछ व्यक्तियों ने शहर से बाहर स्थित कुछ बड़े कारखानों के दरवाज़ों पर धमकी-भरे पोस्टर चिपका दिए हैं जिनमें उन्हें कहा गया है कि या तो वे यमुनानगर चले जाएं या परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें । मोलरकोटला में दो डाक्टर जिन्हें धमकी-भरे पत्र मिले थे, पहले ही यहां से जा चुके हैं ।

## रिवाल्वर बरामद

मालेरकोटला पुलिस ने बुढलाडा के वीरेन्द्र कुमार को गिरफ्तार करके उससे एक रिवाल्वर बरामद कर लिया ।

## बस जलाने का अभियुक्त बंदी

मुकेरियां पुलिस ने दावा किया कि उसने एक ऐसे आतंकवादी को पकड़ा है जोकि जिला होशियारपुर में आठ महीने पहले गांव अम्मा मंगत में पंजाब रोडवेज की एक बस को आग लगाने की घटना में वांछित था । उसका नाम प्रताप सिंह बताया गया है ।

# सम्मेलन आज

फगवाड़ा, 22 अगस्त (कौड़ा) : पंजाब के राजस्व अधिकारियों का राज्यस्तरीय एक सम्मेलन कल 23 अगस्त को लुधियाना में होगा । यह सूचना फगवाड़ा के तहसीलदार श्री सुखविंद्र पाल सिंह ने दी ।

Punjab Sangam

# सिंध में उपद्रव जारी, सेना की फ़ायरिंग से तीन व्यक्ति मरे

## पेशावर व लाहौर में भी प्रदर्शन : जुनेजो ने विपक्षी दलों की बैठक बुलाई

## प्रदर्शनकारियों द्वारा पिस्तौलों, बंदूकों का प्रयोग

इस्लामाबाद, 23 अगस्त (प्रै., भा., यू.): पाकिस्तानी प्रैस के समाचारों के अनुसार कल रात पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने सिंध के आंतरिक भाग में एक गांव को घेर कर लोकतंत्र बहाली मोर्चे (एम.आर.डी.) के तीन वर्करों को गोली मार दी । पाकिस्तान में गत दो सप्ताहों से गड़बड़ जारी है । आठ अन्य वर्कर घायल हो गए ।

रायटर के अनुसार यह गोलीकांड सिंध के तंडो आदम और शाहदादपुर नामक कस्बों के बीच हुआ । पिछले चार दिन की शांति के बाद हिंसा की यह पहली घटना है । पाकिस्तानी फौज का मुकाबला अब निहत्थे नागरिकों के साथ नहीं हो रहा । प्रदर्शन करते वक्त अब नागरिक भी पिस्तौलों और बंदूकों से लैस होते हैं । सिंध में हुई उक्त मुठभेड़ के दौरान फौजियों ने प्रदर्शनकारियों से 22 हथियार भी छीने ।

बेनज़ीर भुट्टो के पैतृक नगर लाड़काना में हुई एक अन्य घटना में एम.आर.डी. नेताओं और वर्करों की रिहाई की मांग कर रहे लोगों पर सेना द्वारा फायरिंग से चार व्यक्ति घायल हो गए । सरकारी तौर पर दंगों में मरने वालों की संख्या 30 बताई गई है ।

कल रात कराची में हुई एक जनसभा में एम.आर.डी. नेताओं ने संघर्ष तब तक जारी रखने की शपथ ली,जब तक जनरल जिया अपदस्थ नहीं हो जाते और 1973 के संविधान के अंतर्गत नए चुनावों का आदेश नहीं दे दिया जाता ।

सिंध असैम्बली में सत्तारूढ़ मुस्लिम लीग के एक सदस्य गुलाम हुसैन उम्र ने आरोप लगाया कि अपनी पहचान दे दिए जाने के बाद भी सैनिकों ने उन्हें मारपीट की । यह घटना लाड़काना के निकट उनके गांव में हुई ।

यहां प्राप्त सूचना के अनुसार हैदराबाद (सिंध) की सबसे बड़ी तहसील हाला को, जो पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी का गढ़ है, सेना के हवाले कर दिया गया है । वहां जुनेजो सरकार के विरुद्ध नारे लगा रहे 10 हजार प्रदर्शनकारियों ने ट्रैफ़िक जाम कर दिया था ।

पंजाब प्रांत से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार एम.आर.डी. वर्करों का एक विशाल जलूस कल लाहौर में निकला, जो बाद में एक रैली में परिवर्तित हो गया । रैली में वक्ताओं ने आशंका प्रकट की कि देश में एक बार फिर मार्शल-ला लगने वाला है । प्रदर्शनकारी सरकार-विरोधी तथा अमरीका-विरोधी नारे लगा रहे थे । उन्होंने सत्तारूढ़ मुस्लिम लीग के झंडे वाली एक इमारत पर पथराव भी किया ।

पेशावर में भी एक बड़ा जलूस निकला और एक जनसभा की गई, जिसमें वक्ताओं ने आरोप लगाया कि जनरल जिया सऊदी अरब हज करने नहीं बल्कि सी.आई.ए. से सलाह लेने गए हैं ।

इसी बीच प्रधानमंत्री जुनेजो ने राष्ट्रीय असैम्बली में विपक्षी ग्रुप के नेताओं की बैठक लाहौर में बुलाई है ताकि देश में सामान्य स्थिति बहाल करने के उपायों पर विचार किया जा सके । विपक्षी ग्रुप के महासचिव ने लाहौर में कहा कि पहले हम परस्पर मिल बैठ कर स्थिति का जायज़ा लेंगे । उसके बाद जुनेजो से बातचीत होगी । अभी यह पता नहीं है कि जुनेजो द्वारा वार्ता के लिए एम.आर.डी. के नेता भी, जो जेल में हैं, आमंत्रित किए जाएंगे या नहीं ।

श्री जुनेजो पहले ही अपनी कीनिया यात्रा रद्द कर चुके हैं । वह हरारे जाते हुए 29 अगस्त को कीनिया रुकने वाले थे । 'मुस्लिम' का कहना है कि सिंध में चल रही गड़बड़ियों के कारण ही प्रधानमंत्री की कीनिया यात्रा रद्द हुई है । फिलहाल नौबत ऐसी नहीं है कि वे अपनी हरारे यात्रा भी रद्द कर दें ।

वाशिंगटन : अमरीका ने हालांकि आधिकारिक तौर पर पाकिस्तान में विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी की आलोचना करते हुए इन्हें रिहा करने की मांग की है, लेकिन अमरीकी दैनिक 'वाल स्ट्रीट जनरल' का कहना है कि अमरीकी अधिकारी निजी तौर पर इस कदम के लिए प्रधानमंत्री जुनेजो की सराहना कर रहे हैं ।

सामान्य रूप से अमरीकी अधिकारियों के करीब और जानकार माने जाने वाले इस पत्र में आज रहस्योद्घाटन किया गया कि इन अधिकारियों ने हिंसक प्रदर्शन पर काबू पाने के लिए श्री जुनेजो द्वारा बेनज़ीर और अन्य विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करने के निर्णय को सही बताया है ।

## *शराब पीने, स्त्रियों के साथ नग्न नृत्य करने में पाक मंत्री बर्खास्त*

*इस्लामाबाद, 23 अगस्त (रायटर): 14 अगस्त को पाकिस्तान के स्वाधीनता दिवस के अवसर पर शराब पीकर महिलाओं के साथ नग्न नृत्य करने के आरोप में उत्तर पश्चिमी सीमा प्रांत के संचार मंत्री मोहम्मद अयूब खान तानोली को बर्खास्त कर दिया गया । मंत्री सहित पांच अधिकारियों व चार महिलाओं ने यह रंगरलियां मनाई थीं ।*

# सुरक्षा पट्टी बनने तक पंजाब में सेना तैनात की जाए

बम्बई, 23 अगस्त (वार्ता): भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लालकृष्ण अडवानी ने मांग की है कि जब तक केंद्र सरकार सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा पट्टी बनाने का मन बनाती है तब तक पंजाब के सीमावर्ती जिलों में सेना तैनात कर दी जाए ।

श्री अडवानी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी की इस मांग का यह आशय नहीं है कि सेना वहां पहुंच कर सब कुछ अपने हाथ में ले ले । उन्होंने कहा कि सीमावर्ती जिलों अमृतसर, गुरदासपुर और फिरोजपुर में आतंकवादियों की गतिविधियों पर रोक लगाने में स्थानीय अधिकारियों की सहायता के लिए वहां सेना को भेज जाना चाहिए ।

श्री अडवानी ने कहा कि केंद्र सरकार को बरनाला सरकार को स्पष्ट निर्देश देने चाहिएं कि वह सरकार प्रशासन और पुलिस तंत्र से ऐसे तत्वों का सफाया करे जो आतंकवादियों के प्रति सहानुभूति रखते हैं ।

उन्होंने कहा कि जो मंत्री आतंकवादियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की सार्वजनिक रूप से निंदा कर रहे हैं उन्हें मंत्रिमंडल से हटा दिया जाना चाहिए । उन्होंने हवाला दिया कि गृहमंत्री बूटा सिंह ने स्वीकार किया है कि बरनाला सरकार राजनीतिक इच्छा शक्ति के साथ आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है ।

श्री अडवानी ने सरकार की आलोचना की कि वह संविधान के अनुच्छेद 249 के तहत सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा पट्टी बनाने के लिए कानून बनाने के मामले में ढुलमुल दृष्टिकोण अपना रही है । उन्होंने कहा कि यह सरकार कमजोर है ।

श्री अडवानी ने कहा कि सरकार देश की एकता और अखंडता जैसे गंभीर मसलों पर भी निर्णय नहीं ले पा रही है । उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार तदर्थवाद का सहारा ले रही है ।

उन्होंने कहा कि सभी सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ हो रही है ।

## दिलीप कुमार के समारोह में दो बम मिले

बम्बई, 23 अगस्त (प्रै.): कल रात उत्तर-पूर्वी बम्बई में षण्मुखानंद हाल में, जहां एक सांस्कृतिक समारोह हो रहा था, दो देसी बम पुलिस ने बरामद किए ।



(1) मृतक जीत कुमार, (2) सोनी, (3) पप्पु, (4) नमिता–ये चारों बच्चे साधु राम शर्मा के हैं, (5) गीता, (6) सुनीता, (7) गणेष,राईस मिल्स की 154 फुट लम्बी तथा 30 फुट ऊंची दीवार, (8) मिल के पीछे स्थित मकान,जिनके नीचे बच्चे दब कर मरे । (छाया : कामरेड)

# मोगा के निकट आतंकवादियों द्वारा तीन कार सवारों की हत्या

## बरेटा में लौंगोवाल हत्याकांड के एक भगौड़े सहित दो आतंकवादी गिरफ़्तार

## तरनतारन में पिस्तौल की नोक पर कार छीन ली

चंडीगढ़, 24 अगस्त (यू.प्र.): पंजाब पुलिस के महानिदेशक तथा पंजाब के राज्यपाल द्वारा राज्य से आतंकवाद लगभग समाप्त हो जाने के दावों को चुनौती देते हुए आज आतंकवादियों ने जिला फरीदकोट में तीन कार सवारों की गोलियां मार कर हत्या कर दी । मृतकों में एक साला, बहनोई तथा कार का ड्राइवर शामिल हैं ।

पिछले मास भी आतंकवादियों ने मुक्तसर के निकट एक बस में सवार 14 व्यक्तियों की हत्या कर दी थी ।

राजपुरा में आज एक मकान के लैटर बाक्स में विस्फोट हुआ, लेकिन कोई क्षति नहीं हुई ।

बरेटा में आज पुलिस ने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया, जिनमें लौंगोवाल हत्याकांड का एक भगौड़ा भी शामिल है ।

तरनतारन दरबार साहब के बाहर खड़ी एक कार पिस्तौल की नोक पर छीन ली गई ।

**तीन हत्याएं**

मोगा (बांसल): आज दोपहर साढ़े 12 बजे मोगा के निकट उग्रवादियों ने मारुति कार में सवार तीन व्यक्तियों की हत्या कर दी । समाचारों के अनुसार मोगा से 43 किलोमीटर दूर संधवां वाला से चिड़क को जाने वाली सड़क पर एक भट्ठा है । आज दोपहर भट्ठा मालिक तरसेम लाल उर्फ मिट्ठू तथा उसका साला मक्खन लाल व मारुति का ड्राइवर कुक्कू दूसरे भट्ठे से किसी को मिलकर जा रहे थे । जब मारुति एक खाल के पुल के निकट पहुंची तो वहां पहले से ही छिपे हुए दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने पुल से बाहर आकर मारुति को रोक लिया तथा फ़ायरिंग करके तीनों की हत्या कर दी ।

पुलिस को ईंटों के भट्ठे से ही टैलीफोन पर सूचित किया गया । पुलिस व सी.आर.पी. के जवान तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे । सारे क्षेत्र की नाकेबंदी कर दी गई ।

मक्खन लाल गिद्दड़बाहा का रहने वाला था । वह आज अपने साथियों के साथ भट्ठा पर तरसेम लाल से मिलने आया था । उसके शेष साथी तो भट्ठा पर ही उतर गए जबकि मक्खन लाल अपने बहनोई तरसेम लाल के साथ मारुति में बैठकर किसी अन्य भट्ठे वाले से मिलने चला गया तथा मारा गया । उग्रवादी वारदात के बाद फ़रार होने में सफल हो गए । गिद्दड़बाहा से 'गोयल' के अनुसार तीनों मृतक गिद्दड़बाहा के रहने वाले थे ।

'सर्वमित्र' के अनुसार मृतकों की मारुति कार का नम्बर आर.एन.आई. 700 है । संदिग्ध आतंकवादी घटनास्थल के करीब झाड़ियों में छिपे हुए थे तथा उन्होंने कार को रोक कर स्टेनगन से गोलियां चला कर तीनों कार सवारों की हत्या कर दी । हमलावरों ने 14 गोलियां चलाईं । इनमें से 12 के खोल मिले हैं, जबकि दो चल नहीं सकीं । पुलिस ने कार के निकट पड़े खोल इकट्ठे कर लिए हैं । तरसेम लाल तथा मक्खन लाल कार की पिछली सीट पर बैठे थे । सारी कार खून से लथपथ हो गई । यह घटना संधवांवाला और बुद्ध सिंह वाला के मध्य हुई ।

इन हत्याओं से पूर्व 2 उग्रवादियों ने मोगा-कोटकपूरा रोड पर एक पैट्रोल पम्प से 3100 रु. लूट लिए ।

**ज़मानत पर रिहा**

इसी बीच सत्र न्यायालय ने अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के जिलाध्यक्ष चमकौर सिंह को ज़मानत पर रिहा कर दिया । चमकौर सिंह को शांति भंग की आशंका में चार जून को गिरफ्तार किया गया था ।

कल समालसर में जो पैट्रोल पम्प लूटने की वारदात हुई थी, उसमें लुटेरे पीले रंग के मोटर साइकल नम्बर पी.ए.क्यू. 3326 पर आए थे । कहा जाता है कि इसी नम्बर का एक पीले रंग का मोटरसाइकल, जोकि बाघा पुराना पुलिस का है, थाना बाघा पुराना में पड़ा है ।

**दो आतंकवादी काबू**

बरेटा से 'सिगला' के अनुसार स्थानीय पुलिस ने काहनगढ़ के निकट दो आतंकवादियों गुरमेल सिंह हलवाड़ा तथा बलदीप कुमार रामपुरा (जो कि कालेज छात्र है) को गिरफ्तार किया । बताया जाता है कि उन्होंने लहरागागा में एक स्कूटर पी.ए.पी. 4425 छीना । इसके बाद दोनों स्थानीय पैट्रोल पम्प पर गए और वहां से पिस्तौल की नोक पर 700 रुपए छीन कर भाग गए । पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची तथा उनका पीछा किया । पुलिस ने गोली भी चलाई तथा उन्हें काबू कर लिया । उनसे लूटे गए रुपए, स्कूटर तथा दो पिस्तौल बरामद हुए । गुरमेल सिंह संत हरचंद सिंह लौंगोवाल हत्याकांड में भगौड़ा घोषित था । एस.पी. श्री चोपड़ा ने बताया कि उनसे पूछताछ की जा रही है ।

पुलिस ने बताया कि संत लौंगोवाल की हत्या का षड्यंत्र भगौड़े अपराधी जरनैल सिंह हलवाड़ा ने गुरमेल सिंह की दुकान पर तैयार किया था । गुरमेल सिंह, जो कि 'नकली डाक्टर' है, की गिरफ्तारी के लिए 50,000 रुपए का ईनाम घोषित था । जरनैल सिंह अभी तक पुलिस के हाथ नहीं लगा ।

एस.एस.पी. एम.पी.एस. औलख ने बताया कि गुरमेल सिंह लौंगोवाल की हत्या के उपरान्त नवम्बर में पाकिस्तान चला गया था और इस वर्ष फरवरी में लौटा था ।

**विस्फोट**

पटियाला (भूषण): यहां से 25 किलोमीटर दूर राजपुरा में ओम प्रकाश क्लाथ मर्चैंट के घर के लैटर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# भारत के और टु

## देश की समूची अंत

नकोदर, 24 अगस्त (गगन): भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा है कि उनकी पार्टी एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए सक्रियता से प्रयत्न कर रही है, आतंकवाद को हमने समाप्त करना है ।

श्री वाजपेयी ने इन विचारों को आज यहां आर्य स्कूल के प्रांगण में आयोजित एक जनसभा में प्रकट

ज
सु
वि
प्र
स
है

Punjabi Sanatani

# उग्रवादियों द्वारा मक्खू थाने पर अंधाधुंध फ़ायरिंग

## जालन्धर में 8 कुख्यात उग्रवादी गिरफ़्तार

## कोहार का साथी जीता भी बटाला में पकड़ा गया

चंडीगढ़, 28 अगस्त (यू.): उग्रवादियों ने पंजाब के मक्खू थाने पर हमला करके आधा घंटा तक थाने पर धुआंधार फ़ायरिंग की । मक्खू क्षेत्र में उग्रवादियों व पुलिस में मुठभेड़ भी हुई ।

पुलिस ने गुरदासपुर जिले में खालिस्तान लिबरेशन फ़ोर्स के स्वयंभू जरनल तरसेम सिंह कोहार के लैफ्टिनैंट हरजीत सिंह उर्फ़ जीता को गिरफ्तार कर लिया ।

**थाने पर हमला**

अमृतसर से मिली एक सूचना के अनुसार ट्रक में सवार कथित आतंकवादियों के एक दल ने रात में मक्खू थाने पर हमला बोल कर गोलियां चलाईं । थाने में उपस्थित पुलिस-कर्मी अपना मुकाबला नहीं कर पाए ।

सूचना पाकर केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के जवानों से भरे दो गश्ती वाहन मौके पर पहुंचे तो आतंकवादियों की ओर से उन पर भी गोली चलाई गई ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आतंकवादियों ने मोर्चाबंदी कर आधा घंटे तक गोलीबारी की और भागने में सफल रहे ।

इस घटना के बाद केंद्रीय रिज़र्व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मक्खू पहुंचे और हमलावरों की तेजी से खोज शुरू हो गई । सुरक्षा बलों ने मक्खू इलाके और उसके आसपास के गांवों में आतंकवादियों की पनाहगाहों पर छापे मारे और कई मकानों की तलाशी ली ।

कोई आतंकवादी पकड़ा गया या नहीं यह पता नहीं चल सका, लेकिन सुरक्षा बलों द्वारा एक दर्जन व्यक्तियों को हिरासत में लेने की खबर है ।

**उग्रवादी बंदी**

बटाला की एक सूचना के अनुसार उग्रवादी हरजीत सिंह को आज सवेरे पकड़ा गया । 12 अगस्त को खालिस्तान मुक्ति फौज के स्वयंभू जरनल कोहाड़ की गिरफ्तारी के बाद उसके गिरोह का यह उन्तीसवा सदस्य पकड़ा गया है । यह एक छः सदस्यीय आतंकवादी गुट का सदस्य है और लूट, डकैती, हत्या की अनेक वारदातों में पुलिस को इसकी तलाश थी ।

कोहाड़ के अनुसार सदर पुलिस बटाला ने तरसेम सिंह कोहार ग्रुप के एक अन्य आतंकवादी को गिरफ्तार करने का दावा किया है । एस.एस.पी. गुरदासपुर श्री जे.पी. विरदी ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि इस आतंकवादी की शिनाख्त गांव संगरावां के हरजीत सिंह उर्फ़ जीता के रूप में की गई है । उसने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान स्वीकार किया है कि उसने 21 मई, 1986 को गांव हरपुरा के आढ़ती सतपाल की हत्या करने के बाद गांव संगरांवा के प्रीतम सिंह, मोहिंदर सिंह और गांव संदलपुर के निर्मल सिंह से उनकी लाईसैंसी 12 बोर की 3 दोनाली बंदूकें छीनी थीं । श्री विरदी के अनुसार इसके तीन साथी त्रिलोचन सिंह, परमजीत सिंह और जसविंदर सिंह जस्सा पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं । छः सदस्यीय गिरोह के अन्य दो साथियों की गिरफ्तारी शीघ्र सम्भावित है । हरजीत सिंह ने यह भी स्वीकार किया कि उनके गिरोह का नेतृत्व कोहार करता था ।

श्री विरदी ने बताया कि जीता ने चार मई को [illegible]वाल ग्राम में तीर्थ राम, धर्मपाल, कश्मीरी लाल व शिव कुमार की हत्या की थी ।

तरसेम सिंह कोहार तथा सुखदेव सिंह ने पाकिस्तान के साथ अपने संबंध स्वीकार कर लिए हैं ।

**पुरस्कार दिये**

फगवाड़ा (खोसला): भारतीय जनता पार्टी पंजाब के उपप्रधान चौधरी स्वर्णा राम ने एक ब्यान में पंजाब सरकार से मांग की है कि बहराम के उन लोगों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाए जिन्होंने अपने आपको खतरे में डाल कर उग्रवादियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है । भाजपा नेता ने कहा कि बहराम के लोगों ने उग्रवादियों की ओर से एक दुकान को लूटने की कोशिश असफ़ल बना दी । इसी प्रकार 25 अगस्त को जब उग्रवादियों ने पैट्रोल पम्प को लूटने की कोशिश की तो देहातियों ने पीछा करके उन्हें खेतों में जा पकड़ा ।

श्री स्वर्णा राम ने कहा कि पैट्रोल पम्प के उस कर्मचारी को भी पुरस्कार दिया जाए जिसने अपने जीवन की परवाह न कर कैश लुटने से बचालिया ।

**आठ उग्रवादी बंदी**

जालंधर (यू.प्रै.): पुलिस ने उग्रवादियों के दो गिरोहों के आठ दुर्दांत उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके पास से पांच देसी पिस्तौलें, एक हथगोला, कारतूस बरामद किए । इनमें दिलबाग सिंह, धर्म सिंह, परमजीत सिंह, कुलदीप सिंह, सुरेंद्र सिंह, अमरीक सिंह, राम प्रकाश, निर्मल सिंह शामिल हैं । कुलदीप सिंह ने तीन मार्च को अपने पिता महंगा सिंह की हत्या की थी ।

**पुलिस द्वारा छापे**

चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' के अनुसार कल रात पुलिस ने यहां 1 धर्मस्थल और इसके दो प्रबंधकीय अधिकारियों के घर छापे मारे लेकिन कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई । उक्त अधिकारियों ने छापों के विरुद्ध प्रोटैस्ट किया है ।

नकोदर (गगन): नकोदर पुलिस ने श्रीमती शीला देवी के 18 तोले आभूषण व कैमरे सहितएक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया ।

## पुनर्गठन पर ज़ोर

लिए सजग रहना चाहिए और उन अलगाववादी ताकतों के इरादों को नाकाम बनाने के लिए सक्रिय होना चाहिए, जो अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए देश को तोड़ना चाहती है ।

प्रधानमंत्री राजीव गांधी राष्ट्रीय एकता परिषद् की स्थायी समिति के अध्यक्ष होंगे ।

बाबू जगजीवन राम के निधन के बाद समिति का अध्यक्ष पद रिक्त हो गया था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

## चंडीगढ़ व दिल्ली प्रशासन से भजन लाल की सुरक्षा का अनुरोध

चंडीगढ़, 28 अगस्त (सागर): हरियाणा सरकार ने चंडीगढ़ प्रशासन व दिल्ली प्रशासन से

अनुसार सुरक्षा उपलब्ध कराने में मुश्किल पेश आ

Punjabi Sanatani

# वैद्य के हत्यारे रणजीत, बलजीत, सुक्खी तीनों जिला लुधियाना के

लुधियाना, 28 अगस्त (धीमान) : महाराष्ट्र पुलिस ने भू.पू. आर्मी चीफ़ जनरल ए.एस. वैद्य के हत्यारों के रूप में महाराष्ट्र पुलिस ने लुधियाना जिले के तीन उग्रवादियों रणजीत सिंह, जिसके पिता रिटायर्ड निदेशक हैं, बलजीत सिंह उर्फ़ बिट्टू और सुखविंदर सिंह उर्फ़ सुक्खी की शिनाख्त की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार यही तीनों उग्रवादी तत्कालीन एस.एस.पी. श्री पांडे की हत्या के प्रयास में कथित रूप से संलिप्त थे। तभी से वह गिरफ्तारी से बचने के लिए भाग-दौड़ कर रहे थे। सूत्रों ने बताया कि 'क्लीन शेव' होने के बाद यह तीनों बम्बई और महाराष्ट्र में बैंक डकैतियों और अन्य अपराधों में लिप्त रहे। वह हरजिंदर सिंह उर्फ़ जिंदा, जिसके सिर पर एक लाख रु. का ईनाम है, के साथ मिलकर कई जाली नामों से अपने कामों में लिप्त रहे। यह लोग कथित रूप से बम्बई की 6 बैंक डकैतियों, बम्बई के ही एक सब-इंस्पैक्टर तथा राजस्थान के एक डी.एस.पी. की हत्या में भी संलिप्त रहे हैं।

Punjabi Sanatani

## मक्खू थाने पर हमला

(पृष्ठ 3 का शेष)

हमलावर का मुंह नंगा हो जाने से उसको पहचान लिया गया । अभियुक्तों और घायलों में बिजली के पोल जमीन में लगाने के संबंध में झगड़ा हुआ बताया जाता है । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है जबकि अभियुक्त फरार है ।

### उग्रवादी द्वारा आत्मसमर्पण

पटियाला (भूषण): आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (भाई मंजीत सिंह खुड्डा) के नेता अमरीक सिंह, जो गांव लंग का निवासी है, ने आज सी.आई.ए. पुलिस के सामने समर्पण कर दिया । वह उग्रवादी गतिविधियों के संबंध में पुलिस को वांछित था ।

### एक लाख और लाल झंडा

होशियारपुर (प्रद्युम्न): बस्सी कलां के एक व्यापारी को दशमेश रेजीमैंट की ओर से एक व्यापारी सुदर्शन लाल को पत्र मिला है कि एक लाख रुपए हमारे हवाले कर दो वर्ना परिणाम भुगतने के लिए तैयार हो जाओ । उल्लेखनीय बात यह है कि उसके नाम चिट्ठी में लिखा गया है कि अगर रुपया देने के लिए तैयार हो तो अपने मकान पर लाल रंग का झंडा लगा देना जो सड़क से नजर आए ।

Punjabi Sanatani

# मुक्तसर हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त रमन सिंह वायरलैस सहित काबू

## 5 हत्याओं में वांछित प्रद्युम्न सिंह सहित 8 उग्रवादी जिला अमृतसर में गिरफ्तार, 6 अन्य द्वारा आत्म-समर्पण

# गिद्दड़पिंडी, कबीरपुर में सुरक्षा बलों की चौकियों पर हमला

## 4 घायल जवानों को ले जा रहे ट्रक पर पुन: फ़ायरिंग, 'तत खालसा' ने जिम्मेदारी ली

चंडीगढ़, 29 अगस्त (वार्ता): पंजाब में पिछले चौबीस घंटों के दौरान कथित आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की दो चौकियों पर हमले किए, जिसमें चार जवान घायल हो गए । इन हमलों की जिम्मेदारी 'तत खालसा' ने अपने ऊपर ली है ।

मुक्तसर बस यात्री हत्याकांड के एक अभियुक्त रमन सिंह को नाकेबंदी के दौरान कोटकपूरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।

फरीदकोट जिले में आज सवेरे चार बजे एक कथित आतंकवादी पकड़ा गया । उसके पास से भारी मात्रा में गोली-बारूद और एक स्कूटर ज़ब्त किया गया ।

अमृतसर के एस.एस.पी. इज़हार आलम ने बताया कि पुलिस हिरासत से भागे गुरमुख सिंह और जंगधीर सिंह सहित 8 उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि छ: अन्य ने उनके आगे आत्मसमर्पण कर दिया है । प्रद्युम्न सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है जिसने 5 व्यक्तियों की हत्या करना स्वीकार किया है ।

बी.एस.एफ. से हुई मुठभेड़ों में दो पाक घुसपैठिए मारे गए ।

समराला के निकटवर्ती गांवों जसपालों, नीलोखुर्द और रायपुर में तीन शराब के ठेके लूट लिए गए ।

**चौकियों पर हमला**

जालंधर (वा.): कथित आतंकवादियों ने कल आधी रात को ब्यास नदी के किनारे के 70 किलोमीटर लम्बे आतंकवादी प्रभावित 'मंड' क्षेत्र में गिद्दड़पिंडी और कबीरपुर चौकियों पर हमला कर सीमा सुरक्षा बल के चार जवानों को घायल कर दिया । गिद्दड़पिंडी में सीमा सुरक्षा बल और कबीरपुर में केंद्रीय रिज़र्व पुलिस की चौकियां हैं । घायलों के नाम बलविंदर सिंह, दलबीर सिंह, लछमन राय और धर्म सिंह हैं । तीन की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है । चौथे की छाती में गोली लगी है । सीमा सुरक्षा बल और पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि पहला हमला आधी रात के बाद जालंधर-कपूरथला सीमा पर गिद्दड़पिंडी गांव के निकट की चौकी पर किया गया । सीमा सुरक्षा बल के चार जवानों को गोलियां लगीं । यह पता नहीं चल सका कि कोई उग्रवादी भी घायल हुआ है या नहीं ।

सूत्रों के अनुसार सम्भवत: इसी दल ने, जिसमें चार-पांच आतंकवादी थे, कबीरपुर गांव के एक पशु चिकित्सालय में स्थित केंद्रीय रिज़र्व पुलिस की स्थायी चौकी पर हमला किया । प्रथम चौकी से कबीरपुर चौकी छ: किलोमीटर दूर है । हमला सवेरे तीन बजे हुआ ।

उग्रवादियों की संख्या 4 या 5 थी और लगभग 20 मिनट तक गोलीबारी जारी रही । प्रै.ट्र. के अनुसार उग्रवादी पैदल आए थे । उग्रवादियों ने जिम्मेदारी लेने वाला पर्चा एक वृक्ष के ऊपर चिपकाया था ।

दूसरे हमले में कोई घायल नहीं हुआ । सूत्रों के अनुसार सम्भव है कि कबीरपुर के जवान रात्रि की नीरवता में पहले हमले की गोलियों की आवाज़ सुनकर सतर्क हो गए हों । हमलावर मंड क्षेत्र की ओर भाग गये ।

सूत्रों ने कहा कि लगता है कि हमले में 303 बोर की राइफलों का इस्तेमाल किया गया । कबीरपुर गांव में हमले की जगह से 303 बोर के 26 खाली कारतूस मिले हैं ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

### सीमा पर मुठभेड़ों में मरने वालों की आंखें नेत्रहीनों को ?

अमृतसर, 29 अगस्त (प्रै.): भारत-पाक सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मरने वालों की आंखें नेत्रहीनों के लिए सम्भवत: नेत्र बैंकों को दे दी जाएंगी । इस आशय के प्रस्ताव का कानूनी रूप से अध्ययन किया जा रहा है । यह बात आज यहां सीमा सुरक्षा बल के एक प्रवक्ता ने बताई है ।

# राष्ट्रीय राजधानी विकास योजना मसौदे को स्वीकृति

नई दिल्ली, 29 अगस्त (वार्ता): राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए विकास योजना के मसौदे को आज मंजूरी दे दी गई ।

दिल्ली के आस-आस के क्षेत्रों की आबादी 2001 ईसवी तक एक करोड़ 12 लाख तक समिति रखने के उद्देश्य से बनाई गई उस योजना की स्वीकृति राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड की बैठक में दी गई ।

बैठक की अध्यक्षता शहरी विकास मंत्री अब्दुल गफूर ने की ।

श्री गफूर ने सदस्यों को बताया कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च अधिकार प्राप्त समिति के गठन की मंजूरी दे दी है । यह समिति सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के वैसे कार्यालयों का पता लगाएगा जिनका दिल्ली में स्थित

### सीमा चौकियां हाट लाईन से जुड़ेंगी

अमृतसर, 29 अगस्त (प्रै.): अमृतसर और गुरदासपुर क्षेत्रों में भारत-पाक सीमा सुरक्षा बल की

# गुजरात बंद को अ

अहमदाबाद, 29 अगस्त (वा.): भारतीय जनता पार्टी तथा कुछ हिन्दू संगठनों के गुजरात बंद के आह्वान को आज पूरे राज्य में आंशिक सफलता मिली है ।

यहां पुलिस नियंत्रण कक्ष को मिली रिपोर्ट के अनुसार बंद शांतपूर्ण रहा और उसे 40 प्रतिशत सफलता मिली । पूरे राज्य में यातायात सामान्य रहा और राज्य तथा केंद्र सरकार के कार्यालयों में सामान्य ढंग से कार्य हुआ ।

बंद का आह्वान अहमदाबाद के अद्वैत आश्रम

Punjabi Sanatani

और छिदर सिंह हैं । श्री आलम ने बताया कि गत एक सप्ताह के दौरान जिला अमृतसर के छः ऐसे युवकों ने उनके सामने आत्मसमर्पण किया है, जो काफी समय से अपने घरों से भागे हुए थे और पुलिस को इनके घरों से भगौड़े होने पर उनकी तलाश थी । इन भगौड़े युवकों के नाम संतोख सिंह, निवासी शहीद ऊधम सिंह नगर अमृतसर, शिव देव सिंह, निवासी लोपोके, मान सिंह उर्फ करतार सिंह और बोहड़ा सिंह (दोनों गांव रत्तोके), जसपाल सिंह गांव ठठी खेड़ा और जगतार सिंह गांव जंड थाना वल्टोहा बताए गए थे ।

श्री आलम ने बताया कि इन आत्मसमर्पण करने वालों ने कहा है कि वह अपने इस प्रकार के जीवन से ऊब गए हैं और अब वह सम्भ्रांत नागरिकों की तरह जीवन व्यतीत करना चाहते हैं ।

श्री आलम ने बताया कि इन युवकों की इस प्रकार की इच्छा को देखते हुए इन सभी छः को उनके घरों में भेज दिया गया है । श्री आलम के अनुसार इन युवकों ने भविष्य में किसी प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधियों में भाग न लेने का भी संकल्प लिया है ।

श्री आलम ने बताया कि संतोख सिंह आई.टी.आई. का छात्र है । बोहार सिंह मैट्रिक पास है तथा जगतार सिंह भूतपूर्व सैनिक है । श्री आलम ने बताया कि इन युवकों में कोई भी किसी आतंकवादी घटना में वांछित नहीं था । इनमें से कुछ युवकों के आतंकवादियों से सम्बन्ध जरूर थे अथवा हैं । एस.एस.पी. ने बताया कि जगतार सिंह, मान सिंह तथा बोहार सिंह तीनों ने इकट्ठे ही आत्मसमर्पण किया, जबकि अन्य तीनों ने बाद में एक-एक करके आत्मसमर्पण किया ।

गुरमुख सिंह के अतिरिक्त अन्य सातों आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है । उनके नाम जंगधीर सिंह, गुरमैल सिंह, सरबजीत सिंह, प्रद्युम्न सिंह, जसवंत सिंह, सतनाम सिंह और शिदर सिंह हैं ।

आतंकवादियों के पास से कोई हथियार या गोला बारूद बरामद नहीं हुआ है । लेकिन, सरहाली पुलिस ने सतनाम सिंह और शिदर सिंह से एक चोरी का स्कूटर बरामद किया है ।

अमृतसर पुलिस ने भिखीविंड ग्राम के निर्मल सिंह व सिमरन सिंह को एक रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

### लौंगोवाल का हत्यारा गिरफ्तार नहीं

भटिंडा पुलिस ने इस समाचार का खंडन किया है कि संत लौंगोवाल के मुख्य हत्यारे जरनैल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

बल के जवानों ने कल कलानौर पुलिस थाने के अंतर्गत वडाला बंगर गांव में अखिल भारतीय सिख छात्र फैडरेशन के एक कुख्यात कार्यकर्ता पलविंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया ।

### पुलिस अधिकारियों की बैठक

मोगा (बंसल): पंजाब के पुलिस महानिदेशक (आप्रेशन) श्री डी.एस. मांगट ने फिरोजपुर रेंज के डी.आई.जी. तथा अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक में जिला फिरोजपुर, फरीदकोट तथा भटिंडा जिलों की कानून व्यवस्था की स्थिति पर विचार-विमर्श किया । बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री मांगट ने कहा कि पुलिस इस समय उग्रवादियों की धर-पकड़ के लिए पूरी तरह दृढ़ संकल्प है तथा इस संबंध में किसी प्रकार की

क्योंकि मैं सिखों से मिल गया हूं । पहले मैं वकील हूं बाद में राजनीतिज्ञ हूं । इसी वजह से वकील की तरह सोचता हूं । संविधान के उपदेश को अपना धर्म मानता हूं ।

उन्होंने कहा कि संविधान का पहला उपदेश है देश में लोकशाही हो और लोकशाही में हत्या नहीं की जाती, बल्कि सुरक्षा की जाती है ।

श्री जेठमलानी ने कहा कि लोकशाही का हामी भरने वाला कभी आतंकवाद नहीं हो सकता । आतंकवाद को अगर खत्म नहीं किया गया तो यह देश के लिए नासूर बन जाएगा । उन्होंने कहा कि जब तक हिन्दू सिख इकट्ठा नहीं होंगे, पंजाब से आतंकवाद खत्म नहीं होगा । उन्होंने कहा कि यह एक आसान मामला था लेकिन राजीनीतिज्ञों ने उसे पेचीदा बनाया है । पंजाब के गांवों में आज भी हिन्दू


उत्तर-प

जबकि उत्तर-पश्चिमी-सर्कल के
पुनरीक्षण निम्न कालम 'ए' में लिखे क्षेत्र

| क्रमांक | एक्सचेंज सिस्टम का नाम | का स्थ |
|---|---|---|
| 1. | खन्ना टैलिफोन एक्स-चेंज सिस्टम | वत ख से आ |
| 2. | मंडी गोबिन्दगढ़ टैलिफोन एक्सचेंज सिस्टम | वत मं से अं है |

जबकि इंडियन टैलिग्राफ रूल्स 195
प्रभावित अथवा सम्भावित रूप से प्रभावित
तिथि से 30 दिनों के अंदर-अंदर कोई अ
अतः सभी संबद्ध व्यक्तियों को यह आ
30 दिनों के अंदर-अंदर, डायरैक्टर टैलि
अंदर किसी व्यक्ति से आपत्तियां/सुझाव प्र
अधिसूचित किये जाने से पहले, विचार कि

D/II/77/28.8.86


Punjabi Sanatani

## उग्रवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

हिरासत से छुड़ाकर पाकिस्तान भाग गया था ।

**अभी तक का लेखा जोखा**

सरकारी सूत्रों के अनुसार 'ए' श्रेणी के 38 में से 7 उग्रवादी मारे गए और 6 पकड़े जा चुके हैं । 108 'बी प्लस' श्रेणी के उग्रवादियों में से 45 गिरफ्तार हो चुके हैं और आज मुकाबले में दो और के मारे जाने के बाद इनकी संख्या 47 हो गई है । 'बी' श्रेणी के 315 उग्रवादियों में से 92 गिरफ्तार हो चुके हैं ।

अभी तक गुरदासपुर में 92 लोगों ने पुलिस के सामने आत्म समर्पण किया है जिनमें से 90 को रिहा कर दिया गया ।

कादियां में जसवंत सिंह जस्सा के घर से दर्शन सिंह, गुरपेज सिंह, मंगल सिंह नामक तीन उग्रवादी गिरफ्तार किए गए । जस्सा को भी पकड़ लिया गया है ।

**जांच की मांग**

'संधी' के अनुसार बागी अकाली नेता सुखजिंदर सिंह ने आज की मुठभेड़ की हाई कोर्ट के वर्तमान जज से जांच कराए जाने की मांग की है ।

**अपनी ही गोली से मरा**

अमृतसर (भाषा): सत्तारूढ़ अकाली दल के सलाहकार ब्रिगेडियर (सेवा निवृत्त) मोहिंदर सिंह के पुत्र श्री सुरिंदर पाल सिंह की कल रात अपने ही रिवाल्वर से अचानक गोली चल जाने के कारण शास्त्री नगर स्थित निवास में मृत्यु हो गई । पुलिस के अनुसार 35 वर्षीय सुरिन्दर पाल सिंह अपनी नई खरीदी हुई रिवाल्वर को खोलने का प्रयास कर रहे थे कि गोली उनके सिर पर लग गई । उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

'अ.सो.' के अनुसार श्री महेंद्र सिंह शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की टास्क फोर्स के इंचार्ज हैं और गोली लगने से सुरिन्दर सिंह घायल हो गया था, जिसकी अस्पताल में मृत्यु हुई ।

**बंदूक सहित आतंकवादी काबू**

एस.पी. सिटी हरिकृष्ण सिंह काहलों ने बताया कि सी.आई.ए. स्टाफ पट्टी ने एक आतंकवादी विरसा सिंह को एक अमरीका में निर्मित एक 12 बोर की बंदूक सहित गिरफ्तार कर लिया । यह बंदूक डेढ़ माह पहले थाना हरिके के गांव चम्बा से विरसा सिंह और उसके साथियों वीरा सिंह गांव धुन्न, गेजा सिंह, गांव धुन्न और एक निहंग ने छीनी थी ।

**कई जगह छापे**

श्री काहलों ने बताया कि पुलिस ने निकटवर्ती लगभग आधा दर्जन गांवों में आतंकवादियों के छिपने के संदिग्ध अड्डों पर छापे मारे, लेकिन कोई गिरफ्तारी नहीं हुई । वेरका, सुल्तानविंड, पट्टी, तरनतारन, खालड़ा और मढ़ी मेघा में एक दर्जन स्थानों पर छापे मारे गए । कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया, लेकिन शीघ्र ही छोड़ दिया गया ।

श्री काहलों ने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादी का नाम वीरा सिंह रोम है । धुन गांव के इस आतंकवादी के पास से चोरी की अमरीका निर्मित बारह बोर की एक बंदूक बरामद हुई है ।

अपने तीन अन्य साथियों के साथ इसने यह बंदूक करीब 45 दिन पहले चंबा गांव से चुराई थी ।

गुरुद्वारा सिंह सभा के पीछे बम जैसी वस्तु का विस्फोट होने के बाद क्षेत्र में आतंक फैल गया । एक टाईपिस्ट राज कुमार द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार एक बम जैसी वस्तु से विस्फोट से पूर्व धुआं निकला । पुलिस ने घटनास्थल से कुछ सामान बरामद किया है, जिसमें मिट्टी के तेल से भिगोए गए कुछ कपड़े के टुकड़े शामिल हैं ।

इसी बीच गुरुद्वारा सिंह सभा में पुलिस द्वारा कथित रूप से प्रवेश कर सिख छात्र संघ के कार्यालय की तलाशी लिए जाने की आलोचना की गई है ।

**स्कूटर छीना, फायरिंग**

पटियाला से 'भूषण' की सूचना के अनुसार कल रात लगभग नौ बजे दो उग्रवादियों ने राजिंद्रा अस्पताल के साईकल स्टैंड से एक व्यक्ति प्यारे लाल का स्कूटर छीन लिया । सत पाल नामक व्यक्ति ने जब उनका पीछा करने की कोशिश की तो वह गोलियां चलाते हुए भाग गए । सतपाल के कंधे में गोली लगी है । इस घटना के लिए अपर्याप्त सुरक्षा प्रबन्धों को दोषी समझा जा रहा है ।

**हथगोले बरामद**

भटिंडा (प्रै.): जिला पुलिस ने कल रात मलखर सिंह गांव मेसर खाना को गिरफ्तार करके उससे एच.ई. 36 किस्म के दो हथगोले बरामद किए । पुलिस ने केस दर्ज करके पूछताछ शुरू कर दी है ।

**सोए हुए कर्मचारी की हत्या**

जालंधर (सौमी): आज प्रात: यहां होशियारपुर रोड पर लम्बा पिंड के निकट कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक दुकान के कर्मचारी मुखत्यार अहमद की हत्या कर दी । वह दुकान के बाहर सोया हुआ था । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

**स्कूटर छीन लिया**

बाघा पुराना (ज्ञान): आज दो सशस्त्र आतंकवादियों ने पंज गराईं के पास एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर, जिसका नं. पी.यू.के. 2454 है, छीन लिया । आतंकवादी भागने में सफल हो गए । पुलिस कार्रवाई कर रही है ।

**कार में आतंकवादी** : गत रात लगभग 12 बजे बाघा पुराने में कुछ सशस्त्र आतंकवादी देखे गए । वे एक कार में आए तथा मोहल्ले में चले गए । मोहल्ले के लोगों के शोर मचाने पर वे वहां से भाग गए । पुलिस के पहुंचने तक वे काफी दूर निकल चुके थे ।

मोगा, (वार्ता): फरीदकोट पुलिस ने पिछले रविवार को मोगा के निकट तीन कार सवारों की हत्या करने वाले आतंकवादी गिरोह के सरगना की पहचान करने का दावा किया है ।

फरीदकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज कहा कि कार हत्याकांड के वास्तविक अभियुक्त अगले कुछ दिन में पकड़े जाने की पूरी उम्मीद है ।

पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक (आप्रेशन) डी.एस.मांगट ने कल बुधसिंह वाला गांव के निकट उस जगह का निरीक्षण किया जहां कथित आतंकवादियों ने कार सवारों को गोली मारी थी । बाद में श्री मांगट ने मोगा में पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में फरीदकोट जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा की तथा दो दिन पूर्व एक पुलिस थाने पर कथित आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध गोली चलाने पर भी विचार-विमर्श किया ।

इस बीच जगराओं पुलिस ने दो कट्टर

Punjabi Sanatani

घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

'अ.सो.' के अनुसार श्री महेंद्र सिंह शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की ट्रास्क फ़ोर्स के इंचार्ज हैं और गोली लगने से सुरिन्दर सिंह घायल हो गया था, जिसकी अस्पताल में मृत्यु हुई ।

**बंदूक सहित आतंकवादी काबू**

एस.पी. सिटी हरिकृष्ण सिंह काहलों ने बताया कि सी.आई.ए. स्टाफ पट्टी ने एक आतंकवादी विरसा सिंह को एक अमरीका में निर्मित एक12 बोर की बंदूक सहित गिरफ्तार कर लिया । यह बंदूक डेढ़ माह पहले थाना हरिके के गांव चम्बा से विरसा सिंह और उसके साथियों वीरा सिंह गांव धुन्न, गेजा सिंह, गांव धुन्न और एक निहंग ने छीनी थी ।

**कई जगह छापे**

श्री काहलों ने बताया कि पुलिस ने निकटवर्ती लगभग आधा दर्जन गांवों में आतंकवादियों के छिपने के संदिग्ध अड्डों पर छापे मारे, लेकिन कोई गिरफ्तारी नहीं हुई । वेरका, सुल्तानविंड, पट्टी, तरनतारन, खालड़ा और मढ़ी मेघा में एक दर्जन स्थानों पर छापे मारे गए । कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया, लेकिन शीघ्र ही छोड़ दिया गया ।

श्री काहलों ने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादी का नाम वीरा सिंह रोम है । धुन गांव के इस आतंकवादी के पास से चोरी की अमरीका निर्मित बारह बोर की एक बंदूक बरामद हुई है ।

अपने तीन अन्य साथियों के साथ इसने यह बंदूक करीब 45 दिन पहले चंबा गांव से चुराई थी ।

**विस्फोट से आतंक**

राजपुरा (भोला, भूषण): आज तड़के यहां


## ट्रक चोरी हो गया

हमारा ट्रक नं. PJI-9077, टाटा-1983 माडल, गिल रोड, लुधियाना से 26-27 अगस्त 1986 की रात को चोरी हो गया । इसकी रिपोर्ट पुलिस चौकी नं. 6 में दर्ज है । जिस किसी को इस ट्रक बारे पता चले, कृपया पुलिस चौकी नं. 6 या निम्न पता पर सूचि.. करें ।

**जगजीत कुमार, मालिक ट्रक**
**176-मेजर गुरदियाल सिंह रोड, सिविल लाइन्स, लुधियाना ।**


और जबली डायरैक्टर-वीरेंद्र और

आतंकवादियों ने पंज गराई के पास एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर, जिसका नं. पी.यू.के. 2454 है, छीन लिया । आतंकवादी भागने में सफल हो गए । पुलिस कार्रवाई कर रही है ।

**कार में आतंकवादी** : गत रात लगभग 12 बजे बाघा पुराने में कुछ सशस्त्र आतंकवादी देखे गए । वे एक कार में आए तथा मोहल्ले में चले गए । मोहल्ले के लोगों के शोर मचाने पर वे वहां से भाग गए । पुलिस के पहुंचने तक वे काफी दूर निकल चुके थे ।

मोगा, (वार्ता): फरीदकोट पुलिस ने पिछले रविवार को मोगा के निकट तीन कार सवारों की हत्या करने वाले आतंकवादी गिरोह के सरगना की पहचान करने का दावा किया है ।

फ़रीदकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज कहा कि कार हत्याकांड के वास्तविक अभियुक्त अगले कुछ दिन में पकड़े जाने की पूरी उम्मीद है ।

पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक (आप्रेशन) डी.एस.मांगट ने कल बुधसिंह वाला गांव के निकट उस जगह का निरीक्षण किया जहां कथित आतंकवादियों ने कार सवारों को गोली मारी थी । बाद में श्री मांगट ने मोगा में पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में फरीदकोट जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा की तथा दो दिन पूर्व एक पुलिस थाने पर कथित आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध गोली चलाने पर भी विचार-विमर्श किया ।

इस बीच जगराओं पुलिस ने दो कट्टर आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 455 बोर के दो रिवाल्वर व कुछ कारतूस बरामद किए ।

**दो सिपाहियों के हत्यारे बंदी**

लखनऊ (भाषा): बिजनौर जिले की नगीना पुलिस ने गत बृहस्पतिवार को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनके पास से पुलिस से लूटी गई एक राइफल तथा एक मकसट बरामद कर ली है ।

गृह सचिव ने आज उक्त जानकारी देते हुए संवाददाताओं को बताया कि गिरफ्तार आतंकवादी अमृतसर जिले के रहने वाले हैं ।

उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि इन्हीं आतंकवादियों ने कुछ समय पूर्व नैनीताल जिले के जसपुर थाने के दो सिपाहियों की हत्या कर राइफलें छीन ली थीं ।

**पाक घुसपैठी गिरफ्तार**

राजकोट (भा.): सीमा सुरक्षा संगठन के जवानों ने कल कच्छ के रण में कुरैन चौकी के निकट भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहे एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस के अनुसार जांच पड़ताल जारी है ।

Punjabi Sanatani

# रिश्वत में मारुति कार

चंडीगढ़, 30 अगस्त (परवाना): बागी अकाली दल के वरिष्ठ विधायक जगदेव सिंह संधु ने यह सनसनीपूर्ण रहस्योद्घाटन किया कि पंजाब के एक अकाली राज्यमन्त्री ने अपने विभाग के एक ठेकेदार का काम करने के लिए उससे नई मारुति कार रिश्वत के तौर पर प्राप्त की है । अब यह कार जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपए है, इस राज्यमन्त्री के रिश्तेदार इस्तेमाल कर रहे हैं । उन्होंने एक अन्य अकाली मन्त्री के परिवार पोषण का उल्लेख करते हुए कहा कि उसने अपने तीन रिश्तेदारों को अलग अलग मार्केट कमेटियों में उपाध्यक्ष मनोनीत करवा लिया है । इनमें एक उसका भाई, एक साला तथा एक जीजा शामिल है ।

श्री संधु के अनुसार इन तीनों में से किसी ने एक दिन भी अकाली मोर्चे में कैद नहीं काटी हालांकि सत्तारूढ़ अकाली दल ने यह सिद्धांत अपनाया था कि अध्यक्ष व उपाध्यक्ष उसको ही लगाया जाएगा जिसने अकाली मोर्चे में कम से कम तीन मास जेल काटी हो । एक तीसरे मन्त्री





लाम्बड़ा के निकट अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मारा गया ड्राइवर बिशन (बाएं) टैम्पू मालिक कश्मीर लाल उर्फ किशन लाल (मध्य) तथा किशन लाल का बिलखता परिवार (दाएं) । (छाया : प्यारे लाल)

## बरनाला

(पृष्ठ 3 का शेष)

ऐसी पहली रैली 7 सितम्बर को फगवाड़ा में होगी ।

श्री बरनाला ने स्पष्ट किया कि जेलों से रिहा किये जाने वाले युवकों को सरकारी नौकरियों में अन्यों के मुकाबले पर प्राथमिकता मिलेगी ।

श्री बलवंत सिंह ने चेतावनी दी कि यदि 'पंथक' सरकार का पतन हो गया तो नवम्बर के दंगा पीड़ितों और जेलों से रिहा हुए युवकों को दी जा रही सभी सुविधाएं बंद हो जाएंगी ।

श्री बलवंत सिंह ने खालिस्तान के समर्थकों से पूछा कि क्या वे सारे भारत में रहना चाहते हैं या अपने-आपको पंजाब के सात जिलों में सीमित करना

## चौपहिया ले उड़े

(पृष्ठ 3 का शेष)

लगभग आठ साढ़े आठ बजे लोगों ने खेड़ा गांव के निकट ड्राइवर बिन्दर पाल का शव पड़ा देखा जबकि मालिक कश्मीर लाल घायल अवस्था में भागा और सड़क से एक ओर एक फर्लांग तक दौड़ने

# उग्रवादियों द्वारा सी. पी. आई. नेता की हत्या, चार घुसपैठिये मरे

## डेरा बाबा नानक सैक्टर में मारे गए 10 उग्रवादियों में से 8 की शिनाख्त

## पाक रेंजर्स द्वारा उग्रवादियों को 'संरक्षण' देने के लिए फायरिंग

चंडीगढ़, 31 अगस्त (यू.): उग्रवादियों ने आज अमृतसर जिले में एक सी.पी.आई. नेता सुरेंद्र कुमार की हत्या कर दी । सीमांत क्षेत्रों में चार पाक घुसपैठिए सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ों में मारे गए । फिरोजपुर में आज रात्रि उग्रवादियों ने एक आर्य सामाजी नेता के पुत्र को गोली मार कर घायल कर दिया पर भीड़ ने उनमें से एक को पकड़ लिया । गुरदासपुर जिले में चार उग्रवादी गिरफ्तार किए गए ।

**4 पाक घुसपैठिए मारे गए**

सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल ने गत रात्रि में अमृतसर जिले के खेमकरण क्षेत्र में पाकिस्तान से आने वाले 4 घुसपैठियों को मुठभेड़ में मार गिराया ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार कल रात्रि में 5 व्यक्तियों ने खेमकरण क्षेत्र में घुसने का प्रयास किया था । सीमा सुरक्षा बल द्वारा चुनौती दिए जाने पर उन्होंने सुरक्षा बलों के जवानों पर गोली चलानी शुरू कर दी । सुरक्षा बलों की जवाबी फायरिंग में 4 घुसपैठिए घटनास्थल पर ही मारे गए जबकि एक बचकर भाग गया ।

**आर्यसमाजी नेता के पुत्र को गोली मारी**

फिरोजपुर (धी.): आज सायं 7.30 बजे कुछ उग्रवादियों ने सक्रिय आर्य समाजी नेता राम चंद्र आर्य के बेटे सुभाष चंद्र को गोली मार कर घायल कर दिया । उसकी हालत गम्भीर बताई जाती है । भीड़ ने एक उग्रवादी लखविंदर सिंह को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया ।

**एक हत्या**

बाबा बकाला से 'प्रेम मेहरा' के अनुसार आज प्रातः साढे 11 बजे रैय्या कस्बे के निकट दो मोटर साइकल सवार उग्रवादियों ने सी.पी.आई. के एक नेता श्री सुरेंद्र कुमार छिंदा की गोली मार कर हत्या कर दी और फ़रार हो गए ।

प्राप्त विवरण के अनुसार सुरेंद्र कुमार अपने गांव चीमा बाठ से साइकल पर एक सम्पर्क सड़क से रैय्या की ओर जा रहा था कि उसे उग्रवादियों ने रोका और गोली मार कर फ़रार हो गए । छिंदा की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए । अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई ।

'प्रै.' के अनुसार अमृतसर में पुलिस अधिकारी श्री एच.एस. काहलों ने पत्रकारों को बताया कि आतंकवादियों की शिनाख्त हो गई है और ये फत्तूढींगा का सुखदेव सिंह और पहाड़ा का अवतार सिंह हैं ।

श्री काहलों ने बताया कि सुरेंद्र कुमार ने गत मास सुरक्षा बलों को आतंकवादियों के साथी हीरा सिंह का सुराग दिया था जो रैय्या के निकट सुरक्षा बल के ट्रक से छलांग लगा कर भागने के प्रयास में मारा गया था ।

**मजीठा निवासी से स्कूटर छीना**

इसी दौरान पता चला है कि गत रात मजीठा रोड पर स्थित गांव डोरी वड़ैच के निकट तीन अज्ञात व्यक्तियों ने मजीठा निवासी श्री दलजीत सिंह से स्कूटर छीन लिया । श्री दलजीत सिंह अमृतसर से मजीठा जा रहे थे ।

**ट्रक उड़ा लिया**

अमृतसर (प्रै.): चार अज्ञात सशस्त्र व्यक्ति कल रात भिखीविंड के पास से एक ट्रक उड़ा ले गए ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)



शुक्रवार रात को डेरा बाबा नानक सैक्टर में सुरक्षाबल के जवानों ... भारत आ रहे थे । इन से तीन शस्त्र तथा ट्रैक्टर की दो ट्यूबें भी ब... बरामद किया ।

# सरकार समझदारी से काम ले तो सिंध बंगला देश बन सकता है : अटल

मुक्तसर 31 अगस्त (दर्दी) : श्री वाजपेयी ने आज यहां एक भारी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 1947 में अंग्रेजों की चालाकी से भारत विभाजित हो गया था परन्तु 39 वर्ष पहले की गलती अब नहीं दोहराई जाएगी । यदि भारत सरकार जरा समझदारी से काम ले तो पाकिस्तान का सिंध राज्य दूसरा बंगला देश बन सकता है । उन्होंने कहा कि केंद्र को जनता की समस्याओं की कोई चिंता नहीं, उसे राज्यों में अपनी सरकार बनाए रखने की ही चिंता है । कभी गोरखालैंड का मामला उठाया जाता है तो कहीं राम जन्म भूमि का प्रश्न उठाया जाता है । संसद में अपनी पार्टी के 400 सदस्य होते हुए ... की खबर नहीं ।

भाजपा नेता ने कहा कि पंजाब समझौता के बाद और फिर संत लौंगोवाल की हत्या के बाद पंजाब में चुनाव कराने की जरूरत नहीं थी । इसी प्रकार अर्जुन सिंह को पंजाब के राज्यपाल पद से हटाने की जरूरत नहीं थी । वह यहां राज्यपाल रहते तो हालात बेहतर होते । उन्होंने कहा कि धर्म और राजनीति दोनों के रास्ते अलग-अलग हैं अतः इन दोनों को मिलाया नहीं जाना चाहिए ।

**बादल वह नहीं रहे**

उन्होंने कहा कि प्रकाश सिंह बादल अब वह ...

## तलविंद... या...

ओटावा, 31 ... सुप्रीमकोर्ट ने कना... गुट के नेता तलवि... थियारा और तेजि... खारिज कर दी है ... फैसले में हैमिल्टन ... बरकरार रखा ।

हैमिल्टन की ... अंतोन जुरावा ने ज... ज़मानत की अर्ज़ी ख... में सामूहिक नरसंह... आरोप है ।

न्यायाधीश जु... अभियुक्तों रामपा... लखियाच, दलजीत... बागड़ी को 40 ह... कर दिया था ।

रायल कना... जांच-पड़ताल के ... आतंकवादी हमले ... 14 जून को गिरफ...

सुप्रीम कोर्ट के ... निचली अदालत के ... कि "कनाडा की जन... आतंकवादी हमलों ... बर्दाश्त नहीं करेगी ...



शुक्रवार रात को डेरा बाबा नानक सैक्टर में सुरक्षाबल के जवानों से मुठभेड़ में मारे गए 10 संदिग्ध उग्रवादी, जो पाकिस्तान से प्रशिक्षण लेकर भारत आ रहे थे । इन से तीन शस्त्र तथा ट्रैक्टर की दो ट्यूबें भी बरामद हुई, जिन पर 'पाकिस्तान' लिखा है । इन्हीं ट्यूबों की सहायता से इन्होंने दरिया पार किया ।

(छाया : विनोद)

## मृतकों में गिदा नहीं

बटाला (कोछड़) : कुख्यात आतंकवादी गुरिन्दर सिंह गिदा के पिता तथा भाइयों ने गत दिवस मारे गए 10 उग्रवादियों के शवों को देखने के बाद कहा है कि मृतकों में गुरविन्दर सिंह गिदा का शव नहीं है । उल्लेखनीय है कि पुलिस ने पहले कहा था कि मृतकों में गिदा भी शामिल है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गिदा एक कट्टर उग्रवादी है । वह एक दर्जन से अधिक हत्या व लूटपाट के मामलों में पुलिस को वांछित है ।

'यू.न्यू.' के अनुसार कल सायं मुठभेड़ में मृत 9 उग्रवादियों के शवों का सत्तारूढ़ दल के विधायक मास्टर जौहर सिंह के नेतृत्व में अकाली नेताओं ने अंतिम संस्कार किया जबकि दुर्दान्त उग्रवादी सुरता सिंह के शव का आज प्रातः उसके गांव में उसके परिवार वालों ने अंतिम संस्कार किया । श्मशान घाट में एकत्र अकाली कार्यकर्ताओं ने बरनाला सरकार की कटु आलोचना करते हुए इसे नकली मुठभेड़ बताया ।

### तीन राइफलें बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री विरदी ने बताया कि मृत उग्रवादियों के पास से 303 की तीन राइफलें, हथगोला भी बरामद किया गया । उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान 10 से 12 उग्रवादियों को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने नाव द्वारा वापस पाकिस्तान भागते हुए देखा । उन्होंने कहा कि और हथियारों की खोज में सीमा सुरक्षा बल द्वारा उस क्षेत्र में खोजबीन की जा रही है । उन्होंने कहा कि पहले आत्मसमर्पण करने वाले युवकों ने यह भी बताया है कि इन उग्रवादियों को फैसलाबाद के एक बंगले में तोड़फोड़ व उग्रवाद का प्रशिक्षण दिया जा रहा था । ये उनसे मिलने के लिए जेल में भी आया करते थे ।

श्री विरदी ने दावा किया कि ये सभी मारे गए उग्रवादी कट्टर आतंकवादी थे ।

### 4 उग्रवादी गिरफ्तार

श्री विरदी ने बताया कि पुलिस ने 4 संदिग्ध उग्रवादियों को उनके शरणदाता सहित गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस ने उनसे दो देसी पिस्तौलें, एक हथगोला तथा सात कारतूस बरामद किए हैं । उन्होंने बताया कि इनमें दर्शन सिंह कादियां पुलिस थानांतर्गत गांव बल्ला का रहने वाला है जबकि गुरजीत सिंह अमृतसर जिले के कत्थूनंगल पुलिस थानांतर्गत गांव बस्सू चक, मंगल सिंह गांव भागोवाल का रहने वाला है । इनको शरण देने वाले जसवंत सिंह उर्फ जस्सा को उसके गांव रामपुरा (कादियां) से गिरफ्तार किया गया है । इन लोगों ने अनेक लूटपाट के मामलों में अपना हाथ होना स्वीकार किया है ।

### अधिकारी मौन

'प्रे.ट्र.' के अनुसार डेरा बाबानानक क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल और उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान चलाई गई लाइट मशीनगन की गोलियों के बारे में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एक प्रकार से मौन धारण किए हैं । डी.आई.जी. ने इस संबंध में प्राप्त समाचारों की पुष्टि तो की लेकिन इस बात की पुष्टि करने से इंकार कर दिया कि वह गोलियां सीमा पार से चलाई गई थीं ।

Punjabi Sanatani







अमृतसर के चोला साहब क्षेत्र में उग्रवादियों के हाथों मारे गए (ऊपर से नीचे) निर्मल सिंह, क्लीनर भीरा, घायल हुए सब इंस्पैक्टर अवतार सिंह, ए.एस.आई. शिव सिंह और तरसेम सिंह (छाया : पाल, भंडारी)



हिंदू नेता रामचंद का पुत्र सुभाष जिसे रविवार रात को गोलियां चला कर घायल कर दिया ।
(छाया : कामरेड)

लाजपत नगर–माडल टाऊन रोड पर जालंधर के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आर.पी. गैंद की हत्या कर दी तथा भागते समय जालंधर के डिप्टी कमिश्नर की गाड़ी पर भी फायरिंग की ।

वह मुक्तसर के क्षेत्र में सक्रिय हो गए हैं । उन्होंने मुक्तसर हत्या कांड की निन्दा करते हुए कहा कि इसका प्रभाव दिल्ली में भी पड़ा । श्री बरनाला ने कहा कि लोगों को हथियारों के लाइसैंस खुले दिल से

# उग्रवादियों द्वारा बस में बम रख कर यात्रियों की हत्या का प्रयास

नई दिल्ली, 1 सितम्बर (भाषा): दो आतंकवादियों ने आज दिल्ली परिवहन निगम की यात्रियों से भरी एक बस को उड़ाने का असफल प्रयास किया । बस यात्रा कर रहे यात्रियों की सतर्कता के कारण एक बड़ी दुर्घटना होते-होते रह गई ।

दिल्ली पुलिस ने नागरिकों को सचेत किया है, कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगाएं ।

पुलिस के अनुसार लगभग 20 वर्षीय दो सिख युवक निगम की एक बस में यात्रा कर रहे थे । कौड़ियां पुल के पास ये युवक काले रंग का ब्रीफकेस छोड़कर बस से उतर गए । सतर्क यात्रियों ने तुरंत ही पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचित किया। सशस्त्र पुलिस की टुकड़ी तथा बम निरोधक दस्ता शीघ्र ही घटनास्थल पर पहुंच गया ।

पुलिस ने बताया कि ब्रीफ केस में शक्तिशाली विस्फोटक पदार्थ रखा था । यह पदार्थ इतना शक्तिशाली था कि बस के परखचे उड़ाने के साथ-साथ यात्रियों की जान भी ले सकता था ।

पुलिस प्रवक्ता ने आतंकवादियों का हुलिया देते हुए बताया कि एक व्यक्ति लाल शर्ट काली पैंट तथा काली पगड़ी पहने था जबकि दूसरा साथी कुर्ता पायजामा तथा हरी पगड़ी पहने था ।

पुलिस आयुक्त ने बम की सूचना देने वाले व्यक्ति को एक हजार रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की है ।

पिछले वर्ष मई में इसी प्रकार ट्रांजिस्टर के साचों में छिपाए गए बमों से दिल्ली और आसपास के राज्यों में 85 व्यक्ति मारे गए थे तथा 120 से अधिक घायल हुए थे ।

पुलिस ने आज रात्रि बताया कि यह बम मई 1985 के ट्रांजिस्टर बम से कहीं अधिक शक्तिशाली और आधुनिक था । इसमें पैंसिल टाइप टाइमर लगा था और विस्फोटक सामग्री ट्रांजिस्टर बमों की विस्फोटक सामग्री से अधिक घातक थी । इस बम की शक्ति एच.ई.-36 हथगोले से भी अधिक थी । ब्रीफकेस में दो स्विच बाहर थे और किसी एक को भी छेड़ने से बम फट जाता । टाइमर चलाने के लिए तथा बम में विस्फोट के लिए 9 वोल्ट की बैटरी लगी थी ।

## ट्रेन-ट्रक टक्कर में 6 मरे

सीवान, 1 सितम्बर (वार्ता): सीवान रेलवे स्टेशन से पश्चिम अमानिया रेलवे गुमटी पर आज एक ट्रक के छपरा गोरखपुर यात्री ट्रेन से टकरा जाने के कारण छः लोगों की मृत्यु हो गई ।


## चौधरी द्वारा सम्पादक के खि

नई दिल्ली, 1 सितम्बर (भाषा): केंद्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री अब्दुल गनी खान चौधरी ने झूठी खबर छापने के लिए दिल्ली के एक प्रमुख दैनिक और उसके संपादक के खिलाफ प्रैस परिषद में शिकायत की है ।


शिकायत में कहा गया कि गत दस अगस्त को समाचारपत्र में छपी एक खबर में कहा गया था कि उन्होंने मालदा जिले में भारतीय स्टेट बैंक की सुजापुर शाखा के प्रबंधक से दुर्व्यवहार किया ।

श्री चौधरी ने कहा है कि उक्त खबर पूरी तरह झूठी थी, और बैंक मैनेजर द्वारा अपनी अक्षमता को छुपाने के लिए दी गई सूचना के आधार पर यह खबर बनाई गई ।

Punjabi Sanatani








(1) जालन्धर में सोमवार को उग्रवादियों की गोली से मारे गए अतिरिक्त सैशन जज श्री आर.पी. गैंद । (2) लाजपत नगर में स्थित वह दुकान जिसके अन्दर श्री गैंद को गोली का निशाना बनाया गया । (3) श्री गैंद दुकान में कुर्सी पर बैठे फोन कर रहे थे जब उन पर एकदम पास से गोली चलाई गई ।

(छाया : वेद कपूर)



(1) जालंधर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आर.पी. गैंद जिनकी कल उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, का हरनामदास पुरा श्मशान घाट में पूर्ण सरकारी सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । चित्र में उनका इकलौता लड़का चंद्र चिता को अग्नि देते हुये । साथ में राज्यपाल श्री रे भी खड़े दिखाई दे रहे हैं । (2) पुलिस के बिगुलची अंतिम शोक धुन बजाते हुए । (3) स्वर्गीय श्री गैंद का परिवार विलाप करते हुये । श्री गैंद की पुत्री अपनी मां के गले मिल कर रो रही है । (4) अंतिम संस्कार के समय स्वर्गीय गैंद की पुत्रियां नारा लगाते हुये, "गवर्नर साहब आपकी पुलिस पंजाब के लोगों की रक्षा नहीं कर सकेगी ।" (छाया : कपूर)

# उग्रवादियों द्वारा डाक्टर की हत्या

लखनऊ, 2 सितम्बर (प्रै.): कल रात्रि मुरादाबाद में मोटर साइकिल सवार पंजाब के उग्रवादियों ने एक डाक्टर की हत्या कर दी । उग्रवादियों ने उनके घर में घुस कर विदेशी रिवाल्वर से डाक्टर पर फायरिंग की और मोटर साइकिल पर ही फरार हो गये । आज उत्तर प्रदेश विधान परिषद् में यह मामला केशव कुमार शर्मा ने उठाया । परिषद् के पीठासीन अध्यक्ष जे.सी. दीक्षित ने सरकार को इस मामले में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये ।

## राज्यपाल द्वारा विभिन्न सिफारिशें व सुझाव

चंडीगढ़, 2 सितम्बर (प्रै., यू.): पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने जालंधर में वकीलों व न्यायिक अधिकारियों से बातचीत करने के उपरांत विभिन्न सुझाव व सिफारिशें मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला, पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस, पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष सुरजीत सिंह मिन्हास को भेजे हैं । जालंधर से लौटकर यहां एक विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि हालांकि कल जालंधर में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आर.पी. गैंद की हत्या अत्यन्त परेशान करने वाली है पर इससे हतोत्साहित नहीं होना चाहिए और उग्रवाद का कड़ा मुकाबला करना चाहिए । श्री गैंद एक ईमानदार व कर्त्तव्यनिष्ठ जज थे ।

# उग्रवादियों द्वारा शिमला में स्टेट बैंक आफ इंडिया भवन उड़ाने का प्रयास

## जिंदा ट्रेन से कूद कर फरार, दो घुसपैठिये मरे, मुखबिर की हत्या

## पुलिस सब इंस्पैक्टर उग्रवादियों को मदद देने में बर्खास्त

### ट्रेन पर हमला करके आतंकवादियों ने दो कैदी छुड़ाये, एक सिपाही की हत्या, तीन घायल

चंडीगढ़, 4 सितम्बर (प्रै.यू.): आज हिमाचल की राजधानी शिमला में उग्रवादियों ने विस्फोटक पदार्थ रख कर स्टेट बैंक आफ इंडिया की बिल्डिंग उड़ाने का प्रयास किया ।

पंजाब के नौशहरा मज्जा सिंह में दो उग्रवादियों ने एक पुलिस मुखबिर की गोली मार कर हत्या कर दी ।अमृतसर जिले में एक पुलिस सब इंस्पैक्टर को उग्रवादियों के साथ सम्पर्क रखने, उन्हें शरण देने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया । अमृतसर के खेमकरण सैक्टर में एक पाक घुसपैठिया पकड़ा गया । जालंधर में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आर.पी. गैंद की उग्रवादियों द्वारा एक सितम्बर को की गई हत्या के सिलसिले में होशियारपुर पुलिस ने कुछ लोगों को गिरफ्तार कर लिया । बटाला के पास तीन लोगों से उनकी लाइसैंसी बंदूकें उग्रवादियों ने छीन लीं । पंजाब में कई जगह लूटपाट, घायल किए जाने की वारदातें हुई ।

ग्वालियर से मिली एक सूचना के अनुसार पुलिस ने उग्रवादी हरजिंदर सिंह जिंदा के दो साथी गिरफ्तार कर लिए तथा एक ट्रेन पर छापा मार कर जिंदा को पकड़ने का प्रयास किया पर जिंदा ट्रेन से कूद कर चम्बल घाटी में छिप गया । मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने जिंदा के साथियों की गिरफ्तारी का खंडन किया पर जिंदा की तलाश में ट्रेन पर छापा मारे जाने की पुष्टि की ।

उग्रवादियों ने राजस्थान में एक ट्रेन पर हमला करके दो गिरफ्तार उग्रवादियों को छुड़ा लिया तथा एक सिपाही की हत्या कर दी व तीन अन्य को घायल कर दिया ।

आज अपरान्ह अमृतसर के घरिंडा सैक्टर में 2 पाक घुसपैठिए बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में मारे गए ।

**स्टेट बैंक भवन उड़ाने का प्रयास**

शिमला से मिली सूचनाओं के अनुसार उग्रवादियों ने फैशनेबल माल रोड पर स्टेट बैंक आफ इंडिया भवन को विस्फोटक पदार्थों से उड़ाने का प्रयास किया ।

बैंक के पुराने नोटों के बदलने वाले काउंटर के पास पाकिस्तानी चिन्हों वाले 4 एम. 90 हथगोले, भारी परिमाण में टी.एन.टी. (बारूदी) छड़ें थैले में रख कर छिपाए गए थे ।

परन्तु बैंक के गार्ड तिलक राम ने यह थैला देखकर बैंक अधिकारियों को सूचित किया, जिन्होंने पुलिस बुला ली ।

सैनिक विस्फोटक विशेषज्ञों के अनुसार जरा-सा भी धक्का लगने पर ये विस्फोटक फट जाते । इनकी शक्ति इतनी थी कि पूरा भवन धराशायी हो जाता ।

राज्य भर में अलर्ट जारी कर दी गई है ।

नागरिकों को ट्रांजिस्टर, ब्रीफ केस, थैले, खिलौने या अन्य संदिग्ध वस्तुएं न छूने का आग्रह किया गया है ।

**बैंकों में विशेष सुरक्षा**

देश के कुछ राष्ट्रीयकृत बैंकों ने आतंकवादियों और अन्य उपद्रवी तत्वों द्वारा की जाने वाली बैंक डकैतियों में तेजी को देखते हुए विशेष सुरक्षा उपायों की पहल की है । एक बैंक ने अपनी प्रत्येक शाखा को कहा है कि वह मौन अलार्म लगाए जाने की सम्भावनाओं का पता लगाए जिससे कॉल बैल को बैंक के प्रांगण के बाहर स्थापित किया जा सके ।

शाखाओं से यह भी कहा गया है कि वह अपने प्रवेश द्वार को थोड़ा-सा खोलकर रखें और उसे मजबूत लोहे वाली जंजीर से बांधकर रखें ताकि एक समय में केवल एक व्यक्ति बाहर भीतर आ जा सके ।

**2 घुसपैठिए मारे गए**

आज अपरान्ह अमृतसर जिले के बाघा बार्डर के पास घरिंडा क्षेत्र में 2 पाक घुसपैठिए बी.एस.एफ. से हुई मुठभेड़ में मारे गए । 5 घुसपैठिए भारत में घुस रहे थे जब बी.एस.एफ. ने उन्हें चुनौती दी तो उन्होंने फायरिंग कर दी । बी.एस.एफ. ने जवाबी फायरिंग की जिसमें 2 घुसपैठिए मारे गए व तीन वापस लौट गए ।

**अखबार को धमकी**

जबलपुर में हिन्दी दैनिक नवभारत के सम्पादक मदन लाल महेश्वरी को उग्रवादी हरजिन्दर सिंह जिन्दा के किसी साथी ने पत्र भेज कर धमकी दी है कि अखबार भवन को नष्ट कर दिया जाएगा । पत्र पर खालिस्तान हमारा है का नारा लिखा है और सम्पादक को गालियां लिखी गई हैं ।

**जिंदा के दो साथी गिरफ्तार**

ग्वालियर से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार पंजाब पुलिस ने मंगलवार को आतंकवादी हरजिन्दर सिंह उर्फ़ जिंदा के दो साथियों को ग्वालियर के निकट एक गांव से गिरफ्तार किया और बाद में उन्हें पंजाब ले आई ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिंदा की तलाश में पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री रिबैरियो ग्वालियर आये थे । उसके बाद ही आगरा-बम्बई राष्ट्रीय मार्ग पर एक गांव में स्थानीय पुलिस की मदद से छापा डाल कर हरभजन सिंह और हरगोबिन्द सिंह को पकड़ा गया, लेकिन हरजिन्दर सिंह जिंदा नहीं मिला ।

श्री रिबैरियो की सहायता के लिये म.प्र. पुलिस गुप्तचर विभाग के महानिदेशक श्री नटराजन ने भी यहां दो दिन रह कर पुलिस को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया था । श्री रिबैरियो को ग्वालियर में जिंदा की उपस्थित के बारे में पूरी जानकारी थी । पकड़े गये दो आतंकवादियों पर 50-50 हजार रुपये के ईनाम घोषित थे ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# केन्द्रीय सरकार राजनीतिक द सीमा सुरक्षा पट्टी बनाने से पीछे

नई दिल्ली, 4 सितम्बर (भाषा, वार्ता): देश की राजनैतिक और कानून तथा व्यवस्था की स्थिति पर विचार करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारियों की 6 और 7 सितम्बर को एक विशेष बैठक बुलाई जा रही है ।

भाजपा की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस बैठक में आतंकवाद, अलगाववाद, साम्प्रदायिकता आदि समस्याओं पर विचार किया जाएगा तथा सरकार के कार्यों की समीक्षा की जाएगी ।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि सरकार देश की इन गंभीर समस्याओं को सुलझाने में असफल रही है और कोई भी निश्चित कदम नहीं उठा पा रही है ।

भारतीय जनता पार्टी अपनी इस दो दिवसीय बैठक में एक देशव्यापी आंदोलन चलाने के लिए भी कार्यक्रम तैयार कर लेगी, जिससे देश की एकता और अखंडता के लिए पैदा हुए खतरे से देशवासियों को अवगत कराया जा सके और सरकार को इस दिशा में कठोर कदम उठाने के लिए बाध्य किया जा सके ।

भारतीय जनता पार्टी का आरोप है कि सरकार संविधान के अनुच्छेद-249 के अंतर्गत सीमा पर सुरक्षा पट्टी बनाने के मामले में राजनीतिक दबाव के कारण पीछे हट गई है । पार्टी की एक विज्ञप्ति के अनुसार सरकार पर यह राजनैतिक दबाव पंजाब

## सुरक्षा न देने वाली सरकार को सत्ता में रहने का हक नहीं

होशियारपुर, 4 सितम्बर (प्रद्युम्न): यहां से 40 किलो मीटर दूर गढ़ शंकर में पंजाब

Punjabi Sanjh

## बलवंत पद छोड़ने को तैयार

(पृष्ठ 3 का शेष)

पंजाब के तीन सीमावर्ती जिलों गुरदासपुर, अमृतसर तथा फिरोज़पुर को 'ए' श्रेणी को औद्योगिक रूप से पिछड़े जिले घोषित किया जाएगा । इस प्रकार इन जिलों में स्थापित होने वाले नए उद्योगों को पूंजी पर 25 प्रतिशत सबसिडी प्रदान की जाएगी । उन्होंने कहा कि इस आशय का औपचारिक निर्णय प्रदेश मंत्रिमंडल की आगामी बैठक में लिए जाने की सम्भावना है ।

वित्त मन्त्री ने कहा कि होशियारपुर, भटिंडा व संगरूर जिलों को पहले ही 'बी' श्रेणी औद्योगिक रूप से पिछड़े जिले घोषित किया जा चुका है ।

### पैप्सी कोला

श्री बलवन्त सिंह ने आशा प्रकट की कि केंद्र सरकार पंजाब में 22 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली 'पैप्सी कोला' परियोजना को अपनी स्वीकृति प्रदान कर देगी । उन्होंने कहा कि इससे जहां 20 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोज़गार मिलेगा, वहीं 5 लाख किसान परिवार भी इससे लाभान्वित होंगे ।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि योजना के इस पक्ष को देखते हुए केंद्र सरकार अवश्य ही इस योजना को अपनी स्वीकृति प्रदान कर देगी ।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब कृषि अपने उच्चतम स्तर तक पहुंच गई है तथा अब यह आवश्यक हो गया है कि कृषि गतिविधियों में परिवर्तन लाया जाए जिससे कि किसानों को अधिकाधिक लाभ प्राप्त हो सके ।

श्री बलवन्त सिंह ने कहा कि पंजाब के उद्योगपतियों, विशेषकर बटाला के उद्योगपतियों के उत्पादनों की बिक्री के लिए सरकार ने दिल्ली में एक एम्पोरियम बनाया है । उन्होंने कहा कि राज्य

## 7 उग्रवादी गिरोह

(पृष्ठ 3 का शेष)

हवाई फायरिंग के बारे में जो विवरण मिला है, उसके अनुसार सात निहंगों का जत्था, जिसमें चार निहंगों की वर्दी में थे और तीन सादा लिबास में, सामाना जाना चाहता था । वे बुढलाडा जाने वाली बस में सवार होने लगे तो कंडक्टर ने कहा कि यह बस सामाना नहीं रुकेगी । इस पर निहंग जलाल में आ गए और कहने लगे कि बस कैसे नहीं रुकेगी । एक निहंग ने अपनी लाईसैंस वाली बन्दूक से हवाई फायर किया । इतने में पुलिस आ गई और सातों निहंग पकड़ लिये गए ।

### कैमिस्ट की हत्या

पटियाला, (भूषण) : आज सायं 6 बजे दो उग्रवादियों ने झंडू राम नामक एक कैमिस्ट की गोली मार कर हत्या कर दी ।

झंडू राम की सहरा ग्राम में कैमिस्ट की दुकान थी और वह दुकान बन्द करके राजपुरा थानान्तर्गत दमनहेरी ग्राम में अपने घर जा रहा था । यह घटना सहरा और दमनहेरी ग्रामों के बीच हुई । उग्रवादी उसका स्कूटर नम्बर पी.जे.पी. 9383 ले गए और अपना स्कूटर वहीं छोड़ गए ।

### ईंट भट्ठा लूटा

मोगा के पास दो सशस्त्र व्यक्तियों ने एक ईंट भट्ठा से 1700 रु. तथा स्कूटर लूट लिया ।

जिलाधिकारियों ने सोमवार को बादल गुट द्वारा जिला कचहरियों पर धरना देने की धमकी के दृष्टिगत सभी सुरक्षा उपाय कर लिए हैं ।

### व्यापारी को लूटने के पश्चात् लुटेरा गिरफ्तार

मोगा (प्रै.): स्थानीय पुलिस तथा सी.आर.पी.एफ. ने, एक लुटेरे को गत रात एक

## दिल्ली में दंगा

(पृष्ठ 3 का शेष)

वार्ता के अनुसार पुलिस ने बताया कि एक समुदाय के धर्म गुरु के भाषण के बाद दंगा शुरू हुआ । इस समुदाय के लोगों ने पहले तो गश्ती पुलिस पर पथराव किया और बाद में दूसरे समुदाय के लोगों के साथ संघर्ष शुरू कर दिया ।

भाषा के अनुसार पुलिस ने बताया कि यह अफवाह फैलने पर कि फिरोजशाह कोटला क्षेत्र के एक ऐतिहासिक धार्मिक स्थल में एक अन्य समुदाय के लोग जूते पहन कर गए हैं, उक्त इलाकों में तनाव व्याप्त हो गया ।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजेंद्र मोहन ने बताया कि पुलिस ने मुस्तैदी से कारवाई करके दोनों गुटों में संघर्ष नहीं होने दिया ।

थोड़ी देरी बाद जामा मस्जिद क्षेत्र में कुछ उत्तेजित लोगों ने पथराव किया । पथराव कर रही यह भीड़ शीघ्र ही मटिया महल, चांदनी महल और तिरहा बैराम खां की ओर चली गई । उग्र भीड़ ने कमरा बंगश में भी पथराव किया तथा एक दुकान में आग लगा दी । उन्होंने किसी की मृत्यु की पुष्टि नहीं की ।

श्री राजेंद्र मोहन के अनुसार पुलिस ने उग्र भीड़ को नाजुक इलाकों में नहीं बढ़ने दिया । उन्होंने बताया कि स्थिति तनावपूर्ण होने पर दंगाग्रस्त क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया ।

इस घटना की सूचना मिलते ही उपराज्यपाल हरिकिशन लाल कपूर तथा पुलिस आयुक्त वेद मरवाह ने दंगाग्रस्त इलाकों का दौरा किया । श्री मरवाह ने दिल्ली के अन्य नाजुक इलाकों में भी पुलिस गश्त बढ़ाने का आदेश दिया है ।

संवाददाता ने भी घटनास्थल का दौरा करने पर जगह-जगह पत्थर और शीशे पड़े देखे ।

## आतंकवादी गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

है । उन्होंने बताया कि इन युवकों के पास से कुछ लोगों की तैयार की गई ऐसी सूची भी मिली है जिन्होंने अपने वी.सी.आर. बेचने के लिए अखबारों में विज्ञापन दे रखे थे ।

उन्होंने कहा कि यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं इन युवकों का बैंक डकैती के केस में तो हाथ नहीं । इस घटना को लेकर आज शहरों में सारा दिन आतंक व्याप्त रहा ।

### पुरस्कृत होंगे

श्री ओहरी ने बताया कि दो नवयुवकों को गिरफ्तार करने वाले फ़्लाइंग स्क्वाड के चार कांस्टेबलों को पांच-पांच सौ रुपए के नकद पुरस्कार तथा प्रशस्ति-पत्र दिए जाने का निर्णय किया गया है जबकि इन्हीं युवकों को पकड़ने में मदद करने वाले सैक्टर 7 के एक व्यक्ति को 1,000 रुपए का पुरस्कार देने का निर्णय किया गया है । इस व्यक्ति ने भाग रहे युवकों का पीछा करके पुलिस को यह बताने में मदद की कि वे कहां छिप रहे हैं ।

'प्रै.ट्र.' के अनुसार एक युवक ने जस्टिस मित्तल के घर में घुस कर पुलिस पार्टी पर फ़ायरिंग की । इन संदिग्ध आतंकवादियों से स्टेनगन की एक मैगज़ीन भी बरामद हुई । पुलिस ने भागने वाले दो युवकों की शिनाख्त कर ली है, लेकिन उनके नाम नहीं बताए ।

बलजीत सिंह की गिरफ्तारी पंजाब पुलिस द्वारा जारी की गई इस अलर्ट के बाद हुई कि पंजाब के उग्रवादियों के चार गिरोह चंडीगढ़ में प्रविष्ट हो गए हैं । इसपर चंडीगढ़ पुलिस ने तत्काल रक्षात्मक तैयारियां कीं । पर बलजीत की गिरफ्तारी पंजाब पुलिस के चंडीगढ़ में नियुक्त अधिकारी एन.एस. औलाख के साहस से सम्भव हुई जिन्होंने उसका पहले साइकिल पर और फिर एक व्यक्ति से मोटर साइकिल मांग कर उसका पीछा किया । बलजीत के पास से 9 एम.एम. का जर्मन रिवाल्वर तथा एक 7.63 बोर का स्पैनी रिवाल्वर बरामद हुआ ।

पुलिस को सूचना मिली थी कि 1985 में चंडीगढ़ में मारे गए उग्रवादी गुरेंद्र सिंह के कुछ साथी बदला लेने के लिए चंडीगढ़ में प्रविष्ट हुए हैं । इसी आधार पर अलर्ट जारी की गई थी ।

### सीमा सील

चंडीगढ़ पुलिस ने पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश से लगती अपनी सभी सीमाएं सील कर दी हैं । सभी आने-जाने वाले वाहनों और यात्री बसों की भी छानबीन की जा रही है । पड़ोसी राज्यों की पुलिस को भी सतर्क कर दिया गया है। चंडीगढ़ के अंदर भी वाहनों की पड़ताल का काम तेज कर दिया


# सार्वजनिक सूचना

क्रांति स्पैशल बीड़ी बेचने वाले सभी दुकानदारों को सूचना दी जाती है कि महाराष्ट्र सरकार ने बीड़ी मजदूरों की उजरतें बढ़ा दी हैं और बीड़ी पत्ते के भाव बढ़ गए हैं, जिसके कारण मैसर्ज शंकर लाल बिरदी चंद तिवाड़ी शोलापुर वालों ने अपनी बीड़ी क्रांति स्पैशल पैकिंग 14x24 का रेट 3 सितम्बर 1986 से बढ़ा कर निम्न प्रकार कर दिया है :



सोमवार को जालंधर पुलिस ने बाजार शेखां में छापा मार कर उग्रवादी मनजीत सिंह को पकड़ा व उसके पास से शस्त्र बरामद किये । (छाया : प्यारे)

**4 और बंदी**

अमरावती में एक होटल में ठहरे हरियाणा के चार युवकों को हिरासत में ले लिया गया । उनके पास से 29 हजार रु.,कुछ दस्तावेज बरामद हुए । वे नकली नामों से होटल में ठहरे थे ।

**सम्पादक को धमकी**

नागपुर : स्थानीय हिन्दी दैनिक 'नवभारत' के सम्पादक को एक पत्र मिला है जिसमें शुक्रवार और शनिवार को कार्यालय की ईमारत को विस्फोट से उड़ा देने की धमकी दी गई है ।

पत्र में 'खालिस्तान जिन्दाबाद' का नारा लिखा हुआ है । पत्र पुलिस को दे दिया गया ।

'नवभारत' में छपी एक खबर के अनुसार इसके बिलासपुर और जबलपुर के संस्करणों को भी इसी प्रकार के धमकी भरे पत्र मिले हैं ।

मुरादाबाद : मुरादाबाद के एक सांध्य दैनिक के संपादक को आज धमकी भरा पोस्टकार्ड मिला । यह पत्र पुलिस को सौंप दिया गया है ।

## वैद्य के हत्यारे गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिंह व निर्मल सिंह सहित जिंदा के गिरोह के लोग इस वर्ष जनवरी से ही यहां छिपे रहे थे क्योंकि जनरल वैद्य भी रिटायर होने के बाद पुणे आकर बस गए थे । गिरोह ने एक प्रापर्टी डीलर के जरिए उक्त फ्लैट लिया व दो होटलों में भी अपने कुछ लोग ठहरा दिए ।

इस गिरोह को देश का सबसे खतरनाक गिरोह माना जाता है ।

Punjabi Sanatani

दिल्ली पुलिस की एक टीम भी गत वर्ष इंका सांसद ललित माकन, उनकी पत्नी व इंका नेता अर्जुन दास की हत्या के सिलसिले में पूछताछ के लिए यहां पहुंची ।

सी.बी.आई. की एक टीम, पंजाब पंजाब पुलिस के साथ वरिष्ठ अधिकारी व एक डी.आई.जी. ने भी उनसे पूछताछ की ।

पंजाब, राजस्थान और अहमदाबाद से वरिष्ठ पुलिस और गुप्तचर अधिकारियों के दल अपने-अपने क्षेत्रों में हुई हत्याओं और बैंक डकैतियों के बारे में उनसे पूछताछ करने के लिए कल तक यहां पहुंच जाएंगे ।

**राजीव आने वाले थे**

इन दोनों की गिरफ्तारी प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पुणे आने से कुछ घंटे पहले की गई । प्रधानमंत्री जनरल वैद्य की विधवा श्रीमती भानु वैद्य से मिलने पुणे आए थे । श्री गांधी के लोहेगांव हवाई अड्डे से जनरल वैद्य के गोरे गांव स्थित बंगले तक पहुंचने के मार्ग पर कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए गए थे ।

## अपराधियों को पकड़ो : राजीव

(पृष्ठ 3 का शेष)

फैसला किया है ।

यह जानकारी वित्तमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने आज यहां लोक लेखा समितियों के अध्यक्षों के सम्मेलन में दी । उन्होंने कहा कि कुछ राज्य सरकारें भी यही प्रणाली अपनाने पर विचार कर रही हैं ।

श्री सिंह ने कहा कि इस प्रणाली के तहत सभी परियोजनाओं की दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन समीक्षा की जाएगी । यह अध्ययन किया जाएगा कि किसी परियोजना पर कितना धन खर्च हो चुका है और अब कितने धन की आवश्यकता है । इसी के

दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 10 सितम्बर, 198

## बरनाला के पुत्र की हत्या का षड्यंत्र

(पृष्ठ 3 का शेष)

पूछताछ के दौरान इसने चंडीगढ़ पुलिस को अपना नाम काबल सिंह बताया था,लेकिन चंडीगढ़ संघीय क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक आर.के. ओहरी ने जब श्री रिबैरियो से सम्पर्क किया तो उसका वास्तविक नाम बलजीत सिंह उर्फ पप्पू निकला। पप्पू पर मुक्तसर बस हत्याकांड के अलावा लूट, हत्या की अनेक वारदातों में शामिल होने का आरोप है।

पुलिस ने शेष दो आतंकवादियों को पकड़ने के लिये नगर की नाकेबंदी की हुई है। घायल श्रीमती जसवंत कौर, पुलिस कर्मचारी सुभाष चंद्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुरक्षा बलों की गोली से घायल कथित आतंकवादी बलजीत सिंह को अस्पताल भेजा गया। तीनों की हालत खतरे से बाहर है।

### 3 घुसपैठिए मारे गए

पंजाब में भारत-पाक सीमा पर पिछले 48 घंटों में सीमा पार करने का प्रयास कर रहे तीन घुसपैठिये मारे गये तथा भारतीय मुद्रा तस्करी करने वाला एक व्यक्ति कल प्रातः अमृतसर जिले के बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में एक जिसके पाक जासूस होने का सं बैरियर तथा मियांवाली उत्तर में और घुसपैठिये घान कलां ग्राम गिरफ्तार कर लिया गया।

अर्द्ध सैनिक बलों व पंजाब तक चोला साहब से हरीके हैड कपूरथला, फिरोजपुर जिलों में 6 फैले मंडक्षेत्र की तलाशी ली हथियार बरामद हुआ, न को गया। 18 जुलाई को भी इस गई थी पर कई उग्रवादी वहां यह दो माह में दूसरी बार कार्र कार्रवाई में अर्द्ध सैनिक बलों पंजाब पुलिस के तीन सौ जवा

मंड आप्रेशन के सिलसिले एक दर्जन लोग हिरासत में लि

इस मंड क्षेत्र को अवतार ि ततखालसा गिरोह तथा खालि मुख्यालय समझा जाता है। बजे शुरू होकर सायं 5 बजे त सूचना मिली थी कि उग्रवादी हैं। पुलिस को यह भी सूच अगस्त को चोला साहब के हमला करने वाले उग्रवादी भी

### गुमशुदा


मेरा लड़का जसमेर सिंह, 25 वर्ष, 12.8.86 से लापता है। जिस व्यक्ति को मिले, नीचे लिखे पते पर सूचित करें। खर्च के इलावा उचित इनाम दिया जाएगा।



पता : राम लाल, गांव बाल रागड़ान, जिला करनाल।

### 2 आतंकवादी पकड़े

अमृतसर (प्रै.): पुलिस ने आतंकवादियों को गिरफ्तार एस.पी. सिटी श्री एच.एस. बताया कि दोनों उग्रवादी गुर



अमृतसर जिला के गांव मुगल चक्क के निकट उग्रवादियों की गोलियों से मारा गया ए.एस.आई. जोगेन्द्र सिंह और घायल हरजीत सिंह । (छाया : पाल)

# उग्रवादियों द्वारा 3 की हत्या : पंजाब सिंध बैंक से 93 हजार रुपये लूटे : गुरु नानक विवाहोत्सव पर खालिस्तानी नारे

चंडीगढ़, 11 सितम्बर (यू., प्रै., नि.स.): बटाला थानांतर्गत गांव मल्लद्वारा में उग्रवादियों ने 70 वर्षीय लम्बड़दार अमर सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । गांव नारायणवाला में उग्रवादियों ने दो घरों को लूट लिया । भटिंडा और मोगा सब-डिवीजनों में सुरक्षा बल और पुलिस ने 2-2 आतंकवादियों धन्ना सिह, कलवंत सिंह और सोहन सिंह तथा वीरेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया । जेलवाला गांव के निकट नहर से एक निहंग बाघ सिंह का शव बरामद हुआ है ।

गुरुनानक देव विवाहोत्सव के संबंध में बटाला में खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए और सिनेमा रोड चौक में खालिस्तानी झंडा लहराया गया । पटियाला के निकट गांव रसूलपुर के गुरुनानक आश्रम में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की उसी शाखा से 6 उग्रवादी 95 हजार रु. लूट ले गए जहां से गत 13 अगस्त को 22 हजार रु. की राशि लूट ली गई थी । उग्रवादियों ने एक ग्राहक से खालिस्तानी नारे लगवाए ।

थाना नवांशहर में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से स्कूटर छीन लिया और फिल्लौर के निकट पहुंच कर पैट्रोल पम्प को लूट लिया ।

कुख्यात उग्रवादी मंजीत सिंह से पूछताछ के आधार पर न्यू जवाहर नगर मार्कीट जालंधर के एक डा. जसविंदर सिंह गिल को उग्रवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

लुधियाना जिला के गांव कुदानी खुर्द में एक व्यक्ति बहादुर सिंह की हत्या कर दी गई । उसकी हत्या का प्रातः पता चला ।

### बैंक डकैती

पटियाला (भूषण): आधा दर्जन आतंकवादियों ने आज दोपहर रसूलपुर गांव के गुरुनानक आश्रम में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा से 93063 रुपये लूट लिये । उन्होंने स्टेनगन और रिवाल्वर उठा रखे थे । वह फ़िएट कार में आए और गनमैन संतोख सिंह की बंदूक 'कब्ज़े' में ले ली । तब उन्होंने कैशियर से चैस्ट खुलवाई और राशि संभाल ली । एक कमरे वाले इस बैंक में उपस्थित शाम लाल नामक ग्राहक से 'खालिस्तान समर्थक' नारे लगवाए गए । लुटेरे राशि और गनमैन की बंदूक सहित भाग निकले । गत 13 अगस्त को इसी बैंक से उग्रवादियों ने 32,892 रु. लूटे थे ।

### टैक्सी कांड का विवरण

भवानीगढ़ टैक्सी कांड के बारे में जो विवरण [illegible] बलात् उसमें सवार हो गये । चालक को अपने मध्य बिठा लिया । यह टैक्सी गाजेवास से होते हुये सम्पर्क मार्ग पर ले जाई गई और गाजेवास व नमादा ग्राम के मध्य आतंकवादियों ने प्रदीप कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी और प्रेम नाथ को ज़ख्मी कर दिया । इन्होंने दोनों को टैक्सी से बाहर धक्का दे दिया । इसी मध्य टैक्सी चालक सुरेंद्र कुमार भागने में सफल हो गया । उग्रवादी बाद में टैक्सी को निदामपुर ले गये और पटियाला की ओर चल पड़े । उन्होंने टैक्सी पटियाला-नाभा मार्ग पर छोड़ दी और व्यापारी के बैग से रिवाल्वर निकाल कर ले गये ।

पुलिस ने टैक्सी बरामद कर ली है । इसी मध्य दो मुद्दमें दर्ज किये गये हैं । एक मुकद्दमा थाना सामाना में भारतीय दंड धारा 302/307 तथा सशस्त्र कानून की धारा 25 के अधीन दर्ज किया गया है । दूसरा मुकद्दमा भवानीगढ़ जिला संगरूर में भारतीय दंड धारा 392 के अधीन दर्ज किया गया है । दोषी भागने में सफल हो गये हैं ।

घायल व्यापारी प्रेमनाथ को स्थानीय राजेंद्रा अस्पताल में दाखिल करवा दिया गया है । अर्ध रात्रि तक वह बेहोश था और उसकी स्थिति चिन्ताजनक है ।

### सामाना में हड़ताल

पटियाला से 28 कि.मी. दूर सामाना में भवानीगढ़ के व्यापारी प्रदीप कुमार की हत्या और एक अन्य व्यापारी प्रेम नाथ को उग्रवादियों द्वारा घायल किये जाने के विरोध में आज हड़ताल की । दोनों वर्गों ने हड़ताल की और पुलिस की निष्क्रियता की आलोचना की ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

## ...ाल पर राजधानी, ... करने का आरोप

कि श्री बंसी लाल हिसाब मांगने वाले कौन होते हैं । हरियाणा संघर्ष समिति बाक़ायदा जमा और खर्च का हिसाब रखती है । उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य को सूखा पीड़ित राज्य घोषित किया जाना चाहिए । उन्होंने बताया कि 23 सितम्बर को संघर्ष समिति जिला मुख्यालयों पर सूखा पीड़ित क्षेत्रों में राहत उपलब्ध करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करेगी

## पंजाब के द्रुत विकास के लि... सद्भाव का वातावरण ज़रू...

रोपड़, 11 सितम्बर (यू.): पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने प्रदेश के द्रुत तथा सर्वांगीण विकास के लिए शांति एवं सद्भाव का वातावरण बनाए जाने पर बल दिया है ।

इस जिले मे नूरपुर बेदी के निकट अमकोमाजरा में आयोजित एक सम्मेलन में श्री बरनाला ने कहा

उन्होंने कहा कि सरकार युवकों की शक्ति का रचनात्मक उपयोग करने के लिए भरसक प्रयास कर रही है । इस दिशा में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं तथा युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराने के लिए कई योजनाएं बनाई गई हैं ।

उन्होंने 'गुमराह' युवकों से अपील की कि वे

# उग्रवादियों द्वारा शिव सेना नेता व दो पुलिस मुखबिरों की हत्याएं

## सुरसिंहवाला की भिड़न्त में ब्रह्मा व उसके दो साथी बच निकले

# सुरक्षा बलों ने ग्रन्थी सहित 4 उग्रवादी पकड़े

चंडीगढ़, 16 सितम्बर (यू. प्रै. वा.): दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने आज प्रातः फिल्लौर में शिव सेना के स्थानीय उपप्रधान की गोली मार कर हत्या कर दी ।

तीन मोटर साइकिल सवार उग्रवादियों ने आज सायं बाघापुराना के पास पुलिस के मुखबिर निहंग की गोली मार कर हत्या कर दी व उसके शव को जला दिया ।

उग्रवादियों ने दसूहा के पास आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के एक नेता व पुलिस मुखबिर का अपहरण करके उसकी हत्या कर दी ।

गत रात्रि जिला अमृतसर में सरहाली क्षेत्र के गांव में एक व्यक्ति को दो अज्ञात व्यक्तियों ने तलवारों से घायल कर दिया । भिखीविंड क्षेत्र में तीन आतंकवादी पुलिस से मुठभेड़ के बाद बच निकलने में सफल हो गए ।

श्रीगंगानगर-सूरतगढ़ रेल मार्ग पर चलती रेल गाड़ी में दो पुलिस गार्डों की हत्या व दो उम्र-कैदियों को छुड़ा कर ले जाने के कांड में जगजीत सिंह भिल व उसकी दो महिला सहयोगी भी शामिल पाई गई हैं । यह दोनों महिलाएं शराब की शौकीन बताई जाती हैं ।

सीमा सुरक्षा बल ने गत 24 घंटों में पंजाब में चार कुख्यात उग्रवादियों को पकड़ा । इनमें एक ग्रंथी भी शामिल है ।

**लाश मिली**

पुलिस ने आज जिला होशियारपुर के कस्बा दसूहा में एक शव बरामद किया । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया । शव पर घावों के निशान थे । यद्यपि शव की तुरन्त शिनाख्त नहीं हो सकी, लेकिन सुविज्ञ सूत्रों ने बताया कि यह आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के तीन वर्करों में से एक की लाश है, जिनके बारे में संदेह है कि उग्रवादियों ने पुलिस को उनकी गतिविधियों की जानकारी दिये जाने के शक में उनका अपहरण कर लिया था ।

जालन्धर (के., यू.प्रै.): पुलिस ने बताया कि आज प्रातः यहां से 45 किलो मीटर दूर कस्बा फिल्लौर में मिट्ठा खूह बाज़ार में 2 स्कूटर सवार संदिग्ध आतंकवादियों ने एक दुकानदार की गोली मार कर हत्या कर दी । मृत विजय मोहन उर्फ काला शिव सेना की स्थानीय ईकाई का उपप्रधान बताया जाता है । घटना के समय वह अपनी दुकान पर बैठा था । सरकारी सूत्रों के अनुसार विजय मोहन को दो गोलियां लगीं और उसे पहले सिविल अस्पताल फिल्लौर में तथा फिर वहां से सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना में ले जाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई । एक अन्य सूचना के अनुसार विजय मोहन को जब आप्रेशन रूम में ले जाया गया तो वहीं उसने दम तोड़ दिया । इससे पहले वह ठीक-ठाक बातें कर रहा था । लुधियाना के जिलाधीश श्री लखनपाल ने एस.डी.एम. श्री गिल को उसकी देखभाल तथा चिकित्सा सहायता के लिए भेजा, परन्तु उसकी जान न बचाई जा सकी । उसका मृतक शरीर फिल्लौर ले जाया गया ।

सरकारी सूत्रों ने यह भी बताया कि यह दोनों उग्रवादी 8811 नम्बर के एक स्कूटर पर आए थे और वारदात के बाद उसी पर फ़रार हो गए । एक ने खाकी रंग के कपड़े पहने हुए थे, जबकि दूसरे के पीला पटका बंधा होने का समाचार है ।

फिल्लौर पुलिस ने केस रजिस्टर कर लिया और चारों ओर वायरलैस द्वारा पुलिस व सुरक्षा बलों की टुकड़ियों को चौकस कर दिया गया ।

घटना के फौरन बाद सभी बाज़ार डर और प्रोटैस्ट-स्वरूप बंद हो गए । इस बीच स्थानीय शांति समिति की बैठक बुलाई गई, जिसमें सभी दलों ने एक स्वर से इस घटना की निन्दा की और लोगों से शांति व भाईचारा बनाए रखने की अपील की ।

एक सूत्र के अनुसार विजय मोहन को तीन गोलियां लगीं, एक छाती में, दूसरी पेट में और तीसरी बाज़ू में ।

फिल्लौर से 'गोगना' की सूचना है कि हमलावरों में से स्कूटर चलाने वाला क्लीन शेव युवक था और उसके पीछे पगड़ीधारी युवक पुलिस की वर्दी में था तथा उसके हाथ में पिस्तौल थी । उसने आते ही विजय मोहन पर फ़ायरिंग की और उसे छलनी कर दिया । विजय मोहन की मृत्यु की खबर फैलते ही फिल्लौर में पूर्ण हड़ताल हो गई । एक अन्य सूचना के अनुसार विजय मोहन पर कुछ महीने पहले भी घातक हमला किया गया था, लेकिन वह प्रयास विफल हो गया था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# नये वेतनमानों के बकाये अक्तूबर में मिल जाएंगे

नई दिल्ली, 16 सितम्बर (वार्ता): सरकार ने आदेश दिए हैं कि केंद्र सरकार कर्मचारियों के संशोधित वेतनमानों के कारण अप्रैल से सितम्बर तक बकाया राशि का भुगतान यथा सम्भव अक्तूबर माह के वेतन के साथ कर दिया जाए । जनवरी मार्च तक का बकाया भविष्यनिधि खातों में जमा करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है ।

चौथे वेतन आयोग की सिफारिशों के बारे में सरकारी निर्णयों के एक ज्ञापन में कहा गया है कि कर्मचारियों को छूट होगी कि वह अगली वेतन वृद्धि तक वर्तमान वेतनमान लेने का विकल्प चुन सकें । आदेश में कहा गया है कि नए वेतनमानों के इच्छुक कर्मचारियों के बकाया क्लेम बिना किसी पूर्व जांच के दिए जाएं । विकल्प विभाग के प्रमुख अधिकारी को देना होगा ।

ये नए वेतनमानों के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षकों का वेतनमान 1200 से 2040, प्रयोगशाला सहायक का 1400 से 2300, ड्राइवर का 950 से 1500 तथा खानसामा, बैरा आदि का वेतनमान 750 से 940 तथा 1200 से 1800 तक होगा ।

नए वेतनमान निर्धारित करने के लिए बेसिक वेतन, महंगाई भत्ते और अंतरिम राहत की राशि में बेसिक वेतन का 20 प्रतिशत जोड़ा जाएगा । इस राशि के आधार पर नया वेतन निर्धारित होगा ।

Punjabi Sanatani

# भू.पू. पुलिस अफसर की हत्या, मंड क्षेत्र सी.आर.पी. के हवाले, 5 पाक घुसपैठिये मरे

चंडीगढ़, 18 सितम्बर (प्रै., यू., नि.स.): आज प्रातः अमृतसर जिले के मंड क्षेत्र में उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई । गोलियों के आदान-प्रदान के बीच उग्रवादी मंड क्षेत्र में भाग गए । सुरक्षा बल उनका पीछा कर रहे हैं । दो उग्रवादियों के घायल होने की सम्भावना है । भारी पुलिस तथा सुरक्षा बलों ने मंड क्षेत्र में उग्रवादियों के ठिकानों से उनकी खोजबीन शुरू कर दी है ।

सी.आर.पी. ने मंड क्षेत्र में औपचारिक रूप से अपना मुख्यालय स्थापित कर दिया है ।

थाना डेरा बाबा नानक के गांव हरूवाल में गत रात रिटायर्ड पुलिस सब-इंस्पैक्टर कुंदन सिंह की तीन उग्रवादियों ने हत्या कर दी । चार व्यक्ति हिरासत में लिए गए हैं । मल्लूद्वारा गांव के निवासी हत्याओं और हथियार छीनने में वांछित सतनाम सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । वह बादल, टोहरा की हत्या का षड्यंत्र रचने वाले सुक्खा गिरोह का सदस्य था ।

बंगा रोड पर भागपुरा के निकट उग्रवादियों ने स्कूटर सवार दम्पति पर गोली चलाई, जिससे अमर कौर नामक महिला घायल हो गई । इन्हीं उग्रवादियों ने बरैंडा बस स्टैंड पर एक ठेके के कर्मचारी से तीन हजार रु. लटे थे ।

अमृतसर के खालड़ा सैक्टर में आज तड़के बी.एस.एफ. से हुई मुठभेड़ में 5 घुसपैठिए मारे गए, जिनमें एक महिला भी शामिल है ।

फिल्लौर में हिंद शिव सेना नेता श्री विजय मोहन की हत्या के विरोध में प्रोटैस्ट हड़ताल कल समाप्त हो जाएगी ।

एक सितम्बर को राजपुरा के गांव दमन हेड़ी में एक डाक्टर की हत्या करने के अभियुक्तों यादविंदर और हरजिंदर को गिरफ्तार करके स्कूटर बरामद कर लिया गया है ।

चंडीगढ़ में गिरफ्तार खतरनाक उग्रवादी जगजीत सिंह गिल के साथ लवलीन सिंह (फगवाड़ा) ने गंगनगर में आत्मसमर्पण कर दिया है । उन्होंने हनुमानगढ़ के निकट चलती ट्रेन में दो सिपाहियों की हत्या करके दो उग्रवादी छुड़वाए थे ।

## मंड क्षेत्र सी.आर.पी. के हवाले

अमृतसर से अशोक सोनी ने खबर दी है कि आज मंड क्षेत्र जो अमृतसर, कपूरथला और फिरोजपुर जिलों के 73 किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है, में सी.आर.पी. ने अपनी फोर्स तैनात कर दी है और इस सारे क्षेत्र पर उसका नियंत्रण हो गया है । खबरों के अनुसार आज प्रातः आठ बजे जब सी.आर.पी.एफ. पर आधारित पहली टकड़ी मंड में उतरी और सरकंडों से निकल कर खुले मैदान में आई तो वहां उन्होंने तीन उग्रवादियों को, जिन्होंने चद्दरों से अपने मुंह ढांप रखे थे, को देखा । उग्रवादियों ने सी.आर.पी.एफ. को देखते ही चद्दरें उतार दीं और राइफलों व पिस्तौलों से सी.आर.पी. के जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी । जवाब में सी.आर.पी. के जवानों ने फायरिंग की जिससे एक उग्रवादी घायल हो गया । फायरिंग 15 मिनट तक चली । उग्रवादी सरकंडों में कहीं छिप गए और भागने में सफल हो गए । सी.आर.पी.एफ. के 30 जवानों ने उनका पीछा किया मगर उग्रवादी छिप गए । वहां खून के धब्बे देखे गए ।

श्री पी.सी. डोगरा ने पत्रकारों के एक दल, जो उनके साथ गया था, ने बताया कि सारे मंड क्षेत्र को सी.आर.पी. के हवाले कर दिया गया है । वहां एक मुख्यालय कायम कर दिया गया है । प्रत्येक चौकी को वायरलैस सैट, जीप गाड़ियों और दूसरा सामान सप्लाई किया गया है । प्रत्येक चौकी का दूसरी चौकियों और पुलिस थानों के साथ 24 घंटे सम्पर्क बना रहेगा ।

## भू.पू. सब-इंस्पैक्टर की हत्या

बटाला (कोछड़): थाना डेरा बाबा नानक के गांव हरूवाल में गत रात्रि पैदल आए तीन अज्ञात युवकों ने फायरिंग करके पंजाब पुलिस के एक सेवानिवृत्त सब,इंस्पैक्टर 63 वर्षीय कुन्दन सिंह की हत्या कर दी । मृतक घर में खाना खा रहा था । ज्यों ही उसने दरवाजा खोला, उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी । पोस्टमार्टम के पश्चात् शव उसके वारिसों को सौंप दिया गया । पुलिस सूत्रों के अनुसार इस संबंध में चार व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है । सूत्रों के अनुसार मृतक और उसका बेटा अप्रैल मास में एक हत्या के केस में गिरफ्तार किए गए थे और अब जमानत पर रिहा थे । भारी पुलिस फोर्स के साथ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए ।

## सुक्खा गिरोह का सदस्य काबू

स्थानीय थाना सदर पुलिस ने हत्या करने वाले और हथियार छीनने वाले एक उग्रवादी को गिरफ्तार करने का दावा किया है । गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि इस आतंकवादी की शिनाख्त गांव मल्लूद्वारा के सतनाम सिंह के रूप में की गई है । श्री विरदी के अनुसार प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया है कि 11 सितम्बर, 1986 को अपने ही गांव मल्लूद्वारा में उसने एक सात वर्षीय अमर सिंह की हत्या की थी । इस हत्या में इसने मार्च 1986 में गांव दयालगढ़ से एक छीनी हुई 12 बोर की दोनाली बंदूक का प्रयोग किया था । बटाला सदर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त 12 बोर की भरी हुई दोनाली बंदूक भी बरामद कर ली है । सतनाम ने यह भी स्वीकार किया है कि उसने थाना धारीवाल के गांव भगवां और मल्लूद्वारा से भी दो बंदूकें छीनी थीं । श्री विरदी ने बताया कि सतनाम विगत दिनों जिला जालंधर में गिरफ्तार आतंकवादी सुखविंदर सिंह सुक्खा (गांव वड़ैच), जिसने पुलिस के समक्ष रहस्योद्घाटन किया था कि उनकी योजना बादल और टोहरा की हत्या करने की थी, के गिरोह का सदस्य था ।

## दम्पति पर गोली चलाई

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): आज सुबह सवा आठ बजे के लगभग बंगा रोड पर भागपुरा के निकट साइकल सवार दो उग्रवादियों ने एक स्कूटर पर सवार पति-पत्नी पर गोलियां चलाईं जिससे अमर कौर नामक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई । उसे मुकंदपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने स्कूटर सवार दम्पति को रुकने के लिए कहा । जब वे न रुके तो उन्होंने गोली चला दी ।

## ठेका लूटा

इससे पहले इन्हीं दो साइकल सवार उग्रवादियों ने बंगा रोड पर बरैंडा बस स्टैंड पर शराब के ठेके के एक कर्मचारी से पिस्तौल की नोक पर तीन हजार रुपए लूट लिए ।

पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी है लेकिन अभी कोई गिरफ्तारी नहीं की गई ।

## गोली मार कर स्कूटर छीना

इस बीच दो कथित आतंकवादियों ने लुधियाना जिले में दोराहा के निकट एक स्कूटर सवार को गोली मार कर घायल कर दिया और उसके स्कूटर पर फरार हो गये ।

## हड़ताल आज खत्म हो जाएगी

लुधियाना (धीमान) : हिन्दू शिव सेना फिल्लौर के उपप्रधान श्री विजय मोहन की उग्रवादियों द्वारा हत्या के विरुद्ध प्रोटैस्ट के तौर पर फिल्लौर में हड़ताल कल खत्म हो जाएगी और धरना भी खत्म कर दिया जाएगा । आज श्री कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में शिव सेना के 11 वर्करों नें सब्जी मंडी क्षेत्र में धरना दिया । इस अवसर पर एस.डी.एम. और डी.एस.पी. ने शिवसेना वालों से बातचीत की । शिव सेना वालों ने उनके समक्ष 3 मांगें रखी हैं : 1. श्री विजय मोहन के हत्यारे गिरफ्तार किये जाएं । 2. श्री विजय मोहन के परिवार को तुरन्त एक लाख रुपया सहायता के तौर पर दिया जाए । 3. उसकी दोनों बेटियों को मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था की जाए । एस.डी.एम. ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर सहानुभूति से विचार किया जाएगा । इसके बाद शिव सेना

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# जिन्दा द्वारा एक मुख्यमंत्री सहित 14 प्रमुख नेताओं की हत्या की धमकी

अहमदाबाद, 18 सितम्बर (वार्ता): सम्वाद समिति यू.एन.आई. के अहमदाबाद कार्यालय को आज एच.एस. जिंदा के नाम के हस्ताक्षरों वाला एक पत्र प्राप्त हुआ जिसमें गुजरात के मुख्यमन्त्री अमर सिंह चौधरी व तेरह अन्य राजनीतिज्ञों को मार डालने की धमकी दी गई है।

यह पत्र गुरुमुखी में लिखा हुआ है। पत्र में कहा गया है कि काम अंजाम देने के लिए "खालिस्तान राज्य समर्थक" राज्य में घुस चुके हैं। पत्र में यहां के यू.एन.आई. के कार्यालय को भी उड़ा डालने की धमकी दी गई है। पत्र के अंत में "भिंडरां वाला अमर रहे व खालिस्तान जिन्दाबाद" लिखा हुआ है। पत्र अपराध शाखा को सौंप दिया गया है।

## जिन्दा को शरण देने वाला रिहा

बड़ौदरा (भाषा) : भूतपूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल अरुण श्रीधर वैद्य की हत्या के सिलसिले में पूछताछ के लिए पकड़े गए तेल और प्राकृतिक गैस आयोग के कर्मचारी हरबंस सिंह संधू को रिहा कर दिया गया है।

तेल और प्राकृतिक गैस आयोग के सूत्रों के अनुसार केंद्रीय जांच ब्यूरो ने श्री संधू को रिहा कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि संधू ने कल अपना कार्यभार सम्भाला लिया था। खतरनाक आतंकवादी हरजिन्दर सिंह उर्फ जिंदा अप्रैल माह में अहमदाबाद पुलिस को चकमा देने के बाद संधू के मकान में एक रात रहा था।

संधू के जिंदा से सम्पर्क की सूचना मिलन पर केंद्रीय जांच ब्यूरो के अधिकारियों ने संधू को गिरफ्तार किया था और उसे पूछताछ के लिए पुणे ले गए थे। पता चला है कि पूछताछ के दौरान संधू ने बताया कि उसे यह नहीं पता था कि जिंदा अहमदाबाद में पुलिस की हिरासत से भागा हुआ है। यह जानकारी उसे दूसरे दिन अखबार से मिली। उसने बताया कि लेकिन तब तक जिंदा उसके घर से रफूचक्कर हो गया था।

पूछताछ से पता चला कि श्री संधू अपनी बेटी का विवाह जिंदा से करना चाहता था परन्तु यह जानकर कि जिंदा किस प्रकार की गतिविधियों में

(शेष पृष्ठ 6 पर)

36 बांध बनाने का कार्यक्रम बनाया है।

श्री बरनाला ने कहा कि मुट्ठी भर लोगों को छोड़ कर पंजाब के लोग शांति चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि पंजाब में अब छावनियों की आवश्यकता नहीं, यहां पहले ही बहुत छावनियां हैं। अब हिमाचल की तरफ और छावनियों की आवश्यकता है, पंजाब में नहीं।

वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह ने अपने भाषण में कहा कि विभाजन के समय सिख नेताओं ने धर्म के

... किशन डोगरा और मास्टर काबुल सिंह ने भी भाषण दिए।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करने से इंकार कर दिया।

प्रद्युम्न की सूचना के अनुसार श्री बरनाला ने कहा कि पृथकतावादी अकाली राजनीतिक रूप से बेईमान हैं, लोग उनके साथ नहीं हैं। श्री बलवंत सिंह ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि कानून कानून है और वह सभी पर समान रूप से लागू होता है।



थाना डेरा बाबा नानक के गांव हरूवाल में उग्रवादियों के हाथों मारा गया भू.पू. सब-इंस्पैक्टर कुन्दन सिंह। (छाया : कोछड़)

Punjabi Sanatan

# आतंकवादियों द्वारा तरनतारन में 2, जालन्धर में 1 हत्या

## गुरदासपुर में इश्तहारी अभियुक्त और उसका साथी गिरफ़्तार

## विजय मोहन की हत्या में एक दर्जन हिरासत में

चंडीगढ़, 20 सितम्बर (यू., प्रै.वा.): पंजाब में जिला अमृतसर के तरनतारन क्षेत्र में गत रात्रि चार संदिग्ध आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । एक स्कूटर छीनने की घटना भी हुई ।

गुरदासपुर पुलिस ने सिख छात्र संघ के नेता कुलदीप सिह काहलों तथा उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया । होशियारपुर पुलिस ने मुरादाबाद (उ.प्र.) से एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया ।

श्री गंगानगर क्षेत्र में पुलिस ने एक स्थान पर छापा मार कर एक मुठभेड़ के बाद 5 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया । मुठभेड़ में एक डी.एस.पी. सहित तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए ।

फिल्लौर पुलिस ने शिव सेना नेता विजय मोहन की हत्या के सम्बन्ध में लगभग एक दर्जन व्यक्तियों को हिरासत में लिया है ।

जालन्धर के निकट गांव हजारा में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

अमृतसर (प्रै.,सोनी): पुलिस ने बताया कि गत रात्रि तरनतारन क्षेत्र के गांव चटौला में चार संदिग्ध आतंकवादियों ने दो व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतकों में एक युवक अवतार सिह तथा गांव का चौकीदार शिगारा सिह शामिल हैं ।

पुलिस के अनुसार स्टेनगनों से लैस आतंकवादियों ने अवतार सिह को, जो कि मोपेड पर गांव जा रहा था, घेर लिया तथा चौकीदार शिगारा सिह को भी गांव से लाकर वहीं बिठा लिया । जब उन्होंने शोर मचाने की कोशिश की तो आतंकवादियों ने स्टेनगन से गोलियां चला कर उनको वहीं ढेर कर दिया । ग्रामीणों ने, जो कि शोर सुन कर मौका पर पहुंचे, ने आतंकवादियों का पीछा किया परन्तु वे हाथ न आए । पुलिस ने घटनास्थल से 9 एम.एम. के कुछ खाली कारतूस बरामद किए और थाना तरनतारन में केस दर्ज कर लिया गया है ।

पुलिस और सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में खोजबीन की लेकिन कोई सफलता न मिली ।

एस.पी. सिटी श्री एच.एस. काहलों ने बताया कि अवतार सिह और शिगारा सिह की हत्या का कोई अन्य कारण भी हो सकता है जिसके बारे में जांच जारी है । पुलिस ने दोनों लाशें कब्जे में लेकर उनका पोस्टमार्टम कराया ।

**तीन स्कूटर सवार गिरफ्तार**

श्री काहलों ने बताया कि गत रात थाना सिविल लाइन्ज क्षेत्र में राम तीर्थ रोड की ओर निक्का सिह कालोनी में तीन स्कूटर सवार आतंकवादियों को पुलिस पार्टी ने रोका तो उनमें से एक ने पुलिस पर फायर किया जिसके उत्तर में पुलिस ने भी फायर किए तथा तीनों स्कूटर सवारों को काबू कर लिया । इनके नाम रणजीत सिह राणा, कुलदीप सिह (दोनों

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# बलजीत व पम्मा गिरफ्तार न होते तो इसी महीने गगनदीप सिह की हत्या कर दी जानी थी

चंडीगढ़, 20 सितम्बर (यू.): यदि कुख्यात आतंकवादी बलजीत सिह तथा परमजीत सिह उर्फ पम्मा गिरफ्तार न हुए होते तो दुर्दांत आतंकवादियों वरयाम सिह खापियांवाली और हरजिंदर सिह उर्फ जिंदा ने इस वर्ष अप्रैल में स्वर्ण मंदिर परिसर में पुलिस के प्रवेश का बदला लेने के लिए मुख्यमन्त्री श्री सुरजीत सिह बरनाला के सबसे छोटे लड़के गगनदीप सिह की इस महीने हत्या कर देनी थी ।

चंडीगढ़ पुलिस द्वारा उक्त दोनों अभियुक्तों से की गई पूछताछ तथा उनकी स्वीकारोक्तियां एक कहानी की तरह लगती हैं जिसमें बाएं हाथ को पता नहीं चलता कि दायां हाथ क्या करने वाला है ।

चंडीगढ़ पुलिस द्वारा बलविंदर सिह बराड़ तथा परमजीत सिह से की गई पूछताछ से पता चलता है बटाला ने बलविंदर सिह बराड़ के एक भाई की सहायता से, जिसे दोनों अपराधियों के इरादों की जानकारी नहीं होनी थी, गगनदीप सिह का अपहरण करके उसकी हत्या करने का फैसला किया था । बराड़ का भाई सरबजीत सिह सेखों श्री बरनाला के दूसरे लड़के जसजीत सिह का बहुत नजदीकी है तथा वे दोनों स्कूल में इकट्ठे पढ़ते थे ।

चंडीगढ़ पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारियों के शीघ्र बाद फरीदकोट पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए पम्मा ने जांचकर्त्ताओं को बताया कि वरयाम सिह गिरोह द्वारा किए गए कुछ छोटे-मोटे अपराधों में शामिल होने के बाद उसे धमकी देकर अपराधपूर्ण जीवन बिताने के लिए विवश किया गया । उन्होंने कहा कि उसकी हाल ही में शादी हुई थी और वह नहीं चाहता था कि उसका पारिवारिक जीवन अशांत हो जिसके लिए उसे वरयाम सिह द्वारा धमकाया जा रहा था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर,

# बरनाला ने मुझे 'क्लीन चिट' दे दी है : हरभजन संधू

## आतंकवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

आबादी रणजीतपुरा के) तथा कुलदीप सिंह पुत्र शरण सिंह गांव बासरके निवासी हैं ।

यह तीनों लूटमार तथा हत्या करने वाले आतंकवादियों के गिरोह के सदस्य हैं । अभी तक 7 वारदातों का उनसे सुराग मिल गया है । 17 अगस्त 1986 को छहर्टा के करीब रामपुरा में मजहबी सिख मजदूरों पर गोलियां चलाने वाले आतंकवादियों में कुलदीप सिंह बासरके भी शामिल था जिसमें एक निर्दोष व्यक्ति सुरजीत सिंह मारा गया था तथा तीन घायल हुए थे । उनसे स्कूटर नम्बर पी.यू.ए. 8100 मिला है जो कि किसी से छीना हुआ है । उनसे 12 बोर की देसी पिस्तौल व एक कारतूस मिला है । उनसे कई अन्य वारदातों का भी सुराग मिलने की सम्भावना है ।

### स्कूटर छीन लिया

कमलेश के अनुसार गत सायं 8½ बजे के करीब इस्लामाबाद में खूह भल्लियांवाला के निकट अरुण कुमार तथा अशोक कुमार दोनों स्कूटर पर जा रहे थे कि दो कथित उग्रवादियों ने धमकी देकर बजाज चेतक स्कूटर पी.जे.डब्ल्यू. 692 छीन लिया तथा फरार हो गए ।

अरुण कुमार ने बताया कि जब वे थाना सदर में रपट दर्ज कराने गए तो उन्होंने कह दिया कि यह क्षेत्र उनका नहीं । इसके बाद वे लाहौरी गेट थाना गए तो उन्होंने भी यही उत्तर दिया । आखिर रात 12 बज गए और उन्हें अगले दिन आने को कहा गया । तब दोनों थानों वालों ने फैसला करके यह तय किया कि यह क्षेत्र थाना लाहौरी गेट के अन्तर्गत आता है । तब इस्लामाबाद चौकी में रपट दर्ज की गई ।

### इश्तहारी अभियुक्त गिरफ्तार

गुरदासपुर (ज्ञानी): पंजाब के गुरदासपुर जिले में आज सवेरे अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के वरिष्ठ नेता कुलदीप सिंह काहलों तथा इसके सहयोगी स्वर्णजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया । पंजाब पुलिस तथा अर्ध सैनिक बलों ने गांव सहारी में ये गिरफ्तारियां कीं । कुलदीप सिंह काहलों संघ के प्रधान हरेन्द्र सिंह काहलों का निकट साथी बताया जाता है । उसे उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह शौच के लिए जा रहा था ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. विरदी ने गुरदासपुर में सम्वाददाताओं को बताया कि कई आपराधिक मामलों में पुलिस को काहलों की तलाश थी और वह इश्तहारी अभियुक्त था । 5 सदस्यीय पंथक कमेटी द्वारा खालिस्तान की घोषणा किए जाने के बाद वह भूमिगत हो गया था ।

### आतंकवादी का रिमांड

होशियारपुर (प्रै.): होशियारपुर पुलिस ने गांव मसानियां के कथित आतंकवादी अमर सिंह को उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद से गिरफ्तार कर लिया । उसे जज के समक्ष पेश किया गया जिन्होंने 22 सितम्बर तक उसका पुलिस रिमांड दे दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार वह जिला होशियारपुर में कुछ केसों में वांछित था और पिछले 6 महीनों से फरार था ।

### राजस्थान पुलिस ने अभियुक्त मांगे

मलोट (गोयल): राजस्थान के जिला श्रीगंगानगर के पुलिस अधीक्षक श्री सोमनाथ शेखर ने पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरियो से अनुरोध किया है कि वह चंडीगढ़ पुलिस

# मालेरकोटला में हिंदू सुरक्षा समिति के नेता की गोली मार कर हत्या

## जंडियालागुरु में 34 हजार रुपए के गहने व नकदी लूटी

# अमृतसर में 6, फिरोज़पुर में 2 उग्रवादी गिरफ़्तार

चंडीगढ़, 21सितम्बर (यू.प्रै.,वा.): दो संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात मालेरकोटला में हिन्दू सुरक्षा समिति के एक नेता की गोली मार कर हत्या कर दी ।

नकोदर व बटाला के निकट पिस्तौल की नोक पर दो स्कूटर छीनने की वारदातें हुईं ।

थाना हरयाना जिला होशियारपुर की पुलिस ने संयुक्त अकाली दल के नेता बाबा जोगेन्द्र सिंह व उनके कुछ साथियों के विरुद्ध राजद्रोह का केस दर्ज किया ।

अमृतसर पुलिस ने 6 तथा फिरोजपुर पुलिस ने 2 आतंकवादी गिरफ्तार किए । अमृतसर में चोहला साहब में 4 सशस्त्र व्यक्तियों ने पंजाब सशस्त्र पुलिस के एक सिपाही का अपहरण करने की कोशिश की ।

जंडियाला गुरु में 4 सशस्त्र उग्रवादियों ने एक घर में दाखिल होकर 34 हजार रुपए के गहने व नकदी लूट ली ।

जालन्धर पुलिस ने एक व्यक्ति से रुपए छीन कर भाग रहे एक आतंकवादी को पकड़ लिया ।

संगरूर से 'गर्ग' के अनुसार मालेरकोटला में गत रात 9.00 बजे हिन्दू सुरक्षा समिति के नेता श्री सुरेन्द्र शर्मा की दो अज्ञात युवकों ने गोली मार कर हत्या कर दी । श्री शर्मा (24) जो कि अविवाहित थे, यहां से तीन किलो मीटर दूर गांव सरौद में अपने शराब के ठेके से मोपेड पर वापस आ रहे थे जबकि दो युवकों ने अत्यन्त नज़दीक से उन पर गोलियां चलाईं । श्री शर्मा की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । एस.एस.पी. श्री परमजीत सिंह संधू सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए । सारे रास्तों की नाकाबंदी कर दी गई । एस.पी. डिटैक्टिव श्री विज के नेतृत्व में विभिन्न मकानों पर छापे मारे गए । एस.एस.पी. संगरूर के अनुसार 10 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है ।

इस. हत्याकांड के बाद मालेरकोटला में ज़बरदस्त तनाव पैदा हो गया । पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की गश्त तेज़ कर दी गई । मृतक के संबंधियों ने आरोप लगाया है कि पुलिस हत्या के काफ़ी देर बाद वहां पहुंची । आज अंतिम संस्कार के समय भारी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

**स्कूटर छीने**

जालन्धर (क): गत रात निकट के कस्बा नकोदर में दो अज्ञात उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर नकोदर के ही एक व्यक्ति तरसेम लाल सुपुत्र दौलत राम से उसका स्कूटर पी.जे.जी. 3048 छीन लिया और फ़रार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया । सूचना मिलते ही चारों ओर वायरलैस द्वारा नाकाबंदी टुकड़ियों को चौकस कर दिया गया ।

बटाला (कोछड़): गत दिवस दोपहर के समय गांव सेखवां के निकट दो अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति भगवन्त सिंह से उसका स्कूटर नं. पी.यू.जी. 3391 छीन लिया । भगवन्त सिंह कादियां जा रहा था । थाना कादियां ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

**राजद्रोह का केस**

होशियारपुर (प्र.): सिटी पुलिस होशियारपुर थाना हरयाना में संयुक्त अकाली दल के कार्यकारी

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# भटिंडा में गैस लीक होने से कई लोग बीमार, अस्पताल में दाखिल

भटिंडा, 21 सितम्बर (प्रै.) : आज प्रातः यहां एक रसायनिक संयंत्र से गैस लीक करने के परिणामस्वरूप कई लोगों को उल्टियां, खांसी आदि शुरू हो गईं । प्रभावित व्यक्तियों को स्थानीय एक अस्पताल में भर्ती कराया गया । प्रभावित व्यक्ति सिविल लाईन्ज, पुलिस लाइन्ज, इंडस्ट्रियल एरिया, शांत नगर, मिल्क प्लांट कालोनी तथा अन्य निकटवर्ती क्षेत्रों के हैं ।

आई.टी.आई. क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात एक सी.आर.पी. का जवान मंगल सेन तथा एक स्वास्थ्य विभाग की कर्मचारी बिमला की दशा गंभीर है । 15 के लगभग व्यक्तियों को सरकारी अस्पताल में कुछ उपचार के पश्चात् छुट्टी दे दी गई जबकि अन्य बहुत से व्यक्ति निजी रूप से उपचार करा रहे हैं ।

जिला पुलिस मुख्य श्री एम.पी.एस. औलख ने पत्रकारों को बताया कि इस घटना से किसी की मृत्यु होने का समाचार प्राप्त नहीं हुआ है । उन्होंने बताया कि पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है ।

उपायुक्त श्री जे.एस. कौमी ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में डाक्टरों के दल भेज दिए गए हैं तथा लोगों को कहा गया है कि वे भयभीत न हों ।

संयंत्र के अधिकारियों का कहना है कि कुछ समय पूर्व 'वैल्ड' किए गए जोड़ों से 'सल्फर टाईआक्साईड' गैस नमी तथा गैस के रूप में लीक हुई है । उन्होंने बताया कि वार्षिक मुरम्मत करने के लिए यह फैक्टरी एक माह पूर्व बन्द की गई थी तथा इसने पुनः कल रात ही काम शुरू किया था । इस गैस से संयंत्र का कोई कर्मी प्रभावित नहीं हुआ है ।

**केस दर्ज : 3 अफसर गिरफ्तार**

मनक खाद फैक्टरी से गैस लीक होने के संबंध में बाद में प्राप्त सूचना के अनुसार पुलिस ने इस संबंध में धारा 284, 285, 286 और 278 के अंतर्गत केस दर्ज कर लिया है तथा कम्पनी के 3 अधिकारी पी.एल. गर्ग, नरेंद्र पाल सिंह और हरदेव सिंह को

# ज़फ़र सोवियत राजनयिक का हत्यारा नहीं, हत्या किसी और ने की

इस्लामाबाद, 21सितम्बर (भाषा): सोवियत नौसैनिक अटैची की पत्नी अंतोनिना गोरेन्कोव को शक है कि उनके पति की हत्या के आरोप में

सोवियत अधिकारियों ने उन धारणाओं का भी खंडन किया है जिसमें कहा गया कि ज़फ़र 'एक जासूस' था और उसे धोखा दिए जाने पर उसने यह

Punjabi Sanatani

दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 22 सितम्बर, 1986 (8)

## उग्रवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

अध्यक्ष बाबा जोगेन्द्र सिंह और उनके साथियों के विरुद्ध धारा 124-ए विद्रोह के आरोप में केस दर्ज किया गया है । अन्य जिन व्यक्तियों के विरुद्ध विद्रोह का मुकद्दमा दर्ज किया गया है, उनमें जिला प्रधान हरदयाल सिंह एडवोकेट, रणजीत सिंह ढाडी, महेन्द्र सिंह रोडे और अमर सिंह का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है, इनके विरुद्ध 8-9 अगस्त को होशियारपुर और बनसाली में विद्रोहपूर्ण भाषण करने का आरोप है । पता चला है कि इनमें से कुछेक को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

### वह जरनैल सिंह दूसरा है

लुधियाना (धी.): पुलिस सूत्रों ने बताया कि यहां प्राप्त एक सरकारी सूचना के अनुसार बम्बई में गत दिवस गिरफ्तार किया गया उग्रवादी जरनैल सिंह वह जरनैल सिंह नहीं है जिसने गत वर्ष संत हरचन्द सिंह लौंगोवाल की हत्या की थी ।

उल्लेखनीय है कि बम्बई में पकड़े गए जरनैल सिंह ने अपने बाप का नाम वही बताया है जो संत हरचन्द सिंह लौंगोवाल की हत्या के सिलसिले में वांछित जरनैल सिंह के बाप का है परन्तु उसने जिला लुधियाना में अपने जितने भी ठिकानों का पता बताया, वह लगभग सभी गलत निकले ।

### नहर से लाश मिली

'मुसाफिर' के अनुसार थाना पायल के एक गांव के निवासी तीर्थ सिंह की लाश गत दिवस नहर से बरामद हुई । तीर्थ सिंह 'क्लीन शेव' था । ऐसा संदेह किया जा रहा है कि उग्रवादियों ने उसकी हत्या करके लाश नहर में फैंक दी ।

### लूट की वारदात

न.न.ए. के अनुसार जंडियाला गुरु में तरनतारन रोड पर 4 कथित उग्रवादी एक व्यक्ति रामकृष्ण आहूजा के घर में दाखिल होकर लगभग 34 हजार रुपए के गहने व नकदी आदि ले गए । इसमें 8 हजार रुपए की नकदी व साढ़े सात तोले सोने के आभूषण शामिल हैं । घर के मालिक रामकृष्ण आहूजा ने बताया कि उक्त कथित उग्रवादी घर की दीवार फांद कर अन्दर दाखिल हुए तथा पिस्तौल की नोक पर उनसे अलमारी की चाबियां लेकर उक्त नकदी व जेवर निकाले तथा फरार हो गए । पुलिस ने सूचना मिलते ही विभिन्न स्थानों की नाकाबंदी करके कथित उग्रवादियों की तलाश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली । जंडियाला गुरु पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी ।

कल जालन्धर के निकट गांव हजारा में उग्रवादियों के हाथों मारे गए गोपाल सिंह की लाश पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसके वारिसों को सौंप दी ।

### 6 गिरफ्तार

अमृतसर (सोनी): सिटी एस.पी. श्री एच.एस. काहलों ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार करके उनसे कुछ गोली-सिक्का पकड़ा है ।

श्री काहलों ने बताया कि सरहाली पुलिस ने ऐसे 3 आतंकवादियों को हथियारों समेत काबू किया जो ग्रामीण लोगों के घरों में घुस कर उन्हें हथियारों से आतंकित करके उनसे हथियार छीन ले जाते थे । इनके नाम सुखविंदर सिंह निवासी गांव खैरा (25), सुक्खा निवासी खैरा तथा झिलमिल सिंह निवासी सरहाली हैं । सुखविंदर सिंह से पुलिस ने 12 बोर का देसी पिस्तौल, कुछ कारतूस और सुक्खा से पाक निर्मित 32 बोर का रिवाल्वर 6 कारतूसों समेत पकड़ा । उनसे पूछताछ में कई रहस्योद्घाटन सम्भावित हैं ।

श्री काहलों ने बताया कि तीन अन्य आतंकवादियों गुरनाम सिंह पक्खो, कुलवन्त सिंह उर्फ कंत तथा कुलदीप सिंह कथू चक को तीन मास पूर्व करनैल सिंह शाह से लाइसैंस शुदा दोनाली बंदूक छीनने के मामले में गिरफ्तार किया गया ।

एक अन्य केस में चार सशस्त्र व्यक्तियों ने सी.ए.पी. के एक सिपाही का चेहला साहब में उसके घर से अपहरण करने का प्रयास किया लेकिन बाद में कुछ मारपीट करके उसे छोड़ दिया । नछत्तर सिंह नामक उक्त सिपाही जो कि जलन्धर में तैनात है, अपने घर छुट्टी पर आया हुआ था । वे उससे उसके चाचा हजारा सिंह के बारे में पूछ रहे थे क्योंकि उससे उन्होंने 50 हजार रुपए की मांग की हुई है ।

### अन्तिम संस्कार

सी.पी.एम. नेता अवतार सिंह और गांव के चौकीदार शिंगारा सिंह जिनकी गत दिवस उग्रवादियों ने हत्या कर दी थी, का आज गांव चुटाला में अन्तिम संस्कार कर दिया गया । इस अवसर पर गांव व आसपास के क्षेत्रों के लगभग दो हजार लोग शामिल हुए ।

### खतरनाक आतंकवादी पकड़े

फिरोजपुर (बागी): फिरोजपुर पुलिस ने दो कुख्यात आतंकवादियों बलविंदर सिंह पुत्र हरदेव सिंह निवासी जयपुरा थाना पायल तथा हरदेव सिंह पुत्र गुरमेल सिंह निवासी गांव नादपुरा थाना साहनेवाल जिला लुधियाना को गिरफ्तार किया । एस.एस.पी. श्री चालिहा ने बताया कि इन दोनों आतंकवादियों ने जिला लुधियाना में एक हत्या की तथा चार डकैतियां डालीं जबकि जिला फिरोजपुर में एक डकैती डाली ।

### पुलिस चौकियां मज़बूत बनाई

ऊना : एस.पी. श्री ओंकार सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल को प्रभावी बनाने के लिए पंजाब के साथ लगने वाली पड़तालिया चौकियों को मज़बूत

## कैनेडियन की हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

हैं । पहली पत्नी की मृत्यु हो चुकी है । उसके परिवार को एक लाख रु. की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी ।

## लुटेरे गिरफ्तार

बटाला (कोछड़): स्थानीय थाना सदर पुलिस व सी.आई.ए. स्टफ ने लूटमार करने वाले 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का दावा किया है । इनकी पहचान गांव मिस्रपुर के कुलवन्त सिंह, श्याम सिंह व संतोख सिंह के रूप में की गई है । इन्होंने जांच के दौरान स्वीकार किया कि 16 फरवरी को बादलों के घेराव के समय इन्होंने जालन्धर-अमृतसर बाईपास पर स्थित नानकधाम में लूटपाट की थी ।

सी.आई.ए. स्टाफ ने लूटे हुए समान में से काफी सामान बरामद कर लिया है, इनमें कई वर्तन आदि शामिल हैं ।

## मुठभेड़ में 4 उग्रवादी बंदी

मोगा (बंसत): फरीदकोट जिला पुलिस तथा

Punjabi Sanatani

# पंजाब में उग्रवादियों द्वारा नक्सली नेता सहित 6 व्यक्तियों की हत्या

## सिख छात्र संघ के एक नेता की लाश कालेज होस्टल के बाहिर पड़ी मिली

## सेफ़ की चाबी न देने पर स्त्री को गोली मार दी

**चंडीगढ़, 27 सितम्बर (यू.प्रै.): उग्रवादियों ने 24 घंटों में पंजाब में 6 लोगों की हत्याएं कीं । इनमें से 3 लोगों की हत्या अमृतसर जिले में, एक की होशियारपुर जिले में, एक की कपूरथला में, एक की लुधियाना जिले में की गई । पंजाब पुलिस ने कम्युनिस्ट नेता दर्शनसिंह कैनेडियन की हत्या में वांछित दो उग्रवादियों सहित 10 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया ।**

बाघा पुराना में दो सशस्त्र व्यक्तियों ने एक पैट्रोल पम्प लूट लिया ।

जिला लुधियाना में खेड़ी बोध सिंह में 21 जुलाई को बैंक लूटने के आरोप में पुलिस ने कथित आतंकवादी दलजीत सिंह को पकड़ा । बैंक से 95697 रुपए लूट गये थे ।

अमृतसर, (भाषा): मार्क्सवादी लेनिनवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता श्री बलदेव सिंह मान की कल रात दो अज्ञात व्यक्तियों ने अमृतसर - अजनाला मार्ग पर यहां से बीस कि.मी. दूर हर्षा छीना गांव में गोली मार कर हत्या कर दी । वह नक्सलियों के चंद्र पुल्ला रेड्डी गुट से संबंधित थे ।

नगर पुलिस अधीक्षक श्री एच.एस. काहलों ने बताया कि श्री मान जब रिक्शा पर अजनाला क्षेत्र में अपने गांव बग्गा जा रहे थे, तब उन पर काफी नज़दीक से गोली चलाई गई । उनकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई ।



*अमृतसर के नक्सली नेता बलदेव सिंह मान जिनकी उग्रवादियों ने आज हत्या कर दी*

श्री मान ने 1977 तथा 1980 में राजा सांसी क्षेत्र से पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गये थे । वरिष्ठ कम्युनिस्ट एवं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट नेताओं ने श्री मान की हत्या पर गहरा शोक एवं क्षोभ प्रकट किया है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार कथित उग्रवादी 4 थे । श्री मान क्षेत्र में बड़े लोकप्रिय थे । एक सूचना है कि श्री मान के साथ उनका एक संबंधी बलबीर सिंह भी था, जो कि घायल हुआ है जबकि एजैंसी की सूचना है कि उनका रिश्तेदार घायल नहीं हुआ । कथित हत्यारे मोटर साइकल तथा स्कूटर पर सवार थे ।

श्री बलदेव सिंह मान नक्सलाईट ग्रुप की मासिक पत्रिका 'हरावल दस्ता' के सम्पादक थे तथा किरती किसान धड़े के जाने-माने नेता थे । वह नौजवान भारत सभा के प्रधान भी थे । श्री मान ने गुरुनानक देव विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर परीक्षा पास की थी तथा इससे पूर्व वह खालसा कालेज अमृतसर के छात्र थे । उन्होंने किसानों द्वारा बिजली की मांग को लेकर चंडीगढ़ में किये गये प्रदर्शन में भी भाग लिया था । श्री मान खालिस्तान की मांग के सख्त विरोधी थे तथा इसी संबंध में उन्होंने कई बार जनसभाओं का भी आयोजन किया था ।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी पंजाब के सचिव कामरेड सतवंत सिंह ने श्री मान की हत्या को लोकतांत्रिक व धर्म निरपेक्ष शक्तियों के लिये चुनौती

(शेष पृष्ठ 10 पर)

## पंजाब में हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

बताया । मार्क्सवादी लेनिनवादी कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य समिति ने भी इस हत्या की निंदा करते हुए ज़बरदस्त जन आंदोलन द्वारा आतंकवादियों के इरादे विफल करने के संकल्प की घोषणा की । पार्टी ने कहा कि वह आतंकवादियों का पूरी ताकत से मुकाबला करेगी ।

'सोनी' की सूचना है कि कामरेड मान उग्रवादियों को देख कर रिक्शा से उतर कर भागे, परन्तु हमलावरों ने पीछे से गोलियों की बौछार कर दी । यह घटना सायं 7 और पौने आठ बजे के मध्य हुई ।

आज इंडियन रैवोल्यूशनरी कम्युनिस्ट पार्टी (जैकारा) ने एक प्रैस विज्ञप्ति में श्री बलदेव सिंह मान की हत्या की कड़ी निंदा की है । पार्टी के एक प्रवक्ता श्री नरभिन्द्र सिंह ने कहा है कि कम्युनिस्ट सदा ही आतंकवादी तथा साम्प्रदायिक तत्वों के विरुद्ध डटे रहे हैं तथा इस प्रकार के सिर-फिरे आतंकवादियों को समाप्त करने के लिये निरन्तर संघर्ष करते रहेंगे । प्रवक्ता ने कहा है कि नक्सली लहर उन तत्वों को कभी माफ़ नहीं करेगी,जो धार्मिक उन्माद के वशीभूत होकर साम्प्रदायिकता के उद्देश्य से कम्युनिस्ट शक्तियों पर आक्रमण कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि श्री मान ने साम्प्रदायिकता के विरुद्ध लड़ते हुए, शहीद होकर कम्युनिस्ट परम्परा को बनाए रखा है । उन्होंने कहा,यह शहीदी बेकार नहीं जाएगी ।

**प्रवक्ता ने सभी इन्कलाबी कम्युनिस्ट तथा राजनीतिक लोगों से अपील की है कि वे हर संभव ढंग से इस हत्या के प्रति रोष व्यक्त करें तथा इस हत्या का बदला लेने के लिये आगे आएं ।**

फतेहगढ़ चूड़ियां से 'सुभाष' के अनुसार कामरेड बलदेव सिंह मान की हत्या में प्रयुक्त स्कूटर पी.ए.ए. 7311 पुलिस ने गांव बग्गा कलां के निकट बरामद कर लिया ।

### काहलों ग्रुप के नेता की हत्या

अमृतसर पुलिस ने आज खालसा कालेज की दीवार के निकट से एक सिख युवक की लाश बरामद की । लाश पर गोलियों के निशान हैं । समझा जाता है कि मृतक अखिल भारतीय सिख छात्र महा संघ का सक्रिय कार्यकर्ता था । पुलिस ने उसकी जेब से एक कागज़ का पुर्ज़ा बरामद किया है,जिस पर 'हरजिन्दर सिंह' नाम लिखा है ।

पुलिस को संदेह है कि उसकी हत्या महासंघ के विरोधी गुट ने कर दी है । हरजिन्दर सिंह पहले जिला कपूरथला में काहलों धड़े का सुलतानपुर लोधी सर्कल का प्रधान था,लेकिन हाल ही में वह मंजीत गुट में शामिल हो गया था । उसके शरीर पर गोलियों के दो घाव हैं जबकि एक अन्य सूचना के अनुसार उसके सिर, चेहरे व छाती पर गोलियां लगी हैं । सिटी एस.पी. ने बताया कि उसकी शिनाख्त उसकी जेब में से मिले एक पत्र से की गई । उन्होंने बताया कि पत्र पर दो व्यक्तियों के हस्ताक्षर हैं जिन्होंने उसके काहलों धड़े से अलग होकर मंजीत धड़े में शामिल होने पर आपत्ति की थी और उसे मूल संगठन में शामिल होने की सलाह दी थी जोकि 'शहीदों' का संगठन है, जिसे दमदमी टकसाल का समर्थन प्राप्त है ।

### पाक को नक्शे भेजते थे

# पंजाब में आतंकवादियों द्वारा दो हत्याएं : महंत पर फ़ायरिंग

## मोगा में बैंक लूटने का प्रयास करने वाले 4 उग्रवादी गिरफ्तार

## 'डेरा बाबा नानक सीमा पर भिड़न्त वास्तविक थी'

चंडीगढ़, 28 सितम्बर (यू.प्रै.,वा.): पंजाब में गत 24 घंटों के दौरान दो व्यक्तियों की संदिग्ध आतंकवादियों ने हत्या कर दी । इनमें से एक हत्या जिला कपूरथला तथा दूसरी जिला लुधियाना में की गई ।

बाघापुराना के एक महंत को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया ।

नक्सली गुट ने खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स की चुनौती स्वीकार करते हुए कहा है कि बलदेव सिंह मान की कुर्बानी व्यर्थ नहीं जाने दी जाएगी ।

पंजाब के मंत्रियों की कमेटी ने कहा है कि गुरदासपुर सीमा पर हुई भिड़ंत नकली नहीं थी ।

मोगा के निकट बैंक लूटने का प्रयास करने वाले 4 आतंकवादी गिरफ्तार कर लिए गए ।

गुरदासपुर पुलिस ने एक खतरनाक उग्रवादी सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता को गिरफ्तार कर लिया ।

अमृतसर तथा भवानीगढ़ में दो शराब के ठेके लूटे गए ।

फगवाड़ा के निकट हदियाबाद तथा नकोदर के करीब दो स्कूटर छीने गए ।

लुधियाना (मुसाफ़िर, धी.): लुधियाना के निकट गांव डांगो में आतंकवादियों की फ़ायरिंग से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई तथा एक व्यक्ति घायल हो गया ।

बताया जाता है कि गत रात्रि जब गांव के कुछ लोग एक जगह बैठे बातें कर रहे थे तो दो उग्रवादी एक स्कूटर पर वहां आए । उन्होंने वहां बैठे लोगों पर गोली चलाई जिससे एक व्यक्ति अवतार सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि शेरसिंह नामक व्यक्ति घायल हो गया । पुलिस ने उग्रवादी गतिविधियां (उन्मूलन) कानून के अन्तर्गत केस दर्ज कर लिया है। गांव के लोगों ने एक हमलावर को पहचान लिया है । उसका नाम गुरचेतन सिंह बताया गया है । वह इसी गांव का रहने वाला बताया जाता है । यह भी कहा जाता है कि उग्रवादियों को अवतार सिंह पर पुलिस की मुखबरी करने का संदेह था ।

**दोधी की हत्या**

कपूरथला (शर्मा): यहां से लगभग दस किलो मीटर दूर मौज़ा खुखराइन के निकट तीन सशस्त्र व्यक्तियों की ओर से गत सायं लगभग 6 बजे एक 18-19 वर्षीय दोधी राजेन्द्र कुमार उर्फ़ बिट्टू की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी गई । बताया जाता है कि दो साइकलों पर सवार तीन व्यक्तियों, जिनमें दो सिख तथा एक 'क्लीन शेव' था, को देख कर दोधी राजेन्द्र कुमार ने अपनी मोपेड खड़ी कर दी और भाग पड़ा,लेकिन वर्षा के कारण फिसल कर गिर गया और तीन व्यक्तियों में से दो ने पीछा करके उसकी कृपाण और दांतरे से हत्या कर दी । हत्यारे फ़रार हो गए ।

सूचना मिलते ही पुलिस ने केस दर्ज कर लिया । एस.पी. सहित सभी पुलिस अधिकारी मौका पर गए । खोजी कुत्ते मंगाए गए लेकिन वे मौजा खुखराइन तक ही गए । पुलिस के अनुसार यह निजी शत्रुता का मामला भी हो सकता है । मृतक गरीब मां-बाप का इकलौता बेटा था ।

आज यहां हिंद शिव सेना (तांगड़ी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश और एस.पी. से भेंट करके बताया कि मृतक शिव सेना का वर्कर था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# हल्के टोही विमान के लिए अमरीकी जैट इंजन खरीदने का फैसला

नई दिल्ली, 28 सितम्बर (यू.): भारत ने बंगलौर में बनाये जा रहे हल्के टोही विमान के पहले नमूने के लिये अमरीका से उन्नत एफ.-404 जैट इंजन खरीदने का फैसला किया है । अधिकृत सूत्रों के अनुसार कुछ एफ.-404 इंजनों की खरीद के लिये अमरीका को आशयपत्र दिया गया है । इस अनुबंध की अमरीकी रक्षामंत्री श्री वेनबर्गर की 11 अक्तूबर को नई दिल्ली यात्रा के दौरान पुष्टि किये जाने की संभावना है । पिछले कई वर्षों में भारत द्वारा अमरीका से अत्याधुनिक प्रतिरक्षा सामग्री की यह पहली बड़ी खरीद होगी ।

एक स्वदेशी जैट इंजन जिसका नाम 'जी.टी. एक्स 35 वी एस' रखा गया है । इस समय गैस टर्बाइन रिसर्च एस्टेबलिशमैंट बंगलौर में विकसित किया जा रहा है तथा प्राप्त संकेतों के अनुसार पहला इंजन अब से 8 वर्ष के भीतर प्राप्त हो सकेगा ।

सूत्रों ने बताया कि लगभग 10 एफ.-404 इंजन आयात किये जाएंगे और यदि उस समय तक भारतीय जैट इंजन उपलब्ध न हो सका तो 50 से लेकर 60 तक अतिरिक्त इंजन आयात किये जाएंगे । एफ.-404 इंजन जो कि अमरीकी वायुसेना के अत्यन्त उन्नत एफ-18 हार्नेट फाइटर तथा एफ़-20 टाइगर शार्क में इस्तेमाल होते हैं,की भारत को बिक्री की पेंटागन ने स्वीकृति दे दी है । यह इंजन स्वीडन तथा फ्रांस के भावी लड़ाकू विमानों में भी प्रयुक्त किया जाना है । एफ-404 हल्के टोही विमान (लाइट कोम्बाट एयर क्राफ्ट) के पहले 6 नमूनों में इस्तेमाल किया जाएगा तथा इनकी उड़ान 1991 में सम्भावित है । कुछ इंजन रिजर्व के तौर

# विमान अपहरण कांड से भारत-पाक सम्बन्ध बिगड़े

न्यूयार्क, 28 सितम्बर (यू.): कराची में पैन-एम के विमान के अपहरण कांड में पाकिस्तान की धांधली से भारत-पाक सम्बन्ध और बिगड़े हैं ।

न्यूयार्क टाइम्स ने लिखा है कि भारत और पाकिस्तान के राजनयिक स्वीकार करते हैं कि इस विमान अपहरण कांड से वातावरण और विषाक्त हो गया है ।

समाचार ने लिखा है कि भारत की नाराजगी

# पाकिस्तान चीनी ए... की प्रहार शक्ति ब...

नई दिल्ली, 28 सितम्बर (भाषा): पाकिस्तान ने दो अमरीकी कम्पनियों से कहा है कि वे चीन में निर्मित एफ़-7 एम.विमान को अधिक प्रभावकारी लड़ाकू विमान में बदलने की संभावनाओं का पता लगाएं । पाकिस्तान इसके पूर्व 60 अतिरिक्त एफ़-16 लड़ाकू विमानों के लिए आग्रह कर चुका है ।

## आतंकवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि मृतक के वारिसों को एक लाख रुपए दिए जाएं तथा अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए ।

### भिड़ंत वास्तविक थी

हि.टा. ने चंडीगढ़ से खबर दी है कि कुछ दिन पूर्व जिला गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक सैक्टर में दस उग्रवादियों के साथ सीमा सुरक्षा बल की जो भिड़ंत हुई थी,वह वास्तविक थी और कुछ लोगों का, जिनमें बादल अकाली दल भी शामिल है, यह प्रचार गलत है कि यह नकली भिड़ंत थी । यह बात पंजाब के तीन मंत्रियों नत्था सिंह दालम, निर्मल सिंह काहलों और कैप्टन कंवलजीत सिंह की रिपोर्ट से स्पष्ट हो गई है । यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री को दे दी गई है । इन तीनों मंत्रियों ने कहा है कि लापता व्यक्तियों के बारे में किसी भी पुलिस थाने में एक भी रपट दर्ज नहीं कराई गई थी । इन मंत्रियों ने भिड़ंत में मारे गए उग्रवादियों के घर वालों से भी मुलाकात की । वास्तविकता यह है कि इन आतंकवादियों की शिनाख्त उन आतंकवादियों ने की,जो कि पूछताछ केन्द्रों में रखे गए हैं ।

### 4 आतंकवादी पकड़े

मोगा, (सर्व, बांसल) : चार सशस्त्र आतंकवादियों द्वारा शनिवार को यहां बैंक लूटने की कोशिश सी.आर.पी. ने गांव सैदोके के लोगों की सहायता से नाकाम बना दी । यह जानकारी फरीदकोट के एस.एस.पी. श्री राजन गुप्ता ने दी । उन्होंने बताया कि इन आतंकवादियों ने पहले निकटवर्ती गांव से एक कार छीनी थी । इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया । इनके नाम सुखविन्द्र सिंह घाल खुर्द, बलजीत सिंह कोटकपूरा, नत्था सिंह पटियाला तथा सिधड़ सिंह धर्मकोट बताए गए हैं । इनसे तीन अवैध पिस्तौल तथा बड़ी मात्रा में कारतूस पकड़े गए । श्री गुप्ता ने कहा कि इन आतंकवादियों ने पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों में कई वारदातें की हैं तथा यह जमानत पर रिहा थे । इनसे पूछताछ की जा रही है ।

एक अन्य सूचना के अनुसार उक्त चारों आतंकवादियों ने निहालसिंहवाला से एक टैक्सी किराया पर ली तथा इसे गांव सलामतपुरा जिला भटिंडा में ले गए,जहां उन्होंने टैक्सी के चालक को बाहर फैंक दिया और टैक्सी लेकर फ़रार हो गए । उन्होंने भदौरा जाकर टैक्सी में पैट्रोल डलवाया और वापस जिला फरीदकोट के गांव सैदोके में आ गए जहां पुलिस के अनुसार उन्होंने एक बैंक लूटने की कोशिश की,लेकिन वहां पुलिस मौजूद थी अतः वे अपनी योजना में सफल न हो सके । इसी बीच टैक्सी के चालक ने पुलिस को सूचित कर दिया तथा तत्काल पुलिस और सी.आर.पी. ने नाकेबन्दी कर ली । मोगा पहुंचने पर सी.आर.पी. ने उन्हें घेर लिया तथा हाथ खड़े करने को कहा ।

यह भी पता चला है कि इन आतंकवादियों ने मोगा-फिरोज़पुर रोड पर पैट्रोल पम्प तथा ईंटों के भट्ठे पर वारदात करने की योजना बनाई थी ।

### अखंड पाठ

गत कुछ महीनों में बड़ी संख्या में आतंकवादियों के पकड़े जाने तथा भारी मात्रा में हथियार बरामद होने की पुलिस व सी.आर.पी. की उपलब्धियों के सिलसिले में डी.एस.पी. मोगा श्री अजायब सिंह की कोठी पर गुरुग्रन्थ साहब के अखंड पाठ का आयोजन किया गया ।

### महंत पर फ़ायरिंग

दो सशस्त्र आतंकवादियों ने आज थाना बाघापुराना के अंतर्गत लंडे गांव के गुरुद्वारा के महंत हरपाल सिंह को गोलियां चला कर घायल कर दिया । कहा जाता है कि आतंकवादी स्कूटर पर आए तथा महंत से दूध मांगा । जब वह दूध लेने गया तो उन्होंने पीछे से उस पर गोलियां चलाई । पुलिस के आने से पहले ही वे भाग निकाले । महंत को नाज़ुक हालत में लुधियाना के अस्पताल में दाखिल कराया गया ।

### सत्ता गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): जिला पुलिस ने एक खतरनाक उग्रवादी को गिरफ्तार करने का दावा किया है । एस.एस.पी. श्री जे.पी. विरदी ने यहां बताया कि गत रात्रि धारीवाल पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान सतनाम सिंह उर्फ़ सत्ता को गिरफ्तार किया है । यह व्यक्ति धारीवाल के गांव जौहल नंगल में सतनाम सिंह उर्फ़ भुट्टो की हत्या में वांछित था ।



सोमवार को जालन्धर में उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध फ़ायरिंग से मारे गए (ऊपर बाएं से) जंग बहादुर, करतार चंद, हंसराज, (मध्य में बाएं से) घायल डा. प्रकाश चन्द कपूर, विजय कुमार, जंग बहादुर की युवा पत्नी और परिवार के सदस्य तथा करतार चंद की पत्नी और परिवार के सदस्य बिलखते हुए । (नीचे बाएं से) घटनास्थल पर जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. पी.सी. डोगरा और मेन बाजार में एकत्रित भीड़, जहां गोलीकांड हुआ ।

(छाया : कपूर)

## उग्रवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

जारी करके जिले में धारा 144 के अंतर्गत अंतिम सिनेमा शो बंद रखने, दुकानें पौने आठ बजे बंद करने, ढाबे और ठेके आदि रात्रि नौ बजे तक खोलने, शस्त्र लेकर चलने पर प्रतिबंध और बस सेवा सायं 7.30 बजे से प्रात: 5 बजे तक बंद रखने का आदेश दिया है। इसके साथ ही गांवों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित बनाने के लिए युवकों को रात्रि के समय ठीकरी पहरा देने का आदेश भी दिया गया है।


Punjabi Sahitya

### मुंशी गोली से घायल

संगरूर (प्र.): जिला संगरूर के गांव चाउंदा में दो संदिग्ध उग्रवादियों ने एक भट्ठे के मुंशी मदन लाल जैन को गोली मार कर घायल कर दिया और फरार हो गये। मुंशी की हालत खतरे से बाहर बताई जाती है।




जंडियाला गुरु थानातर्गत गांव वरपालस्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा, जहां से शुक्रवार को उग्रवादियों ने 47 हजार रु. लूट लिए ।



बैंक डकैती के दौरान उग्रवादियों ने बिजली की तारें तोड़ डालीं और सामान इधर-उधर कर दिया
(छाया : पाल)

## ...दियों द्वारा 'कीर्तनी
## ...गोलियों से घायल





Punjabi Sanatani

# उग्रवादियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या, दो पाक घुसपैठिये मारे गये

चंडीगढ़, 5 अक्तूबर (यू.प्रै.): उग्रवादियों ने आज गुरदासपुर जिले में एक व्यक्ति की हत्या कर दी जबकि अमृतसर जिले में सीमा पर बी.एस.एफ. से हुई मुठभेड़ में दो पाक घुसपैठिए तस्कर मारे गए । उग्रवादियों ने गत रात्रि में एक पैट्रोल पम्प को लूट लिया । अमृतसर के चौक मेहता क्षेत्र में आज पुलिस ने दो संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार किया हैं ।

**जफ्फरवाल की दशा गम्भीर**

गुरदासपुर (विनोद): शुक्रवार रात को उग्रवादियों की फायरिंग से घायल होने वाले जत्थेदार दर्शन सिंह जफ्फरवाल की हालत गम्भीर है । इसलिये कल उन्हें यहां से अमृतसर के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है ।

**उग्रवादियों द्वारा हत्या**

आज प्रातः लगभग साढ़े 9 बजे दो आतंकवादियों ने एक 47 वर्षीय व्यक्ति दर्शन लाल की हत्या कर दी । तिब्बड़ निवासी दर्शन लाल धारीवाल से सामान खरीद कर वापस अपने गांव जा रहा था । मृतक फेरी लगा कर अपने परिवार का पेट पालता था । उसे चार गोलियां लगीं । थाना सदर में उप पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस संबंध में दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

**दोहरी सवारी पर रोक बढ़ी**

गुरदासपुर जिले में अधिकारियों ने सभी प्रकार के मोटर युक्त दोपहिया वाहनों पर दोहरी सवारी पर लगे प्रतिबंध की अवधि दो नवम्बर तक बढ़ा दी है । यह प्रतिबंध दोहरी वयस्क पुरुष सवारियों पर लगाया गया है । जिलाधीश के अनुसार 3.5 तथा उससे अधिक हार्स पावर के वाहनों को चलाने पर लगे पूर्ण प्रतिबंध की अवधि भी दो नवम्बर तक बढ़ा दी गई है ।

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Sanatani

## उग्रवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

### पैट्रोल पम्प लूटा

फरीदकोट से प्राप्त समाचारों के अनुसार कल रात दो स्कूटर सवार कथित आतंकवादियों ने पिस्तौल की नोक पर कोटकपूरा के निकट पंजग्राई में एक पैट्रोल पम्प से 2240 रुपए लूट लिये । लुटेरे बाद में भाग गये ।

### दो पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए

अमृतसर से 'अशोक सोनी' के अनुसार आज तड़के बाघा सीमा पर सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में दो घुसपैठिए पाकिस्तानी तस्कर मारे गए । सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों के अनुसार ये दोनों ही युवक सीमा पार से भारतीय सीमा में अवैध रूप से घुसने का प्रयास करते हुए देखे गए । सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें ललकारा, जिस पर इन दोनों घुसपैठियों ने भारतीय जवानों पर गोली चला दी । जिसके जवाब में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने गोली चलाई, जिससे दोनों घुसपैठिए मारे गए । जांच पर यह दोनों पाकिस्तानी निकले । इनके कब्जे से एक 32 बोर का पिस्तौल व 155 मीटर फ्लैट कपड़ा भी बरामद किया गया है ।

### 2 उग्रवादी बंदी

पुलिस ने आज अमृतसर जिले के चौक मैंहता से दो संदिग्ध उग्रवादियों लखा सिंह व बूटा सिंह को गिरफ्तार किया है । अमृतसर के एस.पी. मुख्यालय श्री एस. अरोड़ा ने बताया कि ये दोनों गत मार्च में एक शराब ठेके के कर्मचारी तथा लूटपाट की घटना में वांछित थे । उन्होंने बताया कि लखा सिंह गुरदासपुर जिले में श्री हरगोबिन्दपुर तथा बूटा सिंह ब्यास क्षेत्र के बुटाला गांव का रहने वाला है ।

## पंजाब में दो हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

की हालत खतरे से बाहर बताई गई है ।

जोगेंद्र सिंह व पूर्ण चंद पर हमले के संबंध में पांच व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है । एस.पी. सिटी कार्यालय के अनुसार जोगिंद्र सिंह का किसी पार्टी के साथ ज़मीन का झगड़ा था । हिरासत में लिए गए व्यक्तियों से पूछताछ जारी है ।

### 6 उग्रवादी गिरफ्तार

तरनतारन (सं): तरनतारन पुलिस ने आज छः उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । इन पर आरोप है कि वे एक सम्प्रदाय के लोगों की हत्या करना चाहते थे । इन के नाम हैं : इंद्रजीत सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह, परमजीत सिंह, जोगेंद्र कौर कर्मचारी शिरोमणि कमेटी, सर्वजीत कौर (आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन महिला विंग की नेता), विजय कुमार पुत्र नारायण, करतार सिंह गांव पिंडोरी गोला पुत्र निरंजन सिंह ।

### दो शव मिले

गांव जौड़ा में एक उग्रवादी कश्मीर सिंह निहंग का शव भी पुलिस ने बरामद किया है । यह निहंग काहन सिंह धड़े का है और आशंका है कि उसके विरोधी उग्रवादी धड़े ने उसकी हत्या कर दी । इस पर आरोप था कि उसने 1979 में एक स्त्री गुरनाम कौर के कहने पर बाबा अजीत सिंह के लड़के की हत्या कर दी । वह अन्य वारदातों में भी पुलिस को वांछित था । तरनतारन उपमंडल के गांव माल मंडी में भी एक लावारिस शव मिला है । उसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

यू.न्यू. के अनुसार कश्मीरा सिंह तरना दल का अनुयायी था । उसके साथी की शिनाख्त गुरबख्श सिंह के रूप में हुई है । तरनतारन के पास के कुएं से कश्मीरा सिंह व गुरबख्श सिंह के शवों के अलावा एक अन्य शव भी मिला है । तीनों शवों पर धारदार शस्त्रों के निशान हैं ।

### स्कूटर सवारों द्वारा हत्या

लुधियाना जिले में कौंकी कलां गांव के निकट स्कूटर पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने आज एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । आधिकारिक खबरों के अनुसार हत्यारे गोली मार कर भाग गए । मृतक का नाम मोहन सिंह बताया गया है । स्कूटर सवारों ने उस पर .12 बोर की पिस्तौल से फ़ायरिंग की । उसकी मौका पर ही मृत्यु हो गई ।

पुलिस सूत्रों ने लुधियाना में बताया कि मृत मोहन सिंह का जत्थेदार गुरदेव सिंह से झगड़ा चल रहा था । गुरदेव सिंह को दमदमी टकसाल ने अकाल तख्त का हैडग्रंथी नियुक्त किया था और फिलहाल वह गिरफ्तार है ।

### स्कूटर छीन लिया

प्रद्युम्न ने सूचना दी है कि गत शाम माहिलपुर के निकट दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक दुकानदार सरदारी लाल से उसका स्कूटर नम्बर पी.बी.ओ. 7450 छीन लिया और फ़रार हो गए । सरदारी लाल कोटफतही में अपनी दुकान बंद करके स्कूटर पर अपने भाई राजेंद्र पाल के साथ अपने गांव थंडी जा रहा था कि दो युवकों ने रोक लिया और पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन कर फ़रार हो गए ।

फगवाड़ा (कौड़ा): आज प्रातः यहां से 20 किलोमीटर दूर गांव रिहाना जट्टां के निकट एक नाकाबंदी के दौरान केंद्रीय आरक्षी बल के एक गश्ती दल ने कुलवरण सिंह नामी एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया व उसके कब्जे से एक 12 बोर का पिस्तौल व तीन लम्बी दूरी तक मार करने वाले कारतूस बरामद किए ।

### आठ घायल

फ़रीदकोट जिले के सैदके गांव में गत सोमवार को कुछ उपद्रवी तत्वों ने हमला करके आठ व्यक्तियों को घायल कर दिया । इनमें से तीन की हालत गम्भीर बताई गई है । रिपोर्ट के अनुसार हमलावरों की शिनाख्त कर ली गई है । व्यक्तिगत दुश्मनी के कारण यह हमला किया गया । घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है ।

पुलिस के अनुसार हमलावारों की शिनाख्त कर ली गई है पर अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है ।

### डाकू 43000 का माल ले उड़े

गुरदासपुर (विनोद): पुलिस सूत्रों के अनुसार गत रात्रि यहां से 25 किलोमीटर दूर थाना काहनूवान के गांव कोट धंदल में 7 सशस्त्र व्यक्तियों ने एक व्यक्ति जोगेंद्र के घर में डाका मारा और 40000 रुपए के आभूषण एवं 3000 रुपये नकद लूट कर ले गये । पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर लिया है ।

### स्कूल, कालेज बंद

जिला मैजिस्ट्रेट श्री आर.पी. एस. पवार ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फ़ैडरेशन (मंजीत धड़ा) के 9 और 10 अक्तूबर को हड़ताल करने के आह्वान के दृष्टिगत 9 तथा 10 अक्तूबर को जिले के सभी स्कूल, कालेज, आई.टी.आई. और पालिटैक्निक बंद रखने का आह्वान किया है ।

### 5 द्वारा आत्मसमर्पण

गुरदासपुर से पै.ट्र. के अनुसार 26 अगस्त को डेरा बाबा नानक सैक्टर से लौटे पांच पाक प्रशिक्षित उग्रवादियों जापान सिंह (लीलाकलां, कादियां), हरदीप सिंह, बलबीर सिंह, सतनाम सिंह, सुखजिंद सिंह (जफरवाल) ने आत्मसमर्पण कर दिया । ये उग्रवादी पाकिस्तान के फैसलाबाद में थे ।

## वाजपेयी 14 को कुल्लू आएंगे

सुन्दरनगर, 8 अक्तूबर (सोनी): भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश ने महिलाओं में अपने संगठन का फैलाव करने तथा आधार मज़बूत करने के लिए पूरे राज्य के सभी जिलों में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन करने का निर्णय लिया है । भाजपा महिला मंडल हिमाचल प्रदेश की अध्यक्ष श्रीमती लीला शर्मा के अनुसार 14 अक्तूबर को कुल्लू में कुल्लू जिला की पार्टी महिला मंडल सदस्यों का सम्मेलन होगा, जिसमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री शांता कुमार तथा भाजपा के राष्ट्रीय नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी विशेष रूप से भाग लेंगे । श्री वाजपेयी कुल्लू में एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे ।

## मंजीत धड़े के कार्यालय पर पुलिस का छापा

अमृतसर, 8 अक्तूबर (प्रै.) : आज बाद दोपहर यहां सादे कपड़ों में पुलिस ने दरबार साहब परिसर में आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (मंजीत धड़ा) के कार्यालय की तलाशी ली । पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह तलाशी इस सूचना पर ली गई कि वहां कुछ वांछित व्यक्ति छुपे हुए हैं । पुलिस सूत्रों ने बताया कि कार्यालय में 15-20 लड़के थे लेकिन किसी को भी हिरासत में नहीं लिया गया ।

फैडरेशन के नेता सर्बजीत सिंह सोहल ने आरोप लगाया कि पुलिस ने न केवल वहां मौजूद सभी वर्करों की तलाशी ली बल्कि कार्यालय के रिकार्ड की भी जांच की लेकिन उसे कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला । इस भवन में संयुक्त अकाली दल का कार्यालय भी स्थित है ।

HAPPY NEWS FOR PROCESS HOUSES
THE LATEST IN WORLD
SUPER RAPID REEL LESS JET DYEING PLANT.
**FEATURING :—** Actual cloth speed upto 750m/min. for all types of fabrics, thinnest to thickest without any tension, tanglings, rope marks, crack marks, yarn slippage due to its having no moving part inside.
Undisputedly, The Last name in dyeing technology.
**Mfd. by Jet Flow Engineers (P) Ltd., BOMBAY.** Tel No.: 2045790.
**Authorised Agents for Northern India :—**
**ABHAY AGENCIES,**
**1, Mahindra Avenue, AMRITSAR; Tel : 62328.**
Dogra/ASR.



विशाल नवरात्रा महोत्सव एवम

# अमृतसर जिला के एक बैंक से 1.66 लाख लूटे : आढ़ती की हत्या

## चौक मेहता में कार सेवा ट्रक पर सवार 9 उग्रवादी गिरफ्तार

## जम्मू में 2 अवैध शस्त्र फ़ैक्टरियां पकड़ी गईं

## गुरुहरसहाय में सी.आर.पी. से मुठभेड़ में एक उग्रवादी मरा

चंडीगढ़, 9 अक्तूबर (प्रै., भा., यू., वा., स.): उग्रवादियों ने पंजाब में गत रात्रि अमृतसर में मेहता चौक के एक आढ़ती मनोहर लाल की गोली मार कर हत्या कर दी । अमृतसर में ही पुलिस ने एक अन्य व्यक्ति का शव बरामद किया है । जंडियाला गुरु क्षेत्र के पंडोरी मेहमा गांव में एक बैंक से आज दोपहर में दो सशस्त्र लोगों ने करीब एक लाख रुपये लूट लिये ।

जम्मू में पुलिस ने 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर हथियारों की तस्करी करने वाले एक गिरोह तथा एक अवैध हथियार बनाने वाले कारखाने को पकड़ा है ।

गुरु हरसहाय क्षेत्र में गांव सुआंवाली में एक कथित उग्रवादी जागीर सिंह सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में गम्भीर रूप से घायल हो गया तथा उसकी अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

### 9 उग्रवादी बंदी

अमृतसर पुलिस ने आज तड़के चौक मेहता क्षेत्र में कार सेवा ट्रक पर जा रहे 9 उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया ।

चौक मेहता में गिरफ्तार उग्रवादियों से हथियार, गोलियां आदि भी बरामद हुई ।

### आढ़ती की हत्या

अमृतसर जिले में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गत रात्रि में मेहता-अमृतसर मार्ग पर जीवन-ढंडेर गांव के निकट मेहता चौक के एक आढ़ती श्री मनोहर लाल की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार श्री मनोहर लाल गांव खियाला में स्थित अपनी दुकान बंद करके अपने बेटे के साथ मोटर साइकिल पर बैठ कर अपने गांव अकालगढ़ जा रहे थे ।

हत्यारों ने स्कूटर से श्री मनोहर लाल की मोटर साइकिल का पीछा किया तथा उन पर गोली चलाई। श्री मनोहर लाल की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई लेकिन उनका बेटा बाल-बाल बच गया । इस हत्या कांड के उपरान्त हमलावर भाग गए ।

### शव बरामद

पुलिस ने आज प्रातः अमृतसर में सर्कुलर रोड पर एक व्यक्ति का घावों से छिदा हुआ शव बरामद किया है । मृतक की छाती पर चाकू के अनेक घाव थे । अभी तक व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है ।

अमृतसर में ही सिविल लाइन्स क्षेत्र में एक होटल के निकट कुछ शरारती तत्वों ने गत रात्रि में एक व्यक्ति राजेंद्र कुमार से उनका स्कूटर छीन लिया ।

'अशोक सोनी' के अनुसार अमृतसर के एस.पी. सिटी श्री काहलों ने आज शाम संवाददाताओं को बताया कि आढ़ती श्री मनोहर लाल के पुत्र श्री रमन लाल द्वारा पुलिस को लिखाई गई रिपोर्ट में कहा है कि जब वह अपने पिता के साथ गांव खियाला में अपने गांव को लौट रहा था तो रास्ते में उन्हें दो आतंकवादी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक भविष्य के बारे में कई प्रकार की अटकलें

जम्मू, 9 अक्तूबर (सच्चर): जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक भविष्य के बारे में विभिन्न क्षेत्रों द्वारा विभिन्न प्रकार की अटकलें लगाई जा रही हैं ।

स्थानीय एक समाचारपत्र का विचार है कि शीघ्र ही राज्यपाल श्री जगमोहन की छुट्टी होगी तथा श्री फारूक अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार बनेगी । परन्तु स्थानीय एक अंग्रेज़ी दैनिक समाचारपत्र के विचार कुछ यथार्थ प्रतीत होते हैं । इसका कथन है कि फिलहाल राज्य में किसी भी निर्वाचित सरकार के आने की सम्भावना नहीं है ।

दूसरी तरफ इंका के कुछ लोग तथा कुछ नैकां के नेताओं को यह पूरी आशा है कि श्री फारूक अब्दुल्ला शीघ्र ही राज्य का नेतृत्व सम्भालेंगे । इनके अतिरिक्त कुछ लोगों का विचार यह है कि जब तक इंका तथा नैकां के बीच किसी प्रकार की सहमति नहीं हो जाती है, तब तक किसी भी प्रकार के परिवर्तन की कोई सम्भावना नहीं है । इनका यह भी कहना है कि इस सहमति के बारे में बहुत कुछ श्री अब्दुल्ला के दिल्ली के दौरों पर निर्भर करता है ।

परन्तु कुछ सुविज्ञ सूत्रों का यह विचार है कि केंद्र ऐसी स्थिति में, जबकि राज्य में विघटनकारी तथा कट्टरपंथी तत्व सक्रिय हैं, कभी भी राज्यपाल का शासन समाप्त नहीं करेगा ।

फिर भी इस बात की काफ़ी सम्भावना है कि 15 अक्तूबर को राज्यसभा की एकमात्र सीट, जिसके

Punjabi Sanatani

## डेरा बाबा नानक में...

(पृष्ठ 3 का शेष)

उग्रवादी जगतार उसके पास आते-जाते थे। उन्होंने ही उसे एक पिस्तौल दिया था।

श्री लेखी ने बताया कि फगवाड़ा थाना सदर के गांव पधियाना में एक पुलिस पार्टी ने छापा मार कर एक आतंकवादी कुलवरन सिंह को गिरफ्तार करके उससे एक पिस्तौल व तीन कारतूस बरामद किए। पूछताछ के दौरान कुलवरन सिंह ने बताया कि फगवाड़ा आई.टी.आई. के एक छात्र बलविंदर सिंह ने उसे आतंकवादी कार्रवाइयां करने के लिए पिस्तौल दिया था। पुलिस ने बलविंदर सिंह के मकान पर छापा मारा परन्तु वह पकड़ा नहीं जा सका।

### भगौड़ा बंदी

**अमृतसर (सोनी)**: जिला अमृतसर की वैरोवाल पुलिस ने जिला लुधियाना के गांव डेहलों के निवासी बलविंदर सिंह को पकड़ा है, जो कुछ अर्सा पूर्व फिरोज़पुर जेल से चार अन्य आतंकवादियों के साथ भाग गया था।

आज शाम यहां एक पत्रकार सम्मेलन में डी.एस.पी. श्री एच.एस. काहलों ने संवाददाताओं को विवरण देते हुए बताया कि कल शाम वैरोवाल पुलिस ने दुर्दांत आतंकवादी बलविंदर सिंह को काबू किया जिसने पूछताछ के दौरान बताया है कि वह फिरोज़पुर जेल से लगभग छः महीने पहले चार अन्य आतंकवादियों के साथ भागा था। उसने यह भी बताया कि उसे गत चार जून को दरबार साहब से पुलिस ने उस समय पकड़ा था, जब कुछ उच्छृंखल युवकों ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी द्वारा बनाई गई टास्क फ़ोर्स के एक जवान अवतार सिंह को तलवार घोंप कर मार डाला था और वह पुलिस के काबू आ गया था। उसने बताया कि उसने पुलिस के समक्ष अपना नाम गलत बताया था। उसने यह भी स्वीकार किया कि जेल से भागने के बाद वह वैरोवाल तथा जंडियाला गुरु के क्षेत्रों में आतंकवादी गतिविधियों में गिरोहों के सरगना के रूप में कार्य करता रहा है। पुलिस इस आतंकवादी से और कड़ी पूछताछ कर रही है तथा अनेक सनसनीपूर्ण रहस्योद्घाटनों की आशा है।

### स्कूटर छीन लिया

एस.पी. सिटी ने यह भी बताया कि गत रात जालंधर जाने वाली जी.टी. रोड पर खेतों के निकट चार पिस्तौलधारी आतंकवादियों ने एक व्यक्ति कमलजीत सिंह से उसका स्कूटर नम्बर पी.जे.ए. 6152 छीन लिया। यह आतंकवादी स्कूटर को लेकर निकट ही एक कालोनी में किसी संगीन वारदात के लिए गए लेकिन वे जिस घर में घुसे उसके मालिक ने इन आतंकवादियों को देख कर शोर मचा दिया, जिस पर चारों आतंकवादी छीना हुआ स्कूटर छोड़ कर भाग गए।

### गुरुद्वारा के बाहर खड़ी कार चोरी

अमन एवेन्यू के श्री जोगिंदर सिंह ने पुलिस को सूचित किया है कि उनकी कार गत रात गुरुद्वारा शहीदां के बाहर से चोरी कर ली गई। वह अपने परिवार सहित गुरुद्वारा में माथा टेकने गए थे। श्री काहलों ने बताया कि कार का कुछ पता नहीं चल सका।

उल्लेखनीय बात है कि चौधरी चरण सिंह के बेटे श्री अजीत सिंह ने भी अपने भाषण में श्री देवी लाल को समर्थन देने की अपील की । उन्होंने कहा कि मेरे ननिहाल इसी क्षेत्र में हैं । युवकों से मेरी अपील है कि वह श्री देवी लाल के हाथ मजबूत करें तथा बजुर्ग उनको आशीर्वाद दें । श्री अजीत सिंह ने प्रधानमन्त्री श्री राजीव गांधी, मुख्यमन्त्री श्री बन्सी लाल तथा हरियाणा के भूतपूर्व मुख्यमन्त्री श्री भजन लाल की तीव्र आलोचना की तथा कहा कि इन्हें गद्दी से लगाव है. ।

उन्होंने विचार व्यक्त किया श्री देवी लाल तथा पंडित भगवत दयाल शर्मा के मिलाप से राज्य की राजनीति में नया परिवर्तन आएगा । श्री अजीत सिंह की रैली में उपस्थिति से हरियाणा लोकदल के उस बागी धड़े को काफी आघात् पहुंचा है जो 18 अक्तूबर को नई दिल्ली में सम्मेलन कराने जा रहा है ।

## आतंकवादी कानून की प्रति उपलब्ध नहीं

पुणे, 13 अक्तूबर (वार्ता): आतंकवादी एवं विघटनकारी गतिविधि निरोधक कानून के नियमों की कोई प्रति यहां के संबंधित सरकारी विभागों को उपलब्ध नहीं है । यह जानकारी आज यहां एक न्यायालय में दी गई ।

इस कानून के संबंध में न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के एक मामले पर हो रही सुनवाई के दौरान जिरह करते हुए सरकारी वकील, एस.बी. तकावने ने कहा कि उन्होंने एक प्रति प्राप्त करने की कोशिश की थी, मगर वह प्राप्त नहीं हो सकी । जिसके कारण वह उसकी प्रति न्यायालय में दाखिल नहीं कर सके हैं ।

में रहने वाला सुरजीत सिंह अन्य उग्रवादियों को शरण देता था । इसी जिले के रामपुर जागीर ग्राम के उग्रवादी जगतार सिंह तथा लुधियाना के हलवाड़ा ग्राम के जरनैल सिंह सुरजीत सिंह के घर में ही छिपे थे जब पुलिस ने वहां छापा मारा परन्तु जगतार व जरनैल सिंह फरार हो गए । फगवाड़ा के कुलवरण सिंह को भी हथियारों के साथ पकड़ लिया गया । यह पिस्तौल उसे फगवाड़ा आई.टी.आई. के बलविंदर सिंह ने दी थी जो अब भूमिगत है ।

गुरदासपुर (वार्ता): चार कथित उग्रवादियों ने बटाला के निकट झंडे गांव के एक किसान के घर में कल रात दाखिल होकर उसे लूटने का प्रयास किया, लेकिन पड़ौसियों के बाहर निकल आने से वे हवाई फ़ायर करते भाग निकले । श्री इंद्रजीत ने पुलिस को बताया कि उग्रवादी शस्त्रों से लैस थे तथा नकदी की मांग कर रहे थे, जो उसने धान बेचकर अर्जित की थी । पुलिस को शंका है कि लूट के इस असफल प्रयास में आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन गुरदासपुर (महालों ग्रुप) का भूतपूर्व अध्यक्ष जगदीश सिंह मल्ही शामिल था । इस संबंध में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है ।

**पटाखों पर प्रतिबंध**

गुरदासपुर के जिलाधीश श्री राजिंदर पाल सिंह पवार ने जिले में पटाखे तथा हवाइयों आदि के निर्माण, भंडारण, बिक्री तथा इनके चलाए जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है । यह प्रतिबंध दस नवम्बर तक जारी रहेगा ।

### बख्शीश सिंह काबू

प्रवक्ता ने बताया कि गुरदासपुर जिले के श्री हरगोबिंदपुर में आज सुबह छापा मार कर खूंखार उग्रवादी बख्शीश सिंह को गिरफ्तार कर लिया

आरोप लगाया कि यह सब एक वरिष्ठ मंत्री की शह पर हुआ, जो जिला में यूथ अकाली विंग की जड़ें काटने में लगा हुआ है । बैठक में इस सारी घटना की जांच के लिए एक पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है, ये 20 अक्तूबर तक जिला कार्यकारिणी को अपनी रिपोर्ट देगी । उक्त मंत्री की आपत्तिजनक गतिविधियों के बारे में मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला को जानकारी देने का भी फैसला किया गया ।

### हिमाचल में विशेष सुरक्षा बल

शिमला (वार्ता, ब.): हिमाचल प्रदेश में विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए 'राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड' की तरह अलग से सुरक्षा बल का गठन किया जा रहा है । इस प्रकार के सुरक्षा बल का गठन करने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य होगा । इसमें शामिल किए जाने वालों को विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा के बारे विशेष प्रशिक्षण प्राप्त होगा ।

प्रदेश पुलिस के प्रमुख आई.बी. नेगी ने यहां संवाददाताओं को बताया कि हिमाचल प्रदेश पुलिस के पहले जत्थे को इस संबंध में दो महीने का प्रशिक्षण दिया जाएगा ।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में एक उप-पुलिस अधीक्षक तथा चार इंस्पैक्टर भी शामिल होंगे ।

सफल प्रशिक्षण के बाद वह अन्य पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे और तब सुरक्षा बल का गठन किया जाएगा । श्री नेगी ने कहा कि यद्यपि हिमाचल एक शांति-पूर्ण राज्य है, लेकिन क्योंकि वह वी.आई.पी. भी यहां आम तौर पर आते रहते हैं, जो उग्रवादियों की हिट लिस्ट पर हैं, इसलिए इस फ़ोर्स का गठन ज़रूरी हो गया है । इस समय राष्ट्रपति ज्ञानी ज़ैल सिंह और पंजाब के कई मंत्री हिमाचल दौरे पर हैं ।

प्रशासन के चीफ कमिश्नर नहीं रहे ।

## ठेंगड़ी 22 को कुल्लू आएंगे

कुल्लू, 13 अक्तूबर (ठाकुर) : भूतपूर्व राज्यसभा उपाध्यक्ष, प्रखर विद्वान और भारतीय किसान संघ के संस्थापक महामंत्री श्री दत्तोपन्त ठेंगड़ी 22 अक्तूबर को कुल्लू में किसान संघ की एक विशाल रैली को संबोधित करेंगे । श्री ठेंगड़ी विश्व के उन कुछेक जानेमाने अर्थशास्त्रियों में से हैं, जिनका इस क्षेत्र में विशेष स्थान है । इस बात की सूचना देते हुए किसान संघ के जिला प्रधान श्री लाल चन्द ठाकुर ने कहा है कि श्री ठेंगड़ी के साथ अनेक अन्य श्रमिक नेता भी आएंगे ।

## गोदामों के लिए धन

चंडीगढ़, 13 अक्तूबर (वि.प्र.): स्टेट बैंक आफ पटियाला ने पंजाब में 3.04 लाख मीट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण करने के लिए 766.54 लाख रु. जारी किए हैं । यह गोदाम सभी जिलों के 50 केंद्रों में बनाए जाएंगे । इनमें 500 लाख रु. पहले ही दिए जा चुके हैं । इन गोदामों का निर्माण पंजाब राज्य वेयर हाउसिंग निगम करेगा ।

**बागी दल की कांफ्रैंस**

बागी अकाली विधायक दल के कोषाध्यक्ष डा. एस.एस. मोही के अनुसार उनके दल की एक कांफ्रैंस 20 अक्तूबर को पांतड़ा मंडी में होगी, जिसे प्रकाश सिंह बादल, अमरेन्द्र सिंह और जी.एस. टोहरा सम्बोधित करेंगे ।

भारतीय अल्पसंख्यक गठबंधन, पंजाब का सम्मेलन 9 नवम्बर को जालन्धर में होगा ।

## उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

यू.न्यू. के अनसार पाहड़ा बब्बर खालसा ग्रुप का प्रमुख नेता था और उसे फिरोजपुर जिले में 30 सितम्बर को एक फायरिंग कांड के बाद एक मारुति कार में अपने साथियों के साथ भागते समय गिरफ्तार किया था ।

### मोगा में फायरिंग

आज रात्रि 7.30 बजे दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने मोगा में एक जूते की दुकान पर फायरिंग करके दो व्यक्तियों प्रदीप कुमार व हंसराज तथा एक नौकर को घायल कर दिया । प्रदीप की हालत गंभीर है । उसे सी.एम.सी. अस्पताल लुधियाना ले जाया गया ।

जिला रोपड़ में आतंकवादी गतिविधियों के दृष्टिगत इससे निपटने के लिए सुरक्षा बलों को चौकस किया गया है । जिला-भर में बैरियरों पर वाहनों की चैकिंग शुरू कर दी गई है । सूत्रों से पता चला है कि गड़बड़ करने वाले तत्वों के हरकत में आने की आशंका से जिलाधिकारियों ने सुरक्षा बलों को उक्त निर्देश दिए हैं ।

### दया सिंह के घर पर फ़ायरिंग

फिरोज़पुर (धीमान): सी.आई.ए. स्टाफ़ फिरोज़पुर के इंस्पैक्टर दया सिंह, जिसने अवतार सिंह पाहड़ा सहित तीन दुर्दांत उग्रवादियों को पकड़ा था, को उग्रवादियों की ओर से धमकियां मिल रही हैं । 9 तथा 10 अक्तूबर की रात्रि को कार सवार 6 उग्रवादियों ने अमृतसर जिला के वल्टोहा थानांतर्गत गांव दासु वाल में दया सिंह के घर पर फ़ायरिंग शुरू कर दी । दया सिंह और उनका बेटा संयोगवश घर पर नहीं थे । उग्रवादियों ने 303 बोर के शस्त्र से 20 गोलियां चलाईं । गोलियां चलाते समय उग्रवादी चिल्ला रहे थे कि वह उनके साथियों को गिरफ्तार करने वाले दया सिंह को सबक सिखाएंगे । वह जाते समय तत खालिस्तान के जत्थेदार ब्रह्म सिंह द्वारा पंजाबी में लिखित पत्र भी छोड़ गए ।

### तीन लुटेरे काबू

जिला के एस.एस.पी. आर.एस. चालिहा ने बताया कि राम प्रकाश (बिजनौर), वज़ीर चंद (बिजनौर) व दीवान चंद (हरियाणा) नामक कुख्यात लुटेरों को गिरफ्तार करके तीन पिस्तौलें बरामद की गई हैं । दो और लुटेरों से दो पिस्तौल बरामद किए गए हैं ।

### चार घुसपैठिए मरे

नई दिल्ली (वार्ता): पंजाब के खेमकरण क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में कल चार पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए । सीमा सुरक्षा बल के प्रवक्ता ने आज बताया कि पांच संदिग्ध पाकिस्तानी पंजाब में दाखिल हुए थे । लेकिन सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल ने उनका पता लगा लिया । बाद में जवाबी फ़ायरिंग में चार लोग मारे गए । पांचवां व्यक्ति ऊंची घास की आड़ लेकर भाग निकला ।

### घायल डाक्टर चल बसा

अमृतसर (अ.सो.): गत 8 अक्तूबर को दो आतंकवादियों के हाथों घायल हुए डाक्टर राजीव मेहरा आज यहां अस्पताल में दम तोड़ गए । उनकी पत्नी सिम्मी मेहरा ने अपने पति की मृत्यु का समाचार सुनते ही ज़हरीला पदार्थ खा लिया । उसे गम्भीरावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

गया । उसे पंजाब पुलिस को सौंप दिया गया है । उसने बताया कि बख्शीश सिंह कुख्यात आतंकवादी मंजीत सिंह का सहयोगी है, जिसकी पुलिस को कई मामलों में तलाश है ।

### खालिस्तान की बुनियाद बारे पोस्टर

आज प्रात: गुरदासपुर बस स्टैंड की एक दीवार पर पंजाबी में लिखा एक पोस्टर पाया गया, जिस पर घोषणा की गई थी कि खालिस्तान की बुनियाद जिला गुरदासपुर में रखी जा रही है । पुलिस सूत्रों के अनुसार पोस्टर पर न ही किसी के हस्ताक्षर हैं और न ही प्रिंट लाइन है । उनमें घोषणा की गई है कि खालिस्तान के नेताओं का मनोनयन शीघ्र ही कर दिया जाएगा । इन सूत्रों के अनुसार समझा जाता है कि यह पोस्टर बब्बर खालसा द्वारा तैयार किया गया । पुलिस ने पोस्टर को दीवार से हटा दिया ।

### चंडीगढ़ में प्रतिबंध बढ़ा

'संघी' के अनुसार चंडीगढ़ के जिला मैजिस्ट्रेट किशन मोहन ने शहर में दोपहिया वाहनों पर दोहरी सवारी के प्रतिबंध की अवधि 30 अक्तूबर तक बढ़ा दी है ।

### 20 गिरफ्तार

रोपड़ (बैंस): रोपड़ पुलिस द्वारा आज प्रात: मोरिंडा और चमकौर साहिब ब्लाकों से आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन और यूथ विंग अकाली दल (बादल) के 20 वर्करों को गिरफ्तार कर लिया । ये गिरफ्तारियां चमकौर साहिब में गुरुद्वारा कत्लगढ़ साहिब के कल प्रतिद्वंद्वी अकाली नेताओं और उनके समर्थकों में हुए संघर्ष के संबंध में की गई हैं । गिरफ्तार व्यक्तियों में यूथ अकाली दल (बादल) के प्रधान श्री शेर सिंह दूमछेड़ी, मल्कीयत सिंह चाकलां, अवतार सिंह बमनारा, मोहन सिंह, हरजिंद्र सिंह शामिल हैं । श्री दूमछेड़ी को आज प्रात: उनके गांव से पकड़ा गया ।

### प्रतिद्वंद्वियों में संघर्ष

इन सूचनाओं में कहा गया है कि दशहरा समारोह के अवसर पर अकाली दल बरनाला और बादल धड़े के समर्थकों में एक धार्मिक समारोह पर संघर्ष हुआ था । जब यह घटना हुई, उस समय बिमल खालसा भी मंच पर मौजूद थीं लेकिन वह पुलिस की पकड़ में आने से बच गई ।

### स्टेज पर कब्जे का मामला

कल हुए संघर्ष का कारण फैडरेशन के नेता पलविंद्र सिंह की गिरफ्तारी बताया जाता है । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बादल समर्थक बरनाला धड़े के विरुद्ध भाषण कर रहे थे और फैडरेशन के गिरफ्तार नेताओं को रिहा करने की मांग कर रहे थे । गुरुद्वारे के प्रबंधकों ने स्टेज सत्तारूढ़ अकाली दल के नेताओं को सौंपने की मांग की । बादल समर्थकों ने ऐसा करने से इंकार कर दिया । जब जिला अकाली जत्था के प्रधान उजागर सिंह वडाली और भूतपूर्व मंत्री सतवंत कौर संधु के नेतृत्व में बरनाला धड़े के नेता स्टेज पर कब्जा करने के लिए आगे बढ़े तो संघर्ष हो गया । अकाली नेताओं ने एक दूसरे को धक्के मारे और गालियां निकालीं । पुलिस और सी.आर.पी. के जवानों ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए दोनों धड़ों को अलग किया । पुलिस ने मौके पर बादल दल और फैडरेशन के चार वर्करों को गिरफ्तार कर लिया । फैडरेशन की जिला शाखा के प्रधान श्री इंद्रजीत सिंह रत्नगढ़ भी गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में शामिल थे, लेकिन रात देर गए उन्हें जमानत पर एस.डी.एम. रोपड़ ने रिहा कर दिया ।

### दूसरी बार संघर्ष

गम्भीरावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

इस संबंध में मिले विवरण के अनुसार गत 8 अक्तूबर की रात को स्थानीय मकबूल रोड क्षेत्र में दो आतंकवादियों ने डा. राजीव को उस समय गोलियां मार कर घायल कर दिया था, जब उन्होंने अपनी मारुति कार उनके हवाले करने से इंकार कर दिया था । डा. मेहरा के पेट और गर्दन में गोलियां लगी थीं और उन्हें स्थानीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां आज प्रातः साढ़े 11 बजे वह दम तोड़ गये । डा. मेहरा की पत्नी ने ज़हरीली गोलियां खा लीं, जिससे वह बेहोश हो गई । उनकी हालत चिंताजनक बताई जाती है ।

### कार सवारों द्वारा फ़ायरिंग

पूर्वी मोहन नगर क्षेत्र में एक कार पर सवार चार उग्रवादियों ने बाजार से गुज़रते हुए एक व्यक्ति पर फ़ायरिंग की, परन्तु निशाना चूक जाने से कोई हताहत न हुआ । इस घटना से बाजार में आतंक व्याप्त हो गया । कार सवार उग्रवादी फ़रार हो गए । कार का नम्बर नोट करके उसकी जानकारी पुलिस को दे दी गई है ।

### दो सशस्त्र उग्रवादी बंदी

जिला पुलिस ने दो विभिन्न स्थानों पर से दो उग्रवादियों को हथियारों सहित काबू किया है, जिनके बारे में पुलिस को संदेह है कि उनकी कई अपराधों में संलिप्तता रही है । एस.पी. सिटी के कार्यालय से प्राप्त एक सूचना के अनुसार जिला की लोपोके पुलिस ने गांव भिडी औलख के निकट नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति को संदेहास्पद परिस्थितियों में घूमते हुए देखा । जब उसे रुकने का इशारा किया गया तो उसने अपने हाथ में पकड़ी हुई बंदूक से फ़ायरिंग शुरू कर दी । जवाबी फ़ायरिंग के बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उससे 12 बोर की बंदूक और तीन कारतूस बरामद किए । उस व्यक्ति ने पुलिस को पूछताछ के दौरान अपना नाम गुरदयाल सिंह, निवासी गांव भिडी औलख बताया है । उसने स्वीकार किया है कि वह विभिन्न आतंकवादी गुटों को हथियार तथा गोली-बारूद सप्लाई करता था । पुलिस उससे कड़ी पूछताछ कर रही है और कई सुराग मिलने की आशा है ।

तरनतारन पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति परमजीत सिंह (गांव नागर, फिल्लौर) को गिरफ्तार करके उसके कब्ज़े से 32 बोर का एक रिवाल्वर बरामद किया ।

### उग्रवादी बंदी

कपूरथला से प्रै.ट्र. के अनुसार जिला पुलिस चीफ के.एल. लेखी ने बताया कि दुर्दांत उग्रवादी सुरजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया । सुलतानपुर लोधी थाना क्षेत्र के ग्राम मेवा सिंह वाला में रहने वाला सुरजीत सिंह अन्य उग्रवादियों को शरण देता था । इसी जिले के रामपुर जागीर ग्राम के उग्रवादी जगतार सिंह तथा लुधियाना के हलवाड़ा ग्राम के जरनैल सिंह सुरजीत सिंह के घर में ही छिपे थे जब पुलिस ने वहां छापा मारा परन्तु जगतार व जरनैल सिंह फरार हो गए । फगवाड़ा के कुलवरण सिंह को भी हथियारों के साथ पकड़ लिया गया । यह पिस्तौल उसे फगवाड़ा आई.टी.आई. के बलविंदर सिंह ने दी थी जो अब भूमिगत है ।

गुरदासपुर (वार्ता): चार कथित उग्रवादियों ने बटाला के निकट झंडे गांव के एक किसान के घर में कल रात दाखिल होकर उसे लूटने का प्रयास किया, लेकिन पड़ौसियों के बाहर निकल आने से वे हवाई फ़ायर करते भाग निकले । श्री इंद्रजीत ने पुलिस को बताया कि उग्रवादी शस्त्रों से लैस थे तथा नकदी की मांग कर रहे थे, जो उसने धान बेचकर अर्जित की

दिया ।

### दूसरी बार संघर्ष

सत्तारूढ़ अकाली दल के नेताओं ने यद्यपि पुनः बैठक का आयोजन किया । लोक निर्माण मंत्री श्री राजेंद्र सिंह धालीवाल ने भी बैठक को सम्बोधित किया । अकाली दल के प्रतिद्वंद्वी धड़ों में जिले में यह दूसरी बार संघर्ष हुआ है । गत मास यहां के निकटवर्ती गुरुद्वारे भट्ठा साहिब में संघर्ष हुआ था ।

### रावण को आग लगाने की कोशिश

जालंधर से प्राप्त एक सूचना में कहा गया है कि दो नकाबपोश स्कूटर सवारों ने आज तड़के 4.30 बजे नूरमहल में रावण के पुतले को आग लगाने की कोशिश की । पुलिस सूत्रों के अनुसार आग फैलने से पूर्व ही पुतलों पर पहरा दे रहे लोगों ने आग को बुझा दिया । नूरमहल में दशहरा तो कल मनाया गया था, लेकिन रविवार होने के कारण रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के पुतले न जलाए गए थे ।

### पूछताछ जारी

लुधियाना से मुसाफ़िर की सूचना है कि पुलिस ने 'बी' श्रेणी के एक खतरनाक उग्रवादी जगरूप सिंह को गिरफ़्तार कर लिया है । वह हत्या तथा लूटमार की एक दर्जन वारदातों में संलिप्त है । 28 अगस्त को लुधियाना में एक उत्तर प्रदेश निवासी की हत्या में उसका हाथ है । इसी प्रकार लुधियाना पुलिस ने 'ए' श्रेणी के एक खतरनाक उग्रवादी बलबीर सिंह को भी गिरफ्तार किया है । उसकी गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित था । एक व्यक्ति राम वर्मा की हत्या इसी उग्रवादी ने की थी । बताया जाता है कि 'ए' श्रेणी का एक मफ़रूर उग्रवादी बलदेव सिंह तथा बलबीर सिंह मिलकर वारदातें करते रहे हैं । बलदेव सिंह की गिरफ्तारी के लिए भी 50 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित है । संत लौंगोवाल की हत्या के अभियुक्त जरनैल सिंह के साथ बलबीर सिंह दो मास तक रहा है । यह लोग जिला पटियाला में इस दौरान सरगर्म रहे हैं ।

### अकाली नेता गिरफ्तार

पटियाला (भूषण): शिरोमणि अकाली दल यूथ विंग (सत्तारूढ़) की जिला ईकाई ने अपनी बैठक के दौरान सर्कल यूथ विंग लालड़ू के प्रधान अमरीक सिंह को अवैध हिरासत में रखे जाने का कड़ा विरोध किया है और सम्बद्ध पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है । मार्कीट कमेटी पातड़ां के चेयरमैन तथा यूथ विंग के सचिव बलजीत सिंह ने बताया कि जिस दिन यूथ विंग ने लुधियाना में प्रसभा की, उस दिन पुलिस ने तड़के बालिकपुर गांव में अमरीक सिंह के घर पर छापा मारा और उसे चार घंटे तक अवैध हिरासत में रखा । उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब एक वरिष्ठ मंत्री की शह पर हुआ, जो जिला में यूथ अकाली विंग की जड़ें काटने में लगा हुआ है । बैठक में इस सारी घटना की जांच के लिए एक पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है, ये 20 अक्तूबर तक जिला कार्यकारिणी को अपनी रिपोर्ट देगी । उक्त मंत्री की आपत्तिजनक गतिविधियों के बारे में मुख्यमंत्री सुरजीत सिंह बरनाला को जानकारी देने का भी फैसला किया गया ।

### हिमाचल में विशेष सुरक्षा बल

शिमला (वार्ता, ख.): हिमाचल प्रदेश में विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए 'राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड' की तरह अलग से सुरक्षा बल का गठन किया जा रहा है । इस प्रकार के सुरक्षा बल का गठन करने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य होगा । इसमें शामिल किए जाने वालों को विशिष्ट व्यक्तियों

Punjabi Sahitya

# पंजाब में संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा 4 हत्याएं : एक उग्रवादी मारा गया

## *कुख्यात अपराधी पप्पू पुलिस हिरासत से फ़रार : 5 पुलिस कर्मी निलम्बित*

## मलोट में स्थिति सुधरी : कर्फ़्यू में 6 घंटे ढील

चंडीगढ़, 18 अक्तूबर (यू., प्रै., वा.): पंजाब में हिंसा की ताजा घटनाओं में 4 और व्यक्तियों की मृत्यु हो गई जबकि एक संदिग्ध आतंकवादी को बी.एस.एफ. ने मार डाला । मृतकों में बाबा अकाली दल का एक नेता, एक स्कूल टीचर तथा 2 इंका वर्कर शामिल है ।

जिला फिरोजपुर में कुख्यात आतंकवादी कुलदीप सिंह उर्फ पप्पू पुलिस की हिरासत से भाग निकला ।

बाघा पुराना में आज रात्रि जीप सवार उग्रवादियों ने एक इंका नेता की हत्या कर दी ।

मलोट में आज कर्फ्यू में छः घंटे की ढील दी गई । नगर में पुलिस व बी.एस.एफ. की गश्त तेज कर दी गई है ।

**1 फरार, 1 मरा**

फिरोज़पुर (बागी): गत रात्रि ज़ीरा-फिरोज़पुर रोड पर वलूर के निकट एक कुख्यात आतंकवादी कुलदीप सिंह उर्फ़ पप्पू पुलिस की हिरासत से भाग निकला । उसकी गिरफ्तारी के लिए 50,000 रुपए का ईनाम घोषित था । यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री चालिहा ने कहा कि कुलदीप सिंह एक अन्य कुख्यात आतंकवादी अवतार सिंह पाहड़ा का साथी है, जोकि कुछ दिन पहले हरीके के निकट पुलिस हिरासत से भाग गया था । यह 50 हत्याओं में वांछित बताया जाता है, जिनमें अमृतसर के कृष्ण नगर का हत्याकांड भी शामिल है । कुलदीप सिंह उर्फ़ पप्पू रात आठ बजे के करीब उस समय भाग निकला जबकि उसे पुलिस की गाड़ी में धर्मकोट से फिरोज़पुर ले जाया जा रहा था । रास्ते में पुलिस की गाड़ी का पहिया पंक्चर हो गया । अभियुक्त को जिसे हथकड़ी लगी हुई थी, पेशाब करने के लिए गाड़ी से बाहर लाया गया जबकि वह रात के अंधेरे में फरार हो गया । इस घटना के संबंध में चार पुलिस कांस्टेबलों तथा एक हैडकांस्टेबल को निलम्बित कर दिया गया है । श्री चालिहा ने बताया कि ममदोट सैक्टर में बी.एस.एफ. ने एक संदिग्ध आतंकवादी को मार डाला, जोकि पाकिस्तान से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था ।

**सब दावे खोखले निकले**

पटियाला (भूषण): बहादुरगढ़ गोली कांड में पुलिस के रोल को देखकर तो यह मानना पड़ता है कि उग्रवादियों को पकड़ने हेतु जिस सुरक्षा योजना का बार-बार दावा किया जाता रहा है, वह पूर्णतः असफल रही है । इस सुरक्षा योजना के अधीन उग्रवादियों की किसी कार्रवाई उपरान्त तुरंत सारी पुलिस मशीनरी हरकत में आ जानी चाहिए ताकि उन्हें भागने का मार्ग न मिल सके । बहादुरगढ़ कस्बा पटियाला से केवल आठ किलोमीटर दूरी पर है और थाना पटियाला सदर से चार-पांच किलोमीटर पर है । यह कस्बा पटियाला-राजपुरा मार्ग पर है । औद्योगिक केंद्र होने के कारण कस्बे की रौनक तथा कारोबार बढ़ता जा रहा है । निकट ही पंजाब सशस्त्र पुलिस का मुख्यालय है ।

16 अक्तूबर सायं पौने आठ बजे संजीव कुमार, जिसे सरजीवन कुमार भी कहा जाता था, अपनी दुकान पर उपस्थित था और उसके निकट उसका मित्र अरुण कुमार, जो एक कारखाने में कर्मचारी है, बैठा था । उग्रवादी आए और गोलियों की वर्षा करके चले गए । अरुण कुमार की तुरंत मृत्यु हो गई और संजीव कुमार की जेब से 600 रुपए निकाल कर ले गए । इस घटना से 15 मिनट पूर्व उसका छोटा भाई दुकान से नकदी ले जा चुका था ।

इस औद्योगिक केंद्र में जबकि थाना और पी.ए.पी. मुख्यालय बहुत निकट है, पुलिस का घटनास्थल पर न पहुंचना आश्चर्यजनक है । उग्रवादियों का कोई पीछा न किया गया । इससे इस मांग को प्रोत्साहन मिलता है कि पुलिस प्रबन्ध में तुरंत पूरी स्क्रीनिंग की सख्त आवश्यकता है । पुलिस अस्पताल में भी तीन घंटे बाद पहुंची । ऐसा क्यों हुआ ? इसकी जांच करवाई जानी चाहिए ।

बनूड़ में एक युवा कांग्रेसी बाबा राम की कल रात गला घोंट कर हत्या कर दी गई । उसकी लाश आज प्रातः पटियाला-चंडीगढ़ रोड पर बनूड़ में टैक्स बैरियर के निकट पाई गई । श्री शाम लाल के नेतृत्व में कांग्रेसी वर्करों ने आज पुलिस के पक्षपात के विरुद्ध रोष व्यक्त करने के लिए प्रदर्शन किया व यातायात रोका । उनका आरोप है कि यह हत्या राजनीतिक है और पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज नहीं किया । पुलिस अधिकारियों के यह विश्वास

(शेष पृष्ठ 10 पर)

## *आतंकवादी पंजाब में दूसरे समुदाय को भड़का कर साम्प्रदायिक हिंसा फैलाना चाहते हैं*

न्यूयार्क, 18 अक्तूबर (भाषा): अमरीका ने पंजाब में आतंकवाद को समाप्त करने के लिए भारत और पंजाब सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की है । अमरीकी विदेश विभाग में पूर्वी एवं दक्षिण एशियाई मामलों के सहायक उपमंत्री राबर्ट पैक ने गत गुरुवार को अमरीकी कांग्रेस (संसद) की एक उपसमिति में यह विचार प्रकट किया ।

श्री पैक ने कहा कि पंजाब में अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं को सुलझाने के लिए भारत सरकार ने गम्भीर प्रयास किए हैं, लेकिन वहां आतंकवादी हिंसा लगातार जारी है । उन्होंने कहा कि अमरीकी सरकार का मत है कि पंजाब से आतंकवाद समाप्त करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने उचित उपाय किए हैं । उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय लोकतंत्र पंजाब समस्या से उत्पन्न चुनौती का सफलतापूर्वक सामना कर पाएगा ।

श्री पैक ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के प्रयास से आतंकवाद का खतरा एक बार फिर उजागर हुआ है । आतंकवाद भारत के लिए ही नहीं अपितु दुनिया भर के लिए सिरदर्द बन गया है ।

उन्होंने कहा कि पंजाब के आतंकवादी सरकार एवं दूसरे समुदाय के लोगों को भड़का कर साम्प्रदायिक हिंसा फैलाना चाहते हैं, लेकिन सौभाग्य है कि दूसरे समुदाय के लोग उनकी चाल में नहीं आए हैं और उन्होंने प्रति हिंसा की कार्रवाई नहीं की है ।

श्री पैक ने कहा कि पंजाब में हो रही हिंसा से चिंता पैदा होना स्वाभाविक है । लेकिन अमरीका का मत है कि भारतीय लोकतांत्रिक संस्थाएं इस दबाव का मुकाबला करने में सफल होंगी ।

उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र पहले भी परीक्षा की ऐसी घड़ियों से गुजर चुका है । पहले की तरह इस बार भी वह कसौटी पर खरा ही उतरेगा ।

श्री पैक ने श्रीलंका की तमिल समस्या के समाधान में भारत की भूमिका को रचनात्मक बताया । उन्होंने आशा प्रकट की कि पिछले कुछ महीनों में समस्या के हल की दिशा में जो प्रगति हुई है, वह कायम रहेगी । उन्होंने राष्ट्रपति जयवर्धने और भारत सरकार की सराहना भी की ।

पाकिस्तान की राजनीतिक स्थिति पर अपने विचार रखते हुए श्री पैक ने आशा व्यक्त की कि हाल ही में हुई राजनीतिक उथल-पथल वहां लोकतांत्रिक

## बड़े व्यापारिक घरानों ने निर्यात बढ़ाने में विशेष योगदान नहीं दिया : राजीव

आकलैंड, 18 अक्तूबर (वार्ता): प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भारत के बड़े व्यापारिक घरानों की इस बात के लिए आलोचना की है कि वे देश का निर्यात बढ़ाने में कोई विशेष योगदान नहीं दे रहे । लेकिन उन्होंने इस दिशा में दिखाए गए उत्साह के निबटाने का प्रयास कर रही है तथा कई मामलों में तनाव दूर करने में उसे सफलता भी मिली है ।

पंजाब या अन्य भागों की घटनाओं का ज़िक्र किए बिना उन्होंने कहा कि इस बारे में विदेशों में बसे भारतीयों को अक्सर गलत या अतिशयोक्तिपूर्ण

## पंजाब में हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

दिलाने पर कि कस दर्ज किया जाएगा व अभियुक्तों को पकड़ा जाएगा, 15 मिनट बाद यातायात खोल दिया गया ।

### पटियाला में हड़ताल

गत दिनों कस्बा बहादुरगढ़ में दो व्यक्तियों की हत्या के विरुद्ध रोष स्वरूप हिंदू शिव सेना के आह्वान पर आज पटियाला के पुराने शहर में आंशिक हड़ताल रही ।

### पुलिस की स्क्रीनिंग हो

खन्ना (पूर्ण चंद): पंजाब प्रदेश कांग्रेस (इ) के महामंत्री श्री शमशेर सिंह दलो ने एक बयान में कहा कि पी.ए.पी. परिसर, जालंधर में पुलिस प्रमुख श्री रिबैरियो पर हुए हमले के संबंध में चार पुलिस कर्मियों के इस्तीफे से सिद्ध हो गया है कि पंजाब पुलिस में 'सब अच्छा' नहीं है । पुलिस में बाकायदा उग्रवादियों के सैल मौजूद हैं । अत: पंजाब पुलिस की पूरी तरह स्क्रीनिंग बहुत जरूरी है । पुलिस की स्क्रीनिंग के बाद ही उग्रवादियों के विरुद्ध अभियान ठीक ढंग से चलाया जा सकेगा ।

### जत्थेदार की हत्या

तरनतारन (पाल): गत रात्रि चार अज्ञात व्यक्तियों ने थाना सरहाली के अंतर्गत चौधरी वाल में बाबा अकाली दल से संबंधित जत्थेदार किरपाल सिंह की गोलियां मार कर हत्या कर दी । वारदात के समय मृतक अपने खेतों में पहरा दे रहा था । जत्थेदार किरपाल सिंह भिंडरांवाला का अनुयायी था । वह अपने पीछे तीन लड़के और विधवा पत्नी छोड़ गया है । वारदात की खबर मिलते ही अमृतसर के एस.एस.पी. श्री इजहार आलम मौके पर पहुंच गए । पुलिस थाना सरहाली की ओर से केस दर्ज करके अभियुक्तों की खोज शुरू कर दी गई है ।

### 6 घंटे की ढील

मोगा : मलोट में स्थिति में सुधार के दृष्टिगत आज कर्फ्यू में 6 घंटे की ढील दी गई । जिलाधीश श्री बी.एस. सिद्धू ने कहा कि कल दो घंटे की ढील के दौरान पूर्ण शांति रही । नगर में आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई के पूरे प्रबन्ध किए गए हैं । इससे पूर्व जिलाधीश ने पुलिस व अन्य उच्चाधिकारियों के साथ स्थिति के बारे में मंत्रणा की । गत सोमवार को दो व्यक्तियों की उग्रवादियों द्वारा हत्या किए जाने के बाद नगर में कर्फ्यू लगाया गया । पुलिस और बी.एस.एफ. ने नगर में गश्त तेज कर दी है ।

### पटाखों पर पाबंदी

कपूरथला (प्रै.): जिलाधीश कंवर गुलवंत सिंह ने आज जिला कपूरथला के सारे क्षेत्र में धमाका करने वाले पटाखों, राकेटों व मिजाइलों की बिक्री, स्टोर तथा प्रयोग पर पाबंदी लगा दी जोकि 7 नवम्बर तक जारी रहेगी तथापि फुलझड़ी, विस्फोट न करने वाली आतिशबाजी, अनार आदि के चलाने की अनुमति होगी ।

### पिस्तौल बरमाद, 2 गिरफ्तार

होशियारपुर (प्र.): सिटी पुलिस होशियारपुर ने कल रात्रि राजेंद्र पाल उर्फ पाल और मंगत राम उर्फ मंगा को धोबी घाट से गिरफ्तार करके उनके कब्जे से यहां ले आई । पुलिस सूत्रों के अनुसार वी.सी.आर. चुराकर फरार होने वाले चार युवकों में छिंदा भी शामिल था । उसके दो साथी बलजीत सिंह व बलविंदर सिंह को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि छिंदा व एक अन्य अभियुक्त फ़रार हो गया था ।

### पिस्तौल छीन लिया

लुधियाना (जोशी): आज यहां हरनाम नगर सिविल लाइंज में दो उग्रवादी मकान नम्बर 1107 में ज़बरदस्ती घुस कर राजस्व अधिकारी प्यारा सिंह का पिस्तौल व 24 कारतूस लेकर फ़रार हो गए । बताया जाता है कि दोपहर लगभग तीन बजे प्यारा सिंह की लड़की घर में अकेली थी । दोनों उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर उसे अंदर के कमरे में ले गए तथा ट्रंक खोल कर पिस्तौल व कारतूस उठाकर चल दिए । इसी दौरान प्यारा सिंह भी आ गया । उग्रवादियों ने उसे भी पिस्तौल दिखाया तथा भाग जाने में सफल हो गए ।

### इंका नेता की हत्या

बाघा पुराना में एक इंका नेता प्रकाश चंद ढोलीवाल की आज रात्रि जीप सवार उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी और फरार हो गए । घटना के समय वह दुकान पर बैठा हुआ था ।

घटना के समय ढोलीवाल दुकान में कैश गिन रहे थे । उग्रवादी कुछ खरीदने के बहाने आए । पुलिस आधे घंटे बाद पहुंची ।

एक सूचना के अनुसार प्रकाश ब्लाक इंका का प्रधान था और उग्रवादी मोटर साइकल पर सवार थे।

### गोली कांड का सुराग मिला

गुरदासपुर (विनोद): डेरा बाबा नानक थाना के गांव धर्मकोट रंधावा में कल शाम जो गोलीकांड हुआ था और जिसमें एक नौजवान रवि कुमार घायल हो गया था, उसके अभियुक्तों की शिनाख्त हो गई है । इस गोली कांड में एक खतरनाक उग्रवादी कंवलजीत सिंह उर्फ कम्बा संलिप्त है । जिस समय उग्रवादियों ने गोली चलाई थी, उस समय वहां एक व्यक्ति दलबीर सिंह भी मौजूद था । उसने पुलिस को बताया कि इन हमलावरों में से एक कंवलजीत सिंह कम्बा था परन्तु दूसरे उग्रवादी का पता नहीं चल सका ।

### 3 गिरफ्तार

वि.प्र. के अनुसार एस.पी. सिटी श्री एच.एस. काहलों ने बताया कि लोपोके पुलिस ने गांव कोहाला में छापे मार कर तीन संदिग्ध व्यक्तियों को जिनमें एक आतंकवादी भी शामिल है, गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए आतंकवादी का नाम हरइंद्रवीर सिंह है । उससे एक पिस्तौल भी मिला । उसने गत फरवरी में अमरजीत सिंह की हत्या करने, उसकी लाईसैंस शुदा बंदूक, वी.सी.आर. तथा टेपरिकार्डर छीनने का अपराध स्वीकार किया है । दो व्यक्तियों जैमल सिंह व गुरबचन सिंह को आतंकवादियों बलविंदर सिंह तथा हरपाल सिंह को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया । यह दोनों आतंकवादी इश्तहारी अभियुक्त हैं ।

### एक जासूस, 13 बंगला देशी गिरफ्तार

गत रात्रि पुलिस ने भारत पाक सीमा पर एक पाकिस्तानी जासूस नजीर अहमद को गिरफ्तार

जारी रहेगी तथापि फुलझड़ी, विस्फोट न करने वाली आतिशबाजी, अनार आदि के चलाने की अनुमति होगी ।

### पिस्तौल बरमाद, 2 गिरफ्तार

होशियारपुर (प्र.): सिटी पुलिस होशियारपुर ने कल रात्रि राजेंद्र पाल उर्फ़ पाल और मंगत राम उर्फ मंगा को धोबी घाट से गिरफ्तार करके उनके कब्ज़े से 303 बोर का पिस्तौल और तीन कारामद कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस क्षेत्रों के अनुसार ये दोनों धोबी घाट से अपने गांव बहादुरपुर में संदिग्धावस्था में जा रहे थे कि पुलिस ने उन्हें रोक कर पूछताछ की तो उनके कब्ज़े से उक्त शस्त्र बरामद हुए ।

### गिरफ्तार व्यक्ति अभी तक बेहोश

धूरी (सिंगला): कुछ दिन पूर्व थाना भदौड़ के तल्लेवाल क्षेत्र में हुई भिड़ंत में जो व्यक्ति गिरफ्तार किया गया था, वह गम्भीर दशा में संगरूर सिविल अस्पताल में दाखिल है । वह बेहोशी में बड़बड़ाता है 'मैं डाकू हूं', 'मैं लुटेरा हूं ।' इसी बीच दीवाली के त्यौहार के दृष्टिगत सुरक्षा प्रबन्ध कड़े कर दिए गए हैं । ग्रामीणों को ठीकरी पहरा लगाने के लिए कहा गया है । पुलिस व सी.आर.पी. को असामाजिक तत्वों पर कड़ी नज़र रखने के लिए कहा गया है ।

### घर में घुसकर स्त्री की हत्या

जीरा (सचदेव) आज प्रातः 10 बजे दो अज्ञात व्यक्ति एक मकान में घुस गए । उन्होंने घर में मौजूद एक स्त्री निर्मला रानी पत्नी सत लाल को चाकू कार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । निर्मला रानी की बाद में मृत्यु हो गई । हमलावर जाते समय चाकू वहीं छोड़ गए । पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है । खोजी कुत्तों का एक स्क्वैड भी बुलाया गया है ।

### छिंदा का पुलिस रिमांड

चंडीगढ़ से 'संघी' की सूचना है कि पंजाब में कई हत्याओं में वांछित आतंकवादी सुरेंद्र सिंह उर्फ़ छिंदा का आज चंडीगढ़ पुलिस ने जुडीशियल मैजिस्ट्रेट श्री जे.एस. खुशदिल की अदालत से 20 अक्तूबर तक पुलिस रिमांड ले लिया ।

छिंदा को जिला गुरदासपुर की पुलिस ने गत मास गिरफ्तार किया था और आज कल वह न्यायिक हिरासत में था । चंडीगढ़ पुलिस उसे गत आठ सितम्बर को यहां के सैक्टर सात के एक घर से वी.सी.आर. चुरा कर भागने के केस में पकड़ कर

गुरबचन सिंह को आतंकवादियों बलविंदर सिंह तथा हरपाल सिंह को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया । यह दोनों आतंकवादी इश्तहारी अभियुक्त हैं ।

### एक जासूस, 13 बंगला देशी गिरफ्तार

गत रात्रि पुलिस ने भारत पाक सीमा पर एक पाकिस्तानी जासूस नजीर अहमद को गिरफ्तार किया जो कि रावलपिंडी का रहने वाला है । 13 बंगलादेशी मुसलमान भी गिरफ्तार किए गए जिन्हें पूछताछ के लिए जांच केंद्र में भेज दिया गया ।

### टीचर की हत्या

आज बाद दोपहर थाना सरहाली के गांव जौड़ा में नहर के पुल पर एक स्कूल टीचर सरदूल सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी गई । दो आतंकवादी जो कि स्कूटर पर आए थे, गोलियां चलाने के बाद फरार हो गए ।

### ट्रक का अपहरण

अमृतसर (प्रै.): आज प्रातः 5-6 सशस्त्र व्यक्तियों ने यहां से 25 किलोमीटर दूर तरनतारन में धान से भरे एक ट्रक का अपहरण कर लिया तथा इसे किसी अज्ञात स्थान को ले गए । यह ट्रक एक शैलर के बाहर खड़ा था । पुलिस व सुरक्षा बल ट्रक तथा अभियुक्तों की खोज कर रहे हैं ।

### सिपाही घायल

कपूरथला (शर्मा): आज रात्रि सिविल अस्पताल के बाहर तैनात दो सिपाहियों में किसी बात पर झगड़ा हो गया। एक सिपाही द्वारा गोली चलाए जाने से दूसरा सिपाही घायल हो गया ।

## भार्गव कैंप में डिग्री कालेज खोला जाएगा : बसंत सिंह

जालंधर, 18 अक्तूबर (यू.): पंजाब के शिक्षामंत्री श्री बसंत सिंह खालसा ने आज यहां कहा कि भार्गव कैंप आबादी में एक डिग्री कालेज खोला जाएगा । उन्होंने यद्यपि यह नहीं बताया कि किस वर्ष से यह कालेज खोला जाएगा और क्या यह प्राईवेट होगा या सरकारी । वे यहां गवर्नमैंट हायर सैकेंडरी स्कूल के प्रिंसीपल श्री सतपाल शर्मा को राजकीय पुरस्कार से सम्मानित करने के अवसर पर हुए समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे ।

# उग्रवादियों द्वारा कर्फ़्यूग्रस्त मलोट में डाक्टर की हत्या, मुठभेड़ों में बस कंडक्टर व घुसपैठिये मरे

**चंडीगढ़, 20 अक्तूबर (प्रे.यू.): दो पुलिस वर्दी धारी घुड़ सवार उग्रवादियों ने आज रात्रि कर्फ्यूग्रस्त मलोट में एक डाक्टर सतपाल सरदाना की हत्या कर दी जिसके उपरान्त प्रशासन ने मंगलवार को नगर में घोषित की गई कर्फ्यू में ढील वापस ले ली ।**

गत रात्रि गुरदासपुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिनी बस का कंडक्टर मारा गया । पहले सूचना मिली थी कि बस का चालक मारा गया ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री रिबैरियो पर गत 3 अक्तूबर को पंजाब सशस्त्र पुलिस के जालन्धर मुख्यालय में हुए हमले के बारे में जांच के बाद पता चला है कि आफिसर्स मैस में सफाई आदि के लिए जिम्मेदार एक हैड कांस्टेबल ने श्री रिबैरियो पर हमला करने के लिए उग्रवादियों को संकेत (ग्रीन सिगनल) दिया था ।

इस बीच अमृतसर पुलिस ने 4 संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार कर आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के अध्यक्ष श्री हरजिन्दर सिंह की हत्या के मामले की गुत्थी सुलझाने का दावा किया है । गिरफ्तार लोगों में से दो के नाम बलवीर सिंह व कुलविंदर सिंह बताए गए हैं । यह हत्या फैडरेशन के दो धड़ों के झगड़े का परिणाम थी ।

प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी पर गत 2 अक्तूबर को दिल्ली में राजघाट पर कर्मजीत सिंह द्वारा किए गए हमले के सम्बन्ध में सी.बी.आई. के एक दल द्वारा सुनाम में जांच की जा रही है । यहां एक व्यक्ति बलबीर सिंह टेलर मास्टर तथा कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है व उनसे पूछताछ जारी है ।

बादल अकाली दल ने 25 अक्तूबर के बाद किसी दिन मलोट नगर का बटाला की तरह ही घेराव करने का निर्णय किया है ।

राजपुरा में गत दिवस एक युवक ने अत्यन्त साहस का परिचय देते हुए उग्रवादियों द्वारा किए जाने वाले हमले को विफल कर दिया । कुछ शरारती तत्वों ने गत रात्रि में राजपुरा में इंटक के कार्यालय को आग लगा दी ।

पाकिस्तान से आ रहा एक घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

इस बीच अधिकारियों ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (मनजीत गुट) द्वारा कल से किए गए दो दिन की हड़ताल के आह्वान से निपटने के लिए सभी कदम उठा लिए हैं । कुछ जिलों में अधिकारियों ने विभिन्न शिक्षा संस्थाओं को 2 दिन 21 व 22 अक्तूबर को बंद करने के आदेश दिए हैं ।

**डाक्टर की हत्या**

आज रात्रि कर्फ्यूग्रस्त मलोट में दो पुलिस वर्दी धारी घुड़सवार उग्रवादियों ने डाक्टर सतपाल सरदाना को गोली मारकर हत्या कर दी । उग्रवादी डाक्टर के घर गए और दरवाजा खटखटाया । जैसे ही डाक्टर ने दरवाजा खोला, उग्रवादियों ने उन्हें गोली मार दी और फरार हो गए । डाक्टर की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई । इसके फलस्वरूप प्रशासन ने मंगलवार को कर्फ्यू में जो ढील घोषित की थी, वह वापस ले ली ।

**मलोट में कर्फ्यू में ढील**

कर्फ्यूग्रस्त मलोट नगर में आज अधिकारियों ने 8 घंटे की ढील दी । इस नगर में गत सप्ताह एक शिव सेना नेता श्री बिशम्भर दास तथा उनके पिता की उग्रवादियों द्वारा हत्या कर दिए जाने के उपरान्त कर्फ्यू लगाया गया था । अधिकारियों के अनुसार मलोट नगर में अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होती जा रही है ।

**मलोट का घेराव होगा ?**

भटिंडा (ग्रोवर): बादल अकाली दल 25 अक्तूबर के बाद किसी भी दिन मलोट नगर का घेराव करेगा । उक्त निर्णय बादल अकाली दल ने कल मलोट में सम्पन्न अपनी एक बैठक में लिया । बैठक की अध्यक्षता दल के अध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह बादल ने की । इस बैठक में भाई शमिन्दर सिंह सांसद तथा अन्य वरिष्ठ अकाली नेताओं ने भाग लिया । एक वरिष्ठ अकाली नेता ने बताया कि यह घेराव बटाला की तरह का होगा । इस अकाली नेता ने यह भी बताया कि इस बैठक में 25 अक्तूबर को बादल अकाली दल की बैठक के प्रबन्धों को अंतिम रूप देने पर विचार किया गया । इस बीच मलोट में एक समुदाय के दुकानदारों ने तीन दुकानें जलाए जाने के विरोध में कल हड़ताल की ।

**भाजपा की जांच समिति**

पंजाब भाजपा की कार्यकारिणी ने मलोट हत्याकांड की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की है । इस समिति ने कल मलोट का दौरा किया । भूतपूर्व मंत्री श्री कृष्ण लाल मैनी, पंजाब भाजपा के सचिव श्री जगदीश राय मोंगा, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री गुरबचन सिंह पतंग इस जांच समिति में शामिल थे । इस समिति ने श्री बिशम्भर दास के परिवार से भी भेंट की । समिति उन दुकानदारों के घरों पर भी गई जिनकी दुकानों को उपद्रवियों ने आग लगा दी थी । बाद में श्री मोंगा ने भटिंडा में इस सम्वाददाता को बताया कि दुकानें जलाने में उन कुछ शरारती तत्वों का हाथ है जिन्होंने विभिन्न वर्गों के लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जिससे कि श्री बिशम्भर दास व उनके पिता के हत्यारे वहां से भाग सकें ।

**न्यायिक जांच की मांग**

चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' की सूचना है कि दो इंका विधायकों [illegible]

(शेष पृष्ठ 10 पर)

के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं जिससे

# उग्रवादियों द्वारा कर्फ़्यूग्रस्त मलोट में डाक्टर की हत्या, मुठभेड़ों में बस कंडक्टर व घुसपैठिये मरे

**चंडीगढ़, 20 अक्तूबर (प्रे.यू.): दो पुलिस वर्दी धारी घुड़ सवार उग्रवादियों ने आज रात्रि कर्फ्यूग्रस्त मलोट में एक डाक्टर सतपाल सरदाना की हत्या कर दी जिसके उपरान्त प्रशासन ने मंगलवार को नगर में घोषित की गई कर्फ्यू में ढील वापस ले ली ।**

गत रात्रि गुरदासपुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक मिनी बस का कंडक्टर मारा गया । पहले सूचना मिली थी कि बस का चालक मारा गया ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री रिबैरियो पर गत 3 अक्तूबर को पंजाब सशस्त्र पुलिस के जालन्धर मुख्यालय में हुए हमले के बारे में जांच के बाद पता चला है कि आफिसर्स मैस में सफाई आदि के लिए जिम्मेदार एक हैड कांस्टेबल ने श्री रिबैरियो पर हमला करने के लिए उग्रवादियों को संकेत (ग्रीन सिगनल) दिया था ।

इस बीच अमृतसर पुलिस ने 4 संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार कर आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के अध्यक्ष श्री हरजिन्दर सिंह की हत्या के मामले की गुत्थी सुलझाने का दावा किया है । गिरफ्तार लोगों में से दो के नाम बलबीर सिंह व कुलविंदर सिंह बताए गए हैं । यह हत्या फैडरेशन के दो धड़ों के झगड़े का परिणाम थी ।

प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी पर गत 2 अक्तूबर को दिल्ली में राजघाट पर कर्मजीत सिंह द्वारा किए गए हमले के सम्बन्ध में सी.बी.आई. के एक दल द्वारा सुनाम में जांच की जा रही है । यहां एक व्यक्ति बलबीर सिंह टेलर मास्टर तथा कुलदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है व उनसे पूछताछ जारी है ।

बादल अकाली दल ने 25 अक्तूबर के बाद किसी दिन मलोट नगर का बटाला की तरह ही घेराव करने का निर्णय किया है ।

राजपुरा में गत दिवस एक युवक ने अत्यन्त साहस का परिचय देते हुए उग्रवादियों द्वारा किए जाने वाले हमले को विफल कर दिया । कुछ शरारती तत्वों ने गत रात्रि में राजपुरा में इंटक के कार्यालय को आग लगा दी ।

पाकिस्तान से आ रहा एक घुसपैठिया सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में मारा गया ।

इस बीच अधिकारियों ने आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (मनजीत गुट) द्वारा कल से किए गए दो दिन की हड़ताल के आह्वान से निपटने के लिए सभी कदम उठा लिए हैं । कुछ जिलों में अधिकारियों ने विभिन्न शिक्षा संस्थाओं को 2 दिन 21 व 22 अक्तूबर को बंद करने के आदेश दिए हैं ।

### डाक्टर की हत्या

आज रात्रि कर्फ्यूग्रस्त मलोट में दो पुलिसवर्दी धारी घुड़सवार उग्रवादियों ने डाक्टर सतपाल सरदाना की गोली मारकर हत्या कर दी । उग्रवादी डाक्टर के घर गए और दरवाजा खटखटाया । जैसे ही डाक्टर ने दरवाजा खोला, उग्रवादियों ने उन्हें गोली मार दी और फरार हो गए । डाक्टर की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई । इसके फलस्वरूप प्रशासन ने मंगलवार को कर्फ्यू में जो ढील घोषित की थी, वह वापस ले ली ।

### मलोट में कर्फ्यू में ढील

कर्फ्यूग्रस्त मलोट नगर में आज अधिकारियों ने 8 घंटे की ढील दी । इस नगर में गत सप्ताह एक शिव सेना नेता श्री बिशम्भर दास तथा उनके पिता की उग्रवादियों द्वारा हत्या कर दिए जाने के उपरान्त कर्फ्यू लगाया गया था । अधिकारियों के अनुसार मलोट नगर में अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होती जा रही है ।

### मलोट का घेराव होगा ?

भटिंडा (ग्रोवर): बादल अकाली दल 25 अक्तूबर के बाद किसी भी दिन मलोट नगर का घेराव करेगा । उक्त निर्णय बादल अकाली दल ने कल मलोट में सम्पन्न अपनी एक बैठक में लिया । बैठक की अध्यक्षता दल के अध्यक्ष श्री प्रकाश सिंह बादल ने की । इस बैठक में भाई शमिन्दर सिंह सांसद तथा अन्य वरिष्ठ अकाली नेताओं ने भाग लिया । एक वरिष्ठ अकाली नेता ने बताया कि यह घेराव बटाला की तरह का होगा । इस अकाली नेता ने यह भी बताया कि इस बैठक में 25 अक्तूबर को बादल अकाली दल की बैठक के प्रबन्धों को अंतिम रूप देने पर विचार किया गया । इस बीच मलोट में एक समुदाय के दुकानदारों ने तीन दुकानें जलाए जाने के विरोध में कल हड़ताल की ।

### भाजपा की जांच समिति

पंजाब भाजपा की कार्यकारिणी ने मलोट हत्याकांड की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की है । इस समिति ने कल मलोट का दौरा किया । भूतपूर्व मंत्री श्री कृष्ण लाल मैनी, पंजाब भाजपा के सचिव श्री जगदीश राय मोंगा, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री गुरबचन सिंह पतंग इस जांच समिति में शामिल थे । इस समिति ने श्री बिशम्भर दास के परिवार से भी भेंट की । समिति उन दुकानदारों के घरों पर भी गई जिनकी दुकानों को उपद्रवियों ने आग लगा दी थी । बाद में श्री मोंगा ने भटिंडा में इस सम्वाददाता को बताया कि दुकानें जलाने में उन कुछ शरारती तत्वों का हाथ है जिन्होंने विभिन्न वर्गों के लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जिससे कि श्री बिशम्भर दास व उनके पिता के हत्यारे वहां से भाग सकें ।

### न्यायिक जांच की मांग

चंडीगढ़ से 'वि.प्र.' की सूचना है कि दो इंका विधायकों शिव चंद व हंस राज आर्य ने राज्यपाल

(शेष पृष्ठ 10 पर)

## उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

कल शाम विभिन्न राजनीतिक दलों की एक हंगामी बैठक हुई जिसमें जिला प्रशासन से आग्रह किया गया कि वह बादल अकाली दल को इस बात के लिए मनाए कि वह 25 अक्तूबर को होने वाली अपनी बैठक तथा उसके बाद मलोट नगर का घेराव करने के निर्णय को त्याग दें ।

### रिबैरियो हमला कांड में हैड कांस्टेबल बंदी

जालन्धर (क) 3 अक्तूबर को यहां पी.ए.पी. परिसर में पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री रिबैरियो पर उग्रवादियों द्वारा हमला करने की घटना को चार सप्ताह होने को हैं परन्तु इस हमले में भाग लेने वाले सभी उग्रवादियों के नाम नामजद किए जाने के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है । कथित नामजद किए गए व्यक्तियों में से भी किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है ।

दूसरी ओर पी.ए.पी. परिसर में हमला करने वालों के सम्पर्क सूत्रों व सहायकों पर से अवश्य धीरे-धीरे परदा उठ रहा है । ताजा समाचार के अनुसार जांच दल ने पी.ए.पी. के एक हैड कांस्टेबल को हिरासत में लेकर उससे दो दिन से पूछताछ शुरू कर रखी है ।

### सब-इंस्पैक्टर का रिमांड बढ़ा

इससे पूर्व परसों एक सब-इंस्पैक्टर गुरबचन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था और उसका आज 21 अक्तूबर तक का पुलिस ने रिमांड ले लिया था । आज इस सब इंस्पैक्टर को एक्ज़ीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट के सम्मुख पेश किया गया और मैजिस्ट्रेट ने उसका 27 अक्तूबर तक का रिमांड पुलिस को दे दिया ।

जानकार सूत्रों के अनुसार उपरोक्त हिरासत में लिए हवालदार ने पी.ए.पी. में स्थित गुरुद्वारा में श्री रिबैरियो से बदला लेने की शपथ खाई थी । अभी तक की पूछताछ के दौरान यद्यपि इस हवालदार ने कोई ठोस रहस्योद्घाटन नहीं किया किन्तु जांच दल इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि इस हवालदार को ऐसी शपथ खाने की प्रेरणा किसने दी । उसे शपथ किसी व्यक्ति (ग्रंथी आदि) ने गुरुद्वारा में दिलाई या उसने स्वयं ली और कि इस गुरुद्वारा में जालन्धर जिला तथा अन्य स्थानों के कौन-कौन से प्रचारक आदि आते रहे हैं । इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि पी.ए.पी. के इस गुरुद्वारा में निकट की आबादियों के किन व्यक्तियों का गहरा सम्बन्ध गत 3-4 मास से बना है ।

### रिबैरियो द्वारा थानों का निरीक्षण

जालन्धर (न.न.ए.): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरियो ने आज यहां पुलिस थाना डिविजनों 1,3, 5 का दौरा किया और वहां विशेष केसों की फाइलों का निरीक्षण किया ।

### उग्रवादियों का ट्रांसमीटर सीमा पार

गुरदासपुर (विनोद): गैर सरकारी सूत्रों से पता चला है कि आतंकवादियों द्वारा स्थापित अवैध वायरलैस ट्रांसमीटर अमृतसर जिले के सीमा पार क्षेत्र में स्थापित है । पता चला है कि यह अवैध ट्रांसमीटर जिसने पंजाब तथा केन्द्र सरकार को परेशान कर रखा है और तीन बार वायरलैस नैटवर्क को जाम किया है यह अमृतसर इलाके के थाना घरिंडा के गांव नौशहरा टाला के सामने सीमा पार छठी पातशाही श्री हरगोबिन्द सिंह के गुरुद्वारा में स्थापित किया गया है ।

नौशहरा टाला गांव चौबाल-अटारी सड़क पर है तथा यहां से सीमा केवल एक किलो मीटर है । यह प्रमुख गुरुद्वारा सीमा से केवल आधा किलोमीटर दूरी पर है । वैसे तो भारतीय सीमा से यह गुरुद्वारा स्पष्ट दिखाई देता है और वहां पहले कोई विशेष चहल-पहल नहीं थी । मगर गुप्तचर विभाग के अनुसार अब वहां पर काफी चहल-पहल दिखाई देती है ।

यह गुरुद्वारा तीन मंजिला है तथा काफी बड़ा है । यहां पर ट्रांसमीटर के लिए एंटीना लगाना भी आसान है । इस गुरुद्वारे से अमृतसर जिले के वायरलैस नैटवर्क को प्रभावित करना बहुत आसान है । कुछ एजेंसियों का ख्याल है कि मानोचाहल जो कि पंथक कमेटी का सदस्य है, वह इस गुरुद्वारे में बैठ कर सारी गतिविधियां चला रहा है ।

### धमकियां

बताया जाता है कि तथाकथित खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के जनरल कमांडर भाई शामसिंह, जिला कमांडर करमजीत सिंह व कमांडो फोर्स के जिला कमांडर वीरसिंह और मनजीत खजाला ने संयुक्त बयान में धमकी दी है कि अगर बाबा स्वर्ण सिंह जफरवाल को 45 दिन में रिहा नहीं किया गया तो सीधी कार्यवाही की जाएगी । पत्र में खालिस्तान का विरोध करने वालों को कभी माफ न करने की धमकी दी गई है तथा हिन्दुओं से कहा गया है कि वे खालिस्तान की धरती छोड़ कर चले जाएं ।

### घेराव से हालत बिगड़ जाएगी

अमृतसर (क): भारतीय जनता पार्टी के प्रधान डाक्टर बलदेव प्रकाश ने एक बयान में बादल ग्रुप अकाली दल की ओर से मलोट कस्बा का घेराव करने के निर्णय की जोरदार निंदा की है और कहा है कि इससे सिद्ध हो गया है कि बादल धड़ा जलती पर तेल डालने का काम करने में नहीं चूकता । भाजपा नेता ने कहा है कि हालात की मांग है कि इस वक्त पंजाब में भाईचारे और प्रेम-मुहब्बत का वातावरण होना चाहिए न कि इसमें तलखी पैदा की जाए ।

डाक्टर बलदेव प्रकाश ने कहा है कि 25 अक्तूबर को मलोट के घेराव से हालात और खराब हो जाएंगे । इस स्थिति से निपटने के लिये सरकार को तुरन्त हरकत में आना चाहिए क्योंकि इससे स्थिति बिगड़ जाएगी ।

### अमृतसर में 15 उग्रवादी बंदी

'वि.प्र.' के अनुसार अमृतसर के एस.पी. सिटी श्री काहलों ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पुलिस ने जिला और शहर में विभिन्न केसों में 15 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । कुछ गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों से हथियार भी बरामद किए गए हैं ।

श्री काहलों ने बताया कि अजनाला पुलिस ने एक उग्रवादी राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक 22 बोर का इंगलैंड में बना रिवाल्वर व 4 गोलियां बरामद की हैं । गांव झंडेर में एक व्यक्ति करम सिंह के घर से सोने के आभूषण और नकदी लूटने के मामले में पुलिस ने उसी गांव के एक व्यक्ति कारज सिंह को गिरफ्तार किया है । इसी मामले में चार उग्रवादी पहले ही बंदी हैं ।


HAFED

अन्नं वै प्राणः

## हैफेड

## निविदा सूचना

हैफेड द्वारा निम्न केंद्रों पर कपास मौसम 1986-87 के लिए कच्ची कपास की जिनिंग और फुलप्रैस्ड गांठों में प्रैसिंग के लिए जिनिंग और प्रैसिंग फैक्टरियों की नियुक्ति के लिए मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं :-

1. सिरसा
2. कालांवाली
3. एलनाबाद
4. मंडी डबवाली
5. हांसी



## सार्वजनिक सूचना

मैं,तिलक राज भल्ला, 433, गांव ... जिला जालंधर


Punjabi Sahapedia

त्रहन के संबंधी विलाप करते हुये । (इन्सेट दाएं) श्री त्रहन का चित्र । (छाया : पुरी)

# उग्रवादियों द्वारा बिजली बोर्ड के एक इंजीनियर व एक सरपंच की हत्यायें, दो घुसपैठिये मरे

चंडीगढ़, **22** अक्तूबर (प्रै.,यू.): आज रात्रि लुधियाना के शास्त्रीनगर में कुछ उग्रवादियों ने पंजाब बिजली बोर्ड के एक इंजीनियर की गोली मार कर हत्या कर दी ।

उग्रवादियों ने कल रात्रि गुरदासपुर ज़िले में एक सरपंच की हत्या कर दी ।

पुलिस ने अमृतसर में एक आतंकवादी को गिरफ्तार करके आतंकवादियों की दीवाली से पूर्व एक समुदाय के लोगों की हत्या करने की योजना विफल बना दी ।

अमृतसर के झब्बाल क्षेत्र में उग्रवादियों ने एक दम्पति को घायल कर दिया । ग्रामीणों ने इनमें से एक हमलावर को पकड़ लिया । पंचकूला में लकड़ी विक्रेता की हत्या का कोई सुराग नहीं मिला । इस सिलसिले में आज वहां हड़ताल रही । खेमकरण सैक्टर में एक महिला सहित दो घुसपैठिए मारे गए ।

पंजाब पुलिस के महानिदेशक ने कहा कि पंजाब में इस समय उग्रवादियों के तीन गिरोह सक्रिय हैं । उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा उग्रवादियों को प्रशिक्षण व हथियार देने के ठोस प्रमाण मौजूद हैं ।

**इंजीनियर की हत्या**

लुधियाना (धीमान): आज सायं यहां शास्त्री नगर कालोनी में पंजाब बिजली बोर्ड के जूनियर इंजीनियर श्री जसबीर सिंह की कुछ उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । जसबीर सिंह कुराली में रोज अपनी ड्यूटी पर आता जाता था ।

बताया जाता है कि आज सायं जब वह बस स्टैंड से वापस अपने घर शास्त्री नगर में आ रहा था तो उसकी कुछ उग्रवादियों, जो पैदल बताए जाते हैं, ने पीछे से सिर में दो गोलियां मार कर हत्या कर दी । जसबीर सिंह घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया और उग्रवादी उस का स्कूटर उठाकर फरार हो गए ।

घटनास्थल पर स्कूटर का पैट्रोल बिखरा पड़ा था । सूचना मिलते ही एस.पी. सिटी श्री संजीव गुप्ता घटनास्थल पर पहुंच गए और पुलिस ने उस क्षेत्र को घेरे में ले लिया ।

बताया जाता है कि जसबीर सिंह की आयु 35 वर्ष थी । वह विवाहित था, लेकिन निःसंतान था । यह भी पता चला है कि वारदात से 10 मिनट पूर्व वहां से पुलिस की गश्ती पार्टी गुज़र कर गई थी ।

लुधियाना से भांभी के अनुसार बिजली विभाग के मृत जूनियर इंजीनियर का नाम जगजीत सिंह कोहली था । कहा जाता है कि अभी तक यह पता नहीं चल सका कि जगजीत सिंह कोहली को जिस स्थान पर वह गिरा पड़ा मिला, वहीं गोली मारी गई या उसकी हत्या किसी अन्य स्थान पर करके उसका शव वहां फैंक दिया गया । घटनास्थल के आसपास के लोगों का कहना है कि श्री कोहली के शव के निकट पहले एक व्यक्ति स्कूटर छोड़ कर भाग गया, लेकिन बाद में वह स्कूटर उठा कर ले गया । पुलिस के अनुसार यह संदिग्ध व्यक्ति सम्भवतया मृतक का साथी था, जो डर कर भाग गया ।

लुधियाना से मुसाफिर की सूचना है कि पुलिस ने दो उग्रवादियों मोहनबीर सिंह उर्फ बिल्ला तथा अमरदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया है । बिल्ला ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने 30 अक्तूबर 1985 को ढंडारी कलां में बिजली बोर्ड कार्यालय लूटा था । उसने यह भी बताया कि उसने बलबीर सिंह लापरां तथा गुरेंद्र सिंह दाखा के साथ मिल कर 8 जुलाई 1986 को अहमदगढ़ बस स्टैंड पर गोली चला कर कई व्यक्तियों को घायल कर दिया था ।

जिला गुरदासपुर के बंगोवाली गांव में कल एक सरपंच का गोलियों से छलनी शव पाया गया था । उसका नाम वज़ीर चन्द बताया गया है ।

**पंचकूला के व्यापारी की हत्या का कोई सुराग नहीं : क्षेत्र में प्रोटैस्ट हड़ताल ⁕ उग्रवादियों को पाक द्वारा प्रशिक्षण के ठोस प्रमाण : रिबैरियो ⁕ दीवाली से पूर्व एक वर्ग के लोगों की हत्या की योजना नाकाम।**


**2 घुसपैठी मरे**

खेमकरण क्षेत्र के तूरवालों के निकट पाकिस्तानी सीमा से घुसपैठ कर रहे दो व्यक्ति कल रात सीमा सुरक्षा बल से मुठभेड़ में मारे गए । इनमें एक महिला भी है । सीमा सुरक्षा बल सूत्रों के अनुसार जवानों द्वारा ललकारे जाने पर घुसपैठियों ने गोली चलाई । जवानों ने जवाबी गोली चलाई, जिससे घुसपैठिये मारे गए । उनकी शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है ।

**हत्याओं का षड्यंत्र विफल**


प्रै.ट्र. के अनुसार निर्मल सिंह को गिरफ्तार करके पुलिस ने जिला अमृतसर में दीवाली से पहले एक समुदाय के व्यक्तियों की हत्या करने की आतंकवादियों की योजना विफल बना दी । उसे कल चौक मेहता में गिरफ्तार किया गया था । पुलिस का ख्याल है कि निर्मल सिंह ने पाकिस्तान में तोड़-फोड़ की कार्रवाइयों का प्रशिक्षण प्राप्त किया


(शेष पृष्ठ 10 पर)




पंचकूला में मंगलवार सायं को तीन उग्रवादियों ने फ़ायरिंग करके श्री आनंद स्वरूप त्रेहन की हत्या कर दी । श्री त्रेहन का शव पोस्टमार्टम के बाद चंडीगढ़ में उनके निवास पर लाया गया। चित्र में श्री त्रेहन की पत्नी तथा लड़कियां विलाप करते हुये दिखाई दे रही हैं । (इन्सैट बाएं) श्री त्रेहन के संबंधी विलाप करते हुये । (इन्सैट दाएं) श्री त्रेहन का चित्र ।


(छाया : पुरी)



















गुरदासपुर और बटाला के निकटवर्ती गांव धर्मकोट बग्गा में सोमवार रात और मंगलवार प्रातः उग्रवादियों ने हमला करके 4 लोगों की हत्या कर दी और 5 को घायल कर दिया । चित्रों में (1) धर्मकोट बग्गा में जगराते का पंडाल जहां उग्रवादियों ने गोली चलाई, (2) मंदिर के बाहर की जगह पर खून बिखरा पड़ा है, (3) मृतक राज कुमार का शव, (4) रमेश कुमार जोगी और (5) सुरेन्द्र पाल ये दोनों भी धर्मकोट बग्गा में मारे गए, (6) गुरदासपुर में मारे गए इंका नेता सेवा सिंह भिंडर, (7) मृतक रमेश कुमार का बिलखता परिवार, (8) घायल शाम लाल, (9) घायल चरण दास ।

(फोटो : कोछड़, विनोद)

गुरदासपुर में आज प्रातः दो साइकिल सवार उग्रवादियों ने गुरदासपुर जिला इंका के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा शिरोमणि कमेटी के भूतपूर्व सदस्य श्री सेवा सिंह भिंडर की गोली मार कर हत्या कर दी । श्री भिंडर गुरुद्वारा सिंह सभा में मत्था टेक कर उस समय अपने घर लौट रहे थे । श्री भिंडर पंजाब

गत शनिवार को अबोहर के खुब्बन गांव में किए गए जघन्य हत्याकांड के 72 घंटों के ही बाद उग्रवादियों ने बटाला के निकट धर्मकोट बग्गा में दूसरा बड़ा हिंसक कांड किया है ।


**जगराते में 3 हत्याएं**

बटाला (कोछड़): यहां से आठ किलोमीटर दूर

था ।

इस घटना के सम्बन्ध में थाना सदर बटाला को रात्रि 12.45 बजे सूचना मिली थी । सूचना मिलते ही जिला पुलिस के उच्च अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए ।

उग्रवादी हमलावरों की संख्या पांच बताई जाती




पंजाब नैशनल बैंक, भारत चौक,लुधियाना के कैशियर का वह कमरा जहां से उग्रवादियों ने लाखों रु. लूटे । ऊपर इनसैट टूटी हुई बंदूक के साथ गनमैन, नीचे इनसैट बैंक के बाहर जमा भीड़ । (छाया : कम्बोज)

एस.पी. डिटेक्टिव श्री एस. सिंह व एस. पी. बटाला श्री हरजीत सिंह ने बताया कि अभियुक्तों का पता लगा कर उनकी गिरफ्तारी के लिए उनके शरण स्थलों पर छापे मारे जा रहे हैं । स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है ।

**बटाला में हड़ताल**

बटाला नगर में इस कांड से स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है । राष्ट्रीय सुरक्षा समिति व शिव सेना के आह्वान पर आज बटाला नगर पूर्ण बंद है । प्रशासन ने भी सतर्कता के तौर पर नगर की सभी शिक्षा संस्थाएं बंद कर दी हैं ।

तीनों ही मृतकों का गुरदासपुर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद आज अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

बटाला के मृतक रमेश कुमार जोगी के वारिसों को स्थानीय एस. डी. एम. श्री कुलवंत सिंह ने रैडक्रास कोष से 1000 रुपए की सहायता प्रदान की । आज यहां राष्ट्रीय सुरक्षा समिति व शिव सेना ने एक शोक सभा में श्रद्धांजलि अर्पित की । बटाला नगर व क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने के लिए अधिकारी पूरी तरह सतर्कता बरते हुए हैं । सुरक्षा बल गश्त कर रहे हैं ।

**धमकी भरा पत्र**

गुरदासपुर से 'ज्ञानी' के अनुसार धर्मकोट बग्गा गांव में हमला करने वाले उग्रवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स के सरगना सुखदेव सिंह सुक्खा के हस्ताक्षरों वाला पंजाबी में लिखा एक पत्र छोड़ गए हैं ।

**इस पत्र के ऊपर लिखा है : "दीवाली का तोहफा । दीवाली की लख-लख बधाइयां ।" पत्र में कहा गया है कि ये बधाइयां (हत्याकांड) दीवाली की बधाइयां हैं । पत्र में कहा गया है कि राजू (राजीव गांधी), बरनाला व ब्रह्मबूटी (श्री बूटा सिंह) को भी शीघ्र ही इन बधाइयों में शामिल कर लिया जाएगा ।**

**बिजली बंद कर गए**

एक समाचार के अनुसार धर्मकोट बग्गा गांव में

# ब्लैक कैट कमांडो दस्ते की सौ वर्दियां गायब

नई दिल्ली, 28 अक्तूबर (वार्ता): विशेष प्रशिक्षण प्राप्त 'ब्लैक कैट' कमांडो दस्ते की लगभग एक सौ वर्दियां अगस्त से लापता हैं ।

'ब्लैक कैट' कमांडो काले रंग की सूती वर्दी में रहते हैं । वर्दी में कई जेबें हैं ताकि कमांडो उनमें आवश्यक हथियार तथा उपकरण रख सकें ।

# पंजाब में फ्लैग मार्च के आदेश

चंडीगढ़, 28 अक्तूबर (...): पंजाब के

# पाक प्रशिक्षित पंजाब पहुंचा, सभ

नई दिल्ली, 28 अक्तूबर (जी.एस. चावला): गुप्तचर सूत्रों ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय को रिपोर्ट दी है कि श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या और उनके हत्यारे

की हत्या सीमा सुरक्षा बल को सूचनाएं देने के कारण की गई है ।

**हत्याएं बदला लेने के लिए**

विज्ञप्ति के अनुसार बटाला के निकट तीन व्यक्तियों की हत्या सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस और पंजाब पुलिस द्वारा की जाने वाली तथाकथित फर्ज़ी मुठभेड़ों का बदला लेने के लिए की गई है ।

**डेरे के महंत की हत्या**

संगरूर (गर्ग): यहां से तीस किलोमीटर दूर गांव नैना में एक धार्मिक स्थान में उग्रवादियों ने दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । प्राप्त विवरण के अनुसार गत रात्रि उग्रवादी डेरा नैनीवाल में आकर ठहरे । प्रातः चार बजे डेरे के महंत जगरूप सिह तथा सेवादार सुखदेव सिंह जब अपने डेरे का दैनिक कामकाज शुरू करने ही वाले थे तो उसी समय उग्रवादियों ने उन पर गोलियां चला दीं । सेवादार सुखदेव सिंह की तो घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । महंत जगरूप सिह की अस्पताल में जाकर मृत्यु हुई ।

उग्रवादी अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गए ।

जिला पुलिस प्रमुख श्री परमजीत सिह संधू घटनास्थल की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस ने सारे क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी है । हमलावरों की आयु 20 से 25 वर्ष के मध्य बताई गई है । उनके पास बारह बोर के पिस्तौल तथा अन्य हथियार थे । अभियुक्तों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है । न ही किसी को गिरफ्तार किया गया है ।

वह डेरा जिले के सठोर पुलिस थाने के अंतर्गत है ।

'यून्यू' के अनुसार महन्त का नाम दिलीप सिह और सुखदेव सिंह है ।

**बैंक से 11 लाख लूटे**

लुधियाना (भाम्बी): पांच सशस्त्र आतंकवादियों ने आज दोपहर पौने एक बजे भारत नगर चौक स्थित पंजाब नैशनल बैंक की शाखा से स्टेनगन, पिस्तौलें और रिवाल्वरों की नोक पर लगभग 11 लाख रुपया लूट लिया । वह भूरे रंग की फिएट कार नं. पी. ए. आई. 95 में आए और बैंक का गेट बंद कर लिया । उन्होंने सब को चुप करने के निर्देश दिए । एक महिला क्लर्क जब आगे बढ़ी तो उसे धमका कर पीछे धकेल दिया गया । बैंक में चैस्ट नहीं थी उग्रवादियों ने स्ट्रांग रूम से सारे पैसे समेट लिए लेकिन लाकर में पड़े पैसे बच गए । उग्रवादियों ने जिनमें से तीन केशधारी थे, गनमैन गुरदेव सिह की बंदूक तोड़ दी और उसे एक तरफ धकेल दिया । प्रदीप के अनुसार उग्रवादियों ने 3.5 लाख रुपया बैंक काउंटर से और शेष राशि स्ट्रांग रूम से निकाली । बीस से पच्चीस वर्ष की आयु के उग्रवादियों ने आते ही गनमैन की बंदूक छीन कर तोड़ दी, उसकी पिटाई की, शौचालय में बंद कर दिया । जाते समय वह धमकियां दे गए कि यदि किसी ने 'शरारत' की तो उसे बुरे परिणाम भुगतने पड़ेंगे । लेकिन साथ ही कहा कि यदि उनसे कोई गलत बात कही गई हो तो उन्हें माफ कर दें । सारा घटनाक्रम पांच मिनट में समाप्त हो गया ।

इसी बीच एस. एस. पी. राजदीप सिंह गिल और अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । शहर की नाकेबंदी करके उग्रवादियों की तलाश शुरू कर दी गई है । बैंक के कर्मचारी यद्यपि भयभीत हैं लेकिन बैंक में काम सामान्य रूप से शुरू हो गया है ।

एक अन्य सम्वाददाता मुसाफिर की सूचना है

आज कर्फ्यू में किसी प्रकार की कोई ढील नहीं दी गई ।

उल्लेखनीय है कि कल नगर में 'पंजाब बंद' के सम्बन्ध में हुई हिंसक घटनाओं के बाद कर्फ्यू लगाया गया था ।

**केस दर्ज**

श्री कैले ने बताया कि कल की घटनाओं के सम्बन्ध में पुलिस ने धारा 436, 427, 186, 148, 149 व धारा 333 के अंतर्गत पंजाब हिन्दू शिव सेना के जलोटा ग्रुप के संयुक्त सचिव श्री रमेश भल्ला व 2 अन्य कार्यकर्त्ताओं श्री हरिओम व धर्मवीर के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है ।

जिन दुकानदारों को कल की घटनाओं से नुकसान पहुंचा है उनकी क्षति का अनुमान लगाने के लिए होशियारपुर के तहसीलदार श्री शारदा को नियुक्त किया गया है । वह आज शाम तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर देंगे ।

**10 गिरफ्तार**

पुलिस ने नगर में दस समाज विरोधी तत्वों को गिरफ्तार किया है । एस. एस. पी. श्री सुभाष जैन के अनुसार नगर में अर्द्ध सैनिक बलों की दो और कम्पनियां बाहर से मंगवाई गई हैं । जिले के अन्य भागों से भी सुरक्षा बल नगर में बुलाए गए हैं ।

उन्होंने कहा कि नगर में स्थिति नियंत्रण में है तथा पुलिस व सुरक्षा बल नगर में पूरी सतर्क निगाहें रखे हुए हैं ।

**दुकान में आग**

'अश्विनी' के अनुसार आज रात्रि होशियारपुर के कर्फ्यूग्रस्त अफगान रोड क्षेत्र में टायरों की एक दुकान में आग लगा दी गई जिससे क्षेत्र में आतंक फैल गया । पास की दुकानें खाली करा ली गईं । आग बुझाने के लिए, जालन्धर, फगवाड़ा, आदमपुर से फायर ब्रिगेड बुलाए गए ।

**महिला हिरासत में**

'प्रै.ट्र.' के अनुसार श्री सिद्दीकी ने बताया कि दो और व्यक्तियों को भी हिरासत में लिया गया है । इनमें एक महिला है । यह श्री रिबैरियो पर हमले में प्रत्यक्ष रूप से सबद्ध तो नहीं हैं । उक्त महिला ने अभियुक्तों को अपने मकान में 100 रुपए मासिक किराए पर एक कमरा दे रखा था ।

श्री सिद्दीकी ने आज अधिकारियों के साथ नगर की स्थिति का जायजा लिया । उन्होंने कहा कि हिन्दू शिव सेना के कार्यकर्त्ताओं को जलूस निकालने की अनुमति नहीं दी गई थी पर वे कनक मंडी में एकत्र हुए और उन्होंने जलूस निकाला ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री सिद्दीकी ने कहा कि जिन सी.आर.पी. के जवानों ने कल स्थिति से निपटने में लापरवाही बरती, उनके विरुद्ध सी.आर.पी. के कमांडैंट द्वारा कार्यवाही की जाएगी । श्री सिद्दीकी ने नगर के एस.एच.ओ. श्री लोकनाथ द्वारा स्थिति से निपटने में सराहना की । उन्होंने कहा कि कल कनक मंडी चौक में दो सम्प्रदायों के मध्य किसी प्रकार का झगड़ा नहीं हुआ ।

**शिवसेना कार्यकर्त्ता पर फायरिंग**

नकोदर (गगन): आज सायं 4 बजे अस्पताल रोड पर एक स्कूटर सवार 2 युवकों ने शिव सेना के सक्रिय कार्यकर्त्ता श्री सुरेंद्र कुमार की दुकान पर फायरिंग शुरू कर दी । सुरेंद्र कुमार ने काउंटर के नीचे छिप कर अपनी जान बचाई । फिर भी उन्हें कुछ छर्रे लगे हैं । उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है । इस पर कुछ लोग वहां जमा हो गए और उन्होंने पुलिस विरोधी नारे लगाए व बसों पर पथराव किया ।

Punjabi Sanatani

उन्हें माफ कर दें । सारा घटनाक्रम पांच मिनट में समाप्त हो गया ।

इसी बीच एस. एस. पी. राजदीप सिंह गिल और अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं । शहर की नाकेबंदी करके उग्रवादियों की तलाश शुरू कर दी गई है । बैंक के कर्मचारी यद्यपि भयभीत हैं लेकिन बैंक में काम सामान्य रूप से शुरू हो गया है ।

एक अन्य सम्वाददाता मुसाफिर की सूचना है कि बैंक के मैनेजर श्री सुभाष शर्मा ने बताया कि जब उग्रवादी बैंक में दाखिल हुए तो गोद में बच्चा लिए एक औरत रुपए निकलवाने आई । उसने उग्रवादियों से कहा, "वीरो जरा ठहर जाओ मेरा बच्चा बीमार है, मुझे पैसे निकलवा लेने दो ।" उग्रवादियों ने उस औरत को यह कह कर एक तरफ करा दिया कि बहन जी जरा ठहर जाओ हमारा काम केवल दस मिनट का है । एक और व्यक्ति जो बैंक में रुपया जमा करवाने आया था, ने जब उग्रवादियों को देखा तो रुपया ऊपर छत पर फैंक दिया जो बच गया ।

## खन्ना में आढ़ती की हत्या

खन्ना मंडी से हमारे सम्वाददाता पूर्ण चंद ने खबर दी है कि आज दो स्कूटर सवार सिख युवकों ने सत प्रकाश नंदा आढ़ती को गोलियां मार कर मार डाला और उसकी दुकान से दो लाख बीस हजार लूट कर ले गए । घटना के दौरान कोई व्यक्ति निकट नहीं आया । घटना के बाद जब अभियुक्त अपने स्कूटर पर फरार हो गए तो पुलिस पहुंच गई और पूछताछ शुरू कर दी । इस घटना के बाद शहर में पूर्ण हड़ताल हो गई ।

नकोदर (गगन): आज सायं 4 बजे अस्पताल रोड पर एक स्कूटर सवार 2 युवकों ने शिव सेना के सक्रिय कार्यकर्त्ता श्री सुरेंद्र कुमार की दुकान पर फायरिंग शुरू कर दी । सुरेंद्र कुमार ने काऊंटर के नीचे छिप कर अपनी जान बचाई । फिर भी उन्हें कुछ छर्रे लगे हैं । उन्हें अस्पताल में दाखिल कराया गया है । इस पर कुछ लोग वहां जमा हो गए और उन्होंने पुलिस विरोधी नारे लगाए व बसों पर पथराव किया ।

**नकोदर में विस्फोट**

जालन्धर में मिली सूचनाओं के अनुसार आज सायं नकोदर में अस्पताल रोड पर एक टी-स्टाल पर विस्फोट होने से आतंक फैल गया और दुकानें बंद हो गईं । टी-स्टाल के मालिक सुरेन्द्र कुमार को चोटें आई हैं । पता चला है कि एक स्कूटर पर आए दो युवकों ने यह पटाखा फैंका था और फरार हो गए थे ।

## खुल्लर के अंगरक्षक ने गोली चलाई

जालन्धर में कांग्रेस (इ) के नेता बी. के. खुल्लर के अंगरक्षक ने आज एक संदेहास्पद व्यक्ति पर गोली चलाई किन्तु फिर भी वह व्यक्ति फरार होने में सफल रहा । आतंकवादी अब तक दो बार श्री खुल्लर पर जानलेवा हमला कर चुके हैं ।

**मोगा में 20 बंदी**

मोगा की एक सूचना के अनुसार आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के 20 वर्करों को छापे मार कर गिरफ्तार कर लिया गया ।

**स्कूटर छीना**

पटियाला (भूषण): एक व्यक्ति जसबीर सिंह से कल तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर

Punjabi Sanjhi

# उग्रवादियों द्वारा पंजाब में दो लोगों की हत्यायें, कई जगह फ्लैग मार्च

## बंगा की दाना मंडी में और ब्यास के पास दो हत्यायें

## सुरक्षा बलों व उग्रवादियों में मुठभेड़

**चंडीगढ़, 29 अक्तूबर (यू.प्रै.): उग्रवादियों ने पंजाब में बंगा की दाना मंडी में अंधाधुंध फायरिंग करके वहां के चौकीदार की हत्या कर दी व चार अन्य को घायल कर दिया और ब्यास के पास पी.डब्ल्यू.डी. के बेलदार की गोली मार कर हत्या कर दी ।**

ब्यास की वारदात करने वाले उग्रवादियों को सुरक्षा बलों ने गन्ने के खेतों में घेर लिया और देर रात तक दोनों पक्षों में जमकर मुठभेड़ हुई ।

सेना ने आज सुरक्षा बलों के साथ पंजाब के हिंसाग्रस्त नगरों मलोट, अबोहर, बटाला व होशियारपुर में फ्लैगमार्च किया । गुरदासपुर में सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च किया ।

शिव सेना व ब्राह्मण सभा के आज के अमृतसर बंद के आह्वान के कारण वहां के कई भागों में प्रातः आठ बजे से सायं चार बजे तक का कर्फ्यू लागू कर दिया गया । अमृतसर नगर में उग्रवादियों ने दो घरों से 40 हजार रु. की सम्पत्ति लूट ली । डेरा बाबानानक सैक्टर में एक घुसपैठिया मारा गया । प्रशासन ने राज्य भर में आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के वर्करों की पकड़-धकड़ शुरू कर दी है ।

**ब्यास क्षेत्र में हत्या**

आज दोपहर पांच उग्रवादियों ने ब्यास क्षेत्र में पी.डब्ल्यू.डी.के बेलदार जसवंत राय की हत्या कर दी ।

**मुठभेड़**

बेलदार की हत्या करके भाग रहे इन उग्रवादियों को सुरक्षा बलों ने गन्ने के खेत में घेर लिया और देर रात तक दोनों पक्षों में जबरदस्त मुठभेड़ जारी रही ।

मुठभेड़ बटाला-सठियाला लिंक रोड पर हुई ।

**विवरण**

अमृतसर के एस.पी. एच.एस. काहलों के अनुसार दो उग्रवादी बुटाला के प्राथमिक स्कूल में कर्मचारियों को वेतन बांट रहे दो शिक्षकों भगवान सिंह तथा रतन सिंह से 1090 रु. लूट कर स्कूटर पर सवार हुए । रास्ते में उन्होंने चीमा वाठ के पास बेलदार जसवंत राय की हत्या कर दी । थोड़ा आगे जाकर उनके गिरोह के तीन अन्य सदस्य भी उनसे आ मिले सुरक्षा बलों व पुलिस से बचने के लिए वे गन्ने के खेतों में छिप गयार तो उन्हें घेर लिया गया । दोनों तरफ से भारी गोलाबारी हुई ।


प्राप्त सूचनाओं के अनुसार कई घंटे की मुठभेड़ के बावजूद पांचों उग्रवादी बाबा बकाला के डी.एस.पी. के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस व सुरक्षा बलों के पहुंचने से पूर्व ही फरार होने में सफल हो गए । पता चला है कि दो उग्रवादी बुटाला ग्राम के सरपंच अंगरेज सिंह का स्कूटर छीन कर उस पर उसी ग्राम के प्राइमरी स्कूल के टीचरों को लूट कर भागे थे और रास्ते में बेलदार जसवंत राय की हत्या की थी । सठियाला से आ रही छः सिपाहियों की पार्टी के साथ उनकी पहली मुठभेड़ हुई ।

**बंगा में फायरिंग**

बंगा से 'अश्विनी खोसला' के अनुसार आज सायं लगभग पौने सात बजे तीन उग्रवादियों ने पैदल ही दाना मंडी में आकर वहां स्टेनगनों से अंधाधुंध फायरिंग कर दी जिससे मान बहादुर नामक एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए । घायलों में से अश्विनी कुमार जैन, काका, रमेश ओहरी को सी.एम.सी. लुधियाना व राज हलवाई को सिविल अस्पताल जालन्धर भेजा गया । उग्रवादी एक फिएट कार में बैठ कर फरार हो गए । पुलिस घटना के आधा घंटा बाद वहां पहुंची ।

एक सूचना के अनुसार तीन उग्रवादी अपनी फिएट कार मकंदपुर लिंक रोड पर खड़ी करके दाना मंडी में आए और विदेशी रिवाल्वरों से दर्शन लाल जैन, रौनकी मल, ओम प्रकाश जैन की दुकानों पर अंधाधुंध फायरिंग की । फायरिंग के बाद उग्रवादी रेलवे रोड से होकर मकंदपुर लिंक रोड पर चले गए

(शेष पृष्ठ 10 पर)



(1) जिला संगरूर के निरमिलिया उदासी डेरा जहां महंत जगरूप सिंह (इनसैट) और सेवादार सुखदेव सिंह की हत्या की गई । (2) डेरे में शोकाकुल लोग । (3) कमरा जहां सुखदेव सिंह की हत्या की गई । (4) स्थान जहां सोमवार की रात को उग्रवादी आकर ठहरे । (5) डेरे का ... । (6) महंत जगरूप सिंह की जलती चिता । (7) सेवादार सुखदेव सिंह के विलाप करते ... (छाया : गर्ग)

## रिबैरियो पर हमले के संबंध में तीन और व्यक्ति गिरफ्तार


जालन्धर, 29 अक्तूबर (क.): जालन्धर पुलिस तथा सुरक्षा बलों ने 3 अक्तूबर की प्रातः पी.ए.पी. परिसर, जालन्धर में जीप सवार उग्रवादियों द्वारा पुलिस महानिदेशक श्री जे.एफ. [illegible] सिंह, सतनाम सिंह आदि जो 8-10 व्यक्ति हिरासत में लिए थे, उनमें से तीन व्यक्तियों रविन्दर सिंह, सतनाम सिंह तथा गुरजीत सिंह को और पूछताछ के लिए धारा 216-ए के अधीन बाकायदा गिरफ्तार कर लिया गया है ।

## दीवाली से पहले दीवाला

कानपुर, 29 अक्तूबर (वा.) : दीपावली के पहले ही यहां एक सराफ का दीवाला निकल गया । चौक स्थित सराफ बाजार में दीपावली के अवसर पर एक सराफ के घर पर रंगाई-पुताई करते हुए एक मजदूर ने तीन लाख रुपए के जेवरात व नकदी पर ही हाथ साफ कर दिया ।

इस सराफ के यहां रात भर रंगाई-पुताई का काम चलता रहा था । देर रात गए जब घर के








(1) खन्ना के व्यापारी श्री सत पाल नंदा, जिनकी मंगलवार को उग्रवादियों ने हत्या करके 2.20 लाख रुपया लूट लिया । (2) वह जगह जहां श्री नंदा को गोली मारी गई । वह धान की ढेरी पर गिर गए । (3) श्री नंदा की पत्नी और बेटी विलाप करते हुए । (फोटो : शर्मा)

Punjabi Sanatani





होशियारपुर में गत रात्रि कर्फ्यू के दौरान टायरों की एक दुकान को आग लगा दी गई (ऊपर) दुकान के अन्दर के हिस्से के 4 कमरे जो तबाह हो गए । (नीचे) जली हुई दुकान के साथ लगती दुकानें जो लोगों ने ताले तोड़कर खाली कराईं ताकि उनका सामान भी न जल जाए । (फोटो : प्रद्युम्न सिंह)

# पंजाब में अगले 5-7 दिन खतरनाक, सरकार सतर्क रहे : रछपाल सिंह

त, (3) होमगार्ड धन बहादुर के शव पड़े दिखाई दे जहां उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग के निशान है, (7) अस्पताल में दाखिल एक घायल, जो बैंक

(फोटो : प्रद्युम्न)

हड़ताल रही । अन्य बैंकों द्वारा भी हड़ताल की गई ।

गुरदासपुर पुलिस ने दो आतंकवादियों जोगेंद्र सिंह व बलकार सिंह को गिरफ्तार किया है ।

तीन अज्ञात व्यक्तियों ने भटिंडा से 35 किलोमीटर दूर गांव गुमटी के सरपंच श्री नायब सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । श्री नायब सिंह को रामपुराफूल अस्पताल में भर्ती किया गया है ।

## जालंधर में फायरिंग, एक मरा

जालंधर (यू.): आज रात्रि 8.45 बजे दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने जालंधर के पोश इलाके शक्तिनगर के बाजार में अंधाधुंध फायरिंग करके 1 व्यक्ति की हत्या कर दी और दूसरे को घायल कर दिया । मृत इंद्रप्रीत सिंह टी.वी. मैकेनिक था और

10.5 बजे बैंक की इस शाखा में आए । उन्होंने आते ही बैंक के गनमैन व शाखा प्रबन्ध की गोली मार कर हत्या कर दी । इसके बाद अभियुक्त बैंक के कैशियर से 21.76 लाख रुपए लूट कर बाहर निकल आए । वेतन की राशि के वितरण का दिन होने के कारण बैंक के बाहर लोगों की काफी भीड़ जमा थी ।

हमलावरों ने बाहर निकल कर तीसरे व्यक्ति बहादुर सिंह की भी गोली मार कर हत्या कर दी । उग्रवादियों की गोलियों से अशोक कुमार तथा हरनाम सिंह नामक दो व्यक्ति भी घायल हो गए ।

### एक अभियुक्त पकड़ा गया

बाहर खड़े लोगों की भीड़ ने हमलावर उग्रवादियों में से एक अभियुक्त सतनाम सिंह को पकड़ कर तलवाड़ा थाने में ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया । सतनाम सिंह जिला होशियारपुर के गांव अटलगढ़ का रहने वाला है । पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को अपने साथी अन्य आतंकवादियों के नाम बताए हैं । इनमें से एक

संख्या पांच थी । बताया जाता है कि उग्रवादी कमाही देवी के जंगल में घुस गए । अन्य वरिष्ठ

दिया । उधर जो उग्रवादी बैंक के ऊपर चढ़ा हुआ था, उसने भी गोलियां चलानी शुरू कर दीं ताकि










जालंधर के शक्ति नगर क्षेत्र में वीरवार की रात्रि को दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके (1) इंद्रप्रीत सिंह की हत्या कर दी, (2) मंजीत सिंह को घायल कर दिया, (3) इंद्रप्रीत सिंह की मोपेड, (4) ललित कुमार का शव ।

(छाया : चित्र 1, 2, 4 कपूर, 3 प्यारे)







बुधवार की रात को बंगा की अनाज मंडी में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी और 5 अन्य को घायल कर दिया । (ऊपर) तारा चंद काबुल मल जैन की दुकान (A) जहां गोरखा मन बहादुर की हत्या की गई । महावीर साईकिल स्टोर (A) जहां अश्विनी कुमार को गोली मारी गई (नीचे) वह अनाज मंडी, जहां सारा गोलीकांड हुआ । चित्रों में दुकानों (A और B) के बाहरी दृश्य और मंडी में तैनात सुरक्षा बल । (इनसैट) मृतक गोरखा मन बहादुर का शव।

(छायाः कपूर)

रहे हैं, (4) उग्रवादियों की गोलियों से घायल हुआ एक व्यक्ति, (5) बैंक की बाहरी दीवार, जहां उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग के निशान नजर आ रहे हैं, (6) बैंक के अन्दर घायलों और मृतकों का खून फर्श पर बिखरा नजर आ रहा है, (7) अस्पताल में दाखिल एक घायल, जो बैंक में पैंशन लेने आया, (8) बैंक की इमारत, जहां डाका पड़ा ।

(फोटो : प्रद्युम्न)

चंडीगढ़, 30 अक्तूबर (प्रै. यू.): आज प्रातः चार उग्रवादियों ने होशियारपुर जिले के तलवाड़ा में स्टेट बैंक आफ इंडिया की शाखा के बैंक मैनेजर, सुरक्षा गार्ड व एक अन्य की हत्या कर 22 लाख रु. लूट लिए । यह पंजाब में अब तक की सबसे बड़ी बैंक डकैती थी । भीड़ ने इन उग्रवादियों में से एक सतनाम सिंह को पकड़ लिया जबकि 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के जनरल लाभ सिंह सहित तीन उग्रवादी फरार हो कर कमाही देवी के जंगल में जा छिपे । पुलिस व सुरक्षा बलों ने जंगल घेर लिया । आज रात्रि जालन्धर के शक्तिनगर में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने फायरिंग करके मोपेड पर जा रहे दो टी.वी. मैकेनिकों में से एक की हत्या कर दी व दूसरे को घायल कर दिया । जालन्धर में एक और शव मिला है । 'प्रै.ट्र.' के अनुसार तलवाड़ा की वारदात में तीन लोगों की हत्याओं के अलावा पंजाब में दो अन्य जगहों पर उग्रवादी घटनाओं में तीन और लोग मारे गए ।

प्राप्त सूचनाओं के अनुसार बैंक द्वारा भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड के कर्मचारियों को वेतन के भुगतान के लिए यहां 20 लाख रुपए की राशि लाई गई थी। तलवाड़ा में इस हत्याकांड के विरुद्ध आज हड़ताल रही । अन्य बैंकों द्वारा भी हड़ताल की गई ।

गुरदासपुर पुलिस ने दो आतंकवादियों जोगेंद्र सिंह व बलकार सिंह को गिरफ्तार किया है ।

तीन अज्ञात व्यक्तियों ने भटिंडा से 35 किलोमीटर दूर गांव गुमटी के सरपंच श्री नायब सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । श्री नायब सिंह को रामपुराफूल अस्पताल में भर्ती किया गया है ।

### जालंधर में फायरिंग, एक मरा

जालंधर (यू.): आज रात्रि 8.45 बजे दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने जालंधर के पोश इलाके शक्तिनगर के बाजार में अंधाधुंध फायरिंग करके 1 व्यक्ति की हत्या कर दी और दूसरे को घायल कर दिया । मृत इंद्रप्रीत सिंह टी.वी. मैकेनिक था और

आते ही बैंक के गनमैन व शाखा प्रबन्ध की गोली मार कर हत्या कर दी । इसके बाद अभियुक्त बैंक के कैशियर से 21.76 लाख रुपए लूट कर बाहर निकल आए । वेतन की राशि के वितरण का दिन होने के कारण बैंक के बाहर लोगों की काफी भीड़ जमा थी ।

हमलावरों ने बाहर निकल कर तीसरे व्यक्ति बहादुर सिंह की भी गोली मार कर हत्या कर दी । उग्रवादियों की गोलियों से अशोक कुमार तथा हरनाम सिंह नामक दो व्यक्ति भी घायल हो गए ।

### एक अभियुक्त पकड़ा गया

बाहर खड़े लोगों की भीड़ ने हमलावर उग्रवादियों में से एक अभियुक्त सतनाम सिंह को पकड़ कर तलवाड़ा थाने में ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया । सतनाम सिंह जिला होशियारपुर के गांव अटलगढ़ का रहने वाला है । पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को अपने साथी अन्य आतंकवादियों के नाम बताए हैं । इनमें से एक

# होशियारपुर में सेना का फ़्लैग मार्च

होशियारपुर, 30 अक्तूबर (अश्विनी): होशियारपुर में आज चौथे दिन भी कर्फ़्यू में कोई ढील नहीं दी गई जबकि सेना की ओर से शहर के कर्फ़्यूग्रस्त क्षेत्रों में फ़्लैग मार्च किया गया । यह फ़्लैगमार्च आई.टी.आई. जालन्धर रोड से शुरू हुआ तथा सुनहरी रोड, अफगान रोड, कोर्ट रोड, घंटाघर, रेलवे रोड, बहादुरपुर चौक, कमेटी बाजार, नई आबादी होता हुआ समाप्त हुआ । फ़्लैग मार्च दिन के एक बजे शुरू हुआ तथा एक घंटे से अधिक समय तक चला । इसका नेतृत्व मेजर हंसराज, होशियारपुर के डी.एस.पी. सिटी श्री रामप्रकाश शर्मा, अतिरिक्त जिलाधीश श्री रमेश चन्द्र ने किया ।

जिलाधीश श्री एम.एस. कैले ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि यहां आज से कर्फ़्यू उठाने का निर्णय कल कर लिया गया था, परन्तु तलवाड़ा में स्टेट बैंक आफ़ इंडिया में हुई वारदात के बाद कर्फ़्यू उठाने का फैसला वापस ले लिया गया है । कल कर्फ़्यू उठा लिए जाने की सम्भावना है । यह निर्णय उच्च अधिकारियों की बैठक में किया गया ।

इसी दौरान चार दिन से लागू कर्फ़्यू के कारण शहरियों में हाहाकार मच गई है । अधिकांश घरों में आटा, चीनी तथा अन्य खाद्य वस्तुएं खत्म हो गई हैं । जिलाधीश ने कहा कि वह बिक्री कर विभाग से बात करेंगे, कर्फ़्यू के कारण रिटर्नें न भर सकने वाले व्यापारियों को जुर्माना न किया जाए ।

### लुधियाना में फ्लैग मार्च

लुधियाना (प्रै.): नागरिकों में विश्वास की भावना पैदा करने के लिये आज यहां प्रमुख व्यापारिक केंद्र चौड़ा बाजार तथा शहर के अन्य क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च किया ।

**छोटी सी बात** — रंगा




भाई साहब, वे सभी 'हैवीवेट' ही दिखाई देते हैं, लेकिन जब एक बार इन लोगों को मंत्रिमंडल से हटा दिया जाता है तो ये 'फ़ैदरवेट' दिखाई देने लगते हैं ।



जालंधर के शक्ति नगर क्षेत्र में वीरवार की रात्रि को दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके (1) इंद्रप्रीत सिंह की हत्या कर दी, (2) मंजीत सिंह को घायल कर दिया, (3) इंद्रप्रीत सिंह की मोपेड, (4) ललित कुमार का शव ।

(छाया : चित्र 1, 2, 4 कपूर, 3 प्यारे)



लुधियाना गोली कांड के शहीद—1. भाजपा नेता राजेन्द्र कुमार तथा 2. जिया प्रसाद बिहारी के परिवार के सदस्य विलाप करते हुए । गोलीकांड के अन्य मृतक 3. जगदीश कक्कड़, 4. अमृत लाल, 5. फिराज़ अंसारी, 6. आर.पी. गुप्ता, 7. नसीब चन्द, 8. विनोद कुमार, 9. विलाप करते हुए मृतः जगदीश कक्कड़ की पत्नी व रिश्तेदार, 10. मृतक अमृत लाल की पत्नी व रिश्तेदार, 11. नसीब चन्द, जोकि पांच बहनों का इकलौता भाई था, की माता व बहनें तथा 12. शहीद विनोद कुमार के परिवार के सदस्य । जगदीश कक्कड़ ने इस बार दीवाली पर बधाई के कार्ड छपवा कर अपने मित्रों तथा शुभ-चिन्तकों को भेजे थे । उन्हें क्या पता था कि वह दीवाली मना ही नहीं पाएंगे (छाया : कम्बोज)

# बरनाला, बलवंत सिंह तथा पांचों सिंह साहिबान सिखी से खारिज

अमृतसर, 2 नवम्बर (अशोक सोनी): कल यहां दरबार साहब परिसर में आयोजित सरबत खालसा में स्वीकार किए गए प्रस्ताव में मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला, वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह तथा पांच सिंह साहिबान को सिखी से खारिज कर दिया गया है और सभी सिखों को आह्वान किया गया है कि वह इनसे रोटी-बेटी का रिश्ता खत्म कर दें ।

कल का यह सरबत खालसा अकाल तख्त के कार्यकारी जत्थेदार गुरबचन सिंह मानोचाहल ने बुलाया था । मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला, वित्त मंत्री श्री बलवंत सिंह तथा पांच सिंह साहिबान को सिखी से खारिज करने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कहा गया कि बरनाला तथा बलवंत सिंह ने दरबार साहब में पुलिस प्रवेश का आदेश दिया और यह लोग केंद्र सरकार के इशारे पर सिख युवकों को नकली मुकाबलों में मरवा रहे हैं ।

पांच सिंह साहिबान को सिखी से खारिज किए जाने के संबंध में बताया गया कि 26 जनवरी 1986 के सरबत खालसा में इन पांचों हैडग्रंथियों को निर्देश दिया गया था कि वह 13 अप्रैल के सरबत खालसा में उपस्थित हों, मगर वह नहीं आए । सरबत खालसा के आदेश की अवहेलना के दृष्टिगत सिख पंथ से निकाला गया है ।

बताया गया है कि जब यह प्रस्ताव पास किया जा रहा था तो 'खालिस्तान जिंदाबाद' और 'लेकर रहेंगे खालिस्तान' के नारे लगाए जा रहे थे ।

**मानोचाहल नहीं आया**

कल के सरबत खालसा के बारे में उल्लेखनीय बात यह है कि गुरबचन सिंह मानोचाहल जिन्होंने यह सरबत खालसा बुलाया है, स्वयं इसमें शामिल नहीं हुए । दमदमी टकसाल के प्रवक्ता ने बताया कि चूंकि पुलिस का व्यापक प्रबंध था और कदम-कदम स्थापना की घोषणा की गई थी ।

आज यहां समाचारपत्रों को जारी एक बयान में अकाल तख्त के जत्थेदार कृपाल सिंह ने कल दीवाली के अवसर पर अकाल तख्त के 'कार्यकारी जत्थेदार' गुरबचन सिंह मानोचाहल द्वारा बुलाए गए सरबत खालसा की आलोचना करते हुए इसे 'कथित सरबत खालसा सम्मेलन' का नाम दिया है और कहा है कि सरबत खालसा सम्मेलन केवल अकाल तख्त के जत्थेदार को, (अर्थात् स्वयं उन्हें) ही बुलाने का अधिकार है ।

अकाल तख्त के लैटर हैड पर जारी एक बयान में जत्थेदार कृपाल सिंह ने कहा है कि "कल 1986 का सरबत खालसा सम्मेलन बुलाया गया था और उसमें सारी सिख संस्थाएं शामिल हुई थीं ।

जत्थेदार कृपाल सिंह ने अपने बयान में आगे कहा है कि कल दीवाली के अवसर पर फैडरेशन के एक ग्रुप द्वारा जो प्रस्ताव पास किए गए, उन्हें सरबत खालसा के प्रस्ताव नहीं कहा जा सकता । इस लिए सिख संगतों से अनुरोध किया जाता है कि वे इन प्रस्तावों को कोई मान्यता न दें क्योंकि यह प्रस्ताव सिख समागमों, धर्म और पंथक परम्पराओं, सिख सिद्धांतों और सिख इतिहास के एकदम विपरीत हैं । किसी एक ग्रुप या संस्था, सम्प्रदाय या व्यक्ति को किसी सिख या धार्मिक नेता को पंथ से खारिज करने



**मानोचाहल द्वारा अमृतसर में बुलाए गए 'सरबत खालसा' सम्मेलन द्वारा प्रस्ताव पारित ⁂ स्वयं मानोचाहल समागम में न पहुंचा ⁂ खालिस्तानी नारे ⁂ अकाल तख्त के जत्थेदार कृपाल सिंह द्वारा सरबत खालसा की आलोचना ⁂ किसी एक ग्रुप या संस्था, सम्प्रदाय या व्यक्ति को किसी**



मंगलवार को जिला गुरदासपुर के थाना डेरा बाबा नानक के अंतर्गत गांव अगवान के निकट आतंकवादियों की फायरिंग से मृत पंजाब पुलिस का हवलदार अनोख सिंह ।

(फोटो : कोछड़) ।

# राज्यमंत्री प्रेम गुप्ता के निवास पर उग्रवादियों द्वारा फ़ायरिंग

## बटाला में शिक्षण संस्थाएं अनिश्चितकाल तक बंद : मलोट में कर्फ़्यू खत्म

# डेरा बाबा नानक क्षेत्र में हैड कांस्टेबल की हत्या

चंडीगढ़, 4 नवम्बर (प्रै.यू.नि.स.) : पंजाब के कथित आतंकवादियों ने आज सवेरे चंडीगढ़ में पंजाब के एक मंत्री प्रेम गुप्ता के निवास पर गोली चलाई । एक अन्य घटना में डेराबाबा नानक क्षेत्र में पंजाब पुलिस के एक हैडकांस्टेबल को गोली से उड़ा दिया गया । सिख छात्र संघ द्वारा हड़ताल के आह्वान के बाद प्रशासन ने बटाला के शिक्षण संस्थान आगामी आदेशों तक अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिए हैं । उग्रवादियों को हथियार तथा शरण देने वाले शस्त्र-तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार करके रिमांड प्राप्त कर लिया । एक उग्रवादी जसवंत सिंह उर्फ़ जस्सा को भी पुलिस ने पकड़ा है । मलोट में कर्फ़्यू पूरी तरह से उठा लिया गया है ।

### मंत्री के घर पर फ़ायरिंग

'राकेश संघी' के अनुसार पंजाब के श्रम एवं रोज़गार मंत्री प्रेम गुप्ता के सैक्टर-36 स्थित सरकारी निवास पर आज तड़के दो उग्रवादियों ने फ़ायरिंग की, जिसके जवाब में वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने भी गोलियां चलाईं, लेकिन दोनों उग्रवादी भाग निकले । सारे क्षेत्र में काफ़ी देर तक तनाव व्याप्त रहा ।

सुरक्षा गार्डों के अनुसार प्रातः लगभग सवा पांच बजे 23 से 25 वर्ष की आयु के बीच कुर्त्ता-पायजामा पहने दो स्टेनगनधारी युवकों ने सुरक्षा गार्डों पर एक गोली चलाई । यह गोली किसी को न लगी । इसी बीच दूसरे उग्रवादी ने भी गोली चला दी, जो एक गार्ड के सिर के ऊपर से निकल गई । इस पर सुरक्षा गार्डों ने 3 फ़ायर किए लेकिन उग्रवादी मकान के पिछली तरफ़ से अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकले ।

पुलिस ने धारा 307 और शस्त्र कानून के अन्तर्गत केस दर्ज कर लिया है । पुलिस को घटनास्थल से स्टेनगन का मिस हुआ 9 एम.एम. बोर का एक जीवित कारतूस भी मिला है । उग्रवादियों को ढूंढने के लिए कुत्तों की भी विफल सहायता ली गई ।

सुरक्षा बलों के अनुसार उग्रवादियों ने अपने मुंह ढांप रखे थे । अभी तक यह पता नहीं चल सका कि उग्रवादी किस वाहन पर बैठ कर भागे थे, क्योंकि किसी ने भी किसी वाहन के स्टार्ट होने या वहां से गुज़रने की आवाज़ नहीं सुनी । ('यू.न्यू.' के अनुसार उग्रवादी स्कूटर पर आए थे और स्कूटर पर भागे)

**चारों तरफ से सुरक्षा बलों द्वारा घिरे सैक्टर-36 के इस क्षेत्र में गोलियों की आवाज़ सुन कर आसपास ड्यूटी पर तैनात सी.आर.पी.एफ. के जवान सतर्क हो गए । सी.आर.पी.एफ. के जवानों के अनुसार उन्होंने सुरक्षा गार्डों द्वारा चलाई गई 3 गोलियों की आवाज़ ही सुनी है और उग्रवादियों द्वारा चलाई गई गोली की आवाज़ किसी ने नहीं सुनी ।**

इस घटना की सूचना मिलते ही चंडीगढ़ के प्रशासक के सलाहकार श्री के. बैनर्जी सहित चंडीगढ़ और पंजाब पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए । घटनास्थल को देखकर कई तरह की अटकलबाज़ियां लगाई जा रही हैं । कई पुलिस अधिकारियों का विचार है कि सुरक्षा गार्डों ने अंधेरे में किसी की परछाई को देख कर या किसी 'वहम' में आकर गोलियां चलाईं । वहां पाया गया कारतूस भी वहां तैनात किसी सुरक्षा गार्ड का हो सकता है, कुछ अन्य की राय है कि उग्रवादियों का लक्ष्य श्री गुप्ता के निवास पर तैनात सुरक्षा गार्डों के हथियार छीनना हो सकता है । पुलिस इस घटना की गुत्थी सुलझाने के लिए कई थ्यूरियों पर विचार कर रही है । घटना के समय केवल सुरक्षा गार्ड गेट पर ड्यूटी दे रहा था, जबकि अन्य गार्ड गैरेज में सो रहे थे । ड्यूटी दे रहे सुरक्षा गार्ड की पुकार और गोलियां चलने की आवाज़ सुनकर अन्य सुरक्षा गार्ड भी गैरेज से बाहर निकल आए और पोज़ीशनें सम्भाल लीं, लेकिन किसी ने भी मकान के पीछे जाकर उग्रवादियों पर हमला करने का प्रयास नहीं किया । इन गार्डों

(शेष पृष्ठ 8 पर)



मंगलवार को पंजाब के श्रम राज्यमंत्री प्रेम गुप्ता के चंडीगढ़ में सैक्टर 36 स्थित आवास में घुस कर दो उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं । (1) दीवार पर गोलियों के निशान, (2) वह दीवार जिसे फांद कर उग्रवादी कोठी में घुसे, (3) श्री गुप्ता की कोठी का बाहर का दृश्य । (छाया : पुरी)

## ...से पहले मकानों की ...ीका : आत्मा सिंह

के लिए सरकार ने नियम बनाए हुए हैं । यह बात समझ नहीं आती कि श्री दर्शन सिंह ईसापुर के पास वह कौन से अधिकार हैं, जिनसे वह शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के सदस्यों, उनके रिश्तेदारों या सम्बन्धियों को यह मकान अलाट कर सकते हैं ? क्योंकि 30 नवम्बर से पहले शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रधान और पदाधिकारियों का चुनाव शिरोमणि कमेटी की आम सभा में हो रहा है, सदस्यों को लालच देने या भ्रष्ट करने का ईसापुर जी ने यह नया तरीका ढूंढा है । पंजाबी में एक मशहूर कहावत है "आप तां डुब्बे बाह्मणां जजमान वी गाले ।"

श्री आत्मा सिंह ने मुख्यमंत्री से कहा है कि वह स्वयं भी जानते है कि श्री ईसापुर की वफ़ादारी किस नेता के साथ है । उन्होंने इस नेता को प्रधान बनाने के लिए अभी से अपने बोर्ड का प्रयोग करके वोटें पक्की करने के लिए सदस्यों को लालच देकर भ्रष्ट करने का सिलसिला शुरू कर दिया है । अब पंजाब का मुख्यमंत्री होने के नाते उनका यह मुख्य कर्त्तव्य बनता है कि इस भ्रष्टाचार को नुकेल डालें, और किसी प्रकार के नियम उल्लंघन करने वाले चेयरमैन से जवाब तलबी करने का भी कष्ट करें ।

उन्होंने कहा है कि बाहर से उजड़ कर आए बेघर परिवार हाऊसिंग बोर्ड तथा मुख्यमंत्री कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं । इसलिए पंजाब हाऊसिंग बोर्ड के पास यदि मकान खाली पड़े हैं तो वह शिरोमणि कमेटी के सदस्यों को भ्रष्ट करने की बजाए ज़रूरतमंद लोगों को परिवार अलाट करने चाहिएं । उन्होंने मुख्यमंत्री को ईसापुर द्वारा भेजे गए पत्र की फोटो प्रति भी भेजी है ।

## पाक द्वारा दूसरा परमाणु विस्फोट

वाशिंगटन, 4 नवम्बर (भाषा): 'वाशिंगटन पोस्ट' ने सूचना दी है कि पाकिस्तान ने हाल ही में

## प्रेम गुप्ता के निवास पर फायरिंग

(पृष्ठ 3 का शेष)

का कहना है कि उन्हें उग्रवादियों द्वारा आड़ लेकर उन पर हमला किए जाने का डर था । घटना के समय श्री प्रेम गुप्ता अपने इस मकान पर नहीं थे । यह मकान उन्हें 15 दिन पहले ही अलाट हुआ था ।

श्री गुप्ता को इस घटना की सूचना टैलीफोन पर राजपुरा में स्थित उनके आवास पर दी गई । श्री गुप्ता सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पहुंच गए । श्री गुप्ता ने हमारे पत्रकार को बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की इसी माह हो रही शादी के दृष्टिगत अपना निवास राजपुरा से चंडीगढ़ स्थानांतरित नहीं किया है । उन्होंने कहा कि अभी तक वह यह समझ नहीं सके कि उग्रवादियों का लक्ष्य क्या था । हो सकता है कि उग्रवादी इस तरह की घटना करके क्षेत्र में आतंक फैलाना चाहते हों ।

'प्रै.ट्र.' के अनुसार शक पड़ने पर सुरक्षा गार्डों ने कुर्ता-पायजामा पहने दो युवकों को रोका, जिस पर उन्होंने हथियार निकाल लिए । क्षणिक मुकाबले के बाद पैदल आए उग्रवादी भागने में सफल हो गए ।

### हैड कांस्टेबल की हत्या

गुरदासपुर से 'विनोद' के अनुसार रिवाल्वरधारी दो आतंकवादियों ने जिले के डेरा बाबा नानक थाने के तहत अगवाल गांव के निकट पंजाब पुलिस के 45 वर्षीय हैड कांस्टेबल अनोख सिंह को आज सवेरे गोली चला कर मार डाला । अनोख सिंह अपने गांव ठेठरके से कलानौर ड्यूटी देने मोटर साइकल पर जा रहा था । हवलदार अनोख सिंह ने वहीं दम तोड़ दिया । उग्रवादी पैदल ही आए और पैदल ही भाग गए ।

उसे इसी वर्ष अप्रैल में कलानौर थाने के तहत गांव सहाड़ी में एक मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराने के लिए सिपाही से हैड कांस्टेबल बनाया गया था । गोली अनोख सिंह की कनपटी में मारी गई ।

'प्रै.ट्र.' के अनुसार हैडकांस्टेबल के साथ उसका भाई भी था, लेकिन वह बच गया । जिला पुलिस चीफ जे.बी. विरदी के अनुसार अभियुक्तों की शिनाख्त हो गई है और उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा । इस सम्बन्ध में 4 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया । सुरक्षा बलों ने अगवां, बोहड़वाला और बगताना गांवों को घेरा डाल रखा है क्योंकि उग्रवादियों के वहां छिपे होने की आशंका है । कर्मजीत सिंह कामा तथा रणजीत सिंह उर्फ राणा की हत्यारों के रूप में शिनाख्त की गई है । अंतिम समाचार मिलने तक हत्यारों का पीछा जारी था ।

### हथियार, शरण देने वाला काबू

जिला पुलिस ने आतंकवादियों को गुप्त सूचनाएं तथा हथियार सप्लाई करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. बिरदी ने बताया है कि डेरा बाबा नानक थाने के अंतर्गत गांव ठठेलपुर के अमरीक सिंह पुत्र करतार सिंह को गिरफ्तार किया गया है । अमरीक सिंह आतंकवादियों को पुलिस की तथा अन्य विभागों की गुप्त सूचनाएं सप्लाई करता था और उनसे भारी पैसा वसूल करता था । अमरीकसिंह आतंकवादियों को पाकिस्तान से हथियार भी ला कर देता था और उन्हें शरण भी देता था ।

एक अन्य सूचना में श्री बिरदी ने बताया कि

पैसा वसूल करता था । अमरीक सिंह आतंकवादियों को पाकिस्तान से हथियार भी ला कर देता था और उन्हें शरण भी देता था ।

एक अन्य सूचना में श्री बिरदी ने बताया कि बटाला पुलिस ने एक आतंकवादी जसवन्त सिंह उर्फ जस्सा निवासी अहीर (गुरदासपुर सदर) को एक नाके पर गिरफ्तार कर उससे एक रिवाल्वर तथा दो कारतूस बरामद किए हैं ।

**शिक्षण संस्थान अनिश्चितकाल के लिए बंद**

'कोछड़' के अनुसार कल अमृतसर में छात्रों तथा पुलिस में झड़प के दृष्टिगत सिख छात्र संघ द्वारा बटाला के बेरिंग कालेज, गुरु नानक कालेज तथा पालिटैक्निक कालेज के छात्रों ने हड़ताल कर दी बाद में प्रशासन ने सभी शिक्षा संस्थान बंद करने का आदेश दे दिया । आदेश में कहा गया है कि शिक्षा संस्थान आगामी आदेशों तक बंद रहेंगे । इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है ।

फगवाड़ा (खो.): आज यहां आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन की ओर से स्थानीय रामगढ़िया कालेज, पालिटैक्निक इंस्टीच्यूट, आई.टी.आई. आदि कालेजों में रैली व हड़ताल की गई । यह हड़ताल कल अमृतसर खालसा कालेज के छात्रों पर पुलिस के लाठीचार्ज के खिलाफ रोष स्वरूप की गई थी । रैली में अमृतसर में गिरफ्तार किए गए छात्रों तथा कुछ दिन पहले यहां गिरफ्तार हुए 4 छात्रों की रिहाई की मांग की गई ।

जालन्धर (यू.): लायलपुर खालसा कालेज के छात्रों ने आज मेहर चंद पालिटैक्निक तथा आई.टी.आई. में हड़ताल करवा दी, लेकिन खालसा कालेज में सामान्य रूप से पढ़ाई हुई ।

**हत्याओं की गुत्थियां सुलझीं**

जालन्धर के एस.एस.पी. बलजीत सिंह संधू ने बताया है कि जालन्धर में ललित मोहन और इंद्रप्रीत सिंह की हत्याओं के संबंध में 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनसे एक रिवाल्वर बरामद किया गया है । 30 अक्तूबर को शक्ति नगर क्षेत्र में 2 टी.वी. मैकेनिकों पर संदिग्ध उग्रवादियों ने फ़ायरिंग करके इंद्रप्रीत की हत्या कर दी और दूसरे को घायल कर दिया । उसी दिन बस्ती अड्डा क्षेत्र में ललित मोहन का शव पड़ा पाया गया ।

उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने 81 केसों को हल करके 112 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है । दीवाली की पूर्व संध्या को विशेष अभियान में 6 पिस्तौल, रिवाल्वर, 17 कारतूस, 5 चाकू, एक बर्छा बरामद किया गया ।

**दूसरे दिन बैंक हड़ताल**

लुधियाना की स्टेट बैंक आफ इंडिया की सभी शाखाओं ने तलवाड़ा में बैंक मैनेजर और गार्ड की उग्रवादियों द्वारा हत्या के विरोध में आज दूसरे दिन भी हड़ताल की । कुछ अन्य बैंकों में भी आज काम ठप्प रहा ।

**'वरयाम को मारा गया'**

फरीदकोट के सिख छात्र संघ नेताओं ने आरोप लगाया है कि वरयाम सिंह खपियांवाली को 29 अक्तूबर को फिरोज़पुर सदर पुलिस स्टेशन क्षेत्र से बी.एस.एफ. की मदद से पकड़ने के बाद 2 अन्य युवकों के साथ गोलियां मारी गईं । इससे वरयाम और एक अन्य युवक मारा गया, जबकि तीसरा गम्भीर घायल हो गया ।

# उग्रवादियों द्वारा दो हत्यायें :

# जालन्धर में एस. आई. घायल

## मोगा, शाहकोट में दो व्यक्ति घायल, प्रेम गुप्ता का अपनी कोठीं में रहने से इन्कार

## बंगा रेलवे स्टेशन पर वायरलैस सहित पाक सुन्दरी काबू

चंडीगढ़, 5 नवम्बर (यू.प्रै.): उग्रवादियों ने गत रात्रि अमृतसर जिले में एक पंचायत समिति के सदस्य जागीर सिंह की व आज रात्रि 7.30 बजे गुरदासपुर जिले के श्रीहरगोबिंदपुर क्षेत्र में प्रेम लाल नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी । जालंधर में उग्रवादियों ने गुप्तचर विभाग के सब इंस्पैक्टर गंगा बिशन को गोली मार कर घायल करदिया व उनका सरकारी रिवाल्वर छीन लिया । शाहकोट के एक डेरे में एक व्यक्ति को घायल कर उसकी राइफल छीन ली गई । खालिस्तान कमांडो फोर्स ने आज जालंधर में सब इंस्पैक्टर को घायल करने, कल गुरदासपुर में एक हैडकांस्टेबल की हत्या की जिम्मेदारी ली है । पंजाब के मंत्री प्रेम गुप्ता ने चंडीगढ़ स्थित उस कोठी में रहने से इंकार कर दिया जहां कल उग्रवादियों ने गोलियां चलाई थीं ।

**श्रीहरगोबिन्दपुर क्षेत्र में हत्या**

गुरदासपुर से विनोद के अनुसार आज रात्रि 7.30 बजे श्रीहरगोबिन्दपुर क्षेत्र में उद्दड़वाल पुलिस चौकी के पास कुछ उग्रवादियों ने एक व्यक्ति प्रेम लाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । यह घटना सक्खड़वाल रोड पर हुई ।

बंगा रेलवे स्टेशन पर आज पुलिस ने एक पाकिस्तानी महिला जासूस को गिरफ्तार कर लिया । उसके पास से एक मिनी वायरलैस सैट बरामद हुआ है ।

जालन्धर (क): आज प्रातः 6.30 बजे के लगभग स्थानीय आबादी किशनपुरा के रविदास स्कूल के साथ की गली में काफी आगे जाकर एक भट्ठा के सामने दो अज्ञात युवकों ने एक पुलिस सब-इंस्पैक्टर गंगा बिशन को दो गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया और उनका .38 बोर का सर्विस रिवाल्वर लेकर अपने स्कूटर पर फरार हो गए ।

घायल थानेदार गंगा बिशन जोकि इस समय लुधियाना में सी.आई.डी. विभाग में तैनात है, ने जो बयान पुलिस डिवीजन 3 के एस.एच.ओ. को दिया, उसके अनुसार वह घटना स्थल से थोड़ी दूर स्थित न्यू गांधी नगर में अपने घर से रेल गाड़ी पकड़ने के लिए पैदल स्टेशन की ओर जा रहे थे कि पीछे से स्कूटर पर दो युवक आए और स्कूटर रोक कर पहले एक गोली उन पर चलाई, जिस पर वह गिर गए । यह गोली उनकी गर्दन पर लगी । तब एक और गोली दाग दी गई जो सिर के एक ओर कान के निकट लगी । इसके बाद वह उसका रिवाल्वर छीन कर भाग गए ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गंगा बिशन को मारी गई गोली .61 बोर की लगती है, जो किसी आटोमैटिक पिस्तौल से दागी गई होगी । यह गोली प्रायः सब-मशीनगन में काम आती है ।

घटना के तुरन्त बाद गंगा बिशन को एक मारुति कार में, जो अचानक वहां आई, सिविल अस्पताल ले जाया गया मगर वहां के डाक्टरों के मशविरा पर उन्हें तुरन्त पी.जी.आई. चंडीगढ़ भेज दिया गया । यह भी अनुमान है कि एक गोली शायद गंगा बिशन की रीढ़ की हड्डी के ऊपरी भाग में जा फंसी है, जिसके कारण उनका दायां हाथ तथा दोनों टांगें काम करने से रह गई थीं । डाक्टरों ने उनका यहां आप्रेशन करना उचित नहीं समझा । दोनों कथित उग्रवादियों में एक सिख व एक क्लीन शेवन बताया गया है ।

पुलिस ने सारे क्षेत्र की घेराबंदी कर ली, लेकिन किसी भी अभियुक्त को गिरफ्तार नहीं किया जा सका ।

प्राप्त सूचना के अनुसार उक्त सब-इंस्पैक्टर होशियारपुर में एक मुकद्दमे में गवाही देने के लिए होशियारपुर जा रहा था ।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# अमृतसर में खून की होली की चेतावनी

अमृतसर, 5 नवम्बर (कमलेश): अमृतसर नगर में उग्रवादी किसी भी समय खून की होली खेल सकते हैं । यह आशंका पंथक कमेटी की आज की प्रैस विज्ञप्ति से उत्पन्न होती है । पांच सदस्यीय पंथक कमेटी श्री अकाल तख्त साहब अमृतसर के नाम से जो साइक्लोस्टाइल की हुई प्रैस विज्ञप्ति जारी की गई है, उसमें कहा गया है कि श्री अकाल तख्त की सरदारी के नीचे बनी पंथक कमेटी की ओर से बरनाला सरकार को चेतावनी दी जाती है कि सरकार ने प्रथम नवम्बर वाले दिन सरबत खालसा में संगत की ओर से किए गए फैसलों के दृष्टिगत बदले की भावना से सिखों पर नए तरीके से अत्याचार शुरू कर दिए हैं । खालसा कालेज अमृतसर, दरबार साहब तरनतारन में पुलिस भेजी गई तथा मोगा में नए मुकाबले शुरू किए गए जो कि प्रतिशोधात्मक कार्रवाई के नए उदाहरण हैं । खालसा कालेज में अमृतधारी नौजवानों को घुड़सवारों ने रकाबों से बांधकर और बालों से पकड़ कर घसीटा, बाजू तोड़े व 500 के लगभग नौजवानों को जेल में बंद कर दिया जो कि बरनाला की एक सोची-समझी नई नीति है । तरनतारन दरबार साहब में पुलिस दाखिल हुई । ऐसा करने वालों को इसका उचित जवाब दिया जाएगा । इस नई कार्रवाई के जिम्मेदार अफसर अमृतसर को खून से रंगना चाहते हैं ।

प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि दिल्ली दरबार के इशारे पर बरनाला ने अमृतधारी सिखों को विदेशी एजैंट बताकर अपनी करतूत जाहिर कर दी है । सिख पंथ से खारिज किए गए कसूरवारों को हम बता देना चाहते हैं कि भारत का सारा कारोबार रूस के सहारे चल रहा है । महीने में 25 दिन राजीव गांधी सिखों को दबाने के लिए विदेशों में डेरे डाले रहता है । गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रधान श्री काबुल सिंह को भी कोसा गया है और कहा गया है कि काबुल सिंह जो गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी का अन्तिम प्रधान है, उसकी जुबान दिल्ली के इशारे पर चल रही है और उसकी बेकाबू जुबान पर कंट्रोल करने के लिए गुरु की संगत को एक्शन लेना पड़ेगा ।

# कराची में मृतकों की संख्या 53

कराची, 5 नवम्बर (ए.पी.) : कराची के अधिकांश भागों में शुक्रवार को जातीय दंगा शुरू

व्यक्ति के नाम का रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है तथा कहा गया है कि उसने पुरानी दुश्मनी का बदला लिया है ।

**ग्रामीण की हत्या**

थाना मजीठा के गांव घुग्गेवाली में ट्यूबवैल में सोए हुए तीन व्यक्तियों हरजीत सिंह, बख्शीश सिंह और खजान सिंह में से एक व्यक्ति हरजीत सिंह की गत रात्रि में दो सशस्त्र व्यक्तियों ने हत्या कर दी । यह हत्याकांड निजी दुश्मनी के कारण हुआ बताया जाता है । बताया जाता है कि दो माह पूर्व हरजीत सिंह का एक व्यक्ति काला से झगड़ा हो गया था ।

**पिस्तौल बरामद**

अमृतसर के एस.पी. सिटी श्री काहलों ने बताया कि तरनतारन पुलिस ने कोहारका के एक व्यक्ति संतोख सिंह मजहबी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से एक 12 बोर का पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए हैं । उसकी गिरफ्तारी शस्त्र कानून के अंतर्गत की गई है ।

पुलिस ने अमृतसर में स्वर्ण मंदिर परिसर से खालिस्तान कमांडो फोर्स के पोस्टर हटा दिए । पोस्टर की छपाई लाहौर की एक प्रैस में दिखाई गई है । उसमें बताया गया है कि खालिस्तान कमांडो फोर्स में भरती नवम्बर से शुरू होगी ।

**उग्रवादियों द्वारा पुलिस को धमकी**

इस बीच 'यू.न्यू.' के अनुसार खालिस्तान ... है । इस विज्ञप्ति में यह भी धमकी दी गई है कि वरियाम सिंह के कातिलों को भी ऐसे ही 'सोधा' जाएगा ।

**कोटकपूरा थाने का घेराव**

कोटकपूरा में आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन व संयुक्त अकाली दल ने कथित झूठे मुकाबले के विरोध में आज कोटकपूरा थाने का घेराव किया । पुलिस द्वारा नगर में गश्त बढ़ा दी गई है । अधिकारियों ने नगर में सभी शिक्षा संस्थाओं को आगामी आदेश तक के लिए बंद कर दिया । एक अन्य समाचार के अनुसार आज कोटकपूरा में दुकानें भी बंद हो गई । अधिकारियों ने नगर में स्थिति शांत व नियंत्रण में बताई है ।

**मैजिस्ट्रेटी जांच**

इस बीच फरीदकोट के जिलाधीश श्री भूपेन्द्र सिंह सिद्धू ने एस.डी.एम. को सुरक्षा बलों तथा संदिग्ध उग्रवादियों के मध्य हुई उस मुठभेड़ के जांच के आदेश दिए हैं जिसमें कुख्यात उग्रवादी वरियाम सिंह खपियांवाली मारा गया था ।

**मोटर साइकिल सवार पर हमला**

मोगा से प्राप्त समाचारों के अनुसार आज प्रात: मोगा से 25 किलो मीटर दूर मोगा-जालन्धर रोड पर अमालके गांव के पास 2 अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया जबकि इस व्यक्ति का भाई बाल-बाल बच गया । प्राप्त विवरण के अनुसार दोनों भाई मोटर साइकिल पर बैठ कर अमालके गांव में दूध इकट्ठा करने के केंद्र की ओर ...

... चले जाते हैं । पता चला है कि श्री गुप्ता ने पंजाब सरकार के मुख्य सचिव श्री पी.एच. वैष्णव को सूचित कर दिया है कि वह सैक्टर 36 वाली इस कोठी में नहीं रहेंगे । श्री गुप्ता धार्मिक विचारों के सनातनी व्यक्ति हैं तथा वह अनुभव करते हैं कि कल इस कोठी में हुई फ़ायरिंग से बदशगुनी हो गई है । वह यह चाहते हैं कि उन्हें कोई नई कोठी आबंटित की जाए या फिर उन्हें कोई कोठी आबंटित न की जाए तथा वे पूर्व की भांति ही रोजाना राजपुरा चले जाया करेंगे । उल्लेखनीय है कि कल जब फ़ायरिंग की घटना हुई थी तो श्री गुप्ता उस समय कोठी में उपस्थित नहीं थे । पंजाब के लोक निर्माण मंत्री श्री राजेन्द्र सिंह धालीवाल का आवास भी इसी कोठी के निकट है और वह भी अपना आवास बदलना चाहते हैं ।

**उग्रवादी जांच केंद्र भेजा गया**

होशियारपुर (अश्विनी, प्रद्युम्न): तलवाड़ा की बैंक डकैती के संबंध में गिरफ्तार किए गए खतरनाक उग्रवादी सतनाम सिंह को पूछताछ के लिए अमृतसर के जांच केंद्र में भेज दिया गया है । यह रहस्योद्घाटन एस.एस.पी. श्री सुभाष चंद्र जैन ने किया । उन्होंने बताया कि अमृतसर के जांच केंद्र में उग्रवादी से सी.आई.डी. के अतिरिक्त सी.बी.आई. और आई.बी.के. अधिकारी भी पूछताछ करेंगे । उल्लेखनीय है कि पुलिस ने सतनाम सिंह का 14 नवम्बर तक का शारीरिक रिमांड ले रखा है ।

**उग्रवादी पकड़ने वाले सम्मानित होंगे**

पंजाब सरकार की ओर से उन लोगों को सम्मानित किया जाएगा और नगद पुरस्कार दिए जाएंगे, जिनकी सहायता से तलवाड़ा बैंक डकैती के मुख्य अभियुक्त सतनाम सिंह को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके 4 साथी फरार हो गए हैं, लेकिन डकैती में प्रयुक्त की गई चोरी की कार बरामद कर ली गई है । यह रहस्योद्घाटन जिलाधीश श्री एम.एस. कैले ने किया । इस घटना में उग्रवादियों ने बैंक के मैनेजर श्री कटारिया, गार्ड इंद्रजीत और एक ग्राहक की हत्या कर दी थी और 18 लाख रुपए उड़ा ले गए थे । यह भी पता चला है कि बैंक के मैनेजर और गार्ड की विधवा को सरकार की ओर से नौकरी देने की पेशकश की गई है ।

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्री टी.सी. गुप्ता सीनियर सब-जज, अम्बाला

दीवानी मुकद्दमा नं. 157

तिथि 12.2.85 सुनवाई : 18.12.86

स्टेट बैंक आफ इंडिया शाखा कार्यालय, नारायणगढ़, बजरिया इसके ब्रांच मैनेजर–श्री पी.सी. शर्मा–वादी

बनाम

मोना एंटरप्राइजिज और अन्य–प्रतिवादी

नोटिस बनाम :

1. मै. मोना एंटरप्राइजिज रायपुर रानी रोड, नारायणगढ़, बजरिया इसके सोल प्रोपराइटर श्री अमृत ...


**MATRIC/INTER/B.A./LAW**
**OT/B.Ed./J.B.T./BAMS/RMP**
**Lib. Science/Sanitary Inspector**

Last date extended upto 15th November. Pass Matric without Middle. Inter (Arts, Sci., Com). After Matric, B.A. after Prep. BAMS Five years after Ayurvaid Rattan. RMP on experience base. Examination Centre our College.



उग्रवादियों द्वारा वीरवार की शाम को डिफैंस कालोनी जालंधर में मारा गया कार चालक गुरबचन लाल (छाया : कपूर)





तरनतारन में उग्रवादियों के हाथों मारा गया जिला संयुक्त अकाली दल का उपप्रधान जत्थेदार हरी सिंह बुग्गा (बाएं) तथा शव के निकट बिलखता परिवार । (छाया : पाल)

# उग्रवादियों द्वारा संयुक्त अकाली दल के नेता सहित 3 हत्याएं

चंडीगढ़, 6 नवम्बर (यू.प्रे.): आज रात्रि सायं 7 बजे जालंधर के डिफैंस कालोनी क्षेत्र में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक कार चालक की हत्या कर दी और फरार हो गए । आज सायं फरीदकोट जिले की अबोहर तहसील गोबिंदगढ़ ग्राम के भू.पू. सरपंच की लम्बी थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गई । यह भू.पू. सरपंच लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ का निकट मित्र था । जरनैल सिंह भिंडरांवाले के भाई हरचरण सिंह रोडे को आज प्रातः पुलिस ने फरीदकोट जिले में बाघा पुराना के निकट स्थित उसके गांव रोडे से रासुका में नजरबंद कर लिया । उग्रवादियों ने आज प्रातः संयुक्त अकाली दल के अमृतसर जिले के जत्थेदार श्री हरि सिंह बग्गा की तरनतारन के निकट गोली मार कर हत्या कर दी तथा उनके साले को घायल कर दिया । गत रात्रि में जालंधर के दोमोरिया पुल के पास एक व्यक्ति गुरदेव सिंह को किसी अज्ञात युवक ने गोली मार कर घायल कर दिया ।

मोगा में छः और उग्रवादी रासुका में नजरबंद किए गए ।

## जालंधर में हत्या

जालंधर (यू., न.न.स.): आज रात्रि सात बजे के लगभग दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने डिफैंस कालोनी में श्री ओ.पी. शर्मा की कोठी के बाहर एक कार चालक गुरबचन लाल की गोली मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि फगवाड़ा के श्री रंधीर राणा सपरिवार श्री शर्मा से मिलने कार पर आए थे और घटना के समय कोठी में थे जबकि कार का ड्राइवर गुरबचन लाल बाहर खड़ा था । उग्रवादी गुरबचन लाल को गोली मार कर फरार हो गए ।

पता चला है कि श्री शर्मा की कोठी नम्बर 235 के बाहर कार खड़ी करके गुरबचन लाल कार के बोनट पर बैठा सिगरेट पी रहा था जब उसे तीन गोलियां मारी गईं । चौथी गोली कार के बोनट को लगी ।

उग्रवादी गढ़ा रोड की ओर फरार हुए ।

'क' के अनुसार उग्रवादियों ने थामसन मशीनगन से गोलियां चलाईं ।

## भिंडरांवाला का भाई बंदी

यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार फरीदकोट जिला पुलिस ने आज प्रातः बाबा जोगिन्द्र सिंह के पुत्र व जरनैल सिंह भिंडरांवाला के भाई हरचरण सिंह रोडे को उनके गांव रोडे से गिरफ्तार कर लिया ।

पुलिस की एक छोटी टुकड़ी रोडे को गिरफ्तार करने उनके गांव फरीदकोट जिले के बाघा पुराना के निकट रोडे गांव गई जहां गांववासियों ने उन्हें घेर लिया । रोडे को गिरफ्तार नहीं करने दिया जिसके लिए पुलिस को दिन भर संघर्ष करना पड़ा ।

पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी ने इसके बाद वहां जाकर अपने सहयोगियों का बचाव किया । बाद में रोडे एक जलूस के साथ बाघा पुराना आए और अपनी गिरफ्तारी दी । भीड़ ने पुलिस स्टेशन का घेराव किया और यातायात रोक दिया । घेराव साढ़े तीन बजे समाप्त हुआ ।

गृह मंत्रालय के सूत्रों ने आज रात जानकारी दी कि रोडे को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में रखा गया है ।

## 5 उग्रवादी पकड़े गए

मोगा पुलिस ने तीन नाकाबंदियों में पांच संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । इनके पास से चोरी के दो स्कूटर, दो देसी पिस्तौल तथा कुछ कारतूस बरामद हुए हैं ।

गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के नाम गुरदीप सिंह, सुखमिंदर सिंह, रुपिन्दर सिंह, बूटा सिंह तथा जसदीप सिंह हैं ।

इन व्यक्तियों ने कई डकैतियों तथा अन्य आतंकवादी वारदातों में शामिल होना कबूल किया है ।

पुलिस के अनुसार जसदीप तथा उसका साथी 31 अक्तूबर को एक पुलिस पार्टी पर बाघापुराना के निकट हमला करने के लिए भी जिम्मेदार हैं ।

## अकाली नेता की हत्या

संयुक्त अकाली दल के अमृतसर जिले के जत्थेदार श्री हरिसिंह बुग्गा की आज प्रातः तरनतारन के निकट चार सशस्त्र व्यक्तियों ने गोली मार कर हत्या कर दी तथा उनके साले को घायल कर दिया ।

तरनतारन से 'पाल' के अनुसार श्री हरिसिंह जो बुग्गा गांव के सरपंच भी थे अपने साले के साथ स्कूटर पर सवार होकर अमृतसर रोड पर स्थित अपने गोदामों से तरनतारन वापस आ रहे थे । उग्रवादियों ने रोही पुल के निकट उन पर गोलियां चलाईं तथा फरार हो गए ।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए तथा उन्होंने सारे क्षेत्र की घेरा बंदी कर ली लेकिन कोई भी उग्रवादी पकड़ा नहीं जा सका ।

श्री बुग्गा की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी तथा उनके साले को अमृतसर में गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

अमृतसर (वि.प्र., कमलेश): आज सायं अमृतसर के एस.पी. सिटी श्री एच.एस. काहलों ने सम्वाददाताओं को बताया कि पुलिस ने मुरादपुरा गांव के एक मजहबी सिख तारा सिंह को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से 12 बोर का पिस्तौल बरामद किया है । थाना लोपोके के गांव कोहाला के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

## (8) दैनिक पंजाब केसरी जालंधर, 7 नवम्बर, 1986

### उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

एक व्यक्ति सुरमुखसिंह को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 32 बोर का रिवाल्वर व 5 कारतूस बरामद किए गए हैं ।

पुलिस को मिली सूचनाओं के अनुसार यह व्यक्ति उग्रवादियों को हथियार सप्लाई करने में मदद देता रहा है ।उसे शस्त्र कानून के अतिरिक्त आतंकवाद विरोधी कानून की धारा 3-4 के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया है ।

**बिल्ला रासुका में नज़रबंद**

श्री काहलों ने बताया कि हिन्द राष्ट्रीय संगठन पंजाब के अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुमार बिल्ला जिन्हें कुछ दिनों पहले अमृतसर में उनके मकान में गिरफ्तार किया था, को रासुका के अन्तर्गत नजरबंद कर दिया गया है । उनके विरुद्ध साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने का आरोप है ।

सुरजीत सिंह संधू बलविंदर सिंह छीना जिन्हें गत दिवस अमृतसर में आयोजित सरबत खालसा के उपरांत पकड़ा गया था,उनका 30 नवम्बर तक का ज्यूडिशियल रिमांड दे दिया गया है ।

**80 घुसपैठिए मारे गए**

अमृतसर से 'अशोक सोनी' के अनुसार इस वर्ष जनवरी से अब तक भारत-पाक सीमा पर राजस्थान में 80 घुसपैठिए मारे गए । यह जानकारी राजस्थान बी.एस.एफ. के आई.जी. ने दी । उन्होंने बताया कि भारी परिमाण में मादक द्रव्य व शस्त्र आदि भी बरामद किए गए ।

**प्रतिबंध हटा**

होशियारपुर (प्रद्युम्न): जिला मैजिस्ट्रेट ने दोहरी सवारी पर प्रातः 8 बजे से शाम 8 बजे तक लगा प्रतिबंध समाप्त कर दिया है । यह ढील 3.5 हार्स पावर के मोटर साइकलों पर लागू नहीं होगी । अब स्कूटरों और मोपेडों पर दिन के वक्त दोहरी सवारी की अनुमति दे दी गई है ।

**दो व्यक्ति घायल**

जालन्धर (क.): गत रात स्थानीय दोमोरिया पुल के निकट एक अज्ञात युवक द्वारा किशनपुरा के गुरदेव सिंह (बलदेव सिंह) को पीछे से गोली मार दिए जाने का समाचार मिला है । गुरदेव सिंह को किसी रिक्शा चालक ने उसी समय सिविल अस्पताल में दाखिल कराया जहां गोली निकालने के लिए अभी उसका आप्रेशन होना है ।

गुरदेव सिंह के अनुसार वह रात का सिनेमा शो देख कर किशनपुरा में अपने घर को जा रहा था कि एक अज्ञात युवक उसे पीछे से गोली मार कर भाग गया । पुलिस ने केस रजिस्टर कर जांच शुरू कर दी है ।

गत रात ही एक अन्य हिंसक घटना में एक साइकल सवार युवक ने स्थानीय लाजपतनगर स्थित गुरु गोबिन्दसिंह स्टेडियम के निकट से गुजर रहे एक 50 वर्षीय व्यक्ति कृष्ण लाल (गढ़ा निवासी) को छुरे से घायल कर दिया और फरार हो गया । कृष्ण लाल रात भर वहां गिरा पड़ा रहा । आज तड़के वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने उसे वहां पड़ा देखा और सिविल अस्पताल में दाखिल कराया जहां उसकी हालत गम्भीर बताई गई है । पुलिस को घटना से सूचित कर दिया गया है ।

**स्कूटर छीने**

कपूरथला से 'शर्मा' ने सूचना दी है कि आज प्रातः दस बजे के लगभग थाना सदर के गांव नत्थू चाहल के निकट दो सिख युवकों ने पिस्तौल की नोक पर नीलम कुमार शर्मा नाम के एक युवक से स्कूटर छीन लिया और गोलियां चलाते हुए फरार हो गए । नीलम कुमार शर्मा बीमा कम्पनी का फील्ड अफसर है । पुलिस ने केस दर्ज करके अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी है ।

'प्रै.ट्र.' के अनुसार दो संदिग्ध उग्रवादियों ने नवांशहर में एक व्यक्ति का स्कूटर छीन लिया । प्राप्त समाचारों के अनुसार उक्त व्यक्ति अपने स्कूटर में पैट्रोल भरवा कर पैट्रोल पम्प मालिक से बात कर रहा था कि इसी बीच दो उग्रवादी उसका स्कूटर भगा ले गए ।

बाबा बकाला से 'प्रेम' के अनुसार गत रात 7.30 बजे के लगभग तीन पिस्तौलधारी युवकों ने यहां के एक व्यक्ति श्री तरसेम लाल से उसका नया क्रीम रंग का 'बजाज चेतक' स्कूटर छीन लिया तथा फरार हो गए । स्कूटर अभी दो दिन पूर्व ही खरीदा गया था तथा उसकी नम्बर प्लेट पर ए.एफ. लिखा हुआ था ।

Punjabi Sanatani

रुपए चौथे वेतन आयोग की सिफ़ारिशों को लागू करने के कारण वेतन और भत्तों की अदायगी पर खर्च होंगे, जबकि 70 करोड़ रुपए पैंशन निधि पर अधिक खर्च होगा ।

माल भाड़े की दरों में दरी बढ़ने के साथ-साथ

## न्यायिक रिमांड बढ़ा

पुणे, 7 नवम्बर (यू.): जुडीशियल मैजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) श्री एन.एम. गोसावी ने मल्कियत सिंह टिवाना, उसके दो बेटों हरविन्दर सिंह व सुखदेव सिंह और संबंधी सरवजीत सिंह का न्यायिक रिमांड 21 नवम्बर तक बढ़ा दिया है ।



दोधी यशपाल, जिसे बुधवार को आतंकवादियों ने मोगा के निकट घायल कर दिया था । (छाया : प्रेम)

# लुधियाना में डा. कालीचरण की हत्या

चंडीगढ़, 7 नवम्बर (यू.प्रै.): उग्रवादियों ने आज सायं लुधियाना के एक भीड़-भाड़ वाले बाजार में महा-पंजाब आंदोलन के प्रमुख नेता डाक्टर कालीचरण की गोली मार कर हत्या कर दी ।

उग्रवादियों ने अमृतसर के एक धनी सीमैंट व्यापारी के घर से लगभग अढ़ाई लाख रुपए मूल्य की कीमती वस्तुएं, आभूषण, नकदी, एक पिस्तौल व दो राइफलें लूट लीं । दिन-दहाड़े पड़ी इस डकैती में उग्रवादी सीमैंट व्यापारी की कार भी अपने साथ ले गए । नकोदर में एक बिजली बोर्ड कर्मी से पिस्तौल की नोक पर 16000 रुपए लूट लिए गए ।

पंजाब पुलिस ने पिछले चौबीस घंटों में राज्य के कई भागों में ग्यारह संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है । इस दौरान हथियार, कारतूस और खालिस्तान समर्थक प्रचार सामग्री बरामद की गई है । इनमें कुछ उत्तेजक पोस्टर भी शामिल हैं ।

### लुधियाना में हत्या

आज सायं लुधियाना के सराभा नगर मार्कीट में मारुति कार पर सवार उग्रवादियों ने महापंजाब आंदोलन के प्रमुख नेता डाक्टर कालीचरण की गोली मार कर हत्या कर दी ।

डाक्टर कालीचरण अपनी मोपेड पर जा रहे थे, जब उग्रवादियों ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी । उनका घटनास्थल पर ही निधन हो गया ।

लुधियाना के उपायुक्त श्री के.आर. लखनपाल ने बताया कि दो उग्रवादी पैदल आए तथा स्टेनगन व रिवाल्वर से उन्होंने डाक्टर कालीचरण पर गोलियां चलाईं और पास ही खड़ी कार में बैठकर फरार हो गए ।

घटनास्थल से .45 बोर के व 9 एम.एम. बोर के 18 खाली कारतूस मिले । घटना सायं 6.35 बजे हुई जब दांतों के डाक्टर कालीचरण अपने आवास से 50 मीटर दूर थे ।

75 वर्षीय डाक्टर कालीचरण उग्रवादियों की हिटलस्ट में थे । उनकी सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस गार्ड हाल ही में हटा लिया गया था ।

'प्रै.ट्र.' के अनुसार उग्रवादी पद्मिनी प्रीमियर कार में आए थे ।

जोशी की सूचना के अनुसार घास मंडी, जहां डा. कालीचरण की दुकान थी, वहां लोगों में सोडे की बोतलें चलने लगीं । शहर में भारी तनाव है । कई बाजारों और महल्लों में देर तक पथराव जारी रहा । पुलिस ने डाक्टर कालीचरण की मृत्यु के पश्चात् सात बजे दुकानें बंद करवानी शुरू कर दीं ।

उपायुक्त ने बताया कि स्थिति पर कड़ी निगाह रखी जा रही है । घासमंडी आदि क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल भेज दिए गए हैं ।

डाक्टर कालीचरण अपने पीछे दो पुत्र व पांच पुत्रियां छोड़ गए हैं ।

डाक्टर कालीचरण की शव-यात्रा कल प्रातः 11.30 बजे सराभा नगर से शुरू होगी । उनकी अन्त्येष्टि सिविल लाईंस के श्मशान घाट में की जाएगी ।

डाक्टर शर्मा स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार से थे । उनके पिता पंडित वृन्दावन कई बार जेल गए । डाक्टर कालीचरण शर्मा व उनकी पत्नी भी कई वर्षों तक जेल में रहीं । उनकी पुत्री का मुलतान की जेल में ही निधन हो गया । 1937 में लुधियाना में पंडित जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में आल इंडिया स्टेट्स पीपुल्स कांफ्रैंस कराने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा । प्रताप सिंह कैरों ने महा-पंजाब आंदोलन के सिलसिले में उन्हें कैद रखा था ।

### प्रधानमंत्री द्वारा शोक

प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने डाक्टर काली चरण शर्मा की हत्या पर शोक व्यक्त किया है और उन्हें प्रमुख इंका नेता बताया है । उन्होंने शोकग्रस्त परिवार को संवेदनाएं भेजी हैं ।

### ग्रंथी गिरफ्तार

गुरदासपुर (विनोद): पुलिस ने एक आतंकवादी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स के पोस्टर तथा शस्त्र बरामद किए हैं । जिला पुलिस प्रमुख श्री जे.पी. विरदी ने बताया कि श्री हरगोबिंदपुर पुलिस ने खुजाला निवासी सरूप सिंह निहंग, जो कि एक गुरुद्वारे का ग्रंथी भी है, को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह ये पोस्टर तथा कमांडो फ़ोर्स की सदस्यता की पर्चियां गांवों में वितरित करने जा रहा था । उन्होंने बताया कि उसने अपने साथी मंजीत सिंह खुजाला, जो कि खालिस्तान कमांडो फ़ोर्स का जनरल कहलाता है, के साथ मिल कर 5 नवम्बर को उसाखोवाल में प्रेम लाल की हत्या की थी ।


पुलिस ने सरूप सिंह निहंग की निशानदेही पर दो दोनाली बंदूकें जोकि काट कर छोटी की गई थीं तथा 36 कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस ने इसके साथी मंजीत सिंह खुजाला की तलाश में कई स्थानों पर छापे मारे हैं । पुलिस को इसकी अन्य कई मामलों में भी तलाश है ।

### मुठभेड़ के बाद पकड़ा

'प्रै.ट्र.' के अनुसार श्री विरदी ने बताया कि आज प्रातः श्रीहरगोबिंदपुर क्षेत्र के गांव साखोवाल में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवादी सरूप सिंह को पकड़ लिया । उन्होंने बताया कि साखोवाल गांव में कल रात दो आतंकवादी भाग रहे थे कि सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने उन्हें देख लिया । इन आतंकवादियों ने सुरक्षा बल के जवानों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । सुरक्षा बल के जवानों ने जवाबी फ़ायरिंग की तथा इनमें से एक आतंकवादी सरूप सिंह पकड़ा गया । उसका दूसरा साथी मनजीत सिंह भाग गया ।

श्री विरदी ने बताया कि सरूप सिंह से बरामद दो बंदूकों के बारे में उसने बताया कि उन्होंने ये बन्दूकें

(शेष पृष्ठ 10 पर)



डाक्टर काली चरण का एक पुराना चित्र, उनकी मोपेड तथा घटनास्थल पर पड़ा रक्त, उनकी पत्नी सावित्री घटना की खबर सुन कर बेहोश हो गईं । (छाया : जगमोहन कम्बोज)

Punjabi Sanatani

## उग्रवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

कांगड़ा गांव के कुलवंत सिंह और समराओ गांव के सुलक्खन सिंह से क्रमशः बीस अगस्त व चार सितम्बर को छीनी थीं ।

### खालिस्तानी पर्चे लाहौर में छपे

श्री विरदी ने बताया कि मुठभेड़ वाले स्थान से जो खालिस्तानी पर्चे व पोस्टर बरामद हुए हैं, वे लाहौर के हमीद प्रिंटर्स के यहां से छपे हुए हैं । इसी तरह के पर्चे कुछ दिन पूर्व स्वर्ण मंदिर परिसर में भी लगे पाए गए थे ।

### जस्सा पकड़ा गया

बटाला से प्राप्त समाचारों के अनुसार सी.आई.ए. स्टाफ बटाला ने गत रात्रि में एक 'बी' श्रेणी के उग्रवादी को नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार कर लिया । श्री विरदी ने बताया कि इस उग्रवाद का नाम जसवंत सिंह उर्फ जस्सा है तथा वह गुरदासपुर पुलिस थाने के गांव अहीर का रहने वाला है । उसके पास से एक 38 बोर का रिवाल्वर भी बरामद हुआ है । उसे पूछताछ के लिए अमृतसर के पूछताछ केंद्र में भेज दिया गया है ।

कादियां पुलिस ने आज ठाकुर साधु गांव में एक संदिग्ध उग्रवादी सतनाम सिंह उर्फ सत्ता को पकड़ा है । डी.एस.पी. बटाला श्री हरजीत सिंह ने बताया कि गुरदासपुर जिले में हुए विभिन्न अपराधों में पुलिस को उसकी तलाश थी ।

### डाकघर लूटा

गत रात थाना श्री हरगोबिंदपुर के गांव दकना में चार व्यक्तियों, जिनके पास तेजधार हथियार थे, इसी गांव के व्यक्ति ज्ञान चंद की दुकान का सारा सामान बोरियों में भर कर ले गए । ज्ञान चंद की दुकान के पास गांव का डाकखाना भी था । ये व्यक्ति डाकखाने का सारा सामान तथा 845 रुपए भी ले गए ।

### उग्रवादियों के शरणदाता बंदी

इसके अलावा बटाला सदर पुलिस ने आज उन छः व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जो कथित रूप से आतंकवादियों को शरण देते थे । इन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 216 के अंतर्गत हिरासत में ले लिया गया । बटाला पुलिस के डी.एस.पी. हरजीत सिंह के अनुसार गिरफ्तार व्यक्तियों में से चार के नाम वासन सिंह, मक्खन सिंह, हरदयाल सिंह और कुलवंत सिंह हैं ।

सुरक्षा बलों ने आज गुरदासपुर जिले के श्री हरगोबिंदपुर क्षेत्र में धरपकड़ अभियान के अंतर्गत आठ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया ।

### हत्या की धमकी-भरे पोस्टर

'कोछड़' के अनुसार पकड़ा गया उग्रवादी सरूप सिंह व उसके साथ मनजीत सिंह साइकिल पर आ रहे थे और इन्हें संदिग्ध अवस्था में आते देख कर नाकाबंदी पार्टी ने इन्हें रोका । उन्हें ललकारने पर इन्होंने पुलिस पर गोलियां चलाईं ।

पुलिस प्रमुख श्री विरदी ने बताया कि साइकिल पर आपत्तिजनक पोस्टरों व सदस्यता फार्मों के दस बंडल पकड़े गए । ये पोस्टर लाल रंग में छपे थे । इनके नीचे खालिस्तान आर्म्ड पुलिस के तथाकथित डायरैक्टर जनरल का नाम छपा है । इन पोस्टरों में

कोठी में से चार अज्ञात सशस्त्र व्यक्ति अढ़ाई लाख रुपए मूल्य के आभूषण, रंगीन टैलीविजन, नकदी तथा लाइसैंसी राइफल व पिस्तौल लूट ले गए । इन लुटेरों, जो उग्रवादी समझे जाते हैं, में से एक मोना तथा तीन सिख थे । ये लगभग डेढ़ बजे श्री वर्मा की कोठी में घुसे । उनमें से तीन के पास रिवाल्वर थे । कोठी में प्रवेश करने के बाद उन्होंने श्री वर्मा व उनकी पत्नी पर रिवाल्वर तान लिए तथा उन्हें अपने लाइसैंसी हथियार उन्हें देने को कहा । जब श्री वर्मा चाबियां निकालकर अपने हथियार निकालने लगे तो इन उग्रवादियों ने उनसे चाबी छीन ली । दोनों पति-पत्नी तथा उनके एक बच्चे को बाथरूम में बंद करके बाहर से कुंडी लगा दी ।

### चार हथियार लूटे

उग्रवादी श्री वर्मा के यहां से दो राइफलें, एक दोनाली बंदूक तथा एक विदेशी रिवाल्वर ले गए । इनका मूल्य लगभग एक लाख रुपए बताया जाता है । उग्रवादी कई तोले सोने के आभूषण, 25 हजार रुपए नकद, एक रंगीन टैलीविजन भी साथ ले गए । उग्रवादी श्री वर्मा की फिएट कार भी अपने साथ ले गए ।

कहा जाता है कि जब श्री वर्मा का ड्राइवर कोठी के गेट पर कार लेकर आया तो बाहरी गेट बंद था । उसने कार का हॉर्न बजाया तो एक उग्रवादी ने गेट खोला । जैसे ही ड्राइवर कार को लेकर कोठी के भीतर आया तो उग्रवादियों ने रिवाल्वर की नोक पर ड्राईवर को गाड़ी से नीचे उतार दिया तथा तीन उग्रवादियों ने लूटे हुए हथियार, अन्य सामान कार में लादा । वे श्री वर्मा की इसी कार नम्बर डी.ई.एस. 10 में बैठकर भाग गए ।

हैरानी इस बात पर प्रकट की जा रही है कि इन उग्रवादियों को श्री वर्मा की कोठी में रखे हथियारों आदि की जानकारी कहां से मिली ।

### फल खाए

यह भी बताया जाता है कि लुटेरों ने कोठी में रखे फ्रिज को खोलकर उसमें से फल निकालकर खाए । उन्होंने शीतल पेय की बोतलें भी पीं । कोठी में लुटेरे सारा सामान इधर-उधर बिखेर गए ।

### यह कपड़ा किस ने लूटा

कमलेश के अनुसार गत रात दरबार साहिब परिसर में स्थित कपड़े की मार्किट कौलसर में स्थित मैसर्ज अत्तर सिंह मनमोहन सिंह की दुकान में सनसनीपूर्ण चोरी की सूचना मिली है । बताया गया है कि चोरों ने संयुक्त अकाली दल (बाबा) के दफ्तर के अंदर से दिवार फाड़ कर लगभग डेढ़ लाख रुपए का कपड़ा चुरा लिया है । क्योंकि दुकान की पिछली दीवार बाबा अकाली दल के दफ्तर के अंदर लगती है । जब दुकानदार को पता चला कि चोरी बाबा अकाली दल के दफ्तर के अंदर से हुई है तो सैंकड़ों लोग इकट्ठे हुए । बाबा अकाली दल के बारे तरह-तरह की टिप्पणियां करने लग पड़े । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

### ठेकेदार को घायल करके लूट लिया

मोगा (बांसल): आज रात्रि पौने 9 बजे जी.टी. रोड पर मिल्क फैक्टरी के निकट स्थित शराब के ठेके के मालिक राम पाल कपूर को कुछ आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया और उस का 15000 रुपया तथा स्कूटर छीन कर फरार हो

Punjabi Sanatani

आठ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया ।

## हत्या की धमकी-भरे पोस्टर

'कोछड़' के अनुसार पकड़ा गया उग्रवादी सरूप सिंह व उसके साथ मनजीत सिंह साइकिल पर आ रहे थे और इन्हें संदिग्ध अवस्था में आते देख कर नाकाबंदी पार्टी ने इन्हें रोका । उन्हें ललकारने पर इन्होंने पुलिस पर गोलियां चलाईं ।

पुलिस प्रमुख श्री विरदी ने बताया कि साइकिल पर आपत्तिजनक पोस्टरों व सदस्यता फ़ार्मों के दस बंडल पकड़े गए । ये पोस्टर लाल रंग में छपे थे । इनके नीचे खालिस्तान आर्म्ड पुलिस के तथाकथित डायरैक्टर जनरल का नाम छपा है । इन पोस्टरों में पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री रिबैरियो की हत्या, हिन्दुओं की हत्या तथा मुकाबला करने वाले पंजाब पुलिस तथा सुरक्षा बलों के जवानों की हत्या की धमकी दी गई है ।

पोस्टर में लिखा गया है कि खालिस्तान आर्म्ड पुलिस की स्थापना 20 अगस्त, 1986 को की गई थी । 10 नवम्बर को सुरक्षा बलों ने उनका मुख्यालय धराशायी कर दिया था । अब 20 नवम्बर को श्री हरगोबिंदपुर में भोग रखा गया है । यह भी कहा गया है कि इस उग्रवादी संगठन के चार एस.एस.पी. व दो डी.आई.जी. बना दिए गए हैं ।

श्री हरगोबिंदपुर व काहनूवान छम्ब क्षेत्र में कार्यालय बना दिए गए हैं ।

श्री विरदी ने बताया कि हवलदार अनोख सिंह की हत्या में दो हत्यारों, धर्मकोट बुग्गा हत्याकांड में पांच अभियुक्तों को नामज़द कर लिया गया है । उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस व सुरक्षा बल लगातार प्रयास कर रहे हैं । मनजीत सिंह खुजाला को पकड़ने के लिए भी पुलिस बल सक्रिय हैं । अब तक 22 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है ।

## चोरी हुई राइफल बरामद

कल रात स्थानीय सी.आई.ए. स्टाफ के आंगन में एक राइफल, एक संगीन तथा एक धमकी-भरा पत्र पड़ा मिला है, जो किसी अज्ञात व्यक्ति ने यहां फैंका है । गत सप्ताह सी.आई.ए. स्टाफ के मालखाने में से एक राइफल तथा एक मैगज़ीन चोरी हो गए थे । ये राइफल वही है, लेकिन बरामद हुई संगीन का मामला दिलचस्प है क्योंकि इसका वारिस न तो सी.आई.ए. बन रहा है और न ही पुलिस स्टेशन । इन दोनों का कहना है कि उनके संगीन पहले से ही पूरे हैं, फिर यह संगीन कहां से आया? धमकी-भरे पत्र के बारे में ज्ञात हुआ है कि इसमें सी.आई.ए. के इंस्पैक्टर स. सरवन सिंह को धमकियां दी गई हैं ।

## पूरन सिंह गिरफ्तार

सीमा सुरक्षा बल ने श्री हरगोबिंदपुर में कल एक वांछित पूरन सिंह को पकड़ा है । इसके अलावा आतंकवादियों को पनाह देने वाले तीन व्यक्तियों को भी पकड़ा है । बल की विज्ञप्ति में आज बताया गया कि पूरन सिंह गुरुद्वारा सुखोवाल का जत्थेदार है । यह बुधवार को एक दुकानदार की हत्या की वारदात में शामिल था । पूछताछ के दौरान पूरन सिंह ने इस हत्याकांड में शामिल एक अन्य साथी बलविंदर सिंह का नाम भी बताया है । सीमा सुरक्षा बल ने सुखोवाल मोर-बटाला मार्ग पर तलाशी में दो दुनाली बंदूक, छः कारतूस तथा कुछ खालिस्तानी साहित्य बरामद किया ।

सीमा सुरक्षा बल ने पूरन सिंह को बाद में पुलिस के हवाले कर दिया ।

बटाला पुलिस ने पंजाब रोडवेज़ बस के दो सुरक्षा कर्मियों को कल रात गिरफ्तार किया और

दीवार बाबा अकाली दल के दफ्तर के अंदर लगती है । जब दुकानदार को पता चला कि चोरी बाबा अकाली दल के दफ्तर के अंदर से हुई है तो सैंकड़ों लोग इकट्ठे हुए । बाबा अकाली दल के बारे तरह-तरह की टिप्पणियां करने लग पड़े । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

## ठेकेदार को घायल करके लूट लिया

मोगा (बांसल): आज रात्रि पौने 9 बजे जी.टी. रोड पर मिल्क फैक्टरी के निकट स्थित शराब के ठेके के मालिक राम पाल कपूर को कुछ आतंकवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया और उस का 15000 रुपया तथा स्कूटर छीन कर फरार हो गए । श्री कपूर को अस्पताल में दाखिल करवाया गया है ।

## 16000 लूटे

जालंधर, (क): आज नकोदर में लगभग डेढ़ बजे दो अज्ञात युवकों ने पिस्तौल की नोक पर बिजली बोर्ड के कर्मचारी महेंद्र पाल से 16000 रुपए लूट लिए । इन दोनों युवकों में एक क्लीन शेव था ।

## छात्रों द्वारा हड़ताल

आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के आह्वान पर बटाला, नवांशहर तथा जालन्धर में आज भी छात्रों ने हड़ताल की । जालन्धर के खालसा कालेज के छात्रों ने कुछ देर तक यातायात रोका ।

बटाला में बैरिंग कालेज व गुरु नानक कालेज के छात्रों ने आज भी हड़ताल की । दोनों कालेजों के प्रबन्धकों ने इन कालेजों को कल बंद रखने की घोषणा की है । नगर में दोनों डी.ए.वी. कालेजों में पढ़ाई सामान्य रूप से चलती रही ।

## संदिग्ध व्यक्ति हिरासत में

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से 70 किलोमीटर दूर तलवाड़ा पुलिस ने मंगल सिंह नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है । मंगल सिंह फिरोज़पुर का रहने वाला है । इस बात का पता लगाया जा रहा है कि उसका सम्बन्ध उग्रवादियों से है या नहीं ?

## लावारिस कार मिली

दसूहा से 'झावर' के अनुसार मुकेरियां पुलिस ने यहां से थोड़ी दूर गांव मुछपुर में लावारिस रूप से खड़ी एक सलेटी रंग की अम्बैस्डर कार बरामद की है । एस.वाई.ई. 16 नम्बर की यह कार आज प्रातः से ही खड़ी थी । पुलिस के अनुसार यह कार हिमाचल प्रदेश के तिरावड़ी गांव से चोरी की गई है तथा इसमें चार अज्ञात व्यक्ति सवार थे । इनमें से तीन सिख तथा एक मोना था । पुलिस का कहना है कि इन व्यक्तियों ने कार के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद इसे यहां छोड़ दिया था । पुलिस ने आशंका व्यक्त की है कि ये व्यक्ति इस क्षेत्र में कोई घटना करने का इरादा रखते थे ।

## बादल धड़ा कर्मजीत का मुकद्दमा लड़ेगा

सामाना (वर्मा): अकाली जत्था (बादल धड़ा) जिला संगरूर ने भवानीगढ़ में आयोजित अपनी सभा में एक प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी पर गत दो अक्तूबर को राजघाट दिल्ली में हमला करने वाले अभियुक्त कर्मजीत सिंह का मुकद्दमा लड़ने का निर्णय किया है । कर्मजीत सिंह सुनाम का रहने वाला है । यह बैठक जिला प्रधान श्री गुरबचन सिंह महीवाल की अध्यक्षता में हुई । इस बैठक में राज्यपाल श्री रे को हटाए जाने आदि मांगें भी की गईं ।

## वकील को धमकी-भरा पत्र

कांगड़ा (त्रिवेदी): कांगड़ा बार एसोसिएशन के

Punjabi Sanatani



Punjabi Sanatani

वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी और कांग्रेसी नेता डा. कालि चरण शर्मा की शुक्रवार सायं को लुधियाना में उग्रवादियों ने फ़ायरिंग करके हत्या कर दी । (1) डा. कालि चरण शर्मा का पार्थिव शरीर, (2) डा. शर्मा का बड़ा लड़का, उनके परिवार के अन्य सदस्य, संबंधी, मित्र विलाप करते हुए, (3) शव-यात्रा शुरू होने से पूर्व लिया गया एक चित्र, (4) डा. शर्मा की हत्या के विरोध में आज लुधियाना के विभिन्न बाजारों में हड़ताल रही । चित्र में बंद दुकानों के आगे सुरक्षा बल के जवान खड़े नज़र आ रहे हैं ।

(छाया : कम्बोज)

# उग्रवादियों द्वारा इंका नेता सहित 3 हत्याएं : भाकपा नेता पर पुनः घातक हमला

चंडीगढ़, 10 नवम्बर (प्रै., भा., यू., वा.): उग्रवादियों ने पंजाब में ब्लाक इंका अध्यक्ष श्री बचन सिंह सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी तथा एक भाकपा नेता श्री सेवक राम को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । उग्रवादियों ने अमृतसर में एक व्यापारी के घर से 60 हजार तथा लुधियाना में एक सैनिक अधिकारी के घर से 15 हजार रुपए नकद व आभूषण लूट लिए । पुलिस ने 5 ए. श्रेणी के उग्रवादियों को गिरफ्तार कर उनसे हथियार आदि बरामद किए हैं । कुख्यात उग्रवादी बलविंदर सिंह बिल्ला का पुलिस ने रिमांड प्राप्त कर लिया है ।

अमृतसर जिले में रैय्या के ब्लाक इंका अध्यक्ष श्री बचन सिंह की आज प्रातः दो कार सवार उग्रवादियों ने मेहता थाने के अंतर्गत भलाईपुर डोगरा गांव में हत्या कर दी । उस समय श्री बचन सिंह जलालुस्समां गांव से स्कूटर पर सवार होकर आ रहे थे ।

अमृतसर में पुलिस के एक प्रवक्ता ने दावा किया है कि यह मामला निजी दुश्मनी का है । उग्रवादी श्री बचन सिंह की हत्या करके उनका स्कूटर भी अपने साथ ले गए ।

श्री बचन सिंह बाबा बकाला के निवासी थे । आज उनके निधन पर रोष प्रकट करने के लिए बाबा बकाला में हड़ताल रही ।

श्री बचन सिंह का पुत्र इस हमले में बाल-बाल बच गया ।

बलाचौर में उग्रवादियों ने सहकारी बैंक से 8 हजार रुपए लूट लिए । पुलिस ने श्री दर्शन सिंह कैनेडियन की हत्या के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है ।

बटाला में साहबपुर गांव में गत शनिवार की रात्रि में उग्रवादियों ने एक खेत मजदूर गोपाल बहादुर की हत्या कर दी । होशियारपुर जिले में पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है ।

### सैनिक अधिकारी का घर लूटा

**लुधियाना में तीन कार सवार उग्रवादियों ने सराभानगर में लैफ्टिनैंट कर्नल शमिन्द्र सिंह के घर से 15.000 रु. की नकदी तथा आभूषण लूट लिए । उस समय श्री सिंह घर पर नहीं थे । उनकी पत्नी ने बताया कि एक लुटेरा घर के अंदर आया तथा पिस्तौल जैसे दिखने वाले हथियार की नोक पर उक्त सम्पत्ति लूट ले गया । पुलिस ने** केस दर्ज कर लिया है ।

### भाकपा नेता की हत्या का प्रयास

एक अन्य घटना में अमृतसर के पूर्वी मोहन नगर क्षेत्र में दो अज्ञात व्यक्तियों ने कल रात भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एक सक्रिय कार्यकर्ता 55 वर्षीय सेवक राम को गोली मार कर घायल कर दिया । श्री सेवक राम के दाएं कंधे पर गोली लगी है तथा उन्हें स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

सेवक राम ने अस्पताल में बताया कि दो नकाबपोश व्यक्ति कल रात आठ बजे के लगभग उसकी दुकान पर आए तथा पिस्तौल दिखा कर सारी नकदी उन्हें सौंपने को कहा । सेवक राम द्वारा नगदी देने से इन्कार करने पर उन्होंने देसी पिस्तौल से गोलियां चलाई जिससे वे घायल हो गए । श्री सेवक राम ने बताया कि यह उनकी हत्या का दूसरा प्रयास था । उन्होंने कहा कि इस वर्ष जून में भी उनकी हत्या का एक प्रयास किया गया था, जिसमें वे बच गए तथा हमलावर अपनी चप्पल तथा साइकिल छोड़ कर भाग गए ।

### अमृतसर में डकैती

'कमलेश' के अनुसार अमृतसर नगर में आज दोपहर के वक्त मोहन नगर में एक उद्योगपति के घर उग्रवादियों ने डाका डाला । डकैत उसके घर से पचास-साठ हजार रुपए मूल्य की सम्पत्ति लूट कर ले गए । बताया गया है कि आज दिन के लगभग अढ़ाई बजे चार साइकिलों पर सवार 8 उग्रवादी मोहन नगर की गली नं. तीन में श्री भीम सेन नय्यर मालिक स्वदेशी टैक्सटाइल फैक्टरी के मकान पर आए । जब उन्होंने दरवाजे पर दस्तक दी तो नौकरानी ने दरवाजा खोला । चार उग्रवादी अंदर दाखिल हो गए जबकि चार बाहिर खड़े रहे ।

घर में केवल मालकिन और नौकरानी थीं । उग्रवादियों ने पिस्तौल दिखा कर घर की मालकिन से पूछा तुम्हारे दो लड़के कहां हैं, हमने उन्हें कत्ल करना है, मालकिन ने जवाब दिया वह घर पर नहीं हैं । इस पर उग्रवादियों ने घर की मालकिन और नौकरानी दोनों के मुंह कपड़े से बांध दिए और मालकिन की चूड़ियां, कांटे और अंगूठी उतरवा लीं । उसके बाद उन्होंने वी.सी. आर. टैप रिकार्डर, रंगीन टी.वी. दस हजार रुपए नकद, गर्म कपड़े और दूसरा कीमती सामान लपेट लिया ।

घटना के बाद उग्रवादी मालकिन और नौकरानी को बांध कर फैंक गए और लूटे गए माल सहित अपने साइकिलों पर खिसक गए ।

### बिल्ला का पुलिस रिमांड

अमृतसर से 'अशोक' के अनुसार आज शाम एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अमृतसर पुलिस ने कपूरथला जेल से भागने वाले तथा जालन्धर कचहरी गोली कांड में वांछित उग्रवादी बलविंदर सिंह बिल्ला के अलावा तीन अन्य आतंकवादियों वीरेन्द्र पाल सिंह, जो एक एडवोकेट का बेटा है, इंदर

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# भारत की आणविक शक्ति पाक से कम नहीं : रामन्ना

जबलपुर, 10 नवम्बर (भाषा): परमाणु ऊर्जा | देते हैं पर खुद इसे अपना कर आणविक प्रयोगों तथा

गार्डन सिल्क मिल्स प्रा. लि., सूरत
एवं वरेली टेक्सटाइल इण्डस्ट्रीज़ लि. लुधियाना में
ड्रेस मटीरियल्स के लिए अपने नये डीलर की
नियुक्ति सहर्ष घोषित करते हैं

## उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

सिह निवासी बोरियां (थाना मेहता), असविन्दर सिंह (लुधियाना) को गत दिवस अमृतसर में सरहदी गैस्ट हाऊस से गिरफ्तार किया गया था ।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इन चारों आतंकवादियों को आज अदालत में पेश किया गया तथा उनका पुलिस रिमांड प्राप्त कर लिया गया है । अदालत ने बलविन्दर सिंह बिल्ला, वीरेन्द्र पाल सिंह और इंदर सिंह का पुलिस को 10 दिन का रिमांड दिया है । असविन्दर सिंह का केवल 4 दिन का रिमांड दिया गया है ।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ में इन आतंकवादियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने गत दिनों खालसा कालेज में हरेन्द्र सिंह की हत्या करके उसका शव खेतों में डाल दिया था । इसके अलावा कपूरथला में डी.एस.पी. श्री बराड़ पर घातक आक्रमण भी उन्होंने किया था । उन्होंने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रधान श्री काबुल सिंह पर हमला करने की घटना में भी अपना हाथ होना स्वीकार किया है । इन उग्रवादियों ने स्वीकार किया कि इन्होंने ही कपूरथला में 6 व्यक्तियों की हत्या की थी ।

### इंस्पैक्टर की हत्या की योजना थी

इन उग्रवादियों ने यह भी रहस्योद्घाटन किया कि उनकी योजना जिला कपूरथला के गांव कस्सोचहल में एक इंस्पैक्टर जसकीरत सिंह और जालन्धर सी.आई.ए. स्टाफ के हवलदार श्री काला राम की हत्या करने की थी ।

### एक और डकैती

आज सायं 7 बजे थाना 'बी' डिवीजन क्षेत्र में शिव उप्पल की 'व्हाइट मार्बल' दुकान में तीन सशस्त्र युवकों ने घुसकर 6 हजार रुपए नकद, घड़ी आदि पिस्तौल की नोक पर लूट ली और शिव उप्पल का ही स्कूटर छीन कर उसपर फरार हो गए ।

### 5 उग्रवादी पकड़े गए

'वि.प्र.' के अनुसार अमृतसर पुलिस द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार थाना हरिके पुलिस ने पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनसे हथियार बरामद किए हैं । इन गिरफ्तार लोगों में जसवंत सिंह, प्रगट सिंह, लखा सिंह, शिंदर सिंह घरियाला तथा जसवंत सिंह असल-औतार के रहने वाले हैं । इन उग्रवादियों की आयु 24-25 वर्ष है । इनसे एक 12 बोर की पिस्तौल, एक 303 पिस्तौल, एक 12 बोर की बंदूक तथा 17 कारतूस बरामद किए गए हैं । उग्रवादियों के इस गिरोह से तीन राहजनियों के बारे में भी पुलिस को सुराग मिला है ।

### जीप वाला उग्रवादी गिरोह

अमृतसर सी.आई.ए. पुलिस ने उग्रवादियों के एक 9 सदस्यीय गिरोह के विरुद्ध आतंकवाद विरोधी कानून की धारा 3/4 के अंतर्गत थाना सिविल लाइन्स में केस दर्ज किया है । इनकी गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं । पुलिस के अनुसार इन उग्रवादियों का गिरोह रामबाग तथा सिविल लाइन्स क्षेत्र में लूटपाट की घटनाएं करता है । इनके पास एक जीप भी बताई

पता चला कि उसके साथ धोखा हुआ है ।

### स्कूटर छीन लिया

लुधियाना (मुसाफिर): आज खन्ना के निकट गांव लालहेड़ी में एक कथित उग्रवादी पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति का स्कूटर छीन कर फरार हो गया । कपूरथला से शर्मा की सूचना है कि जालन्धर पुलिस डिविजन नं. 6 ने एक व्यक्ति नीलम कुमार का स्कूटर जो दो व्यक्ति छीन कर ले गए थे, हरीपुर से बरामद कर लिया है । नीलम कुमार ने अपना स्कूटर पहचान लिया है ।

### स्कूटर ले उड़े

लुधियाना से ही 'धीमान' की सूचना है कि आज खन्ना के निकट भूपेन्द्र सिंह नामक एक व्यक्ति से दो अज्ञात युवक उसका स्कूटर छीन कर भाग गए । बताया जाता है कि लुटेरे पैदल ही आए थे । उन्होंने स्कूटर सवार को रोका और उसका स्कूटर छीन कर भाग खड़े हुए ।

### जेहलम एक्सप्रैस में हंगामा

पता चला है कि पुणे से जम्मू आने वाली झेलम एक्सप्रैस कल रात्रि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हंगामे के कारण 75 मिनट लेट हो गई । ट्रेन से यात्रा कर रहे एक बैंक अधिकारी के अनुसार 5 केसधारी युवक जबरदस्ती बोगी नम्बर 7662 में घुस गए जिसमें मद्रास से जम्मू जा रहे 140 मद्रासी छात्र आरक्षण करा के बैठे थे । छात्रों के आग्रह पर भी ये युवक न माने तो उन्होंने गार्ड और रेलवे अधिकारी से शिकायत की पर कोई नतीजा न निकला, जिस पर छात्रों ने चेन खींच दी । झगड़ा चलता रहा और 12 बार चेन खींची गई । इस पर पुलिस आ गई जिसने उन पंजाबी युवकों को वहां से हटाया । इन्होंने मद्रासी छात्रों को पंजाब में सबक सिखाने की धमकी दी तो छात्रों को गार्ड प्रदान किए गए ।

### लुधियाना में निषेधाज्ञा

लुधियाना से 'नेपाल' के अनुसार अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट श्री डी.एस. कपूर ने लुधियाना जिले में 5 से अधिक लोगों के एकत्र होने, जलूस निकालने, रैलियां करने पर प्रतिबंध लगा दिया है । यह प्रतिबंध आज से आगामी वर्ष 8 जनवरी तक लागू रहेगा ।

### बैंक लूटने का प्रयास

जालन्धर से 'न.न.अ.' के अनुसार आज रात्रि लाडोवाली रोड पर पंजाब नैशनल बैंक की शाखा को लूटने का प्रयास किया गया । कुछ उग्रवादियों ने बैंक के ताले तोड़ दिए पर उनसे लाकर न टूट सके ।

### बंदूक व राइफल लूटी

काहनूवान से 'बाहिया' के अनुसार काहनूवान थाने के गांव धारीवाल में गत रात्रि 10 बजे के करीब 5 अज्ञात व्यक्ति अवतार सिंह नामक एक व्यापारी के घर आए और उससे पिस्तौल की नोक पर उसकी लाईसैंस शुदा बंदूक छीन ली । इसके बाद वे उसके पड़ौसी दिलीप सिंह के घर गए और उससे की उसकी राइफल छीन ली । जब ये उग्रवादी भागने लगे तो गांव के लोग उनके पीछे दौड़े तो उग्रवादियों पर दो गोलियां चलाईं । उग्रवादी भागने में सफल हो गए ।

### शव मिला

Punjabi Sanatan

एक 12 बोर की पिस्तौल, एक 303 पिस्तौल, एक 12 बोर की बंदूक तथा 17 कारतूस बरामद किए गए हैं। उग्रवादियों के इस गिरोह से तीन राहजनियों के बारे में भी पुलिस को सुराग मिला है।

### जीप वाला उग्रवादी गिरोह

अमृतसर सी.आई.ए. पुलिस ने उग्रवादियों के एक 9 सदस्यीय गिरोह के विरुद्ध आतंकवाद विरोधी कानून की धारा 3/4 के अंतर्गत थाना सिविल लाइन्स में केस दर्ज किया है। इनकी गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार इन उग्रवादियों का गिरोह रामबाग तथा सिविल लाइन्स क्षेत्र में लूटपाट की घटनाएं करता है। इनके पास एक जीप भी बताई गई है। उनके अड्डे की भी पहचान कर ली गई है। इन उग्रवादियों के गिरोह में वरिन्द्र पाल सिंह कैरों मार्केट, सुरेन्द्र पाल सिंह, बलविन्दर सिंह (गांव सैदा जिला कपूरथला), इंदर सिंह बरियांवाला, रविन्द्र सिंह जेल रोड कूचा हरनाम लुधियाना, बलविन्द्र सिंह चक ठठे फगवाड़ा, बलबीर सिंह, रघुबीर सिंह और राजू उर्फ रमेश कपूर उर्फ बलजिन्दर सिंह शामिल हैं।

### 75 बंगला देशी गिरफ्तार

सीमा सुरक्षा बल ने कल रात भारत-पाक सीमा के अटारी सैक्टर की दाओक चौकी के निकट 75 बंगला देशी नागरिकों को पकड़ा।

सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों के अनुसार ये लोग पाकिस्तान की सीमा में घुसने का प्रयास कर रहे थे। इन बंगला देशियों में 20 पुरुष, 20 स्त्री तथा 35 बच्चे हैं। पता चला है कि इन व्यक्तियों को सुरक्षित पाकिस्तान भेजने के लिए कुछ एजेंट इन्हें कलकत्ता से लाए थे।

इसी बीच सामे क्षेत्र में रोडेवाल चौकी के निकट रेल की पटरी से पाकिस्तान भागने का प्रयास कर रहे एक भारतीय नागरिक अब्दुल रजाक को भी गिरफ्तार किया गया है।

रजाक ने अधिकारियों को बताया कि वह अपने रिश्तेदारों के पास कराची जाना चाहता था।

### बलाचौर में सहकारी बैंक लूटा

होशियारपुर से प्रद्युम्न ने खबर दी है कि आज यहां से 70 किलो मीटर दूर बलाचौर के सहकारी बैंक से तीन सशस्त्र उग्रवादी सात-आठ हजार रुपए लूट कर ले गए। कहा जाता है कि स्कूटर पर सवार तीन उग्रवादी लगभग दो बजे दोपहर बैंक में आए और पिस्तौल दिखा कर रकम लूट कर चले गए। बताया जाता है कि उग्रवादियों ने जब बैंक कर्मचारियों से कहा कि जो कुछ तुम्हारे पास है, वह हमारे हवाले कर दो तो कर्मचारियों ने सारी रकम उनके हवाले कर दी, क्योंकि कर्मचारी तलवाड़ा बैंक डकैती से भयभीत थे। पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और घटना की जांच शुरू कर दी है।

### युवक का शव मिला

होशियारपुर से 30 किलोमीटर दूर गांव पत्ती सूरासिंह से एक युवक का शव मिला है। पुलिस के अनुसार उसके शरीर पर घावों के काफी निशान हैं और शव रक्त-रंजित है। उसकी दाढ़ी कटी हुई थी, लेकिन उसने बाल रखे हुए हैं तथा केसरी रंग का कमीज-पायजामा पहना हुआ है। गांव के चौकीदार बिकर सिंह के अनुसार शव पत्ती सूरा सिंह-गांव कतना जाने वाले कच्चे मार्ग पर पड़ा हुआ आज प्रातः 7 बजे देखा गया। शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी।

और पिस्तौल दिखा कर रकम लूट कर चले गए । बताया जाता है कि उग्रवादियों ने जब बैंक कर्मचारियों से कहा कि जो कुछ तुम्हारे पास है, वह हमारे हवाले कर दो तो कर्मचारियों ने सारी रकम उनके हवाले कर दी, क्योंकि कर्मचारी तलवाड़ा बैंक डकैती से भयभीत थे । पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और घटना की जांच शुरू कर दी है ।

**युवक का शव मिला**

होशियारपुर से 30 किलोमीटर दूर गांव पत्ती सूरासिह से एक युवक का शव मिला है । पुलिस के अनुसार उसके शरीर पर घावों के काफी निशान हैं और शव रक्त-रंजित है । उसकी दाढ़ी कटी हुई थी, लेकिन उसने बाल रखे हुए हैं तथा केसरी रंग का कमीज-पायजामा पहना हुआ है । गांव के चौकीदार बिकर सिह के अनुसार शव पत्ती सूरा सिह-गांव कतना जाने वाले कच्चे मार्ग पर पड़ा हुआ आज प्रातः 7 बजे देखा गया । शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी ।

**कैनेडियन की हत्या के आरोप में एक गिरफ्तार**


होशियारपुर (अश्विनी): पता चला है कि प्रमुख सी.पी.आई. नेता कामरेड दर्शन सिह कैनेडियन की हत्या के आरोप में पुलिस ने एक अभियुक्त राणा रंधीर सिंह को धारा 302 के अंतर्गत बाकायदा गिरफ्तार कर लिया है । यह रहस्योद्घाटन हुआ है कि कम्युनिस्ट नेता की हत्या में 6 अभियुक्त संलिप्त हैं । पुलिस को 6 अभियुक्तों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लेने की आशा है । बताया जाता है कि गिरफ्तार अभियुक्त राणा रंधीर सिह थाना हरयाना से निकटवर्ती गांव काठियां दे घारे का रहने वाला है ।


**बस का अपहरण**


बंगा (खोसला): आज रात्रि लगभग साढ़े आठ बजे दो कथित उग्रवादियों, जिनकी आयु 22 से 25 वर्ष थी, बंगा बस स्टैंड से एक खाली बस का अपहरण करके ले गए । कुछ लोगों ने कहा है कि वे बंगा-फगवाड़ा रोड की ओर बस को ले गए हैं । पुलिस ने सूचना मिलने पर सारे क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी है और वह बस की सरगर्मी से तलाश कर रही है ।


**राइफल, कारतूस उड़ा ले गए**

कपूरथला (शर्मा): कल रात्रि लगभग 8 बजे सुल्तानपुर लोधी के निकट गांव बाटांवाली में दो उग्रवादी पुलिस की वर्दी में आए । एक ने सब-इंस्पैक्टर की वर्दी पहन रखी थी और उसके पास रिवाल्वर था । दूसरा हैड कांस्टेबल की वर्दी में था तथा उसके पास राइफल थी । वे महेन्द्र सिह पुत्र रूढ़ सिह के मकान पर आए तथा उसे अपनी लाइसैंस वाली राइफल और कारतूस दिखाने के लिए कहा । जब उसने अपने शस्त्र दिखाए तो वे उसे लेकर चले गए कि प्रातः थाने से आकर ले आना । आज प्रातः जब महेन्द्र सिह थाने में गया तो उसे वास्तविकता का










जिला रोपड़ के गांव रैलों खुर्द के सरपंच तथा भट्ठा साहिब गुरुद्वारा के मैनेजर श्री लाभ सिंह की सोमवार को उग्रवादियों ने हत्या कर दी । (ऊपर बाएं) श्री लाभ सिंह की युवा बेटी, पत्नी और अन्य रिश्तेदार विलाप करते हुए, (नीचे बाएं) मृतक के भाईयों से संवेदना व्यक्त करते हुए क्षेत्र के लोग । (ऊपर दाएं) श्री लाभ सिंह का पुराना चित्र । (नीचे दाएं) गुरुद्वारा भट्ठा साहिब, जिसके श्री लाभ सिंह मैनेजर थे (छाया : महेन्द्र जैन)





(बाएं) बाबा बकाला में उग्रवादियों के हाथों मारे गए इंका नेता बचन सिंह के शव के पास विलाप करती हुई उनकी विधवा और बेटा । (दाएं) हत्या के विरुद्ध हड़ताल करने के बाद लोग शोकसभा करते हुए । (छाया : प्रेम, ग्रांदित्ता)

# एक परिवार के तीन सदस्यों सहित सात लोगों की हत्यायें

## रिबैरियो पर हमले के षड्यंत्र में पी.ए.पी. का घायल सिपाही कुलवंत सिंह बंदी

## 'तत खालसा' का कथित जनरल पिपल सिंह मंड क्षेत्र में गिरफ्तार

**चंडीगढ़, 12 नवम्बर (यू.): उग्रवादियों ने पंजाब में एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित 7 लोगों की हत्या कर दी और पुलिस ने उग्रवादी संगठन 'तत खालसा' के स्वयंभू जनरल पिपल सिंह को मंड क्षेत्र के बीहड़ों में गिरफ्तार कर लिया ।**

**3 लोगों की हत्याएं**

उग्रवादियों ने आज रात्रि कपूरथला शहर के सुर्खपुर मोहल्ले में एक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी जिनमें एक व्यक्ति, उसकी पत्नी व बेटा शामिल हैं । संदेह था कि वह पुलिस का मुखबिर है । हमलावरों में सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा तथा एक अन्य मफरूर उग्रवादी सहित पांच उग्रवादी शामिल थे । घटना में उसकी भतीजी घायल हो गई ।

पता चला है कि सरवाल में आज शाम 7.30 बजे के लगभग, भगौड़ा आतंकवादी सुक्खा अपने साथियों सहित सरपंच मुखत्यार सिंह के घर पुलिस की वर्दी में आया तथा गोलियां चला कर सरपंच की घटनास्थल पर ही हत्या कर दी ।

रघुनाथ के अनुसार दूसरे मफरूर उग्रवादी का नाम बोहर सिंह था । सुक्खा व बोहर दोनों इसी क्षेत्र के उग्रवादी हैं । यह वारदात सरूपवाल में हुई ।

एक सूचना में कहा गया कि यह वारदात सुर्खपुर में हुई जबकि दूसरी सूचना के अनुसार यह वारदात सरूपवाल में हुई । हमलावर उग्रवादी पुलिस वर्दी में थे ।

यह भी समाचार है कि सरपंच के घर से भी जवाबी फायरिंग की गई । आखिरी सूचना मिलने तक फायरिंग जारी थी । सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना हो गई ।

आज ही 5 उग्रवादियों ने तरनतारन के ग्राम रोडीपाल में कुलवंत सिंह की हत्या कर दी ।

डेरीवाल गांव में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक हैडमास्टर धर्मपाल की हत्या कर दी ।

अजनाला उपमंडल के कमालपुर गांव में कल रात चमन लाल नामक दुकानदार की हत्या कर दी गई । अमृतसर के कचहरी रोड पर एक गैस एजेंसी लूट ली गई । एक शिक्षक का स्कूटर छीन लिया गया और एक डाक्टर का स्कूटर चोरी हो गया ।

सिटी कोतवाली के बाहर संदिग्धावस्था में घूमते हुए दो संदिग्ध उग्रवादी तथा अजनाला में सिख छात्र संघ का एक वर्कर गिरफ्तार किए गए हैं ।

पुलिस महानिदेशक जे.एफ. रिबैरियो पर हमले के दौरान घायल हुए पी.ए.पी. के जवान कुलवंत सिंह को षड्यंत्र में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

**पिपल सिंह पकड़ा गया**

अमृतसर (वार्ता): कथित उग्रवादी संगठन तत खालसा के स्वयंभू जनरल पिपल सिंह को सुरक्षा बलों ने कल गिरफ्तार कर लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों ने पिपल सिंह को ब्यास नदी के क्षेत्र के बीहड़ों के मंड इलाके में पकड़ा । सूत्रों ने कहा कि खूंखार आतंकवादी सरगना सुखदेव सिंह सखीरा के छह महीने पूर्व गुटों की लड़ाई में मारे जाने के बाद पिपल सिंह ने इस गिरोह की कमान सम्भाल ली थी लेकिन हमारे प्रतिनिधि 'अशोक सोनी' के अनुसार पता चला है कि वैरोवाल थानांतर्गत गांव भैल में कल दोपहर एक पुलिस पार्टी के साथ मुठभेड़ के बाद पिपल सिंह भाग निकला । विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार कल एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी भैल गई और पिपल सिंह के 'शरणस्थल' को घेर लिया । सूत्रों के अनुसार पुलिस पर फायरिंग शुरू होने के बाद जवाबी फायरिंग शुरू की गई । इसी दौरान पिपल सिंह और उसके 3 साथी भाग निकलने में सफल हो गए । कहा जाता है कि पिपल सिंह के साथ भागने वालों में एक सरपंच भी शामिल है । पुलिस अधिकारी इस बारे में कुछ भी बताने से इन्कार कर रहे हैं ।

**दुकानदार की हत्या**

अमृतसर (वि.प्र.): 4 उग्रवादियों ने जिले के अजनाला उपमंडल के कमालपुर गांव में कल रात 7.30 बजे एक दुकानदार चमन लाल को गोली मार कर मार डाला ।

पुलिस के अनुसार हत्यारे पैदल ही आए थे और एक स्कूटर पर भाग निकलने में सफल रहे । तलाश जारी है । 2 हत्यारों के पास 303 की राइफलें और 2 अन्य के पास 12 बोर की बंदूकें थीं । चमन

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# केंद्र ने पंजाब में सख्त कदम उठाये तो गंभीर परिणाम होंगे : बादल

जालन्धर, 12 नवम्बर (वार्ता): पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री और अकाली दल (बादल) के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बादल ने आज चेतावनी दी कि यदि केन्द्र सरकार ने राज्य में पुनः ज्यादती वाले कदम उठाए तो इसके गम्भीर परिणाम होंगे और पंजाब की स्थिति कभी न सुधरने की हालत में पहुंच जाएगी । उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह, पंजाब के राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे और पंजाब पुलिस प्रमुख जे.एफ. रिबैरियो के हाल के कड़े वक्तव्यों से पंजाब में सख्त कदम उठाए जाने की तैयारी के संकेत मिलते हैं ।

उन्होंने आशंका व्यक्त की कि सरकार पंजाब में सेना भेज सकती है और गांवों और नगरों को सील करके तलाशियों का सिलसिला भी शुरू हो सकता

दोनों असंतुष्ट अकाली नेता शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के आगामी चुनावों के सिलसिले में राज्य व्यापी सम्पर्क अभियान के तहत यहां आए थे । श्री बादल ने कहा कि ये चुनाव बरनाला सरकार के शासन के दौरान स्वर्ण मन्दिर परिसर में गत 30 अप्रैल को पुलिस प्रवेश जैसे बुनियादी मुद्दों को लेकर लड़े जाएंगे । यह लड़ाई पंजाब में गुरुद्वारों की पवित्रता खंडित करने वालों और उसे अक्षुण्ण रखने वालों के बीच होगी ।

**बादल कोहाड़ से मिले**

क. के अनुसार बागी अकाली दल के नेता श्री प्रकाश सिंह बादल आज कथित उग्रवादी तरसेम सिंह कोहाड़ से जेल में मिलने भी गए ।

# एक परिवार के तीन सदस्यों सहित सात लोगों की हत्यायें

## रिबैरियो पर हमले के षड्यंत्र में पी.ए.पी. का घायल सिपाही कुलवंत सिंह बंदी

## 'तत खालसा' का कथित जनरल पिपल सिंह मंड क्षेत्र में गिरफ्तार

**चंडीगढ़, 12 नवम्बर (यू.): उग्रवादियों ने पंजाब में एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित 7 लोगों की हत्या कर दी और पुलिस ने उग्रवादी संगठन 'तत खालसा' के स्वयंभू जनरल पिपल सिंह को मंड क्षेत्र के बीहड़ों में गिरफ्तार कर लिया ।**

### 3 लोगों की हत्याएं

उग्रवादियों ने आज रात्रि कपूरथला शहर के सुखपुर मोहल्ले में एक परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी जिनमें एक व्यक्ति, उसकी पत्नी व बेटा शामिल हैं । संदेह था कि वह पुलिस का मुखबिर है । हमलावरों में सुखदेव सिंह उर्फ सुक्खा तथा एक अन्य मफरूर उग्रवादी सहित पांच उग्रवादी शामिल थे । घटना में उसकी भतीजी घायल हो गई ।

पता चला है कि सरवाल में आज शाम 7:30 बजे के लगभग, भगौड़ा आतंकवादी सुक्खा अपने साथियों सहित सरपंच मुखत्यार सिंह के घर पुलिस की वर्दी में आया तथा गोलियां चला कर सरपंच की घटनास्थल पर ही हत्या कर दी ।

रघुनाथ के अनुसार दूसरे मफरूर उग्रवादी का नाम बोहर सिंह था । सुक्खा व बोहर दोनों इसी क्षेत्र के उग्रवादी हैं । यह वारदात सरूपवाल में हुई ।

एक सूचना में कहा गया कि यह वारदात सुखपुर में हुई जबकि दूसरी सूचना के अनुसार यह वारदात सरूपवाल में हुई । हमलावर उग्रवादी पुलिस वर्दी में थे ।

यह भी समाचार है कि सरपंच के घर से भी जवाबी फायरिंग की गई । आखिरी सूचना मिलने तक फायरिंग जारी थी । सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना हो गई ।

आज ही 5 उग्रवादियों ने तरनतारन के ग्राम रोडीपाल में कुलवंत सिंह की हत्या कर दी ।

डेरीवाल गांव में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने एक हैडमास्टर धर्मपाल की हत्या कर दी ।

अजनाला उपमंडल के कमालपुर गांव में कल रात चमन लाल नामक दुकानदार की हत्या कर दी गई । अमृतसर के कचहरी रोड पर एक गैस एजेंसी लूट ली गई । एक शिक्षक का स्कूटर छीन लिया गया और एक डाक्टर का स्कूटर चोरी हो गया ।

सिटी कोतवाली के बाहर संदिग्धावस्था में घूमते हुए दो संदिग्ध उग्रवादी तथा अजनाला में सिख छात्र संघ का एक वर्कर गिरफ्तार किए गए हैं ।

पुलिस महानिदेशक जे.एफ. रिबैरियो पर हमले के दौरान घायल हुए पी.ए.पी. के जवान कुलवंत सिंह को षड्यंत्र में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है ।

### पिपल सिंह पकड़ा गया

अमृतसर (वार्ता): कथित उग्रवादी संगठन तत खालसा के स्वयंभू जनरल पिपल सिंह को सुरक्षा बलों ने कल गिरफ्तार कर लिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों ने पिपल सिंह को ब्यास नदी के क्षेत्र के बीहड़ों के मंड इलाके में पकड़ा । सूत्रों ने कहा कि खूंखार आतंकवादी सरगना सुखदेव सिंह सखीरा के छह महीने पूर्व गुटों की लड़ाई में मारे जाने के बाद पिपल सिंह ने इस गिरोह की कमान सम्भाल ली थी लेकिन हमारे प्रतिनिधि 'अशोक सोनी' के अनुसार पता चला है कि वैरोवाल थानांतर्गत गांव भैल में कल दोपहर एक पुलिस पार्टी के साथ मुठभेड़ के बाद पिपल सिंह भाग निकला । विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार कल एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में एक पुलिस पार्टी भैल गई और पिपल सिंह के 'शरणस्थल' को घेर लिया । सूत्रों के अनुसार पुलिस पर फायरिंग शुरू होने के बाद जवाबी फायरिंग शुरू की गई । इसी दौरान पिपल सिंह और उसके 3 साथी भाग निकलने में सफल हो गए । कहा जाता है कि पिपल सिंह के साथ भागने वालों में एक सरपंच भी शामिल है । पुलिस अधिकारी इस बारे में कुछ भी बताने से इन्कार कर रहे हैं ।

### दुकानदार की हत्या

अमृतसर (वि.प्र.): 4 उग्रवादियों ने जिले के अजनाला उपमंडल के कमालपुर गांव में कल रात 7.30 बजे एक दुकानदार चमन लाल को गोली मार कर मार डाला ।

पुलिस के अनुसार हत्यारे पैदल ही आए थे और एक स्कूटर पर भाग निकलने में सफल रहे । तलाश जारी है । 2 हत्यारों के पास 303 की राइफलें और 2 अन्य के पास 12 बोर की बंदूकें थीं । चमन

(शेष पृष्ठ 8 पर)

## केंद्र ने पंजाब में सख्त कदम उठाये तो गंभीर परिणाम होंगे : बादल

जालन्धर, 12 नवम्बर (वार्ता): पंजाब के भूतपूर्व मुख्यमंत्री और अकाली दल (बादल) के अध्यक्ष प्रकाश सिंह बादल ने आज चेतावनी दी कि यदि केन्द्र सरकार ने राज्य में पुनः ज्यादती वाले कदम उठाए तो इसके गम्भीर परिणाम होंगे और पंजाब की स्थिति कभी न सुधरने की हालत में पहुंच जाएगी । उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री बूटा सिंह, पंजाब के राज्यपाल सिद्धार्थ शंकर रे और पंजाब पुलिस प्रमुख जे.एफ. रिबैरियो के हाल के कड़े वक्तव्यों से पंजाब में सख्त कदम उठाए जाने की तैयारी के संकेत मिलते हैं ।

उन्होंने आशंका व्यक्त की कि सरकार पंजाब में सेना भेज सकती है और गांवों और नगरों को सील करके तलाशियों का सिलसिला भी शुरू हो सकता है ।

श्री बादल ने कहा कि यात्री रेल गाड़ियों के रद्द किए जाने और पंजाब में सेना की कथित हलचल से राज्य में एक अनिश्चितता का वातावरण बन गया

दोनों असंतुष्ट अकाली नेता शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक समिति के आगामी चुनावों के सिलसिले में राज्य व्यापी सम्पर्क अभियान के तहत यहां आए थे । श्री बादल ने कहा कि ये चुनाव बरनाला सरकार के शासन के दौरान स्वर्ण मन्दिर परिसर में गत 30 अप्रैल को पुलिस प्रवेश जैसे बुनियादी मुद्दों को लेकर लड़े जाएंगे । यह लड़ाई पंजाब में गुरुद्वारों की पवित्रता खंडित करने वालों और उसे अक्षुण्ण रखने वालों के बीच होगी ।

### बादल कोहाड़ से मिले

क. के अनुसार बागी अकाली दल के नेता श्री प्रकाश सिंह बादल आज कथित उग्रवादी तरसेम सिंह कोहाड़ से जेल में मिलने भी गए ।



Punjabi Sanatani

## उग्रवादियों द्वारा हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

लाल को दो गोलियां लगीं और वह मौका पर ही दम तोड़ गया । मृतक की आयु 65 वर्ष की थी ।

**गैस एजैंसी लूटी**

बाद दोपहर पौने तीन बजे कचहरी रोड पर रवि गैस एजैंसी से 3 सशस्त्र उग्रवादियों ने 2 लाख रुपए लूट लिए । इस एजैंसी में केवल लड़कियां काम कर रही थीं । लुटेरों के पास पिस्तौल थे ।

**डाक्टर का स्कूटर चोरी**

'अ.सो.' के अनुसार आज प्रातः सिविल अस्पताल के चिल्ड्रन वार्ड के स्टैंड पर खड़ा एक स्कूटर नं. एच.आर.ई. 1995, जो अस्पताल के डा. सुरेंद्र शर्मा का था, चोरी हो गया । ड्यूटी के बाद डाक्टर जब अपना स्कूटर लेने स्टैंड पर आया तो इसे नदारद पाया ।

**मुख्य अध्यापक की हत्या**

दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने अमृतसर जिले के गांव डेरीवाल में आज सायं 5.30 बजे एक स्कूल अध्यापक श्री धर्मपाल की हत्या कर दी । प्राप्त समाचारों के अनुसार ये उग्रवादी बाद में स्कूटर पर सवार होकर भाग गए । इस सम्बन्ध में थाना मेहता पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है व अभियुक्तों की खोज के लिए पुलिस को सतर्क कर दिया गया है ।

एक अन्य समाचार के अनुसार मृत अध्यापक स्कूल का मुख्य अध्यापक था ।

**ठेका लूटा**

बाबा बकाला से प्रेम मेहरा के अनुसार कल रात यहां से कुछ दूर गांव ठठियां में तीन पिस्तौलधारी युवकों, जिन्होंने चादरें लपेटी हुई थीं, ने एक शराब का ठेका लूट लिया । पुलिस के पास दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार ये व्यक्ति ठेके में काम करने वाले एक नौकर से 726 रुपए लेकर फरार हो गए । एक जानकारी के अनुसार ये तीनों लाल रंग की मारुति कार में आए, जो बाद में संदिग्ध अवस्था में घूमती देखी गई ।

**शिक्षक से स्कूटर छीना**

बुध सिंह वाला के निकट मोगा-चड़िक रोड पर 2 सशस्त्र उग्रवादियों ने शिक्षक का स्कूटर छीन लिया ।

**आटो रिक्शा चालक का शव मिला**

राजासांसी हवाई अड्डे के निकट झाड़ियों में आज सायं एक आटो रिक्शा चालक 26 वर्षीय मंजीत सिंह का शव रहस्यपूर्ण परिस्थितियों में पड़ा मिला जिसके शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं, लेकिन उसके मुंह और नाक से खून बह रहा था । शव से पहले पुलिस को आटो रिक्शा अमृतसर-अजनाला रोड पर कम्बोज गांव के निकट पड़ी मिली । मंजीत के पिता ने आज प्रातः पुलिस के पास रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका बेटा रात को घर नहीं लौटा । कल कुछ सवारियां मंजीत को राजासांसी हवाई अड्डे तक जाने के लिए कह कर ले गई थीं । पुलिस को आशंका है कि मंजीत की गला घोंट कर हत्या की गई । अब इस बात की जांच की जा रही है कि कहीं इसके पीछे उग्रवादियों का हाथ तो नहीं है ।

**2 संदिग्ध उग्रवादी बंदी**

अमृतसर सिटी कोतवाली के बाहर संदिग्धावस्था में घूम रहे 2 संदिग्ध उग्रवादियों वरयाम सिंह और अलगेर सिंह को गिरफ्तार करके उनसे .315 बोर की पिस्तौल और कारतूस बरामद किए । अजनाला पुलिस ने सिख छात्र संघ के कार्यकर्ता गुरबख्श सिंह को उग्रवादियों के साथ सम्बन्धों की आशंका में गिरफ्तार किया है ।

**रिबैरियो हत्या षड्यंत्र में एक और बंदी**


जालन्धर (क.): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे. एफ. रिबैरियो पर 3 अक्तूबर की प्रातः पी.ए.पी. परिसर जालन्धर में 6 जीप सवार उग्रवादियों द्वारा हमला की साजिश के सिलसिले में पुलिस ने पी.ए.पी. के एक हैड कांस्टेबल कुलवंत सिंह को कल सायं गिरफ्तार कर लिया । यहां यह बात विशेष उल्लेखनीय है कि कुलवंत सिंह को भी उपरोक्त उग्रवादियों ने उसी समय गोली मारी थी जब वह आफीसर्ज मैस के गेट पर ड्यूटी पर तैनात था । अब पता चला है कि कुलवंत सिंह भी उपरोक्त साजिश सम्बन्धी बैठकों में शामिल होता रहा और उसे इस हमले के पूरे कार्यक्रम की जानकारी थी । घायल होने के बाद कुलवंत सिंह सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया था और अब वह स्वस्थ है । पुलिस ने आज उसे अदालत में पेश किया, जिसने उसे ज्यूडीशियल हवालात में भेज दिया ।

सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार इस साजिश में शामिल पी.ए.पी. व पुलिस कर्मियों ने परिसर की निकट की आबादी बेअंत नगर के गुरुद्वारा में श्री रिबैरियो की हत्या करने का प्रण लिया था । इससे पूर्व एक सब इंस्पैक्टर गुरबचन सिंह समेत पांच पुलिस कर्मी इस साजिश के सम्बन्ध में गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जिन में से दो वह पी.ए.पी. कर्मी शामिल हैं, जो हमला करने वालों में शामिल थे, दो अन्य हमलावर पुलिस कर्मी अभी फरार हैं ।

**2 दिन के लिए दोहरी सवारी की छूट**

जालन्धर के जिला मैजिस्ट्रेट एस.सी. अग्रवाल ने 15 तथा 16 नवम्बर को श्री गुरुनानक देव जी के गुरुपर्व के दृष्टिगत साढ़े 3 हार्स पावर या इससे अधिक क्षमता के मोटर साईकलों को छोड़कर अन्य दोपहिया वाहनों पर 2 दिन के लिए रात 12 बजे तक दोहरी सवारी की छूट दी है ।

Punjabi Sanatan



जिला कपूरथला के गांव अल्ली कलां में बुधवार की रात को उग्रवादियों के हाथों मारा गया (1) सरपंच मुख्त्यार सिंह(इनसैट), (2) लड़का बलकार सिंह, (3) पत्नी बावी, (4) घायल लड़की बलबीर कौर, (5) विलाप करते हुए मुखत्यार सिंह के अंधे मां-बाप, रिश्तेदार और पृष्ठभूमि में (x) उस कमरे का दरवाजा जहां बलकार सिंह की हत्या की गई (6) कमरे में बलकार का बहा खून । (छाया : चोपड़ा)

# उग्रवादियों द्वारा दोधी और ग्रन्थी की हत्या : सुरक्षा बलों ने आठ पकड़े

## बटाला क्षेत्र में आरक्षी दलों से मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादियों की पहचान

## पाकिस्तान से प्रशिक्षण प्राप्त करके लौटे थे

चंडीगढ़, 16 नवम्बर (प्रै., भा., यू. वा.): पंजाब में उग्रवादियों ने कपूरथला जिले में गौरा गांव के निकट एक दूध विक्रेता प्रेम कुमार उर्फ पम्मा की हत्या कर दी । जिला अमृतसर के गांव सोहवां में एक अज्ञात निहंग ने एक गुरुद्वारे के ग्रंथी धर्म सिह की हत्या कर दी । जालंधर-नकोदर मार्ग पर दो स्कूटर सवार सशस्त्र लुटेरों ने कल शाम एक व्यक्ति से 10,739 रुपए लूट लिए । इन्हीं लुटेरों ने बाद में कांग साबू गांव में एक शराब के ठेके से 1800 रुपए भी लूट लिए ।

भटिंडा में पुलिस ने छः संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर उनसे हथियार व गोला बारूद बरामद किए हैं । इन पर संगरूर जिले में दो महंतों की हत्या में संलिप्त होने का संदेह है ।

कल बटाला थाना सदर के गांवों तारागढ़ और भुल्लर के निकट सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए चारों संदिग्ध उग्रवादियों की पहचान हो गई है ।

**दोधी की हत्या**

कपूरथला (शर्मा): यहां से लगभग छः किलोमीटर दूर कपूरथला-खुखरैन सड़क पर आज सुबह लगभग 7.30 बजे तीन हथियारबंद आतंकवादियों ने गांवों से स्कूटर पर दूध लेकर आ रहे एक दोधी 24 वर्षीय श्री प्रेम कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि मृतक प्रेम कुमार सुबह लगभग 7.30 बजे स्कूटर पर दूध लेकर कपूरथला शहर की ओर आ रहा था कि सड़क पर तीन आतंकवादियों, जिनमें दो सिख तथा एक क्लीन शेवन युवक थे, ने इशारे से रोका । श्री प्रेम कुमार द्वारा स्कूटर रोकते ही नजदीक से उसके सर में दाएं ओर से गोली मारी, जोकि बाईं ओर निकल गई और प्रेम कुमार घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया ।

हत्या की सूचना मिलते ही भारी संख्या में शहर के लोग घटनास्थल पर पहुंचने शुरू हो गए । पुलिस अधिकारी भी भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए । यह बताया गया कि आतंकवादी प्रेम कुमार को गोली मारने के पश्चात् पैदल ही खेतों से होते हुए गांव घुग की ओर गए । पुलिस पार्टियां खोजी कुत्तों के साथ सुराग लगाने की कोशिश कर रही हैं । मृतक प्रेम कुमार के अभिभावक पहले गांव खुखरैन में रहते थे । प्रेम कुमार नगर में एक हंसमुख तथा मिलनसार युवक था । इसलिए नगर तथा क्षेत्र में उसकी हत्या से शोक छा गया । खुली दुकानें बंद हो गईं । इससे कुछ सप्ताह पहले इसी सड़क पर शाम के समय तीन नवयुवकों ने कृपाणों से एक नौजवान दोधी श्री राजेंद्र कुमार की हत्या कर दी थी । हत्यारों का अभी तक सुराग नहीं मिला है । बताया जाता है कि कुछ दिनों से आतंकवादी सुलतानपुर लोधी के क्षेत्र में कई वारदातें कर चुके हैं ।

बताया जाता है कि उग्रवादी प्रेम कुमार की वहां प्रतीक्षा कर रहे थे ।


**मुठभेड़ में मृत उग्रवादियों की पहचान**

बटाला (कोछड़): गत दिन स्थानीय थाना सदर

(शेष पृष्ठ 8 पर)








...ते आतंकवादियों ने गोली मार कर नौजवान दोधी प्रेम कुमार उर्फ पम्मा की हत्या कर दी । 2


## निर्दोषों की हत्याए... सभी पार्टियां आगे...













कपूरथला के निकट मौजा खुखराहन में रविवार को आतंकवादियों ने गोली मार कर नौजवान दोधी प्रेम कुमार उर्फ पम्मा की हत्या कर दी । 2. प्रेम कुमार की लाश के पास उसकी मां दिल दहला देने वाला विलाप करते हुए । 3. प्रेम कुमार का पुराना चित्र । 4. मृतक प्रेम कुमार के घर के बाहर लोगों की भीड़ ।
(छाया : चोपड़ा)





चरणजीत ने पूछताछ के दौरान अपने पास 12 बोर का एक देसी पिस्तौल और दो कारतूस भी स्वीकार किए हैं । पुलिस ने शस्त्र एक्ट में केस दर्ज कर लिया है ।

## उग्रवादी पुलिस

अमृतसर (अशोक): जालन्धर में गत दिवस पुलिस द्वारा महिलाओं पर किए गए अत्याचारों की यहां के कई संगठनों ने निंदा की है । राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की प्रचार मंत्री श्रीमती लक्ष्मी कांता चावला ने जालन्धर की गलियों में घुस कर पुलिस द्वारा महिलाओं से किए गए अभद्र व्यवहार करने वाली पुलिस को उग्रवादी पुलिस का नाम दिया है । उन्होंने मांग की है कि उग्रवादियों की सहायक ऐसी पुलिस की तुरन्त स्क्रीनिंग होनी चाहिए ।

ए.बी.वी.पी. के श्री कृष्ण चोपड़ा ने जालन्धर कांड को पुलिस की साम्प्रदायिक्ता का नंगा नाच बताया । उन्होंने कहा कि पुलिस का महिलाओं से अभद्र व्यवहार अशोभनीय ही नहीं बल्कि असहनीय भी है । उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को समय रहते ही नकेल डालनी चाहिए क्योंकि ऐसे तत्वों के कारण ही परिस्थितियां विस्फोटक होती जा रही हैं ।

## इंका नेता की हत्या पर केस दर्ज

फिरोजपुर (बागी): फिरोजपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आर.एस. चालिया ने बताया कि तलवंडी भाई के ब्लाक इंका प्रधान सम्पूर्ण सिह की हत्या के आरोप में पुलिस ने तरसेम सिह पुत्र अजीत सिह, हरदयाल सिह पुत्र हरबंस सिह और सुरेन्द्र पालसिह पुत्र वकील सिह के विरुद्ध केस दर्ज किया है ये सभी तीनों फरार हैं । श्री चालिया ने बताया कि तलवंडी भाई फायरिंग में एक अन्य व्यक्ति सिरी राम भी घायल हुआ था । उन्होंने कहा कि यह घटना आपसी शत्रुता का परिणाम है ।

'भाषा' के अनुसार प्राप्त समाचारों के अनुसार फिरोजपुर में आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के एक कार्यकर्ता सहित तीन व्यक्तियों को श्री सम्पूर्ण सिह की हत्या के आरोप में पकड़ा गया है, एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि श्री सम्पूर्ण सिह की हत्या में चार व्यक्तियों के शामिल होने का संदेह है ।

## उग्रवादी 'पासपोर्ट स्कैंडल' अधिकारी की खोज

केन्द्रीय जांच ब्युरो क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय चंडीगढ़ के जनसम्पर्क अधिकारी त्रिलोचन सिह की अभी तलाश कर रहा है । चार संदिग्ध आतंकवादियों को जारी किए गए पासपोर्ट से सम्बन्धित फाइलों के लापता होने के बाद सहायक क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी एस.एस. काहलों के यहां छापा मारा गया था । काहलों के यहां से 7.15 लाख रुपए नकद, आभूषण तथा अन्य सम्पत्ति बरामद हुई थी । जांच ब्यूरो ने श्री काहलों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था । इसके बाद अब जनसम्पर्क अधिकारी के विरुद्ध भी मामला दर्ज किया गया है ।

जांच ब्यूरो के सूत्रों ने बताया कि पासपोर्ट कार्यालय के एक लिपिक के.एस. सिक्का को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया है । पासपोर्ट कार्यालय के रिकार्ड सैक्शन के इंचार्ज और सहायक रिकार्ड पालक को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया ।

जांच ब्यूरो के सूत्रों ने बताया कि काहलों से चंडीगढ़ में पूछताछ की जा रही है । जनसम्पर्क अधिकारी त्रिलोचन सिह के बारे में अभी तक कुछ भी पता नहीं चला है । यह अधिकारी पंजाब के एक भूतपूर्व मंत्री का पुत्र है ।

# जंडियाला में दुकानदार की हत्या : धारीवाल में मिल वर्करों पर फ़ायरिंग : 1 मरा, 4 घायल

## गुरदासपुर में छात्रों के 2 ग्रुपों में भिड़न्त : कोटकपूरा में पटवारी पर हमला

चंडीगढ़, 18 नवम्बर (प्रै.यू., वा.): संदिग्ध आतंकवादियों ने पिछले 24 घंटों में पंजाब में दो व्यक्तियों की हत्या कर दी । ये हत्याएं जिला गुरदासपुर तथा अमृतसर में की गई । गुरदासपुर जिले में धारीवाल की घटना में 4 व्यक्ति घायल हो गए ।

गुरदासपुर में दो समुदायों के छात्रों के मध्य मुठभेड़ हो जाने के बाद जिला में कालेज 22 नवम्बर तक बंद कर दिए गए ।

बटाला में एक सोए हुए व्यक्ति की हत्या कर दी गई जबकि कोटकपूरा में पटवारी पर घातक हमला किया गया ।

5 सदस्यीय पंथक कमेटी ने पुलिस मुकाबले बंद न होने पर मुक्तसर जैसे कई कांड करने की धमकी दी है ।

जालन्धर जिला के एक गांव में एक सहकारी बैंक में से 21 हजार रुपए लूट लिए गए ।

### मिल मजदूर की हत्या

गुरदासपुर (विनोद): गत रात धारीवाल थाने के गांव पीरसैन के निकट आतंकवादियों ने गोली मार कर एक मिल मजदूर की हत्या कर दी तथा चार अन्य को घायल कर दिया । ज्ञात हुआ है कि गत रात धारीवाल वूलन मिल की 12 बजे की शिफ्ट में काम करने वाले 9 मजदूर नहर के किनारे साइकलों पर जा रहे थे कि गांव पीरसैन के निकट तीन-चार व्यक्तियों, जिनके पास रिवाल्वर तथा स्टेनगन थी, ने उन्हें रोका तथा कहा कि जो सिख हैं वे नहर की ओर चले जाएं तथा हिन्दू खड़े रहें । इस पर एक मजदूर ने कहा कि वे सभी सिख हैं तो उन्होंने गोली चला दी जिससे 45 वर्षीय बचन सिंह, जो कि गांव झोहर का निवासी था, की मृत्यु हो गई तथा पाल सिंह, अजीत सिंह, हरदयाल सिंह तथा बलवन्त सिंह घायल हो गए ।

पुलिस के अनुसार इस सम्बन्ध में 8 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है ।

पुलिस अधीक्षक श्री विरदी ने बताया कि पूरे क्षेत्र की नाकेबंदी कर दी गई है तथा आक्रमणकारियों की बड़े पैमाने पर तलाश की जा रही है । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है ।

### वर्करों द्वारा प्रदर्शन

प्रै.ट्र. के अनुसार धारीवाल में इस घटना से तनाव उत्पन्न हो गया तथा वर्करों ने प्रदर्शन करके मांग की कि रात को ड्यूटी देने वाले वर्करों को पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए ।

### गुरदासपुर में कालेज 22 तक बंद

अखिल भारतीय सिख छात्र संघ तथा शिव सेना के कार्यकर्त्ताओं में मुठभेड़ के कारण शहर में तनाव व्याप्त हो गया है । स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी कालेज तथा आई.टी.आई. 22 नवम्बर तक बंद रखने के आदेश दिए हैं ।

### छात्र नेता की पिटाई

ज्ञात हुआ है कि स्थानीय सरकारी कालेज में आज सिख छात्र संघ के कार्यकर्त्ता जालन्धर में हुई युवक की हत्या के दृष्टिगत हड़ताल करना चाहते थे जिसका दूसरे समुदाय के छात्रों ने विरोध किया । इस पर सिख छात्र संघ ने दूसरे समुदाय के छात्र नेता प्रवेश कुमार की पिटाई कर दी । कालेज में तो प्रोफैसरों ने बीच-बचाव कर दिया परन्तु बाहर जाकर पुलिस स्टेशन चौक पर दोनों समुदाय के छात्रों में जम कर लड़ाई हुई । इस लड़ाई में दो छात्र घायल भी हुए हैं । प्रशासन द्वारा स्थिति का जायजा लिया जा रहा है ।

### सोए व्यक्ति की हत्या

बटाला (प्रै.): गत रात्रि यहां अमृतसर-जालन्धर बाईपास पर एक व्यक्ति, जो कि अपने पोल्ट्री फार्म पर सो रहा था, की कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने तेज धार हथियारों से हत्या कर दी । मृतक का नाम सेवा सिंह बताया गया है । हत्या का कारण निजी दुश्मनी बताई गई है । केस दर्ज हो गया है परन्तु कोई गिरफ्तारी नहीं की जा सकी ।

## जालन्धर में बैंक लुटा : पंथक कमेटी द्वारा हत्याओं की धमकी

### 5 आतंकवादी पकड़े गए

मुक्तसर (बर्दी): जिला फरीदकोट पुलिस ने 5 आतंकवादी गिरफ्तार किए हैं । एस.एस.पी. श्री राजन गुप्ता ने आज पत्रकारों को बताया कि गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों के नाम इस प्रकार हैं : बलबीर सिंह, लखबीर सिंह, गुरचरण सिंह, पिपल सिंह रोड़ांवाली और जोगिन्द्र सिंह नानक नगरी मलोट । श्री गुप्ता ने बताया कि इन आतंकवादियों से 5 पिस्तौल, चोरी की हुई एक बंदूक तथा बहुत से कारतूस बरामद किए गए हैं । इन लोगों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने मुक्तसर का पैट्रोल पम्प लूटा था तथा एक बंदूक चोरी की थी ।

पैट्रोल पम्प से लूटी गई नकदी तथा स्कूटर भी उनसे बरामद कर लिए गए हैं । इन आतंकवादियों ने यह भी स्वीकार कर लिया है कि उन्होंने हरियाणा में भी लूटमार की चार वारदातें की थीं । इसके अतिरिक्त मलोट में भी एक वारदात की थी ।

### पटवारी पर हमला

कोटकपूरा (गर्ग): गत रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने स्थानीय डेरी वाला रोड पर एक पटवारी सोमदत्त को तेज धार हथियार से हमला करके गम्भीर रूप से घायल कर दिया । प्राप्त विवरण के अनुसार रात लगभग दो बजे यह लोग सोमदत्त के मकान की दीवार फांद कर अन्दर आ गऐ तथा उस पर तलवारों, गंडासों से हमला कर दिया । सोमदत्त निरंकारी बताया जाता है । आक्रमणकारी साइकल पर आए थे और साइकल व

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# रुपये के अवमूल्यन का कोई प्रस्ताव नहीं : वी.पी. सिंह

नई दिल्ली, 18 नवम्बर (वार्ता): सरकारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई 1986 तक वार्षिक थोक मूल्य सूचकांक की तुलना में औद्योगिक श्रमिकों का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक दुगना बढ़ा है ।

राज्यसभा में आज कृष्ण कुमार बिडला के एक प्रश्न के उत्तर में वित्त मन्त्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि थोक मूल्य सूचकांक 4.4 प्रतिशत बढ़ा जबकि उपभोक्ता सूचकांक 8.6 प्रतिशत बढ़ा है ।

श्री सिंह ने कहा कि रुपए की कीमत पिछले तीन वर्षों से लगातार घट कर 14.97 पैसे (आधार वर्ष 1960) रह गई है । जुलाई 1986 को रुपए की कीमत में वार्षिक घटोत्तरी 7.9 प्रतिशत थी जो कि इससे पिछले वर्ष से दुगनी है लेकिन उन्होंने रुपए के अवमूल्यन की सम्भावना रद्द कर दी और कहा कि अवमूल्यन का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

श्री सिंह ने बताया कि सरकार मूल रूप से आवश्यकता के अनुरूप आपूर्ति का प्रबन्ध कर महंगाई रोकने की नीति पर चल रही है । साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली को ज्यादा से ज्यादा विस्तृत और प्रभावी बनाने की कार्यवाही की जा रही है ।

उन्होंने कहा कि देश की अर्थ-व्यवस्था में अत्यधिक मुद्रा प्रसार को कम करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं ताकि मुद्रा उपलब्धि और उत्पादन में तालमेल रहे ।

दूसरी तरफ कृत्रिम कमी कर मुनाफाखोरी करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं ।

श्री सिंह ने बताया कि उद्योगों को, जो उत्पाद शुल्क में रियायत का लाभ उपभोक्ताओं को देने की गारंटी दे, उत्पादन शुल्क में राहत देने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

वित्त राज्यमन्त्री श्री पुजारी ने एक अन्य प्रश्न



सुरक्षित हाथों में : भाभा परमाणु अनुसंधान केन्

**काहलों का बयान**

'सोनी' के अनुसार एस.पी. सिटी श्री हरकिशन सिंह काहलों ने बताया कि जिला अमृतसर में थाना जंडियाला के गांव में सतपाल की हत्या करने वाले आतंकवादी पैदल ही आए और पैदल ही चले गए। अमृतसर के डैंटल अस्पताल के निकट रिक्शा चालक शिंगारा सिंह की लाश मिली थी। उसकी लोहे के सरिए मार कर हत्या की गई है। इस संबंध में एक व्यक्ति देवी प्रसाद ने पुलिस में रपट की है कि शिंगारा सिंह अपना काम खत्म करने के बाद उसके पास ही रहा करता था। तीन व्यक्तियों पप्पू, देसा तथा मोना ने लोहे के सरिए मार कर उसकी हत्या कर दी। इसका कारण यह है कि एक दिन पहले मृतक तथा अभियुक्तों के मध्य शराब पीते हुए झगड़ा हो गया था। एक तांगा चालक गुलजार सिंह की रपट पर थाना लोहारी दरवाजा में मुकद्दमा दर्ज हुआ है जिसने अपने बयान में कहा है कि उसने कल रात 11 बजे के लगभग एक व्यक्ति की लाश पड़ी हुई देखी जिसके माथे पर गहरा घाव था तथा खून बह रहा था। मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी।

Punjabi Sahit...

# उग्रवादियों द्वारा सी.आर.पी. के सब-इंस्पैक्टर व तीन जवानों की हत्या

## कई जगह लूटपाट, जोगेन्द्र गुट का अकाली नेता देशद्रोह में बंदी, अमृतसर के कालेज आज बंद

# एक हत्या, इंका नेता घायल, 2 घुसपैठिये मरे

**चंडीगढ़, 19 नवम्बर (यू.): उग्रवादियों ने आज रात्रि अमृतसर जिले में सी.आर.पी. के एक सब इंस्पैक्टर व तीन जवानों की घात लगाकर हमला करके हत्या कर दी, कल रात्रि भी अमृतसर जिले में एक व्यक्ति की हत्या कर दी, खेमकरण सैक्टर में दो घुसपैठिए मुठभेड़ में मारे गए । आज रात्रि ही अमृतसर जिले में एक इंका नेता को गोली मारकर घायल कर दिया गया, कई जगह लूटपाट, हमलों की वारदातें हुईं, जोगेंद्र धड़े के एक अकाली नेता बलदेव सिंह बराड़ को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया । अमृतसर के सभी कालेज कल वीरवार को बंद रहेंगे ।**

**सी.आर.पी. कर्मियों की हत्या**

अमृतसर (दीपक शर्मा): आज रात्रि 8.15 बजे तरनतारन के पास ग्राम शेरों में उग्रवादियों ने घात लगाकर हमला करके सी.आर.पी. की 29 बटालियन के एक सब-इंस्पैक्टर तथा तीन सिपाहियों की हत्या कर दी और एक नायक को घायल करके उनकी तीन राइफलें व पिस्तौलें लेकर फरार हो गए ।

मृतकों में सब-इंस्पैक्टर किशन लाल, सिपाही सर्वश्री धर्मवीर, के.डी. नायर, जे.सी. कालीख्याल शामिल हैं । घायल नायक का नाम डी.एल. साबूकार बताया गया है ।

सरकारी सूत्रों ने आज रात्रि बताया कि ग्राम शेरों की बंगाली बस्ती में कुछ अत्याधुनिक हथियारों से लैस उग्रवादी छिपे हुए थे । जैसे ही गश्ती टुकड़ी वहां पहुंची उग्रवादियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । सब-इंस्पैक्टर किशन लाल, सिपाही धर्मवीर, के.डी. नायर, जे.सी. कालीख्याल घटनास्थल पर ही मारे गए ।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अर्ध सैनिक बलों ने घटनास्थल को घेर लिया । खोजी कुत्ते भी लाए गए लेकिन उग्रवादियों का कोई भी सुराग नहीं मिला ।

यू.न्यू. के अनुसार घटना में 5 लोग मारे गये । सी.आर.पी. के सब-इंस्पैक्टर के अलावा मरने वाले तीनों जवान हैड कांस्टेबल थे ।

प्रै. ट्र के अनुसार सी. आर. पी. की यह पांच सदस्यीय टुकड़ी शेरों चौकी से नौशहरा पन्नुआं की ओर चली थी और जब शेरों ग्राम के बाहर निर्माणाधीन चीनी मिल के पास पहुंची तो वहां छिपे उग्रवादियों ने स्टेनगनों व थामसन गनों से उन पर अंधाधुंध फायरिंग की । हमला इतना अचानक था कि सी. आर. पी. के जवान जवाबी फायरिंग न कर सके ।

**इंका नेता को गोली मारी**

अमृतसर कांग्रेस (इ) के नेता तिलक राज गुप्ता को आतंकवादियों ने उनके गांव अजनाला में आज रात गोली मार कर घायल कर दिया ।

पुलिस के अनुसार श्री गुप्ता को अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उनकी हालत गम्भीर बताई जाती है । आक्रमणकारी भाग निकले ।

**दो घुसपैठिए मरे**

कल रात्रि अमृतसर के खेमकरण सैक्टर में बी. एस. एफ. से हुई मुठभेड़ में दो पाक घुसपैठिए मारे गए व तीन फरार हो गए । सीमा पार कर रहे सात बंगलादेशी नागरिक भी पकड़े गए ।

**आतंकवादियों द्वारा हत्या**

अमृतसर (सोनी) : अमृतसर जिला में गांव नारली थाना खालड़ा में गत रात्रि एक व्यक्ति गुरबाज सिंह की आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी जबकि अमृतसर में एक स्कूटर छीने जाने तथा गांव नौरंगाबाद में एक मकान लूटे जाने की भी सूचना है । (शेष पृष्ठ 10 पर)

# पाक को अमरीका से आवाक्स

## उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

एस.पी. सिटी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिला अमृतसर के गांव नारली थाना खालड़ा के एक व्यक्ति गुरबाज सिंह के घर गत रात्रि छः आतंकवादी गए जिनमें से चार घर के बाहर खड़े रहे जबकि दो घर का दरवाजा तोड़ कर अंदर घुस गए । उस समय करीब साढ़े सात बजे का समय था । बताया गया है कि जो आतंकवादी घर के अंदर घुसे थे उनमें से एक के हाथ में स्टेनगन तथा दूसरे के हाथ में पिस्तौल था । इन आतंकवादियों ने गुरबाज सिंह से उसकी लायसैंस-शुदा राइफल मांगी और गुरबाज सिंह के इंकार करने पर आतंकवादियों ने उसे गोलियां मार दीं जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । गुरबाज सिंह को गोलियां मार कर आतंकवादी फरार हो गए । आतंकवादी उसकी राइफल भी ले गए ।

गत शाम अमृतसर के घी मंडी क्षेत्र में डंडोक वीविंग फैक्टरी के बाहर खड़े फैक्टरी के मालिक श्री सुदर्शन कुमार और उनके लड़के वरिन्द्र कुमार, जो शाम के करीब सात बजे अपनी फैक्टरी से घर को जाने की तैयारी में थे, को दो आतंकवादी पिस्तौल दिखा कर उनका स्कूटर नम्बर पी.ए.ए. 1688 छीन कर ले गए । सुदर्शन कुमार स्थानीय ब्यूटी एवेन्यू के निवासी हैं ।

### जेवर, नकदी लूटी

एस.पी. कार्यालय की ही सूचना के अनुसार गत रात्रि 11.45 बजे जिला अमृतसर के गांव नौरंगाबाद थाना सदर तरनतारन में एक व्यक्ति मस्सा सिंह के घर में करीब एक दर्जन सशस्त्र लुटेरे आतंकवादी घुसे । इन आतंकवादियों के पास पिस्तौल व बंदूकें आदि थीं तथा उन्होंने मस्सा सिंह को डरा-धमका कर उसके घर से करीब चार तोले सोना और 11,500 रुपए लूट लिए ।

### कालेज 20 को बंद

जिला मैजिस्ट्रेट अमृतसर ने एक आदेश द्वारा बीस नवम्बर को जिला अमृतसर के सभी कालेज, आई.टी.आई., पालीटैक्निक व गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग बंद कर दिए हैं । यह आदेश विद्यार्थियों द्वारा कल ट्रैफिक जाम करने की घोषणा के दृष्टिगत जारी किए गए हैं ।

आज सायं आनगढ़ ग्राम में एक धर्मस्थल के बाहर देशद्रोही नारे लगाने में चार लोग– सुरेंद्र सिंह, दीदार सिंह, शंकर सिंह, बलदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया जिनसे पिस्तौल व छुरे आदि बरामद हुए ।

### पिपल सिंह को मार दिया ?

आज यहां आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन कार्यालय द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में फैडरेशन के जिला प्रधान गुरनाम सिंह घरयाला ने संदेह व्यक्त किया है कि पुलिस ने पिपल सिंह को गिरफ्तार करके उसे संदेहास्पद परिस्थितियों में मार दिया है । इस प्रैस विज्ञप्ति में धमकी दी गई है कि यदि एक महीने के अंदर पिपल सिंह के बारे में कुछ पता न चला तो फैडरेशन इस 'गुप्त मारू तरीके' के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगी । विज्ञप्ति में यह आरोप लगाया गया है कि पिपल सिंह को गिरफ्तार कराने में अमरीक सिंह निहंग का हाथ है ।

### 15 दिन के अन्दर चले जाओ वर्ना...

'कमलेश' के अनुसार गत शाम साढ़े छः बजे के लगभग तीन कथित उग्रवादियों, जिनके पास पिस्तौल और रिवाल्वर थे सुलतानविंड रोड पर



घसीटपुर पंचायत के सदस्य बचन सिंह चीफ, जिनकी गत दिनों उग्रवादियों ने हत्या कर दी । (छाया : पाल)

सरकार से मांग की है कि मृतक के परिवार को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए ।

### सिमरनजीत ने 7 हत्याएं की थीं

कपूरथला (शर्मा): एस.पी. कपूरथला श्री के.एल. लेखी ने बताया कि गत दिनों बटाला के नजदीक पुलिस मुकाबिला में मारा गया आतंकवादी सिमरनजीत सिंह कपूरथला पुलिस को 7 हत्याओं में वांछित था । श्री लेखी ने कहा कि 7 जून 1984 को प्रातः गांव नंगल लबाणा में तलवारों से लैस होकर आतंकवादी सिमरनजीत सिंह ने अपने दो भाइयों जगीर सिंह तथा इन्द्रजीत सिंह के साथ गांव के 7 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी थी । सिमरनजीत सिंह तथा जगीर सिंह पाकिस्तान भाग गए थे जबकि इन्द्रजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था । जब पाकिस्तान से प्रशिक्षण लेकर दोनों भाई अन्य आतंकवादियों के साथ वापिस आए तो पुलिस मुकाबिला में सिमरनजीत सिंह दो अन्य साथियों के साथ मारा गया । उसका भाई व अन्य कुछ लोग भाग गए । श्री लेखी ने बताया कि इस सूचना के आधार पर कि गांव सरूपवाला की तीन हत्याओं के बड़े दोषी बोहड़ सिंह तथा संतोष सिंह सुक्खा तथा अवतार सिंह ब्रह्मा अपने साथियों के साथ ब्यास नदी के एक टापू में छुपे हुए हैं, कपूरथला तथा अमृतसर जिलों की पुलिस ने सी.आर.पी. की सहायता से छापे मारे परन्तु सफलता नहीं मिली ।

### फगवाड़ा में कालेज बंद

फगवाड़ा (कौड़ा): जिला मैजिस्ट्रेट कपूरथला ने सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के ट्रैफिक जाम के आह्वान को देखते हुए कल 20 नवम्बर को फगवाड़ा में लड़कों के सभी कालेज, आई.टी.आई. तथा पालीटैक्नीक बंद रखने का आदेश दिया है । लड़कियों के कालेज खुले रहेंगे ।

### बराड़ गिरफ्तार

मोगा (वा): संयुक्त अकाली दल के महासचिव बलदेव सिंह बराड़ को देशद्रोह और विभिन्न समुदायों में विद्वेष फैलाने के आरोपों में थाना पुलिस ने गत सोमवार को गिरफ्तार कर लिया ।

विलम्ब से प्राप्त सूचना के अनुसार बराड़ को न्यायिक मैजिस्ट्रेट मोगा की अदालत में पेश किया गया जहां से उसे 22 नवम्बर तक के लिए रिमांड पर पुलिस हवालात में भेज दिया गया । इससे पहले बराड़ को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून में नजरबंद किया गया था लेकिन बाद में उसकी नजरबंदी रद्द कर दी गई ।

### पाक जासूस पकड़े

मलोट (गोयल): राजस्थान सीमा पर स्थित

को डरा-धमका कर उसके घर से करीब चार तोले सोना और 11,500 रुपए लूट लिए ।

**कालेज 20 को बंद**

जिला मैजिस्ट्रेट अमृतसर ने एक आदेश द्वारा बीस नवम्बर को जिला अमृतसर के सभी कालेज, आई.टी.आई., पालीटैक्निक व गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग बंद कर दिए हैं । यह आदेश विद्यार्थियों द्वारा कल ट्रैफिक जाम करने की घोषणा के दृष्टिगत जारी किए गए हैं ।

आज सायं आनगढ़ ग्राम में एक धर्मस्थल के बाहर देशद्रोही नारे लगाने में चार लोग– सुरेंद्र सिंह, दीदार सिंह, शंकर सिंह, बलदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया जिनसे पिस्तौल व छुरे आदि बरामद हुए ।

**पिपल सिंह को मार दिया ?**

आज यहां आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन कार्यालय द्वारा जारी एक प्रैस विज्ञप्ति में फैडरेशन के जिला प्रधान गुरनाम सिंह घरयाला ने संदेह व्यक्त किया है कि पुलिस ने पिपल सिंह को गिरफ्तार करके उसे संदेहास्पद परिस्थितियों में मार दिया है । इस प्रैस विज्ञप्ति में धमकी दी गई है कि यदि एक महीने के अंदर पिपल सिंह के बारे में कुछ पता न चला तो फैडरेशन इस 'गुप्त मारू तरीके' के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगी । विज्ञप्ति में यह आरोप लगाया गया है कि पिपल सिंह को गिरफ्तार कराने में अमरीक सिंह निहंग का हाथ है ।

**15 दिन के अन्दर चले जाओ वर्ना...**

'कमलेश' के अनुसार गत शाम साढ़े छः बजे के लगभग तीन कथित उग्रवादियों, जिनके पास पिस्तौल और रिवाल्वर थे सुलतानविंड रोड पर स्थित आबादी आजाद नगर के एक किरयाना विक्रेता चमन लाल के पास गए और उसे पिस्तौल दिखाकर धमकाया कि तुम्हें हम जीवन दान इस शर्त पर दे सकते हैं कि तुम 15 दिन के अंदर-अंदर अमृतसर छोड़ कर भाग जाओ । दुकानदार ने तीनों में से एक को पहचान लिया और पुलिस को भी बता दिया मगर क्षेत्र की पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की अपितु उग्रवादियों से समझौता करने के लिए दबाव डालना शुरू कर दिया है ।

**घायल चल बसा**

तरनतारन से 'पाल' के अनुसार यहां के गांव घसीटपुर में कुछ उग्रवादियों ने 17 अक्तूबर को खेतों में सो रहे बचन सिंह चीफ को जगाया और लखविंदर सिंह को बुला कर लाने को कहा । इस पर बचन सिंह ने भागने का प्रयास किया परन्तु उग्रवादियों ने उसे पकड़ कर मारपीट की । उसने पिटाई के बाद भी लखविंदर सिंह जो गांव के जमींदार घराने से सम्बन्धित है, का घर नहीं बताया । इसकी सूचना मिलने पर लोगों ने सुरक्षा बलों को बताया । सुरक्षा बलों के पहुंचने पर उग्रवादी भाग गए । लोगों ने बचन सिंह को गम्भीर हालत में गुरु तेगबहादुर अस्पताल अमृतसर पहुंचाया जहां उसकी गत दिवस मृत्यु हो गई । मृतक इंका का सक्रिय वर्कर था । वह अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र व एक पुत्री छोड़ गया ।

गांव के सरपंच श्री मुख्तार सिंह ने पंजाब

## मिलिट्री इंजीनियर सेवाएं

मुख्य इंजीनियर भटिंडा, जोन भटिंडा छावनी द्वारा निम्न हेतु निविदा जारी करने के लिए

साथियों के साथ मारा गया । उसका भाई व अन्य कुछ लोग भाग गए । श्री लेखी ने बताया कि इस सूचना के आधार पर कि गांव सरूपवाला की तीन हत्याओं के बड़े दोषी बोहड़ सिंह तथा संतोष सिंह सुक्खा तथा अवतार सिंह ब्रह्मा अपने साथियों के साथ ब्यास नदी के एक टापू में छुपे हुए हैं, कपूरथला तथा अमृतसर जिलों की पुलिस ने सी.आर.पी. की सहायता से छापे मारे परन्तु सफलता नहीं मिली ।

**फगवाड़ा में कालेज बंद**

फगवाड़ा (कौड़ा): जिला मैजिस्ट्रेट कपूरथला ने सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के ट्रैफिक जाम के आह्वान को देखते हुए कल 20 नवम्बर को फगवाड़ा में लड़कों के सभी कालेज, आई.टी.आई. तथा पालीटैक्नीक बंद रखने का आदेश दिया है । लड़कियों के कालेज खुले रहेंगे ।

**बराड़ गिरफ्तार**

मोगा (वा): संयुक्त अकाली दल के महासचिव बलदेव सिंह बराड़ को देशद्रोह और विभिन्न समुदायों में विद्वेष फैलाने के आरोपों में थाना पुलिस ने गत सोमवार को गिरफ्तार कर लिया ।

विलम्ब से प्राप्त सूचना के अनुसार बराड़ को न्यायिक मैजिस्ट्रेट मोगा की अदालत में पेश किया गया जहां से उसे 22 नवम्बर तक के लिए रिमांड पर पुलिस हवालात में भेज दिया गया । इससे पहले बराड़ को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून में नजरबंद किया गया था लेकिन बाद में उसकी नजरबंदी रद्द कर दी गई ।

**पाक जासूस पकड़े**

मलोट (गोयल): राजस्थान सीमा पर स्थित श्रीकर्णपुर-गजसिंहपुर मार्ग पर दो पाक जासूस पकड़े गए । तलाशी लेने पर उनसे बारह बोर का एक रिवाल्वर, तीन कारतूस व बारह किलोग्राम किशमिश बरामद हुई । इनके नाम गुलाम रसूल तथा अहमद अली बताए गए हैं । उन्होंने स्वीकार किया कि वे पाकिस्तान की एक गुप्तचर एजैंसी के लिए कार्य कर रहे हैं ।

**नाले में रिवाल्वर मिला**

पटियाला (भूषण): यहां बागीची हेत राम के निकट गंदे नाले की सफाई के दौरान एक रिवाल्वर मिला । रिवाल्वर पुलिस के हवाले कर दिया गया ।

अतिरिक्त सैशन जज श्री एम.एल. सिंगल ने आज पातड़ां मंडी हत्या कांड में दो कथित आतंकवादियों सुरजीत सिंह जोगेवाल तथा जीत सिंह चिचड़वाल, जिन पर देवी चन्द और अमरनाथ की हत्या का आरोप था, को बरी कर दिया । इस केस में एक प्रत्यक्षदर्शी सलदूरा अपने पूर्व बयान से मुकर गया था तथा उसने अभियुक्तों को पहचानने से इन्कार कर दिया था ।

## धीरेन्द्र के अपर्णा आश्रम में फायरिंग : एक व्यक्ति हिरासत में

जम्मू, 19 नवम्बर (सच्चर): पुलिस ने धीरेन्द्र ब्रह्मचारी के गांधी नगर में अपर्णा आश्रम में गोली चलने के संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है । गिरफ्तार व्यक्ति यहां शिवा गन फैक्टरी के मैनेजर का लड़का सीता राम है । सीता राम ने पुलिस को बताया कि रिवाल्वर साफ करते समय अचानक गोली चल गई, फायरिंग से इस का हाथ भी घायल हुआ है ।

Punjabi Sanatani



उग्रवादियों द्वारा बुधवार रात को तरनतारन क्षेत्र में घात लगाकर सी.आर.पी. की गश्ती टुकड़ी पर किए गए हमले में मारे गए (1) सब-इंस्पैक्टर किशन लाल (हरियाणा),(2) कांस्टेबल के.वी. नायर (केरल), (3) कांस्टेबल जे.सी. कालित्था (असम) और (4) कांस्टेबल धर्मवीर सिंह (हरियाणा) तथा (5) घायल कांस्टेबल डी.एल. शेगाओंकर। (6) घटनास्थल पर खून के निशान दिखाते हुए एक अधिकारी, (7) जिस स्थान पर पराली की आड़ में छुप कर उग्रवादियों ने हमला किया, (8) डी.आई.जी. पुलिस श्री पी.सी. डोगरा, सी.आर.पी. के डी.आई.जी. श्री विर्क तथा अन्य अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए, (9) घटनास्थल पर तैनात सुरक्षा बल, (10) भागते समय उग्रवादियों द्वारा छोड़े गए जूते तथा (11) कम्बल । (छाया : भंडारी)

# उग्रवादियों को पासपोर्ट देने में 4 और बंदी, पंजाब पुलिस का रिकार्ड सील

नई दिल्ली, 20 नवम्बर (भाषा): आतंकवादियों को विदेश भेजने में पासपोर्ट उपलब्ध कराने के आरोप में यहां पुलिस के एक अधिकारी तथा क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के एक कर्मचारी सहित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । अपराध शाखा के सूत्रों ने आज बताया कि सब-इंस्पैक्टर महिपाल सिंह को फर्जी पासपोर्ट जारी करने के लिए सुनियोजित गिरोह में शामिल होने के आरोप में कल गिरफ्तार किया गया । इन फर्जी पासपोर्टों से अनेक आतंकवादी विदेश भाग गए हैं। महिपाल सिंह दिल्ली पुलिस के विशेष दस्ते में तैनात था । इसके अलावा पासपोर्ट कार्यालय के चपरासी महेश चंद तथा दो दलालों किशन चंद और ओम प्रकाश को गिरफ्तार किया गया है ।

सूत्रों के अनुसार पासपोर्ट के इस धंधे के

किया था । सांसद ललित माकन और उनकी पत्नी की हत्या में रंजीत सिंह प्रमुख संदिग्ध आतंकवादी हैं ।

इसी बीच अपराधी शाखा के सूत्रों ने यहां बताया कि फरार हुए आतंकवादियों के गंतव्य का पता लग गया है और भारत लाकर उन पर मुकद्दमा चलाने के प्रयास किए जा रहे हैं । सूत्रों ने बताया कि सहायक सब-इंस्पैक्टर महिपाल सिंह से पूछताछ के दौरान पता चला कि पासपोर्ट आवेदक के पते की पुष्टि के लिए तीन सौ रुपए मिलते थे तथा फरार सब-इंस्पैक्टर को लगभग 15 रुपए मिलते थे ।

**काहलों अस्पताल में**

चंडीगढ़ से 'प्रै.ट्र.' के अनुसार उग्रवादियों को कथित रूप से जाली पासपोर्ट जारी करने के आरोप में


रिजनल पासपोर्ट अधिकारी एस.एस. काहलों को यहां जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार एक लोक सम्पर्क अधिकारी और 2 अन्य कर्मचारियों के साथ गिरफ्तार काहलों ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी जे.डी. चांदना की अदालत में याचिका दायर करके चिकित्सा जांच कराए जाने की अपील की थी । काहलों को छापा मारने के बाद 14 नवम्बर को गिरफ्तार किया गया था । उससे 7.15 लाख रु. नकद और आय से कहीं अधिक सम्पत्ति बरामद की गई । उसके बैंक लाकर से 2000 अमरीकी डालरों के नए नोट, 50 तोले सोना और 12 सोने की गिन्नियां बरामद की गईं । काहलों, लोक

भ्रष्टाचार निरोधक कानून के अंतर्गत केस दर्ज किए गए हैं ।

काहलों की याचिका के आधार पर श्री चांदना ने आदेश दिया कि जनरल अस्पताल के डाक्टर से पासपोर्ट अधिकारी की जांच कराई जाए । ड्यूटी पर डाक्टर और सहयोगी वरिष्ठ डाक्टरों ने जांच के बाद पाया कि काहलों को उच्च रक्तचाप और दिल की बीमारी है । अस्पताल के प्रवक्ता ने बताया कि पी.जी.आई. के विशेषज्ञों की भी राय मांगी गई है । रिपोर्ट शीघ्र ही मिल जाने की आशा है । काहलों को भर्ती करने का फैसला रिपोर्ट मिलने पर ही किया जाएगा । ई.सी.जी. सहित कई टैस्ट किए गए हैं ।

भूतपूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल ए.एस. वैद्य के दो



# भाड़े पर लिए थे लेकिन लिए नहीं : रनुआना

इससे पहले मामले की सुनवाई के दौरान अभियोग पक्ष ने अदालत को बताया था कि रनुआना के मित्र 'जान' ने उसे जिन हत्यारों से मिलवाया था वे वस्तुत: पुलिस अधिकारी थे । परन्तु रनुआना को यह बताया गया था कि ये लोग प्रतिबंधित आयरिश रिपब्लिकन आर्मी के सदस्य हैं ।

अभियुक्त रनुआना ने अदालत को बताया कि 'जान' ने उससे कहा था कि उसके मित्र कर्ज का केवल दस प्रतिशत लेकर ही उसे धन वापस दिला देंगे ।

# उग्रवादियों द्वारा तरनतारन के पास पुलिस मुखबिर कत्ल

## मुकेरियां में 5 बसें जला दीं, करतारपुर के पास सहकारी बैंक लूटा

## लुधियाना में शिव सेना नेता पर गोली चलाई गई

चंडीगढ़, 21 नवम्बर (प्रै.यू.,वा.): आज लुधियाना में हिन्दू शिव सेना के एक नेता की हत्या का प्रयास किया गया ।

मुकेरियां में उग्रवादियों ने पंजाब रोडवेज की 5 बसों को आग लगा दी ।

बटाला में एक इश्तहारी मुजरिम सहित 3 आतंकवादी गिरफ्तार किए गए ।

तरनतारन में एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी गई ।

करतारपुर के निकट एक सहकारी बैंक से 29 हजार रुपए लूट लिए गए ।

**हत्या का प्रयास**

लुधियाना (धी.): शिव सेना की प्रीजिडियम के सदस्य किशन महाजन पर आज प्रात: यहां घातक आक्रमण करने का प्रयास किया गया । बताया जाता है कि श्री महाजन प्रात: के समय विश्व कर्मा मुहल्ला की गली नम्बर 10 में स्थित अपने मकान से स्कूटर पर निकल कर अभी लगभग 10 गज ही पहुंचे थे कि रास्ते में एक स्कूटर के निकट एक व्यक्ति कम्बल ओढ़े खड़ा था । उसके निकट खड़े एक व्यक्ति ने किशन महाजन पर रिवाल्वर से गोली चलाई, जो उन्हें नहीं लगी । दूसरा फायर होते समय वह निशाने की रेंज से निकल चुके थे । वह जिला कचहरी जा रहे थे क्योंकि आज जगदीश तांगड़ी की पेशी थी ।

शिव सेना के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश और पुलिस प्रमुख श्री गिल से भेंट करके उक्त घटना की पुलिस डिवीजन नम्बर 6 को सूचना दी लेकिन थानेदार ने कहा, "पहले तो उन्होंने मुख्यमंत्री बरनाला के यहां आगमन के सिलसिले में जाना है ।" प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यदि पुलिस समय पर पहुंच जाती तो अभियुक्तों को पकड़ा जा सकता था । पुलिस को बता दिया गया है कि शिव सेना के 4-5 नेताओं की जान को खतरा है अत: उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए लेकिन अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया । ज्ञात हुआ है कि शिव सेना वर्करों ने घटनास्थल से थोड़ी दूर रिवाल्वर का कारतूस उठा कर पुलिस के हवाले कर दिया है ।

**5 बसों को आग**

होशियारपुर (प्रद्युम्न, अश्विनी, सूद): यहां से 70 किलो मीटर दूर आज प्रात: लगभग 4½ बजे मुकेरियां बस स्टैंड पर खड़ी 5 बसों को उग्रवादियों ने पैट्रोल छिड़क कर आग लगा दी । दो बसें पूर्ण रूप से जल गईं जबकि तीन अन्य को आंशिक रूप से हानि पहुंची ।

ए.एस.पी. श्री मान ने बताया कि बस स्टैंड पर 5 बसें कल रात से खड़ी थीं । पंजाब रोडवेज जालन्धर डिपो की बस नम्बर 9026 को पूरी तरह जला दिया गया जबकि बस नम्बर पी.बी. एन. 7517 आधी से ज्यादा जल गई । शेष तीन बसों, जिनमें दो पठानकोट डिपो की तथा एक होशियारपुर डिपो की है, के केवल टायर क्षतिग्रस्त हुए । कंडक्टरों व ड्राइवरों ने इन बसों को बचा लिया । बताया गया है कि 4 या 5 अज्ञात व्यक्तियों ने पैट्रोल में डुबे हुए कपड़े इन बसों के टायरों पर फैंके और इन्हें आग लगा दी । पठानकोट से 'गुप्ता' के अनुसार तलवाड़ा और जालन्धर से आए फायर ब्रिगेडों ने आग पर काबू पाया तथा वहां खड़ी 6 अन्य बसों एवं लकड़ी के खोखों को बचा लिया । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

**एक ही बस जली : सरकारी दावा**

आज रात्रि पंजाब रोडवेज के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुकेरियां में उग्रवादियों ने केवल एक बस को जलाया, दूसरी बस आंशिक रूप से ही जली । पांच बसें जलाने के संबंध में समाचार ठीक नहीं है । प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस ने जो एफ.आई.आर. दर्ज की है, उसमें एक ही बस के जलने की बात कही गई है । प्रवक्ता ने कहा कि हो सकता है कि उग्रवादियों ने पांच बसों को आग लगाने की कोशिश की हो लेकिन असफल रहे ।


**आतंकवादी पकड़ा गया**

होशियारपुर पुलिस ने अमरजीत सिंह नामक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार करके उससे 9 एम.एम. का पिस्तौल व 6 कारतूस बरामद किए ।

**तीन गिरफ्तार**

बटाला (कोछड़): थाना सदर पुलिस बटाला ने तीन संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है । गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री विरदी तथा सदर पुलिस इंस्पैक्टर श्री गुरपाल सिंह ने

(शेष पृष्ठ 10 पर)



अमृतसर जिला के गांव नूरदी के निकट उग्रवादियों के हाथों मारा गया ठरू गांव का सुरजीत सिंह । (छाया : पाल)

# बागियों ने 4 जत्थेदारों का अपहरण कर लिया है : बरनाला

लुधियाना, 21 नवम्बर (धीमान, मुसाफिर): मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला, जो अकाली दल के प्रधान भी हैं, ने आज यहां शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के प्रधान के लिए चुनाव अभियान शुरू कर दिया । इस संदर्भ में यहां कृषि विश्वविद्यालय में संगरूर, लुधियाना जिलों के जत्थेदारों की बैठक बुलाई गई थी । श्री बरनाला ने कहा कि बैठक में संगरूर के नौ में से नौ जत्थेदार और लुधियाना के 14 में से सात जत्थेदार शामिल हुए । इनके अतिरिक्त फरीदकोट और पटियाला जिलों के भी चार जत्थेदार आए हुए थे । हालांकि इन जिलों के जत्थेदारों को बुलाया नहीं गया था ।

श्री बरनाला ने बताया कि चुनाव अभियान दो-तीन दिन में पूर्ण हो जाएगा । श्री बरनाला के साथ छः मंत्री भी थे । उनमें वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह भी शामिल थे, जो चुनाव अभियान के इंचार्ज हैं ।

श्री बरनाला कल फरीदकोट, पटियाला व फिरोजपुर जिलों के जत्थेदारों की फरीदकोट में हो रही बैठक में शामिल होंगे । श्री बरनाला ने दावा किया कि दोआबा व अमृतसर के 80% मत उनके प्रत्याशियों को मिलेंगे । उन्होंने बताया कि एकता की कोशिशों के दौरान श्री टोहरा को पेशकश की गई थी कि वह अकाली दल के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ें लेकिन उन्होंने इस बारे में कोई जवाब नहीं दिया था ।

श्री बरनाला ने इस आरोप को गलत बताया कि उनकी ओर से पैसे का लालच देकर या सरकारी मशीनरी का प्रयोग करके वोट खरीदने की कोशिश की जा रही है । उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में कोई पैसा खर्च नहीं किया गया । उन्होंने उल्टा आरोप

# को विधानसभाओं
# हीं : शांति भूषण

# पुलिस ने थाने में युवकों को पीटा और खालिस्तानी नारे लगवाए

होशियारपुर, 21 नवम्बर (अश्विनी सूद): । की गई ।

## पंजाब में उग्रवाद

(पृष्ठ 1 का शेष)

आज पत्रकारों को बताया कि इन गिरफ्तार आतंकवादियों में थाना काहनूवान का रणधीर सिंह भी है, जो कि एक इश्तहारी मुजरिम है तथा जिला होशियारपुर के थाना मुकेरियां में लूटमार तथा हत्या की घटनाओं में पुलिस को वांछित था। अन्य दो व्यक्तियों, बलदेव सिंह तथा गुरनाम सिंह को संदिग्ध व्यक्तियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### कालेज आज बंद

जालन्धर के जिला मैजिस्ट्रेट ने नगर के सभी कालेज, आई.टी.आई. और पालीटैक्नीक 22 नवम्बर को बंद रखने का आदेश दिया है। यह पग नगर की कानून व्यवस्था की स्थिति को सामने रख कर उठाया गया है तथापि लड़कियों के कालेज खुले रहेंगे।

### बैंक लूटा

जालन्धर (वा.): स्कूटर पर सवार तीन लुटेरों ने यहां से 15 कि.मी. दूर करतारपुर के निकट केन्द्रीय सहकारी बैंक की नौगज्जा गांव स्थित शाखा से कल 29 हजार रुपए लूट लिए। पुलिस के अनुसार लुटेरों ने बैंक के रक्षक से उसकी बंदूक भी छीन ली। लुटेरों ने उसकी बंदूक और अपने रिवाल्वर से 2-2 गोलियां चलाईं। इसमें कोई घायल नहीं हुआ है। पुलिस ने बताया कि इस डकैती से थोड़े ही समय पहले बैंक अधिकारियों ने डेढ़ लाख रुपया किसी और स्थान के लिए निकाला था।

करतारपुर से देवदत्त के अनुसार लुटेरे वारदात करने से पहले गांव और बैंक के इर्द-गिर्द घूमते रहे तथा दो बार बैंक के अन्दर भी चक्कर लगा कर गए। बैंक अधिकारियों द्वारा लिखाई गई रपट के अनुसार उग्रवादी 29895 रुपए लूट कर ले गए।

### गोली मार कर हत्या

तरनतारन से पाल के अनुसार गत रात कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गांव ठरू के निवासी सुरजीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय मृतक सुरजीत सिंह कुली रहता था। कल शाम एक व्यक्ति ने उसके घर में आकर कहा कि बाहर उसे उसका दोस्त बुला रहा है। सुरजीत सिंह के घर वालों ने उसे रोका परन्तु वह फिर भी चला गया। जब वह काफी देर तक वापस नहीं आया तो उसके घर वालों को चिन्ता होने लगी तथा उन्होंने उसकी तलाश शुरू कर दी। बाद में उसका शव निकटवर्ती गांव नरदी में खेतों में से मिला। मृतक के परिवार वालों ने इस घटना की सूचना पुलिस को प्रातः दी। पोस्टमार्टम के बाद शव वारिसों के हवाले कर दिया गया है। सुरजीत सिंह के पिता सेना के सेवा निवृत्त कैप्टन हैं। पुलिस ने आज यहां कथित उग्रवादी परमजीत सिंह पम्मी का 'जलूस' निकाला। उस पर लोगों को डरा-धमका कर पैसे ऐंठने का आरोप है।

### उग्रवादियों की आपसी लड़ाई ?

पुलिस को संदेह है कि सुरजीत सिंह की हत्या एक आतंकवादी गिरोह की आपसी लड़ाई का परिणाम है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि सुरजीत सिंह के भाई कुलजीत सिंह द्वारा लिखाई गई रपट के अनुसार कुछ व्यक्ति आकर उसके भाई को घर से ले गए। उस समय सुरजीत सिंह के पास एक 32 बोर का रिवाल्वर था। कुलजीत सिंह ने पुलिस को यह भी बताया कि कम से कम दस संदिग्ध व्यक्ति उसके घर पर उससे बात करते देखे गए और बाद में वे चले गए और प्रातः उसके भाई की लाश खेतों में पड़ी मिली।

डी.एस.पी. नरेंद्रपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने आतंकवादियों की शिनाख्त कर ली है तथा उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कई जगह छापे भी मारे गए हैं।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में जब गांव ठरू में पंजाब नैशनल बैंक की ब्रांच को उग्रवादी लूटने आए थे तो सुरजीत सिंह ने उनमें से एक को जफ्फा मार कर काबू कर लिया था और उसे पुलिस के हवाले कर दिया था। इस तरह डाके का प्रयास विफल हो गया था। संदेह किया जाता है कि यह हत्या उग्रवादियों के उसी गिरोह द्वारा की गई है।

### रिबैरियो अमृतसर में

अमृतसर (सोनी): बुधवार की रात को जिला अमृतसर के गांव शेरों में आतंकवादियों की ओर से सी.आर.पी.एफ. के चार जवानों की हत्या की जो घटना हुई थी, उसके घटनास्थल का पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरियो ने आज निरीक्षण किया। श्री रिबैरियो आज प्रातः विमान द्वारा अमृतसर पहुंचे तथा वहां से सड़क मार्ग से गांव शेरों गए। श्री रिबैरियो अस्पताल में घायल नायक को भी देखने गए।

### बम सप्लाई करने वाले गिरफ्तार

एस.पी. सिटी श्री काहलों ने बताया कि अनिल कुमार उर्फ कमल कुमार नामक एक व्यक्ति जिसे अमृतसर में गिरफ्तार किया गया था, ने पूछताछ के दौरान राजपुरा के दो नौजवानों गुरमीत सिंह तथा सुरजीत सिंह के बारे में सूचना दी थी कि उनका गिरोह आतंकवादी कार्रवाईयां करने में व्यस्त हैं। उसके बताने पर पुलिस ने राजपुरा में छापा मारा परन्तु दोनों अभियुक्त वहां न मिले। यह दोनों अभियुक्त आज अमृतसर में जेल रोड पर गिरफ्तार कर लिए गए। वे दोनों स्कूटर पर सवार थे। स्कूटर की डिग्गी में से 750 ग्राम वजनी देसी बम मिला। समझा जाता है कि वे कोई वारदात करने के लिए अमृतसर आए थे। यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के सम्मेलन के मौके पर कोई वारदात करना चाहते थे। उनसे बरामद स्कूटर राजपुरा के एक डाक्टर का बताया जाता है। स्कूटर कुछ दिन पूर्व चोरी हो गया था। चोरी के बाद स्कूटर का रंग तथा नम्बर प्लेट बदल दी गई थी। दोनों ने पूछताछ के दौरान बताया कि उनका गिरोह देसी बम बना कर आतंकवादियों को सप्लाई करता था। बताया जाता है कि इस गिरोह के दो व्यक्ति फरार हैं। अनिल कुमार का 25 नवम्बर तक पुलिस रिमांड ले लिया गया। पूछताछ में सनसनी पूर्ण रहस्योद्घाटन सम्भावित हैं।

### एजैंट को लूट लिया

भटिंडा (भल्लर): प्राप्त सूचना के अनुसार यहां से 20 किलो मीटर दूर गांव चट्ठेवाला में तीन मोटर साईकिल सवारों ने, जिन्होंने अपने मुंह ढांपे हुए थे, एक कम्पनी के एजैंट से पिस्तौल की नोक पर 1200 रुपए छीन लिए। गांव के सरपंच प्रीतम सिंह ने बताया कि एजैंट रूप सिंह तलवंडी साबो से अपने गांव को आ रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि कोटफत्ता के एस.एच.ओ. ने घटना की रपट दर्ज करने से इंकार कर दिया।

### बैंक मैनेजर के घर पर हमला

फगवाड़ा (सोमला): पता चला है कि यहां के निकटवर्ती गांव भानोकी में दो नौजवान लड़कों की तरफ से एक ग्रामीण बैंक के मैनेजर श्री शादी लाल कैले के घर पर हमला किया गया व घर का एक


नैशनल फर्टिलाइज़र्ज लिमिटिड,
(भारत सरकार का एक उद्यम)
मार्कीटिंग डिवीजन,
एससीओ 76-79, सैक्टर-17-डी,
चंडीगढ़

नैशनल फर्टिलाइज़र्ज लिमिटिड
NFL

अम्बैसेडर कार और डीज़ल जीपों की बिक्री के लिए

निविदा सूचना

अधोलिखित वाहनों की खरीद के लिए "जैसे है, जहां है" के आधार पर, निविदक के अपने फार्मों पर उनका पूरा नाम और पता स्पष्ट रूप से लिखते हुए, मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित हैं।

| क्रमांक | रजिस्ट्रेशन | श्रेणी | माडल | स्थान और पता, जहां वाहन पड़ा है |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पीयूआर-6456 | अम्ब. कार | 1979 | एनएफएल, एससीओ, 76- |


Punjabi Sanatani

# कई गोलीकांडों में दो पुलिस कर्मियों सहित 8 लोग घायल

### कपूरथला में ए.एस.आइ., सिपाही व महिला, अमृतसर के पास तीन श्रमिक, एक शिक्षक, शाहकोट के पास एक अन्य घायल

## उग्रवादियों के 2 संदेशवाहक बंदी, पंजाब में रैड अलर्ट

**चंडीगढ़, 22 नवम्बर (यू.प्रै.): उग्रवादियों ने आज पंजाब में विभिन्न गोलीकांडों में कम से कम 8 लोग घायल कर दिए जिनमें दो पुलिस कर्मी शामिल हैं।**

आज रात्रि छः उग्रवादियों ने अमृतसर के ग्राम ढंड में ग्रामीणों के एक समूह पर फायरिंग करके किशन लाल, उसके पुत्र मनोहर लाल तथा चरणजीत लाल को घायल कर दिया। घायल एक ईंट भट्ठे पर काम करते थे।

इन तीनों की हालत गम्भीर बताई जाती है।

डाक्टरों के अनुसार चरणजीत लाल को सिर, गले, छाती, पेट में 8 गोलियां, किशन लाल के कान में दो गोलियां लगीं। तीसरे की हालत कम गम्भीर है। उन पर स्टेनगनों से गोलियां चलाई गई थीं।

इसके अलावा कपूरथला जिले में एक ए.एस.आई., एक सिपाही व एक महिला को उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया। अमृतसर के अजनाला क्षेत्र में एक शिक्षक को गोली मार कर घायल कर दिया, जालंधर-शाहकोट रोड पर एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर उसका स्कूटर छीन लिया गया।

फिरोजपुर सीमा पर पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया जो कि पंथक कमेटी के सदस्य गुरदेव सिंह उस्मानवाला के लिए काम करते थे।

**संदेशवाहक गिरफ्तार**

फिरोजपुर (बागी): पुलिस ने आतंकवादियों तथा पाकिस्तान के बीच सम्पर्क सूत्र बने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है जो कि कुख्यात उग्रवादी गुरदेव सिंह उस्मानवाला केलिये कार्य कर रहे थे। यह लोग कल रात पाकिस्तान से भारत में दाखिल होने का प्रयास कर रहे थे। ब्यौरा देते हुये एस.एस.पी. श्री आर.एस. चालिहा ने बताया कि भगवंत सिंह और परगट सिंह उर्फ पम्मा दोनों गांव मुट्ठियांवाली थाना मल्लावाला के रहने वाले हैं और कुख्यात तस्कर हैं। यह संदेशवाहकों के तौर पर कार्य करते रहे हैं और पाकिस्तान में गुरदेव सिंह उस्मानवाला, जो कि पंथक कमेटी के 5 सदस्यों में से एक है, से मिलते रहे हैं।

श्री चालिहा ने बताया कि इन दोनों को बी.एस.एफ. और पुलिस की संयुक्त नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया गया जबकि वे मल्लावाला में सतलुज नदी को पार करके भारत में घुसने की चेष्टा कर रहे थे। नाकाबंदी पार्टी द्वारा चुनौती दिये जाने पर दोनों ओर से गोलियां चलीं जिसमें उनका एक साथी भाग निकला। पुलिस ने उनके कब्जे से पाकिस्तान में निर्मित एक दोनाली बंदूक, 12 कारतूस, 4500 रुपये तथा एक देसी पिस्तौल बरामद की। उन्होंने स्वीकार किया कि वे दर्जनों बार पाकिस्तान जा चुके हैं और आतंकवादियों को संदेश व हथियार पहुंचाते थे।

**3 घायल**

कपूरथला (रघुनाथ सहाय): आज दोपहर साढ़े बारह बजे के करीब दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने कालासंघा पुलिस चौकी के ए.एस.आई. सीतल सिंह तथा कांस्टेबल प्रीतम सिंह को स्टेनगनों की गोलियों की बौछार करके घायल कर दिया। अपने पति के साथ स्कूटर पर जा रही एक स्त्री बलजीत कौर भी उग्रवादियों की फायरिंग से घायल हो गई। घायलों को यहां सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

बताया जाता है कि उक्त ए.एस.आई. व कांस्टेबल गश्त पर जा रहे थे। मौजा जल्लोवाल व कालासंघा के मध्य ईंटों के भट्ठे के निकट उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। ए.एस.आई. ने घायल होने के बावजूद अपने रिवाल्वर से उग्रवादियों पर फायरिंग की जिस पर वे अपना स्कूटर

(शेष पृष्ठ 10 पर)

## अमरीका का नक्षत्र युद्ध कार्यक्रम विश्व के साथ एक छल : गोर्बाच्योव

मास्को, 22 नवम्बर (भाषा): सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाच्योव ने अमरीकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के 'नक्षत्रयुद्ध' कार्यक्रम को 'धोखा और फ्राड' बताते हुए चेतावनी दी है कि अमरीका दुनिया को उस मोड़ की ओर धकेल रहा है जिसके नतीजों की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती।

अपनी प्रथम भारत यात्रा से पूर्व चार भारतीय पत्रकारों के साथ एक भेंटवार्ता में श्री गोर्बाच्योव ने कहा, "मैं समझता हूं कि अमरीका और पूरी दुनिया को इस बात पर बारीकी से सोचना चाहिए कि नक्षत्र युद्ध दुनिया को किस ओर ले जाएगा।

ऐतिहासिक क्रेमलिन महल में श्री गोर्बाच्योव के अध्ययन कक्ष में यह भेंटवार्ता आयोजित की गई। सोवियत नेता ने कहा कि अमरीका का नक्षत्र युद्ध कार्यक्रम ही समझौते के रास्ते में सबसे बड़ा बाधक है। इसी के चलते रैक्येवीक में समझौता होते-होते रुक गया।

उन्होंने कहा, "सोवियत संघ भारत सहित छह देशों के परमाणु होड़ के बारे में चिंता में सहभागी है और इसका हल ढूंढने के लिए उनके साथ पूरा सहयोग करने के लिए तैयार है।

जेनेवा और रैक्येवीक शिखर वार्ताओं के बारे में श्री गोर्बाच्योव की टिप्पणियों से यह साफ नजर आ रहा था कि सोवियत नेता अमरीका द्वारा रैक्येवीक

Punjabi Sanatani

## आतंकवादी फायरिंग

(पृष्ठ 3 का शेष)

छोड़ कर भाग गए । सूचना मिलते ही जिला के पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंच गये । पता चला है कि ए.एस.आई. व कांस्टेबल की हालत चिन्ताजनक है । अस्पताल में उन्हें खून दिया जा रहा है तथा उनके शरीर से गोलियां निकाली जा रही हैं । यू.न्यू. के अनुसार घायल स्त्री की हालत खतरे से बाहर है जबकि दोनों पुलिस कर्मचारी बेहोश हैं । उनको 4-4 गोलियां लगी हैं ।

### रैड अलर्ट

फगवाड़ा से 'क' के अनुसार इस घटना के दृष्टिगत पंजाब सरकार ने राज्य भर में 'रैड अलर्ट' का आदेश जारी कर दिया है । इसी मध्य रेल लाइनों, डाकखानों, सरकारी सम्पत्तियों और महत्वपूर्ण स्थानों की कड़ी सुरक्षा की जा रही है ।

### दोहरी सवारी पर प्रतिबंध

कपूरथला के जिलाधीश कुंवर कलवंत सिंह ने आज एक आदेश द्वारा सारे जिला में मोपेड, स्कूटर और मोटर साइकिल पर दोहरी सवारी पर रोक लगा दी है।एक अन्य आदेश द्वारा जिला भर में साढ़े ती न हार्स पावर के मोटर साइकिल चलाने पर पूर्णतौर पर प्रतिबंध लगा दिया है । मोटर साइकिल चलाने के लिए दिए गए परमिट भी रद्द कर दिए गए हैं । मोपेड, स्कूटर, मोटर साइकिल पर दोहरी सवारी के परमिट भी रद्द कर दिए गए हैं । यह प्रतिबंध आगामी आदेश तक जारी रहेगा ।

### गोली मार कर स्कूटर छीना

जालंधर (भाषा): यहां से 20 किलोमीटर दूर जालंधर-शाहकोट रोड पर आज सुबह दो संदिग्ध आतंकवादियों ने गुरनाम सिंह नामक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया और उसका स्कूटर छीन लिया । गुरनाम सिंह नकोदर से शाहकोट जा रहा था । फोडीपुर में दो बदमाशों ने उसे रुकने के लिए कहा लेकिन वह रुका नहीं तो उन्होंने उस पर गोली चला दी और उसका स्कूटर लेकर चम्पत हो गए । उसे नकोदर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उसकी हालत गम्भीर बताई जाती है ।

### टीचर पर फायरिंग

अमृतसर (सोनी): जिला अमृतसर के गांव चमियारी में गत रात एक स्कूल टीचर जोगेंद्र पाल के आतंकवादियों के हाथों घायल होने का समाचार मिला है । इस घटना के संबंध में प्राप्त हुए समाचारों के अनुसार गत रात्रि लगभग साढ़े सात बजे टीचर जोगेंद्र पाल, जो कि स्कूटर पर गांव चमियारी से अपने गांव कमालपुर थाना अजनाला जा रहा था तो रास्ते में उसको दो आतंकवादियों ने घेरने की कोशिश की लेकिन वह वहां से अपना स्कूटर तेज करके निकल गया । इस पर आतंकवादियों ने उस पर गोली चलाई जोकि उसके बाएं कंधे के पास बाजू में लगी परंतु घायल होने के बावजूद वह आतंकवादियों की चंगुल से बच निकलने में सफल हो गया । उसे अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

### टांडा में स्कूटर चोरी

होशियारपुर से 'प्रद्युम्न' की सूचना के अनुसार आज टांडा के सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी प्रीतम सिंह का स्कूटर नं. बी.टी.बी. 3801 कार्यालय का ताला तोड़कर और कार्यालय में आग लगा कर चोरी कर लिया गया ।

तलवाड़ा (स.): आज यहां एवेन्यू गुरुद्वारा सड़क पर लगे एक सरकारी बोर्ड पर किसी ने 'खालिस्तान मार्ग, कमांडो फोर्स' लिख दिया । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

## टोहरा लौट आएं तो...

(पृष्ठ 3 का शेष)

### जोधपुर नजरबंद

श्री बलवंत सिंह ने उम्मीद जाहिर की कि कुछ दिन पूर्व श्री बरनाला तथा उन्हें प्रधानामंत्री ने एक भेंट में जोधपुर के नजरबंदों की रिहाई का मामला शीघ्र निपटा देने का जो आश्वासन दिया था, वह शीघ्र कार्यान्वित हो जाएगा । उन्होंने कहा कि इस मामला में विरोधी दलों ने भी संसद के बाहर तथा अंदर नजरबंदों की रिहाई का समर्थन किया है ।

उन्होंने कहाकि इसी प्रकार 2725 में से केवल 204 भगौड़े सैनिकों का मामला निपटाना बाकी रह गया है जो इस समय जेलों में हैं और वह भी शीघ्र निपट जाने की उम्मीद है ।

### पूरा भारत अपना

श्री बलवंत सिंह ने कहा कि कोई सच्चा सिख न खालिस्तान का समर्थक हो सकता है, न देश के बटवारे का । हम पूरे भारत के नागरिक हैं और हर पंजाबी का देश के किसी भी भाग पर पूर्ण अधिकार है जैसे किसी अन्य नागरिक का पंजाब पर ।

उन्होंने निरीह इंसानों की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि कोई सच्चा सिंह किसी हिन्दू की हत्या नहीं कर सकता जैसे कोई हिन्दू ऐसा नहीं कर सकता है ।

श्री बलवंत सिंह ने कहा कि जो युवक मुख्य धारा में लौटेंगे, उनके विरुद्ध सभी मुकद्दमे वापिस लिए जाएंगे । उन्होंने यह भी विश्वास दिलाया कि किसी युवक को झूठे मुकाबले में नहीं मारा जा रहा ।

उन्होंने कहा कि उनके दल की इच्छा है कि युवक उनके साथ राजनीतिक सत्ता में भागीदार बनें ।

इससे पूर्व बीबी हरभजन कौर खालसा, राजा रविन्दर सिंह तथा बीबी पुष्मिन्दर कौर ने श्री बलवंत सिंह का स्वागत करते हुए सरकार से मांग की कि भटके युवकों की बहाली का काम तेज किया जाए, उनके विरुद्ध केस वापिस लिए जाएं तथा नजरबंद व भगौड़े सैनिक रिहा किए जाएं ।

श्रम मंत्री श्री प्रेम गुप्ता ने युवकों की बहाली के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला ।

### काबुल सिंह ही प्रत्याशी

होशियारपुर (प्रद्युम्न) : अब यह बात स्पष्ट हो गई है कि अकाली दल (लौंगोवाल) द्वारा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए श्री काबुल सिंह को उम्मीदवार खड़ा किया जाएगा । यद्यपि इस सम्बन्ध में नियमित रूप से घोषणा नहीं की गई, फिर भी सुविज्ञ सूत्रों से पता चला है कि श्री काबुल सिंह को ही खड़ा किया जाएगा ।

मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला और वित्तमंत्री श्री बलवंत सिंह शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों को कह रहे हैं कि वे श्री काबुल सिंह को वोट दें । गत दिवस दोआबा के शिरोमणि कमेटी के सदस्यों की बैठक हुई थी । जिसमें 22 में से 17 सदस्यों ने श्री काबुल सिंह का समर्थन किया था । पता चला है कि बरनाला और बादल धड़ा दोनों ही शिरोमणि कमेटी के सदस्यों से सम्पर्क बनाए हुए हैं । यहां एक मंत्री आया हुआ है, जो शिरोमणि कमेटी के सदस्यों से मिल रहा है । शिरोमणि कमेटी के सदस्यों के साथ कई प्रकार के वायदे किए जा रहे हैं, जिन्हें 30 नवम्बर के पश्चात् पूरा करने का विश्वास दिलाया गया है । दोनों धड़ों की यह योजना भी है कि चुनाव से दो तीन दिन पूर्व संदिग्ध सदस्यों को भारत दर्शन पर ले जाया जाए । जत्थेदार तलवंडी भी सरगर्म हो गए हैं ।

## कराची में सेना तलब

Punjabi Sahalani

# उग्रवादियों द्वारा धारीवाल के निकट एक व्यक्ति की हत्या

## आदमपुर में एक घायल : विभिन्न स्थानों से 4 स्कूटर, 1400 रुपए छीने : पाक प्रशिक्षित तीन उग्रवादियों द्वारा आत्म-समर्पण

चंडीगढ़, 23 नवम्बर (यू.प्रै.) : गत 24 घंटों में उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी और पंजाब के विभिन्न स्थानों से 4 स्कूटर व 1400 रुपए छीन लिए तथा एक व्यक्ति को गोली मार कर घायल कर दिया । तीन उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया और एक पत्रकार को उग्रवादियों से संबंध होने के आरोप में हिरासत में लिया गया ।

बटाला (कोछड़) : गत रात धारीवाल के गांव मानेपुर में तीन अज्ञात व्यक्तियों ने गोली चला कर एक 35 वर्षीय व्यक्ति रवेल सिंह की हत्या कर दी । गुरदासपुर के एस.एस.पी. श्री विरदी ने बताया कि ये संदिग्ध आतंकवादी इस गांव के सरपंच गुरनाम सिंह का घर लूटने आए थे । गांव के लोगों ने इकट्ठे होकर इनको पकड़ने का प्रयास किया तथा इन पर पत्थर फैंके जिस पर इन आतंकवादियों ने भागते समय गोली चला दी जिससे रवेल सिंह की मृत्यु हो गई ।

श्री विरदी ने बताया कि आतंकवादियों ने 12 बोर की बंदूक से गोली चलाई थी । उन्होंने बताया कि गत दिवस मिल मजदूरों की हत्या के लिए भी 12 बोर की बंदूक का प्रयोग किया था अत: हो सकता है कि यह हत्याएं एक ही ग्रुप ने की हों । उन्होंने बताया कि दोनों घटनाओं के अभियुक्त नामजद कर लिए गए हैं तथा इनकी गिरफ्तारी शीघ्र सम्भावित है ।

श्री बिरदी ने बताया कि इन आतंकवादियों ने गत 12 नवम्बर को इस सरपंच को एक धमकीपूर्ण पत्र लिख कर पांच हजार रुपए की मांग की थी तथा इस पत्र के बारे में सरपंच ने पुलिस को नहीं बताया था । उन्होंने कहा कि यदि पुलिस को इस पत्र के बारे में सूचित किया होता तो सम्भवत: यह दुर्घटना रोकी जा सकती थी ।

'यू' के अनुसार गांव का नाम मानेवाल है ।

उग्रवादी रात लगभग साढ़े 9 बजे गुरबख्श सिंह के घर आए और पिस्तौल की नोक पर उससे पांच हजार रुपए देने के लिए कहा । उसने पैसे देने से इंकार करते हुए शोर मचा दिया ।

**3 उग्रवादियों द्वारा आत्मसमर्पण**

गुरदासपुर से प्राप्त खबर के अनुसार पाकिस्तान से एक माह पूर्व तोड़-फोड़ की कार्रवाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे तीन व्यक्तियों ने कल यहां पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया ।

जिला पुलिस प्रमुख जे.पी. विरदी ने आज बताया कि इनमें से दो व्यक्ति बटाला के पास हरुवल गांव के नत्था सिंह एवं बाली मसीह हैं और तीसरा व्यक्ति धारीवाल थाने के भगवान गांव का हरबंस सिंह है । ये तीनों ब्ल्यू स्टार आप्रेशन के बाद चुपके से पाकिस्तान की सीमा में प्रवेश कर गए थे ।

**घुसपैठिया मरा**

'भाषा' के अनुसार डेराबाबा नानक में मेतला

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# राष्ट्रीय एकता के लिए लड़ना ही धर्म युद्ध है : बलदेव प्रकाश

अमृतसर, 23 नवम्बर (अशोक सोनी): आज यहां हुए एकता सम्मेलन में बोलते हुए पंजाब भाजपा के अध्यक्ष डाक्टर बलदेव प्रकाश ने कहा कि पंजाब में आतंकवाद एक सोची-समझी योजना के अधीन चलाया जा रहा है विशेष कर देश के टुकड़े-टुकड़े करने तथा पंजाब से हिन्दुओं को भगाने के लिए । उन्होंने कहा कि इस षड्यंत्र के पीछे पाकिस्तान का हाथ स्पष्ट है जिसका मुकाबला हम सभी भारतीयों को मिल कर करना होगा । उन्होंने कहा कि इसे राजनीतिक खतरा कहना या ज्यादा अधिकारों की लड़ाई कहना सच्चाई से मुंह छुपाने वाली बात होगी जबकि स्पष्टत: यह देश के विघटन की समस्या है और इसे इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए ।

उन्होंने पंजाबियों से कहा कि देश की अखंडता के लिए और पंजाबी भाईचारे के लिए लड़ना ही वास्तव में 'धर्मयुद्ध' है तथा इस धर्म युद्ध को लड़ने के लिए हिन्दुओं व सिखों को मिलकर चलना होगा क्योंकि यह देश की विशेषकर पंजाब की समस्या है, किसी सम्प्रदाय या धर्म की नहीं । डाक्टर बलदेव प्रकाश ने कहा कि विडम्बना यह है कि आज निर्दोष और भोले-भाले लोगों को मारने वाले, निहत्थों पर, काम पर लगे गरीब मजदूरों पर गोलियां बरसाने वाले अपने आप को शूरवीर समझने लगे हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि जो लोग देश की अखंडता के लिए सीनों पर गोलियां खा रहे हैं, वास्तव में शूरवीर वही हैं, शहीद वही हैं ।

उन्होंने पूछा कि विश्व का कौन-सा धर्म अत्याचार करने का उपदेश देता है ? भाजपा नेता ने कहा कि चाहे हम अपने गुरुओं के उपदेशों पर चलें या गीता के उपदेशों पर, हमें अत्याचारों के विरुद्ध और स्वरक्षा में उठना होगा तथा आज देश की अखंडता के लिए धर्म युद्ध लड़ने की आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि इस आतंकवाद के उत्पन्न होने से हिन्दुओं व सिखों दोनों को घाव लगे हैं । उन्होंने कहा कि विधवा का घाव कोई नहीं भर सकता और एक घाव लगाने के बदले में दो घाव लगाने से पहले लगा घाव भर नहीं सकता । आज हमें इस प्रकार की भावना के पैदा होने पर रोक लगानी होगी । यदि सच कहा जाए तो पंजाब के घाव राजनीतिज्ञों की गलतियों का ही परिणाम हैं ।

**छोटी सी बात** — रंगा




लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि कितना समय चाहिए–कुछ मास या कुछ वर्ष ? खैर, मंत्री महोदय को इतना तो पता है कि हमारी टैलीफोन प्रणाली संतोषजनक नहीं । यही बड़ी खुशी की बात है ।

# उग्रवादियों ने अमृतसर के पुलिस अधीक्षक के युवा बेटे की हत्या कर दी

## तरनतारन के निकट चलती बस पर फायरिंग : यात्री बाल-बाल बचे

## खेमकरण सीमा पर घुसपैठिया मारा गया

चंडीगढ़, 24 नवम्बर (यू., प्रै., वा.): उग्रवादियों ने आज अमृतसर के एस.पी. सिटी एच.एस. काहलों के इकलौते बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी ।

तरनतारन-जंडियाला रोड पर एक बस पर आतंकवादियों ने फायरिंग की लेकिन बस यात्री बाल-बाल बच गए ।

खेमकरण सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया ।

फतेहगढ़ चूड़ियां में एक सरपंच के घर से दस हजार रुपए लूट लिए गए ।

जालन्धर में एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन लिया गया ।

**काहलों के बेटे की हत्या**

अमृतसर (सोनी): आज गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के फाऊंडेशन डे पर अमृतसर के एस.पी. सिटी श्री हरकिशन सिंह काहलों के इकलौते बेटे रवनीत सिंह काहलों की दो आतंकवादियों ने विश्वविद्यालय परिसर में आर्ट्स ब्लाक के निकट गोलियां मारकर हत्या कर दी तथा स्कूटर पर बैठकर फरार हो गए ।

इस घटना के सम्बन्ध में मिले ब्यौरे के अनुसार श्री काहलों का बेटा,जिसकी आयु 23-24 वर्ष थी, विश्वविद्यालय में बी टैक(इलैक्ट्रानिक्स) का प्रथम वर्ष का छात्र था । आज जबकि सीनेट हाल में विश्वविद्यालय स्थापना दिवस के मौका पर विशेष समारोह हो रहा था तो 1 बज कर 20 मिनट के करीब आर्ट्स ब्लाक कैंटीन,जो कि विश्वविद्यालय के गेट राम तीर्थ के करीब है, के बाहर खड़े श्री काहलों के बेटे पर,जो कि अपने मित्रों के साथ बातचीत कर रहा था, आतंकवादियों ने गोलियां चलाईं । यह आतंकवादी जिनकी संख्या दो थी, रामतीर्थ रोड की ओर वाले गेट से दाखिल हुए । दोनों ने काले कपड़े से दाढ़ियों पर 'ठाठे' बांधे हुए थे । एक आतंकवादी ने,जो कि स्कूटर पर ही बैठा रहा, स्कूटर वापस गेट की ओर मोड़ लिया जबकि दूसरा रवनीत सिंह के निकट गया तथा पिस्तौल से एक के बाद एक तीन फायर किए । तीन गोलियां रवनीत सिंह के सिर व कंधे में लगीं तथा वह वहीं ढेर हो गया । उसे तुरन्त अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में ही वह दम तोड़ गया ।

सूचना पाकर पुलिस के उच्च अधिकारी मौका पर तथा बाद में अस्पताल के शव गृह में गए । इस घटना से शहर में जबरदस्त सनसनी पैदा हो गई । यह भी कहा जा रहा है कि गत कुछ दिनों से टैलीफोन पर तथा पत्रों द्वारा एस.पी. सिटी श्री काहलों को धमकियां मिल रही थीं कि उन्हें सबक सिखाया जाएगा ।

यह उल्लेखनीय है कि गुरु नानक देव के जन्म दिन पर पिछले वर्ष दरबार साहब के हैड ग्रंथी ज्ञानी साहब सिंह पर आतंकवादियों की ओर से दरबार साहब में हमला हुआ था जबकि आज गुरु नानक देव जी के नाम पर स्थापित विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर यह गम्भीर वारदात हुई है । गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में आतंकवादियों के हाथों यह पहली हत्या है ।

राज्य में आतंकवादियों द्वारा किसी पुलिस अधिकारी के बेटे की हत्या की यह दूसरी घटना है । इससे पूर्व लुधियाना के डी.एस.पी. राज किशन बेदी के लड़के की दो महीने पहले उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी ।

बताया जाता है कि श्री काहलों का नाम आतंकवादियों की हिट लिस्ट में शामिल है ।

इस वारदात के बाद विश्वविद्यालय के गेट तत्काल बंद कर दिए गए और पुलिस ने परिसर में अभियुक्तों की तलाश शुरू कर दी । विश्वविद्यालय में हो रहा समारोह स्थगित कर दिया गया और इसे कल के लिए रवनीत सिंह की स्मृति में बंद कर दिया गया ।

**श्री काहलों के परिवार ने कल शाम ही रवनीत सिंह का जन्म दिन मनाया था । उसकी मां ने पत्रकारों को रोते हुए बताया कि अभी तक उसका जन्म दिन का केक भी खत्म नहीं हुआ ।**

इससे पहले आप्रेशन ब्ल्यू स्टार से पूर्व डी.एस.पी. बचन सिंह, उनके लड़कों तथा परिवार के अन्य सदस्यों की आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी ।

**बस पर फायरिंग**

आज प्रातः तरनतारन-जंडियाला रोड पर कदगिल गांव में पंजाब रोडवेज की एक बस के यात्री बाल-बाल बच गए जबकि दो आतंकवादियों ने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

## खालिस्तान कमांडो फोर्स ने जिम्मेदारी ली

अमृतसर, 24 नवम्बर (वा.) : तथाकथित 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' ने अमृतसर के पुलिस अधीक्षक एच.एस.काहलों के युवा पुत्र रवनीत सिंह की हत्या की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है ।

तथाकथित 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' के एक प्रवक्ता ने यहां यू.एन.आई. कार्यालय में फोन पर बताया कि रवनीत सिंह की हत्या उन पुलिस कर्मियों को चेतावनी देने के लिए की गई है जो मुठभेड़ों के नाम पर हत्याएं कर रहे हैं । इस 'प्रवक्ता' ने कहा कि ऐसे पुलिसकर्मी छोड़े नहीं जाएंगे ।

## ...क सुरक्षा प्रबंध

इन पगों को वापस लेने के लिए विवश किया जा सके । उन्होंने इस वृद्धि का विरोध न करने के लिए सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं की आलोचना की ।

## स्कूल ट्रिब्यू. का प्रिजाईडिंग अफसर हाईकोर्ट का जज होगा

होशियारपुर, 24 नवम्बर (अश्विनी): पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे पंजाब प्राइवेट मान्यता प्राप्त स्कूल अध्यापक सुरक्षा आदेश संशोधन अध्यादेश जारी कर दिया है, जिसके अन्तर्गत प्राधिकरण का प्रिजाईडिंग अफसर वह व्यक्ति बन सकेगा, जो कम से कम उच्च न्यायालय का न्यायाधीश रह चुका हो या पंजाब सरकार को डिविजनल कमिश्नर के पद का हो । प्रिजाईडिंग अफसर 65 वर्ष की आयु तक कार्य कर सकेगा ।

Punjabi Sandarbh

## उग्रवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

ड्राइवर द्वारा बस रोके जाने से इन्कार किए जाने पर बस पर स्टेनगन से फायरिंग की । पुलिस सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों ने चंडीगढ़ जा रही बस को रोकने के लिए ड्राइवर को संकेत किया लेकिन शक होने पर ड्राइवर ने बस को तेज कर दिया । इस पर आतंकवादियों ने स्टेनगनें निकाल लीं तथा बस पर फायरिंग की । गोलियां बस के पिछले शीशों पर लगीं परन्तु कोई यात्री घायल नहीं हुआ ।

### घुसपैठिया मारा गया

कल खेमकरण क्षेत्र में गज्जर की सीमांत चौकी के निकट सीमा सुरक्षा बल के साथ मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया मारा गया । सूत्रों के अनुसार सीमा पार से घुसने वाले दो व्यक्तियों को जब सीमा सुरक्षा बल ने ललकारा तो उन्होंने गोलियां चलाईं । इस पर सीमा सुरक्षा बल ने जवाब में गोली चलाई जिससे एक घुसपैठिया मारा गया और दूसरा पाकिस्तान भाग गया ।

इसी बीच तीन पाक नागरिकों अब्दुल सलीफ, अब्दुल शाद तथा महमूद अली को अवैध रूप से भारत में दाखिल होने पर गिरफ्तार किया गया । उनसे पाकिस्तानी व ईरानी करंसी भी बरामद की गई ।

### सरपंच का घर लूटा

बटाला (कोछड़): गत रात्रि थाना फतेहगढ़ चूड़ियां के गांव अलावलपुर में तीन सशस्त्र अज्ञात युवकों ने सरपंच रणजीत सिंह के घर से दस हजार रुपए नकद और एक सोने का कड़ा लूट लिया और फरार हो गए । इस सम्बन्ध में फतेहगढ़ चूड़ियां पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर लिया है ।

### खालिस्तान विरोधियों पर पथराव

बी.एस.एफ. के जवानों ने गत सायं बटाला-अमृतसर रोड पर गांव घसीटपुर में खालिस्तान के विरुद्ध नारे लगा रहे ट्रक सवारों पर पथराव करने के आरोप में लगभग 20 व्यक्तियों को हिरासत में लिया । पुलिस ने आज बताया कि पूछताछ के बाद इन लोगों को रिहा कर दिया गया । पथराव से कोई घायल नहीं हुआ ।

पथराव से उत्तेजित ट्रक सवारों ने आधे घंटे तक ट्रैफिक रोके रखा । डी.एस.पी. हरजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने आकर यातायात चालू कराया । ट्रक में सवार लोग अमृतसर में हुए एकता सम्मेलन में भाग लेकर आ रहे थे ।

### 6 घायल

प्रै.ट्र. के अनुसार पथराव से राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के कम से कम 6 सदस्य घायल हो गए । ट्रक का आगे का शीशा भी टूट गया । पठानकोट के विधायक श्री मोहन लाल ने आरोप लगाया कि ट्रैफिक खुलवाने के लिए सुरक्षा बलों ने समिति के एक कार्यकर्त्ता को बुरी तरह पीटा ।

### स्कूटर छीना

जालन्धर (यू.): कल रात यहां शहीद भगत सिंह नगर में दो युवकों ने एक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर स्कूटर छीन लिया । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

जालन्धर के कस्बा आदमपुर में भी एक स्कूटर छीना गया ।

अमृतसर जिला के मेहता क्षेत्र में एक स्कूटर छीना गया जबकि लुधियाना के थाना सदर क्षेत्र में भी एक स्कूटर छीना गया । इन सभी केसों में संदिग्ध उग्रवादी पिस्तौलों व रिवाल्वरों से लैस थे ।

### भिड़ंत

जालन्धर (यू.) यहां प्राप्त समाचारों के अनुसार यहां से 55 किलोमीटर दूर सिख छात्र संघ और वामपंथी मोर्चे के छात्रों के बीच भिड़ंत हो गई । परिणामस्वरूप कुछ छात्र घायल हो गए । यह झगड़ा उस समय हुआ जब एस.एफ.आई. और पी.एस.यू. के छात्र बस भाड़े में वृद्धि के विरुद्ध प्रोटैस्ट कर रहे थे तो सिख छात्र संघ के कुछ युवक उसमें घुस आए और उन्होंने गड़बड़ कर दी । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।




लुधियाना में उग्रवादियों ने एक डाक घर लूट लिया । चित्र में डाक घर के बाहरी तथा आंतरिक दृश्य । (छाया : काम्बोज)

### पोस्ट आफिस लूटा

लुधियाना की एक सूचना में बताया गया कि जी.टी. रोड पर एक सब पोस्ट आफिस को आज दोपहर बाद दो संदिग्ध आतंकवादियों ने लूट लिया, पिस्तौल की नोक पर 6,600 रुपए उठाकर फरार हो गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

'जोशी' के अनुसार जी.टी. रोड पर मिलिट्री कैम्प के निकट ग्रेटवे हौजरी से सम्बद्ध डाकखाने में दो उग्रवादी आए और सेविंग बैंक क्लर्क से 6500 रुपए लेकर चले गए । उग्रवादी पैदल आए और पैदल ही चले गए ।

### चूड़ियां लूट लीं, पिस्तौल छोड़ गया

जलालाबाद (मलिक) : आज सायं यहां साढ़े 6 बजे एक उग्रवादी एक स्त्री की सोने की दो चूड़ियां लूट कर अपना पिस्तौल छोड़ कर भाग गया । बताया जाता है कि उग्रवादी घर में घुस गया था । चूड़ियां देने के बाद स्त्री ने शोर मचा दिया, जिसपर उग्रवादी हड़बड़ी में अपना पिस्तौल छोड़ कर भाग गया ।

## उप-चुनावों में इंका हारी

(पृष्ठ 3 का शेष)

चैतन्य प्रसाद माझी ने इंका के रासबती माझी को 3800 वोटों से हराया ।

त्रिपुरा की तेलीमूरा विधानसभाई सीट पर सी.पी.एम. के जितेंद्र सरकार ने इंका के अशोक वैद्य को 3382 वोटों से हराया, जबकि करमचारा सीट पर सी.पी.एम. के गजेंद्र सिंह ने त्रिपुरा उपजातीय समिति के प्रदीप चकमा को 1400 वोटों से हराया । राज्य विधानसभा में सी.पी.एम. की अब 38 सीटें हो गई हैं ।

बिहार के बांका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अब तक प्राप्त सूचना के अनुसार कांग्रेस (इ) की श्रीमती मनोरमा सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी जनता पार्टी के जार्ज फर्नांडीज से 28000 मतों से आगे है ।

कांग्रेस (इ) के श्री रवीन्द्र कुमार यादव बिहार के झाझा विधानसभा क्षेत्र में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जनता पार्टी के शिवनंदन झा को 19000 से अधिक मतों से पराजित कर निर्वाचित घोषित किए गए ।

लोकदल के राजेंद्र प्रसाद सिंह भी बिहार के रोसरा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित घोषित किए गए ।

## डाक्टरों की मांगें स्वीकार

जालन्धर, 24 नवम्बर (प्रै.): जूनियर डाक्टर एसोसिएशन, सिविल अस्पताल जालन्धर ने दावा किया है कि वित्त मंत्री श्री बलवंत सिंह ने उनकी मांगें सैद्धांतिक रूप से स्वीकार करना मान लिया है और उनका केस आगामी कार्यवाही के लिए स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री सुखदेव सिंह को भेज दिया है ।


## तिब्बतन चिकित्सा में 'एड्स' का इलाज

शिमला, 24 नवम्बर (यू.) : तिब्बती डाक्टरों




जनता की पुरजोर मांग पर
नए स्टाक के साथ
टाइनी ओसवाल हौजरी
मिल्स, लुधियाना
वालों की तरफ से अंतिम पांच दिनों के लिए। इसके बाद सेल और नहीं बढ़ेगी । बाद में मत पछताएं ।











अमृतसर में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय परिसर के अंदर सोमवार को एस. पी. सिटी श्री काहलों के बेटे रवनीत सिंह की उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । (1) रवनीत का शव, (2) विश्वविद्यालय के आर्ट्स ब्लाक के सामने की जगह, जहां रवनीत की हत्या की गई —जगह को ईंटों से घेर कर दिखाया गया है, (3) घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधिकारी, (4) मृतक की बिलखती हुई बहन को सांत्वना दे रहा एक रिश्तेदार । ( फोटो: भंडारी)


Punjabi Sanatani



















सुल्तानपुर लोधी के निकटस्थ गांव वाटांवाली में सोमवार रात को उग्रवादियों द्वारा कांस्टेबल बख्शीश सिंह के परिवार के 6 सदस्यों की हत्या कर दी गई । चित्रों में (1) मृत सिपाही बख्शीश सिंह (2) कत्ल हुआ केहर सिंह (3) गोली कांड में घायल गुरदेव सिंह (4) बख्शीश सिंह का मकान जहां यह जघन्य हत्याकांड हुआ (5) मकान का वह कमरा जहां बख्शीश सिंह व परिवार के अन्य सदस्यों को गोलियों का निशाना बनाया गया । चारों ओर खून तथा परिवार के सदस्यों के जूते बिखरे पड़े हैं (6) घर का सेहन जहां केहर सिंह की गोली से हत्या की गई (7) बख्शीश सिंह, उसके पिता केहर सिंह और मां प्रीतो का इकट्ठे ही अंतिम संस्कार किया गया (8) गांव वाटांवाली के लोग और मृतकों के रिश्तेदार विलाप करते हुए

(छाया : वालिया स्टूडियो)

# सिपाही व उसके परिवार के 5 सदस्यों की हत्या

Punjabi Sanatani

सुल्तानपुर लोधी के निकटस्थ गांव वाटांवाली में सोमवार रात को उग्रवादियों द्वारा कांस्टेबल बख्शीश सिंह के परिवार के 6 सदस्यों की हत्या कर दी गई । चित्रों में (1) मृत सिपाही बख्शीश सिंह (2) कत्ल हुआ केहर सिंह (3) गोली कांड में घायल गुरदेव सिंह (4) बख्शीश सिंह का मकान जहां यह जघन्य हत्याकांड हुआ (5) मकान का वह कमरा जहां बख्शीश सिंह व परिवार के अन्य सदस्यों को गोलियों का निशाना बनाया गया । चारों ओर खून तथा परिवार के सदस्यों के जूते बिखरे पड़े हैं (6) घर का सेहन जहां केहर सिंह की गोली से हत्या की गई (7) बख्शीश सिंह, उसके पिता केहर सिंह और मां प्रीतो का इकट्ठे ही अंतिम संस्कार किया गया (8) गांव वाटांवाली के लोग और मृतकों के रिश्तेदार विलाप करते हुए (छाया : वालिया स्टुडियो)

# सिपाही व उसके परिवार के 5 सदस्यों की हत्या

## बाघापुराना में जमींदार, फतेहगढ़ चूड़ियां में शिक्षक की हत्यायें, 10 उग्रवादी बंदी

**चंडीगढ़, 25 नवम्बर (यू.,प्रै.): पंजाब में कल से लेकर आज अपरान्ह तक अलग-अलग 8 घटनाओं में 16 लोग मारे गए ।**

**कल रात्रि कपूरथला जिले के सुल्तानपुर लोधी क्षेत्र में पंजाब पुलिस के एक सिपाही व उसके परिवार के 5 सदस्यों की हत्या कर दी गई । कल रात्रि गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक सैक्टर में एक पाक घुसपैठिया मारा गया । आज दोपहर फतेहगढ़ चूड़ियां के पास एक शिक्षक की और बाघापुराना के पास एक जमींदार की हत्या कर दी गई । आज प्रात: अमृतसर जिले के लोपोके क्षेत्र में सुरक्षा बलों की फायरिंग से एक कार में सवार दो संदिग्ध व्यक्ति मारे गए । कल रात्रि जम्मू के पास सीमा क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में 3 पाक घुसपैठिये मारे गए । खेमकरण सैक्टर में भी सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में एक पाक घुसपैठिया मारा गया था । आज लुधियाना के पास एक सहकारी बैंक से 1.57 लाख रुपए व पटियाला के सामाना में एक दुग्ध केन्द्र से 1.50 लाख रुपए लूट लिए गए । अमृतसर में 8 व गंगानगर में दो उग्रवादी गिरफ्तार किए गए । कल दोपहर को अमृतसर में उग्रवादियों ने एस. पी. सिटी हरकिशन सिंह काहलों के पुत्र रवनीत सिंह की हत्या कर दी थी, जिसकी आज अंत्येष्टि कर दी गई ।**

**पंजाब के पुलिस महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरियो ने दोहराया कि पुलिस कर्मियों व निर्दोष लोगों की हत्याएं करके देश के टुकड़े करने की साजिश सफल नहीं हो सकेगी ।**

### सिपाही के परिवार की हत्या

चार सशस्त्र आतंकवादियों ने कल रात एक और दिल दहला देने वाली वारदातमें कपूरथला के सुल्तानपुर लोधी क्षेत्र के बट्टावाली उर्फ पटियांवाली गांव में पुलिस कांस्टेबल बख्शीश सिंह तथा उसके माता-पिता समेत 6 सम्बन्धियों की गोली मारकर हत्या कर दी ।

पुलिस के अनुसार राइफल तथा स्टेनगनों से लैस हमलावर रात्रि दस बजे बख्शीश सिंह के घर आए तथा घर के लोगों पर अंधाधुंध गोलियां बरसाई जिससे बख्शीश सिंह, उसके पिता केहर चन्द, उसकी मां प्रीतो तथा तीन अन्य सम्बन्धियों महिंदर चन्द, प्रीतो तथा सुभान की तत्काल मृत्यु हो गई तथा गुरुदेव सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया । मृतकों में तीन महिलाएं हैं ।

**कपूरथला में नियुक्त बख्शीश सिंह की गत 23 नवम्बर को सगाई हुई थी तथा उसके सम्बन्धी सगाई के अवसर पर गांव आए हुए थे ।**

## दो जगह मुठभेड़ों में 4 घुसपैठिये मरे, लोपोके के पास कार सवार दो संदिग्ध मारे गए

उग्रवादी पैदल ही रात्रि 11 बजे आए और आते ही अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । हत्याएं करके वे पैदल ही फरार हो गए ।

इन चार उग्रवादियों में से तीन संतोख सिंह उर्फ सुक्खा, बोहर सिंह, बलदेव सिंह की शिनाख्त हो गई है ।

इसी गिरोह ने कुछ दिन पूर्व सरूपवाली ग्राम के सरपंच के परिवार के तीन लोगों की हत्या की थी ।

एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि हत्यारे भाड़े के थे । वे घर से आभूषण आदि भी लूट ले गए । पुलिस इस थ्योरी पर विचार कर रही है कि इस घटना के पीछे पट्टी शेखुपुरा के तेज सिंह का हाथ है । पहले तेज सिंह की बेटी से बख्शीश सिंह की सगाई हुई थी, जो बाद में तोड़ दी गई थी । सम्भवत: इसी का बदला लेने के लिए तेज सिंह ने ये भाड़े के हत्यारे भेजे । पहले भी तेज सिंह ने उस ग्राम में आकर पंचायत बुलाकर मांग की थी कि उसकी बेटी से सगाई न तोड़ी जाए ।

शर्मा के अनुसार इस हत्याकांड से घर में मातम छा गया । मृतकों में बुआ प्रीतो व फूफा महेन्द्र सिंह व बिचौलन साबो शामिल हैं । घायल गुरदेव सिंह बख्शीश सिंह का बहनोई है । मृतक बाल्मीकि परिवार से सम्बद्ध था और एस.पी. के कार्यालय में क्लर्क था । परिवार 24 नवम्बर को चुन्नी चढ़ा कर आया था । उग्रवादी पिछले दरवाजे से घर में घुसे ।

### थानेदार, सिपाही को एवार्ड मिलेगा

कपूरथला के सुप्रिटेंडेंट पुलिस श्री के.एल. लेखी ने बताया कि गत दिनों गांव कालासंघिया के

(शेष पृष्ठ 8 पर)

## ...द्ध जासूसी के लिए इलैक्ट्रानिक अड्डा

कार्यक्रम स्वीकृत हो जाता है तो इससे उत्पन्न होने वाली अविश्वास की भावना प्रधानमंत्री राजीव गांधी को इस बात के लिए मजबूर कर सकती है कि वह अमरीका के साथ उच्च तकनीक के क्षेत्र में सहयोग को सीमित कर दें और सोवियत संघ पर भारतीय निर्भरता बढ़ जाए ।

उन्होंने कहा कि हालांकि अमरीकी जासूसी तंत्र उत्तरी पाकिस्तान में स्थापित है फिर भी भारत को इस बात की चिंता हो सकती है कि अमरीका इस तंत्र का इस्तेमाल भारत पर निगरानी रखने के लिए कर सकता है और उसकी महत्वपूर्ण सैनिक

(शेष पृष्ठ 8 पर)

## इंका को दोनों लोकसभाई सीटें मिलीं, फर्नांडीज हारे

नई दिल्ली, 25 नवम्बर (यू., प्रै.): इंका की श्रीमती मनोरमा सिंह ने बिहार की बांका लोकसभाई सीट पर जनता पार्टी के जार्ज फर्नांडीज को 32047 वोटों से हरा दिया ।

बांका विधानसभाई सीट पर भाजपा के जनार्दन यादव ने इंका के तमीजुद्दीन अंसारी को 262 वोटों से हरा दिया, ।

इस प्रकार बिहार की चार विधानसभाई सीटों में से 2 इंका को, एक लोकदल को, एक भाजपा को मिली । कौंच सीट से इंका के रामाश्रय, झाझा से इंका के रवीन्द्र कुमार, रोसड़ा से लोकदल के गजेन्द्र प्रसाद सिंह चुनाव जीते हैं ।

मध्य प्रदेश की पिपरिया की विधानसभाई प्रत्याशी चुनाव जीता था ।


जनता पार्टी को चार, भारतीय जनता पार्टी को दो, लोकदल को एक और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को एक सीट मिली है ।

विधानसभा उपचुनावों में उसे छ: स्थान तीन मध्य प्रदेश, दो बिहार तथा एक हरियाणा से मिले । मध्य प्रदेश में सौंसर, भोपाल दक्षिण तथा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

## पोप की हत्या का

Punjabi Sandarbh







(1) जालन्धर पुलिस का हैडकांस्टेबल कालाराम (इन्सेट) का शव जिसकी बुधवार प्रातः नकोदर चौक जालन्धर में गोली मार कर हत्या कर दी (2) वह जगह जहां काला राम पर हमला किया गया । जमीन पर खून बिखरा हुआ है । (3) सी.आर.पी. और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके का निरीक्षण करते हुए । (छाया : कपूर)

Punjabi Sanatani

# जन. वैद्य हत्याकांड में वांछित गुरिन्द्र सिंह भोला की विरोधियों द्वारा हत्या

अमृतसर, 27 नवम्बर : कथित खालिस्तान आर्म्ड पुलिस के डायरैक्टर जनरल मनजीत सिंह खजाना ने हिंद समाचार पत्र-समूह के मुख्य सम्पादक के नाम पर भेजे गए एक पत्र में रहस्योद्घाटन किया है कि भारतीय स्थल सेना के भूतपूर्व अध्यक्ष जनरल ए.एस. वैद्य के हत्याकांड में वांछित गुरिंद्र सिंह भोला की कुछ विरोधियों ने अपहरण करके हत्या कर दी है ।

पत्र में आगे कहा गया है कि गुरिंद्र ने एक बैठक में कहा था कि सखीरे की हत्या इनमें से ही कुछ व्यक्तियों ने की है, इसलिए उनका पता लगा कर उनको उचित दंड देना चाहिए । सखीरे के हत्यारों ने गुरिंद्र की इस बात का बुरा मनाया और उसे होशियारपुर में किसी स्थान पर बुला लिया और उसकी हत्या कर दी ।

मनजीत सिंह खजाना ने पत्र में लिखा है कि जब इन बातों का उसे पता चला, तब तक गुरिंद्र की हत्या हो चुकी थी । सखीरे के हत्यारों ने ही गुरिंद्र की हत्या की है ।

पत्र में कहा गया है कि सखीरा गुट द्वारा बनाए गए नए संगठन खालिस्तान आर्म्ड पुलिस का मुखिया उसे (खजाना) को बनाया गया है, इस संगठन का नेतृत्व पांच सदस्यीय पंथक कमेटी का ज्ञानी अरूड़ सिंह कर रहा है । खालिस्तान कमांडो फोर्स मनवीर गुट है ।

इस गुट का टकसाल में जोर होने के कारण सखीरा गुट के सदस्य ज्ञानी अरूड़ सिंह को कमेटी में से निकाला गया । पत्र में कहा गया कि ये लोग सुखदेव सिंह सखीरे की कुर्बानी को भूलकर उस का नाम तक मिटाने पर उतारू हो गए हैं । लेकिन खालिस्तान आर्म्ड पुलिस सखीरे की कुर्बानी को धब्बा नहीं लगने देगी ।

पत्र में कहा गया है कि गुरिंद्र के हत्यारों का हमें पता चल चुका है, जिस स्थान पर हत्या की गई है, उस स्थान का भी पता चल चुका है । खालिस्तान आर्म्ड पुलिस इन हत्याओं का बदला अवश्य लेगी । गुरिंद्र सिंह उर्फ भोला को खालिस्तान आर्म्ड पुलिस का जालंधर रेंज का डी.आई.जी. नियुक्त किया गया था ।

पत्र के अंत में कहा गया है कि ये लोग पंथ में फूट डाल कर पंथ को और गहरे संकट में धकेल रहे हैं लेकिन इनके मंसूबे पूरे नहीं होने दिए जाएंगे । मात्र बात के कारण गुरिंद्र की हत्या करना बहुत बड़ी भूल है, जिसके परिणाम अवश्य ही भुगतने पड़ेंगे । जिन लोगों ने उक्त हत्याएं की हैं, उन्होंने यह कृत्य करके 'चौधर' की भूख प्रकट की है ।

Punjabi Sanatani

# उग्रवादियों द्वारा सैनिक की हत्या

**चंडीगढ़, 28 नवम्बर (यू., प्रै.): पंजाब में उग्रवादियों ने विभिन्न वारदातों में एक सैनिक की हत्या कर दी और एक टैलीफोन आप्रेटर को घायल कर दिया, जबकि एक आतंकवादी पकड़ा गया ।**

**सैनिक की हत्या**

लुधियाना (यू., प्रै., ज.,ध., म.): प्राप्त समाचारों के अनुसार स्कूटर पर सवार तीन आतंकवादियों ने लुधियाना, जगरांव मार्ग पर बद्दोवाल के निकट सैनिक शिविर पर ड्यूटी दे रहे सेना के एक जवान एस. घूंघरी को गोली चलाकर आज सवेरे मार डाला ।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि जवान को गोली मारने के बाद आतंकवादियों ने बद्दोवाल के निकट एक टैलीफोन आप्रेटर रामलोक सिंह पर गोली चलाई जिससे वह घायल हो गया ।

हमलावर स्कूटर पर आए । उन्होंने सैनिक छावनी पर गार्ड ड्यूटी पर तैनात जवान एस. घूंघरी की राइफल छीनने का प्रयास किया, परन्तु इसमें सफल नहीं हो सके ।

गार्ड द्वारा राइफल न देने पर उन्होंने उसे गोली मार दी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई ।

स्कूटर पर भागते समय उन्होंने 22 वर्षीय रामलोक सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया । रामलोक लुधियाना टैलीफोन एक्सचेंज से ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहा था ।

रामलोक सिंह को स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

हमलावरों में दो पगड़ीधारी और एक बिना पगड़ी के था । छावनी तक आते ही उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । प्रहरी घटनास्थल पर ही दम तोड़ गया । फायरिंग करने के बाद आतंकवादी जगराओं की ओर भाग गए ।

पता चला है कि सैनिक कैम्प के कुछ जवानों ने उग्रवादियों का पीछा किया । पुलिस अधीक्षक श्री गिल ने बताया कि तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने पहले सैनिक प्रहरी से बातें कीं और हालात का जायजा लिया और उसके तरन्त पश्चात उन्होंने प्रहारी पर चार फायर किए जिससे वह मर गया । साथ ही उग्रवादियों ने प्रहरी की पेटी से बंधी हुई गन काटने की कोशिश की मगर निकट ही परिवार क्वार्टरों से लोग बाहर निकल आए जिन्हें देखकर उग्रवादी भाग गए ।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रामलोक सिंह की टांग पर गोली लगी जिसे सिविल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है और उसकी हालत खतरे से बाहर है ।

**टैलीफोन आप्रेटरों द्वारा प्रोटैस्ट**

उग्रवादियों द्वारा एक टैलीफोन आप्रेटर को घायल करने के विरुद्ध लुधियाना के टैलीफोन एक्सचेंज के आप्रेटरों ने आज प्रोटैस्ट के रूप में काले बिल्ले लगाए । टैलीफोन आप्रेटर मांग कर रहे हैं कि उनकी सुरक्षा का प्रबन्ध किया जाए ।

कपूरथला से 'श.' ने सूचना दी है कि करतारपुर रोड पर तीन सिख युवकों ने पिस्तौल की नोक पर एक स्कूटर पी.ए.ई. 5816 छीन लिया और फरार हो गए । बताया गया है कि एक व्यक्ति सुलखन सिंह टाहली साहब से स्कूटर पर कपूरथला आ रहा था कि उग्रवादियों ने पिस्तौल दिखाकर छीन लिया । (शेष पृष्ठ 10 पर)

## कश्मीर घाटी में से शीत लहर बढ़ी

स्थलों पर भारी हिमपात की खबरें मिली हैं ।

हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर भारी हिमपात के कारण वाहन यातायात ठप्प रहा ।

शिमला से प्राप्त समाचारों में कहा गया है कि लाहौल स्पिति के जिला मुख्यालय केलांग में 60 सैंटीमीटर बर्फ पड़ चुकी है तथा तापमान शून्य से 25 डिग्री नीचे गिर गया है । गत तीन दिनों की वर्षा और हिमपात के फलस्वरूप कई स्थानों पर दूर संचार सेवाएं अस्त-व्यस्त हो गईं । तीसरे दिन भी

(शेष पृष्ठ 10 पर)

## अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था पर भारत-रूस में व्यापक मतभेद

नई दिल्ली, 28 नवम्बर (वार्ता): सोवियत नेता मिखाइल गोर्बाच्योव की भारत यात्रा के दौरान जारी संयुक्त वक्तव्य में निरस्त्रीकरण, अंतरिक्ष युद्ध, शांति और गुट निरपेक्षता के बारे में दोनों देश सहमत रहे लेकिन व्यापक अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था के सोवियत प्रस्ताव पर दृष्टिकोण में अंतर रहा ।

संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि बातचीत के दौरान सोवियत पक्ष ने एशिया और प्रशांत महासागरीय क्षेत्र में शांति बनाए रखने और सहयोग बढ़ाने के अपने 'ठोस' सुझाव की तरफ भारत का ध्यान आकृष्ट किया ।

सहमत थे कि महा शक्तियां और अन्य देशों की हथियारों पर खर्च कम कर उससे हुई बचत का एक अंश विकासशील देशों की सहायता के लिए देना चाहिए ।

संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि हिन्द महा सागर में बने सभी सैनिक अड्डे हटाए जाएं और इसे शांति क्षेत्र घोषित करने के लिए शीघ्र ही अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन बुलाया जाए ।

दोनों देशों ने कहा है कि विश्व शांति की दिशा में छोटे-बड़े, अमीर-गरीब और विभिन्न राजनीतिक प्रणाली वाले सभी देशों की भूमिका होनी चाहिए ।

Punjabi Sanatani

## उग्रवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

अमृतसर में खालसा कालेज के छात्रों, प्रबंधकों व स्टाफ ने मुख्यमन्त्री से मांग की है कि आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन (गुरजीत सिंह) के कार्यालय सचिव व इस कालेज के छात्र देवेन्द्र सिंह छीना की रा.सु. का. में नजरबंदी रद्द की जाए ।

अमृतसर पुलिस ने खेमकरण क्षेत्र के चकवालियां ग्राम के महेन्द्र सिंह व ओठियां से दर्शन सिंह को अवैध शस्त्रों के साथ गिरफ्तार कर लिया ।

**उग्रवादी बंदी**

मोगा पुलिस में हत्या तथा डकैती की अनेक वारदातों में वांछित आतंकवादी तेग बहादुर सिंह को कल गिरफ्तार कर लिया । उन पर गोलाबारी करके एक व्यक्ति को जान से मारने तथा दो अन्य को घायल करने का आरोप है । मोगा में पिछले जनवरी में एक राष्ट्रीयकृत बैंक में एक लाख रुपए की डकैती के मामले में पुलिस को उसकी तलाश है ।

बस्सी पठानां (रुपाल): लुधियाना के पिछले जिला पुलिस चीफ श्री एस.पी. पांडे पर गत वर्ष 9 जुलाई को हुए जान लेवा हमले के मामले की सुनवाई मुकम्मल हो चुकी है और इस बारे में वहां की न्यायिक अदालत द्वारा कल 29 नवम्बर को फैसला सुनाए जाने की जोरदार सम्भावना है । स्मरणीय है कि गत वर्ष 9 जुलाई को पुलिस ने प्रेमपाल सिंह नामक एक पैप्सू परिवहन निगम कर्मचारी को श्री पांडे की कार में कथित तौर पर ट्रक की टक्कर मारकर उन्हें कत्ल करने के प्रयत्नों के आरोप में गिरफ्तार किया था जिसको अदालत ने 31 जनवरी 1986 को जमानत पर रिहा कर दिया था ।

फिरोजपुर (क्रि.): फिरोजपुर के जिलाधिकारी ने आदेश दिया है कि जिले में सभी बसें सायं 7.30 बजे तक अपने निर्दिष्ट स्थानों को पहुंच जाया करें ।

**चुंगी लूट ली**

होशियारपुर (प्रद्युम्न, तरसेम): गत रात्रि लगभग 7 बजे भरवाईं रोड पर दो अज्ञात स्कूटर सवार युवक आदमवाल की चुंगी लूटकर ले गए । बताया जाता है कि उस समय चुंगी मुहर्रिर जोगिंद्र सिंह सारे दिन की चुंगी जमा करवा चुका था । उस समय उसके पास 104.70 रुपए थे । स्कूटर सवार पिस्तौल की नोक पर 104.70 रुपए ही लूट कर फरार हो गए । जाते समय उन्होंने जोगिन्द्र सिंह की घड़ी भी छीन ली । पुलिस ने केस दर्ज करके जांच प्रारम्भ कर दी है ।

**छात्र हड़ताल**

जालन्धर (यू.): आई.टी.आई. के तीन छात्रों को पटियाला पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के विरोध में वहां के छात्रों ने आज तीसरे दिन भी हड़ताल रखी और रैली की ।

स्पोर्ट्स कालेज आज भी बंद रहा । कालेज कल भी बंद रहेगा ।

लायलपुर खालसा कालेज में कल हड़ताल रही । कालेज आज भी बंद रहा । कल भी कालेज बंद रहेगा ।

आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन ने कल जालन्धर व फगवाड़ा के कालेजों में हड़ताल का आह्वान किया है ।

# उग्रवादियों द्वारा मोगा में फायरिंग, 4 घायल : बैंक, सहकारी समितियां, ठेके, पैट्रोल पम्प लूटे

चंडीगढ़, 29 नवम्बर (यू., प्रै.): उग्रवादियों ने आज पंजाब में कई जगह लूटपाट की वारदातें कीं ।

उग्रवादियों ने रोपड़ के पास यूनाइटेड कमर्शियल बैंक की स्थानीय शाखा से 45 हजार रुपए लूट लिए । यह बैंक गुरुद्वारा सिह सभा के अन्दर था । रोपड़ थर्मल प्लांट के एक इंजीनियर का स्कूटर छीन लिया गया । नकोदर तथा नूरमहल तहसीलों में दो को-आप्रेटिव सोसाइटियों से 49 हजार रुपए लूट लिए गए ।

उग्रवादियों ने मोगा में आज रात्रि अंधाधुंध फायरिंग करके 4 लोगों को घायल कर दिया ।

उग्रवादियों ने पटियाला के पास एक पैट्रोल पम्प भी लूट लिया ।

### बैंक डकैती

रोपड़ : दो संदिग्ध आतंकवादियों ने आज दोपहर यहां से आठ कि.मी. दूर कराली मार्ग पर यूनाइटिड कमर्शियल बैंक की स्थानीय शाखा से 45 हजार रुपए की राशि लूट ली । बैंक की यह शाखा गुरुद्वारा सिंह सभा के भीतर स्थित है ।

हमलावर स्कूटर में आए तथा उन्होंने सभी कर्मचारियों को स्ट्रांग रूम में बंद कर दिया तथा जाते समय टैलीफोन भी साथ ले गए । उन्होंने सुरक्षा गार्ड की बंदूक भी छीन ली परन्तु उसे बैंक के बाहर फैंक गए ।

हमलावर पगड़ी पहने हुए थे तथा उनकी उम्र 28 से 30 वर्ष के बीच थी ।

इससे पूर्व रोपड़ ताप बिजली संयंत्र के एक जूनियर इंजीनियर अनिल नरूला से पिस्तौल की नोक पर उसका स्कूटर छीन लिया तथा बैंक लूटने के लिए उसी स्कूटर का प्रयोग किया । वे जूनियर इंजीनियर को भी जबरन साथ ले गए तथा बैठक में बंद कर दिया । पुलिस हमलावर की तलाश कर रही है ।

इसी बीच 4 सशस्त्र आतंकवादियों ने कपूरथला के निकट सुल्तानपुर लोधी क्षेत्र में ढाडडी गांव में एक शराब के ठेके से दो हजार रु. लूट लिये और फरार हो गये ।

### सहकारी समिति लूटी

नकोदर (गगन): आज तीन सशस्त्र युवकों ने जो कि स्कूटर पर सवार थे यहां के निकटवर्ती गांव बोपारायकलां में गांव की सहकारी सोसाइटी के सैक्रेटरी सुखदेव सिंह को गोली मारकर सख्त घायल करके सोसाइटी के 16 हजार रुपए लूट लिए । हालत खराब होने के कारण सुखदेवसिंह को सिविल अस्पताल नकोदर से सी.एम.सी. लुधियाना भेज दिया गया है । बताया गया है कि इन तीन उग्रवादियों में दो पगड़ीधारी थे जबकि एक बिना पगड़ी के था । बोपारायकलां से पहले वह गांव अगोवाल में ऐसी ही वारदात कर ने गए थे लेकिन वहां दाव नहीं लगा था । वहां से बोपारायकलां आकर 16 हजार रुपए लूट लिए ।

### 33 हजार रुपए लूटे

नूरमहल जालन्धर के बोपारायकलां से ये उग्रवादी लूटेरे एक निकटवर्ती गांव में भी गए और

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# बरनाला को केवल ... पंजाब में बिगड़...

लुधियाना, 29 नवम्बर (जोशी) : भारत सरकार की ओर से मनीआर्डरों, पोस्टल आर्डरों और रजिस्ट्रियों की फीस में वृद्धि के साथ-साथ टैलीफोन की दरों में वृद्धि करके इस निर्धन देश के लोगों पर डाला गया साढ़े चार अरब रुपए का बोझ न केवल

Punjabi Samachar

पुलिस व सुरक्षा बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए । उल्लेखनीय है कि निकट ही गांव दयालगढ़ में स्थायी तौर पर सुरक्षा बल तैनात हैं ।

बाद में श्री विरदी ने पत्रकारों को बताया कि अज्ञात हत्यारों ने 38 बोर का रिवाल्वर व पिस्तौल प्रयोग किया है और लगभग 8 फायर किए हैं । घटनास्थल से .38 बोर के तीन चले हुए कारतूस मिले हैं । घटना तड़के साढ़े 4-5 बजे की है ।

श्री विरदी ने आगे बताया कि पुलिस व सुरक्षा बल सारे क्षेत्र की खोजबीन कर रहे हैं और अभी तक दस लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है ।

**पनाह देने पर गिरफ्तार**

इस अवसर पर डी.एस.पी. श्री हरजीत सिंह ने बताया कि थाना श्री हरगोबिन्दपुर पुलिस ने गांव मुनेश की एक महिला जोगिन्दर कौर व एक अन्य व्यक्ति को संदिग्ध आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में 216 व 3/4 आतंकवादी एक्ट में गिरफ्तार किया है ।

**2 जगह गोली चली**

मोगा (बांसल): एस.एस.पी. श्री राजन गुप्ता ने बताया कि कल रात दो स्थानों पर फायरिंग हुई । उन्होंने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों की अंधाधुंध फायरिंग जिससे 4 व्यक्ति घायल हो गए थे, के स्थान से स्टेनगन के 11 खाली कारतूस मिले । इसके अलावा गांधी रोड पर रेलवे क्रासिंग के निकट 9 एम.एम. पिस्तौल के 3 कारतूसों के खोल मिले । पुलिस इस बात का पता लगा रही है कि क्या यह दोनों वारदातें एक ही ग्रुप ने की हैं या दो अलग-अलग ग्रुपों ने । पुलिस ने गत रात्रि कई स्थानों पर छापे मारे तथा अनेक व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया । उनसे पूछताछ जारी है । पकड़े गए व्यक्तियों में से कुछ जिला कपूरथला तथा अमृतसर के हैं ।

पुलिस को आशा है कि अपराधी शीघ्र पकड़ लिए जाएंगे ।

श्री राजन गुप्ता स्वयं आधी रात के बाद देर तक जांच कार्य की देखरेख करते रहे । वह घायलों के सम्बन्धियों और अनेक शहरियों से भी मिले ।

...सूचना के अनुसार गत रात 9 बजकर 10 मिनट के करीब स्टेशन वैगन नम्बर पी.यू.इ. 1913, जो कि तरनतारन से गांव ब्रह्मपुरा की ओर ले जा रही थी, पर ब्रह्मपुरा के निकट कुछ आतंकवादियों ने गोलियां चलाईं जिससे चालक व कंडक्टर दोनों घायल हो गए । दोनों को अस्पताल में दाखिल कराया गया । उनकी दशा खतरे से बाहर बताई जाती है ।

**दो स्कूटर छीने**

आज दोपहर थाना आदमपुर क्षेत्र के अंतर्गत गांव पंडोरी निज्जड़ां के निकट तीन युवकों ने दो व्यक्तियों से उनके स्कूटर छीन लिए । लुटेरे उन्हीं स्कूटरों पर कठार की ओर भाग गए । इससे पहले इन लुटेरों ने गांव पंडोरी निज्जड़ां से खुर्दपुर के लिए एक टैक्सी 120 रुपए किराया पर ली । कुछ दूर जाकर उन्होंने ड्राईवर को गाड़ी रोकने के लिए कहा तथा उसे मारपीट करने लगे । इतने में दो स्कूटर सवारों ने जो कि वहां से गुजरे, को उन्होंने लोहे की छड़ें लहराते हुए रोका तथा उनके स्कूटर छीन कर चम्पत हो गए ।

**खालसा बर्खास्त होंगे**

(पृष्ठ 3 का शेष)

दिल्ली को यहां आने से रोक सकते थे जिनके विरुद्ध गम्भीर किस्म के केस दर्ज हैं तथा वे कल ही जमानत करवा कर यहां आए हैं । इसी प्रकार हम जरनैल सिंह परेवाल जो कि वस्तुतः जालन्धर से हैं लेकिन अब कनाडा की राष्ट्रीयता प्राप्त कर चुके हैं, को भी यहां आने से रोक सकते थे जबकि उनके विरुद्ध भी केस दर्ज हैं । उन्होंने कहा कि 133 सदस्यों का सुरक्षित दरबार साहब पहुंच पाना यही दर्शाता है कि सरकार की ओर से किसी प्रकार का इस चुनाव प्रक्रिया में कोई दखल नहीं दिया गया ।

एक प्रश्न के उत्तर में श्री बरनाला ने कहा कि श्री टोहरा कैसे सिद्धांतों पर चुनाव जीतने की बात करते हैं । उन्होंने कहा कि वह तो स्वयं ही अपने कर्त्तव्य से विमुख होकर इस्तीफा देकर भाग गए थे तथा अमृतसर में हुए कथित सरबत खालसा सम्मेलन में आने का साहस न कर सके थे, उस समय उनके यह सिद्धांत कहां थे ?

...बढ़ रहे सत्तारूढ़ दल के नेताओं और समर्थक सदस्यों को 'हूट' किया ।

बाद में, अर्द्धसैनिक बलों ने परिसर में प्रवेश करके सत्तारूढ़ पक्ष के नेताओं के लिए रास्ता बनाया । अर्द्धसैनिक बलों का नेतृत्व पुलिस उपमहानिरीक्षक पी.सी. डोगरा, महानिरीक्षक (सी.आर.पी.) के.पी.एस. गिल और उप पुलिस महानिरीक्षक एस.एस. विर्क ने किया ।

सत्तारूढ़ दल के कुछ सदस्यों को पुलिस ने अपने घेरे में समुन्दरी हाल तक पहुंचाया ।

बाद में राज्य सरकार के मंत्रियों और उनके समर्थकों ने जैसे ही तेजा सिंह समुन्दरी हाल परिसर में प्रवेश किया तो असंतुष्ट अकाली नेताओं ने उन्हें वहां से हटाने की कोशिश की ।

चुनाव व्यवस्था के लिए वहां तैनात एस.जी.पी.सी. कर्मचारी जब मंत्रियों और उनके समर्थकों को वहां से हटाने में असफल रहे तो असंतुष्ट अकाली विधायक तालिब सिंह संधू और उनके गुट के अन्य नेताओं ने राजस्व राज्यमंत्री तारा सिंह लायलपुरी और पशुपालन मंत्री जगदेव सिंह ताजपुरी को वहां से धकेल कर बाहर कर दिया ।


असंतुष्ट नेताओं ने गृहराज्यमंत्री कंवलजीत सिंह को भी 'हूट' किया और उन्हें समुन्दरी हाल से बाहर जाने के लिए बाध्य कर दिया । युवक सत्तारूढ़ दल के खिलाफ नारे लगाते रहे जिससे वातावरण में तनातनी रही ।

राज्य के मुख्यमंत्री बरनाला आज सवेरे ही यहां पहुंचे थे लेकिन चुनाव स्थल नहीं पहुंच सके ।


मतदान के समय श्री बादल और उनके समर्थक परिसर के चारों ओर की गई नाकेबंदी के बाहर खड़े रहे । इस अवसर पर उपस्थित अन्य प्रमुख असंतुष्ट अकाली नेता थे अमरिंद्र सिंह, शमिंदर सिंह, त्रिलोचन सिंह तुड़, सत्तारूढ़ पक्ष के श्रीयुत बलवंत सिंह रामूवालिया और तेजा सिंह दर्दी तथा राज्य के अनेक मंत्री वहां उपस्थित थे ।

मतदान होने के बाद भी सुरक्षा बलों को मुस्तैदी दिखानी पड़ी । सुरक्षा बलों के जवानों को ज्ञानी काबल सिंह और एस.जी.पी.सी. में उनके समर्थक सदस्यों को अपने घेरे में परिसर से बाहर लाना

# टांडा बस हत्याकांड की कुछ मुंह बोलती तस्वीरें




1




6



2




7



3



8



4



5





9

(1) टांडा के पास गांव भगोल खुर्द की छोटी सड़क जहां पर 24 बस यात्रियों की हत्या की गई, (2) सड़क पर वह स्थान जहां हत्याकांड हुआ, (3) बस में सोमवार को भी मृत यात्रियों का सामान और खून बिखरा पड़ा था, (4) वह बस जिसके यात्रियों की हत्या की गई, एक शव को उठाकर ले जाया जा रहा है, (5) और (6) दसूहा में अस्पताल के मुर्दाघर के बाहर पड़े बस यात्रियों के कुछ शव, (7) हत्याकांड में बच गया एक यात्री आप-बीती सुनाते हुए, (8) मृतकों के प्रियजनों को सांत्वना देते हुए संबंधी, (9) पुलिस कर्मचारी एक शव वारिस के हवाले करने के कागजों पर हस्ताक्षर कराते हुए ।

(छाया : कपूर)

# टांडा बस हत्याकांड की कुछ मुंह बोलती तस्वीरें



















(1) टांडा के पास गांव भगोल खुर्द की छोटी सड़क जहां पर 24 बस यात्रियों की हत्या की गई, (2) सड़क पर वह स्थान जहां हत्याकांड हुआ, (3) बस में सोमवार को भी मृत यात्रियों का सामान और खून बिखरा पड़ा था, (4) वह बस जिसके यात्रियों की हत्या की गई, एक शव को उठाकर ले जाया जा रहा है, (5) और (6) दसूहा में अस्पताल के मुर्दाघर के बाहर पड़े बस यात्रियों के कुछ ... हत्याकांड में बच गया एक यात्री आप-बीती सुनाते हुए, (8) मृतकों के प्रियजनों को सांत्वना देते हुए संबंधी, (9) पुलिस कर्मचारी एक शव वारिस के हवाले करने के कागजों पर (छाया : कपूर)

... मंत्री प्रो. लक्ष्मी कांता चावला को आज हिरासत में ल ... संगरूर, लुधियाना, जालन्धर, ...

Punjabi Sangrani

# उग्रवादियों द्वारा पंजाब में 13 हत्याएं

चंडीगढ़, 1 दिसम्बर (यू.प्रै.): उग्रवादियों ने पंजाब में विभिन्न स्थानों पर 13 लोगों की गोलियां मारकर हत्या कर दी ।

आज रात्रि गुरदासपुर जिले के फतेहगढ़ चूड़ियां क्षेत्र में एक दोधी के तीन बेटों की उग्रवादियों ने हत्या कर दी । संदिग्ध आतंकवादियों ने आज जिला फरीदकोट के रोडे गांव में एक सरपंच सहित 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी ।

गत मास आतंकवादियों की गोली से घायल हुए पुलिस इंस्पैक्टर गंगा बिशन की कल रात पटियाला के अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

कादियां के निकट दो उग्रवादियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों के साथ भिड़ंत के बाद दो आतंकवादी गिरफ्तार कर लिए गए ।

शनिवार की रात को मोगा में हुई फायरिंग में घायल एक युवक की आज लुधियाना अस्पताल में मृत्यु हो गई ।

फिरोजपुर पुलिस ने कल रात चार आतंकवादियों को नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार कर लिया । इससे पूर्व दोनों ओर से फायरिंग हुई ।

जंडियाला गुरु के गांव रसूलपुर में एक ए.एस.आई. की दो उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी ।

दो उग्रवादियों ने आज सायं बटाला बस अड्डे के पास सी.आई.ए. के हवलदार जोगेन्द्र सिंह की थमसन मशीनगन से गोलियां चलाकर हत्या कर दी ।

फतेहगढ़ चूड़ियां (सुभाष): यहां से पांच किलो मीटर दूर थाना रमदास के गांव कोटला सदर में आज सायं लगभग 7 बजे कुछ उग्रवादियों ने दीवान चन्द दोधी के घर पर हमला किया और उसके तीन लड़कों राजू, चमन लाल और प्रेम की गोलियां मारकर हत्या कर दी।

### ग्राहक भी मरा

बाद की सूचना के अनुसार दोधी की दुकान पर बैठा एक ग्राहक प्यारा सिंह भी घटनास्थल पर ही मारा गया । उग्रवादियों की संख्या 12 थी । उन्होंने घर में घुस कर चमन लाल को गोली मारी । यह ग्राम फतेहगढ़ चूड़ियां से 5 किलोमीटर दूर है ।

फरीदकोट (भाषा): संदिग्ध आतंकवादियों ने आज प्रातः फरीदकोट के रोडे गांव में सरपंच जोगिंदर सिंह सहित तीन व्यक्तियों की गोली मार कर हत्या कर दी । दो अन्य मृतकों के नाम गुरजीत सिंह तथा सोढा सिंह बताए गए हैं । बताया गया है कि जोगिंदर सिंह कुछ कुख्यात आतंकवादियों के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराता था । पुलिस के अनुसार दो हमलावर स्कूटर पर आए तथा हत्याएं करने के बाद फरार हो गए ।

बताया जाता है कि जोगिंदर सिंह कुख्यात उग्रवादी वरयाम सिंह खपियांवाली के विरुद्ध केस में गवाह था । खपियांवाली गत मास पुलिस के साथ भिड़ंत में मारा गया था । खपियांवाली मुक्तसर बस हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त था ।

मुक्तसर से दर्दी के अनुसार मुक्तसर से 14 किलो मीटर दूर मुक्तसर-फिरोजपुर रोड पर रूपालियांवाली के निकट एक कच्चा रास्ता गांव लंडे रोडे को जाता है । गांव लंडे रोडे का सरपंच जोगिन्दर सिंह और उसके साथी शहर को जा रहे

वहां से आधा किलो मीटर दूर तीन स्कूटर सवार व्यक्तियों ने जिन्होंने 'खेस' ओढ़ रखे थे, स्कूटर खड़ा कर दिया । दो व्यक्ति स्कूटर से उतरे । एक ने कुदाल उठा रखी थी और दूसरे ने चाय बनाने का बर्तन । दोनों खेतों की ओर गए । खेत में उन्होंने हथियार छुपा रखे थे । उन्होंने हथियार निकालते ही तुरन्त फायरिंग शुरू कर दी । सरपंच के पास रिवाल्वर था और गुरदीप सिंह (28) के पास दोनाली बंदूक थी । उन्होंने भी जवाबी फायरिंग की लेकिन उग्रवादी जोगिन्दर सिंह व उसके दो साथियों की हत्या करने में सफल हो गए जबकि उनका एक साथी मिट्ठा सिंह जान बचाकर भागने में सफल हो गया । उग्रवादियों ने भाग रहे मिट्ठा सिंह पर भी गोली चलाई लेकिन गोली उसे नहीं लगी । बताया जाता है कि यह उग्रवादी वरियाम सिंह के गिरोह से सम्बन्धित थे ।

बताया जाता है कि अप्रैल 1986 में सरपंच के लड़के पर भी गोली चलाकर उसकी हत्या करने की कोशिश की गई थी । यह भी बताया जाता है कि सरपंच जोगिन्द्र सिंह ने जुलाई में मुक्तसर बस हत्या कांड के अभियुक्तों का पीछा किया था ।

उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तथा कुत्ता स्क्वैड भी बुलाया गया । उग्रवादी स्कूटर पर फरार हो गए । हमारे सम्वाददाता 'ख' ने सूचना दी है कि तत्त खालसा नामक एक संगठन ने इस हत्या कांड की जिम्मेदारी ली है । एक पत्र में संगठन ने कहा कि उन्होंने वरियाम सिंह की हत्या का बदला लिया है । उन्होंने यह भी धमकी दी है कि वे मुक्तसर बस हत्या कांड से चार गुना बड़ा कांड करेंगे ।

### चार आतंकवादी गिरफ्तार

फिरोजपुर (बागी, धीमान): पुलिस ने गत रात्रि थाना मक्खू के गांव में नाकाबंदी के दौरान चार कुख्यात आतंकवादियों को गिरफ्तार किया । उनसे एक 9 एम.एम. की सरकारी सर्विस रिवाल्वर, एक सरकारी 303 सर्विस राइफल, एक दोनाली तथा एक सिंगल बैरल बंदूक बरामद हुई ।

यह जानकारी देते हुए एस.एस.पी. श्री चालिहा

उग्रवादियों को चुनौती दी जिस पर उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी । दोनों ओर से फायरिंग के बाद पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया । जिनमें दीदार सिंह उर्फ दारी गांव तलवंडी नेपालां थाना मक्खू जिला फिरोजपुर, सुमंद सिंह, करनैल सिंह व साहिब सिंह को गिरफ्तार किया । अंतिम तीनों थाना भिखीविंड जिला अमृतसर के रहने वाले हैं । श्री चालिहा ने बताया कि दीदार सिंह ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि उसने इंका महासचिव श्री हरचरण सिंह हीरो की हत्या का दो बार विफल प्रयास किया था । इन लोगों से पकड़े गए हथियार पंजाब के एक होमगार्ड से लूटे गए थे । उन्होंने जिला अमृतसर में कुछ हत्याएं करने तथा घरों व दुकानों से जेवर लूटने की भी स्वीकारोक्ति की ।

### उग्रवादियों की फायरिंग से एक घायल

मोगा (चौधरी): आज सायं लगभग 6 बजे कोट ईसा खां के एक जमींदार राम किशन के बेटे रमेश चंद्र को दो उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल क दिया । वह अपने फार्म से लौट रहा था । उ सी.एम.सी. लुधियाना में नाजुक हालत में दाखि करवाया गया है । उसपर उग्रवादियों ने दो मास पू भी हमला किया था ।

### हवलदार की हत्या

बटाला से कोछड के अनसार आज सायं 6.3

(शेष पृष्ठ 8 पर)

## आवश्यक सूचना

कुछ अपरिहार्य कारणों से पंजाब केसरी का मंगलवार को प्रकाशित होने वाला कला एवं संस्कृति संस्करण प्रकाशित नहीं किया जा रहा है । कृपया पाठक व एजैंट नोट करें । —सैक्रेटरी

## छोटी सी बात

रंगा

कश्मीर में लोकतंत्र की बहाली

# खुड्डा न

चंडीगढ़, 1 दिसम्बर (यू.प्रै.): उग्रवादियों कल सायंकाल होशियारपुर जिले के टांडा क्षेत्र खुड्डा ग्राम के पास पैप्सू रोड ट्रांसपोर्ट कारपोरे की बस के एक ही समुदाय के 24 यात्रियों की नृश हत्या के विरोध में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के आह्व पर आज पंजाब व चंडीगढ़ में अभूतपूर्व बंद रह

न हान पाए ।

उन्होंने इसके लिए प्रशासनिक कदमों के साथ-साथ राजनीतिक पहल को भी आवश्यक बताया । उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से इस चुनौती का मुकाबला करने में सरकार के साथ सहयोग करने की अपील की ।

## आतंकवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 1 का शेष)

बजे दो उग्रवादियों ने बटाला बस अड्डे के पास सी.आई.ए. स्टाफ के हवलदार जोगेन्द्र सिंह की हत्या कर दी । उग्रवादियों ने उस पर थामसन मशीनगन एफ. सी-40 से गोलियां चलाईं । उग्रवादी हवलदार का रिवाल्वर नहीं छीन सके ।

यू.न्यू. के अनुसार ए.एस.आई. जोगेन्द्र सिंह की हत्या 3 उग्रवादियों ने स्टेनगनों से पैरामाउंट होटल के पास की और फिर एक ट्रैक्टर पर फरार हो गए । आतंकित भीड़ स्तब्ध रह गई । जोगेन्द्र सिंह उग्रवादियों की हिट लिस्ट में थे । फिल्लौर पुलिस ट्रेनिंग कालेज से परीक्षा पास करके वे पदोन्नत हुए थे और आज ही बटाला में उन्होंने ड्यूटी सम्भाली थी ।

### सी.आर.पी. जवान की हत्या

बटाला से कोछड़ के अनुसार आज रात्रि सर्कुलर रोड पर मोरी गेट के पास सी.आर.पी. की 43वीं बटालियन के जवान जोगेन्द्र सिंह का शव मिला है जो दो दिन की छुट्टी पर आया था । उसकी शिनाख्त उसकी जेब से मिले दस्तावेजों से हुई । संदेह किया जाता है कि उग्रवादियों ने उसकी हत्या की है ।

### एक मरा

गुरदासपुर (यू.): आज सुबह थाना कादियां के गांव दौलतपुर के निकट दो अज्ञात व्यक्तियों ने एक व्यक्ति की गोली मार कर हत्या कर दी । मृतक का नाम सम्पूर्ण सिंह बताया जाता है । दोषी वारदात के बाद फरार हो गए ।

### दो गिरफ्तार

बटाला (कोछड़, विनोद): गुरदासपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री विरदी ने पत्रकारों को बताया कि थाना कादियां के गांव कोटला-मूसा के निकट कल शाम पंजाब पुलिस तथा बी.एस.एफ. ने एक नाके के दौरान दो संदिग्ध आतंकवादियों बलदेव सिंह तथा सुरेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने इनके कब्जे से एक 455 बोर की सर्विस रिवाल्वर, 12 खाली तथा एक कारामद कारतूस तथा एक 12 बोर की पिस्तौल और 5 चले हुए कारतूस बरामद किए हैं । श्री विरदी ने बताया है कि इन दोनों ने प्रारम्भिक पूछताछ के दौरान बताया है कि ये कादियां में कोई घटना करने जा रहे थे । पुलिस को इनसे महत्वपूर्ण सुराग मिलने की आशा है ।

अमृतसर (क.): आज प्रातः पांच बजे थाना जंडियाला गुरु के गांव रसूलपुर में पुलिस के एक रिटायर्ड ए.एस.आई. जोगेंद्र सिंह की उस वक्त दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी, जब वह अपने घर से बाहर खेतों में शौचादि के लिए जा रहा था ।

### शाम 6 बजे के बाद बसें बंद

जिला अमृतसर में अधिकारियों ने जिला की सड़कों पर शाम 6 बजे से प्रातः सात बजे तक बसें चलाने पर पाबंदी लगा दी है । यह आदेश तुरंत लागू हो गया है तथा अगले वर्ष 31 जनवरी तक लागू रहेगा । यह कार्रवाई टांडा बस हत्याकांड के दृष्टिगत की गई है ।

### 10 हजार का माल ले जाने की कोशिश

करतारपुर (देवदत्त): गत रात्रि फर्नीचर बाजार

Panjab Digital Library

# पंजाब में हिंसक घटनाओं में 8 मरे

चंडीगढ़, 3 दिसम्बर (यू., प्रै.): पंजाब में गत 24 घंटों में विभिन्न हिंसक घटनाओं में 8 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई ।

नकोदर क्षेत्र के गांव तलवंडी संघेड़ा में कथित लुटेरों ने एक औरत व उसकी पुत्रवधू की हत्या कर दी ।

मोगा-फायरिंग का एक और घायल गत रात दम तोड़ गया ।

श्री हरगोबिंदपुर क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई ।

बटाला में कुछ व्यक्तियों द्वारा मारपीट किए जाने से घायल युवक की अमृतसर अस्पताल में मृत्यु हो जाने के कारण बटाला में तनाव पैदा हो गया ।

जंडियाला क्षेत्र में एक ग्रंथी की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी ।

## लुधियाना जिला में 2 कत्ल

लुधियाना से 'जोशी' के अनुसार समराला चौक के निकट शेरपुर बाईपास सड़क पर ट्रैफिक कांस्टेबल भोला सिंह की वर्दी पहने हुए लाश मिली है । उसकी रहस्यमय हत्या कल शाम हुई है । उसकी लाश के निकट टार्च पड़ी मिली है । वह दो सप्ताह पहले बदलकर यहां आया था ।

थाना सुधार के गांव तुगल में करियाना विक्रेता राम प्रताप (47) की लाश नहर के किनारे पड़ी मिली है । उसकी गर्दन पर तेज हथियार की धार से निशान किए गए हैं । वह हरियाणा निवासी है और दो साल पहले यहां आकर आबाद हुआ था । किसी ने उसके घर जाकर बताया कि वह नहर के किनारे फिसल कर मर गया है । बताया गया है कि वह रोज प्रातः नहर के किनारे शौचादि के लिए जाया करता था । उसकी चार लड़कियां और पांच लड़के हैं । ख्याल है कि यह कत्ल गांव में आतंक फैलाने के लिए किया गया है ।

## 5 आतंकवादी पकड़े

लुधियाना (मुसाफिर): लुधियाना पुलिस ने 5 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस के अनुसार यह लोग दूसरे जिलों के हैं । उनके कब्जे से 5 छुरे बरामद किए गए हैं । उन्होंने पुलिस को अपने नाम यह बताए हैं : पप्पू, जगाधरी, बरेटा, फौजी और कुक्कू । पुलिस का ख्याल है कि इन लोगों ने अपने नाम गलत बताए हैं । उन्होंने बताया कि वह बैंकों तथा फर्मों को लूटने के लिए लुधियाना आए थे । उनके बारे में गहराई से जांच जारी है ।

## चार वारदातें

अमृतसर (वि.प्र.): अमृतसर में पुलिस सूत्रों से मिली सूचनाओं के अनुसार आतंकवादियों ने जिला और शहर में कल रात और आज प्रातः चार वारदातें कीं तथा शस्त्रास्त्र व नकदी लूट ले गए ।

थाना जंडियाला के क्षेत्र में गांव जबोवाल में गुरुद्वारा के एक ग्रंथी संतोख सिंह के पास रात 7.30 बजे के लगभग एक आतंकवादी आया तथा उससे पनाह मांगी । उसके इंकार करने पर उसने उसकी गोली मार कर हत्या कर दी । यू.न्यू. के अनुसार पुलिस ने इसे भूमि संबंधी विवाद का नतीजा बताया है । एक अन्य सूचना के अनुसार ग्रंथी की हत्या रिक्शा में जाते समय की गई ।

## दो बंदूकें छीनीं

थाना अजनाला क्षेत्र के गांव मकाम में गत रात्रि दो आतंकवादी एक जमींदार काबल सिंह के घर आए तथा उससे पिस्तौल की नोक पर उसकी बंदूक व

(शेष पृष्ठ 8 पर)

Punjabi Sanjhi

# आतंकवादियों द्वारा दादा-पोते की हत्या

चंडीगढ़, 4 दिसम्बर (प्रै., यू.वा.): आतंकवादियों ने गत रात अजनाला क्षेत्र में एक वृद्ध और उसके पोते की हत्या कर दी ।

बटाला पुलिस ने एक युवक की हत्या के आरोप में शिव सेना के प्रधान व तीन अन्य लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया ।

गुरदासपुर में उग्रवादियों ने प्रमुख पत्रकार ज्ञानी जगजीत सिंह को गोली मार कर घायल कर दिया ।

बटाला (कोच्छड़): गुरदासपुर के पुलिस अधीक्षक श्री जे.पी. विरदी ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि नगर पुलिस बटाला ने एक युवक प्रेम सिंह की हत्या के आरोप में स्थानीय युवक राकेश कुमार शर्मा व तीन अन्य पप्पू, अशोक कुमार, सुभाष चंद्र के विरुद्ध धारा 362 के अधीन मुकद्दमा दर्ज किया है । उल्लेखनीय है कि गत 2 दिसम्बर को स्थानीय किला मंडी क्षेत्र में कुछ शरारती युवकों ने पिटाई करके 16 वर्षीय प्रेम सिंह को गम्भीर घायल कर दिया था । बाद में अमृतसर अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई ।

श्री विरदी ने पुलिस व सुरक्षा बलों को गश्त, खोजबीन, वाहनों की चैकिंग का कार्य तेज करने के आदेश जारी किए हैं । उन्होंने कहा कि जिस पुलिस अधिकारी के क्षेत्र में कोई घटना घटी, उसके लिए वही दोषी होगा ।

**फैडरेशन की जासूसी शाखा**

भटिंडा (वा.) : स्वयं को फैडरेशन का कार्यकर्ता बता कर जघन्य अपराध कर रहे तत्वों का पता लगाने के लिए अखिल भारतीय सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन एक जासूसी शाखा स्थापित करेगी । फैडरेशन के कार्यालय सचिव गुरबाज सिंह खालसा ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पंजाब के प्रत्येक जिले में इस जासूसी शाखा का गठन किया जाएगा और उसमें 90 से 100 जासूस होंगे । विज्ञप्ति के अनुसार ये जासूस गद्दारों की सूची तैयार करेंगे जिन्हें फैडरेशन ''सजा'' देगी ।

अमृतसर (भाषा): अजनाला क्षेत्र के चैनपुर गांव में छह संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात एक वृद्ध और उसके पोते की हत्या कर दी ।

पुलिस के अनुसार राइफलों और रिवाल्वरों से लैस आतंकवादियों ने एक मकान में घुस कर श्याम लाल और उसके पोते सुभाष चन्द्र की गोली मार कर हत्या कर दी, जबकि मृतक श्याम लाल का दूसरा पोता गुलशन कुमार सुरक्षित बच गया ।

आतंकवादियों के शिकार व्यक्ति घटना से कुछ घंटे पूर्व ही श्री गुलशन कुमार के मकान में आए थे । गुलशन कुमार घटना से कुछ मिनट पूर्व ही अपनी गाय का दूध दुहने गया था, इसलिए वह आतंकवादियों के हमले से बच गया ।

**सुराग मिलने का दावा**

मोगा (बांसल): कल बाघापुराना में दो व्यक्तियों पर की गई फायरिंग के सिलसिले में पुलिस ने बताया कि फायरिंग करने वाला एक व्यक्ति था जिसने 12 बोर के पिस्तौल से फायर किए । पुलिस के अनुसार इस घटना के बारे में लाभदायक सुराग मिल गया है और अपराधियों के शीघ्र पकड़े जान की आशा है । उक्त घटना के दोनों घायलों की हालत खतरे से बाहर है ।

**पत्रकार को गोली मारी**

गुरदासपुर से 'विनोद' की सूचना है कि गुरदासपुर के प्रमुख पत्रकार ज्ञानी जगजीत सिंह को आज शाम दो उग्रवादियों ने गोली मार कर घायल कर दिया । ज्ञानी जगजीत सिंह को गुरदासपुर के अस्पताल में लाकर दाखिल करा दिया गया है जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जाती है । ज्ञानी जी ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि आज शाम जब वह गुरदासपुर से अपने गांव शाहले को स्कूटर पर जा रहे थे तो उनके साथ-साथ एक नीले रंग के स्कूटर पर एक युवक भी जा रहा था । रेलवे फाटक के पास गुरुद्वारा से उसने एक अन्य नौजवान को स्कूटर पर बिठा लिया तथा जब वह मौजा फराला के निकट पहुंचे तो स्कूटर सवारों ने उन पर 3 फायर किए जिससे वह घायल हो गए । उसके बाद उग्रवादी फरार हो गए । (शेष पृष्ठ 8 पर)

# चंडीगढ़ भी अशांत घोषित

चंडीगढ़, 4 दिसम्बर (भाषा): केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को भी अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया गया है ।

कल ही पंजाब सरकार ने पूरे अमृतसर जिले तथा 7 अन्य जिलों की 16 तहसीलों को उपद्रवग्रस्त

Punjabi Sanjhi

# उग्रवादियों की 70 व्यक्तियों को मारने की योजना थी


जालन्धर, 4 दिसम्बर : आज 'खालिस्तान लिबरेशन फोर्सिज' की तरफ से हिन्द समाचारपत्र समूह के कार्यालय में प्राप्त एक पत्र में खालिस्तान आर्म्ड पुलिस (सखीरा ग्रुप) के भाई मंजीत सिंह खजाला ने लिखा है कि 'बस कांड' का दायित्व उन्हें सौंपा गया था तथा उन्होंने स्वयं इस कांड का नेतृत्व किया है ।

पत्र में लिखा गया है, यदि आपको विश्वास न हो तो आप उस कार चालक से मेरा हुलिया जान सकते हो । मैंने स्वयं को खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित बता कर कार किराए पर ली थी तथा अपने रसूक से मैं कार 'पंडोरी निझरां' की तरफ ले गया था । कार छीनने तथा उसके बाद स्कूटर छीनने का काम मैंने स्वयं किया था । यदि कार छीन ली जाती तो मैंने दिल्ली-जम्मू रूट की बस का अपहरण करके 70 व्यक्ति मारने थे जोकि कार के स्टार्ट न होने के कारण बच गए । दो स्कूटर छीन कर हमने रास्ते में से एक रंग की डिब्बी खरीद कर उनके नम्बरों को काट दिया जोकि आपने देख ही लिया होगा । बाईपास टांडा से मेरे पांच साथी बस में सवार हुए । जब वे बस में सवार हो गए तो हम दो व्यक्ति, मैं और मेरा साथी, बस के पीछे स्कूटर लेकर चल पड़े । जब मेरे साथियों ने देखा कि उनका नेता (मैं) उनके पीछे आ रहा है तो उन्होंने बस को मोड़ लिया ।

जब बस गन्ने के खेत के निकट गई तो मैंने उसे रुकवा दिया । बस रोक कर मेरे आदमियों ने मेरे इशारे पर गोली चलानी शुरू कर दी । दो स्कूटर हमारे पास थे ही तथा एक हमने किसी व्यक्ति से छीन लिया तथा ये स्कूटर लेकर हम चल पड़े । उसके बाद गांव झावां के पास हमने एक और 'एप्लाइड फार' स्कूटर छीना । इसने हमारा साथ गांव 'घोड़ेबहा' तक दिया । उसके बाद हम पैदल ही चल पड़े तथा सारी रात हम कोई 60 किलो मीटर तक चले । प्रातः होने पर हम अपनी-अपनी कारें किराए पर लेकर चले गए ।

खालिस्तान आर्म्ड पुलिस के जवानों में एक 'मोना' था, जोकि जिन्दा नहीं था । जवानों ने वैसे ही जिन्दे का नाम ले दिया था जिसे सुनकर 'मोना' होने के कारण लोगों ने उसे जिन्दा समझ लिया । जिन्दा हमारे साथ कदापि नहीं था । इस कांड के सभी सिंह जिला गुरदासपुर के थे तथा उनका नेतृत्व सेवक (खुजाला) कर रहा था तथा खालिस्तान आर्म्ड फोर्स का आई.जी. शेर सिंह भी हमारे साथ था ।

मेरे साथियों को इस क्षेत्र के बारे में कोई जानकारी नहीं थी । मैं प्रत्येक सम्पर्क सड़क के बारे में जानता था जिसके कारण मैं अपने साथियों को सही-सलामत ले जाने में सफल हो गया । टांडा बाईपास पर मैंने स्कूटर पर लगभग 15 चक्कर लगाए तथा फिर एक पैट्रोल पम्प से 5 लिटर पैट्रोल डलवाया । मेरे साथियों ने यह काम बड़े अच्छे ढंग से किया है । होशियारपुर में हिन्दुओं ने सिखों की पगड़ियां जला कर जो अपमान किया था, मैंने उसका बदला ले लिया है । यदि हिन्दू शिव सेना ने पुनः




पत्र के पहले पृष्ठ की फोटो प्रति

सिखों के विरुद्ध दंगे किए तो पंजाब में हिन्दुओं का रहना मुश्किल कर दूंगा ।

इससे पूर्व मैंने छीना कांड भी किया था । जेल से भागने के पश्चात् यह मेरी सबसे बड़ी कार्रवाई है तथा अब मैं सही-सलामत अमृतसर पहुंच गया हूं । अब होशियारपुर के हिन्दुओं के लिए नया तोहफा लेकर आऊंगा । वह तोहफा हिन्दुओं को अच्छी तरह सबक सिखाएगा । हिन्दुओ यदि अब कोई गलत कार्रवाई की तो वह तुम्हारे लिए खतरनाक सिद्ध होगी ।

खुड्डा बस कांड के समय मेरे तथा शेर सिंह सहित हम लोगों की संख्या सात थी । मुझे तीन जिलों गुरदासपुर, होशियारपुर तथा जालन्धर के गद्दारों को 'सोधने' का काम दिया गया है तथा मैं प्रायः तीनों जिलों में कार्रवाइयां करने में सफल हो चुका हूं । गुरदासपुर में कशमीरा सिंह की हत्या मेरे जवानों ने ही की थी क्योंकि वह पुलिस का मुखबिर बन गया था ।

कमांडो फोर्स आफ खालिस्तान के जनरल लाभ सिंह को मैं जनरल नहीं मानता क्योंकि उसने खालिस्तान आर्म्ड पुलिस के जालन्धर रेंज के डी.आई.जी. गुरिन्दर सिंह भोला की हत्या की थी । इस बात को लेकर मेरे जवानों में काफी रोष है ।

मेरे जवान, सखीरा तथा भोला के हत्यारों से बदला लेने में संकोच नहीं करेंगे । खालिस्तान आर्म्ड पुलिस को नए हथियार दिए गए हैं तथा अब वह और घटनाएं करेगी । इसकी मैं पहले भी घोषणा कर चुका हूं । यदि होशियारपुर के खालिस्तानी सिखों को पुलिस ने अकारण तंग किया तो आर्म्ड पुलिस सरकारी कुत्ते मारने में भी संकोच नहीं करेगी ।

Punjabi Sanatani

# उग्रवादियों के आत्मघाती दस्ते ने सी.आर.पी. के तीन लोग ट्रक से कुचले

## ट्रक में सवार दो उग्रवादी पीट कर मार डाले गये, दिल्ली की व्यापक हिंसा में कुल 7 मरे

# 3 जगह कर्फ्यू, सेना सतर्क, मैजिस्ट्रेटी जांच

## खालिस्तानी नारे लगा रही भीड़ द्वारा दिल्ली में कई जगह उपद्रव, नंगी तलवारों से हमले, पुलिस फायरिंग

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर (यू.प्रै.): दिल्ली में खालिस्तानी नारे लगा रही भीड़ ने व्यापक उपद्रव किया । उग्रवादियों के आत्मघाती दस्ते द्वारा नई दिल्ली के गुरुद्वारा बंगला साहब के बाहर तैनात्त सी.आर.पी. की टुकड़ी पर गुरुद्वारे से एक ट्रक तेजी से लाकर चढ़ा देने से सी.आर.पी. के एक सब-इंस्पैक्टर व दो जवानों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई ।

पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से क्षुब्ध सी.आर.पी. के जवानों ने ट्रक को आग लगा दी और ट्रक में सवार दो उग्रवादियों को पीट-पीटकर मार डाला । गुरुद्वारा रकाबगंज के पास भी हुई हिंसा में पुलिस द्वारा फायरिंग किए जाने से दो लोग मारे गए ।

रात्रि में गुरुद्वारा रकाबगंज क्षेत्र में भी अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया गया । सीसगंज गुरुद्वारा क्षेत्र में पहले से कर्फ्यू जारी है जबकि आज दोपहर गुरुद्वारा बंगला साहब क्षेत्र में कर्फ्यू लागू किया गया था ।

रात में सैकड़ों पुलिस कर्मियों व अर्धसैनिक बलों ने गुरुद्वारा बंगला साहब को घेर लिया जिसके अन्दर से हुई फायरिंग में कई पुलिस कर्मी घायल हो गए ।

दिल्ली के उपराज्यपाल श्री एच.एल. कपूर ने बंगला साहब क्षेत्र में हुई घटना की मैजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दे दिए । यह जांच-दिल्ली के अतिरिक्त जिला मैजिस्ट्रेट यू.के. वोहरा करेंगे और एक माह में अपनी रिपोर्ट देंगे ।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रेंज अरुण भगत ने बताया कि उपद्रव यह अफवाह फैलने के बाद शुरू हुआ कि पुरानी दिल्ली में एक धार्मिक स्थल के बाहर कुछ लोग गोली से मारे गए हैं ।

उन्होंने कहा कि यह अफवाह फैलते ही भारी पथराव शुरू हो गया लेकिन पुलिस कार्रवाई के बाद हिंसक भीड़ पीछे हट गई ।

श्री भगत ने पुलिस अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह जानकारी दी ।

श्री भगत ने कहा कि पथराव के बाद गुरुद्वारा बंगला साहब से एक ट्रक निकला । ट्रक बाहर का एक चक्कर लगाने के बाद केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की टुकड़ी पर जा चढ़ा, जिससे तीन जवानों की तत्काल मृत्यु हो गई । इनमें से एक सब इंस्पैक्टर था ।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सी.आर.पी. के जवान क्रुद्ध हो गए । उन्होंने ट्रक को आग लगा दी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ कथित रूप से मार-पीट कर दी । केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के जवानों ने पुलिस अधिकारियों द्वारा गोली चलाने के आदेश, नहीं दिए जाने के विरोध में यह कार्रवाई की ।

श्री भगत ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इन्कार करते हुए कहा 'जाकर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस' से ही पूछ लीजिए ।

घटना के बाद गुरुद्वारे के बाहर पी.ए.सी. व दिल्ली आर्म्ड पुलिस तैनात कर दी गई ।

**कुचलने से पूर्व गोलियां चलाईं**


पता चला है कि ट्रक पर सवार उग्रवादियों ने सी.आर.पी. जवानों को कुचलने से पूर्व उन पर गोलियों की बौछार की ।

रात में पोस्टमार्टम के बाद डाक्टरों ने बताया कि गुरुद्वारा बंगला साहब क्षेत्र में उग्रवादियों के ट्रक से कुचले गये सी.आर.पी. के तीन जवानों में से दो के शरीरों से गोलियां निकली हैं ।

गृह मंत्री बूटा सिंह ने आज रात्रि घोषणा की कि उग्रवादियों के आत्मघाती दस्ते द्वारा ट्रक व सेंट कोलम्बस स्कूल की दीवार के बीच 'पीस' दिए गये तीन सी.आर.पी. कर्मियों के परिजनों को एक-एक लाख रु. का अनुदान दिया जाएगा ।

सी.आर.पी. के मृत सब इंस्पैक्टर का नाम एन.आर.सी. पिल्लई दो अन्य जवानों के नाम

(शेष पृष्ठ 10 पर)



## प्रध...
## स्थि...

नई ...
की स्थिति ...
गई । प्र...
बूटा सिंह ...
स्थिति प...
केंद्री...
समिति व...
सम...
व्यवस्था ...
बैठ...
की । ज्ञ...
धार्मिक ...
स्थापना ...
हुआ ।
पता ...
होशियार...
पर भी ...
काबू पा...
असर का...

## जयव...

कोल...
राष्ट्रपति ...
समस्या ...
टाइगर्स ...
है ।

## ज्ञानी जगजीत सिंह की हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

हो गई है कि हत्यारे अपना विवेक खो बैठे हैं । श्री रे ने लोगों से आग्रह किया है कि वे इस हत्याकांड की निन्दा करें तथा हिंसा के दमन के लिए प्रशासन की सहायता करें । श्री रे ने ज्ञानी जगजीत सिंह के शोक संतप्त परिवार के प्रति भी सम्वेदना प्रकट की है ।

पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने भी इस हत्याकांड की कड़ी निन्दा की है । उन्होंने कहा कि इस अमानवीय कृत्य के पीछे उन तत्वों का हाथ है जो पंजाब की आवाज को दबाना चाहते हैं । उन्होंने ज्ञानी जगजीत सिंह के पंजाबी पत्रकारिता में योगदान की सराहना की ।

पंजाब के लोक सम्पर्क एवं सूचना मंत्री श्री नत्था सिंह दालम ने भी श्री जगजीत सिंह की हत्या की निन्दा की । उन्होंने भी जनता से अपील की कि वे निर्दोष लोगों की हत्या के विरुद्ध आवाज उठाएं ।

फगवाड़ा से प्राप्त समाचारों के अनुसार वहां भी पत्रकारों ने ज्ञानी जगजीत सिंह की हत्या की निन्दा की । चंडीगढ़ में भी पत्रकारों ने इस हत्या कांड की निन्दा की ।

जालन्धर में भी सभी समाचार पत्रों व सम्वाद समितियों के कार्यालयों में शोक सभाएं करके ज्ञानी जगजीत सिंह को श्रद्धांजलि भेंट की गईं ।

**मौन-जलूस**

पंजाब श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने इस हत्याकांड के प्रति अपना रोष प्रकट करने के लिए आगामी सोमवार को जालन्धर के जिलाधीश के कार्यालय तक मौन-मार्च करने का भी निर्णय किया है ।

इस बीच आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन, बादल अकाली दल तथा संयुक्त दल के कार्यकर्ताओं की सतर्कता के आधार पर की जा रही गिरफ्तारियों के अंतर्गत आज तक 386 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है ।

**आटा चक्की मालिक को गोली मारी**

अमृतसर (प्रै.) : आज सायं तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने सुल्तानविंड के क्षेत्र आजाद नगर में एक आटा चक्की मालिक रमेश कुमार को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार उग्रवादी पैदल ही फरार हो गए । घायल को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

**शव मिला**

धूरी (सिंगला): एक 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव इस क्षेत्र के कलाला गांव की नहर में मिला है । इस व्यक्ति के शव पर तेज धार हथियारों के घाव थे । माहल कलां पुलिस ने एक केस दर्ज कर लिया है ।

**बिजली कर्मी को लूटा**

संगरूर (गर्ग): गत रात्रि में यहां से 20 किलोमीटर दूर भिवानीगढ़-संगरूर सड़क पर बिजली विभाग के एक कर्मचारी विनोद कुमार से दो पिस्तौलधारी आतंकवादियों ने 1000 रुपए नकद

अंतिम संस्कार के लिए उसके परिजनों को सौंप दिया गया है ।

**सरपंच की हत्या**

करतारपुर (देवदत्त): आज दोपहर में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने दयालपुर ग्राम पंचायत के सरपंच श्री दर्शन लाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि दो उग्रवादी स्कूटर पर सवार होकर श्री दर्शन लाल की दुकान पर आए । उस समय श्री दर्शन लाल अपनी दुकान से कुछ दूरी पर खड़े थे । एक उग्रवादी, जिसने कम्बल ओढ़ रखा था, ने श्री दर्शन लाल पर पिस्तौल से गोलियां चलाईं । दो गोलियां श्री दर्शन लाल के माथे व छाती के निकट गर्दन पर लगीं । श्री दर्शन लाल पर गोलियां चलाने के बाद उग्रवादी स्कूटर पर भाग गए । श्री दर्शन लाल को गम्भीर अवस्था में करतारपुर प्राईमरी हैल्थ सैंटर में लाया गया । वहां उनकी मृत्यु हो गई । बताया जाता है कि श्री दर्शन लाल को इससे पहले कई धमकीपूर्ण पत्र भी मिले थे ।

'प्रै.ट्र.' के अनुसार श्री दर्शन लाल को सिविल अस्पताल करतारपुर में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी आज मृत्यु हो गई ।

**कमोवाल में मुठभेड़**

'वार्ता' के अनुसार अमृतसर जिले में कमोवाल गांव में गत बुधवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस तथा उग्रवादियों के मध्य गत बुधवार को जबरदस्त मुठभेड़ हुई । दोनों ओर से जम कर गोलीबारी हुई लेकिन आतंकवादी बच निकले । एक सरकारी सूत्र ने चंडीगढ़ में बताया कि सूचना पाकर रिजर्व पुलिस के जवान जैसे ही कमोवाल गांव में पहुंचे तो आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । केंद्रीय रिजर्व पुलिस के जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की । दोनों ओर से किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है । आतंकवादी, जिनकी संख्या छः थी, बच कर निकल भागे ।

संदेह है कि उग्रवादियों के इसी गिरोह ने गत मंगलवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस के एक गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया था । हमले में दो जवान घायल हुए थे ।

**किसान पर हमला**

स्कूटर पर सवार तीन युवकों ने जालंधर जिले में मीनार गांव के निकट रेशम सिंह नामक एक किसान को गोली मार कर कल घायल कर दिया ।

इसी जिले के नकोदर थाने के साम राई गांव के निकट एक युवक ने बलबीर सिंह नामक व्यक्ति को पिस्तौल से धमका कर उसका ट्रैक्टर छीन लिया और भाग गया ।

**स्कूटर चुराया**

जालन्धर में आज प्रातः मल्होत्रा हास्पीटल के बाहर से कुछ अज्ञात लोग स्थानीय एक व्यक्ति बलकार सिंह का स्कूटर चुरा ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

**सैनिक भगौड़ा**

सिरसा से प्राप्त समाचारों के अनुसार हरियाणा

इसी बीच आल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फैडरेशन, बादल अकाली दल तथा संयुक्त दल के कार्यकर्ताओं की सतर्कता के आधार पर की जा रही गिरफ्तारियों के अंतर्गत आज तक 386 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है ।

**आटा चक्की मालिक को गोली मारी**

अमृतसर (प्रै.) : आज सायं तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने सुल्तानविंड के क्षेत्र आजाद नगर में एक आटा चक्की मालिक रमेश कुमार को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार उग्रवादी पैदल ही फरार हो गए । घायल को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

**शव मिला**

धूरी (सिंगला): एक 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव इस क्षेत्र के कलाला गांव की नहर में मिला है । इस व्यक्ति के शव पर तेज धार हथियारों के घाव थे । माहल कलां पुलिस ने एक केस दर्ज कर लिया है ।

**बिजली कर्मी को लूटा**

संगरूर (गर्ग): गत रात्रि में यहां से 20 किलोमीटर दूर भिवानीगढ़-संगरूर सड़क पर बिजली विभाग के एक कर्मचारी विनोद कुमार से दो पिस्तौलधारी आतंकवादियों ने 1000 रुपए नकद, सोने की अंगूठी तथा हाथ की घड़ी लूट ली । श्री विनोद कुमार अपनी ड्यूटी समाप्त करके स्कूटर पर संगरूर जा रहे थे ।

लूट की एक और घटना संगरूर के नाभा गेट के निकट हुई । इस घटना में दो व्यक्तियों ने एक थ्री व्हीलर पी.बी.एन. 5525 के चालक से उसकी नकदी का थैला छीन लिया । उक्त दोनों व्यक्ति सवारियों के रूप में इस थ्री व्हीलर में बैठे थे ।

पुलिस ने उपरोक्त दोनों घटनाओं के संबंध में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

**पंजाब में सेना तैनात हो**

फिरोजपुर से 'बागी' के अनुसार फिरोजपुर जिला श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने भी ज्ञानी जगजीत सिंह की हत्या की निंदा की । यूनियन ने पत्रकारों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने तथा पंजाब में सेना तैनात करने की मांग की है ।

**संयुक्त नियंत्रण कक्ष**

चंडीगढ़ में स्थानीय पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के बीच संचार व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित बनाने के लिए एक संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है ।

चंडीगढ़ पुलिस नियंत्रण कक्ष का पहले ही सभी पुलिस थानों, हरियाणा और पंजाब में प्रवेश करने के प्रमुख मार्गों पर बनी जांच चौकियों और शहर के सभी पुलिस बूथों से सम्पर्क जुड़ा हुआ है । चंडीगढ़ पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि चंडीगढ़ पुलिस का नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटों कार्य करता है । उन्होंने कहा कि पांच वाहन, दस मोटर साइकिलें जो वायरलैस से युक्त हैं, जनता की सहायता करने के लिए चौबीसों घंटे सतर्कतापूर्वक तैनात रहते हैं । उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस द्वारा समाज विरोधी तथा राष्ट्र विरोधी तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है ।

**शव पुलिस कांस्टेबल का**

भटिंडा (शर्मा): कल अनाज मंडी क्षेत्र में जो शव बरामद किया गया था उसकी पहचान हो गई है ।

आज लुधियाना—कल जालन्धर

दी । केंद्रीय रिजर्व पुलिस के जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की । दोनों ओर से किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है । आतंकवादी, जिनकी संख्या छः थी, बच कर निकल भागे ।

संदेह है कि उग्रवादियों के इसी गिरोह ने गत मंगलवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस के एक गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया था । हमले में दो जवान घायल हुए थे ।

**किसान पर हमला**

स्कूटर पर सवार तीन युवकों ने जालंधर जिले में मीनार गांव के निकट रेशम सिंह नामक एक किसान को गोली मार कर कल घायल कर दिया ।

इसी जिले के नकोदर थाने के सामराई गांव के निकट एक युवक ने बलबीर सिंह नामक व्यक्ति को पिस्तौल से धमका कर उसका ट्रैक्टर छीन लिया और भाग गया ।

**स्कूटर चुराया**

जालन्धर में आज प्रातः मल्होत्रा हास्पीटल के बाहर से कुछ अज्ञात लोग स्थानीय एक व्यक्ति बलकार सिंह का स्कूटर चुरा ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

**सैनिक भगौड़ा**

सिरसा से प्राप्त समाचारों के अनुसार हरियाणा में सिरसा पुलिस ने कल पंजाब के रहने वाले एक सैनिक भगौड़े मुख्तियार सिंह को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने बाद में उसे सैनिक अधिकारियों के हवाले कर दिया । पुलिस ने बताया कि मुख्तियार सिंह 1980 में सेना से भाग गया था । उसे पुलिस ने सिरसा के नजदीकी गांव खैरपुर से गिरफ्तार किया । वह वहां अपने ससुराल में आया था ।

**पिस्तौल बरामद**

फिल्लौर (भाखड़ी) : गत रात्रि में गश्त के दौरान सी.आई.ए. स्टाफ ने गांव माओ साहब के एक व्यक्ति सतनाम सिंह को 315 बोर के अवैध पिस्तौल व गोलियों सहित गिरफ्तार कर लिया । सतनाम सिंह के विरुद्ध जांच आरम्भ कर दी गई है ।

**मृत बस यात्रियों का स्मारक बने**

पंजाब हिन्दू शिव सेना की मुकेरियां व दसूहा शाखाओं ने मांग की है कि गत रविवार को होशियारपुर जिले में उग्रवादियों द्वारा मारे गए बस यात्रियों का स्मारक बनाया जाए ।

शिव सेना की मुकेरियां शाखा के उपाध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि इस हत्याकांड की केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच कराई जाए । इस आशय के पत्र पंजाब के मुख्यमंत्री श्री बरनाला, प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को भी भेजे गए हैं ।

इस बीच इस हत्याकांड में मृत यात्रियों में से जिन तीन व्यक्तियों की पहचान नहीं हो सकी थी उनमें से एक व्यक्ति की पहचान हो गई है । यह मृतक फरीदकोट जिले के श्री कुलवन्त सिंह अग्रवाल का पुत्र राजकुमार बताया गया है ।

## दो जगह आग लगी

लुधियाना, 5 दिसम्बर (धीमान): आज यहां आग लगने की 2 घटनाएं हुई । कोछड़ मार्कीट में एक आटा फैक्टरी में लगी आग को बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड के छः इंजन छः घंटे लगे रहे । आग से लाखों रुपए की क्षति हो गई । दूसरी घटना जनता नगर में हुई, जहां लकड़ी के बाक्स बनाने वाली फैक्टरी में आग लग गई ।

Punjabi Sahitam

# उग्रवादियों द्वारा वरिष्ठ पत्रकार जगजीत सिंह व दयालपुर के सरपंच की हत्या : कमोवाल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़

☐ पंजाब श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा ज्ञानी जगजीत सिंह की हत्या की निन्दा ☐ धूरी के निकट नहर में एक व्यक्ति का शव मिला
☐ भटिंडा अनाज मंडी में मिला शव एस.एस.पी. के एक गार्ड का ☐ ढिलवां हत्याकांड में संलिप्त एक उग्रवादी जसविंदर गिरफ्तार
☐ चंडीगढ़ में पुलिस व सुरक्षा बलों का संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित

चंडीगढ़, 5 दिसम्बर (प्रै., भा., यू.वा.): गुरदासपुर के प्रमुख पत्रकार ज्ञानी जगजीत सिंह, जिन्हें कल दो उग्रवादियों ने गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था, की आज अमृतसर सिविल अस्पताल में मृत्यु हो गई । इस जघन्य हत्याकांड की आज प्रदेश भर में पत्रकार संगठनों ने कड़ी निंदा की है ।

आज दोपहर में दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने पंजाब के करतारपुर क्षेत्र की दयालपुर ग्राम पंचायत के सरपंच श्री दर्शन लाल की गोली मार कर हत्या कर दी । धूरी के निकट नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पाया गया । इस व्यक्ति के शव पर तेजधार हथियारों के निशान थे । भटिंडा अनाज मंडी में गत दिवस जो शव पाया गया था उसकी पहचान हो गई है तथा यह शव पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल सुखदेव सिंह का था ।

चंडीगढ़ पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों तथा पुलिस में समुचित तालमेल के लिए एक संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है ।

अमृतसर जिले में सतलुज और व्यास नदियों के बीहड़ वाले क्षेत्र में स्थित कमोंवाल गांव में गत बुधवार को सी.आर.पी. के जवानों और आतंकवादियों के मध्य जबरदस्त मुठभेड़ हुई, दोनों ओर से जम कर गोलीबारी हुई लेकिन आतंकवादी बच निकले । किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है ।

## उग्रवादी गिरफ्तार

एक तथाकथित उग्रवादी जसविंदर सिंह को कल पुलिस ने जालंधर के निकट ढिलवां गांव में गिरफ्तार कर लिया । जसविंदर सिंह गत 11 जुलाई को ढिलवां गांव में रिटायर्ड मेजर दिलबाग सिंह के फार्म में हुए गोली कांड में संलिप्त था । इस गोलीकांड में एक व्यक्ति मारा गया था तथा एक महिला सहित दो व्यक्ति घायल हो गए थे ।

## जगजीत सिंह का निधन

अमृतसर (वि.प्र.): जिला गुरदासपुर के प्रमुख पत्रकार ज्ञानी जगजीत सिंह, जिन्हें कल दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने तीन गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था, की आज दिन में अमृतसर के सिविल अस्पताल में मृत्यु हो गई । उन्हें गम्भीर अवस्था में आज प्रातः 10 बजे अमृतसर अस्पताल में भर्ती कराया गया था । श्री जगजीत सिंह कल सायं स्कूटर पर सवार होकर अपने गांव जा रहे थे कि गुरदासपुर के निकट भराला गांव में अज्ञात उग्रवादियों ने उन्हें गोलियां मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था ।

ज्ञानी जगजीत सिंह के शरीर में आंतरिक रक्त स्राव प्रारम्भ हो जाने के कारण ही उन्हें डाक्टरों ने अमृतसर अस्पताल में भिजवाया था ।

ज्ञानी जगजीत सिंह स्वर्ण मंदिर के भूतपूर्व ग्रंथी ज्ञानी चेतसिंह के पुत्र थे ।

अमृतसर के पत्रकारों ने आज एक शोक सभा में ज्ञानी जगजीत सिंह के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया ।

'अशोक' के अनुसार ज्ञानी जगजीत सिंह के परिजनों ने आरोप लगाया है कि ज्ञानी जगजीत सिंह की दशा गुरदासपुर के डाक्टरों की लापरवाही के कारण बिगड़ी । जिसके कारण ही श्री जगजीत सिंह को अमृतसर अस्पताल में लाना पड़ा । परिवार के लोगों के अनुसार जब ज्ञानी जगजीत सिंह को अमृतसर अस्पताल में लाया गया था तो वह होश में थे लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी । अमृतसर अस्पताल के डाक्टरों ने बताया कि करीब 11.30 बजे ज्ञानी जगजीत सिंह अचानक 'अचेत' हो गए और बाद में 11.45 बजे उनकी मृत्यु हो गई ।

## प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रहार

जालंधर से 'प्रै.ट्र.' के अनुसार पंजाब श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने अपनी एक बैठक में प्रमुख पत्रकार ज्ञानी जगजीत सिंह की हत्या पर गहरा शोक प्रकट किया । इस बैठक में एक प्रस्ताव पारित करके श्री जगजीत सिंह की हत्या की कड़ी निंदा की तथा इस हत्याकांड को समाचारपत्रों की स्वतंत्रता पर प्रहार किए जाने का प्रयास बताया ।

यूनियन ने बैठक में दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत पत्रकार को अपनी श्रद्धांजलि भेंट की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की । उनके शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी सम्वेदना भी प्रकट की गई ।

यूनियन ने अपनी बैठक में राज्य सरकार से आग्रह किया कि वह पत्रकारों की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था करे क्योंकि पत्रकारों को पंजाब में खतरनाक स्थितियों में काम करना पड़ रहा है ।

यह भी मांग की गई कि ज्ञानी जगजीत सिंह के शोक संतप्त परिवार को कम से कम एक लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाए तथा उनके परिवार के एक सक्षम सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए ।

यह भी मांग की गई कि पंजाब में कार्यरत सभी पत्रकारों का एक-एक लाख रुपए का बीमा किया जाए ।

अमृतसर से 'कमलेश' के अनुसार अमृतसर में भी पत्रकारों ने सरकार से आग्रह किया कि वह पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए ।

ज्ञानी जगजीत सिंह के शव को अंतिम संस्कार के लिए अमृतसर से गुरदासपुर ले जाया गया है ।

## रे व बरनाला द्वारा निंदा

'परवाना' के अनुसार पंजाब के राज्यपाल श्री सिद्धार्थ शंकर रे ने ज्ञानी जगजीत सिंह की हत्या पर गहरा शोक प्रकट किया है । अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा है कि ऐसे हत्याकांड से यह बात स्पष्ट

(शेष पृष्ठ 10 पर)

1500 रु. जुर्माना तथा सिकन्दर लाल को 2 वर्ष की कैद और 500 रु. जर्माना की सजा सुनाई ।

गई ।

उन्होंने बताया कि 18 दिसम्बर को पंजाब विधान सभा के अधिवेशन में बरनाला सरकार के विरुद्ध पेश किए जाने वाला अविश्वास प्रस्ताव सफल नहीं हो सकेगा ।

'धीमान' के अनुसार श्री पांडे ने लुधियाना में बताया कि पाकिस्तान के लोग चाहते हैं कि भारत के प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी वहां का दौरा करें क्योंकि इससे दोनों देशों के मध्य मैत्री को बढ़ावा मिलेगा । श्री पांडे ने कहा कि कटासराज में केवल एक हिन्दू परिवार है । उन्होंने कहा कि कटासराज धर्म स्थान की उचित देखभाल की जरूरत है अत: कुछ हिन्दू परिवारों को इस उद्देश्य के लिए स्थायी रूप से वहां रहने की अनुमति दी जानी चाहिए । श्री पांडे ने पाकिस्तानी प्रैस द्वारा किए जा रहे भारत विरोधी प्रचार की निंदा की । उन्होंने पाकिस्तान सरकार से ऐसे प्रचार को रोकने की मांग की ।

## हिंदू विधायकों, मंत्रियों को चूड़ियां भेजी गईं

फगवाड़ा, 5 दिसम्बर (कौड़ा) : पंजाब हिन्दू शिव सेना ने राज्य के सभी 27 हिन्दू विधायकों, जिनमें अकाली मंत्रिमंडल में शामिल दो हिन्दू मंत्री श्री कस्तूरी लाल व प्रेम गुप्ता भी शामिल हैं, को राज्य में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने में असफल रहने पर आज प्रात: 'चूड़ियां' पार्सल की हैं ।

उक्त दावा करते हुए पंजाब हिन्दू शिव सेना की प्रीजीडियम के सदस्यों रामकांत जलोटा, तेज पाल साथी, सुरिन्दर डोगरा, कृष्ण महाजन व रमेश भारद्वाज ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में राज्य के सभी 27 हिन्दू विधायकों को तत्काल त्यागपत्र देने व 15 दिसम्बर से आरम्भ हो रहे विधानसभा अधिवेशन में शामिल न होने का आग्रह किया है । प्रेस विज्ञप्ति, जिसे रमाकांत जलोटा ने जारी किया, में राज्य के सभी हिन्दू नागरिकों से 15 दिसम्बर को अनशन रखने की अपील की गई है व सभी हिन्दू विधायकों पर त्यागपत्र देने का दबाव डालने का अनुरोध किया है ।





(ऊपर) गुरदासपुर के पत्रकार ज्ञानी जगजीत सिंह उग्रवादियों की गोलियों से घायल होने के बाद अमृतसर के अस्पताल में दम तोड़ गए । (नीचे) मृतक के शोक संतप्त सुपुत्र व अन्य परिवार जन । (इनसैट) ज्ञानी जगजीत सिंह (छाया : भंडारी)

बहादुर के शहीदी दिवस पर पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ में धार्मिक समारोह, दीवान, गुरुग्रंथ साहब के भोग समारोह तथा मुफ्त लंगर आयोजित किए गए । सख्त सर्दी के बावजूद लोगों ने पवित्र सरोवर में स्नान किए तथा महान गुरु को श्रद्धांजलि भेंट करने के लिए गुरुद्वारों में माथा टेकने गए ।

जिला भटिंडा में ऐतिहासिक गुरुद्वारों दमदमा साहब, तलवंडी साबो, हाजी रत्न व लक्खी जंगल में बड़े समारोह हुए । इनमें हिन्दुओं व सिखों दोनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

हरियाणा में सोनीपत की एक सूचना में कहा गया कि जिला भर में गुरुद्वारों में दीवानों को सम्बोधित करते हुए लोगों को महान शहीद की शिक्षाओं पर अमल करने की प्रेरणा दी ।

मोगा की एक सूचना के अनुसार लगभग 2 लाख लोगों ने मुक्तसर, नानकसर व तख्तपुरा के ऐतिहासिक गुरुद्वारों के पवित्र सरोवरों में स्नान किया ।

चंडीगढ़ में बड़ी संख्या में सिखों ने धार्मिक

## अमरेंद्र दोहरी चाल चलते हैं

पटियाला, 5 दिसम्बर (भूषण): तेरह कांग्रेसी नेताओं, ट्रेड यूनियनों के नेताओं, प्रमुख शहरियों जिनमें भूतपूर्व सांसद श्री सतपाल कपूर भी शामिल हैं, ने एक संयुक्त वक्तव्य में कैप्टन अमरेंद्र सिंह के हाल ही के बयान की निंदा की है जिसमें परोक्ष रूप से उग्रवादियों का समर्थन किया गया है। बयान में कहा गया है कि कैप्टन अमरेंद्र सिंह दोहरी चाल चल रहे हैं । दिल्ली में वह उदारवादी बन जाते हैं जबकि पंजाब में उग्रवादियों का समर्थन करते हैं । वह उस पार्टी से संबंध रखते हैं जो हत्यारों को शहीद करार देती है और उनके परिवारों को सम्मानित करती है ।

## विस्फोट, तीन घायल

वाराणसी, 5 दिसम्बर (वार्ता): कल यहां एक सिनेमा हाल में बम विस्फोट से तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए । पुलिस के अनुसार घायलों को एस.एस.पी.जी. अस्पताल में भर्ती कराया गया । एक माह पूर्व गदोलिया स्थित एक सिनेमा घर में बम फटा था, जिसमें दो व्यक्ति घायल हो गए थे ।

पानीपत, यमुनानगर,
जालन्धर, अमृतसर, पटि
फरीदकोट व कोटकपूरा से
खबरें मिली हैं ।

## भद्रवाही से म करवाने का

जम्मू, 5 दिसम्बर
उच्च न्यायालय की ज
एम.एल. भट्ट पर आध
सरकार, निष्क्रांत सम्प
संबंधितों को निर्देश दि
जी.एम. भद्रवाही को म
मकान से न निकाला जा
1975 में अलाट हुअ
भद्रवाही द्वारा दायर या
अदालत ने सरकार औ
अंदर-अंदर आपत्तियां
कहा है ।

## उग्रवाद विरोध करने में राज्य

नई दिल्ली, 5 दिसम्
बनाए गए आतंकवाद
निरोधक अधिनियम 1
13नवम्बर 1986 को
लागू करने में राज्य सर
मंत्रालय के एक प्रवक्ता
बना कर केंद्र सरकार ने
से निपटने के अधिक
समाचार गलत है कि सश
विशेष अधिकार कानून
उपद्रवग्रस्त घोषित किए
ली गई है और सेना
उपयोग करेगी । प्रवक
बलाई गई है । सशस्
विशेष अधिकार अधिनि
विशेष अधिकार अर्ध
सी.आर.पी. व बी.एस.ए
ही पंजाब में तैनात है ।

# रिष्ठ पत्रकार जगजीत सिंह व दयालपुर के सरपंच की हत्या : कमोवाल में सुरक्षा बलों के साथ

नहीं दिए जाने को गलत बताया है ।

श्री रछपाल सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बंगला साहिब के पास आज की घटना को शरारती तत्वों की कार्रवाई ही बताया । उन्होंने कहा कि इस मामले को अधिक तूल नहीं दिया जाना चाहिए ।

उन्होंने इस पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की भी मांग की हैं ।

## ज्ञानी जगजीत सिंह की हत्या

(पृष्ठ 1 का शेष)

हो गई है कि हत्यारे अपना विवेक खो बैठे हैं । श्री रे ने लोगों से आग्रह किया है कि वे इस हत्याकांड की निन्दा करें तथा हिंसा के दमन के लिए प्रशासन की सहायता करें । श्री रे ने ज्ञानी जगजीत सिंह के शोक संतप्त परिवार के प्रति भी सम्वेदना प्रकट की है ।

पंजाब के मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने भी इस हत्याकांड की कड़ी निन्दा की है । उन्होंने कहा कि इस अमानवीय कृत्य के पीछे उन तत्वों का हाथ है जो पंजाब की आवाज को दबाना चाहते हैं । उन्होंने ज्ञानी जगजीत सिंह के पंजाबी पत्रकारिता में योगदान की सराहना की ।

पंजाब के लोक सम्पर्क एवं सूचना मंत्री श्री नत्था सिंह दालम ने भी श्री जगजीत सिंह की हत्या की निन्दा की । उन्होंने भी जनता से अपील की कि वे निर्दोष लोगों की हत्या के विरुद्ध आवाज उठाएं ।

फगवाड़ा से प्राप्त समाचारों के अनुसार वहां भी पत्रकारों ने ज्ञानी जगजीत सिंह की हत्या की निन्दा की । चंडीगढ़ में भी पत्रकारों ने इस हत्या कांड की निन्दा की ।

जालन्धर में भी सभी समाचार पत्रों व सम्वाद समितियों के कार्यालयों में शोक सभाएं करके ज्ञानी जगजीत सिंह को श्रद्धांजलि भेंट की गईं ।

### मौन-जलूस

पंजाब श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने इस हत्याकांड के प्रति अपना रोष प्रकट करने के लिए आगामी सोमवार को जालन्धर के जिलाधीश के कार्यालय तक मौन-मार्च करने का भी निर्णय किया है ।

इस बीच आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन, बादल अकाली दल तथा संयुक्त दल के कार्यकर्त्ताओं की सतर्कता के आधार पर की जा रही गिरफ्तारियों के अंतर्गत आज तक 386 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है ।

### आटा चक्की मालिक को गोली मारी

अमृतसर (प्रै.) : आज सायं तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने सुल्तानविंड के क्षेत्र आजाद नगर में एक आटा चक्की मालिक रमेश कुमार को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार उग्रवादी पैदल ही फरार हो गए । घायल को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

### शव मिला

धूरी (सिंगला): एक 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव इस क्षेत्र के कलाला गांव की नहर में मिला है । इस व्यक्ति के शव पर तेज धार हथियारों के घाव थे । माहल कलां पुलिस ने एक केस दर्ज कर लिया है ।

### बिजली कर्मी को लूटा

संगरूर (गर्ग): गत रात्रि में यहां से 20 किलोमीटर दूर भिवानीगढ़-संगरूर सड़क पर बिजली विभाग के एक कर्मचारी विनोद कुमार से दो पिस्तौलधारी आतंकवादियों ने 1000 रुपए नकद,



राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के बड़े भाई श्री जागी
(बाएं) राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह, पंजाब के

वह पंजाब पुलिस के एक कांस्टेबल सुखदेव सिंह का शव बताया गया है । उक्त कांस्टेबल एस.एस.पी. के गार्ड कर्मियों में तैनात था । पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के अनुसार मृतक शराब पिए हुए था । उसके शरीर पर केवल एक कमीज थी । उसके शव को अंतिम संस्कार के लिए उसके परिजनों को सौंप दिया गया है ।

### सरपंच की हत्या

करतारपुर (देवदत्त): आज दोपहर में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने दयालपुर ग्राम पंचायत के सरपंच श्री दर्शन लाल की गोलियां मार कर हत्या कर दी । बताया जाता है कि दो उग्रवादी स्कूटर पर सवार होकर श्री दर्शन लाल की दुकान पर आए । उस समय श्री दर्शन लाल अपनी दुकान से कुछ दूरी पर खड़े थे । एक उग्रवादी, जिसने कम्बल ओढ़ रखा था, ने श्री दर्शन लाल पर पिस्तौल से गोलियां चलाईं । दो गोलियां श्री दर्शन लाल के माथे व छाती के निकट गर्दन पर लगीं । श्री दर्शन लाल पर गोलियां चलाने के बाद उग्रवादी स्कूटर पर भाग गए । श्री दर्शन लाल को गम्भीर अवस्था में करतारपुर प्राईमरी हैल्थ सैंटर में लाया गया । वहां उनकी मृत्यु हो गई । बताया जाता है कि श्री दर्शन लाल को इससे पहले कई धमकीपूर्ण पत्र भी मिले थे ।

'प्रै.ट्र.' के अनुसार श्री दर्शन लाल को सिविल अस्पताल करतारपुर में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी आज मृत्यु हो गई ।

### कमोवाल में मुठभेड़

'वार्ता' के अनुसार अमृतसर जिले में कमोवाल गांव में गत बुधवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस तथा उग्रवादियों के मध्य गत बुधवार को जबरदस्त मुठभेड़ हुई । दोनों ओर से जम कर गोलीबारी हुई लेकिन आतंकवादी बच निकले । एक सरकारी सूत्र ने चंडीगढ़ में बताया कि सूचना पाकर रिजर्व पुलिस के जवान जैसे ही कमोवाल गांव में पहुंचे तो आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । केंद्रीय रिजर्व पुलिस के जवानों ने भी जवाबी फायरिंग की । दोनों ओर से किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है । आतंकवादी, जिनकी संख्या छः थी, बच कर निकल भागे ।

संदेह है कि उग्रवादियों के इसी गिरोह ने गत मंगलवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस के एक गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया था । हमले में दो जवान घायल हुए थे ।

### किसान पर हमला

स्कूटर पर सवार तीन युवकों ने जालंधर जिले में मीनार गांव के निकट रेशम सिंह नामक एक किसान को गोली मार कर कल घायल कर दिया ।

इसी जिले के नकोदर थाने के सामराई गांव के निकट एक युवक ने बलबीर सिंह नामक व्यक्ति को पिस्तौल से धमका कर उसका ट्रैक्टर छीन लिया और भाग गया ।

### स्कूटर चुराया

जालन्धर में आज प्रातः मल्होत्रा हास्पीटल के बाहर से कुछ अज्ञात लोग स्थानीय एक व्यक्ति बलकार सिंह का स्कूटर चुरा ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

### सैनिक भगोड़ा

सिरसा से प्राप्त समाचारों के अनुसार हरियाणा

Punjabi Sanatani

अमृतसर (प्र.) : आज सायं तीन सशस्त्र उग्रवादियों ने सुल्तानविंड के क्षेत्र आजाद नगर में एक आटा चक्की मालिक रमेश कुमार को गोली मार कर घायल कर दिया । पुलिस के अनुसार उग्रवादी पैदल ही फरार हो गए । घायल को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में दाखिल कराया गया है ।

### शव मिला

धूरी (सिंगला): एक 35 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव इस क्षेत्र के कलाला गांव की नहर में मिला है । इस व्यक्ति के शव पर तेज धार हथियारों के घाव थे । माहल कलां पुलिस ने एक केस दर्ज कर लिया है ।

### बिजली कर्मी को लूटा

संगरूर (गर्ग): गत रात्रि में यहां से 20 किलोमीटर दूर भिवानीगढ़-संगरूर सड़क पर बिजली विभाग के एक कर्मचारी विनोद कुमार से दो पिस्तौलधारी आतंकवादियों ने 1000 रुपए नकद, सोने की अंगूठी तथा हाथ की घड़ी लूट ली । श्री विनोद कुमार अपनी ड्यूटी समाप्त करके स्कूटर पर संगरूर जा रहे थे ।

लूट की एक और घटना संगरूर के नाभा गेट के निकट हुई । इस घटना में दो व्यक्तियों ने एक थ्री व्हीलर पी.बी.एन. 5525 के चालक से उसकी नकदी का थैला छीन लिया । उक्त दोनों व्यक्ति सवारियों के रूप में इस थ्री व्हीलर में बैठे थे ।

पुलिस ने उपरोक्त दोनों घटनाओं के संबंध में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है ।

### पंजाब में सेना तैनात हो

फिरोजपुर से 'बागी' के अनुसार फिरोजपुर जिला श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने भी ज्ञानी जगजीत सिंह की हत्या की निंदा की । यूनियन ने पत्रकारों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने तथा पंजाब में सेना तैनात करने की मांग की है ।

### संयुक्त नियंत्रण कक्ष

चंडीगढ़ में स्थानीय पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के बीच संचार व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित बनाने के लिए एक संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है ।

चंडीगढ़ पुलिस नियंत्रण कक्ष का पहले ही सभी पुलिस थानों, हरियाणा और पंजाब में प्रवेश करने के प्रमुख मार्गों पर बनी जांच चौकियों और शहर के सभी पुलिस बूथों से सम्पर्क जुड़ा हुआ है । चंडीगढ़ पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि चंडीगढ़ पुलिस का नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटों कार्य करता है । उन्होंने कहा कि पांच वाहन, दस मोटर साईकिलें जो वायरलैस से युक्त हैं, जनता की सहायता करने के लिए चौबीसों घंटे सतर्कतापूर्वक तैनात रहते हैं । उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस द्वारा समाज विरोधी तथा राष्ट्र विरोधी तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है ।

### शव पुलिस कांस्टेबल का

भटिंडा (शर्मा): कल अनाज मंडी क्षेत्र में जो शव बरामद किया गया था उसकी पहचान हो गई है ।


आज लुधियाना–कल जालन्धर

सनटैक्स



जरूरतमंद मर्दों को मेरा एक मशविरा है कि आरजी दवाइयां खाकर रही-सही सेहत भी न गंवाइए । सीधे मेरे पास आइए । 36 सालों से आजमाया हुआ कामयाब सनटैक्स कोर्स ले जाइए ।


पर घात लगा कर हमला किया था । हमले में दो जवान घायल हुए थे ।

### किसान पर हमला

स्कूटर पर सवार तीन युवकों ने जालंधर जिले में मीनार गांव के निकट रेशम सिंह नामक एक किसान को गोली मार कर कल घायल कर दिया ।

इसी जिले के नकोदर थाने के सामराई गांव के निकट एक युवक ने बलबीर सिंह नामक व्यक्ति को पिस्तौल से धमका कर उसका ट्रैक्टर छीन लिया और भाग गया ।

### स्कूटर चुराया

जालन्धर में आज प्रातः मल्होत्रा हास्पीटल के बाहर से कुछ अज्ञात लोग स्थानीय एक व्यक्ति बलकार सिंह का स्कूटर चुरा ले गए । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।

### सैनिक भगौड़ा

सिरसा से प्राप्त समाचारों के अनुसार हरियाणा में सिरसा पुलिस ने कल पंजाब के रहने वाले एक सैनिक भगौड़े मुख्तियार सिंह को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने बाद में उसे सैनिक अधिकारियों के हवाले कर दिया । पुलिस ने बताया कि मुख्तियार सिंह 1980 में सेना से भाग गया था । उसे पुलिस ने सिरसा के नजदीकी गांव खैरपुर से गिरफ्तार किया । वह वहां अपने ससुराल में आया था ।

### पिस्तौल बरामद

फिल्लौर (भाखड़ी) : गत रात्रि में गश्त के दौरान सी.आई.ए. स्टाफ ने गांव माओ साहब के एक व्यक्ति सतनाम सिंह को 315 बोर के अवैध पिस्तौल व गोलियों सहित गिरफ्तार कर लिया । सतनाम सिंह के विरुद्ध जांच आरम्भ कर दी गई है ।

### मृत बस यात्रियों का स्मारक बने.

पंजाब हिन्दू शिव सेना की मुकेरियां व दसूहा शाखाओं ने मांग की है कि गत रविवार को होशियारपुर जिले में उग्रवादियों द्वारा मारे गए बस यात्रियों का स्मारक बनाया जाए ।

शिव सेना की मुकेरियां शाखा के उपाध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि इस हत्याकांड की केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच कराई जाए । इस आशय के पत्र पंजाब के मुख्यमंत्री श्री बरनाला, प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को भी भेजे गए हैं ।

इस बीच इस हत्याकांड में मृत यात्रियों में से जिन तीन व्यक्तियों की पहचान नहीं हो सकी थी उनमें से एक व्यक्ति की पहचान हो गई है । यह मृतक फरीदकोट जिले के श्री कुलवन्त सिंह अग्रवाल का पुत्र राजकुमार बताया गया है ।

## दो जगह आग लगी

लुधियाना, 5 दिसम्बर (धीमान): आज यहां आग लगने की 2 घटनाएं हुईं । कोछड़ मार्कीट में एक आटा फैक्टरी में लगी आग को बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड के छः इंजन छः घंटे लगे रहे । आग से लाखों रुपए की क्षति हो गई । दूसरी घटना जनता नगर में हुई, जहां लकड़ी के बाक्स बनाने वाली फैक्टरी में आग लग गई ।

## दामाद की मौत की खबर सुनते ही ससुर को हार्ट अटैक

लुधियाना, 5 दिसम्बर (सूद): खुड्डा बस हत्या कांड में उग्रवादियों के हाथों मारे गए 22 निर्दोष बस यात्रियों में एक कैप्टन नन्दा भी थे । वह लुधियाना में ब्याहे हुए थे और पठानकोट जा रहे थे । जब वह शाम तक पठानकोट न पहुंचे तो उनकी पत्नी ने सायं

Punjabi Sangrah

# बटाला के पास युवक की निर्मम हत्या, कई जगह लूटपाट

## अमृतसर जिले में आज शिक्षण संस्थाएं बंद

चंडीगढ़, 7 दिसम्बर (यू.प्रै.): उग्रवादियों ने आज सायं बटाला के पास एक युवक की निर्मम हत्या कर दी । पंजाब में उग्रवादियों द्वारा कई जगह लूटपाट किए जाने की खबरें मिली हैं ।

तरनतारन क्षेत्र में एक व्यक्ति से दोनाली बंदूक तथा नकदी व आभूषण छीन लिए गए ।

जिला संगरूर में शाम 6.30 बजे से प्रातः 6 बजे तक बसें चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है । ऐसा हाल ही में टांडा के निकट खुड्डा बस हत्या कांड के दृष्टिगत किया गया है ।

अमृतसर जिले में कल स्कूलों को छोड़ कर सभी शिक्षण संस्थाएं बंद रखने का आदेश दिया गया ।

खन्ना में चुंगी लूटने की कोशिश नाकाम बना दी गई ।

**हत्या**

बटाला (को.): आज सायं बटाला सदर थाना के गांव हसनपुर कलां में तीन उग्रवादियों ने तेजधार हथियारों से एक 28 वर्षीय युवक रघनाथ शर्मा की हत्या कर दी । मृतक के ससुर श्री सुखराज शर्मा ने बताया कि उनका दामाद यहां एक शादी में आया था । वह बाहर खेतों में शाम के लगभग 6 बजे शौच के लिए जा रहा था कि उस पर हमला करके उसकी हत्या कर दी गई सदर थाना के पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए ।

**बंदूक लूट ली**

तरनतारन से 'पाल' के अनुसार गत रात थाना सदर तरनतारन के गांव बाठ में दो सशस्त्र व्यक्तियों ने मंजीत सिंह के घर से 315 बोर की एक बंदूक, 20 कारतूस, कानों की बालियां, कांटे तथा दो हजार रुपए नकद लूट लिए । इन संदिग्ध उग्रवादियों ने सारे परिवार को एक कमरे में बंद कर दिया और भाग निकले । प्रातः पड़ोसियों ने उन्हें कमरे से निकाला । पुलिस जांच कर रही है ।

**शिक्षा संस्थाएं बंद**

अमृतसर जिला प्रशासन ने कल जिला भर में स्कूलों को छोड़कर शेष सभी शिक्षा संस्थान बंद रखने का आदेश दिया है । यह कार्रवाई सिख छात्र संघ (गुरजीत धड़ा) द्वारा फैडरेशन के सदस्यों की रिहाई की मांग के लिए हड़ताल के आह्वान के दृष्टिगत की गई है । सभी कालेज, आई.टी.आई, पोलीटैक्नीक व गुरु नानक देव विश्वविद्यालय टीचिंग कैम्पस इस आदेश के अन्तर्गत आते हैं ।

**थानेदार निलम्बित**

फरीदकोट (जिंदल): बाघापुराना थाने में तैनात एक सब इंस्पैक्टर मनमोहन सिंह को एस.एस.पी. श्री राजन गुप्ता ने निलम्बित कर दिया है । चैकिंग के दौरान वह ड्यूटी से गैर हाजिर पाया गया था । पुलिस ने बताया कि यहां बाबा अकाली दल और सिख छात्र संघ के लगभग 30 सक्रिय कार्यकर्त्ता गिरफ्तार किए गए हैं ।

**स्कूटर बरामद**

मोगा (बांसल): पुलिस ने बताया कि गत मास मोगा के एक शराब के ठेकेदार से जो स्कूटर छीना गया था वह थाना सदर मोगा के एक धर्म स्थान में से बरामद हो गया है । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

**बसों पर रोक**

संगरूर (भाषा): पुलिस ने एहतियात के तौर पर संगरूर जिले में आज तक अखिल भारतीय सिख छात्र संघ के तीस से अधिक सदस्यों को समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया है । अधिकारियों ने सम्पूर्ण संगरूर जिले में 31 जनवरी तक शाम के साढ़े छः बजे से सुबह के छः बजे तक बसों के चलने पर रोक लगा दी है ।

खन्ना (पूर्ण चन्द): आज प्रातः 5 बजे के लगभग ड्यूटी पर तैनात मुहर्र मियां जगदीश सिंह ने समराला रोड नाका की चुंगी को लूटने की कोशिश पुनः असफल बना दी । मियां जगदीश सिंह ने पत्रकारों को बताया कि आज तड़के 5 बजे एक व्यक्ति समराला रोड नाका चौकी 2 पर आया और उसे कहा कि दरवाजा खोलो और पर्ची काटो । उसने उसे कहा कि उसके पास सब्जी के छः नग हैं जो कि मोटर साइकल पर लादे हुए हैं । जिस पर उसने दरवाजा तो न खोला अपितु पर्ची काटने वाली छोटी खिड़की खोल दी । उसने देखा कि चुंगी के आगे न तो मोटर साइकल है न ही सब्जी के छः नग हैं । अपितु उसे एक 25-26 वर्ष का युवक जिसकी दाढ़ी खुली हुई थी खड़ा नजर आया । उसके गले में पेटी थी जिसमें गोलियां थीं और एक पिस्तौल था । उसने

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# पुलिस अफसर का पुत्र गटर में गिरा, उग्रवादियों द्वारा अपहरण की अफवाह

अमृतसर, 7 दिसम्बर (प्रै. यू.): पंजाब पुलिस के आतंक विरोधी स्टाफ में तैनात सब इंस्पैक्टर गुरसेवक सिंह का 3 वर्षीय लड़का रमनदीप सिंह उर्फ रिक्की कनेडी एवन्यू के गट्टर से मिल गया । पहले अफवाह फैल गई थी कि उसका उग्रवादियों ने अपहरण कर लिया है । इस घटना के सात घंटे बाद वह मिल गया ।

**पुलिस का कहना है कि लड़के का अपहरण नहीं किया गया था बल्कि वह अचानक गट्टर में गिर गया था । उसका ट्राई साइकिल गट्टर के पास ही था ।**

सब इंस्पैक्टर गुरसेवक सिंह पुलिस लाइन्ज में विशेष आतंकवाद विरोधी स्टाफ में तैनात हैं तथा होशियारपुर जिला में ड्यूटी पर गए थे । वह 5 मास पूर्व दसूहा से तबदील किए गए थे । गुरसेवक सिंह कुछ वर्ष पहले भी अमृतसर में तैनात था । बताया जाता है कि रमनदीप सिंह गली में खेल रहा था जब उसको पीले पटके वाले कुछ लोग उठाकर ले गए ।

श्रीमती भूपेन्द्र कौर ने पुलिस को बताया कि उसके पति का दो महीने पूर्व जालन्धर क्षेत्र में उनके पैतृक गांव जसाकलां में एक शादी के मौके पर दो

Punjabi Sanatani

## उग्रवादियों द्वारा हत्या

(पृष्ठ 3 का शेष)

तुरन्त खिड़की बंद कर दी और अपने सेवादार तरसेम लाल को कहा कि कमेटी ने जो गंडासे दिए हैं वह सम्भाल लो । यह सुनते ही उस युवक ने चुंगी के दरवाजे पर लात मारी । मगर दरवाजा न खुला । फिर यह कहता हुआ तुरन्त चला गया कि आज तो मौका नहीं लगा । फिर कभी इकट्ठे होकर 'सिज' लेंगे । उनके जाने के बाद यह तमाम घटना चुंगी अधीक्षक को बताई गई जिसने नगर पुलिस को सूचना दे दी ।

याद रहे कि 15 अगस्त की रात को इसी चुंगी को तीन लोगों ने लूटने की कोशिश की थी मगर ड्यूटी पर तैनात मुहर्र पन्नालाल ने गंडासों के साथ मुकाबला करते हुए एक लुटेरे को गिरा दिया था और दूसरे भाग गए थे । जिस लुटेरे को गंडासा लगा था बाद में वह मर गया था । यह तीसरी घटना है जब लुटेरों ने इस चुंगी को लूटने की कोशिश की । मगर तीनों बार लुटेरे असफल रहे ।

बंगा (खो.): आज 5.30 बजे शाम को मुकन्दपुर रोड पर बजाज आयल स्टोर के मालिक लेख राज से 2 स्कूटर सवार उग्रवादी 3 हजार रु. लूट ले गए ।

बंगा से 7 किलो मीटर दूर गैलमिजारी ग्राम के खेत से जगतपुरा ग्राम के जरनैल सिंह का सिर कटा शव मिला है । वह चार दिसम्बर को अपने घर से गया था । वह एक टैम्पो पर लटक गया पर अंदर की सवारियों ने उसे धक्का देकर गिरा दिया और फिर उसकी हत्या कर दी ।

### नवम्बर का खूनी महीना

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): पंजाब भर में हिंसक घटनाओं की चल रही शृंखला में विगत नवम्बर मास ही में आतंकवादियों ने 80 निर्दोष व्यक्तियों को मौत की नींद सुलाया जिनमें जिला होशियारपुर में गांव खुड्डा के निकट 24 बस यात्रियों की निर्मम हत्या भी शामिल है । नवम्बर मास में आतंकवादियों का शिकार होने वालों में महापंजाब आंदोलन के नेता डाक्टर कालीचरण भी शामिल हैं । अमृतसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एच.एस.काहलों के सुपुत्र रवनीत सिंह गुरुद्वारा भट्ठा साहब रोपड़ के मैनेजर स. लाभ सिंह भी आतंकवादियों की गोली का शिकार हुए थे ।

जिला कपूरथला के गांव बाटांवाली के पुलिस सिपाही बख्शीश सिंह सहित उसके परिवार के छ: सदस्यों के अतिरिक्त राज्य में 7 पुलिस कर्मी, जिनमें 4 सी.आर.पी. के कर्मचारी शामिल हैं, भी उग्रवादियों की गोली का निशाना बन गए ।

दूसरी तरफ दिसम्बर मास के प्रथम सप्ताह में आतंकवादियों की क्रूरता का शिकार होने वालों में गुरदासपुर के प्रमुख पत्रकार ज्ञानी जगजीत सिंह का नाम भी शामिल है ।

दूसरी तरफ पंजाब सरकार ने आतंकवादियों की तरफ से जारी निरन्तर हिंसा की रोकथाम के लिए सम्भवत: अब दृढ़ निश्चि कर ही लिया है व इस संदर्भ में राज्य में असाधारण चौकसी व कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए जा रहे हैं ।

गुरदासपुर (विनोद): जिला श्रमजीवी पत्रकार संघ की एक विशेष बैठक जिला प्रधान श्री तिलक राज की अध्यक्षता में हुई जिसमें प्रमुख पत्रकार ज्ञानी

शव मिला है । वह चार दिसम्बर को अपने घर से गया था । वह एक टैम्पो पर लटक गया पर अंदर की सवारियों ने उसे धक्का देकर गिरा दिया और फिर उसकी हत्या कर दी ।

**नवम्बर का खूनी महीना**

फगवाड़ा (अशोक कौड़ा): पंजाब भर में हिंसक घटनाओं की चल रही शृंखला में विगत नवम्बर मास ही में आतंकवादियों ने 80 निर्दोष व्यक्तियों को मौत की नींद सुलाया जिनमें जिला होशियारपुर में गांव खुड्डा के निकट 24 बस यात्रियों की निर्मम हत्या भी शामिल है । नवम्बर मास में आतंकवादियों का शिकार होने वालों में महापंजाब आंदोलन के नेता डाक्टर कालीचरण भी शामिल हैं । अमृतसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एच.एस.काहलों के सुपुत्र रवनीत सिंह गुरुद्वारा भट्ठा साहब रोपड़ के मैनेजर स. लाभ सिंह भी आतंकवादियों की गोली का शिकार हुए थे ।

जिला कपूरथला के गांव बाटांवाली के पुलिस सिपाही बख्शीश सिंह सहित उसके परिवार के छः सदस्यों के अतिरिक्त राज्य में 7 पुलिस कर्मी, जिनमें 4 सी.आर.पी. के कर्मचारी शामिल हैं, भी उग्रवादियों की गोली का निशाना बन गए ।

दूसरी तरफ दिसम्बर मास के प्रथम सप्ताह में आतंकवादियों की क्रूरता का शिकार होने वालों में गुरदासपुर के प्रमुख पत्रकार ज्ञानी जगजीत सिंह का नाम भी शामिल है ।

दूसरी तरफ पंजाब सरकार ने आतंकवादियों की तरफ से जारी निरन्तर हिंसा की रोकथाम के लिए सम्भवतः अब दृढ़ निश्चि कर ही लिया है व इस संदर्भ में राज्य में असाधारण चौकसी व कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए जा रहे हैं ।

गुरदासपुर (विनोद): जिला श्रमजीवी पत्रकार संघ की एक विशेष बैठक जिला प्रधान श्री तिलक राज की अध्यक्षता में हुई जिसमें प्रमुख पत्रकार ज्ञानी जगजीत सिंह की हत्या पर शोक प्रस्ताव पास करके सरकार से उनके परिवार को समुचित आर्थिक तथा अन्य सहायता की मांग को दोहराया गया ।

**मृत टीचरों के आश्रितों को भी 1-1 लाख दिया जाए**

जालन्धर : पुलिस कर्मचारियों की तरह उग्रवादियों के हाथों मारे जाने वाले सरकारी टीचरों व अर्ध सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को भी पंजाब सरकार एक-एक लाख रुपए की नकद ग्रांट दे और बेगुनाहों की हत्यायें रोकने के लिए ठोस पग उठाए जाएं, पुलिस की गश्त तेज की जाए और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की चौकियां मजबूत की जाएं । यह मांगें आज यहां ब्लाक शिक्षा अधिकारियों की एक बैठक में की गईं जिसकी अध्यक्षता श्री यशपाल आजाद ने की । इसमें अपनी मांगें मनवाने तथा वेतन आयोग के समक्ष अपना केस पेश करने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बना दी गई जो सारा केस तैयार करेगी ।

फरीदकोट से 'जिन्दल' के अनुसार सादिक थाने की पुलिस ने मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादी वरियाम सिंह खपियांवाली के भोग समारोह के अवसर पर भड़काऊ भाषण देने के आरोप में मुक्तसर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानी राम सिंह को गिरफ्तार कर लिया । आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के एक दर्जन से अधिक वर्कर भी गिरफ्तार किए गए हैं ।

# रूसी सेना की वापसी की समयबद्ध योजना के प्रयास

# अमृतसर में डकैती, मुठभेड़ में एक उग्रवादी मरा

अमृतसर, 8 दिसम्बर (दीपक, अशोक): आज रात्रि 8 बजे स्थानीय सम्भ्रांत क्षेत्र जोशी कालोनी में एक कोठी लूटकर भाग रहे उग्रवादियों व पुलिस में मुठभेड़ के दौरान एक उग्रवादी घटनास्थल पर मारा गया ।

बताया जाता है कि आज प्रात: से ही कुछ संदिग्ध लोग जोशी कालोनी क्षेत्र में घूम रहे थे जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई थी । इस पर सादी वर्दीधारी पुलिस कर्मी तैयार होकर कालोनी क्षेत्र में छिपे हुए थे । रात्रि 8 बजे तीन उग्रवादी इन्ड-सुजुकी (एक सूचना के अनुसार) हीरोहांडा मोटर साइकल पर सवार होकर प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डाक्टर दलजीत सिंह की कोठी पर आए और इस बहाने से अन्दर प्रविष्ट हुए कि वे आंख दिखाने आए हैं । जैसे ही डाक्टर दलजीत सिंह ने दरवाजा खोला, उग्रवादियों ने उनकी छाती पर पिस्तौल रखकर चाबियां मांगीं और हजारों रुपए की नकदी व आभूषण आदि थैली में बांध कर बाहर भागे । पर इसी बीच प्रात: से ही वहां छिपे पुलिस कर्मियों ने कोठी में असामान्य गतिविधियां देखकर वहां घेराबंदी कर ली थी । जैसे ही उग्रवादी बाहर निकले, पुलिस ने उन्हें पहले वार्निंग दी और उनके न रुकने पर गोलियां चलाईं जिससे एक उग्रवादी मौके पर ही मारा गया पर उसके दो साथी फरार हो गए । मृत उग्रवादी के पास से एक थैला मिला है जिसमें एक देसी पिस्तौल व एक पगड़ी थी । उसके बाल कटे थे और हल्की सी दाढ़ी थी ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sanjhi

**अपहरण हुआ था**

प्रै. ट्र. के अनुसार अमृतसर पुलिस ने दावा किया कि कल आतंकवाद विरोधी स्टाफ के सब-इंस्पैक्टर गुरसेवक सिंह के तीन वर्षीय पुत्र रमनदीप सिंह का उग्रवादियों ने अपहरण ही किया था ।

पता चला है कि रमनदीप का अपहरण कल प्रातः गुरसेवक सिंह के कोर्ट रोड स्थित आवास के पास से किया गया था और फिर उसे शहर के बाहर एक वीरान स्थान में गटर में फैंक दिया गया था जहां से पुलिस ने 7 घंटे के बाद रमनदीप को बरामद किया ।

पुलिस ने कल कहा था कि रमनदीप अपने घर के पास ही खेलते-खेलते गटर में गिर गया था ।

एस.पी. (हैड क्वार्टर) श्री एस. अरोड़ा ने पत्रकारों को बताया कि रमनदीप से पूछताछ से पता चला कि दो स्कूटर सवार लोग उसे घर के पास से जबरदस्ती उठा ले गए थे ।

उन्होंने बताया कि 7 घंटे के बाद अमृतसर-अजनाला रोड पर गमतला बाइपास से घर से 4 किलो मीटर दूर रमनदीप सिंह को बरामद किया गया ।

उन्होंने बताया कि अपहरणकर्त्ता उग्रवादी रमनदीप को गटर में फैंक गए थे पर गटर सूखा था । अतः रमनदीप गटर के अन्दर की सीढ़ियों पर चढ़ कर बाहर आ गया और रोने लगा । तब वहां से गुजर रही एक महिला ने उसे देखा । वहां से गुजर रही एक कार में सवार व्यक्ति ने उसे शहर लाकर पुलिस के हवाले किया ।

श्री अरोड़ा ने कहा कि पुलिस को संदेह है कि उग्रवादियों ने पुलिस के गश्ती दल को देख कर बच्चे को गटर में फैंका । इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है ।



आजाद नगर, अमृतसर में गत दिवस उग्रवादियों के हाथों घायल होने वाला रमेश चन्द्र अस्पताल में उपचाराधीन । (छाया: भंडारी)

**उमरानंगल के पुत्र पर फायरिंग**

अशोक सोनी के अनुसार कल सायं 6.30 बजे जिला अमृतसर के गांव रैया के कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फायरिंग किए जाने का समाचार मिला है लेकिन इससे किसी के हताहत होने का समाचार नहीं है ।

इस सम्बन्ध में यहां मिली जानकारी के अनुसार कल शाम करीब 6.30 बजे तीन अज्ञात व्यक्ति मार्केट कमेटी रैया के चेयरमैन तथा श्री जीवन सिंह उमरानंगल के सुपुत्र श्री सुखदेव सिंह उमरानंगल के घर पर गए । इन आगंतुकों ने उन्हें बताया कि गांव दलोनंगल में एक झगड़ा हो गया है और वहां उनकी (श्री सुखदेव सिंह) उपस्थिति वांछित है ।

श्री सुखदेव सिंह ने उनसे कहा कि वह पुलिस से बात करके उनके साथ चलते हैं । इस पर वह तीनों

# विध्वंसक तत्वों द्वारा फगवाड़ा-चहेड़ू बहराम के बीच संचार-व्यवस्था ठप्प

*नवांशहर में 4 घंटे तक रेल यातायात ठप्प : पठानकोट में बम विस्फोट से एक घायल : सिपाही द्वारा ए.एस.आई. की हत्या*

## नकोदर के निकट मुनीम पर हमला : कोटकपूरा में 42000 लूटे

चंडीगढ़, 9 दिसम्बर (प्रै.भा., यू.वा.): दो सशस्त्र आतंकवादियों ने फरीदकोट जिले में कोटकपूरा के निकट एक शराब के ठेके से आज 42 हजार रुपए लूट लिए । यहां प्राप्त सूचना के अनुसार हमलावर शराब के ठेके पर आए तथा पिस्तौल दिखाकर रुपए लूट लिए तथा फरार हो गए ।

संगरूर से प्राप्त एक अन्य सूचना के अनुसार दो अज्ञात व्यक्तियों ने मालेरकोटला तहसील के लसोई गांव में भी पिस्तौल का भय दिखाकर एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया । पठानकोट में माडल टाऊन में गत रात्रि हुए एक विस्फोट में एक व्यक्ति हरदेव सिंह घायल हो गया । इस सम्बन्ध में 3 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं । अमृतसर के जिला मजीठा क्षेत्र की जगदेव कलां चौकी में एक सिपाही ने एक सहायक पुलिस निरीक्षक गुरमीतसिंह की गोली मार कर हत्या कर दी ।

आज तड़के कुछ अज्ञात शरारती व्यक्तियों ने फगवाड़ा-चहेड़ू व फगवाड़ा-बहराम के मध्य रेल संचार व्यवस्था को भंग करने के लिए रेल संचार लाइन काट डाली जिससे उत्तरी रेलवे के फगवाड़ा-नवांशहर तथा फगवाड़ा-जालन्धर सैक्शन पर रेल यातायात असामान्य बना रहा । नकोदर-मलसियां रोड पर दो संदिग्ध स्कूटर सवार उग्रवादियों ने नूरपुर के निकट एक भट्ठे के मुनीम सोहन लाल को गोली मार कर घायल कर दिया ।

**बम विस्फोट : एक घायल**

पठानकोट से 'महेन्द्रपाल' के अनुसार गत रात्रि में पठानकोट के माडल टाऊन क्षेत्र में एक उच्च शक्ति के बम के विस्फोट से एक व्यक्ति हरदेव सिंह घायल हो गया तथा सारे क्षेत्र में आतंक व्याप्त हो गया । पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई तथा उसने सारे क्षेत्र को अपने घेरे में ले लिया । पुलिस ने विस्फोटक कानून की धारा 4-5 के अन्तर्गत केस दर्ज कर लिया है तथा 3 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है । पुलिस के अनुसार इस बम विस्फोट के पीछे उग्रवादियों का हाथ होने की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता है । उल्लेखनीय है कि पठानकोट क्षेत्र पंजाब के शांतिपूर्ण क्षेत्रों में से एक है तथा उग्रवादियों ने इस क्षेत्र में गड़बड़ करने की धमकी दी थी ।


'यू.न्यू.' के अनुसार उक्त बम एक शक्तिशाली पटाखा था व हरदेव सिंह के घर पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने फैंका था । घायल हरदेव सिंह को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहा वह खतरे से बाहर बताया गया है ।

**रेल संचार लाइनें काटीं**

फगवाड़ा से 'अशोक कौड़ा' के अनुसार उग्रवादियों ने सम्भवतः अब पुनः रेलवे स्टेशनों तथा रेल यातायात को कुप्रभावित करने का अपना लक्ष्य बना लिया है ।

आज तड़के कुछ अज्ञात शरारती व्यक्तियों ने फगवाड़ा-चहेड़ू व फगवाड़ा-बहराम के मध्य रेल संचार व्यवस्था को भंग करने के प्रयास में रेलवे की संचार लाइन काट डाली जिससे उत्तरी रेलवे के फगवाड़ा-जालन्धर सैक्शन में रेल यातायात असमान्य बना रहा । फगवाड़ा-नवांशहर के मध्य

(शेष पृष्ठ 6 पर)





(1) अमृतसर की जोशी कालोनी में सोमवार रात को पुलिस के साथ मुकाबले में मारा गया उग्रवादी । उसकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी । (2) जिला अमृतसर के गांव जगदेव कलां की पुलिस चौकी में पुलिस कांस्टेबल कश्मीरा सिंह की गोली से मारा गया ए.एस.आई. पुलिस गुरमीत सिंह ।

## ...रण दूसरे दिन भी ...एं अस्त-व्यस्त

**रोहतांग दर्रा बंद**

कुल्लू : रोहतांग दर्रा गाड़ियों और पद यात्रियों के लिए सरकारी तौर पर बंद कर दिया गया है । यह जानकारी यहां कुल्लू के जिलाधीश ने दी ।

उन्होंने कहा कि मढ़ी में स्थापित बचाव चौकी हिम-स्खलन के विरुद्ध उचित एहतियाती कार्रवाई करेगी ।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

## धार्मिक नेता आतंक उन्मूलन के लिए अपने को समर्पित कर दें : जैल सिंह

पुणे, 9 दिसम्बर (वा.) : राष्ट्रपति जैल सिंह ने सभी धार्मिक नेताओं व स्वयंसेवकों का आह्वान किया है कि वे आतंकवाद के बढ़ते हुए खतरे व भाईचारे की भावना के ह्रास की चुनौती का मिल कर मुकाबला करें । राष्ट्रपति आज यहां श्री जैन विद्या प्रसारक मंडल के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन कर रहे थे । उन्होंने कहा कि सहिष्णुता की कमी व ओछी हरकतों से हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है ।

उन्होंने त्रिपुरा व पंजाब में असंतोष की चर्चा की तथा कहा कि बंगलौर में हाल में मामूली से कारणों से हिंसा भड़की है । राष्ट्रपति ने सेठ श्री पन्ना लाल छात्रावास व चिचवाड में श्रीमती गेंदी बाई ताराचंद हाई स्कूल का भी उद्घाटन किया ।

राष्ट्रपति ने नेताओं व उनके अनुयायियों से अपील की कि वे दस वर्षों के लिए अपनी धार्मिक गतिविधियां त्याग कर स्वयं को पूरी तरह से आतंकवाद के उन्मूलन के लिए समर्पित कर दें । उन्होंने कहा कि इसके लिए वह राष्ट्रपति के रूप में किसी भी समय सक्रिय रूप से काम करने को तैयार हैं ।

उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी आतंकवाद का जवाब आतंकवाद से नहीं दे सकता है क्योंकि इससे जनसंहार ही होगा । आतंकवाद का जवाब शांतिपूर्ण कार्यों से ही दिया जा सकता है ।

राष्ट्रपति ने कहा कि व्यक्ति का धर्म चाहे कुछ भी हो लेकिन यदि वह राष्ट्रीय एकता, समृद्धि व मानवता के लिए कार्य नहीं करता है तो उसे राष्ट्रवादी नहीं कहा जा सकता ।

## ...में निलंगेकर निर्दोष ...र्ट का फैसला

...एस. नटराजन थे ।

न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि अंकों में हेरफेर करने से श्री निलंगेकर के सम्बद्ध होने के हालांकि

## आतंकवादी का पुलिस रिमांड

## खुड्डा बस हत्याकांड की जांच के लिए उच्चस्तरीय टीम बनी

होशियारपुर, 9 दिसम्बर (प्रद्युम्न): आज यहां सम्वाददाताओं से बातचीत में अतिरिक्त डी.आई.जी. पुलिस जालन्धर रेंज श्री सद्दीकी ने बताया कि खुड्डा बस हत्या कांड के सिलसिले में बारे में पुलिस 3 दर्जन के लगभग व्यक्तियों से पूछताछ कर चुकी है लेकिन अभी तक कोई परिणाम नहीं निकला ।

उन्होंने कहा कि होशियारपुर जिला की दसहा

## संचार व्यवस्था भंग

(पृष्ठ 3 का शेष)

तो रेल यातायात पूरी तरह ठप्प हो गया ।

आज प्रातः मिली जानकारी के अनुसार कुछ उग्रवादियों ने फगवाड़ा-चहेडू के मध्य गांव चक हकीम के निकट व फगवाड़ा-बहराम रेलवे सैक्शन में गांव कुलथम के निकट संचार लाइनें काट डालीं जिससे फगवाड़ा-नवांशहर रेलवे सैक्शन का मंडलीय मुख्यालय से सम्पर्क कट कर रह गया ।

इसी मध्य नवांशहर जाने वाली जालन्धर-नवांशहर यात्री ट्रेन को फगवाड़ा रेलवे स्टेशन पर जे.आर.जे जालंधर-जेजों यात्री ट्रेन को चहेडू रेलवे स्टेशन पर व जालन्धर से जाने वाली 3 जे.आर.जे. यात्री ट्रेन को बहराम स्टेशन पर रोक लिया गया ।

गांव चकहकीम के पास संचार लाइनें कटने की सूचना कुछ होमगार्ड के जवानों ने फगवाड़ा स्टेशन पर दी । स्थानीय स्टेशन अधीक्षक श्री शांति स्वरूप कौशल ने घटना की सूचना तत्काल स्थानीय उपमंडल अधिकारी कंवल वीर सिंह सिद्धू, रेलवे पुलिस, सदर पुलिस तथा जिलाधीश कपूरथला कंवर गुलवंत सिंह को दी । घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय अधिकारी पुलिस फोर्स सहित मौका पर पहुंचे व घटना की जांच आरम्भ कर दी है । इस सम्वाददाता ने चकहकीम के निकट घटनास्थल पर लगभग एक दर्जन तारें टूटी पाईं व लगभग एक किलो मीटर के क्षेत्र में टूटी तारें बिखरी पड़ी देखीं।

आज प्रातः लगभग दस बजे रेलवे अधिकारियों ने एक इंजन फगवाड़ा-नवांशहर रेल मार्ग पर भेजा व वैकल्पिक प्रबन्धों से इस सैक्शन पर धीरे-धीरे रेल यातायात आरम्भ किया गया ।

स्टेशन अधीक्षक श्री शांति स्वरूप कौसल ने बताया कि फगवाड़ा-जालन्धर सैक्शन पर रेल यातायात वैकल्पिक प्रबन्धों से चलता रहा ।

फगवाड़ा-नवांशहर के मध्य रेलवे संचार-व्यवस्था को काटने वाले सशस्त्र उग्रवादियों की संख्या 8 बताई जाती है ।

### टैलीफोन की तारें काटीं

उधर कुछ अज्ञात शरारती संदिग्ध युवकों ने कथित तौर पर आज तड़के नवांशहर कस्बे की संचार व्यवस्था भी पूर्णतः ठप्प कर दी । आज यहां मिली जानकारी के अनुसार उपद्रवियों ने नवांशहर-लुधियाना, नवांशहर-बंगा, नवांशहर-फगवाड़ा मार्गों पर अनेक स्थानों से टैलीफोन की तारें काट डालीं जिससे बंगा व नवांशहर शहरों का अन्य शहरों से टैलीफोन सम्बन्ध पूर्णतः कट कर रह गया । टैलीफोन विभाग के सूत्रों के अनुसार नवांशहर व बंगा को टैलीफोन सेवा सामान्य बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य आरम्भ कर दिया गया है, परन्तु इसमें एक-दो दिन लग जाने की सम्भावना है । इस कार्रवाई में उग्रवादियों का स्पष्ट हाथ होने से भी इन्कार नहीं किया जा सकता । विभाग के प्रवक्ता के अनुसार इन दोनों शहरों में लोकल टैलीफोन सेवा सामान्य चल रही है ।

### मुनीम पर हमला

नकोदर (रत): आज दोपहर बाद नकोदर-मलसियां रोड पर स्थित गांव नूरपुर के निकट 22 से 24 वर्ष आयु के दो स्कूटर सवारों ने एक भट्ठे के मुनीम सोहन लाल (22) को गोली मार कर घायल कर दिया । लुटेरों ने उसको रोक कर कहा कि जो कुछ भी तुम्हारे पास है सीधे दे दे । उसका नाम राम प्रसाद था ।

### सिपाही द्वारा ए.एस.आई. की हत्या

अमृतसर जिले के मजीठा थानांतर्गत जगदेव कलां पुलिस चौकी में गत रात्रि में एक कांस्टेबल ने एक सहायक सब इंस्पैक्टर गुरमीत सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । पुलिस के अनुसार सिपाही कश्मीरा सिंह और ए.एस.आई. में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी को लेकर कहा-सुनी हो गई थी । उक्त कांस्टेबल चाहता था कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को रिहा किया जाए । बंदी बनाया गया व्यक्ति इस सिपाही का रिश्तेदार है ।

परन्तु ए.एस.आई. ने कांस्टेबल की बात मानने से इन्कार कर दिया । इस पर कांस्टेबल ने क्रुद्ध होकर ए.एस.आई. पर गोली चला दी । ए.एस.आई. की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई । पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, अभियुक्त कांस्टेबल फरार हो गया है ।

### गोली से घायल

अमृतसर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा बल के एक जवान की राइफल से अचानक चली गोली से एक व्यक्ति मंगलसिंह घायल हो गया । पुलिस ने बताया कि उक्त सुरक्षा कर्मचारी अपनी राइफल की सफाई कर रहा था कि अचानक गोली चल गई । घायल मंगलसिंह को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी दशा खतरे से बाहर बताई जाती है ।

'अशोक सोनी' के अनुसार अमृतसर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर सी.आर.पी. की टुकड़ी तरनतारन जाने के लिए बैठी हुई थी कि इसी के एक जवान की राइफल से अकस्मात चली गोली प्लेटफार्म पर बने पुल से जा टकराई और वहीं पुल से टूटा एक कंकड़ मंगलसिंह की जांघ से जा टकराया जिससे उसकी जांघ में मामूली घाव आया है ।

### ग्रामीण की हत्या की जांच

गुरदासपुर के पुलिस अधीक्षक (डिटेक्टिव) श्री सुमेध सिंह सैनी अमृतसर जिले में कथुनंगल थाना क्षेत्र के एक ग्रामवासी प्रेम सिंह की हत्या की जांच करेंगे । श्री प्रेमसिंह की गत 2 दिसम्बर को यहां चक्की बाजार में हिंसक भीड़ ने पीट-पीट कर हत्या कर दी थी ।

### सुरक्षा के लिए लाइसैंस शुदा हथियारों की अनुमति

अमृतसर से 'वि.प्र.' ने समाचार दिया है कि अमृतसर के जिला प्रमुख श्री इजहार आलम ने सम्वाददाताओं को बताया कि यदि सगाइयों व बारातों में जाने वाले लोग उग्रवादियों से अपनी सुरक्षा के लिए यदि अपने लाइसैंसशुदा हथियार अपने साथ ले जाना चाहें तो वह जिला अधिकारियों की अनुमति से उन्हें ले जा सकेंगे । इसी प्रकार यदि कोई व्यक्ति अपने जीवन के लिए खतरा अनुभव करता है तथा उसके पास लाइसैंस शुदा हथियार हो तो वह भी जिला अधिकारियों की अनुमति से हथियार अपने पास रख सकता है तथा उसे बाहर भी साथ लेकर जा सकता है ।

श्री इजहार आलम ने बताया कि शहर में जगराते करने वाले जिस जगह पर जगराते करें उसकी सूचना पुलिस अधिकारियों को पहले से दें ताकि उस स्थल पर सुरक्षा प्रबन्ध किए जा सकें ।

### मुठभेड़ में मृत उग्रवादी की पहचान नहीं

गत रात्रि अमृतसर की फैशनेबल जोशी कालोनी में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए

Punjabi Sanjhi

फगवाड़ा मार्गों पर अनेक स्थानों से टैलीफोन की तारें काट डालीं जिससे बंगा व नवांशहर शहरों का अन्य शहरों से टैलीफोन सम्बन्ध पूर्णतः कट कर रह गया । टैलीफोन विभाग के सूत्रों के अनुसार नवांशहर व बंगा को टैलीफोन सेवा सामान्य बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य आरम्भ कर दिया गया है, परन्तु इसमें एक-दो दिन लग जाने की सम्भावना है । इस कार्रवाई में उग्रवादियों का स्पष्ट हाथ होने से भी इन्कार नहीं किया जा सकता । विभाग के प्रवक्ता के अनुसार इन दोनों शहरों में लोकल टैलीफोन सेवा सामान्य चल रही है ।

**मुनीम पर हमला**

नकोदर (रत): आज दोपहर बाद नकोदर-मलसियां रोड पर स्थित गांव नूरपुर के निकट 22 से 24 वर्ष आयु के दो स्कूटर सवारों ने एक भट्ठे के मुनीम सोहन लाल (22) को गोली मार कर घायल कर दिया । लुटेरों ने उसको रोक कर कहा कि जो कुछ भी तुम्हारे पास है सीधे दे दे । सोहन लाल यह कह कर भाग गया कि उसके पास कुछ नहीं है । जब वह भाग रहा था तो संदिग्ध उग्रवादियों ने उस पर गोली चलाई । सोहन लाल अस्पताल में दाखिल है । डाक्टरों के अनुसार गोली लगने से उसका एक कान उड़ गया है ।

**पुलिस लाइन के निकट शव मिला**

जालन्धर (क): आज तड़के स्थानीय पुलिस लाइन के निकट एक 35 वर्षीय गोरखा राम बहादुर का शव पड़ा पाया गया जिसे पुलिस डिविजन 4 ने कब्जा में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया और शव उसके रिश्तेदारों के हवाले कर दिंया ।

राम बहादुर के सिर पर गहरी चोट लगी हुई थी और पुलिस के अनुसार उसकी हत्या की गई और उसका शव यहां फैंक दिया गया था । पुलिस ने केस रजिस्टर कर जांच शुरू कर दी है ।

'यू.न्यू.' के अनुसार कल यहां पुलिस लाइन क्षेत्र में दो पुलिस कांस्टेबलों द्वारा कथित रूप से मारी गई ईंट से एक रिक्शा चालक की मृत्यु हो गई । पुलिस के अनुसार उसका इन पुलिस कर्मियों के साथ झगड़ा हो गया था । पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है । एक अन्य समाचार के अनुसार मृतक एक स्कूटर पेंटर के वर्कशाप का कर्मचारी था तथा


रिणाम • परिणाम
गढ़ वीक्ली लाटरी
रटरी चंडीगढ़ रैड क्रास
मंगलवार
ार रु० 1,00,000
कार रु० 50,000
(3) रु० 25,000 प्रत्येक
(6) रु० 5,000 प्रत्येक
J/101 R
र्णायकों के समक्ष निकाले गए 156वें
म निम्नलिखित हैं :
R-743299


अमृतसर के जिला प्रमुख श्री इजहार आलम ने सम्वाददाताओं को बताया कि यदि सगाइयों व बारातों में जाने वाले लोग उग्रवादियों से अपनी सुरक्षा के लिए यदि अपने लाइसैंसशुदा हथियार अपने साथ ले जाना चाहें तो वह जिला अधिकारियों की अनुमति से उन्हें ले जा सकेंगे । इसी प्रकार यदि कोई व्यक्ति अपने जीवन के लिए खतरा अनुभव करता है तथा उसके पास लाइसैंस शुदा हथियार हो तो वह भी जिला अधिकारियों की अनुमति से हथियार अपने पास रख सकता है तथा उसे बाहर भी साथ लेकर जा सकता है ।

श्री इजहार आलम ने बताया कि शहर में जगराते करने वाले जिस जगह पर जगराते करें उसकी सूचना पुलिस अधिकारियों को पहले से दें ताकि उस स्थल पर सुरक्षा प्रबन्ध किए जा सकें ।

**मुठभेड़ में मृत उग्रवादी की पहचान नहीं**

गत रात्रि अमृतसर की फैशनेबल जोशी कालोनी में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है । आज यहां पुलिस ने बताया कि कल शाम जोशी कालोनी में नेत्र चिकित्सक डा. दलजीत सिंह की कोठी में तीन आतंकवादी आए जिनमें से एक कोठी के बाहर ही खड़ा रहा जबकि दो कोठी के अन्दर जा घुसे । बताया जाता है कि इसी दौरान एस.पी. डिटैक्टिव श्री सुरजीत सिंह जीप में उधर आ निकले और उन्होंने जब एक संदिग्ध व्यक्ति को कोठी के बाहर खड़े देखा तो उन्होंने उससे पूछताछ की । बताया जाता है कि इस पर उस व्यक्ति ने अपनी लोई में से पिस्तौल बाहर निकाला और गोली चलाने की कोशिश की लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो सका । जब यह उग्रवादी भागने लगा तो श्री सुरजीत सिंह के दो पुलिस अंगरक्षकों में से एक ने भागते हुए आतंकवादी पर फायर किया । गोली उसके पीठ के निचले हिस्से में लगी और वह उग्रवादी वहीं गिर गया तथा बाद में उसकी मृत्यु हो गई । इसी बीच गोली की आवाज सुनकर कोठी में घुसे दो उग्रवादी लूटा हुआ सामान लेकर कोठी के पिछले भाग से भागने में सफल हो गए ।

बताया जाता है कि मृत आतंकवादी के पास से पुलिस को एक देसी रिवाल्वर, कुछ कारतूस, कुछ रुपए, सोने की चूड़ियां, एक सोने का मंगल सूत्र भी मिला है । पुलिस ने एक होंडा-सुजकी मोटर साइकल भी बरामद किया है ।

**हत्या कांड टला : 4 बंदी**

फिरोजपुर में मन्सिया गांव में पुलिस ने हत्या के लिए लाए गए भाड़े के चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर काला सिंह तथा उनके पुत्र को मरने से बचा लिया ।

पुलिस अधीक्षक आर.एस. चालिहा के अनुसार गिरफ्तार व्यक्तियों को जागीर सिंह के पुत्र दरबारा सिंह ने हत्या के लिए एक लाख रुपए की राशि दी थी । पुलिस ने गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों सुरजीत सिंह, अमरजीत सिंह, बलदेव सिंह तथा जसवन्त सिंह से 66 हजार रुपए, दो देसी पिस्तौलें तथा भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए हैं ।

श्री चालिहा ने कहा कि हत्या की योजना इस ढंग से बनाई गई थी ताकि यह आतंकवादी कार्रवाई प्रतीत हो । परन्तु पुलिस ने सुराग मिलने के कारण जो सामयिक कार्रवाई की उससे यह योजना विफल हो गई ।

उन्होंने कहा कि दो वर्ष पूर्व जागीर सिंह के पुत्र सुच्चा सिंह की हत्या कर दी गई थी तथा कथित अपराधी न्यायालय द्वारा बरी कर दिए गए थे ।

## हत्या कांड टला : 4 बंदी

फिरोजपुर में मन्सिया गांव में पुलिस ने हत्या के लिए लाए गए भाड़े के चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर काला सिंह तथा उनके पुत्र को मरने से बचा लिया ।

पुलिस अधीक्षक आर.एस. चालिहा के अनुसार गिरफ्तार व्यक्तियों को जागीर सिंह के पुत्र दरबारा सिंह ने हत्या के लिए एक लाख रुपए की राशि दी थी । पुलिस ने गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों सुरजीत सिंह, अमरजीत सिंह, बलदेव सिंह तथा जसवन्त सिंह से 66 हजार रुपए, दो देसी पिस्तौलें तथा भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए हैं ।

श्री चालिहा ने कहा कि हत्या की योजना इस ढंग से बनाई गई थी ताकि यह आतंकवादी कार्रवाई प्रतीत हो । परन्तु पुलिस ने सुराग मिलने के कारण जो सामयिक कार्रवाई की उससे यह योजना विफल हो गई ।

उन्होंने कहा कि दो वर्ष पूर्व जागीर सिंह के पुत्र सुच्चा सिंह की हत्या कर दी गई थी तथा कथित अपराधी न्यायालय द्वारा बरी कर दिए गए थे ।

## स्कूटर छीना

मालेरकोटला से 'वहीद' के अनुसार कल सायं यहां से 16 किलो मीटर दूर गांव रूरकी तथा लसोई गांवों के मध्य दो अज्ञात युवकों ने एक ईंट भट्ठे के निकट से लसोई गांव के दो युवकों जीवन कुमार तथा अनूप कुमार से उनका स्कूटर पी.बी.एस. 1487 छीन लिया व भाग गए । पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच प्रारम्भ कर दी है ।

## सीमा पर कर्फ्यू

गुरदासपुर (विनोद): भारत-पाक सीमा पर राष्ट्रद्रोही तत्वों की गतिविधियों में वृद्धि के कारण जिला मैजिस्ट्रेट श्री आर.पी.एस. पवार ने सीमा से लगने वाले 300 मीटर क्षेत्र में रात का कर्फ्यू पुनः लगा दिया है, जो छः फरवरी 1987 तक जारी रहेगा । यह कर्फ्यू रात साढ़े सात बजे से प्रातः 6 बजे तक जारी रहेगा । इस क्षेत्र में आने वाले गांवों के अन्दर कर्फ्यू का प्रभाव नहीं होगा ।

## कालेज पर हमला

कोटकपुरा (गर्ग): आज दोपहर 12 बजे स्थानीय शहीद भगत सिंह डिग्री कालेज में सिख छात्र संघ के लगभग 25 कार्यकर्ताओं ने ईंटों-पत्थरों तथा लाठियों से हमला कर दिया तथा एक समुदाय के छात्रों की पिटाई की और धमकियां दीं । कालेजों के छात्रों ने हड़ताल कर दी । शहर के वरिष्ठ व्यक्तियों ने पुलिस उच्चाधिकारियों को सूचित कर दिया ।

## चंडीगढ़ में निषेधाज्ञा बढ़ी

'संधी' के अनुसार चंडीगढ़ के जिलाधीश श्री किशन मोहन ने चंडीगढ़ में लगी धारा 144 की अवधि आगामी 9 जनवरी तक के लिए बढ़ा दी है । सिनेमा गृहों में ब्रीफ केस, पर्स, पैकेट, लंच बाक्स, ट्रांजिस्टर, कैमरा आदि ले जाने पर लगे प्रतिबंध भी 8 जनवरी तक बढ़ा दिए गए हैं ।

एक अन्य आदेश के अनुसार शहर में आग्नेयास्त्र व घातक हथियार लेकर चलने पर

# बाघापुराना के निकट ग्रन्थी की गोलियां मार कर हत्या

## लुधियाना में डाकघर लुटा : ब्यास के निकट 30 हजार रुपये छीने : अमृतसर के गांवों में लुटेरे सक्रिय

चंडीगढ़, 10 दिसम्बर (यू.प्रै. वा.) : संदिग्ध व्यक्तियों ने बाघा पुराना के निकटवर्ती गांव के गुरुद्वारे के ग्रंथी की गोलियां मार कर हत्या कर दी। यह ग्रंथी बाबा संता सिंह के बुड्ढा दल से संबंधित बताया जाता है।

होशियारपुर के एक गांव में स्कूटर तथा नकदी छीनने की घटना हुई।

लुधियाना में एक डाक घर लूट लिया गया।

ब्यास क्षेत्र में एक व्यक्ति से रिवाल्वर और 30 हजार रुपए नकद छीन लिए गए।

अमृतसर क्षेत्र में तीन आतंकवादी गिरफ्तार किए गए।

फगवाड़ा के एक स्कूल पर खालिस्तानी झंडा लहराया गया।

**ग्रंथी की हत्या**

बाघापुराना (ज्ञान मित्तल) : गत रात्रि यहां के निकटवर्ती गांव समालसर के बाहर तीन किलोमीटर दूर स्थित गुरुद्वारा संगतसर के ग्रंथी निहंग गुरबख्श सिंह की कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी। इस गुरुद्वारे का संबंध बुड्ढा दल (संता सिंह) के साथ है।

वारदात के समय गुरुद्वारा के निकट खेतों में काम कर रहे लोगों ने बताया कि हमलावरों ने आते ही दो हवाई फायर किए। गोली चलने की आवाज सुन कर लोग आतंकित होकर दौड़ गए। बताया जाता है कि इन हत्यारों ने ग्रंथी के कमरे का दरवाजा खटखटाया। जैसे ही ग्रंथी ने दरवाजा खोला तो हमलावरों ने उस पर गोलियां बरसाईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के अनुसार हमलावरों ने 12 बोर के पिस्तौल से गोलियां चलाईं।

वर्णनीय है कि इस गुरुद्वारे के बारे में काफी देर से झगड़ा चल रहा है। कुछ समय पहले आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के वर्करों ने उक्त ग्रंथी को मारपीट करके गुरुद्वारे पर कब्जा कर लिया था। पुलिस ने हस्तक्षेप करके ग्रंथी को कब्जा वापस दिलाया था। क्षेत्र में भारी तनाव व्याप्त है।

**स्कूटर, नकदी छीनी**

होशियारपुर (प्रद्युम्न): यहां से लगभग 20 किलोमीटर दूर मौजा निमोलियां के चो पर एक व्यक्ति विक्रमजीत सिंह से उसका स्कूटर नम्बर पी.बी.एच. 3062 और 2 हजार रुपया नकद पिस्तौल की नोक पर लूट लिए जाने की सूचना मिली है। बताया जाता है कि विक्रमजीत सिंह, जो मौजा बहाला का रहने वाला है, कल शाम माधोपुर, जहां वह काम करता था, से स्कूटर द्वारा अपने गांव आ रहा था कि निमोलियां के निकट दो व्यक्तियों ने उसको रोका तथा पिस्तौल की नोक पर स्कूटर तथा दो हजार रुपए नकद छीन कर फरार हो गए।

**डाकखाना लूट लिया**

लुधियाना से धीमान की सूचना है कि आज यहां दिन दहाड़े इंडस्ट्रीयल एरिया (ए) के डाकखाना से तीन आतंकवादी लगभग आठ हजार रुपए लूट कर ले गए। बताया जाता है कि उस समय दोपहर के खाने की छुट्टी थी। दो लड़कियां तथा एक पुरुष कर्मचारी खाना खा रहे थे। तीन लुटेरों ने पिस्तौल दिखा कर कहा कि नकदी हमारे हवाले कर दो। उन्होंने उनमें से एक को थप्पड़ मार कर चाबियां ले लीं और सारा कैश लेकर फरार हो गए।

पुलिस के अनुसार डाक घर के अधिकारियों ने इस लूट की वारदात से कुछ ही देर पहले 50,000 रुपए एक बैंक में जमा करा दिए थे। उग्रवादी साइकल से फरार हो गए।

**मैनेजर को लूट लिया**

भाजपा नेता सतपाल गोसाईं की फैक्टरी के मैनेजर श्री प्रताप चंद शर्मा को दो व्यक्तियों ने धूरी रेलवे लाइन के निकट लूट लिया। कहा जाता है कि वह रात 9.45 बजे घर लौट रहे थे जबकि चाकू से हमला करके उनसे 1050 रुपए नकद, कलाई घड़ी तथा सोने की अंगूठी छीन ली गई। उनके चेहरे पर मामूली घाव आए।

**स्कूटर छीना**

जैतो (पराशर) : निकटवर्ती गांव बलाहड के पास तीन युवकों ने पिस्तौल की नोक पर जैतो के एक युवक जगदीश राय से स्कूटर छीन लिया और फरार हो गए। गोनियाना मंडी पुलिस स्टेशन ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

**रिवाल्वर, 30 हजार रुपए लूटे**

अमृतसर (भाषा) : ब्यास क्षेत्र के भिंडर गांव में कल रात तीन सशस्त्र व्यक्ति कुलदीप सिंह से उनका 32 बोर का रिवाल्वर, लगभग चालीस कारतूस, एक कलाई घड़ी और तीस हजार रुपए की नकदी लूट ले गए। पुलिस ने गांव की सुरक्षा योजना के तहत कुलदीप सिंह को इनमें से 15 कारतूस दिए थे। पुलिस के अनुसार डकैत एक स्टेनगन, एक राइफल और एक पिस्तौल से लैस थे।

रैया से प्रेम के अनुसार यह घटना गांव खल्चियां के निकट स्थित शैलर में हुई। यह शैलर अकाली नेता जोगेंद्र सिंह के लड़के इन्द्र जीत सिंह का है। जब यह घटना हुई तो शैलर में 20-25 व्यक्ति मौजूद थे परन्तु उन्होंने हथियार होने के बावजूद लुटेरों का मुकाबला नहीं किया। घटना रात 12 बजे के लगभग हुई जब सी.आर.पी. ने शैलर के निकट लगा हुआ अपना नाका उठा लिया।

**उग्रवादी गिरफ्तार**

'कमलेश' के अनुसार गत दिवस तरनतारन पुलिस ने एक कथित उग्रवादी जरनैल सिंह को पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि जरनैल सिंह जौड़ा हत्याकांड में वांछित था। सनसनीपूर्ण रहस्योद्घाटन सम्भावित हैं।

अमृतसर से 'भाषा' के अनुसार आफिसर्स कालोनी के पास टेलर रोड पर आज पुलिस कार्रवाई के दौरान दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

बंदूकधारी पुलिस कर्मी सादे लिबास में सडक के दोनों तरफ पेड़ों की ओट में छिपे हुए थे। ज्योंही संदिग्ध लोग स्कूटर से गुजरे, पुलिस कर्मियों ने उन्हें घेर लिया तथा उन्हें हाथ उठा कर आत्म समर्पण करने को कहा।

खबर है कि पुलिस ने उनके पास से दो हथियार भी बरामद किए। बाद में पुलिस उन्हें अपनी जीप

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sanatani

# दिल्ली में पंजाब के दो खूंखार उग्रवादी बंदी : बटाला के निकट अध्यापक की हत्या

## पंजाब में टैलीफोन केन्द्रों की सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध : अमृतसर में 9 उग्रवादी पकड़े गए

# सशस्त्र लुटेरों ने अमृतसर में मिल से कपड़ा लूटा

चंडीगढ़, 11 दिसम्बर (प्रै.भा., यू.वा): स्कूटर पर सवार दो संदिग्ध उग्रवादियों ने आज प्रातः बटाला गुरदासपुर मार्ग पर बहादुरपुर गांव के पास एक स्कूल शिक्षक श्री पूर्ण सिंह को गाली मार कर हत्या कर दी । कोटकपूरा में दो पिस्तौलधारियों ने गत रात्रि में एक युवक से उसका स्कूटर छीन लिया । फगवाड़ा के निकट चाचोकी के पास दो उग्रवादियों ने एक पैट्रोल पम्प के सेल्समैन गोकुलचन्द से पिस्तौल की नोक पर 350 रुपए छीन लिए तथा भागते समय उसे घायल भी कर गए ।

**टैलीफोन एक्सचेंजों की कड़ी सुरक्षा**

इसी दौरान पंजाब सरकार ने विध्वंसक कार्रवाइयों को अति गम्भीरता से लिया है व राज्य भर में टैलीफोन एक्सचेंजों के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है व एक्सचेंजों में प्रवेश करने वालों की कड़ी पूछताछ की जा रही है ।



**2 खूंखार उग्रवादी बंदी**

दिल्ली में पुलिस ने पंजाब के दो दुर्दान्त उग्रवादियों को आज गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस सूत्रों ने बताया कि इनमें से एक को उत्तरी दिल्ली में तथा दूसरे को पश्चिमी दिल्ली में पकड़ा गया है ।

दिल्ली के पुलिस आयुक्त श्री वेद मरवाहा ने इस सम्बन्ध में कुछ भी बताने से इन्कार कर दिया ।

सूत्रों ने इनका नाम रोशन लाल उर्फ बैरागी और अवतार सिंह बताया है । अवतार सिंह को पूर्वी दिल्ली में सीमापुरी के निकट पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया ।

रोशन लाल पर 20 मामले हैं और वह जनवरी में गुरदासपुर जेल से भागा था और उसपर एक लाख रुपए का ईनाम है । अवतार सिंह पर दस मामले हैं और उस पर 50 हजार का ईनाम है ।




रोशन लाल बैरागी

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि अमृतसर के रोशन लाल बैरागी उर्फ गुरुदेव सिंह नामक आतंकवादी को कल रात उत्तर दिल्ली में ड्यूटी पर तैनात एक कांस्टेबल ने पकड़ा जबकि दूसरा

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Saratani





बटाला-गुरदासपुर मुख्य मार्ग पर गांव बहादुरपुर के निकट उग्रवादियों के हाथों मारा गया सरकारी अध्यापक पूर्ण सिंह (दाएं) और बिलखती पत्नी तथा एक अन्य रिश्तेदार (बाएं) । (छाया : कोछड़)

# उग्रवादियों द्वारा थानेदार की हत्या : 5 घुसपैठिये मारे गये, संचार व्यवस्था की सुरक्षा के लिए कड़े पग

चंडीगढ़, 12 दिसम्बर (प्रै., भा., यू., वा.): उग्रवादियों द्वारा पंजाब में सामान्य संचार व्यवस्था तथा रेलवे संचार व्यवस्था को भंग किए जाने के प्रयायों के दृष्टिगत सरकार ने सुरक्षा के असाधारण प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं । राज्य सरकार ने जिलाधीशों व पुलिस अधीक्षकों को जिला, ब्लाक, तहसील व ग्राम स्तर तक नियंत्रण कक्ष स्थापित करने को कहा है । ग्रामीण डाकघरों व लघु टैलीफोन एक्सचेंजों की भी सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जा रहे हैं । दो उग्रवादियों ने पटियाला में एक सब-इंस्पैक्टर की गोली मार कर हत्या कर दी ।

**थानेदार की हत्या**

पटियाला से भूषण के अनुसार दो अज्ञात उग्रवादियों ने आज सायं यहां माल रोड पर स्टेट बैंक आफ पटियाला मुख्यालय के निकट ट्रैफिक पुलिस के एक सब-इंस्पैक्टर दीदार सिंह की गोली मार कर हत्या कर दी । दीदार सिंह को राजेंद्रा अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया । हत्यारे भागने में सफल हो गये ।

बताया जाता है कि स्टेट बैंक आफ पटियाला चौक पर वाहनों की चैकिंग के बाद 33 वर्षीय सब इंस्पैक्टर दीदार सिंह अपनी मोटर साइकिल स्टार्ट कर रहा था कि दो पैदल उग्रवादियों ने वहां आकर उसे अत्यंत पास से गोली मारी और पैदल ही बारादरी बाग में घुस कर फरार होगए । दीदार सिंह को चार गोलियां लगीं जिनमें से एक उसके हृदय पर लगी । वह अपने पीछे विधवा और एक तीन वर्षीय लड़का व एक छोटी लड़की छोड़ गया है ।

यह हत्या उस जगह हुई जहां भीड़भाड़ रहती है और पुलिस की भी गश्ती चौकी है ।

उग्रवादियों द्वारा कल एक शिक्षक की हत्या किए जाने के विरोध में रोष प्रकट करते हुए आज बटाला ब्लाक एक व दो में सभी 200 प्राईमरी, मिडिल, हाई तथा हायर सैकेंडरी स्कूलों में अध्यापकों ने हड़ताल की ।

**5 पाक घुसपैठिए मरे**

जयपुर में पहुंची अधिकृत सूचनाओं के अनुसार हाल ही में राजस्थान के गंगानगर जिले में भारत-पाक सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में 5 पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए । प्राप्त खबरों के अनुसार तीन पाकिस्तानी घुसपैठिए गत 10 दिसम्बर को अनूपगढ़ क्षेत्र में हुई 2 मुठभेड़ों में मारे गए जबकि 2 अन्य गंगानगर सीमा क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में मारे गए थे ।

**23126 रु. लूट लिए**

मोगा, (चौधरी): आज सायं लगभग चार बजे तीन उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर गांव

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# मद्रास में इंडियन आयल प्रतिष्ठान को विस्फोट से उड़ा देने का प्रयास

मद्रास, 12 दिसम्बर (वा., भा.): उत्तरी मद्रास में कोरक्कुपेट स्थित इंडियन आयल कार्पोरेशन के एक प्रतिष्ठान को कल देर रात विस्फोट से उड़ा देने का प्रयास किया गया । नगर पुलिस आयुक्त डब्ल्यू. आई. देवरम ने यहां संवाददाताओं को बताया कि रात एक बजे प्रतिष्ठान की पाईप लाईन के निकट पटाखों के एक बंडल में विस्फोट किया गया लेकिन उससे किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई ।

उन्होंने बताया कि पुलिस तथा विस्फोटक पदार्थों की जांच करने वाले विशेषज्ञों द्वारा इलाके की छानबीन किए जाने पर पाईप लाईन के पास पैट्रोल की एक बोतल भी मिली ।

श्री देवरम ने बताया कि मदुरै डाकखाने के कल के विस्फोट के बाद भी सरकारी कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, आकाशवाणी भवन व दूरदर्शन केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था और चौकस कर दी गई है ।

तमिलनाडु में कई स्थानों पर विस्फोटों के बाद राज्य भर में सरकारी कार्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की गई है । राज्य के गृह सचिव वेंकटरमण ने बताया कि केंद्रीय सरकार के कार्यालयों की विशेष तौर पर चौकसी की जा रही है ।

उन्होंने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक (कानून एवं व्यवस्था) को मदुरै भेजा जा रहा है जहां वह कल डाकघर में हुए बम विस्फोट की जांच करेंगे । इसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी ।

मदुरै के मुख्य डाकघर में कल हुए बम विस्फोट

(शेष पृष्ठ 10 पर)

Punjabi Samachar

# बब्बर खालसा द्वारा अमृतसर में भाजपा नेता सहित तीन की हत्या

## पटियाला में एक पुलिस इंस्पैक्टर का शव मिला, पंजाब में कई जगह लूटपाट, फायरिंग

# खालिस्तान कमांडो फोर्स द्वारा पुलिस मुखबिर कत्ल

## अमृतसर में भारी तनाव, पुलिस पर पथराव, ट्रैफिक जाम, स्कूटर जला दिया

**चंडीगढ़, 13 दिसम्बर (यू.प्रै.): उग्रवादियों के संगठन बब्बर खालसा के स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज सायं अमृतसर के विजय नगर क्षेत्र में एक भाजपा नेता डाक्टर केवल भाटिया, उनके गनमैन रघुबीर तथा एक मरीज सागर जोशी की स्टेनगनों से गोलियां चला कर हत्या कर दी जिससे वहां भारी तनाव उत्पन्न हो गया, भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया, स्कूटर जला दिया, ट्रैफिक जाम किया ।**

अजनाला में खालिस्तान कमांडो फोर्स के उग्रवादियों ने एक पुलिस मुखबिर की हत्या कर दी । पटियाला में आज एक पुलिस इंस्पैक्टर का शव मिला । पंजाब में कई जगह उग्रवादियों ने लूटपाट की वारदातें कीं और गोलियां चलाकर कई लोगों को घायल कर दिया ।

**भाजपा नेता की हत्या**

अमृतसर से प्रै.यू., कमलेश, अशोक सोनी, दीपक शर्मा आदि विभिन्न संवाददाताओं के अनुसार आज सायं विजयनगर क्षेत्र में दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने स्टेनगनों से अंधाधुंध फायरिंग करके एक भाजपा नेता डाक्टर केवल भाटिया, उनके सरकारी गनमैन व डाक्टर भाटिया के मित्र तथा एक रोगी जोशी की निर्मम हत्या कर दी और फरार हो गए ।

सायं पौने पांच बजे यह घटना डाक्टर भाटिया के क्लीनिक पर ही हुई । पता चला है कि एक स्कूटर पर सवार दो उग्रवादी, जिनमें से एक पीली व एक आसमानी रंग की पगड़ी पहने हुए थे, वहां आए और क्लीनिक में स्टेनगनों से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी । फायरिंग के बाद उग्रवादी वहां से फरार हो गए ।

डाक्टर भाटिया का शव उनके क्लीनिक में कुर्सी पर था जबकि उनके गनमैन व मरीज के शव फर्श पर पड़े थे ।

भाजपा नेता बलदेव प्रकाश आदि भी घटना स्थल पर पहुंच गए । एस.एस.पी. इजहार आलम भी वहां पहुंच गए ।

डाक्टर भाटिया भाजपा के विजय नगर मंडल के अध्यक्ष थे ।

हत्याकांड के बाद क्षेत्र के बाजार बंद हो गए । भाजपा द्वारा बाजार पशमवाला में आज सायं आयोजित समारोह रद्द कर दिया गया ।

यह क्लीनिक मेन बटाला रोड पर है । एक सूचना के अनुसार उग्रवादियों ने क्लीनिक पर आकर दवा मांगी, जब डाक्टर कुर्सी से उठे तभी उग्रवादियों ने स्टेनगन से गोलियां चलाईं ।

**डाक्टर भाटिया राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के भी नेता थे और उग्रवादियों की हिटलिस्ट में थे । कुछ माह पूर्व भी उनकी हत्या का प्रयास किया गया था ।**

क्षेत्र में भारी तनाव व्याप्त है । बटाला रोड पर हजारों लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी हुई और पथराव हुआ । बटाला रोड पर ट्रैफिक भी जाम किया गया ।

पता चला है कि एक उग्रवादी ने क्लीनिक में जाकर फायरिंग की जबकि दूसरा स्कूटर स्टार्ट किए खड़ा रहा । क्षेत्र में दोनों समुदायों में काफी अर्से से तनाव चल रहा था ।

पुलिस चौकी डाक्टर भाटिया के क्लीनिक से 100 गज ही दूर है लेकिन पुलिस काफी देर बाद घटनास्थल पर पहुंची ।

बटाला से आने वाले वाहन बाईपास से ले जाए गए ।

**पुलिस पर पथराव**

उत्तेजित भीड़ ने पुलिस पर भी पथराव किया । एक स्कूटर भी जला दिया गया । तत्काल ही अतिरिक्त पुलिस फोर्स घटनास्थल पर भेजी गई ।

एक सूचना के अनुसार श्री भाटिया पर एक नहीं बल्कि दो बार हमले हो चुके थे और हाल ही में उन्हें धमकी भरा पत्र भी मिला था ।

**गिरफ्तारी**


रात्रि में जिला अधिकारियों ने विभिन्न वाहनों के जरिये घोषणा कराई कि शरारती तत्व पकड़ लिए गए हैं और नागरिक शांत रहें तथा अपने-अपने घरों को चले जाएं ।

अमृतसर के तनावग्रस्त क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेज दिए गए हैं ।

**बब्बर खालसा ने जिम्मेदारी ली**

आज रात्रि 'प्रै.ट्र.' के कार्यालय में किसी सुखदेव सिंह बब्बर ने टैलीफोन करके श्री भाटिया, उनके गनमैन व एक मरीज की हत्या करने की जिम्मेदारी





शनिवार को उग्रवादियों ने अमृतसर के विजय नगर क्षेत्र में (ऊपर) भाजपा नेता डाक्टर केवल कृष्ण भाटिया तथा (नीचे) उनके गनमैन रघवीर सिंह राजपूत तथा एक मरीज प्रेम सागर जोशी की हत्या कर दी । (छाया : रवि भंडारी)






शनिवार को अमृतसर के विजय नगर क्षेत्र में मारे गये भाजपा नेता डाक्टर केवल कृष्ण भाटिया की पत्नी आदि विलाप करते हुए तथा (नीचे) डाक्टर भाटिया के क्लीनिक के सामने एकत्र भीड़ । (छाया : रवि भंडारी)

# स्मिता पाटिल पर गहरी बेहोशी, दिमाग की नस फटने का संदेह

बम्बई, 13 दिसम्बर (प्रै.यू.) : राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय एवार्ड प्राप्त करने वाली प्रख्यात अभिनेत्री स्मिता पाटिल 'कौमा' में है और बेहोश है । जसलोक अस्पताल के डाक्टरों ने उनकी हालत



उन्हें कल तेज बुखार और बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचाया गया । इसके पूर्व उन्हें घर में ग्लुकोज चढ़ाया गया । स्मिता पाटिल की देखभाल करने वाले डाक्टरों को उनके दिमाग की नसें फटने का संदेह है । उनकी नाक और मुंह से खून निकल रहा है ।

डाक्टरों ने 'ओ' पाजिटीव रक्त ग्रुप के लोगों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचकर रक्तदान करें ।

अनेक फिल्मी हस्तियां 'होप–86' का शो समाप्त होने के बाद आज सुबह स्मिता पाटिल को देखने अस्पताल पहुंचीं ।

स्मिता पाटिल का राज बब्बर के साथ विवाह हुआ था और उन्होंने केवल 20 दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में एक पुत्र को जन्म दिया ।

राज बब्बर जो 'होप–86' के संयोजक हैं, उन्होंने कार्यक्रम में भाग नहीं लिया । यह शो फिल्म

कुछ माह पूर्व भी उनकी हत्या का प्रयास किया गया था ।

क्षेत्र में भारी तनाव व्याप्त है । बटाला रोड पर हजारों लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी हुई और पथराव हुआ । बटाला रोड पर ट्रैफिक भी जाम किया गया ।

पता चला है कि एक उग्रवादी ने क्लीनिक में जाकर फायरिंग की जबकि दूसरा स्कूटर स्टार्ट किए खड़ा रहा । क्षेत्र में दोनों समुदायों में काफी अर्से से तनाव चल रहा था ।

पुलिस चौकी डाक्टर भाटिया के क्लीनिक से 100 गज ही दूर है लेकिन पुलिस काफी देर बाद घटनास्थल पर पहुंची ।

बटाला से आने वाले वाहन बाईपास से ले जाए गए ।

**पुलिस पर पथराव**

उत्तेजित भीड़ ने पुलिस पर भी पथराव किया । एक स्कूटर भी जला दिया गया । तत्काल ही अतिरिक्त पुलिस फोर्स घटनास्थल पर भेजी गई ।

एक सूचना के अनुसार श्री भाटिया पर एक नहीं बल्कि दो बार हमले हो चुके थे और हाल ही में उन्हें धमकी भरा पत्र भी मिला था ।

**गिरफ्तारी**

रात्रि में जिला अधिकारियों ने विभिन्न वाहनों के जरिये घोषणा कराई कि शरारती तत्व पकड़ लिए गए हैं और नागरिक शांत रहें तथा अपने-अपने घरों को चले जाएं ।

अमृतसर के तनावग्रस्त क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेज दिए गए हैं ।

**बब्बर खालसा ने जिम्मेदारी ली**

आज रात्रि 'प्रै.ट्र.' के कार्यालय में किसी सुखदेव सिंह बब्बर ने टैलीफोन करके श्री भाटिया, उनके गनमैन व एक मरीज की हत्या करने की जिम्मेदारी ली और कहा कि उसके गिरोह ने ही ये हत्याएं की हैं ।

उत्तेजित भीड़ ने, जिसमें महिलाएं भी शामिल थीं, पुलिस को तीनों मृतकों के शव रात में देर तक घटनास्थल से न उठाने दिए । भीड़ का कहना था कि पुलिस आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची ।

मृत गनमैन रघबीर सिंह राजपूत का एक वर्ष पूर्व विवाह हुआ था और वह दो माह की बेटी तथा पत्नी पीछे छोड़ गया है । दूसरा मृत प्रेम सागर जोशी टंडन नगर का रहने वाला था । तीन बेटियों का पिता जोशी एफ.सी.आई. में क्वालिटी इंस्पैक्टर था ।

बताया जाता है कि उग्रवादी तीन दिन पूर्व भी क्लीनिक पर आए थे । इस मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई थी ।

आज जब पुलिस घटना स्थल पर एक घंटे बाद पहुंची और क्षेत्र के थानेदार से पहले वहां एस.एस.पी. और सी.आर.पी. पहुंची तो भीड़ क्रुद्ध हो गई और थानेदार को निलंबित करने की मांग करने


(शेष पृष्ठ 10 पर)







शनिवार को अमृतसर के विजय नगर क्षेत्र में मारे गये भाजपा नेता डाक्टर केवल कृष्ण भाटिया की पत्नी आदि विलाप करते हुए तथा (नीचे) डाक्टर भाटिया के क्लीनिक के सामने एकत्र भीड़ ।
(छाया : रवि भंडारी)






शुक्रवार को पटियाला में उग्रवादियों द्वारा मारे गए सब-इंस्पैक्टर दीदार सिंह, (ऊपर) एक पुराने चित्र में अपनी पत्नी के साथ । (नीचे) उनके दो बच्चे तीसरा बच्चा किसी रिश्तेदार का है







शनिवार को उग्रवादियों ने अमृतसर के विजय नगर क्षेत्र में (ऊपर) भाजपा नेता डाक्टर केवल कृष्ण भाटिया तथा (नीचे) उनके गनमैन रघबीर सिह राजपूत तथा एक मरीज प्रेम सागर जोशी की हत्या कर दी ।
(छाया : रवि भंडारी)






शनिवार को अमृतसर के विजय नगर क्षेत्र में मारे गये भाजपा नेता डाक्टर केवल कृष्ण भाटिया की पत्नी आदि विलाप करते हुए तथा (नीचे) डॉक्टर भाटिया के क्लीनिक के सामने एकत्र भीड़ ।
(छाया : रवि भंडारी)





शुक्रवार को पटियाला में उग्रवादियों द्वारा मारे गए सब-इंस्पैक्टर दीदार सिह, (ऊपर) एक पुराने चित्र में अपनी पत्नी के साथ । (नीचे) उनके दो बच्चे तीसरा बच्चा किसी रिश्तेदार का है

# पंथक कमेटी का धन्ना सिंह, अकाल फैडरेशन का अमरीक गिरफ्तार

## भाजपा, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति द्वारा आज अमृतसर बंद का आह्वान

# पातड़ां मंडी में 3 संदिग्ध आतंकवादी मारे गये

चंडीगढ़ 14 दिसम्बर (यू.प्रै.): पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरियो के अनुसार 29 अप्रैल को स्वर्ण मन्दिर परिसर में 'खालिस्तान' के गठन की घोषणा करने वाली पंथक कमेटी के एक सदस्य धन्ना सिंह को कपूरथला जिले में गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पूर्व गुरदासपुर जिले में कुख्यात उग्रवादी व अकाल फैडरेशन का अध्यक्ष अमरीक सिंह भी गिरफ्तार कर लिया गया।

भाजपा नेता डाक्टर केवल कृष्ण भाटिया व 2 अन्य की हत्या के विरोध में कल अमृतसर बंद का आह्वान किया गया है।

पातड़ां मंडी में 3 संदिग्ध आतंकवादी मारे गए।

पटियाला में चुंगी तथा बाधा पुराना के निकट शराब का ठेका लूटा गया।

अमृतसर पुलिस ने एक आतंकवादी गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार करके हथियार व लूट का सामान बरामद किया।

पंजाब संजय मंच के अध्यक्ष शिवकंवर सिंह संधू व उनके साथी मुकेश कुमार को आज टांडा में उग्रवादियों ने गोलियां मारकर घायल कर दिया।

### धन्ना सिंह बंदी

श्री रिबैरियो ने आज रात्रि बताया कि धन्ना सिंह को आज सायं कपूरथला जिले में एक बस में यात्रा करते समय गिरफ्तार किया गया। उसके सिर पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था और श्री रिबैरियो के अनुसार पंजाब में विभिन्न उग्रवादी संगठनों के पीछे धन्ना सिंह का ही हाथ था जो उन्हें संचालित करता था और निर्देश देता था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार धन्ना सिंह के पास आग्नेयास्त्र था किन्तु पुलिस से वह कोई विरोध नहीं कर सका। गिरफ्तार करके उसे कपूरथला जिले में ही किसी अज्ञात स्थान को ले जाया गया जहां पूछताछ की जाएगी।

### अमरीक सिंह गिरफ्तार

गुरदासपुर (वा.): पंजाब में उग्रवादियों के भूमिगत संगठन, अकाल फैडरेशन के अध्यक्ष अमरीक सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह जानकारी पुलिस सूत्रों ने आज दी। सूत्रों के अनुसार अमरीक सिंह अवैध रूप से पाकिस्तान चला गया था जहां उग्रवादियों को प्रशिक्षण देने वाले शिविरों में वह सक्रिय रहा।

पुलिस सूत्रों ने कहा कि अमरीक सिंह को 12 दिसम्बर की रात को गिरफ्तार किया गया। सूत्रों के अनुसार अमरीक सिंह अपने गांव, शाहपुर गोराया के निकट से पकड़ा गया था। शाहपुर गोराया गांव सीमावर्ती कस्बे, डेरा बाबा नानक के थानान्तर्गत है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि अमरीक सिंह निहत्था था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अमरीक सिंह ने डेढ़ सौ के लगभग युवकों को उग्रवादी गतिविधियों में प्रशिक्षित करना कबूल किया है। सूत्रों ने कहा कि अमरीक सिंह पाकिस्तान में दो वर्ष विशिष्ट व्यक्ति के रूप में रहा। उसे उग्रवादियों को पंजाब वापस भेजने का काम सौंपा गया था ताकि उग्रवादी तोड़-फोड़ कर सकें। सूत्रों के अनुसार अमरीक सिंह हाल ही में पंजाब लौटा। पुलिस के एक दल ने उसका पीछा किया तो वह गन्ने के एक खेत में जा छुपा। पुलिस ने घेर लिया तो उसने आत्म-समर्पण कर दिया।

### बड़ी उपलब्धि

'भाषा' के अनुसार पंजाब पुलिस के महानिदेशक श्री जे.एफ. रिबैरियो ने आज चंडीगढ़ में अमरीक सिंह की गिरफ्तारी को एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि अमरीक सिंह दो या तीन दिसम्बर को ही पाकिस्तान से आया है। वह और उसके साथी पाकिस्तान में प्रशिक्षित आतंकवादियों को भारत भेजने में मदद करते थे तथा हथियार भी पहुंचाते थे। उन्होंने कहा कि यह संगठन आतंकवादी गतिविधियों में संलग्न चार संगठनों में से एक है।

### 3 जिलों के पुलिस अधिकारियों की बैठक

होशियारपुर (अश्विनी): ज्ञात हुआ है कि जालन्धर, होशियारपुर और कपूरथला के पड़ोसी जिलों में उग्रवादियों की गतिविधियों का उन्मूलन करने के कार्यक्रम पर विस्तारपूर्वक विचार करने के लिए कल यहां तीनों जिलों के थानों के एस.एच.ओ व जांच कार्य के अध्यक्षों की बैठक हुई। होशियारपुर के एस.एस.पी. श्री सुभाष चन्द्र जैन ने इस बैठक की अध्यक्षता की। बताया गया है कि सरकार के फैसले के अनुसार उग्रवादियों के विरुद्ध की जाने वाली नई कार्रवाई के विभिन्न पक्षों पर इस बैठक में विचार हुआ। यह प्रश्न विशेष रूप से उठाया गया कि जो उग्रवादी एक जिले में वारदात करने के बाद दूसरे जिले में चले जाते हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए तीनों जिलों की पुलिस में सम्पर्क बहुत जरूरी है।

### 3 उग्रवादी मारे गए ?

पटियाला (भूषण सरहिंदी): गत सायं यहां से 60 किलो मीटर दूर पातड़ां मंडी में एक राइस शैलर परिसर में तीन संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। यहां प्राप्त सूचनाओं के अनुसार अभियुक्त, जो कि एम्बैसेडर कार में आए थे, कमीशन एजैंट दरबारा सिंह, जो कि नरवाना रोड पर राइस शैलर भी चलाता है, के पास आए और उससे दस हजार रुपए मांगे। उसने उत्तर दिया कि वह इस संबंध में अपने भाई से बात करेगा। इस पर कार सवार अभियुक्त शैलर के अन्दर गए। इसी बीच दरबारा सिंह भी वहां पहुंच गया। शैलर के स्टाफ, मालिक दरबारा सिंह और उसके भाई मेघ सिंह ने उनका साहसपूर्वक सामना किया तथा गोलियां चला कर मौके पर ही उन्हें मार डाला। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# भाटिया व जोशी की अंत्येष्टि: क्रुद्ध लोगों द्वारा तोड़-फोड़


अमृतसर, 14 दिसम्बर (सोनी): कल शाम उग्रवादियों के हाथों मारे गए भाजपा नेता डाक्टर केवल कृष्ण भाटिया तथा एक रोगी सागर जोशी का अंतिम संस्कार आज अमृतसर में किया गया, जबकि डाक्टर भाटिया के गनमैन रघुबीर सिंह के शव को उसके पैतृक गांव भेज दिया गया।

श्री भाटिया व श्री जोशी की शव यात्रा में लगभग 10 हजार लोग शामिल थे जोकि विजय नगर से श्मशान भूमि श्री दुर्ग्याना मंदिर तक नारे लगाते आए। कुछ युवक राजीव कुत्ता हाय-हाय, बरनाला कुत्ता हाय-हाय, पंजाब पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। कुछ उत्तेजक युवकों ने गगन सिनेमा के निकट पथराव करके कुछ हानि पहुंचाई, क्रिस्टल चौक में पथराव करके एक कार तथा रैस्टोरैंट के शीशे तोड़े। भंडारी पुल के निकट एयर लाइन्ज होटल के शीशे तोड़े गए, हाल गेट के निकट एक हलवाई की दुकान तथा फलों की दुकान को हानि पहुंचाई गई। इसके अतिरिक्त हाल गेट के अंदर एक क्राकरी की दुकान का बोर्ड व हालगेट के बाहर एक मोटर साइकिल जला दिया गया। एक पुलिस वैन पर भी पथराव किया गया।

उल्लेखनीय है कि कल पुलिस द्वारा दिखाई गई सहनशीलता के कारण हालात बिगड़ने से बच गए। एस.एस.पी. श्री इजहार आलम भी उत्तेजित युवकों को शांत करने में काफी दौड़ धूप करते रहे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ज्यादातर नुक्सान हिन्दुओं की दुकानों का ही हुआ है जबकि क्षतिग्रस्त वाहन भी हिन्दुओं के ही थे।

# लंका समस्या का सैनिक समाधान

Punjabi Sanatani



उग्रवादियों ने शनिवार को विजय नगर अमृतसर में अंधाधुंध फायरिंग करके 3 व्यक्तियों की हत्या कर दी । (1) भाजपा नेता डा. केवल कृष्ण, जिनकी हत्या कर दी गई, का एक चित्र, (2) डा. केवल कृष्ण का पार्थिव शरीर, (3) डा. केवल कृष्ण की दुकान पर दवाई लेने आए मारे गए प्रेम कुमार जोशी का शव, (4) गनमैन रघुवीर सिंह का शव, (5) हजारों लोग शव यात्रा में भाग लेते हुए, (6) पंजाब भाजपा के प्रधान डा. बलदेव प्रकाश, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रधान डा. बलदेव चावला व अन्य श्रद्धांजलि भेंट करते हुए, (7) महिलाएं विलाप व स्यापा करती हुई, (8) विजय नगर में घटनास्थल का एक दृश्य, जहां अब सी.आर.पी.एफ. तैनात कर दी गई है, (9) दुर्ग्याना तीर्थ के श्मशान घाट पर एकत्रित भारी भीड़ ।

(छाया : ओम भंडारी)

यह वाहन इन्हें घसीटता हुआ कुछ दूरी तक ले गया । इनका शव मार्ग के मध्य पड़ा हुआ पाया गया जबकि स्कूटर 30 गज की दूरी पर था । यह दुर्घटना सायं 7 बजे के लगभग हुई । पुलिस निरीक्षक का सरकारी रिवाल्वर और पर्स मिल गया जिससे पता चलता है कि यह किसी उग्रवादी का काम नहीं था । उनकी मृत्यु दुर्घटना में हुई ।

**ठेका लूट लिया**

बाघापुराना (मित्तल): यहां से 5 किलो मीटर दूर गांव कालेके में दो सशस्त्र व्यक्तियों ने पिस्तौल की नोक पर एक शराब के ठेके से 1300 रुपए लूट लिए तथा फरार हो गए । बताया जाता है कि अभियुक्तों ने मुंह ढांप रखे थे । उन्होंने पहले नौकर रूप सिंह को मारपीट की थी । भागने से पहले उन्होंने हवा में दो फायर किए ।

**फरार कैदी गिरफ्तार**

मोगा पुलिस ने 3 दिन पूर्व मुक्तसर सब जेल से फरार एक कैदी को पुनः अपराध करने से पूर्व ही आज गिरफ्तार कर लिया ।

फरीदकोट पुलिस ने भी दो संदिग्ध आतंकवादियों बलविन्दर सिंह तथा जसबीर सिंह को गिरफ्तार किया है । उनके पास से दो देसी पिस्तौल तथा एक चोरी का स्कूटर पकड़ा गया है ।

हिम्मतपुर गांव के सरपंच नछत्तरसिंह को भी आतंकवादियों को संरक्षण देने के अभियोग में पकड़ा गया है ।

**हैंड ग्रेनेड मिला**

बाबा बकाला (मेहरा): पुलिस और सी.आर.पी. ने आज यहां एक व्यक्ति अजीत सिंह पुत्र दलीप सिंह के घर पर छापा मार कर एक सैनिक हैंड ग्रेनेड एच.ई.-845-ए मार्क बरामद किया । अजीत सिंह कुछ दिनों की छुट्टी पर घर आया था और उसने आज ही ड्यूटी पर वापस जाना था । पुलिस ने उसको गिरफ्तार करके मामले की जांच शुरू कर दी है । उससे कुछ और शस्त्र मिलने की भी सम्भावना है ।

**बस को आग लगा दी**

बंगा (खोसला): गत रात्रि लगभग साढ़े 9 बजे यहां से 5 किलोमीटर दूर गांव ढाहां के निकट 3 शरारतियों ने पंजाब रोडवेज जालन्धर नं.-II की बस नं. 1201 को आग लगा दी । यह बस चंडीगढ़ से आ रही थी कि रास्ते में ही खराब हो गई । ड्राइवर

समिति ने इन हत्याओं के विरुद्ध जनता में गुस्सा भड़कने की आशंका प्रकट की है । प्रैस विज्ञप्ति में कहा गया है कि लोग अब ज्यादा देर तक इस तरह के हत्याकांडों को सहन नहीं कर सकते । राष्ट्रीय सुरक्षा समिति जिलाधिकारियों से जोरदार मांग करती है कि आपसी भाईचारा बनाए रखने की खातिर शीघ्र से शीघ्र इन हत्यारों को पकड़ा जाए अन्यथा इनके फलस्वरूप पैदा होने वाले हालात की जिम्मेदारी प्रशासन पर होगी । यदि सरकार हत्यारों पर काबू न पा सकी तो जनता स्वयं आतंकवाद तथा इसके समर्थकों के विरुद्ध उठने पर विवश हो जाएगी ।

भाजपा अमृतसर के प्रधान श्री हीरा नंद स्वामी और जिला अमृतसर इकाई के प्रधान श्री हरजिंदर सिंह ने भी एक बयान में इन हत्याओं की कड़ी निंदा करते हुए शहर व जिला में बंद की अपील की है और कहा कि यह हत्याएं एक भीड़ भरे क्षेत्र में दिन दिहाड़े हुईं जोकि आतंकवादियों की ओर से सरकार के लिए एक चेतावनी है । सरकार अब अपनी साम्प्रदायिक मनोवृत्ति को छोड़ कर आतंकवादियों को सख्ती से कुचल दे । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर प्रमुख श्री कृष्ण चोपड़ा ने भी इन हत्याओं के विरुद्ध शैक्षणिक संस्थान, दुकानें, मंडियां आदि बंद रखने की अपील की ।

**3 आतंकवादी पकड़े गए**

अमृतसर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में डकैतियां, राहजनियां तथा लूट-खसूट की वारदातें करने वाले 8 सदस्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने हथियार और काफी अधिक लूट के माल सहित काबू कर लिया है जबकि इसका सरगना लगभग एक सप्ताह पहले ही पुलिस मुकाबले में मारा जा चुका है ।

आज यहां सिटी कोतवाली में बुलाई गई एक प्रैस कांफ्रैंस में डी.एस.पी. (मुख्यालय) श्री जोगेन्द्र सिंह खैरा ने बताया कि तीन आतंकवादियों शरणजीत सिंह उर्फ छन्ना निवासी तिक्का सिंह कालोनी अमृतसर, तपिन्द्र सिंह उर्फ भिंडा निवासी सेवा नगर रामतीर्थ रोड अमृतसर तथा लखबीर सिंह उर्फ लक्खा निवासी लोपोके को आज तड़के रामतीर्थ रोड पर स्थित एक मकान पर छापा मारकर काबू किया गया ।

श्री खैरा ने बताया कि अमृतसर सिविल लाइन्ज पुलिस को सूचना मिली थी कि रामतीर्थ रोड पर एक

लगता है कि पन्द्रह माह पूर्व गठित बरनाला सरकार के गिरने का कोई तात्कालिक खतरा मौजूद नहीं है । मगर बरनाला सरकार को शेष तीन मामलों में कड़ी आलोचना और कठिनाई का सामना करना पड़ेगा । यह भी स्पष्ट ही लगता है । इस तरह ऐसी सम्भावना है कि यह अधिवेशन तूफानी होगा ।

एक सौ सत्रह की सदस्यीय सदन के फिलहाल 115 सदस्य हैं । इनमें से सत्तारूढ़ अकाली दल के 48 सदस्य हैं, जबकि कांग्रेस (इ) के 31 तथा अकाली दल (बादल गुट) के 25 सदस्य हैं और भारतीय जनता पार्टी के पांच एवं जनता पार्टी का एक व कम्युनिस्ट पार्टी का भी एक ही विधायक है, जबकि चार सदस्य निर्दलीय हैं ।

अकाली दल (बादल गुट) के तीन सदस्य प्रकाश सिंह बादल, सुखजिन्दर सिंह और कुलदीप सिंह वडाला इस समय राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत जेल में हैं । अविश्वास प्रस्ताव को अध्यक्ष द्वारा विचारार्थ स्वीकार किए जाने के लिए यह आवश्यक है कि सदन के पटल पर कम से कम 23 सदस्यों का समर्थन उसे प्राप्त हो ।

**दोनों अविश्वास प्रस्ताव गिर जाएंगे**

बागी अकाली गुट और भाजपा द्वारा पेश किए जाने वाले अविश्वास प्रस्ताव आवश्यक समर्थन के अभाव में मिट जाने की सम्भावना है । मुख्य विपक्षी दलों इंका, भाजपा, जनता और सी.पी.आई. तथा निर्दलीय सदस्यों ने बागी अकाली गुट के अविश्वास प्रस्ताव का विरोध करने का निर्णय किया है ।

बागी अकाली विधायक गुट के नेता कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने स्पष्ट कहा है कि यदि भाजपा उनके अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन नहीं करेगी तो उनका गुट भी भाजपा के प्रस्ताव को समर्थन नहीं देगा ।

पंजाब भाजपा के महासचिव श्री हितअभिलाषी ने आज पत्रकारों को बताया कि बागी अकाली गुट द्वारा पेश किए जा रहे अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन न किए जाने का निर्णय आज पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया । उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी अपने प्रस्ताव के लिए किसी पार्टी का सहयोग नहीं मांगेगी ।

श्री हितअभिलाषी ने कहा कि उनकी पार्टी बरनाला सरकार के उग्रवादियों से निपटने व सीमा पार से प्रशिक्षित उग्रवादियों की घुसपैठ रोकने में विफलता और लोकतंत्र को मजाक बना देने के विरोध में अविश्वास प्रस्ताव पेश कर रही है । उन्होंने कहा कि बादल गुट के कुछ नेता उग्रवादियों को शहीद करार देकर उन्हें हीरो बनाने का प्रयास कर रहे हैं, उन्हें जनरल व ब्रिगेडियर के रैंक दिए जा रहे हैं । वे सीमा पर संरक्षण पट्टी बनाने का भी विरोध कर रहे हैं जिसे भाजपा उग्रवाद पर नियंत्रण के लिए आवश्यक मानती है ।

Special Reduction
165 Ltr. Single Door

# उग्रवादियों द्वारा लुधियाना के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पर घातक हमला : फैक्टरी कर्मचारी की हत्या

## जालन्धर में 3 स्कूटर व 40 हजार रुपए छीने : पातड़ां में शैलर मालिक द्वारा मारे गए उग्रवादियों में 2 इश्तहारी मुजरिम : अमृतसर में एक व्यक्ति गोली से घायल : चंडीगढ़ में इलाहाबाद बैंक की शाखा को लूटने का प्रयास

**चंडीगढ़, 15 दिसम्बर (प्रै., भा., यू., वा., स.): दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने आज सायं लुधियाना के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री आर.एल. आनन्द को गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।**

उग्रवादियों ने गत रात्रि में अमृतसर में एक कारखाने के श्रमिक की हत्या कर दी तथा दूसरे को घायल कर दिया । फगवाड़ा में प्रात: रामगढ़िया कालेज के अध्यापक श्री के.पी. सूद और उनके पुत्र से पिस्तौल की नोक पर 18 हजार रुपए व स्कूटर छीन लिया । जालन्धर में माडल टाऊन क्षेत्र में एक व्यक्ति रमेश कुमार से उसका नया स्कूटर व 40 हजार रुपए छीन लिए । भटिंडा में जोधपुर रमाना गांव के पास एक व्यक्ति से उसका स्कूटर छीन लिया अमृतसर के कत्थूनंगल थाना क्षेत्र के ग्राम भुल्लर के पास एक उग्रवादी ने 45 वर्षीय सरपंच कर्म सिह को गोली मार कर घायल कर दिया । घटना के समय कर्म सिह अपने स्कूटर पर मांगे सराय ग्राम से भुल्लर आ रहे थे । उन्हें तीन गोलियां लगीं । कुछ गोलियां स्कूटर को भी लगीं ।

बादल अकाली दल के विधायक श्री तालिब सिह संधू को रासुका में नजरबंद किया गया है ।

गत रात्रि में अमृतसर में ही स्थानीय दंत चिकित्सालय के निकट अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों ने एक व्यक्ति हरपाल सिह को गोली मार कर घायल कर दिया । अस्पताल में उसकी दशा खतरे से बाहर बताई गई है । चंडीगढ़ के सैक्टर 7 में गत रात्रि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने इलाहाबाद बैंक की शाखा को लूटने का प्रयास किया । वे वहां अल्मारी में रखी गार्ड की बंदूक उठा ले गए । फरीदकोट व गुरदासपुर जिलों में चार उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं ।

### न्यायाधीश पर हमला

लुधियाना (राजपाल): लुधियाना के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री आर.एल. आनन्द को सायं पौने पाच बजे दो उग्रवादियों ने उस समय गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया, जब वह अपने कोर्ट से छुट्टी करके अपनी माल रोड पर स्थित कोठी पर आ रहे थे । बताया गया है कि जब श्री आनन्द अपनी कोठी के पास पहुंचे तो दो उग्रवादी स्कूटर पर आए और उन्हें गोली मारकर घायल कर दिया । उनकी स्थिति गम्भीर बताई जाती है ।

जोशी के अनुसार श्री आनंद पर हमला करने वालों में एक क्लीन शेवन था जबकि दूसरे ने पीला पटका बांध रखा था । वे दोनों लाल रंग के हीरो हौंडा पर सवार थे । इन हमलावरों ने श्री आनंद पर अत्यन्त निकट से गोलियां चलाईं । एक गोली श्री आनंद के गले तथा 2 सिर पर लगी हैं ।

श्री आनंद को तुरन्त नए दयानंद अस्पताल ले जाया गया ।

श्री आनंद पहले विशेष अदालत के न्यायाधीश रह चुके हैं । वह उग्रवादियों की हिट लिस्ट में थे तथा उन्हें सुरक्षा गार्ड भी मिले हुए थें ।

उल्लेखनीय है कि श्री आनंद ने पुलिस अधिकारी श्री पांडे पर हमला किए जाने में अभियुक्त को लम्बी सजाएं सुनाई थीं ।

'यू.न्यू' के अनुसार उग्रवादियों ने श्री आनंद पर 6 गोलियां चलाई थीं जिनमें से तीन उनको लगीं । हमलावर भागने में सफल हो गए । श्री आनंद की दशा खतरे से बाहर बताई जाती है ।

### गनमैन ने गोलियां चलाईं

'मुसाफिर' के अनुसार श्री आनंद के पीछे उनका गनमैन सुखवंत सिह मोपेड पर आ रहा था । उसने श्री आनंद पर गोली चलाने वाले हमलावरों पर गोली चलाई लेकिन अभियुक्त भागने में सफल हो गए ।

उग्रवादियों ने तीन गोलियां चलाईं जिनमें से एक श्री आनंद के जबड़े पर लगी लेकिन वह उनके जबड़े को छूकर निकल गई ।

श्री आनंद का हाल चाल पूछने के लिए जिलाधीश श्री लखनपाल अस्पताल गए ।

श्री आनंद के जबड़े से गोली निकाल दी गई है ।

उग्रवादी श्री आनंद की कोठी के सामने वाली गली पार करके फरार हुए ।

घटना स्थल से उपायुक्त की कोठी आधा फलांग दूर है ।


खोजी कुत्ते उग्रवादियों द्वारा छोड़े गए स्कूटर तक गए ।

इस मामले में 2 लोग हिरासत में ले लिए गए हैं । पुलिस द्वारा अभियुक्तों की खोज की जा रही है ।

### बरनाला द्वारा चिन्ता व्यक्त

'परवाना' के अनुसार चंडीगढ़ में पंजाब के

(शेष पृष्ठ 8 पर)



अमृतसर से पिछले दिनों लूटा गया सामान और हथियार जो पुलिस ने उग्रवादियों को पकड़ कर बरामद किया । (छाया : भंडारी)

### न्यायाधीश पर हमला
(पृष्ठ 3 का शेष)

मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला ने लुधियाना के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्री आनन्द पर किए गए घातक हमले पर गहरा दुख व चिन्ता प्रकट की तथा इस कांड की कड़ी निन्दा की है । आज शाम उन्होंने इस संबंध में लुधियाना के जिलाधीश श्री लखनपाल से टैलीफोन पर बातचीत करके श्री आनन्द के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है ।

**कड़े सुरक्षा प्रबंध करें**

श्री बरनाला ने जिलाधीश से कहा कि वह श्री आनन्द के सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करें तथा उन्हें और कड़ा करें । उन्होंने यह भी कहा कि जितने भी अधिकारी महत्वपूर्ण व संवेदनशील पदों पर हैं उन्हें पूरी सुरक्षा प्रदान की जाए ।

**संधू नजरबंद**

लुधियाना : सुधार गांव के निकट कल गिरफ्तार किए गए अकाली दल (बादल) के विधायक तालिब सिंह संधू को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत नजरबंद कर दिया गया । इस आशय का एक आदेश श्री संधू को यहां केन्द्रीय कारागार में दिया गया, जहां उन्हें गिरफ्तारी के बाद रखा गया है ।

**कारखाना मजदूर की हत्या**

अमृतसर में चाटीविंड क्षेत्र में गत रात्रि एक कारखाने में घुसकर संदिग्ध उग्रवादियों ने कारखाने के एक श्रमिक जिया लाल की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी, जबकि उसके दूसरे साथ हीरा लाल को घायल कर दिया । हीरा लाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी दशा खतरे से बाहर बताई जाती है ।

**4 उग्रवादी बंदी**

अपराधों में वांछित है और पुलिस इसके अपराधों के बारे में जांच कर रही है ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ये अपराधी पहले भी कई बार पातड़ां के शैलर मालिक श्री दरबारा सिंह से डरा-धमका कर रुपए ले जा चुके थे और गत रात्रि भी एक फिएट कार नम्बर पी.यू.एफ. 444 में शैलर में आए थे, लेकिन शैलर मालिक श्री दरबारा सिंह ने इनसे तंग आकर मजबूरन इन पर गोलियां चलाईं । ये दोनों मौके पर ही दम तोड़ गए । मृतकों को सिविल अस्पताल सामाना में लाया गया जहां इनका पोस्टमार्टम हुआ ।

पातड़ां पुलिस ने शैलर मालिक दरबारा सिंह के विरुद्ध दफा 302 का केस दर्ज किया है, लेकिन अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई । पुलिस इस सम्बन्ध में पूरी छानबीन कर रही है । जिला पटियाला पुलिस के एस.पी. श्री गुरबचन सिंह मान भी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने स्थिति का जायजा लिया ।

**बैंक लूटने का प्रयास**

'संघी' के अनुसार गत रात्रि में चंडीगढ़ में सैक्टर 7 में स्थित इलाहाबाद बैंक की एक शाखा में कुछ अज्ञात लोगों ने डाका डालने का प्रयास किया । लुटेरे बैंक की तिजोरी को नहीं खोल सके । लेकिन जाते समय वे अल्मारी में पड़ी बैंक के सुरक्षा गार्ड की 12 बोर की दुनाली बंदूक, एक दीवार घड़ी तथा लगभग 500 रुपए मूल्य के डाक टिकट चुरा ले गए ।

आज प्रातः जब बैंक के कर्मचारी काम पर आए तो उन्होंने कई फाइलों आदि को बिखरा हुआ पाया ।

बैंक के मैनेजर श्री वी.के. गौतम ने पुलिस को इसकी सूचना दी । सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस को लुटेरों के पांवों तथा उंगलियों के निशान कई जगहों पर मिले हैं । पुलिस ने खोजी

पूरी सुरक्षा प्रदान की जाए ।

### संधू नजरबंद

लुधियाना : सुधार गांव के निकट कल गिरफ्तार किए गए अकाली दल (बादल) के विधायक तालिब सिंह संधू को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत नजरबंद कर दिया गया । इस आशय का एक आदेश श्री संधू को यहां के केन्द्रीय कारागार में दिया गया, जहां उन्हें गिरफ्तारी के बाद रखा गया है ।

### कारखाना मजदूर की हत्या

अमृतसर में चाटीविंड क्षेत्र में गत रात्रि एक कारखाने में घुसकर संदिग्ध उग्रवादियों ने कारखाने के एक श्रमिक जिया लाल की तेजधार हथियारों से हत्या कर दी, जबकि उसके दूसरे साथ हीरा लाल को घायल कर दिया । हीरा लाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी दशा खतरे से बाहर बताई जाती है ।

### 4 उग्रवादी बंदी

टोला नंगल ग्राम में सुरक्षा बलों ने छापा मार कर गुरनाम सिंह, नानकसिंह, अंतर सिंह, रंजीत सिंह को 2 दोनाली बंदूकों, एक पाकिस्तानी रिवाल्वर, 2 पिस्तौलों व कई कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर लिया । उनके दो साथी फरार हो गए ।

### 2 उग्रवादी गिरफ्तार

मोगा से बंसल के अनुसार फरीदकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजन गुप्ता ने बताया कि मोगा सदर पुलिस ने दो संदिग्ध उग्रवादियों नायब सिंह (गांव ढेलेके) तथा अमरजीत सिंह (गांव बुधसिंह वाला) को गत रात्रि में नाकेबंदी के दौरान गिरफ्तार कर लिया । उनसे पुलिस ने एक स्कूटर नम्बर पी.के.एफ. 1435 भी बरामद किया । यह स्कूटर इन्होंने 29 नवम्बर को ढेलेके गांव के पास से एक अध्यापक सुरजीत सिंह से छीना था ।

उन्होंने बताया कि कुछ दिनों पूर्व एक शराब ठेके से 13500 रुपए लूटने वाले अभियुक्तों का भी पता लगा लिया गया है । उनकी गिरफ्तारी शीघ्र ही कर ली जाएगी ।

### मृतकों में दो इश्तहारी मुजरिम

सामाना (वर्मा) : कल रात लगभग 10 बजे यहां से 25 किलो मीटर दूर कस्बा पातड़ां में एक शैलर मालिक द्वारा मारे गए तीन अज्ञात व्यक्तियों की शिनाख्त हो गई है जिनमें से दो व्यक्ति बूटा सिंह और मंदर सिंह इश्तिहारी मुजरिम थे । इनकी पुलिस को तलाश थी और तीसरा एक टैक्सी ड्राईवर राजू है जो बरनाला का निवासी बताया जाता है ।

बूटा सिंह थाना लहरा के गांव रत्ता खेड़ा का रहने वाला बताया जाता है । जिसने लगभग दो वर्ष पूर्व निकटवर्ती प्राचीन मंदिर माईसरदेवी की मूर्तियों को खंडित करके पुजारी की हत्या की थी, और उसके बाद सामाना पुलिस के साथ भी उसका मुकाबला हुआ था, और वह भागने में सफल हो गया था । बूटा सिंह के वारिस इसकी जमानत के 20,000 रुपए भी अदालत में भर चुके हैं । दूसरा मृतक मंदर सिंह थाना तपा के गांव रुडके का है जो ऐसे ही कई

पहुंचे और उन्होंने स्थिति का जायजा लिया ।

### बैंक लूटने का प्रयास

'संघी' के अनुसार गत रात्रि में चंडीगढ़ में सैक्टर 7 में स्थित इलाहाबाद बैंक की एक शाखा में कुछ अज्ञात लोगों ने डाका डालने का प्रयास किया । लुटेरे बैंक की तिजोरी को नहीं खोल सके । लेकिन जाते समय वे अलमारी में पड़ी बैंक के सुरक्षा गार्ड की 12 बोर की दुनाली बंदूक, एक दीवार घड़ी तथा लगभग 500 रुपए मूल्य के डाक टिकट चुरा ले गए ।

आज प्रात: जब बैंक के कर्मचारी काम पर आए तो उन्होंने कई फाइलों आदि को बिखरा हुआ पाया ।

बैंक के मैनेजर श्री वी.के. गौतम ने पुलिस को इसकी सूचना दी । सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए । पुलिस को लुटेरों के पांवों तथा उंगलियों के निशान कई जगहों पर मिले हैं । पुलिस ने खोजी कुत्तों की भी मदद ली लेकिन अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिल सका । बैंक की लगभग सभी अलमारियां टूटी हुई पाई गई थीं ।

फरीदकोट जिले में थाना सदर के अंतर्गत उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से आज 48,000 रुपए लूट लिए । इस व्यक्ति ने यह रुपया कोआप्रेटिव बैंक से निकलवाया था । इस प्रकार आज विभिन्न लूटपाट की घटनाओं में उग्रवादियों ने पंजाब में 1.6 लाख रुपए लूटे ।

### 40 हजार छीने

जालन्धर से 'न.न.अ.' के अनुसार आज जालन्धर शहर में संदिग्ध उग्रवादियों ने दिन के समय 3 अलग-अलग घटनाओं में 3 स्कूटर व 40 हजार रुपए छीन लिए । पुलिस सूत्रों के अनुसार स्थानीय संत नगर में दो संदिग्ध उग्रवादियों ने पिस्तौल की नोक पर बलविंदर सिंह नामक एक व्यक्ति से उसका बजाज चेतक स्कूटर छीन लिया । दूसरी घटना लाडोवाली रोड पर हुई जिसमें दो उग्रवादियों ने चरण सिंह नामक एक व्यक्ति से भी उसका नया बिना नम्बर का स्कूटर छीन लिया ।


तीसरी घटना माडल टाऊन क्षेत्र में हुई, जहां दो स्कूटर सवार उग्रवादियों ने श्री रमेश कुमार नामक एक व्यक्ति से उसका नया बिना नम्बर का स्कूटर छीन लिया । लुटेरे उससे एक बैग भी छीन ले गए, जिसमें 40 हजार रुपए थे । फरार होते समय उग्रवादी अपना स्कूटर जिसका नम्बर पी.बी. के. 5531 है, छोड़ गए ।

इस सम्बन्ध में माडल टाऊन व पुलिस चौकी नम्बर तीन में केस दर्ज कर लिए गए । पुलिस ने वायरलैस द्वारा जिला भर की पुलिस को सतर्क कर दिया है तथा शहर की नाकाबंदी कर दी गई है ।

इस सम्बन्ध में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है ।

### बस जला दी

फगवाड़ा से जालन्धर जा रही पंजाब रोडवेज की एक बस को शनिवार को ढाहां कलेरा ग्राम के पास तीन उग्रवादियों ने जला दिया ।



उग्रवादियों ने लुधियाना में जज श्री आनंद को गोली मार कर घायल कर दिया । (ऊपर) उनके गनमैन की मोपेड, (बीच में) श्री आनंद का स्कूटर तथा (नीचे) घटनास्थल पर पड़ा रक्त ।

(छाया : काम्बोज)

# उग्रवादियों द्वारा अपने ही साथी के परिवार के 6 सदस्यों की निर्मम हत्या

### मृतकों में एक महिला और 2 बच्चे भी शामिल : एक लड़की गम्भीर घायल : दकोहा में रिवाल्वर छीना : मालेरकोटला में ट्रैक्टर चोरी : फगवाड़ा में शिक्षकों की हड़ताल

## फगवाड़ा-चहेड़ू के मध्य संचार व्यवस्था पुनः ठप्प करने का प्रयास

चंडीगढ़, 16 दिसम्बर (प्रै.भा.,यू.वा.,स.): उग्रवादियों ने गत रात्रि में पंजाब में अमृतसर जिले के बाल बाबा गांव में एक परिवार के 6 सदस्यों की नृशंसतापूर्वक हत्या कर दी तथा एक नन्हीं बच्ची को गम्भीर रूप से घायल कर दिया । कुछ स्कूटर सवारों ने जालंधर क्षेत्र के दकोहा गांव से एक व्यक्ति के घर से उसका भरा हुआ पिस्तौल छीन लिया । मालेरकोटला के पास जमालपुर गांव में एक व्यक्ति का ट्रैक्टर अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गए । फगवाड़ा-चहेड़ू के मध्य उग्रवादियों ने टैलीफोन विभाग की संचार व्यवस्था को भंग करने के लिए एक संचार-सम्वाहक केबिन के ताले तोड़ने की कोशिश की ।

**परिवार के 6 सदस्यों की हत्या**

हमारे वि.प्र. 'आर.के. सोनी' ने समाचार दिया है कि अमृतसर जिला मुख्यालय में प्राप्त समाचारों के अनुसार जिले के रमदास थानांतर्गत गांव बाल बाबा में एक जमींदार हजारा सिंह के परिवार के 6 सदस्यों की गत रात्रि में उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चला कर हत्या कर दी । इस परिवार की एक 11 वर्षीय लड़की गुरविंदर कौर को गम्भीर रूप से घायल अवस्था में अमृतसर के सरकारी अस्पताल में भरती कराया गया है ।

इस संबंध में प्राप्त विवरणों के अनुसार गत रात्रि में लगभग 7.30 बजे हजारा सिंह के घर पर 4 उग्रवादी उस समय दाखिल हुए जबकि परिवार के लोग टैलीविजन देख रहे थे । चारों उग्रवादियों के पास रिवाल्वर थे । उग्रवादियों ने कमरे में घुस कर इस परिवार के सदस्यों पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिससे 75 वर्षीय हजारा सिंह, उनका 45 वर्षीय पुत्र बिरसा सिंह, बिरसा सिंह का 15 वर्षीय पुत्र दविंदर सिंह, 30 वर्षीय गुरमेल कौर (पत्नी अजीत सिंह), 5 वर्षीय गुरबख्श सिंह तथा 9 वर्षीय लखविन्दर सिंह घटनास्थल पर मारे गये । घायल लड़की गुरविन्दर कौर बिरसा सिंह की पुत्री है ।

इस संबंध में यह भी पता चला है कि हजारा सिंह के एक पुत्र अजीत सिंह को लगभग एक माह पूर्व उग्रवादी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार किया गया था लेकिन गिरफ्तारी के 15-20 दिन बाद वह कपूरथला की अदालत से जमानत पर रिहा हो गया था लेकिन वह रिहाई के बाद घर वापस नहीं आया था । संदेह किया जा रहा है कि इस परिवार के सदस्यों की ये हत्याएं उग्रवादियों के मध्य आपसी दुश्मनी का परिणाम हैं ।

**हृदय-विदारक दृश्य**

'दीपक' के अनुसार बाल बाबा गांव अमृतसर से 30 किलोमीटर दूर स्थित है । पुलिस के अनुसार हजारा सिंह के घर पर कल शाम आए 4 उग्रवादियों ने उसके पुत्र अजीत सिंह का नाम पुकारा । चारों उग्रवादियों ने घर में घुस कर फिर अजीत सिंह के बारे में पूछताछ की । जब हजारा सिंह यह बताने के लिये बाहर निकले कि अजीत सिंह घर पर नहीं है तो चारों आतंकवादियों ने .45 तथा .32 बोर के रिवाल्वरों से उन पर व परिवार के अन्य सदस्यों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं । परिवार के एक सदस्य ने कमरे की बिजली को बंद करने का प्रयास किया तो उग्रवादियों ने उसे भी गोली मार दी ।

घटना स्थल वाले कमरे में इस परिवार के 6 सदस्यों, जिनमें बच्चे भी थे, के शव पड़े थे तथा वहां अत्यन्त करुणाजनक दृश्य था ।

इस हत्या कांड की सूचना मिलते ही क्षेत्र के गांव मोहन भंडारी में स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस के दस्ते घटनास्थल पर पहुंच गए तथा उन्होंने सारे क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी परन्तु अभी तक हत्यारे पकड़े नहीं जा सके हैं ।

गांव वालों के अनुसार हजारा सिंह अपने पुत्र अजीत सिंह के घर वापस न लौटने के कारण अत्यन्त चिन्तित रहा करता था ।

एक अन्य सूचना के अनुसार चारों आतंकवादियों ने अपने मुंह चादरों से ढक रखे थे । हत्यारे पैदल ही आए थे और हत्याएं करने के बाद

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# सुरक्षा को यकीनी बनाने के लिए राष्ट्रीय सतर्कता के साथ-साथ सैनिक तैयारी भी ज़रूरी : रे

चंडीगढ़, 16 दिसम्बर (विद्या सागर): पंजाब के राज्यपाल श्री एस.एस. रे ने कहा है कि देश के इस हिस्से की आंतरिक सुरक्षा को लेकर पूरे देश में गम्भीर चिंता पैदा हो रही है ।

श्री रे आज पश्चिमी कमान के मुख्यालय में सिविल व सैनिक सम्पर्क सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे । उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति की मांग है कि अपनी सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय सतर्कता व एकता के साथ-साथ सैनिक तैयारी की जाए ।

इस दो दिवसीय सम्मेलन में सेना व वायु सेना के अधिकारियों के अलावा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, संघीय क्षेत्रों दिल्ली व चंडीगढ़ के वरिष्ठ सिविल व पुलिस अधिकारी भाग ले रहे हैं । श्री रे ने इस उपमहाद्वीप की भौगोलिक व राजनीतिक स्थिति का विशेष रूप से [illegible] से जिम्मेदारी देश को बाहरी आक्रमण से बचाने की है । फिर भी सेना और असैनिक प्रशासन में निकट सम्पर्क की जरूरत है । असैनिक प्रशासन को चाहिए कि वह सेना को नवीनतम आंतरिक सुरक्षा की स्थिति की जानकारी देता रहे ताकि जरूरत पड़ने पर सेना अल्प नोटिस पर उसकी मदद कर सके । उन्होंने कहा कि हाल ही में हमारे देश में क्षेत्रवाद सिर उठाने लगा है जो राष्ट्र विरोधी रूप धारण कर रहा है । इस समस्या को नियंत्रित करने के लिए गम्भीर प्रयत्न जरूरी हैं ।

उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि हम गुमराह लोगों से निपट रहे हैं । निचले इन्फोर्समैंट स्टाफ को शिक्षित किया जाना चाहिए कि उनकी कार्रवाइयां स्थानीय जनसंख्या का दिल जीतने वाली होनी चाहिएं न कि उन्हें अलग-थलग करने वाली ।

सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए पश्चिमी कमान के लैफ्टीनैंट जनरल पी.एन. हून ने कहा कि पाकिस्तान को मिले लाभों को देखते हुए जरूरी है कि हम अपनी सेनाओं को अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट रखें ताकि हम शत्रु के आक्रामक इरादों का बराबर शक्ति से सामना कर सकें ।

उन्होंने कहा कि सेना की अतिरिक्त भूमि के लिए मांग को राष्ट्रीय हित के दृष्टिकोण से देखना चाहिए । उन्होंने कहा कि सेना की मूल भूमिका देश की बाहरी आक्रमण से रक्षा करना है । इसके लिए जरूरी है कि युद्ध की उच्चस्तरीय तैयारी की जाए । इसके लिए सेना का प्रशिक्षण अनिवार्य है । यह प्रशिक्षण युद्ध जैसी परिस्थितियों में ही होना


(शेष पृष्ठ 6 पर)









अमृतसर जिला के गांव बालबावा में उग्रवादियों की गोलियों का निशाना बने परिवार के सदस्य (ऊपर बाएं से दाएं) 75 वर्षीय हजारा सिंह, उसका 45 वर्षीय बेटा विरसा सिंह, संदिग्ध उग्रवादी अजीत सिंह की पत्नी 30 वर्षीय गुरमेल कौर,(नीचे बाएं से दाएं) अजीत सिंह के बेटे 5 वर्षीय गुरबख्श सिंह, 9 वर्षीय लखविन्दर सिंह तथा विरसा सिंह का 15 वर्षीय बेटा दविन्दर सिंह । (छाया : भंडारी)












(1) लुधियाना के अतिरिक्त सैशन जज श्री आर.एल. आनंद उग्रवादियों की गोलियों से घायल होने के बाद उपचाराधीन,(2) घटनास्थल पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के मि. जस्टिस डी.वी. सहगल, लुधियाना के जिला सैशन जज श्री सेखों पत्रकारों के साथ,(3) जस्टिस सहगल श्री आनंद की पत्नी श्रीमती रमा आनंद (4) बेटी रीना आनंद तथा (5) पिता को ढाढ़स बंधाते हुए । (छाया: कम्बोज)

## उग्रवादियों द्वारा हत्यायें

(पृष्ठ 3 का शेष)

पैदल ही फरार हो गये थे । यह भी बताया जाता है कि चारों आतंकवादी हजारा सिंह के पुत्र अजीत सिंह की हत्या करने आए थे ।

पुलिस ने घटना स्थल के आसपास अपराधियों की तलाश में गांवों में खोजी कुत्तों का दल और छापा मार दस्ते भी भेजे हैं पर अभी तक किसी के गिरफ्तार किये जाने की सूचना नहीं मिली है । आसपास के गांवों में हजारा सिंह और उसके परिवार का अच्छा खासा प्रभाव था । इस हत्याकांड से ग्रामीणों में भय व आतंक की भावना व्याप्त है ।

### दो सम्भावनाएं

वार्ता के अनुसार पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है लेकिन अभी गोली कांड की वजह पता नहीं चल सकी है ।

पुलिस गोलीकांड के पीछे दो संभावनाओं पर विचार कर रही है—पहली हताश होकर यह कांड अजीत सिंह ने ही किया तथा दूसरी यह कि आतंकवादियों को ऐसा संदेह हुआ हो कि अजीत सिंह पुलिस का मुखबिर बन गया है और उसने पुलिस की मदद की है । ऐसे में यह गोलीकांड बदले की कार्रवाई भी हो सकता है ।

### हत्या कांड की जिम्मेदारी ली

'यू.न्यू' के अनुसार तथाकथित 'खालिस्तान कमांडो फोर्स' ने जिले के बाल बाबा गांव में एक परिवार के 6 सदस्यों की हत्या कांड की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है । पुलिस अधीक्षक श्री सुरेश अरोड़ा के अनुसार हत्यारे घटनास्थल पर एक 'पत्र' छोड़ गए थे जिस पर लिखा था कि इस परिवार का एक मात्र जीवित बचा सदस्य 'जगजीत सिंह' (अजीत सिंह) पुलिस मुखबिर के रूप में कार्य कर रहा था । उसने तरसेम सिंह कोहाड़ को 4 माह पूर्व गिरफ्तार करवाया था ।

यह पत्र पंजाबी में लिखा था और इस पर एक दुर्दांत उग्रवादी अवतार सिंह रूपोवाली ने खालिस्तान कमांडो फोर्स की ओर से हस्ताक्षर किए हुए थे । रूपोवाली तरसेम सिंह कोहाड़ का नजदीकी साथी रहा है ।

पुलिस अधीक्षक ने भी बताया कि जगजीत सिंह (अजीत सिंह) दो सप्ताह से अधिक समय से लापता है । वह कपूरथला में अदालत में अपने एक केस की सुनवाई के बाद से घर वापस नहीं लौटा था । श्री अरोड़ा ने बताया कि पुलिस द्वारा अभियुक्तों की व्यापक रूप से खोज की जा रही है ।

### सरपंच को गोली मारी

अमृतसर (अशोक) : कल शाम अमृतसर के थाना कथुआ नंगल के गांव भुल्लर हंस के सरपंच करम सिंह को दो अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मारकर घायल कर दिया । इस संबंध में यहां मिली सूचनाओं के अनुसार 40 वर्षीय सरपंच कर्म सिंह स्कूटर पर अपने गांव जा रहे थे कि रास्ते में दो आतंकवादियों ने उन पर तीन गोलियां चलाई । इनमें से एक श्री कर्म सिंह के पांव पर लगी । अभियुक्त बाद में भाग गए

### जोशी के परिवार को 10 हजार

चंडीगढ़ में भारतीय खाद्य निगम पंजाब के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की एक संयुक्त बैठक में गत दिवस अमृतसर में उग्रवादियों द्वारा किए गए

अमृतसर (अशोक) : कल शाम अमृतसर के थाना कथुआ नंगल के गांव भुल्लर हंस के सरपंच करम सिंह को दो अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मारकर घायल कर दिया । इस संबंध में यहां मिली सूचनाओं के अनुसार 40 वर्षीय सरपंच कर्म सिंह स्कूटर पर अपने गांव जा रहे थे कि रास्ते में दो आतंकवादियों ने उन पर तीन गोलियां चलाई । इनमें से एक श्री कर्म सिंह के पांव पर लगी । अभियुक्त बाद में भाग गए

## जोशी के परिवार को 10 हजार

चंडीगढ़ में भारतीय खाद्य निगम पंजाब के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की एक संयुक्त बैठक में गत दिवस अमृतसर में उग्रवादियों द्वारा किए गए हत्याकांड में मृत श्री प्रेम सागर जोशी के शोक संतप्त परिवार को 10 हजार रुपए की सहायता देने का निर्णय किया है । श्री जोशी भारतीय खाद्य निगम में तकनीकी सहायक थे । इस बैठक में श्री जोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई । खाद्य निगम के अधिकारियों ने श्री जोशी की विधवा पत्नी को खाद्य निगम में नौकरी देने की पेशकश की है । निगम ने पंजाब सरकार से भी आग्रह किया है कि वह जोशी की विधवा को आर्थिक सहायता प्रदान करे । श्री जोशी अपने पीछे युवा विधवा पत्नी तथा तीन छोटे-छोटे बच्चे छोड़ गए ।

## नौकर बंदूक लेकर फरार

तरनतारन (पाल): यहां से 20 किलो मीटर दूर सरहाली कलां के निकट 'बेचारे' नामक आश्रम के मालिक का नौकर राम निवास, एक 'सिंगल बैरेल' बंदूक, चार कारतूस तथा 800 रुपए नगद लेकर भाग गया । आश्रम का मालिक चंदा इकट्ठा करने के लिए राजस्थान गया हुआ था ।

## दो पुलिस कर्मी बर्खास्त

पटियाला (भूषण) : ट्रैफिक पुलिस के हैडकांस्टेबल मल्कीयत सिंह तथा कांस्टेबल स्वर्ण सिंह को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशों के अंतर्गत नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है । इन पर आरोप है कि वह अपना कर्त्तव्य पालन करने में विफल रहे । बताया जाता है कि यह दोनों 12 दिसम्बर को उस समय स्टेट बैंक आफ पटियाला चौक में ड्यूटी पर तैनात थे, जबकि दो अज्ञात उग्रवादियों ने ट्रैफिक पुलिस के सब इंस्पैक्टर श्री दीदार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी । हत्यारे पैदल ही आए थे और पैदल ही चले गए थे । पर उक्त पुलिस कर्मियों ने अभियुक्तों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की ।

## रिवाल्वर व बंदूक लूटी

जालन्धर में सदर पुलिस थानांतर्गत गांव दकोहा में दो स्कूटर सवार युवकों ने आज दोपहर में एक व्यक्ति मुकेश कुमार के घर से उसका भरा हुआ रिवाल्वर लूट लिया । इस कांड के दौरान किसी प्रकार की हिंसा का समाचार नहीं मिला है । पुलिस के अनुसार स्टेनगन व रिवाल्वरधारी उग्रवादियों ने मुकेश कुमार की पत्नी से रिवाल्वर छीनी । मुकेश कुमार उस समय घर पर नहीं था । पुलिस ने केस दर्ज कर जांच प्रारम्भ कर दी है ।

जालन्धर (यू.): स्थानीय पुलिस ने जिला पुलिस मुख्यालय के पास से एक कार ले जाने के मामले में एक रिटायर्ड सैनिक कैप्टन को हिरासत में ले लिया । इस कार को सी.आर.पी. ने अलर्ट किए जाने पर जेल रोड पर रोक लिया था । कैप्टेन एक कार में आया था और बाजार के पास कार खड़ी की थी । उसके बाद, कथित रूप से शराबी हुए कैप्टन ने वहां से दूसरी कार खोल ली और उसे लेकर चल दिया ।

जालन्धर में सदर पुलिस थानांतर्गत गांव दकोहा में दो स्कूटर सवार युवकों ने आज दोपहर में एक व्यक्ति मुकेश कुमार के घर से उसका भरा हुआ रिवाल्वर लूट लिया । इस कांड के दौरान किसी प्रकार की हिंसा का समाचार नहीं मिला है । पुलिस के अनुसार स्टेनगन व रिवाल्वरधारी उग्रवादियों ने मुकेश कुमार की पत्नी से रिवाल्वर छीनी । मुकेश कुमार उस समय घर पर नहीं था । पुलिस ने केस दर्ज कर जांच प्रारम्भ कर दी है ।

जालन्धर (यू.): स्थानीय पुलिस ने जिला पुलिस मुख्यालय के पास से एक कार ले जाने के मामले में एक रिटायर्ड सैनिक कैप्टन को हिरासत में ले लिया । इस कार को सी.आर.पी. ने अलर्ट किए जाने पर जेल रोड पर रोक लिया था । कैप्टेन एक कार में आया था और बाजार के पास कार खड़ी की थी । उसके बाद, कथित रूप से शराबी हुए कैप्टन ने वहां से दूसरी कार खोल ली और उसे लेकर चल दिया ।

बंगा के पास हफ्फोवाल ग्राम से पुलिस ने यूनाइटेड अकाली दल के एक नेता को गिरफ्तार कर लिया । उग्रवादियों से सम्बन्ध रखने में भी एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया ।

**बंदूक व कारतूस चोरी**

होशियारपुर से प्रद्युम्न की सूचना है कि यहां से 15 किलो मीटर दूर मौजा चैन में चनन सिंह नामक एक व्यक्ति की लाइसैंसशुदा बंदूक और चार कारतूस चोरी हो गए । बताया जाता है कि चनन सिंह तड़के चार बजे निकटवर्ती गुरुद्वारे गया था । जब वापस आया तो देखा कि उसकी अलमारी का ताला टूटा हुआ था तथा बंदूक व कारतूस गायब थे ।

**संचार व्यवस्था भंग करने का प्रयास**

फगवाड़ा (खोसला): यहां से पांच किलो मीटर दूर फगवाड़ा व चहेड़ू के दरम्यान कुछ उग्रवादियों द्वारा टैलीफोन विभाग की संचार-व्यवस्था के एक अन्य कैबिन के ताले तोड़ने की नाकाम कोशिश की सूचना मिली है । पता चला है कि उन्होंने एक ताला तो तोड़ लिया मगर अन्य दो गुप्त ताले न तोड़ सके और नाकाम लौट गए । पुलिस जांच कर रही है ।

इस दौरान टैलीफोन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि उग्रवादी यदि सभी ताले तोड़ कर कैबिन में घुस कर तोड़फोड़ करते तो उनकी जान को खतरा पैदा हो सकता था । पुलिस ने धारा 457 के अधीन केस दर्ज कर लिया है ।

**अध्यापकों द्वारा हड़ताल**

रामगढ़िया आर्ट्स कालेज के प्रिंसिपल श्री के.सी. सूद से उग्रवादियों द्वारा पिस्तौल की नोक पर 18 हजार रु. नकद तथा स्कूटर छीने जाने के विरुद्ध रोष स्वरूप उक्त कालेज तथा बी. एड. कालेज के अध्यापकों ने हड़ताल की । अध्यापकों के एक शिष्टमंडल ने एस.डी.एम. तथा डी.एस.पी. से भेंट की और मांग की कि अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाए और लूटा गया रुपया उनसे बरामद किया जाए ।

**7 कारतूस बरामद**

फिल्लौर (भाखड़ी): निकटवर्ती गांव मौरों में शादी राम नामक एक व्यक्ति के यहां पुलिस ने छापा मार कर 12 बोर के 7 जीवित कारतूस बरामद किए हैं । पुलिस सूत्रों ने बताया कि कथित अभियुक्त के विरुद्ध धारा 25, 54, 59 के अंतर्गत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है । पुलिस सूत्रों ने यह भी बताया कि अभियुक्त के पास एक 12 बोर का अवैध पिस्तौल भी था जो अभी बरामद नहीं हुआ है ।

# खुड्डा हत्याकांड में मंजीत सिंह गिरफ्तार, पंजाब में दो हत्याएं : कई जगह लूटपाट

चंडीगढ़, 18 दिसम्बर (यू.,प्रै., भाषा, वि.प्र.): कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गत रात्रि जिला फरीदकोट के गांव रोडे में पिता एवं पुत्र की हत्या कर दी, जबकि दो सशस्त्र व्यक्तियों ने बंगा में एक दुकान पर हमला किया लेकिन दुकानदार बच गया । इसी मध्य अकाल फैडरेशन के प्रधान भाई अमरीक सिंह ने पुलिस के सामने रहस्योद्‌घाटन किया है कि उसकी प्रत्यक्षतया आत्मसमर्पण करने की योजना थी लेकिन अन्दर ही अन्दर उसने आतंकवादियों को संगठित करना था । डेरा बाबा नानक पुलिस ने पाकिस्तानी जासूस तस्कर हरबंस सिंह को गिरफ्तार किया है । अमृतसर पुलिस ने सुखविंद्र सिंह और हरचंद सिंह नामक दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है ।

खुड्डा नर-संहार में वांछित दुर्दांत उग्रवादी मनजीत सिंह मिंदी आज अमृतसर में गिरफ्तार कर लिया गया

चंडीगढ़ (प्रै.): खुड्डा नर-संहार, जिसमें 24 निर्दोष बस यात्रियों की हत्या कर दी गई थी, में वांछित 'ए' श्रेणी के एक दुर्दांत उग्रवादी मनजीत सिंह मिंदी को आज सुरक्षा बलों ने अमृतसर के आजाद नगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया । वह खुड्डा नर-संहार के अतिरिक्त खालसा कालेज में एक पुलिस इंस्पेक्टर जरनैल सिंह की हाल ही में हुई हत्या के मामले में भी पुलिस को वांछित था । उसके सिर पर एक लाख रुपए, का ईनाम था, उसे एक मकान से गिरफ्तार किया गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जब केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने छापा मारा,उस समयआतंकवादी मंजीत सिंह एक कारखाने के कर्मचारी के साथ घर के एक कमरे में ताश खेल रहा था ।

हत्या व डकैती के कई मामलों में मंजीत की तलाश हो रही थी । वह उस पुलिस दल पर किए गए हमले में भी सम्बद्ध है, जिसकी देखरेख में अखिल भारतीय सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के अमरजीत सिंह चावला को गत आठ जुलाई को परीक्षा देने के लिए स्थानीय खालसा कालेज लाया जा रहा था । अमरजीत सिंह इन दिनों जोधपुर जेल में है । उक्त हमले में पुलिस इंस्पैक्टर जरनैल सिंह तथा अखिल भारतीय सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के कार्यकर्त्ता कुलमिन्दर सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी और चावला भी गोलियां लगने से घायल हो गया था । पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंजीत सिंह मिन्दी 14 फरवरी 1984 को एक साप्ताहिक 'सियासीजंग' के सम्पादक यशपाल शर्मा पर हुए उस हमले से भी सम्बद्ध है, जिसमें श्री शर्मा घायल हो गए थे और उनका अंगरक्षक मोहिन्दर सिंह मारा गया था ।

### कोट खालसा क्षेत्र की तलाशी

खालसा कालेज अमृतसर से संलग्न क्षेत्र कोट खालसा में संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ने के लिए आज रात्रि पुलिस और सुरक्षा बलों ने संयुक्त रूप से व्यापक स्तर पर तलाशी ली । पुलिस सूत्रों के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

## खालिस्तानी नेता द्वारा पाकिस्तान में रेडियो स्टेशन कायम करने के प्रयास

नई दिल्ली, 18 दिसम्बर (वा.): तथाकथित खालिस्तानी नेता पाकिस्तान में अपना रेडियो स्टेशन स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं । खालिस्तान के स्वयंभू नेता डा. जगजीत सिंह चौहान ने पाकिस्तान के 'हुरमत' साप्ताहिक को एक भेंटवार्ता में बताया कि पाकिस्तान सरकार से यह प्रस्ताव किया गया है लेकिन वह सीमा पर रेडियो स्टेशन स्थापित करने में मदद नहीं कर रही है ।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अगर रेडियो स्टेशन स्थापित करने की अनुमति दे दे तो खालिस्तान आंदोलन में और तेजी आ जाएगी । डा. चौहान से भेंटवार्ता का कुछ अंश इस्लामाबाद से प्रकाशित दैनिक 'मुस्लिम' ने भी प्रकाशित किया है ।

डा. चौहान ने आरोप लगाया कि सिखों को बदनाम करने के लिए कुछ लोग सिखों का रूप धारण करके भारत में कानून और व्यवस्था की समस्या पैदा कर रहे हैं । उनका कहना है कि दुनिया भर के सिख हर कुर्बानी देकर खालिस्तान हासिल करेंगे और जो लोग हमारी 'हिट लिस्ट' में हैं उन्हें बख्शा नहीं जाएगा ।

चौहान ने दावा किया कि खालिस्तान आंदोलन तेज हो रहा है और सिख युवक अपने प्रति भारत सरकार के बर्ताव को अब समझने लगे हैं ।

Punjabi Sanatan

# बैरागी को पनाह देने पर 2 स्त्रियों सहित 3 गिरफ्तार

नई दिल्ली, 18 दिसम्बर (यू.): दिल्ली पुलिस ने कुख्यात आतंकवादी रोशन लाल बैरागी को पनाह देने के आरोप में 2 स्त्रियों सहित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है । लाजवंती, सम्पूर्ण कौर और निर्मल सिंह उर्फ निम्मा को कल आतंकवाद उन्मूलन कानून 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया । अदालत ने आज उनका 12 फरवरी तक न्यायिक रिमांड दे दिया । लाजवंती और सम्पूर्ण कौर के पति नवम्बर 1984 के दंगों में मारे गए थे ।

यह सभी लोग पंजाब के जिला गुरदासपुर के रहने वाले हैं और इस समय पश्चिमी दिल्ली में तिलक नगर में रह रहे हैं ।

इससे पूर्व सरकारी वकील ने अदालत को बताया कि इन तीनों ने एक ऐसे व्यक्ति को शरण दी जिस पर 1 लाख रुपए का ईनाम था हालांकि वे जानते थे कि वह कट्टर उग्रवादी है । बैरागी 27 जनवरी को गुरदासपुर जेल से रणजीत सिंह तथा जसविंदर सिंह के साथ भाग निकला था । वकील ने अदालत में यह भी कहा कि दोनों स्त्रियों को सुरक्षित हिरासत में रखा जाए क्योंकि केस की जांच अभी जारी है और यदि बैरागी ने कुछ और सुराग दिए तो पूछताछ के लिए इनकी जरूरत होगी ।

हिन्दू से सिख बना हुआ बैरागी पंजाब में 26 जघन्य अपराधों में वांछित है । उसे उत्तरी दिल्ली में एक सिनेमा घर के निकट पकडा गया था ।

**बैरागी शादी करेगा**

इसी दौरान पता चला है कि सम्पूर्ण कौर की 21 वर्षीय लड़की की बैरागी से शीघ्र शादी होने की संभावना है ।

## विधानसभा में 'धमाका'

चंडीगढ़, 18 दिसम्बर (वा.): विस्फोट की आवाज के कारण पंजाब विधानसभा में आज भगदड़ मच गई । विस्फोट के समय सदन राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर विचार कर रहा था । कुछ सदस्यों ने कहा कि गोली चलने की आवाज सुनी गई ।

# शरद पवार के बारे निर्णय अ

नई दिल्ली, 18 दिसम्बर (जी.एस. चावला): इंका हाई कमान अगले सप्ताह ही कांग्रेस (स.) के नेता श्री शरद पवार तथा उनके समर्थकों को पार्टी में स्थान देने के बारे में विचार करेगा । श्री पवार गत 8 दिसम्बर को अपने समर्थकों सहित इंका में शामिल हो गए थे ।

श्री शरद पवार तथा एक अन्य कांग्रेस (स) की नेता श्रीमती अम्बिका सोनी ने इंका महासचिवों श्री मूपनार तथा श्री आर.एल. भाटिया से मुलाकात की । इन्होंने इंका महासचिवों को कहा है कि गत 8 दिसम्बर को औरंगाबाद में हुई अखिल भारतीय कांग्रेस (स) की बैठक में 400 सदस्यों ने भाग लिया था तथा इनको पार्टी में उचित स्थान दिया जाना चाहिए । उनकी इच्छा है कि उनके सहयोगी

# खुड्डा हत्याकांड में मंजीत सिंह गिरफ्तार, पंजाब में दो हत्याएं : कई जगह लूटपाट

चंडीगढ़, 18 दिसम्बर (यू., प्रै., भाषा, वि.प्र.): कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गत रात्रि जिला फरीदकोट के गांव रोडे में पिता एवं पुत्र की हत्या कर दी, जबकि दो सशस्त्र व्यक्तियों ने बंगा में एक दुकान पर हमला किया लेकिन दुकानदार बच गया। इसी मध्य अकाल फैडरेशन के प्रधान भाई अमरीक सिंह ने पुलिस के सामने रहस्योद्घाटन किया है कि उसकी प्रत्यक्षतया आत्मसमर्पण करने की योजना थी लेकिन अन्दर ही अन्दर उसने आतंकवादियों को संगठित करना था। डेरा बाबा नानक पुलिस ने पाकिस्तानी जासूस तस्कर हरबंस सिंह को गिरफ्तार किया है। अमृतसर पुलिस ने सुखविंद सिंह और हरचंद सिंह नामक दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है।

खुड्डा नर-संहार में वांछित दुर्दांत उग्रवादी मनजीत सिंह मिंदी आज अमृतसर में गिरफ्तार कर लिया गया

चंडीगढ़ (प्रै.): खुड्डा नर-संहार, जिसमें 24 निर्दोष बस यात्रियों की हत्या कर दी गई थी, में वांछित 'ए' श्रेणी के एक दुर्दांत उग्रवादी मनजीत सिंह मिंदी को आज सुरक्षा बलों ने अमृतसर के आजाद नगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। वह खुड्डा नर-संहार के अतिरिक्त खालसा कालेज में एक पुलिस इंस्पैक्टर जरनैल सिंह की हाल ही में हुई हत्या के मामले में भी पुलिस को वांछित था। उसके सिर पर एक लाख रुपए, का ईनाम था, उसे एक मकान से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जब केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने छापा मारा, उस समय आतंकवादी मंजीत सिंह एक कारखाने के कर्मचारी के साथ घर के एक कमरे में ताश खेल रहा था।

हत्या व डकैती के कई मामलों में मंजीत की तलाश हो रही थी। वह उस पुलिस दल पर किए गए हमले में भी सम्बद्ध है, जिसकी देखरेख में अखिल भारतीय सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के अमरजीत सिंह चावला को गत आठ जुलाई को परीक्षा देने के लिए स्थानीय खालसा कालेज लाया जा रहा था। अमरजीत सिंह इन दिनों जोधपुर जेल में है। उक्त हमले में पुलिस इंस्पैक्टर जरनैल सिंह तथा अखिल भारतीय सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के कार्यकर्ता कुलमिन्दर सिंह की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी और चावला भी गोलियां लगने से घायल हो गया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंजीत सिंह मिन्दी 14 फरवरी 1984 को एक साप्ताहिक 'सियासीजंग' के सम्पादक यशपाल शर्मा पर हुए उस हमले से भी सम्बद्ध है, जिसमें श्री शर्मा घायल हो गए थे और उनका अंगरक्षक मोहिन्दर सिंह मारा गया था।

**कोट खालसा क्षेत्र की तलाशी**

खालसा कालेज अमृतसर से संलग्न क्षेत्र कोट खालसा में संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ने के लिए आज रात्रि पुलिस और सुरक्षा बलों ने संयुक्त रूप से व्यापक स्तर पर तलाशी ली। पुलिस सूत्रों के

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# खालिस्तानी नेता द्वारा पाकिस्तान में रेडियो स्टेशन कायम करने के प्रयास

नई दिल्ली, 18 दिसम्बर (वा.): तथाकथित खालिस्तानी नेता पाकिस्तान में अपना रेडियो स्टेशन स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। खालिस्तान के स्वयंभू नेता डा. जगजीत सिंह चौहान ने पाकिस्तान के 'हुरमत' साप्ताहिक को एक भेंटवार्ता में बताया कि पाकिस्तान सरकार से यह प्रस्ताव किया गया है लेकिन वह सीमा पर रेडियो स्टेशन स्थापित करने में मदद नहीं कर रही है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अगर रेडियो स्टेशन स्थापित करने की अनुमति दे दे तो खालिस्तान आंदोलन में और तेजी आ जाएगी। डा. चौहान से भेंटवार्ता का कुछ अंश इस्लामाबाद से प्रकाशित दैनिक 'मुस्लिम' ने भी प्रकाशित किया है।

डा. चौहान ने आरोप लगाया कि सिखों को बदनाम करने के लिए कुछ लोग सिखों का रूप धारण करके भारत में कानून और व्यवस्था की समस्या पैदा कर रहे हैं। उनका कहना है कि दुनिया भर के सिख हर कुर्बानी देकर खालिस्तान हासिल करेंगे और जो लोग हमारी 'हिट लिस्ट' में हैं उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

चौहान ने दावा किया कि खालिस्तान आंदोलन तेज हो रहा है और सिख युवक अपने प्रति भारत सरकार के बर्ताव को अब समझने लगे हैं।

Punjabi Sanatan



अमृतसर के थाना 'डी' डिवीज़न के एस.एच.ओ. श्री ब्रह्म देव शर्मा के बेटे (1) अरुण कुमार की उग्रवादियों ने शुक्रवार को हत्या कर दी, (2) मजीठा रोड पर वह स्थान जहां अरुण को गोलियां मारी गईं, (3) विलाप करती हुई अरुण की माता और अन्य महिलाएं, (4) शोक संतप्त ब्रह्मदेव से संवेदना व्यक्त करते हुए पुलिस अधिकारी और अन्य, (5) श्री शर्मा के निवास के बाहर तैनात सुरक्षा कर्मी, (6) शहर में रोष-हड़ताल का दृश्य । (छाया : भंडारी)

# काहलों के पी.ए. की हत्या, थानाध्यक्ष के पुत्र की हत्या के बाद अमृतसर में तनाव, आज 'बंद' का आह्वान

## भटिंडा के निकट बैंक डकैती के तीनों अभियुक्त राशि समेत गिरफ़्तार, मोगा डिवीज़न में 2 पैट्रोल पम्प लूटे, एक स्कूटर छीना, शाहकोट अड्डे से चोरी बस मिली

चंडीगढ़, 19 दिसम्बर (यू.प्रै.): उग्रवादियों ने आज रात्रि बटाला के पास भू.पू. अकाली मंत्री निर्मल सिंह काहलों के पी.ए. निर्मल सिंह निम्मा की हत्या कर दी । आज प्रातः ही अमृतसर में थाना 'डी' के एस.एच.ओ. ब्रह्म देव शर्मा के स्कूल जा रहे 15 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार की उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी । इसकी जिम्मेदारी बब्बर खालसा ने ली है । इस हत्या से उत्तेजित छात्रों ने अमृतसर में ट्रैफिक जाम किया, पथराव किया ।

हिंदू शिव सेना, पंजाब ब्राह्मण सभा और राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने इस घटना के विरोध में 20 दिसम्बर को अमृतसर बंद का आह्वान किया है, जिसे कई छात्र व अन्य संगठनों ने समर्थन देने की घोषणा की है ।

नगर में पथराव के बाद कई बाजार बंद हो गए । बंद के आह्वान के दृष्टिगत जिलाधिकारियों ने कल सभी स्कूल, कालेज बंद रखने के आदेश दिए ।

शाहकोट थाना से कल रात चुराई गई पंजाब रोडवेज, चंडीगढ़ की एक बस निकटवर्ती खेतों में सही सलामत मिली । जालन्धर के आदर्श नगर क्षेत्र से छीना गया स्कूटर उग्रवादियों की सूचना पर सिविल अस्पताल के साइकिल स्टैंड से मिल गया ।

मोगा सब डिवीजन में कल 2 उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से स्कूटर, घड़ी और अंगूठी छीन ली तथा 2 पैट्रोल पम्प लूट लिए ।

भटिंडा के निकट गांव बराथ की स्टेट बैंक आफ पटियाला शाखा में डकैती के तुरन्त बाद पुलिस अर्द्ध

### एक की हत्या, एक घायल

बटाला (कोछड़): आज सायं थाना डेराबाबा नानक के गांव खाना चमारां में दो साइकिल सवार अज्ञात युवकों ने फायरिंग करके एक व्यक्ति निर्मल सिंह मित्तला की हत्या कर दी और एक अन्य व्यक्ति को गम्भीर रूप से घायल कर दिया ।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को अमृतसर के अस्पताल में भेज दिया गया है । पुलिस के अनुसार फायरिंग रिवाल्वर से की गई । यह भी बताया गया कि फायरिंग करने के बाद अभियुक्त फरार हो गए । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व सुरक्षा बलों के साथ उच्चाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए और सारे क्षेत्र की नाकाबंदी कर दी गई ।

घायल का नाम का. मख्तियार सिंह है, वह सी.पी.आई. का सक्रिय कार्यकर्त्ता है । श्री मित्तला को 5 गोलियां लगीं जबकि घायल को 2 गोलियां लगीं ।

अमृतसर से 'अशोक सोनी' के अनुसार थाना डेरा बाबा नानक के गांव खाना चमारा में उग्रवादियों की फायरिंग से मारा गया निर्मल सिंह मित्तला उर्फ निम्मा भूतपूर्व मंत्री श्री निर्मल सिंह काहलों का पी.ए. था ।

अमृतसर (अ., सो., प्रै.): थाना 'डी' डिवीजन के एस.एच.ओ. तथा पंजाब पुलिस के इंस्पैक्टर श्री ब्रह्म देव शर्मा के 15 वर्षीय इकलौते बेटे अरुण कुमार की 3 स्कूटर सवार उग्रवादियों ने मजीठा रोड पर भीड़ भरे क्षेत्र में गोली मार कर हत्या कर दी । डी.ए.वी. स्कूल में 9वीं कक्षा का छात्र अरुण आज प्रातः साइकिल पर स्कूल जा रहा था जब उग्रवादियों ने रिवाल्वरों से 7 गोलियां चलाईं । अरुण को छाती में 3 गोलियां लगीं । अस्पताल ले जाते ही उसे मृत घोषित कर दिया गया । पुलिस ने घटनास्थल से 7 खाली और एक जीवित कारतूस बरामद किया । अरुण को एक राहगीर ने, जो अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रहा था, अस्पताल पहुंचाया ।

घटना के 2 घंटे के अंदर उग्रवादी संगठन बब्बर खालसा ने इस हत्या की जिम्मेवारी अपने ऊपर ले ली । टैलीफोन करने वाले ने अपना नाम सुखदेव सिंह बब्बर बताया और पुलिस अधिकारियों को चेतावनी दी कि वह हाल ही में पकड़े गए सिख युवकों पर 'अत्याचार' न करें । इसके अलावा खुड्डा हत्याकांड के संबंध में स्थानीय आजाद नगर से कल गिरफ्तार किए गए मंजीत सिंह भिंदी को शारीरिक क्षति पहुंचाए जाने के विरुद्ध भी चेतावनी दी गई । पुलिस कर्मियों पर हमलों तथा 'मुखबिरों' को खत्म करने बारे शुरू हुए नए क्रम के अंतर्गत यह नवीनतम घटना है ।

इससे पूर्व पुलिस कर्मियों पर हमलों के अलावा एस.पी. सिटी श्री एच.एस. काहलों के इकलौते बेटे रवनीत सिंह की 24 नवम्बर को गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के अंदर उसकी कक्षा के बाहर हत्या कर दी गई थी ।

### नगर में तनाव, हड़ताल

इस हत्या के बाद नगर में भारी तनाव व्याप्त हो गया और हाल बाजार सहित अधिकांश बाजार बंद हो गए । नगर की परिधि के अंदर भी अधिकांश बाजार बंद रहे । दरबार साहिब परिसर के आसपास दुकानें खुली रहीं । शहर के कई भागों में छात्रों और लोगों द्वारा ट्रैफिक जाम किए जाने तथा पथराव आदि के समाचार मिले हैं । सुरक्षा बलों ने समय पर कार्रवाई करके स्थिति बिगड़ने से बचा ली । गोलबाग क्षेत्र में जब भीड़ ने एक कार पर हमला किया तो इसमें सवार लोग जान बचा कर भाग गए । भीड़ ने एक स्कूटर भी नष्ट कर दिया और हाथी गेट क्षेत्र में कई ट्रकों पर भी पथराव किया । शहर के किसी भाग से किसी बड़ी झड़प का समाचार नहीं मिला है ।

इस घटना से उत्तेजित होकर पश्चिमी शहर के कुछ स्कूली और कालेज छात्रों ने ट्रैफिक जाम कर

# विमान को विस्फोट से उड़ाने की साज़िश के अभियुक्त ने सिख युवकों को युद्धकला का प्रशिक्षण देने की योजना बनाई थी

मांट्रियल, 19 दिसम्बर (ए.पी.): एक विमान को विस्फोट से उड़ाने की साजिश के एक अभियुक्त ने अमरीका में सिख युवकों को युद्ध कला तथा हथियारों का प्रशिक्षण देने के बारे में सोचा था और उसने एक कागज पर यह बात लिखी थी । उसका विचार था कि इससे सिख युवक पृथक सिख राज्य के लिए संघर्ष कर सकेंगे ।

ढिल्लों ने कहा आप का मतलब है कि बब्बर खालसा के उद्देश्यों के लिए यह पत्र लिखा गया था । लेकिन ऐसा नहीं है । उसने कहा कि यह पत्र



गत दिवस अमृतसर में उग्रवादियों ने पुलिस इंस्पैक्टर श्री ब्रह्मदेव राज शर्मा के 15 वर्षीय स्कूली-छात्र सुपुत्र अरुण कुमार की हत्या कर दी । शनिवार को श्री अरुण कुमार की अंत्येष्टि कर दी गई (1) मैटाडोर, जिस पर अरुण कुमार का शव पड़ा था । एस.पी. सिटी श्री हरकिशन सिंह काहलों से उनके बेटे की हत्या पर शोक व्यक्त करते हुए एक महिला, (2) अमृतसर में कर्फ्यू के बावजूद हजारों लोग शव यात्रा में शामिल हुए, प्रो. लक्ष्मी कांता चावला भी लोगों में खड़ी नजर आ रही हैं, (3) शहीद अरुण का फूलों से ढका पार्थिव शरीर, (4) अरुण की माता करुण क्रंदन करते हुए, (5) अरुण के पिता श्री शर्मा तो बस प्रस्तर-प्रतिमा ही बन गए, (6) श्मशान घाट के अंदर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने पर उत्तेजित युवक नारेबाजी करते हुए, (7) पुलिस द्वारा श्मशान घाट के अंदर किए गए लाठीचार्ज से भगदड़ मच गई, लोग जूते छोड़ कर भागे, जूते पड़े दिखाई दे रहे हैं, (8) श्मशान घाट के बाहर हाथी गेट की ओर खड़े पुलिस व सी.आर.पी.एफ. के एक दस्ते के साथ सी.आर.पी.एफ. के डी.आई.जी. (9) डा. बलदेव प्रकाश, पं. किशोर चंद, डा. बलदेव चावला श्रद्धांजलियां भेंट करते हुए, (10, 11) श्मशान घाट के चहुं ओर पुलिस व सी.आर.पी.एफ. के कड़े सुरक्षा प्रबन्धों का एक दृश्य डी.आई.जी. पुलिस श्री डोगरा भी खड़े नजर आ रहे हैं ।

(छाया : रवि भंडारी)

# पंजाब में ग्रन्थी, महंत सहित 3 की हत्या

गुरदासपुर, 20 दिसम्बर (प्रै.यू.): आतंकवादियों ने एक महंत को बटाला सदर थाना के तहत उसके पैतृक गांव हसनपुर कलां के बाहर कल रात गोली मार कर जान से मार डाला । इस संबंध में 4 व्यक्ति हिरासत में लिये गये हैं ।

पटियाला के निकट जस्सोमाजरा गांव में गुरुद्वारा के ग्रंथी की हत्या कर दी गई ।

कपूरथला क्षेत्र में कल रात एक व्यक्ति निरंजन सिंह की गोलियों से हत्या कर दी गई ।

### महंत की हत्या, 4 हिरासत में

**बटाला (कोछड़):** गत रात बटाला सदर के पुलिस थानांतर्गत गांव हसनपुरा में 5 अज्ञात युवकों ने वहां के एक डेरा कचवाना के 55 वर्षीय महंत, बाबा बालानंदपुरी की गोली मार कर हत्या कर दी । सदर पुलिस के थानाध्यक्ष श्री गुरपाल सिंह के अनुसार गत रात्रि में 5 अज्ञात युवक डेरे में आए जिनमें से एक ने पिस्तौल से फायरिंग करके व अन्य ने तेज हथियारों से महंत की हत्या करदी । उस डेरे में एक और संत मंगल दास भी मौजूद था । मंगलदास नेत्रहीन है । उसे हत्यारों ने कुछ नहीं कहा । इन हत्यारों को पकड़ने के लिये पुलिस विभिन्न गांवों में खोजबीन कर रही है । संत बालानंद पुरी को गांव के लोग 2 माह पूर्व ही चंडीगढ़ से यहां बुला कर लाए थे ।

पुलिस द्वारा संत का रात्रि में ही गुरदासपुर अस्पताल से पोस्ट मार्टम करवाने के बाद शव आज प्रातः गांव लाया गया, जहां गांव के लोगों ने इस मृत महंत को समाधि दे दी । घटना के संबंध में 4 व्यक्तियों को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया है ।

## खुड्डा हत्याकांड के सम्बन्ध में एक बर्खास्त सिपाही गिरफ्तार

### काहलों के पी.ए. का अंतिम संस्कार

कल रात्रि थाना डेरा बाबा नानक के गांव थाना चमारां में हत्यारों की फायरिंग से मृत निर्मल सिंह मेतला, जो कि भूतपूर्व राज्यमंत्री श्री निर्मल सिंह काहलों का पी.ए. था, का आज बटाला अस्पताल से पोस्टमार्टम करवाने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया

### खुड्डा हत्याकांड में एक और गिरफ्तार

अमृतसर (प्रै.): गत 30 नवम्बर को हुए खुड्डा बस यात्री हत्या कांड के संबंध में वांछित एक अन्य आतंकवादी जसविंदर सिंह को आज अमृतसर में गिरफ्तार कर लिया गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इससे भारी मात्रा में शस्त्र एवं गोला बारूद बरामद किया गया है । इस हत्या कांड के संबंध में यह दूसरी गिरफ्तारी है । इससे पूर्व गत दिवस आजाद नगर से मंजीत सिंह भिंडी को गिरफ्तार किया गया था । बताया गया है कि जसविंदर सिंह पंजाब पुलिस का बर्खास्त सिपाही है ।

हत्याकांड में शामिल अन्य अभियुक्तों की भी पुलिस ने पहचान कर ली है । इनके नाम मनजीत सिंह और पंजाब के एक कैबिनेट मंत्री के वैयक्तिक सहायक का बेटा मेजर सिंह है । ये दोनों अभी फरार हैं ।

### स्कूटर, नगदी छीने

**मोगा, (भा.):** दो अज्ञात युवकों ने कल यहां सुनील दत्त नामक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर उसका नया स्कूटर तथा एक हजार रुपए छीन लिए । पुलिस के अनुसार घटना सायं साढ़े चार बजे

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# ...ादियों को प्रशिक्षण, अवैध ... बारे भारत-पाक वार्ता शुरू

लिया ।

दोनों सचिवों ने लगभग आधा घंटे तक अलग से भी बातचीत की । बाद में श्री महमूद द्वारा आयोजित रात्रि भोज के दौरान भी यह बातचीत जारी रही ।

श्री सौमाया ने बाद में बताया कि बातचीत के दौरान मुख्य रूप से, पाकिस्तान द्वारा भारत में सिख आतंकवादियों को दिए जाने वाले बढ़ावे के विभिन्न पहलुओं पर जोर दिया गया क्योंकि अन्य तीन मुद्दे इससे जुड़े हुए हैं ।

उसके बाद सिख आतंकवादियों के पाक की गुप्तचर एजैंसियों के सम्बन्धों के बारे में भारत ने पाकिस्तान को सबूत भी दिए हैं । लगभग 300 सिख पाकिस्तान गए, जहां उन्हें भड़काया गया और प्रशिक्षण व हथियार दिए गए । इन ठिकानों को यहां 'सुरक्षित घर' कहा जाता है । पिछले वर्ष इससे कहीं अधिक भावी आतंकवादी पाकिस्तान गए और इस वर्ष उनकी संख्या और भी बढ़ी है । भारत पाकिस्तान को स्पष्ट रूप से बता चुका है कि उसका

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# पंजाब में ग्रन्थी, महंत सहित 3 की हत्या

गुरदासपुर, 20 दिसम्बर (प्रै.यू.): आतंकवादियों ने एक महंत को बटाला सदर थाना के तहत उसके पैतृक गांव हसनपुर कलां के बाहर कल रात गोली मार कर जान से मार डाला । इस संबंध में 4 व्यक्ति हिरासत में लिये गये हैं ।

पटियाला के निकट जस्सोमाजरा गांव में गुरुद्वारा के ग्रंथी की हत्या कर दी गई ।

कपूरथला क्षेत्र में कल रात एक व्यक्ति निरंजन सिंह की गोलियों से हत्या कर दी गई ।

### महंत की हत्या, 4 हिरासत में

**बटाला (कोछड़):** गत रात बटाला सदर के पुलिस थानांतर्गत गांव हसनपुरा में 5 अज्ञात युवकों ने वहां के एक डेरा कचवाना के 55 वर्षीय महंत, बाबा बालानंदपुरी की गोली मार कर हत्या कर दी । सदर पुलिस के थानाध्यक्ष श्री गुरपाल सिंह के अनुसार गत रात्रि में 5 अज्ञात युवक डेरे में आए जिनमें से एक ने पिस्तौल से फायरिंग करके व अन्य ने तेज हथियारों से महंत की हत्या करदी । उस डेरे में एक और संत मंगल दास भी मौजूद था । मंगलदास नेत्रहीन है । उसे हत्यारों ने कुछ नहीं कहा । इन हत्यारों को पकड़ने के लिये पुलिस विभिन्न गांवों में खोजबीन कर रही है । संत बालानंद पुरी को गांव के लोग 2 माह पूर्व ही चंडीगढ़ से यहां बुला कर लाए थे ।

पुलिस द्वारा संत का रात्रि में ही गुरदासपुर अस्पताल से पोस्ट मार्टम करवाने के बाद शव आज प्रातः गांव लाया गया, जहां गांव के लोगों ने इस मृत महंत को समाधि दे दी । घटना के संबंध में 4 व्यक्तियों को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया है ।

## खुड्डा हत्याकांड के सम्बन्ध में एक बर्खास्त सिपाही गिरफ्तार

### काहलों के पी.ए. का अंतिम संस्कार

कल रात्रि थाना डेरा बाबा नानक के गांव थाना चमारा में हत्यारों की फायरिंग से मृत निर्मल सिंह मेतला, जो कि भूतपूर्व राज्यमंत्री श्री निर्मल सिंह काहलों का पी.ए. था, का आज बटाला अस्पताल से पोस्टमार्टम करवाने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया

### खुड्डा हत्याकांड में एक और गिरफ्तार

अमृतसर (प्रै.): गत 30 नवम्बर को हुए खुड्डा बस यात्री हत्या कांड के संबंध में वांछित एक अन्य आतंकवादी जसविंदर सिंह को आज अमृतसर में गिरफ्तार कर लिया गया ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार इससे भारी मात्रा में शस्त्र एवं गोला बारूद बरामद किया गया है । इस हत्या कांड के संबंध में यह दूसरी गिरफ्तारी है । इससे पूर्व गत दिवस आजाद नगर से मंजीत सिंह भिंडी को गिरफ्तार किया गया था । बताया गया है कि जसविंदर सिंह पंजाब पुलिस का बर्खास्त सिपाही है ।

हत्याकांड में शामिल अन्य अभियुक्तों की भी पुलिस ने पहचान कर ली है । इनके नाम मनजीत सिंह और पंजाब के एक कैबिनेट मंत्री के वैयक्तिक सहायक का बेटा मेजर सिंह है । ये दोनों अभी फरार हैं ।

### स्कूटर, नगदी छीने

**मोगा, (भा.):** दो अज्ञात युवकों ने कल यहां सुनील दत्त नामक व्यक्ति से पिस्तौल की नोक पर उसका नया स्कूटर तथा एक हजार रुपए छीन लिए । पुलिस के अनुसार घटना सायं साढ़े चार बजे

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# ादियों को प्रशिक्षण, अवैध बारे भारत-पाक वार्ता शुरू

लिया ।

दोनों सचिवों ने लगभग आधा घंटे तक अलग से भी बातचीत की । बाद में श्री महमूद द्वारा आयोजित रात्रि भोज के दौरान भी यह बातचीत जारी रही ।

श्री सौमाया ने बाद में बताया कि बातचीत के दौरान मुख्य रूप से, पाकिस्तान द्वारा भारत में सिख आतंकवादियों को दिए जाने वाले बढ़ावे के विभिन्न पहलुओं पर जोर दिया गया क्योंकि अन्य तीन मुद्दे इससे जुड़े हुए हैं ।

भारत व पाकिस्तान की दो दिन की वार्ता

उसके बाद सिख आतंकवादियों के पाक की गुप्तचर एजेंसियों के सम्बन्धों के बारे में भारत ने पाकिस्तान को सबूत भी दिए हैं । लगभग 300 सिख पाकिस्तान गए, जहां उन्हें भड़काया गया और प्रशिक्षण व हथियार दिए गए । इन ठिकानों को यहां 'सुरक्षित घर' कहा जाता है । पिछले वर्ष इससे कहीं अधिक भावी आतंकवादी पाकिस्तान गए और इस वर्ष उनकी संख्या और भी बढ़ी है । भारत पाकिस्तान को स्पष्ट रूप से बता चुका है कि उसका

(शेष पृष्ठ 10 पर)

# उग्रवादियों द्वारा दुकानदार और डेरे के महंत की हत्या

## अमृतसर की दो आबादियों में कर्फ्यू लगा कर सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी : गुरदासपुर में दुकान जला दी : बटाला में रिवाल्वर छीना

चंडीगढ़, 21 दिसम्बर (प्रै., यू., वा.): आतंकवादियों ने आज प्रातः तरसिक्का गांव में एक दुकानदार की गोली मार कर हत्या कर दी तथा एक अन्य व्यक्ति को घायल कर दिया ।

होशियारपुर के गांव पंजोड़ा में एक डेरे के महंत की हत्या कर दी गई ।

अमृतसर की दो आबादियों में प्रातः कर्फ्यू लगा कर पुलिस व सुरक्षा बलों ने घर-घर जाकर तलाशी ली तथा कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया ।

कल रात जिला अमृतसर में दो स्थानों पर सुरक्षा बलों पर हमले किए गए ।

**3 नेता गिरफ्तार**

राज्य में शांति भंग करने के जुर्म में अकाली दल (बादल) के तीन और नेताओं को गिरफ्तार किया गया है । ये नेता हैं सुच्चा सिंह छोटेपुर, विधायक हरदयाल सिंह राजला और संत अजीत सिंह ।

**दुकानदार की हत्या**

अमृतसर से कमलेश और अशोक सोनी की सूचना के अनुसार थाना मेहता के गांव तरसिक्का में आज प्रातः साढ़े सात बजे दो स्कूटर सवार आतंकवादियों ने, जिन्होंने पगड़ियां बांधी हुई थीं और लोइयां ओढ़ रखी थीं, किरयाना विक्रेता श्री बृजलाल (65) की गोली मार कर हत्या कर दी । एक राहगीर अमरनाथ को भी एक गोली लगी जिससे वह घायल हो गया । उसे अमृतसर के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है । अमरनाथ ने बताया कि मृतक बृजलाल आतंकवाद से घबरा कर करनाल में रहने लगा था, बताया जाता है कि वह कल ही अपने लड़के को मिलने के लिए यहां आया था जिसकी तरसिक्का में किरयाना की दुकान है । मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि वहां से गोलियों के जो खोल मिले हैं, उनसे प्रकट होता है कि आटोमैटिक गन इस्तेमाल की गई है ।

श्री अमरनाथ ने बाद में अस्पताल में सम्वाददाताओं को बताया कि जब वह गांव के पास एक स्थान पर लकड़ियां पहुंचा कर वापस बाजार आ रहे थे उसी समय उन पर गोलियां चलाई गई । उन्होंने कहा कि हमलावरों की आयु 20 से 22 वर्ष के बीच थी । घटना के समय आस-पास अनेक महिलाएं खड़ी थीं लेकिन उन्हें कोई हानि नहीं पहुंची ।

**मनजीत लोगों को धमकाता था**

खुड्डा बस हत्या कांड में शामिल कथित उग्रवादी मनजीत सिंह उर्फ भिंदी जो गत दिवस अमृतसर के आजाद नगर से पकड़ा गया था, के बारे में पता चला है कि वह जिस मकान में शरण लिए हुए था, उसका मालिक भाग गया है । बताया जाता है कि मनजीत सिंह के पास न बिस्तर था न कपड़े, अन्य सामान भी वह मकान-मालिक का ही इस्तेमाल करता था । वह मजदूरों के साथ रहता था । सारा दिन पतंग उड़ाता या ताश खेलता, मगर रात को वह गायब रहता था । रोटी की बजाय वह डबल रोटियां ही मंगवाता था और मछली तीन-तीन किलो मंगवा लिया करता था । स्वयं भी खाता और मजदूरों को भी खिलाया करता था । मुहल्ला वालों ने बताया कि वह हर एक से कटु व्यवहार करता और धमकाता था कि उनसे निपट लिया जाएगा ।

**घर-घर की तलाशी**

प्रै.ट्र. के अनुसार पुलिस और सुरक्षा बलों ने आज पुतलीघर क्षेत्र में दो आबादियों में आतंकवादियों तथा संदिग्ध व्यक्तियों को उनके अड्डों से निकालने के लिए घर-घर जाकर तलाशी ली । इन दो आबादियों निक्का सिंह कालोनी तथा गुरु नानकवाड़ा में कार्रवाई करने से पहले प्रातः 6 बजे कर्फ्यू लगा दिया गया जो कि 3 घंटे जारी रहा । इसके बाद कर्फ्यू हटा लिया गया ।

पिछले तीन दिनों में आतंकवादियों की तलाश करने की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है । इससे पूर्व शुक्रवार को सुबह खालसा कालेज के निकट कोट खालसा कालोनी में ऐसे ही तलाशी ली गई थी । पुलिस सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के लिए आधा दर्जन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है । अधिकारियों ने इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देने से इन्कार कर दिया ।

**एक सूचना के अनुसार पुलिस को इस 'सर्च आप्रेशन' के दौरान अवैध हथियार भी मिले हैं ।**

**गश्ती दल पर हमला**

अजनाला से 15 किलो मीटर दूर राजा सांसी हवाई अड्डे के निकट कल रात सी.आर.पी. के गश्ती दल पर आक्रमण करके कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने एक कांस्टेबल को घायल कर दिया ।

अधिकारियों ने बताया कि कुछ सशस्त्र व्यक्ति पास की झाड़ियों में छिपे बैठे थे । हमले के बाद पुलिस बल की ओर से गोलियां चलाए जाने के बावजूद वे फरार होने में सफल रहे ।

दो घंटे के अन्दर-अन्दर सुरक्षा कर्मियों पर यह दूसरा हमला था । इससे पहले दरबार साहब के चौक घंटा घर क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों पर देसी बम फैंका गया था ।

**महंत की हत्या**


होशियारपुर से प्रद्युम्न की सूचना है कि यहां से

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sanatani



बाघापुराना के निकट गांव रोडे में उग्रवादियों के हाथों मारे गए दुकानदार राम सरूप (45) और उनका 18 वर्षीय लड़का बेअंत कुमार। (छाया : मित्तल)



पातड़ां में गत दिनों मारे गए उग्रवादी (बाएं) बूटा सिह तथा (दाएं) मंदर सिंह (छाया : वर्मा)

## उग्रवादियों द्वारा हत्याएं

(पृष्ठ 3 का शेष)

35 किलो मीटर दूर पंजोड़ा गांव में एक डेरे के महंत की किसी ने हत्या कर दी । एस.एस.पी. श्री जैन के अनुसार यह डेरा गांव से बाहर है । महंत सो रहा था कि किसी ने उसकी हत्या कर दी । इस हत्या से आतंकवाद का कोई सम्बन्ध है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है ।

**रिवाल्वर छीना**

गुरदासपुर (वा.): तीन व्यक्ति कल रात गुरदासपुर के मुहल्ला नवीं आबादी के ओंकार सिंह से उनका लाइसैंसी रिवाल्वर तथा 25 कारतूस छीन कर भाग गए । पुलिस ने बताया कि तीनों व्यक्ति पैदल आए थे । श्री ओंकार सिंह बटाला के एक सिनेमा घर के प्रबन्धक हैं ।

बटाला में कल रात कुछ उपद्रवियों ने एक दुकान में आग लगा दी । पुलिस ने बताया कि आग से हुई क्षति का अनुमान अभी लगाया नहीं जा सका है ।

**छावनी में घुसपैठ की कोशिश**

विलम्ब से प्राप्त सूचना के अनुसार तीन संदिग्ध व्यक्तियों ने शुक्रवार को रात को भटिंडा छावनी के प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश की । अधिकृत सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति पैदल ही आए तथा गार्डों द्वारा चुनौती दिए जाने पर आगे बढ़ गए । इस पर गार्डों ने हवा में गोलियां चलाईं जिस पर वे अंधेरे की आड़ में भाग निकले ।

**पुलिस अधिकारियों की बैठक**

इसी बीच फरीदकोट, भटिंडा, फिरोजपुर और लुधियाना के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक गत सायं मोगा में हुई जिसमें चार जिलों की कानून व्यवस्था की स्थिति पर विचार हुआ । बैठक की अध्यक्षता फिरोजपुर रेंज के डी. आई.जी. श्री डी.एस. मोही ने की ।

**फतेहगढ़ चूड़ियां में छापे**

फतेहगढ़ चूड़ियां (सुभाष शर्मा): पुलिस ने कल यहां तथा आसपास के कई गांवों में छापे मार कर संदिग्ध आचरण वाले कई व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया । एक व्यक्ति गुरदयाल सिंह फूल को भी हिरासत में लिया गया । उसके घर से पंथक कमेटी व अकाल फैडरेशन का कुछ साहित्य भी मिला ।

Punjabi Sangtani

# मुठभेड़ों में 2 उग्रवादी मारे गए, 6 लोगों के हत्यारे बंदी

*मृत उग्रवादी अमृतसर के विभिन्न हत्या काण्डों में वांछित थे, पंजाब में लूटपाट की कई वारदातें*

## कर्फ्यू लगा कर तलाशियां, कई आतंकवादी गिरफ्तार

चंडीगढ़, 22 दिसम्बर (यू. प्रै.): आज तड़के अमृतसर जिले के सीमांत क्षेत्रों में हुई दो मुठभेड़ों में दो उग्रवादी मारे गए, जबकि आज चौथे दिन भी अमृतसर के कुछ भागों में सुरक्षा बलों ने कर्फ्यू लगा करके घरों की तलाशी ली और कई उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए। अमृतसर जिले के बलबावा ग्राम में एक परिवार की एक महिला, तीन बच्चों सहित 6 लोगों की हत्या करने वाले गिरोह के दो सदस्यों कंवल जीत सिंह तथा कुलवंत सिंह को गुरदासपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

**2 उग्रवादी मरे**

अमृतसर से विभिन्न सम्वाददाताओं के अनुसार आतंकवादी गतिविधियों में संलग्न दो सशस्त्र उग्रवादी तड़के सीमा पट्टी क्षेत्र में मुठभेड़ों में मारे गए। शहर में आज लगातार चौथे दिन पुलिस और सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की धरपकड़ जारी रखी।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने सम्वाददाताओं को बताया कि खालड़ा इलाके में आज प्रातः 3 बजे भारत-पाक सीमा पर एक नाले के पुल के निकट दो सशस्त्र व्यक्तियों को स्कूटर पर जाते देख पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस द्वारा चेतावनी देने पर उन्होंने गोलियां चलानी शुरू कर दीं। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई जिससे एक व्यक्ति वहीं ढेर हो गया, जबकि दूसरा स्कूटर छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस गश्ती दल ने उसका पीछा कर वल्टोहा के निकट मुठभेड़ में मार डाला।

पुलिस ने आतंकवादियों से हथियार, कारतूस, दो रिवाल्वर और दो किलो अफीम बरामद की।

अमृतसर के एस.एस.पी. मोहम्मद इजहार आलम ने बताया कि मृत उग्रवादियों के पास से एक अमरीकी एफ-61 सब मशीनगन बरामद हुई। उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ पांच घंटे तक चली थी। एस.एस.पी. ने आज घटनास्थल का व मंड क्षेत्र का दौरा किया था। उन्होंने कहा कि सम्भवतः मृत उग्रवादी अत्यन्त दुर्दांत थे और इनकी शिनाख्त शीघ्र ही हो जाएगी। पुलिस को सूचना मिली थी कि 10 कारतूसों की मैगजीन वाला यह हथियार उग्रवादियों ने कई वारदातों में इस्तेमाल किया था।

एस.एस.पी. का कहना है कि पिछले सप्ताह अमृतसर में हुई वारदातों में भी उग्रवादियों ने यही हथियार इस्तेमाल किया था। ऐसा हथियार पहली बार पकड़ा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 13 दिसम्बर को विजय नगर क्षेत्र में डाक्टर केवल कृष्ण भाटिया व दो अन्य की, 19 दिसम्बर को एक पुलिस इंस्पैक्टर के स्कूल जा रहे 15 वर्षीय बेटे की और तरसिक्का में कल एक दुकानदार की हत्या में भी यही हथियार इस्तेमाल किया गया था। मृत उग्रवादियों से 55 बोर का रिवाल्वर भी मिला जो पुलिस व अर्ध सैनिक बलों द्वारा प्रयुक्त किए जाने वाले रिवाल्वर से अलग है। उन्होंने बताया कि जिस पुल पर पहली मुठभेड़ हुई वह जगह उग्रवादी अपनी योजना बनाने व फरार होने के लिए इस्तेमाल करते थे। पहली मुठभेड़ रात 9.30 बजे हुई।

उन्होंने बताया कि पुलिस दल का नेतृत्व कर रहे इंस्पैक्टर जागीर सिंह उस समय बाल-बाल बच गए जब उग्रवादियों द्वारा चलाई गई गोलियां उनकी जीप में लगीं। एक उग्रवादी वहीं मारा गया जिससे भारी संख्या में कारतूस व .45 का रिवाल्वर मिला। दूसरा उग्रवादी मंड क्षेत्र की ओर फरार हुआ पर चार घंटे तक 20 किलो मीटर तक पीछा करके उसे घेर लिया गया। उसने इसी अमरीकी हथियार से आधे घंटे तक पुलिस का मुकाबला किया।

उन्होंने स्वीकार किया कि उग्रवादियों के पास और एफ.सी.-61 अमरीकी हथियार हो सकते हैं।

**कर्फ्यू लगा कर तलाशी**

प्रवक्ता ने कहा कि मजीठा रोड पर गोपाल नगर इलाके में आज सुबह कर्फ्यू लगाकर पूरा इलाका सीलबंद कर दिया गया। पुलिस और सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए घर-घर की तलाशी ली। चार घरों से करीब तीन संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने गत शुक्रवार से कई जगह इसी तरह

(शेष पृष्ठ 8 पर)

## आतंकवादियों के आश्रयदाताओं पर पुलिस हाथ नहीं डालती : डांग

अमृतसर, 22 दिसम्बर (सोनी): कम्युनिस्ट नेता कामरेड सतपाल डांग ने मुख्यमंत्री श्री सुरजीत सिंह बरनाला को एक पत्र लिखा है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि उनकी सूचना के अनुसार पुलिस को ऐसे कई व्यक्तियों का पता है, जो आतंकवादियों को आश्रय देते हैं परन्तु उन पर हाथ डालने से पुलिस कतराती है क्योंकि वे काफी 'प्रभावशाली' हैं। इस पत्र की प्रति उन्होंने प्रैस को जारी कर दी है।

इसमें कहा गया है कि सरकार द्वारा की गई यह घोषणा कि जो व्यक्ति आतंकवादियों और हत्यारों को आश्रय देगा, उसकी सम्पत्ति जब्त कर ली जाएगी, काफी प्रभावशाली हो सकती थी यदि ऐसे 'प्रभावशाली आश्रयदाताओं' पर भी सख्ती से हाथ डाला जाता।

श्री डांग ने कहा है कि उनका दृढ़ मत है कि यदि इन प्रभावशाली आश्रयदाताओं पर हाथ डाल लिया जाए तो आतंकवादियों के आश्रयदाताओं की गिनती नाममात्र रह जाएगी। श्री डांग ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बाबा जोगेन्द्र सिंह द्वारा पंजाब के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में किए जा रहे विषैले प्रचार का भी उल्लेख किया है और कहा है कि बाबा जोगेन्द्र सिंह आज कल जिस तरह से जनसभाएं करके विषैला प्रचार और भड़काहट वाले भाषण दे रहा है वह मुख्यमंत्री की उस घोषणा का मुंह चिढ़ा रहा है जिसमें कहा गया है कि बाबा को उत्तेजक भाषणों की छूट नहीं दी जाएगी।

श्री डांग ने कहा कि बाबा जिस तरह अपने साथ कई 'सशस्त्र अंगरक्षक' लिए घूम रहा है, नहीं कहा जा सकता कि उसके अंगरक्षकों द्वारा उठाए हुए हथियार अवैध हैं या लाइसैंसशुदा। प्रशासन का इस ओर से आंख मूंदना आश्चर्य का विषय है।

उन्होंने कहा कि जहां उनके साथी कम्युनिस्ट नेताओं को, जिन्हें आतंकवादियों द्वारा धमकियां मिल रही हैं, को तो हथियारों के लाइसैंस जारी करने में प्रशासन टालमटोल से काम ले रहा है, बादल अकाली दल का एक नेता स्पष्ट घोषणाएं कर रहा है कि उसने जालन्धर में अपने आदमियों को सब से ज्यादा लाइसैंस लेकर दिए हैं। स्पष्ट है कि प्रशासन की कार्य पद्धति में कहीं कसाव की जरूरत है।

इसी बीच पंजाब स्त्री सभा की महासचिव श्रीमती विमला डांग ने कहा है कि 15 दिसम्बर को अमृतसर के गांव बलबावा में हुए नृशंस हत्याकांड के पीछे कोई ठोस कारण नहीं था और यह जघन्य

## वीडियो की चोरी की रोकथाम के लिए कानून शीघ्र

हैदराबाद, 22 दिसम्बर (न्यू.टा.): आंध्र प्रदेश सरकार वीडियो चोरी की रोकथाम के लिए एक कानून बनाने पर विचार कर रही है। यह बात मुख्यमंत्री श्री एन.टी. रामाराव ने शनिवार को फिल्म

## जी. पार्थसारथी का इस्तीफा

नई दिल्ली, 22 दिसम्बर (यू.): कैबिनेट सैक्रेटेरियट की नीति सलाहकार समिति के अध्यक्ष श्री जी. पार्थसारथी ने पद से त्यागपत्र दे दिया है।

जानकार सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने बड़े 'खेद के साथ' त्यागपत्र स्वीकार कर लिया है।

श्री पार्थसारथी के अचानक त्यागपत्र देने का कारण अभी पता नहीं चल सका है। वह इसके पहले विदेश मंत्रालय में नीति नियोजन समिति के प्रमुख थे। प्रधानमंत्री श्री गांधी ने इस समिति को

Punjabi Sanatani

## उग्रवादी मारे गए

(पृष्ठ 3 का शेष)

घर-घर तलाशी लेकर करीब 24 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है ।

पुलिस ने क्षेत्र से सात संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया । इसी तरह की तलाशी अजनाला के पास के गांवों में भी ली गई और करीब एक दर्जन लोगों को पकड़ा गया ।

एक अन्य घटना में कल रात स्टेनगन से लैस 7-8 व्यक्तियों का एक गिरोह मजीठा इलाके के सेसर्न खुर्द गांव में जागीर सिंह नामक व्यक्ति के घर में घुसकर उसकी लाइसैंसशुदा बंदूक और कारतूस छीनकर फरार हो गया ।

तरनतारन इलाके के काडगिल गांव में आज सुबह तीन उग्रवादी एच.एस. हुंडल से उनका वैस्पा स्कूटर पी.यू.ओ. 5767 छीनकर फरार हो गए ।

अमृतसर ज़िले में स्कूटर छीनने की दो और वारदातें हुई । तरनतारन के सदर क्षेत्र में दो उग्रवादियों ने मदेरवाल ग्राम के बलकार सिंह से उसका स्कूटर छीन लिया । अमृतसर शहर में महेंद्र हाऊस के पास दो उग्रवादियों ने मनोज शर्मा से उनका स्कूटर छीन लिया ।

### गोली मार कर ठेका लूटा

आज सायं अमृतसर के सुल्तानविंड गेट क्षेत्र में तीन उग्रवादियों ने एक शराब के ठेके के कर्मचारी जनक राज को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया और ठेके से 1500 रु. लूट लिए ।

### कंवलजीत गिरफ्तार

गुरदासपुर व बटाला से विभिन्न सम्वाददाताओं के अनुसार गुरदासपुर पुलिस ने एक उग्रवादी कंवलजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया जो उस गिरोह का सदस्य है जिसने हाल ही में अमृतसर जिले के बलबावा ग्राम में एक ही परिवार के एक महिला, तीन बच्चों सहित छः सदस्यों की हत्या की थी । जिला पुलिस चीफ जे.पी. विरदी ने बताया कि कंवलजीत सिंह कल रात उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह बटाला सदर पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम डड्डू जौहड़ के पास एक साइकल पर जा रहा था ।

श्री विरदी ने बताया कि कंवल जीत सिंह के साथ कुलवंत सिंह भी गिरफ्तार किया गया । कुलवंत सिंह व कंवल जीत सिंह से एक कार्बाइन भी मिली । इन दोनों ने ही विभिन्न हत्याकांडों में हाथ होना स्वीकार किया ।

श्री विरदी ने बताया कि उसकी पगड़ी व साइकल की गद्दी के साथ की पाइप से 12 बोर की एक पिस्तौल और 9 कारतूस बरामद हुए। उन्होंने बताया कि पुलिस को देखकर उसने पिस्तौल खेत में फैंक दी थी जो बाद में बरामद की गई । कंवलजीत सिंह ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वह अवतार सिंह रूपेवाली के गिरोह का सदस्य है । उसने व उसके साथियों ने गत सप्ताह बरनाला मंत्रिमंडल के बर्खास्त मंत्री निर्मल सिंह काहलों के पी.ए. निर्मल सिंह निम्मां की हत्या की थी । इसी गिरोह ने रूपेवाली ग्राम में एक स्कूल शिक्षक को घायल किया था ।

गुरदासपुर में बी.एस.एफ. ने फतेहगढ़ चूड़ियां

**6 यात्रियों की पहचान**

हमारे संवाददाता श्री सीता राम खजूरिया जो घटना स्थल से शिमला वापस लौटे हैं, ने अधिक विवरण देते हुए कहा है कि जिन छः लोगों की पहचान हुई है, उनमें (1) खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का सब-इंस्पैक्टर कृपा सिंह जो काबो में लगा था, अपने घर आ रहा था। (2) हमीरपुर का जूनियर इंजीनियर हरेंद्र किशोर शर्मा गांव सेर महल भुरंज का रहने वाला है। (3) भीखम राम में कांस्टेबल है और कुल्लू के निरमंड क्षेत्र के गाव बेल का रहने वाला है (4) राजेंद्र कुमार जो बस का ड्राइवर है, वह भी हमीरपुर का रहने वाला है। इसने हमीरपुर से कुछ समय पहले अपना तबादला टापरी क्षेत्र में स्वयं करवाया था (5) अपूर्वा मजूमदार यह भाभा परियोजना में काम करने वाली निर्माण कम्पनी का कर्मचारी था (6) पदम देव जो बस का कंडक्टर था अरकी क्षेत्र का रहने वाला था।

यह दुर्घटना कंडा नाला की ढलान पर हुई है। लाशें एक किलोमीटर नीचे और 100 मीटर की चौड़ाई में चट्टानों में फंसी हुई थीं। पांच लाशें टूटी-फूटी बस की बाडी के नीचे गिरी पड़ी थीं। बस का एक-एक पुर्जा अलग-अलग हो गया है। जो बच्ची जीवित बची है वह आठ-नौ महीने की लगती है और अभी इसके दूध के दांत भी नहीं आए हैं। यह अपनी मां की लाश के पास पड़ी रो रही थी। वह कपड़े में लिपटी हुई थी और उसे हल्की-सी खरोंचें आई हैं।

कुल 47 लाशें बरामद कर ली गई हैं। इन्हें रामपुर अस्पताल ले जाया गया है। इनमें 36 पुरुष, 5 औरतें, 2 छोटी लड़कियां और 4 छोटे-छोटे लड़के हैं। 32 हजार रुपए कैश मिल चुका है। अभी तक बिस्तरबंद और अटैची, बक्से, ट्रंक आदि नहीं खोले गए हैं।

दुर्घटना 11 बज कर 15 मिनट पर हुई क्योंकि एक यात्री की घड़ी 11 बजकर 15 मिनट पर रुकी हुई है। इसी स्थान पर कुछ दिन पहले एक आदमी ने छलांग लगा कर आत्महत्या भी की थी। घटना की सूचना ग्राम पंचायत प्रधान बनार भूप राज वर्मा को मिली। वह घटनास्थल पर भी गया और उसने यह सूचना अगले दिन लगभग 11 बजे रामपुर में टैलीफोन से दी और बड़ाग्राम पंचायत के प्रधान सुरेंद्र गुप्ता और वर्मा ने मिलकर शवों को निकालने का

# चार उग्रवादी व एक पाक जासूस गिरफ्तार, तीन द्वारा आत्मसमर्पण, ग्रामीण क्षेत्रों में तलाशियां

चंडीगढ़, 23 दिसम्बर (यू., प्रै.): अमृतसर पुलिस ने पंजाब में लूटपाट व हिंसा की दो दर्जन वारदातों में वांछित दो उग्रवादी गिरफ्तार कर लिए जबकि तीन भूमिगत युवकों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया । कल रात्रि ही अमृतसर के सुल्तानविंड गेट क्षेत्र में तीन उग्रवादियों ने शराब ठेके के कर्मचारी जनक राज को गोली मार कर घायल कर दिया और ठेके से 1500 रुपए लूट लिए । फगवाड़ा के पास उग्रवादियों ने एक घर में डकैती डाली । होशियारपुर पुलिस व सी.आर.पी. ने आज तड़के क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में छापे मार कर उग्रवादियों की तलाश की । डेरा बाबा नानक क्षेत्र में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाला किरपाल सिंह तथा गुरदासपुर सैक्टर के कई ग्रामों की तलाशी के दौरान दो उग्रवादी और पकड़े गए ।

**उग्रवादी गिरफ्तार**

अमृतसर पुलिस ने कल तरनतारन क्षेत्र में दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा है । इनके नाम गुरसेवक सिंह एवं इंदरजीत सिंह हैं ।

अमृतसर के पुलिस चीफ महम्मद इज़हार आलम ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि इन दोनों व्यक्तियों ने स्वीकार किया है कि वे एक छः सदस्यीय गिरोह के सदस्य हैं । यह गिरोह अमृतसर, श्री हरगोबिंदपुर एवं तरनतारन में पिछले कुछ महीनों के दौरान हुई कम से कम उन्नीस डकैती, चोरी एवं हथियार छीनने की वारदातों में शामिल था । इन्होंने सात डकैतियों में तो हथियार ही छीने थे ।

पुलिस ने इन दोनों से दो चोरी की दुनाली बंदूकें बरामद की हैं । गिरोह के अन्य चार सदस्य अभी भी गिरफ्तार हैं ।

दोनों अपराधियों ने अपने कई नाम रख छोड़े हैं । कलेरां ग्राम के गुरसेवक को मल्ली, काला एवं करतार सिंह के नाम से भी जाना जाता है जबकि बुन्दाला ग्राम के इंदरजीत सिंह को नाई के नाम से जाना जाता है ।

**तीन द्वारा आत्मसमर्पण**

इसी बीच जून 1984 में आपरेशन ब्ल्यू स्टार के बाद से अपने घरों से भागे हुए तीन सिख युवकों अवतार सिंह, बाज सिंह एवं परगट सिंह ने कल पट्टी में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया ।

श्री आलम ने बताया कि प्रारम्भिक पूछताछ के बाद कई मामलों में वांछित तीनों युवकों को अपने घर जाने की इजाजत दे दी गई है, ताकि वे सामान्य जीवन जी सकें ।

**शराब का ठेका लूटा**

अमृतसर के ही सुलतानविंड क्षेत्र में कल रात तीन अज्ञात व्यक्तियों ने शराब के ठेके के एक कर्मचारी जनक राज को घायल कर दिया और ठेके से 1500 रुपए लूट लिए । जनक राज को गम्भीर अवस्था में गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

**पाक जासूस बंदी**

गुरदासपुर क्षेत्र में बी.एस.एफ. के जवानों ने पिछले 24 घंटों के दौरान दो आतंकवादियों और एक पाकिस्तानी जासूस को पकड़ा । बी.एस.एफ. और पुलिस द्वारा 21-22 दिसम्बर की आधी रात को डेरा बाबा नानक इलाके में संयुक्त नाकेबंदी के दौरान लुधियाना जिले के बुलोडी गांव का किरपाल सिंह पकड़ा गया । उस पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का संदेह है ।

इस बीच पंजाब में सीमा सुरक्षा बल आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए नाकेबंदी की कार्रवाई जारी रखे हुए है । गुरदासपुर सैक्टर में कई गांवों की तलाशी के दौरान दो उग्रवादी पकड़े गए । ये हैं : दूधी जोड़ गांव का कमलजीत सिंह और अमृतसर के सिंहोके गांव का बूटा सिंह । उनके पास दो 12 बोर की बंदूकें और कारतूस बरामद हुए ।

बटाला की एक सूचना के अनुसार गुरदासपुर जेल से कुलबीर सिंह संधू नामक एक पत्रकार को रिहा कर दिया गया जिसे 22 नवम्बर को इंका नेता व पंजाब पुलिस के भू.पू. महानिदेशक प्रीतम सिंह भिंडर के चाचा मेवा सिंह भिंडर के कत्ल के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था । फतेहगढ़ चूड़ियां के पत्रकार गुरदयाल सिंह फल्ल को भी आज रिहा कर दिया गया । उसे उग्रवादियों से सम्बन्ध रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था ।

**ग्रामीण क्षेत्रों में छापे**

होशियारपुर (प्रद्युम्न) : होशियारपुर पुलिस और सी.आर.पी.एफ. ने सुबह-सवेरे ज़िला के चार देहात में छापे मारे । इन देहात का नाम चकराजू, काठी अधिकारे, मैगोवाल और बटालामाही हैं । चारों देहात में एक-एक घर ही तलाशी ली गई जो पांच घंटे तक जारी रही । तलाशी में लगभग 150 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया । ये सब इन देहात में बाहर से आए हुए थे । सम्बद्ध पंचायतों की पुष्टि के बाद एक ग्रंथी इंद्रजीत सिंह के सिवा बाकी सबको छोड़ दिया गया । ग्रंथी से पूछताछ जारी है । एक पुष्ट सूचनानुसार गत दिवस जालन्धर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की जो मीटिंग हुई थी, उसमें यह फैसला किया गया था कि जालन्धर डिविजन के उन देहात में छापे मारे जाएं जहां उग्रवादियों के छिपने की आशंका है । चुनांचे ये

(शेष पृष्ठ 6 पर)

Punjabi Sanatani

## उग्रवादी, जासूस गिरफ्तार

(पृष्ठ 3 का शेष)

छापे उसी निर्णय के अनुसार मारे गए हैं । किन-किन देहात में मारे जाएं, इस बात को गुप्त रखा गया था । बताया जाता है कि छापों का यह सारा सिलसिला अभी जारी रहेगा ।

पुलिस क्षेत्रों से पता चला है कि उन सभी जगहों पर छापे मारे जाएंगे जहां उग्रवादियों के शरण स्थल होने का संदेह है ।

### संधू गिरफ्तार

होशियारपुर पुलिस ने आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के भू.पू. प्रैस सचिव मंखजिदर सिंह संधू को कल रात गिरफ्तार कर लिया जो पिछले कई महीनों से भूमिगत था । वह कई महीने अमृतसर में छिपा रहा । उससे कई महत्वपूर्ण सूचनाएं मिलने की सम्भावनाएं हैं ।

जालन्धर की एक सूचना है कि होशियारपुर पुलिस ने जालन्धर जिले के रामपुर ग्राम के एक इलैक्ट्रीशियन दिलबाग सिंह को संधू को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है ।

फगवाड़ा (यू.) : गत रात्रि पांच उग्रवादियों ने रणाचौर ग्राम के एक व्यक्ति के घर में घुसकर परिवार के सारे सदस्यों को कमरे में बंद कर दिया और 1200 रुपए से अधिक की नकदी लेकर भाग निकले । उन्होंने जेवरात आदि भी लूटने का प्रयास किया पर ताले न तोड़ सके । बाद में जब घर वालों ने शोर मचाया तो पड़ोसियों ने दरवाजा खोल कर उन्हें निकाला ।



गत दिवस दोराहा में आतंकवाद का शिकार हुआ अकाली बचन सिंह । (छाया : आनंद)

लुधियाना (धीमान) : न्यू साइकल मार्केट गिल रोड के एक दुकानदार विजय कुमार पर गत रात तीन उग्रवादियों ने हमला करके उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया । उग्रवादियों ने इस क्षेत्र के एक व्यक्ति बलविंदर सिंह पर भी फायरिंग की मगर वह बच गया ।

बताया गया है कि विजय कुमार अपनी दुकान बंद करके अपने एक कर्मचारी के साथ घर जा रहा था कि प्रभात नगर में उसे तीन स्कूटर सवार उग्रवादियों ने घेर लिया और उस पर तीन गोलियां चलाईं, जो उसके बाजू, उसकी टांग और एक गोली पेट में लगीं ।

विजय कुमार के नौकर ने शोर मचाया तो उग्रवादियों ने उसे भी घायल कर दिया । शोर सुनकर निकट रहने वाले एक व्यक्ति बलविंदर सिंह ने अपने मकान की छत पर जाकर उग्रवादियों पर ईंटें बरसाईं, जिससे एक उग्रवादी घायल हो गया । बताया गया है कि उग्रवादियों ने बलविंदर सिंह पर भी गोलियां चलाईं । मगर वह बच गया । बताया गया है कि विजय कुमार की हालत गंभीर है और वह अस्पताल में भर्ती है ।

लुधियाना के टिब्बा ग्राम के पास चार उग्रवादियों ने एक व्यक्ति से उसका मोटर साइकिल छीन लिया, जो बाद में साहनेवाल के पास पड़ा मिला ।

### मोगा में फायरिंग

फरीदकोट जिले के मोगा में भुट्टर के निकट एक अन्य घटना में संदिग्ध आतंकवादियों ने विनोद कुमार नामक एक दुकानदार को गोली मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया । हमलावर पैदल ही आए तथा वारदात के बाद फरार हो गये ।

विनोद कुमार को स्थानीय अस्पताल में दाखिल करा दिया गया है ।

### स्कूटर छीना

दसूहा से झावर के अनुसार यहां से 25 किलोमीटर दूर थाना टांडा के गांव मसीतपल कोट में दो अज्ञात केशधारी युवकों ने पिस्तौल की नोक पर इकबाल सिंह नामक एक व्यक्ति का स्कूटर, नम्बर पी.ए.एक्स. 4910 छीन लिया तथा फरार हो गए । इन युवकों की आयु 25 से 30 वर्ष तक की थी ।

गुमशुदा की तलाश

मेरा लड़का हरीश कुमार उर्फ पप्पू, उम्र 27½ साल, कद 5'-7½", बाल भूरे, रंग गोरा, बिल्ली आंखें 16.12.86 से लुधियाना से लापता है । पहुंचाने वाले को पांच हज़ार रुपए शुक्राना दिया जाएगा ।



दित्त राम अरोड़ा
NM-95, मुहल्ला करार खां,
जालंधर । टैलीफोन : 78916.

## सुर्जन ठेकेदार गिरफ्तार

लुधियाना, 23 दिसम्बर (यू.): बादल अकाली दल के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री सुर्जन सिंह ठेकेदार को आज केशगढ़ गुरुद्वारा के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया है ।

पुलिस ने बताया कि श्री ठेकेदार को शांति-भंग की आशंका में गिरफ्तार किया है । श्री ठेकेदार को यहां लाया गया है तथा उन्हें लुधियाना जिला जेल में बंदी बनाया गया है ।

### कलम छोड़ हड़ताल

इस बीच अमृतसर में आज शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने सहायक सचिव श्री अविनाशी सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में आधे दिन की कलम छोड़ो हड़ताल की । कर्मचारियों ने एक प्रस्ताव पारित कर उनकी गिरफ्तारी की निंदा की । प्रस्ताव में कहा गया कि श्री अविनाशी सिंह की गिरफ्तारी से सरकार ने कर्मचारियों को भी राजनीति में धकेल दिया है ।

## लाहौर का गुरुद्वारा शहीदगंज मस्जिद बनाया जाने लगा

अमृतसर, 23 दिसम्बर (सोनी): समाचारपत्रों में छपे इस समाचार की पाक सरकार लाहौर स्थित गुरुद्वारा शहीद गंज को मस्जिद में तबदील करने पर विचार कर रही है, पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिरोमणि कमेटी के सचिव श्री भान सिंह ने कहा है कि सिखों के इस ऐतिहासिक गुरुद्वारे को मस्जिद बनाए जाने को सिख कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे ।

उन्होंने बताया कि इस विषय पर शिरोमणि कमेटी अपनी अंतरंग बैठक में विचार करेगी ।

## फार्मर्स फोरम आफ इंडिया की मीटिंग 28 को बंगलौर में


अमृतसर, 23 दिसम्बर (न): फार्मर्स फोरम आफ इंडिया की मीटिंग 28 दिसम्बर को बंगलौर में हो रही है । लोकसभा अध्यक्ष श्री बलराम जाखड़ इसकी अध्यक्षता करेंगे । इस मीटिंग में देश के किसानों को पेश समस्याओं पर विचार किया जाएगा । पंजाब से श्री शमशेर सिंह वलोका इस मीटिंग में शामिल होंगे और मांग करेंगे कि ट्रैक्टरों और कृषि उपकरणों पर से आबकारी शुल्क वापस लिया जाए ताकि किसानों पर माली बोझ कम हो सके ।

गुमशुदा की तलाश

स. नछत्तर सिंह गिल, पुत्र स्वर्गीय स. प्रताप सिंह (सुधार निवासी), आयु 70 वर्ष, कद 5'-2", सफेद कुर्ता, पायजामा, हल्की भूरे रंग की पगड़ी पहने हुए 4 अगस्त, 1986 से लुधियाना से लापता हैं ।

पहचान चिन्ह...
(क) बाईं आंख नकली, पत्थर की बनी हुई ।
(ख) मुंह में कोई दांत नहीं—असली या नकली ।

ढूंढने या पता बताने वाले को खर्च के अतिरिक्त रु. 5000/- बतौर शुक्राना दिये जाएंगे । सूचना नज़दीकी पुलिस स्टेशन या निम्नांकित पते पर दी जा सकती है :



स. बलबीर सिंह गिल, एडवोकेट, बी XX-609/1, प्रेमजीत रोड, गुरदेव नगर, लुधियाना-141001. (फोन नं. : 27978, 27983)

Punjabi Sanatani






Punjabi Sanatani

अकाली दल (लौंगोवाल) की नेता बीबी हरभजन कौर खालसा (ऊपर) की बुधवार को जालंधर में उग्रवादियों ने हत्या कर दी । (नीचे) कोठी का गेट और उसके अंदर बहा खून (इनसैट) बीबी हरभजन कौर का पुराना चित्र

(छाया : जैमिनी, प्यारे, कपूर)




लुधियाना में 24 दिसम्बर को आतंकवादियों की गोलियों के शिकार मृतक वीरेंद्र कुमार (इनसैट) वीरेंद्र कुमार की लाश के पास मिला एक देसी रिवाल्वर (छाया : भाम्बी)

Punjabi Sanatani




श्री वीरेंद्र की बिलखती पत्नी, मां, बच्चे और अन्य संबंधी । (इनसैट) श्री वीरेंद्र का पुराना चित्र ।
(छाया : जगमोहन)











अमृतसर-रेलवे स्टेशन के निकट हुसैनपुरा फाटक के पास वीरवार को रेलपटड़ी पर बम पाए गए । (1) एक अधिकारी पटड़ी पर पड़ा बम देखते हुए । (2) सैनिक विशेषज्ञ बम नाकारा करने की तैयारियां करते हुए । (3) बम बरामद होने का समाचार फैलने के बाद घटनास्थल पर एकत्रित भीड़ । (4) रेलवे ट्राली सारी पटड़ी की चैकिंग के लिए रवाना होते हुए । (5) सी.आर.पी.एफ. और रेलवे पुलिस के जवान रेल लाइन पर गश्त करते हुए ।

(छाया : भंडारी)

# मुठभेड़ों में चार घुसपैठिये मरे, एक हत्या, दो बसें जलाई गईं

## रोडवेज का कार्यालय लूटा, भट्ठों, अन्य जगहों पर लूटपाट

## तरनतारन में अंधाधुंध फायरिंग से 2 घायल

चंडीगढ़, 26 दिसम्बर (प्रै., यू.): संदिग्ध आतंकवादियों ने कल रात भटिंडा में पी.आर.टी.सी. की दो बसों को आग लगा दी ।

तरनतारन में आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके दो व्यक्ति घायल कर दिए ।

मोगा सब डिवीज़न में कुछ क्षेत्रों को सील करके पुलिस ने घर-घर जाकर तलाशी ली ।

गुरदासपुर सीमा पर सुरक्षा बलों से भिड़ंत में एक पाकिस्तानी मारा गया । डेरा बाबा नानक में एक पाकिस्तानी गिरफ्तार किया गया । शिव सेना के प्रधान को गिरफ्तार किए जाने से गुरदासपुर में तनाव पैदा हो गया ।

उग्रवादियों ने बाघा पुराना क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या कर दी ।

खेमकरण सैक्टर में कल रात्रि हरभजन चौकी के पास तीन और पाकिस्तानी घुसपैठिए मारे गए ।

तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार करके होशियारपुर पुलिस ने खुड्डा बस कांड का रहस्य सुलझा लेने का दावा किया है ।

### रोडवेज के डिपो में डकैती

श्रीगंगानगर (प्रै.): आज पंजाब के तीन उग्रवादियों ने यहां राजस्थान रोडवेज के कार्यालय पर हमला करके 50 हज़ार रु. लूट लिए । इसके आलावा 5 अन्य उग्रवादी एक जीप छीन कर फरार हुए पर टायर पंक्चर हो जाने पर जीप छोड़ कर भाग गए ।

### 2 बसों को आग

भटिंडा (यू.): पुलिस ने आज बताया कि गत रात्रि यहां पैप्सू सड़क परिवहन निगम (पी.आर.टी.सी.) के डिपो में कुछ शरारतियों ने दो बसों को आग लगा दी । तथापि फायर ब्रिगेड ने अन्य वाहनों तक आग को फैलने से पहले ही इस पर काबू पा लिया । पुलिस ने अभियुक्तों का पता लगाने के लिए खोजी कुत्ते भी मंगवाए । इस सम्बन्ध में केस दर्ज कर लिया गया है ।

इसी बीच गत रात्रि नगर में बीबीवाला रोड पर दो नकाबपोशों ने एक व्यक्ति के घर का दरवाज़ा खटखटाया। उस व्यक्ति की पत्नी ने दरवाज़ा खोला लेकिन इस बीच क्षेत्र निवासियों के इकट्ठा हो जाने के कारण वे उस स्त्री को कोई हानि पहुंचाए बगैर भाग निकलने में सफल हो गए ।

भटिंडा से 'ग' के अनुसार 300 पुलिस कर्मियों व सी.आर.पी. जवानों ने तलवंडी साबो में नाकाबंदी करके उग्रवादियों की तलाश में दो दर्जन घरों की तलाशी ली और तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया ।

उधर निहाल सिहवाला में विर्क कलां ग्राम में बैंक लूटने के बाद पकड़े गए तीन उग्रवादियों ने सनसनीखेज रहस्योद्घाटन किए हैं ।

### बंदूक छीनी

मोगा (सर्वमित्र): बाघा पुराना पुलिस थाना क्षेत्र के कालेके गांव में कल रात दो संदिग्ध आतंकवादियों ने एक व्यक्ति से दोनाली बंदूक छीन ली ।

खबरों के अनुसार दो बदमाश स्कूटर पर सवार होकर सुखा सिह नामक एक व्यक्ति के फार्म हाऊस पहुंचे और उससे एक राइफल तथा दस कारतूस छीन कर चम्पत हो गए । इस बीच प्रीतम सिह उर्फ फौजी को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । उसे हाल में आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था ।

### 2 लोगों को लूटा

पुलिस ने आज बताया कि गत सायं इस सब डिवीज़न में घोलीखुर्द कलां गांव में तीन व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या करने वाले 3 संदिग्ध आतंकवादियों ने पहले बुध सिह वाला गांव के निकट एक स्कूटर छीना था तथा पिस्तौल की नोक पर दो अलग-अलग स्थानों पर 8500 रुपए छीने । आतंकवादियों ने घोलीखुर्द कलां में सरदूल सिह से 5500 रुपए तथा मलियांकलां गांव में एक भट्ठे के कोषाध्यक्ष से 3000 रुपए छीने ।

### घर-घर तलाशी

इसी मध्य कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए विभिन्न संवेदनशील गांवों में अतिरिक्त अर्ध सैनिक बल भेजे गए हैं । पुलिस ने मोगा नगर तथा तीन गांवों घोलियां कलां, घोली खुर्द व ढालेके को सील करके अवांछित तत्वों को पकड़ने के लिए घर-घर जाकर तलाशी ली ।

### हत्या

मोगा से 'स' के अनुसार कल रात्रि दो उग्रवादियों ने बाघा पुराना के ग्राम साहूके में 35 वर्षीय तरसेम सिह की गोली मार कर हत्या कर दी । तरसेम सिह कई वर्ष बाद अपने पुत्र की वर्ष गाठ मनाने कनाडा से आया था । इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है ।

फिरोजपुर से 'धी' के अनुसार कल जीरा थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहगढ़ पत्रियां में तीन उग्रवादी महिलाओं के वस्त्र पहन कर मोटर साइकलों पर विजय कुमार के घर गए पर घर की महिलाओं ने शोर मचा दिया जिस पर वे फरार हो गए ।

### 3 घुसपैठिए मरे

यू.न्यू. के अनुसार कल रात्रि अमृतसर जिले के खेमकरण सैक्टर में हरभजन चौकी के पास बी.एस.एफ. से मुठभेड़ में तीन और पाक घुसपैठिए मारे गए । बताया जाता है कि 5 घुसपैठिए भारतीय क्षेत्र में प्रविष्ट हो रहे थे । चुनौती दिए जाने पर उन्होंने गोलियां चला दीं । जवाब में बी.एस.एफ. ने भी गोलियां चलाईं । तीन घुसपैठिए मारे गए व दो फरार हो गए ।

### फायरिंग में 2 घायल

अमृतसर (भाषा): यहां से 25 किलो मीटर दूर तरनतारन शहर में जंडियाला मार्ग पर संदिग्ध व्यक्तियों के एक दल ने कल रात अंधाधुंध गोलीबारी करके दो व्यक्तियों को घायल कर दिया । आज यहां प्राप्त सूचनाओं के अनुसार घायल रमेश कुमार और फौजा सिह को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

इस बीच सुरक्षा बलों के जवानों ने घटना के तुरन्त बाद चार व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया, इनसे पूछताछ की जा रही है ।

अमृतसर के पट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम तलवंडी सोभा सिह में सी.आर.पी. व पुलिस ने 8 घंटे तक घर-घर की तलाशी लेकर 10 लोग गिरफ्तार किए ।

सुरक्षा बलों ने सरहाली क्षेत्र में ग्राम फतेहाबाद से उग्रवादी गुरचरण सिह को गिरफ्तार कर लिया ।

झब्बाल क्षेत्र के ग्राम गगूबुआ में 6 उग्रवादियों ने कई हजार रु. लूट लिए ।

### लूटने की कोशिश

सामाना (वर्मा): कल शाम आठ बजे यहां के मच्छी हटरा चौक में नेकीराम नामक एक व्यक्ति 12 बोर की राइफल के साथ श्री खेमचन्द के मकान में घुस गया और उसे लूटने का प्रयास किया। लेकिन उसी समय खेमचन्द के बेटे प्रेम चन्द ने उसे आकर पीछे से दबोच लिया ।

जब प्रेमचन्द ने लुटेरे नेकी राम को दबोच लिया तो उसने धमकी दी कि मुझे तुरन्त छोड़ दो नहीं तो बाहर खड़े मेरे साथी आपके मकान को बमों से उड़ा

(शेष पृष्ठ 8 पर)

# अणु बम के लिए पाक सऊदी अरब के सहयोग से रिएक्टर लगाएगा

न्यूयार्क, 26 दिसम्बर (वार्ता): परमाणु बम | इस बात से इन्कार करते रहे थे कि वे बम बनाना

Punjabi Sanatan

## भटिंडा में बसें जलीं

(पृष्ठ 1 का शेष)

देंगे । मगर जब घर वालों ने उसे छोड़ा नहीं तो बाहर खड़े उसके साथी भाग गए ।

नेकी राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और जांच कर रही है ।

### विपक्षी नेताओं को सुरक्षा दी जाए

फगवाड़ा (भाषा): पंजाब भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष श्री स्वर्णाराम ने अमृतसर के पास कल आतंकवादियों द्वारा रेल लाइन के पास बम रखकर ट्रेन को उड़ाने की कोशिश की कड़ी निंदा की है । इस ट्रेन में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष लालकृष्ण अडवानी यात्रा करने वाले थे । उन्होंने आज एक वक्तव्य में सभी विपक्षी नेताओं की यात्रा के दौरान सुरक्षा की पूरी व्यवस्था करने की भी मांग की ।

पंजाब पुलिस व सी.आर.पी. ने कपूरथला में 60 लोग पूछताछ के लिए हिरासत में लिए हैं ।

### रेलें, बसें भी नहीं चलने देंगे

पटियाला (भूषण): आज यहां एक संयुक्त बयान में आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन की प्रीजिडियम के दो सदस्यों सतविंदर सिंह भोला और चमकौर सिंह रोडे ने फैडरेशन के सभी वर्करों को अपनी गतिविधियां गुप्त रखने तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए कहा है ताकि फैडरेशन की 'पंजाब बंद' की काल प्रभावी सिद्ध हो सके । बयान में कहा गया है कि यह एक पूर्ण बंद होगा और रेलें तथा बसें भी नहीं चलने दी जाएंगी ।

### खुड्डा हत्याकांड में 3 बंदी

होशियारपुर (प्रद्युम्न): आज यहां एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने एक प्रैस इंटरव्यू में बताया कि खुड्डा बस हत्याकांड में, जिसमें 22 यात्री मारे गए थे, का मामला लगभग हल हो गया है । अब तक तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि शेष चार व्यक्ति शीघ्र गिरफ्तार कर लिए जाएंगे । उन्होंने बताया कि खुड्डा बस कांड में वांछित उग्रवादियों को शरण देने के संदर्भ में तलवंडी जलो के दिलबाग सिंह, खुड्डा के विक्रम सिंह और सतोवाली जिला जालन्धर के संतोख सिंह को भारतीय दंड विधान की धारा 216 के अधीन गिरफ्तार कर लिया गया है ।

उन्होंने यह भी बताया कि एक जीप जिसका नम्बर पी.बी.टी. 8844 है और जिसे दलजीत सिंह चला रहा था, पुलिस ने कब्जे में ले ली है । यह जीप भी खुड्डा बस हत्याकांड में किसी न किसी ढंग से प्रयोग में लाई गई थी ।

### शोक में कई बाज़ार बंद

लुधियाना (धीमान): स्थानीय एक औद्योगिक इकाई के अकाऊंट्स अफसर श्री वीरेन्द्र कुमार जिनकी गत मंगलवार को दिन में माडल टाऊन क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी, के अन्तिम संस्कार में गत दिवस सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया । श्री वीरेन्द्र कुमार के शोक में गुड़ मंडी तथा अन्य अनेक बाज़ार कल बंद रहे ।

इस अवसर पर अबरोल इंडस्ट्रीज़, जहां श्री कुमार सेवारत थे, के श्री अविनाश चन्द्र ने घोषणा की कि वह श्री वीरेन्द्र कुमार के परिवार को 11 हज़ार रुपए का अनुदान देंगे । इसके अतिरिक्त उनके परिवार की समय-समय पर सहायता करेंगे । श्री वीरेन्द्र कुमार की ओर बकाया चली आ रही 5 हज़ार रुपए की राशि को नहीं लेंगे । श्री वीरेन्द्र कुमार के शोक संतप्त परिवार में विधवा पत्नी, एक 9 वर्षीय पुत्र व 4 छोटी-छोटी बच्चियां हैं । जिलाधीश श्री लखनपाल ने भी श्री वीरेन्द्र कुमार के परिवार को राज्य सरकार की ओर से 20 हज़ार रुपए की सहायता का चैक प्रदान किया ।

अशोक सोनी के अनुसार आज बाद दोपहर अमृतसर के बस स्टैंड से दो पिस्तौलधारी नौजवान एक व्यक्ति से उसका स्कूटर पी.ए.एक्स. 504 छीन कर ले गए । राम बाग थाना में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है ।

### पाकिस्तानी मरा

गुरदासपुर (वा.): एक पाकिस्तानी नागरिक सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया, जबकि उसके दो अन्य साथी वापस पाकिस्तानी सीमा में चले गए । सीमा सुरक्षा बल ने आज प्रात: एक पाकिस्तानी नागरिक नाजर आलम को डेरा बाबा नानक क्षेत्र से गिरफ्तार किया ।

ज़िला पुलिस प्रमुख जे.पी. विरदी ने आज सम्वाददाताओं को बताया कि आज प्रात: सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने तीन पाकिस्तानी नागरिकों को भारतीय सीमा में प्रवेश करते समय ललकारा । जवानों तथा इन पाकिस्तानियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि दो अन्य वापस पाकिस्तान की सीमा में भाग गए ।

### शिव सेना नेता बंदी

विनोद के अनुसार हिंदू शिवसेना के वर्करों की ओर से पुलिस की मैटाडोर पर पथराव करने के संदर्भ में हिन्दू शिव सेना के ज़िला प्रधान श्री जयचन्द को गिरफ्तार कर लिया गया है । बताया गया है कि गत रात 8 बजे कुछ संदिग्ध लोग श्री जयचन्द के मकान के इर्द-गिर्द घूमते देखे गए । पुलिस को सूचना दी गई । पुलिस एक घंटे बाद मैटाडोर पर पहुंची । जिसके कारण वर्कर उत्तेजित हो गए और उन्होंने मैटाडोर पर पथराव शुरू कर दिया । जिस पर पुलिस वाले मैटाडोर छोड़कर वापस थाना में चले

केवल 668 रुपए दें और
Texla टीवी (ब्लैक एंड व्हाइट) लगाएं
बकाया आसान किस्तों पर । अनेक आकर्षक पुरस्कार भी जीतें ।
सम्पर्क करें :
पी.जे. इलैक्ट्रानिक्स

# कपूरथला नरसंहार



ज़िला कपूरथला के गांव जब्बो सुधार में उग्रवादियों ने एक ही परिवार के 4 सदस्यों की हत्या कर दी और एक अन्य को घायल कर दिया । (1) जगत सिह, (2) पत्नी कृष्ण कौर, (3) बेटा सुखदेव, (4) रिश्तेदार शीशम सिह के शव, (5, 6, 7) घायल बेटा सतविन्दर, मृतक सुखदेव, जगत सिह, कृष्ण कौर के पुराने चित्र, (8) कमरे के अन्दर बहा खून और मृतका कृष्ण कौर के जूते, (9) लूट के बाद खुली पेटी और बिखरा सामान, (10) हवेली के बाहर तैनात सी.आर.पी. जवान ।

(छाया : चोपड़ा)

# अमृतसर हत्याकांड



अमृतसर के गोपालनगर क्षेत्र में शनिवार को इंका नेता (1) सुदेश कुमार की हत्या कर दी गई । गोली कांड में घायल (2) मंगल दास, (3) रमा देवी, (4) वह दुकान जहां गोलियां चलीं, (5) सुदेश कुमार के परिवार के सदस्य विलाप करते हुए, (6) क्षेत्र में कर्फ्यू के दौरान सुरक्षा कर्मी गश्त करते हुए ।

(छाया : रवि भंडारी)



शनिवार को उग्रवादियों ने अमृतसर में इंका नेता सुदेश कुमार की गोलियां मार कर हत्या कर दी, (1) शव के पास बिलखती पत्नी और रिश्तेदार, (2) शव यात्रा में शामिल लोग, (3, 4) विभिन्न राजनीतिक दलों और संगठनों—इंका, भाजपा, राष्ट्रीय सुरक्षा समिति, शिव सेना आदि के शोकग्रस्त नेता, (5, 6) सी.आर.पी. और पुलिस के जवान श्मशानघाट दुर्ग्याना तीर्थ शिवपुरी के बाहर तैनात हैं और ज़िलाधीश रमेश इंद्र सिंह, डी.आई.जी. पी.सी. डोगरा, ज़िला पुलिस चीफ इज़हार आलम व अन्य उच्चाधिकारी विचार-विमर्श कर रहे हैं, (7, 8) गोपाल नगर, जहां घटना हुई तथा शहर के अन्य भागों में कर्फ्यू के दौरान सुरक्षा बलों की गश्त जारी है । (छाया : भंडारी)

# 100 पैसेंजर ट्रेनें और कई जगह से बसें निलम्बित : सुरक्षा प्रबन्ध कड़े

जालन्धर, 28 दिसम्बर (यू.) : पंजाब में सभी पैसेंजर ट्रेनों को आज मध्य रात्रि से अगले 48 घंटों तक के लिए बंद कर दिया गया है । यह कदम आल इंडिया सिख स्टुडैंट्स फैडरेशन के मनजीत सिंह व गुरजीत सिंह धड़ों द्वारा कल और परसों किए गए 'पंजाब बंद' के आह्वान के दृष्टिगत उठाया गया है ।

रेलवे के एक प्रवक्ता ने बताया कि सभी मेल तथा एक्सप्रैस गाड़ियां अपने निर्धारित समय पर चलती रहेंगी । इन मेल व एक्सप्रैस गाड़ियों के आगे एक पायलट इंजन चलेगा । दिन में भी इन गाड़ियों के आगे माल गाड़ी चलाई जाएगी या एक अतिरिक्त इंजन सुरक्षा की दृष्टि से चलाया जाएगा ।

प्रवक्ता ने बताया कि अधिकारी मेल तथा एक्सप्रैस गाड़ियों के साथ सुरक्षा गार्डों के अधिक जवान भेजने की भी व्यवस्था कर रहे हैं ।

उल्लेखनीय है कि बंद के आह्वान को बादल अकाली दल और दमदमी टकसाल द्वारा भी समर्थन दिया जा रहा है ।

हिंसा व तोड़-फोड़ की आशंका के दृष्टिगत केवल मुख्य रेल मार्गों पर चलने वाली प्रमुख रेल गाड़ियों तथा मुख्य मार्गों पर चलने वाली बस सेवाओं को भारी सुरक्षा प्रबन्धों के मध्य चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं ।

आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के दोनों धड़ों ने बंद का आह्वान श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के मामले में सतवन्त सिंह तथा केहर सिंह को दिए गए मृत्यु दंड की सजा की पुष्टि के प्रति विरोध प्रकट करने के लिए किया है ।

**कड़ाई बरतने के आदेश**

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि ज़िला अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे स्थिति के साथ कड़ाई से निपटें ।

इस बीच सरकारी सूत्रों ने बताया कि पंजाब में शाखा मार्गों पर चलने वाली सभी बसों को अपने-अपने सम्बन्धित डिपुओं में आज सायंकाल 6.00 बजे तक वापस बुलवा लिया गया है । यह बसें कल प्रातः काल अपने गंतव्य स्थानों के लिए नहीं चलेंगी ।

सरकारी प्रवक्ता ने यह भी बताया कि दिन में मुख्य मार्गों पर सशस्त्र सुरक्षा गार्डों के साथ बसें चलाई जाएंगी ।

सूत्रों ने बताया कि प्रातः काल केवल मुख्य मार्गों पर ही बसों को चलाया जाएगा । यदि दिन में स्थिति ठीक रही तो बाद में शाखा मार्गों पर भी बसों को चलाया जाएगा ।

**धर-पकड़ शुरू**

इस बीच अधिकारियों ने सतर्कता के तौर पर आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के कार्यकर्त्ताओं की धर-पकड़ का काम शुरू कर दिया है ।

सरकारी प्रवक्त ने चंडीगढ़ में कहा कि ज़िला अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे सम्भावित गड़बड़ करने वालों को अविलम्ब गिरफ्तार करें ।

इस बीच अधिकारियों ने सुरक्षा बलों को सामान्य ड्यूटियों से वापस बुला कर उन्हें रेल लाइनों, सड़क मार्गों तथा प्रमुख स्थानों की रक्षा पर लगाया गया है ।

**जलूसों की अनुमति नहीं**

सूत्रों ने बताया कि पंजाब में बंद के दौरान किसी प्रकार के जलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जालन्धर में आल इंडिया सिख स्टूडैंट्स फैडरेशन के 30 कार्यकर्त्ताओं की जालन्धर ज़िले में सतर्कता के तौर पर आज गिरफ्तारियां की गई हैं । इस प्रकार जिले में 60 गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं ।

सुरक्षा बलों ने आज गढ़शंकर व नवांशहर उपमंडलों के 6 गांवों में घर-घर पर जाकर तलाशियां लीं । पुलिस सूत्रों ने यह भी बताया कि 6 ऐसे लोगों को पूछताछ के लिए ले जाया गया है जिन्हें ग्रामीण पहचान नहीं सके थे ।

**पटियाला में**

पटियाला (भूषण): सिख छात्र संघ द्वारा किए गए बंद के आह्वान के दृष्टिगत जिला पुलिस ने कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए हैं । जिले को सात सैक्टरों में

